CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

महाकविभासप्रणीतं

भासनाटकचक्रम्

संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

प्रधान-सम्पादकः

डॉ. सुधाकर मालवीयः

(प्रथमो भागः)

चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

83
CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

॥ श्रीः ॥

महाकविभासप्रणीतं

भासनाटकचक्रम्

संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

विद्वन्मण्डलसम्पादितम्

प्रधान-सम्पादकः

डॉ० सुधाकर मालवीयः

एम.ए., पी-एच्.डी., साहित्याचार्यः

संस्कृत-विभागः, कलासंकायः

काशी हिन्दू विश्वविद्यालयः, वाराणसी

(प्रथमो भागः)

चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रकाशक : चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी
मूल्य : रू० [redacted]०० (भाग १-२)

© चौखम्बा कृष्णदास अकादमी
के० ३७/११८, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० नं० १११८, वाराणसी–२२१००१ (भारत)
फोन : (०५४२) २३३५०२०

अपरं च प्राप्तिस्थानम्
चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस
के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० नं० १००८, वाराणसी—२२१००१ (भारत)
फोन : (आफिस) (०५४२) २३३३४५८
(आवास) (०५४२) २३३५०२०, २३३४०३२
Fax : 0542 - 2333458
e-mail : cssoffice@satyam.net.in
web-site : www.chowkhambaseries.com

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

THE
BHĀSANĀṬAKACAKRAM

Edited With the
Sanskrit & Hindi Commentaries

By
A Board of Scholars

Chief Editor
Dr. Sudhakar Malaviya
M.A., Ph. D., Sahityacharya
Department of Sanskrit, Arts faculty
Banaras Hindu University

[Patr-1]

CHOWKHAMBA KRISHNADAS ACADEMY
VARANASI

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भासनाटकचक्रम्

प्रथमो भागः

१. मध्यमव्यायोगः
२. दूतवाक्यम्
३. दूतघटोत्कचम्
४. कर्णभारम्
५. ऊरुभङ्गम्
६. पञ्चरात्रम्
७. प्रतिमानाटकम्
८. अभिषेकनाटकम्

द्वितीयो भागः

९. बालचरितम्
१०. अविमारकम्
११. प्रतिज्ञायौगन्धरायणम्
१२. स्पप्नवासवदत्तम्
१३. चारुदत्तम्

—०—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कृष्णदास संस्कृत सीरीज
२३
***

महाकविश्रीभासप्रणीतः

मध्यमव्यायोगः

'ज्योत्स्ना' 'सरला' संस्कृत हिन्दी व्याख्यासहित
विस्तृत भूमिका परिशिष्टादि विभूषितः

सम्पादको व्याख्याकारश्च
डॉ० सुधाकर मालवीयः
एम. ए., पी-एच. डी., साहित्याचार्यः
(संस्कृत-पालि-विभाग : काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी)

प्रस्तावकः
डॉ० विश्वनाथ भट्टाचार्यः
एम. ए., पी-एच. डी.
(मयूरभञ्ज प्रोफेसर : संस्कृत-पालि विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी)

चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रकाशक : चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी
संस्करण : तृतीय, वि०सं० २०६७, सन् २०१०
मूल्य : रू० २५.००

© चौखम्बा कृष्णदास अकादमी
के० ३७/११८, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० नं० १११८, वाराणसी–२२१००१ (भारत)
फोन : (०५४२) २३३५०२०

अपरं च प्राप्तिस्थानम्
चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस
के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० नं० १००८, वाराणसी—२२१००१ (भारत)
फोन : (आफिस) (०५४२) २३३३४५८
(आवास) (०५४२) २३३५०२०, २३३४०३२
Fax : 0542 - 2333458
e-mail : cssoffice@satyam.net.in
web-site : www.chowkhambaseries.com

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

KRISHNADAS SANSKRIT SERIES
23
****

MADHYAMA-VYĀYOGA
[THE MIDDLE ONE]
OF
BHĀSA

Edited with Sanskrit & Hindi Commentaries,
Critical Introduction, Explanatory Notes
and Appendices

By
Dr. Sudhakar Malaviya
M.A., Ph. D., Sahityacarya
Department of Sanskrit & Pali, Banaras Hindu University
and
Foreword by
Dr. Biswanath Bhattacharya
M.A., Ph. D.
Mayurbhanja Prof. of Sanskrit, Department of Sanskrit & Pali
Banaras Hindu University

CHOWKHAMBA KRISHNADAS ACADEMY
VARANASI

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Publisher : Chowkhamba Krishnadas Academy, Varanasi
Printer : Chowkhamba Press, Varanasi

© CHOWKHAMBA KRISHNADAS ACADEMY
Oriental Publishers & Distributors
K. 37/118, Gopal Mandir Lane
Post Box No. 1118, Varanasi- 221001
(INDIA)
Phone : (0542) 2335020

Also can be had from :
CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE
Publishers and Oriental and Foreign Book-sellers
K . 37/99, Gopal Mandir Lane
At the North Gate of Gopal Mandir
Near Golghar (Maidagin)
Post Box No. 1008, Varanasi- 221001 (India)
Phone { Office : (0542) 2333458
Resi. : (0542) 2334032, 2335020
Fax : 0542-2333458
e-mail : cssoffice@satyam.net.in
web-site : www.chowkhambaseries.com

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

प्रस्तावना

महाकवि कालिदास को भी नाटक लिखने के संकल्प करते हुए अनायास जिनका स्मरण हो आया वह भास संस्कृत नाटयकला के क्षेत्र में निःसंदेह श्रेष्ठतम कोटि के कलाकार हैं। यह दुर्भाग्य की बात है कि 'प्रथितयशा' इस कवि की नाटयकृतियाँ १९१० ई. तक आंशिक रूप में नाममात्र से ज्ञात थीं। म० म० गणपति शास्त्री ने केरल के 'चाक्यार' संप्रदाय के लोगों से जब इनका उद्धार किया तब से 'भासनाटकचक्र' के रूप में १३ नाटक संस्कृतज्ञ समाज में सादर चर्चा के विषय बने। परवर्ती काल में एक और भी नाटक, समान लक्षणों के कारण, भास की ही कृति मान लिया गया, जो 'यज्ञफलम्' नाम से 'प्रतिमानाटक' के पूर्ववर्ती रामकथा पर आधृत है।

समीक्षक-ऐतिहासिकों के सुदीर्घ परिश्रम से इतना निःसंदेह मान लिया जा सकता है कि ये सारी नाटयकृतियाँ एककर्तृक हैं और मञ्चन-सौकर्य में अद्वितीय हैं। बहुचर्चित 'स्वप्न' नाटक के साहचर्य के कारण इन सभी के रचयिता भास ही हैं ऐसा मानना भी पूर्णतया संगत है। साथ ही यह भी मानना आवश्यक है कि नाटयकार की मूलरचना उपलब्ध कृतियों में संभवतः सर्वथा सुरक्षित नहीं है। यही कारण है कि स्थान-स्थान पर संगति ठीक नहीं बैठती है, ऐसा प्रतीत होता है।

भास की कृतियाँ वस्तु, नेता तथा रस तीनों दृष्टियों से विलक्षण वैचित्र्य से भूषित हैं। संस्कृत-साहित्य में इतनी अधिक एवं विविध प्रकार की नाटय रचना करने वाला दूसरा नाटयकार नहीं है। नाटयशास्त्रीय लक्षणों से इन्हें हम बाँध पायें अथवा नहीं, ये सभी कृतियाँ रसनिष्पत्ति की दृष्टि से अनुपम हैं। शृंगार, वीर तथा करुण के अभिव्यञ्जन में भास सिद्धहस्त हैं और शृंगार के अनुचर हास्य का भी सुन्दर समावेश इनकी विशेषता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दीप्त रस प्रधान एकाङ्क नाट्य को शास्त्रकारों ने 'व्यायोग' की संज्ञा दी है। भासकृत 'मध्यमव्यायोग' इस कोटि की सर्वप्राचीन रचना है। सर्वप्राचीन होने पर भी यह सर्वोत्कृष्ट भी है—यही भास की प्रतिभा की अनन्य महत्ता है। संक्षिप्त एक कथानक के द्वारा अपने परिवार की रक्षा के लिए मध्यम पुत्र का आत्मत्याग, राक्षस तक के हृदय में मातृभक्ति की सर्वोच्च प्रतिष्ठा और साथ ही मध्यमपाण्डव भीमसेन की शरणागत की रक्षा करने का महान् आदर्श इसमें नाट्यकार ने प्रतिपादित किया है। भीम घटोत्कच से संबद्ध हो जाने से वीर के साथ ही हास्य का पुट जुड़ गया है और सारी स्थिति ब्राह्मण परिवार की करुण दशा के कारण पूर्णतया सहृदयावर्जक बन गई है।

स्नेहभाजन डा० मालवीय ने लघुकाय इस नाट्य का जो सटीक तथा सानुवाद संस्करण प्रस्तुत किया है उसमें विद्यार्थियों की जिज्ञासा की पूर्ति होगी यह मेरा विश्वास है। विस्तृत भूमिका में सम्पादक ने भास संबन्धी सारे तथ्यों का आकलन करते हुए अद्यावधि उपलब्ध पूर्ण सामग्री का प्रशंसनीय विवेचन और नाट्यकला की दृष्टि से भी इस कृति का मूल्यांकन किया है। साथ ही सारे परिशिष्ट विद्यार्थी तथा विद्वान् दोनों के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होंगे। मैं इस संस्करण की जनप्रियता की कामना करता हूँ।

दीपावली २०३६
संस्कृत तथा पालिविभाग
काशी हि.वि.वि., वाराणसी

विश्वनाथ भट्टाचार्य

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दो शब्द

महाकवि भास कृत मध्यमव्यायोग नामक एकाङ्की नाटक का यह संस्करण विश्वविद्यालय एवं सामान्य विद्यार्थियों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए ही मुख्य रूप से प्रस्तुत है। इस संस्करण में पाठभेद सहित मूल-पाठ उसकी संस्कृत व्याख्या, श्लोकों के अन्वय, पदार्थ, हिन्दी अनुवाद तथा उपयोगी विस्तृत भूमिका और व्यायोग-समीक्षा भी दी गई है। इससे यह संस्करण परीक्षार्थी छात्रों तथा अनुसन्धाताओं के लिए भी अत्यन्त उपयोगी है।

इस पुस्तक के सम्पादन में मुझे पं० टी० गणपतिशास्त्री एवं प्रो० देवधर के संस्करणों से विशेष सहायता प्राप्त हुई है। इसके लिए मैं उन विद्वानों का कृतज्ञ हूँ। प्रस्तावना लेखन के लिए मैं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्कृत पालि विभाग के मयूरभञ्ज प्रोफेसर गुरुकल्प डा० विश्वनाथ भट्टाचार्य का अत्यन्त आभारी हूँ। पूज्य पिता स्व० पं० रामकुबेर मालवीय (साहित्य-विभागाध्यक्ष, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्व-विद्यालय) के पुनीत चरणों में बैठकर भास के नाटकों का जो आस्वाद मैं ले पाया था उसे आज साहित्यमार्ग में देखते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है। वस्तुतः इस सब का श्रेय मेरी श्रद्धेया गुरुवर्य प्रोफेसर डा० पद्मा मिश्र (भूतपूर्व प्रोफेसर संस्कृत विभाग, का० हि० वि० वि०) को ही है, जिन्होंने पाण्डुलिपि का आद्योपान्त संशोधन किया। अतः इस महती कृपा और उनके अथक परिश्रम के लिए मैं श्रद्धावनत हो उनसे आशीर्वाद की कामना करता हूँ।

अन्त में इस कृति के प्रकाशक कृष्णदास अकादमी के संचालक गुप्त बन्धुओं का मैं अत्यन्त आभार स्वीकार करता हूँ; जिनकी प्रेरणा से यह कार्य हो सका।

दीपावली १९७९,
३१/२१ लङ्का,
वाराणसी–२२१००५

विदुषां वशंवदः
सुधाकर मालवीय

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भूमिका

महाकवि भास संस्कृत साहित्य के नाटककारों में अग्रगण्य हैं। इनकी कृतियाँ इतनी प्रसिद्ध थीं कि कालिदास ने भी अपने 'मालविकाग्निमित्र' नामक नाटक में बड़े आदर के साथ इनका स्मरण किया है।[1] बाणभट्ट [७वीं शती] ने 'हर्षचरित' में इनके नाटकों की विशेषताएँ बतलाते हुए इन्हें सूत्रधार से प्रारम्भ होने वाला बताया है।[2] भामह [७वीं शती] ने 'प्रतिज्ञा-यौगन्धरायण' की मूल कथा की आलोचना के साथ-साथ इसके एक प्राकृत पद्य को भी संस्कृत रूप में उद्धृत किया है।[3] बालचरित एवं चारुदत्त में उपलब्ध 'लिम्पतीव तमोङ्गानि' के अलङ्कार की दण्डी [७वीं शती] ने पाण्डित्यपूर्ण मीमांसा की है।[4] वाक्पतिराज [८वीं शती] ने 'गउडवहो' नामक प्राकृत भाषा के महाकाव्य में इनको ज्वलनमित्र [अग्नि का मित्र] कहा है।[5] वामन [९वीं शती] ने 'काव्यालङ्कार' और उसकी 'सूत्र-वृत्ति' में भास के तीन उद्धरण दिये हैं।[6] राजशेखर [१०वीं शती] ने 'स्वप्न-

---

१. प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य वर्तमानकवेः कालिदासस्य क्रियायां कथं परिषदो बहुमानः।

२. सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥ हर्षचरित, श्लोक १५

३. हुतोऽनेन मम भ्राता मम पुत्रः पिता मम—काव्यालंकार, अ० ४

४. काव्यादर्श २.२२६

५. भासम्मि जलणमित्ते कुंतीदेवे अ जस्स रघुआरे।
सोबन्धे अ बन्धम्मि हारीयन्द्रे अ आणन्दो ॥
[भासे ज्वलनमित्रे कुन्तीदेवे च यस्य रघुकारे।
सौबन्धवे च बन्धे हारीचन्द्रे च आनन्दः ॥] 'गउडवहो'

६. (i) शरच्छशांकगौरेण वाताविद्धेन भामिनि। काव्यलंकारसूत्रवृत्तिः ५.३
काशपुष्पलवेनेदं साश्रुपातं मुखं मम ॥ स्वप्नवासवदत्तम्, अंक ४
(ii) यो भर्तृपिण्डस्य कृते न युध्येत्। प्रतिज्ञायौगन्धरायण ४.२
(iii) यासां बलिर्भवति मद्गृहदेहलीनां,
हंसैश्च सारसगणैश्च विलुप्तपूर्वः। काव्यालंकार १.५
तास्वेव पूर्वबलिरूढ्यवाङ्कुरासु चारुदत्त १.२
बीजाञ्जलिः, पतति कीटमुखावलीढः ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वासवदत्तम्' नाटक को 'काव्यमीमांसा' में उत्तम कोटि का स्वीकार किया है।[1]

अभिनवगुप्त [१० वीं शती] अभिनवभारती में 'स्वप्नवासवदत्तम्' का उल्लेख किया है।[2] इसके अतिरिक्त 'ध्वन्यालोकलोचन' में इस नाटक से एक श्लोक भी उद्धृत किया है। किन्तु यह सम्प्रति मुद्रित ग्रन्थ में प्राप्त नहीं है।[3] महाराज भोज [११ वीं शती] ने 'शृङ्गारप्रकाश' में 'स्वप्नवासवदत्तम्' का उल्लेख किया है।[4] रामचन्द्र-गुणचन्द्र [१२ वीं शती] ने 'नाट्यदर्पण' में 'स्वप्नवासवदत्तम्' से एक श्लोक उद्धृत किया है।[5] आलङ्कारिक जयदेव [१२ वीं शती] ने 'प्रसन्नराघव' की प्रस्तावना में उन्हें कविता-कामिनी का हास कहा है।[6] इस प्रकार प्राचीन समय में भास का संस्कृत साहित्य में बड़ा गौरवपूर्ण स्थान था।

भास के नाटकों की खोज और उनका एककर्तृत्व–

संस्कृत साहित्य के इतने प्रसिद्ध रत्न होने पर भी बहुत दिनों तक विद्वानों को इनका केवल नाम ही मालूम था। इनके काल, जीवन-वृत्त और ग्रंथों के

---

१. भासनाटकचक्रेऽपि छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः॥

२. क्वचित् क्रीडा यथा स्वप्नवासवदत्तायाम्। ;अभिनवभारती १.७४
स्वप्न० अंक २

३. सञ्चितपक्षकवाटं नयनद्वारं स्वरूपतडनेन।
उद्घाटय सा प्रविष्टा हृदयगृहं मे नृपतनूजा॥

४. स्वप्नवासवदत्ते पद्मावतीमस्वस्थां द्रष्टुं राजा समुद्रगृहकं गतः। पद्मावतीरहितं च तदवलोक्य तस्या एव शयनीये सुष्वाप। वासवदत्ता च स्वप्नवदस्वप्ने ददर्श। स्वप्नायमानश्च वासवदत्तामाबभाषे।
शृङ्गारप्रकाश, स्वप्नवासवदत्तम्, पंचम अंक का संक्षेप।

५. यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्ते—
शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराजः।
पदाक्रान्तानि पुष्पाणि सोष्म चेदं शिलातलम्।
नूनं काचिदिहासीना मां दृष्ट्वा सहसा गता॥ नाट्यदर्पण

६. भासो हासः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः। प्रसन्नराघव

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विषय में कुछ भी ज्ञान न था। सौभाग्यवशात् १९१२ ई० में महामहोपाध्याय श्री टी० गणपति शास्त्री ने 'स्वप्नवासवदत्तम्' आदि तेरह नाटक त्रिवेन्द्रम् से अनन्तशयनं ग्रन्थमाला में प्रकाशित कराये और उन्हें भास की रचावा बतलाया।

ये नाटक अन्य संस्कृत नाटकों से कुछ विलक्षण थे। संस्कृत नाटकों के आरम्भ में ग्रन्थकार अपना परिचय देते हैं। कालिदास, भवभूति आदि नाटककार इसी शैली का अनुसरण करते हैं। परन्तु इन नाटकों में ग्रन्थकार का नाम नहीं स्मरण किया गया है। कल्हणकृत सूक्तिमुक्तावली में राजशेखर का एक श्लोक उद्धृत है, जिसमें 'स्वप्नवासवदत्तम्' को उत्कृष्ट नाटक बताया गया है। प्रस्तुत तेरह नाटकों में एक 'स्वप्न-नाटक' भी है जिसमें वत्सराज उदयन और वासवदत्ता की कथा है। पं० टी. गणपति शास्त्री ने अनुमान किया कि राजशेखर निर्दिष्ट स्वप्न-वासवदत्ता यही है, और क्योंकि स्वप्न-वासवदत्ता के कर्त्ता राजशेखर द्वारा भास माने गए हैं अतः प्रस्तुत स्वप्न नाटक के कर्ता भी भास ही हैं। उन्होंने आगे लिखा कि—१. क्योंकि रचना शैली आदि में ये सब नाटक एक ही प्रकार के हैं; अतः इनके कर्ता भास ही होंगे। एतद्देशीय और विदेशीय अनेक विद्वानों ने पं० टी० गणपति शास्त्री द्वारा निकाला गया परिणाम स्वीकार कर लिया। २. परन्तु अनेक ऐसे भी विद्वान् हैं जो ऐसा नहीं मानते। उनके अनुसार ये नाटक भास के नहीं हैं।

३ इन दोनों मतों के अतिरिक्त एक तीसरा मत भी है। उसके मानने वालों का कथन है कि भारत के केरल आदि दक्षिण प्रान्तों में प्राचीन कवियों के अनेक नाटकों का संक्षेप और परिवर्तन जो किया गया उसका यही प्रयोजन था कि ये नाटक रंगमंच पर आसानी से अभिनीत हो सकें। इसी कारण शकुन्तला आदि नाटकों का भी संक्षिप्त एवं परिवर्तित रूप वहाँ मिलता है। इसी प्रकार त्रिवेन्द्रम् से प्रकाशित होने वाले ये स्वप्न नाटक आदि तेरह ग्रन्थ भी प्राचीन नाटकों का संक्षेप एवं रूपान्तर ही हैं।

यह तीसरा-मत कुछ विद्वानों को मान्य है। इसका कारण यह है कि अनेक प्राचीन ग्रन्थकारों ने भास कृत 'स्वप्न-वासवदत्तम्' के नाम से कई श्लोक अपने-अपने ग्रन्थों में उद्धृत किए हैं। सम्प्रति मुद्रित 'स्वप्न-नाटक' में वे सब श्लोक नहीं प्राप्त होते। अतः विद्वानों का अनुमान है कि प्रस्तुत 'स्वप्न-नाटक' में अनेक श्लोक सम्भवतः संक्षेप के कारण लुप्त हो गए। अस्तु;

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

इस विवाद के रहते हुए भी इतना तो सुनिश्चित ही है कि भास ने कोई 'स्वप्न-वासवदत्तम्' नाटक रचा था और प्रस्तुत 'स्वप्न-नाटक' उसी का रूपान्तर है। इस रूपान्तर का मूल से कितना अन्तर है यह कुछ कहा नहीं जा सकता।

पं० टी० गणपति शास्त्री द्वारा प्रकाशित अन्य बारह नाटकों के अन्त में भी ग्रन्थकार का नाम निर्देशन नहीं प्राप्त होता। यही नहीं आरम्भ में भी कवि अपने नाम का स्मरण भी नहीं करता। किन्तु रचनाशैली की समानता के कारण पं० टी० गणपति शास्त्री ने यही परिणाम निकला कि यह तेरह नाटक एक ही कवि की कृति हैं और वह कवि भास ही हैं। फिर भी जिन तर्कों के आधार पर विद्वान् भास के कर्तृत्व का विरोध प्रस्तुत करते हैं वे इस प्रकार है—

१. इन रूपकों में कवि का नाम नहीं दिया गया, अतः यह भास की रचनाओं पर आधृत किसी अन्य कवि की कृतियाँ हैं।

२. इनमें सूत्रधार नान्दी के बाद प्रवेश करता है। यह विशेषता इन तेरह रूपकों की ही नहीं, अपितु सामान्यतः समस्त दक्षिण भारतीय रूपकों की है।

३. इनमें उपलब्ध नाट्यकला भास की ही अपनी नहीं, अपितु वैसी नाट्यकला तो दक्षिण भारत के सभी रूपकों में मिलती है।

४. इन रूपकों में भरतमुनि के नाट्यशास्त्रीय नियमों का पूर्णतया पालन न होना भी इनकी प्राचीनता का द्योतक नहीं है; क्योंकि निषिद्ध दृश्य तो पश्च-कालीन रूपकों में सामान्यतः अधिक प्रभावोत्पादकता की दृष्टि से अपना लिये गये हैं।

५. जहाँ तक भाषा का प्रश्न है उसे भी ठोस आधार नहीं कहा जा सकता; क्योंकि अपाणिनीय प्रयोग तो आर्ष काव्य, पुराण साहित्य और अत्यन्त पश्चवर्ती अनेक ग्रन्थों में बिखरे मिलते हैं। दूसरे; प्राकृत के प्राचीन प्रयोग मलयालम हस्तलेखों की विशेषता है। इसके अतिरिक्त रूपकों की प्राकृत हस्तलेखों के लेखन-स्थल एवं काल पर निर्भर है, न कि नाट्यकार के काल पर।

६. बाद के लेखकों ने जो पद्य उद्धृत किये हैं, उन्हें उन्होंने भास से संबद्ध नहीं बताया है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

७. सुभाषित ग्रन्थों में उपलब्ध कुछ पद्य त्रिवेन्द्रम में मिले रूपकों में नहीं मिलते।

८. महामहोपाध्याय के० शास्त्री प्रभृति विद्वानों ने इन्हें 'आश्चर्यचूड़ामणि' 'प्रतिमा' तथा 'अभिषेक' की एकत्र प्राप्ति के आधार पर शक्तिभद्र की रचनाएँ माना है।

५. कुछ विद्वानों ने शूद्रक को भास से अभिन्न सिद्ध करते हुए मृच्छकटिक, बालचरित, अविमारक तथा वत्सराजचरित को शूद्रक की कृतियाँ माना है। कुछ ने 'चारुदत्त' को मृच्छकटिक का अभिनयोचित संक्षिप्त संस्करण माना है।

१०. डा० बार्नेट इन रूपकों को भास का न मान कर पाण्ड्य राजाओं के सभा कवियों द्वारा लिखित मानते हैं, जब कि अन्य विद्वान् इनके कर्तृत्व का श्रेय पल्लव-नरेशों के सभा कवियों को देते हैं।

११. रामावतार शर्मा के अनुसार कुछ रूपक भास प्रणीत अवश्य हैं किन्तु सब रूपकों की रचना भास ने नहीं की थी।

१२. केरल प्रदेश में ही इनकी उपलब्धि होने से कुछ विद्वान् इन्हें किसी केरल देशीय नाटककार की कृतियाँ मानते हैं। डाक्टर कुन्हन राजा ने इन पर केरल का प्रभाव दर्शाया है तथा 'चारुदत्त' में केरलीय उत्पत्ति के चार शब्दों को प्रस्तुत किया है। डॉ० टामस ने इस मत का विरोध किया है। कुप्पुस्वामी शास्त्री ने 'संबन्ध' शब्द के आधार पर इन रूपकों में मलाबार के 'संबन्ध विवाहों' की ओर संकेत माना है, किन्तु आर. कवि ने इसका विरोध किया है। वस्तुतः ये रूपक केरल के परम्परानुयायी अभिनेता चाक्यारों के भण्डार का एक अंग हैं। पिशरोति का कथन है कि इन रूपकों के प्रस्तावना भाग बाद में जोड़ दिये गये थे, जब कि मुख्य दृश्यों में मौलिक रूपकों को स्थानीय रङ्गमञ्च की आवश्यकता के अनुकूल ढालकर अथवा संक्षिप्त करके सुरक्षित रखा गया है।

नाटकों का एक-कर्तृत्व

किन्तु सभी नाटकों का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर उनमें कुछ ऐसी समानताएँ प्राप्त होती हैं जिनके साक्ष्य पर विद्वानों को निश्चित रूप से मानना पड़ता है कि ये सभी नटक किसी एक ही कवि की कृति हैं। अस्तु, विद्वानों के द्वारा जिन तर्कों और समानताओं के आधार पर भास का कृतित्व स्वीकार किया गया है वे दो प्रकार के हैं—(i) आकृति साम्य और (ii) विषय साम्य।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(i) आकृति साम्य—

१. इन नाटकों में कर्णभार को छोड़कर प्रारम्भिक पूर्वरंग को 'प्रस्तावना' न कहकर स्थापना कहा गया है।

२. इन नाटकों में आदि और अन्त प्रायः एक प्रकार का है; जैसे—

(क) अनेक नाटकों के प्रारम्भ में मुद्रालंकार द्वारा पात्रों की सूचना दे दी गई है।

(ख) प्रायः सभी नाटक 'नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः' इन्हीं शब्दों से प्रारम्भ होते हैं।

(ग) इनमें से अधिकांश नाटकों में 'भरतवाक्य' एक जैसा ही है, जैसे—'इमामपि महीं कृत्स्नां राजसिंहः प्रशास्तु नः।' जहाँ यह नहीं मिलता वहाँ इसी प्रकार का कोई अन्य श्लोक रहता है। इस प्रकार लगभग सभी नाटकों में 'राजसिंहः प्रशास्तु नः' यह अवश्य प्रयुक्त हुआ है।

३. इन नाटकों में भरतप्रतिपादित नाट्यशास्त्र के नियमों का पूर्णतया पालन न किया जाना भी यही सूचित करता है कि इनका कर्ता कोई एक ही व्यक्ति है। जैसे—युद्ध व मृत्यु आदि रंगमंच पर ही प्रदर्शित किये गये हैं, तथा अभिषेक, पूजा, शपथ या अश्रु प्रक्षालनार्थ जल रङ्गमञ्च पर ही लाया गया है। इसी प्रकार शयन, क्रीडा एवं दूराह्वान की योजना भी रङ्गमञ्च पर कर दी गई है।

४. इस नाटकों में भूमिका बहुत छोटी प्राप्त होती है और प्रारम्भिक संवाद के वाक्य भी प्रायः समान ही हैं, जैसे—'एवमार्यमिश्रान् विज्ञापयामि अये····अङ्ग पश्यामि।'

५. सभी नाटकों के नामों का उल्लेख उन नाटकों के अन्त में ही किया गया है, अन्यत्र नहीं।

(ii) विषय साम्य—

१. इन सभी नाटकों में एक मुख्य समानता यह है कि इनकी भाषा और शैली समान है। कितने ही शब्दों; वाक्यों, श्लोकों और पदों को विभिन्न नाटकों में दुहराया गया है। वही उपमा और उत्प्रेक्षा जो एक नाटक में आ गई हैं दूसरों में भी मिलती है। सूक्थंकर ने ऐसे समान वाक्यों आदि की पूरी सूची दी है जिनकी संख्या १२७ है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२. इन रूपकों में अनेक अपाणिनीय प्रयोग मिलते हैं। जैसे—'आप्रच्छ' का प्रयोग परस्मैपद में है।

३. अनेक नाटकों में नाटकीय व्यङ्ग्य (पताका-स्थानक) का प्रयोग मिलता है।

४. कतिपय अप्रचलित छन्दों का प्रयोग इनमें प्राप्त होता है। जैसे-सुवदना, दण्डक आदि। अनुष्टुप् छन्द का प्रयोग बहुत अधिक किया गया है।

५. कुछ नाटक एक दूसरे से सम्बद्ध से जान पड़ते है; जैसे—'स्वप्न-वासव-दत्तम्' प्रतिज्ञायौगन्धरायण' का ही उत्तरार्द्ध लगता है। इसी प्रकार प्रतिमा नाटक भी अभिषेक से सम्बद्ध है।

६. इनमें से अनेक नाटकों में छोटे पात्रों के नामों में भी समानता है, जैसे 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' व 'दूतवाक्य' में कञ्चुकी का नाम 'बादरायण' है। इसी प्रकार 'स्वप्नवासवदत्तम्,' 'प्रतिमा,' 'प्रतिज्ञा-यौगन्धरायण' और 'अभिषेक'-चारों नाटकों में प्रतिहारी का नाम 'विजया' है।

७. प्रायः सभी नाटकों में नाट्यनिर्देशों की न्यूनता समान रूप से मिलती है। जो नाट्यनिर्देश हैं उनमें दो-तीन निर्देश साथ-साथ दिये गये हैं, जैसे 'निष्क्रम्य पुनः प्रविश्य' या 'सविस्मयम् परिक्रम्यावलोक्य च' आदि।

इस प्रकार सभी नाटकों में समान दृश्यों की अवतारणा, समान भाव और समान शब्दों एवं समान वाक्यों की उपलब्धि और अन्ततः समान वर्णन पद्धति के आधार पर यही सिद्ध होता है कि इन नाटकों का प्रणेता निश्चित ही कोई एक व्यक्ति है जो राजशेखर और अभिनवगुप्त के साक्ष्य से भास ही हैं।

भास का काल

महाकवि कालिदास द्वारा 'मालविकाग्निमित्र' में स्मरण किये जाने से यह निश्चित ही है कि भास कालिदास के पहले प्रथित-यश वाले हो चुके थे। किन्तु कालिदास का काल ही निश्चित नहीं है। कुछ विद्वान् कालिदास का काल ४०० ई० मानते हैं। अतः उनके अनुसार भास ४०० ई० से प्राचीन थे। अन्य विद्वान् कालिदास को प्रथम शती का मानते हैं। अतः उनके अनुसार भास ई० की प्रथम शती के पहले विद्यमान थे। इसी आधार पर पं० टी० गणपति शास्त्री भास को तृतीय शती ई० पू० का मानते हैं। चाणक्य ने अपने अर्थशास्त्र में 'अपीह श्लोकौ भवतः'—कहकर जो दो श्लोक उद्धृत किये हैं, इनमें दूसरा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्लोक 'प्रतिज्ञागौगन्धरायण' में मिलता है।[1] चाणक्य चन्द्रगुप्त के मन्त्री थे। उन्होंने निश्चित ही यह श्लोक भास से लिया होगा क्योंकि यदि स्मृति से लेते तो अवश्य ही 'इति स्मृतौ' लिखते। जैसा कि इतिहासकारों के अनुसार चन्द्रगुप्त ३२१ ई० पू० राजगद्दी पर आसीन हुए थे; अतः भास का समय उनसे लगभग ५० वर्ष पूर्व मानना ठीक होगा। भास के 'प्रतिमानाटक' में बृहस्पति कृत अर्थशास्त्र में रावण की दक्षता का उल्लेख हुआ है।[2] बार्हस्पत्य अर्थशास्त्र चाणक्य से बहुत पहले का है। यदि भास चाणक्य के बाद होते तो उनके अर्थशास्त्र का उल्लेख अवश्य करते। अतः भास के काल की निम्नतम सीमा ४०० ई० पू० ही सिद्ध होती है।

लोकमान्य तिलक के अनुसार भास कालिदास के पूर्ववर्ती थे, और उनका स्थितिकाल दूसरे या तीसरे शतक के बाद का कदापि नहीं है।[3] वस्तुतः 'भगवद्गीता' के आदि में 'गीता-ध्यान' नाम से नौ श्लोकों की चर्चा करते हुए लोकमान्य का यह भी कथन है कि इन नौ श्लोकों में जो 'भीष्म द्रोणतटां जयद्रथजलाम्' आदि श्लोक उद्धृत है, वह महाकवि भास के 'ऊरुभङ्ग' का आदि श्लोक है।[4] कुछ विद्वान् भास को नारायण काण्व का समकालीन सिद्ध करते हैं।[5] नारायण काण्व का समय ५३–४१ ई० पू० माना गया है। बेलवल्कर के मत से शूद्रक का मृच्छकटिक भास के चारुदत्त से बहुत प्रभावित है अतः भास का समय तीसरी शती० ई० पू० होना चाहिए।[6]

---

१. नवं शरावं सलिलैः सुपूर्णं सुसंस्कृतं दर्भकृतोत्तरीयम्।
तत्तस्य मा भून्नरकं स गच्छेद् यो भर्तृपिण्डस्य कृते न युध्येत्।
(कौटि० अर्थ० १०.३; प्रतिज्ञा० ४.२)।

२ भोः काश्यपगोत्रोऽस्मि, साङ्गवेदमधीये, मानवीयं धर्मशास्त्रं महेश्वरं योगशास्त्रं, बार्हस्पत्यमर्थशास्त्रं प्राचेतसं श्राद्धकल्पञ्च।
(प्रतिमा० अंक ५)

३. लोकमान्यतिलक कृत गीता रहस्य, पृ० ५६०।

४. गीतारहस्य, पृ० ५६१।

5. J. O. A. S. D. Bengal, Jaisawal, p. 259, 1913

6. S. K. Velwalkar, The Relationship of Sudraks's Mrichhakatika to the Carudatta of Bhasa, Presy of the first Oriental conference 1919; Vol. II p. 189–204.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भास की निम्नतम-सीमा पर विचार के बाद उनकी उपरितम सीमा का विचार आवश्यक है। भास के नाटकों में कुछ का सम्बन्ध वत्सराज उदयन से है। भास ने प्रद्योत, दर्शक और उदयन को समकालीन चित्रित किया है। इतिहासकार स्मिथ के अनुसार दर्शक और उनके उत्तराधिकारी का राज्यकाल ४७५ ई० पू० से ४५ ई० पू० के मध्य था।[1] इस प्रकार भास के काल की आदिम सीमा ४५० ई० पू० से पहले भी नहीं मानी जा सकती। अतः भास का काल ५०० ई० पू० होना चाहिए।

भास के नाटकों से प्राप्त अनेक आभ्यन्तर प्रमाण भी इसी काल की ओर संकेत करते हैं। इन नाटकों में पाये जाने वाले अपाणिनीय प्रयोगों से यह स्पष्ट है कि पाणिनि के पूर्व भास के नाटकों की रचना हो चुकी थी। भास के प्राकृत कालिदास के प्राकृतों की अपेक्षा प्राचीन मालूम पड़ते हैं। भास के नाटकों से व्यक्त सामाजिक अवस्था मौर्यकाल की सामाजिक अवस्था के समान है। भास कृत नाटकों की रचना शैली भरत के 'नाट्यशास्त्र' में वर्णित शैली से प्राचीन है। 'मानवीय धर्मशास्त्र' उपलब्ध 'मनुस्मृति' का परामर्श नहीं करता। वह शब्द धर्मसूत्रकार गौतम द्वारा उल्लिखित मानवीय धर्मशास्त्र का बोधक है। गौतम का काल ई० पू० ६०० माना जाता है। महेश्वरकृत 'योगशास्त्र' के समय का ठीक पता नहीं चलता। इसी प्रकार 'प्राचेतस श्राद्धकल्प' का भी पता नहीं चलता। भास के भरतवाक्यों में आये 'राजसिंह' शब्द से ऐसा मालुम पड़ता है कि भास उपर्युक्त तीनों राजाओं में से किसी एक राजकवि थे। 'स्वप्नवासवदत्तम्' और 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' से ऐसा प्रतीत होता है कि भास वत्सराज उदयन को अमर बनाना चाहते हैं। इस प्रकार नाटकों के आभ्यन्तर साक्ष्यों के आधार पर भी ई० पू० ५०० शती के ही सिद्ध होते हैं।

भास की कृतियाँ और उनके कथा-स्रोत के आधार

कथा स्रोतों के आधार पर भास की कृतियों का विभाजन हम पाँच प्रकार से कर सकते हैं—

कथा-स्रोत का आधार

१. प्रतिमानाटक २. अभिषेक	रामायण

1. Early History of India, P. 38 39.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

३. मध्यमव्यायोग	महाभारत
४. दूतवाक्य	
५. दूतघटोत्कच	
६. कर्णभार	
७. ऊरुभङ्ग	
८. पञ्चरात्र	
९. बालचरित	हरिवंश
१०. स्वप्नवासवदत्तम्	बृहत्कथा
११. प्रतिज्ञायौगन्धरायण	
१२. अविमारक	
१३. चारुदत्त	लोकप्रचलित व काल्पनिक

इन उपर्युक्त रचनाओं के अतिरिक्त कुछ विद्वान् 'यज्ञफल' को भी भासकृत मानते हैं। इसे गोण्डल निवासी राजवैद्य जीवराम कालिदास शास्त्री ने १९४१ में प्रकाशित किया। यह रामायण पर आधारित है। इस सम्बन्ध में प्रोफेसर झाला का कथन है कि यद्यपि 'यज्ञफल' भास के अन्य नाटकों की तरह ही प्रारम्भ और समाप्त होता है। किन्तु इसमें बहुत-सी नवीन बातें हैं जो भास के समय में नहीं थीं। राम धनुर्भङ्ग से पूर्व प्रेम की दृढ़ता के लिए सीता से उद्यान में मिलते हैं। राम को भी दुष्यन्त के ही समान शङ्का होती है कि यह कहीं ब्रह्मर्षि की पुत्री तो नहीं हैं। विश्वामित्र नगर एवं ग्राम्य जीवन की तुलना कर ग्राम्य जीवन को श्रेष्ठ बताते हैं, आदि। अतः सम्भव है कि 'यज्ञफल' भास के नाटकों के अनुकरण पर किसी अन्य परवर्ती नाटककार की रचना हो।

भास के नाटकों का संक्षिप्त परिचय

I. रामायण पर आधृत नाटक—

१. प्रतिमानाटक—इसमें रामवनगमन, सीताहरण आदि से लेकर रावणवध पर्यन्त सम्पूर्ण राम-कथा संक्षेप से वर्णित है। यह सात अंक का है। दशरथ की प्रतिमा को देखकर उनके दिवंगत हो जाने का अनुमान भरत द्वारा नगर से बाहर ही कर लिए जाने से इसका नाम 'प्रतिमानाटक' है।

२. अभिषेक—इसमें किष्किन्धाकाण्ड से राम के राज्याभिषेक तक की कथा संक्षेप से है। यह छः अङ्क का नाटक है। राज्याभिषेक के कारण ही इसका नाम 'अभिषेक' है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

II. महाभारत पर आधृत नाटक—

३ मध्यमव्यायोग—इस एकाङ्की में मध्यम पाण्डव भीम द्वारा घटोत्कच से ब्राह्मण के मध्यम पुत्र के मुक्ति की कथा है। 'मध्यम' शब्द भीम और उस बालक दोनों का बोधक होने से इसका नाम 'मध्यमव्यायोग' है।

४. दूतवाक्य—इस एकाङ्की में पाण्डव पक्ष से दुर्योधन के पास कृष्ण के दूत बनकर जाने और वहाँ उनके द्वारा पाण्डवों के भाग (हिस्सा) माँगने पर दुर्योधन द्वारा कृष्ण को पकड़ने की आज्ञा देने पर कृष्ण के विराट् रूप ग्रहण करने की कथा वर्णित है।

२. दूतघटोत्कच—इस एकाङ्की में अभिमन्यु की मृत्यु के बाद घटोत्कच दूत बनकर कृष्ण का संदेश कौरवों के पास ले जाता है। दुर्योधन और घटोत्कच के बीच गरमा-गरमी हो जाती है जिसे धृतराष्ट्र शान्त करते हैं। घटोत्कच अभिमन्यु के वध का बदला अर्जुन द्वारा लिए जाने की धमकी देकर चला जाता है। इस एकांकी में 'भरतवाक्य' नहीं है।

६. कर्णभार—इस एकाङ्की में द्रोणाचार्य के निधन पर कौरवों की ओर से कर्ण के सेनापति हो जाने पर युद्ध का सारा भार कर्ण पर आ पड़ता है। यह उनके लिए भारस्वरूप हो जाता है जबकि ब्राह्मणवेषधारी इन्द्र को वे कवच और कुण्डल दान में दे देते हैं।

७. ऊरुभंग—इस एकाङ्की में द्रौपदी के अपमान के प्रतीकार स्वरूप भीम द्वारा दुर्योधन की जंघा (=ऊरु) को भङ्ग करके उसका वध करने की कथा वर्णित है। संस्कृत-साहित्य में मात्र यही एक दुःखान्त नाटक है।

८. पंचरात्र—इसमें दुर्योधन के द्वारा यज्ञ करने और यज्ञ पूर्ण होने पर द्रोण को मुँहमागी दक्षिणा देने के लिए कहता है। द्रोण ने दुर्योधन से दक्षिणा रूप में पाण्डवों को आधा राज्य दे देने की माँग की। दुर्योधन इस शर्त पर तैयार होता है कि पाँच रात्रि के अन्दर यदि पाण्डव मिल जाएँगे तभी ऐसा हो सकेगा। कौरवों ने विराट् की राजधानी पर गायों के लिए आक्रमण किया। राजकुमार उत्तर कौरवों से लड़ते हैं। अज्ञातवास में स्थित पाण्डवों की सहायता में उसकी विजय होती है, और पाण्डवों के प्रकाश में आ जाने पर द्रोण द्वारा प्रतिज्ञा की याद दिलाई जाती है। इस पर दुर्योधन आधा राज्य दे देने के लिए मान जाता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

III. हरिवंश पर आधृत नाटक—

९.—बालचरित—इसमें भगवान् श्रीकृष्ण की बाल-लीला का वर्णन है। पाँच अङ्कों में श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर कंस वध पर्यन्त की कथा वर्णित है।

IV. बृहत्कथा पर आधृत नाटक—

१०. स्वप्नवासवदत्तम्—इसमें वत्सराज उदयन के वासवदत्ता के साथ स्वप्न में मिलन की कथा है। इसीलिए इसका नाम 'स्वप्नवासवदत्तम्' है। उज्जयिनी के राजा प्रद्योत के महल से वासवदत्ता के हरण के बाद उदयन विलासी हो जाते हैं। इससे शत्रु आरुणि को आक्रमण करने का अवसर प्राप्त हो जाता है। किन्तु उदयन के मन्त्री यौगन्धरायण आरुणि को परास्त करने के लिए मगधराज दर्शक से सहायता लेने के लिए वासवदत्ता को मिलकर लावाणक में उनके अग्नि में जल मरने का समाचार उड़ा देते हैं और वासवदत्ता को मगधराज की कुमारी पद्मावती के पास धरोहर रूप में रख देते हैं। बाद में उदयन का विवाह पद्मावती से होता है। एक बार उदयन स्वप्न देखता है। उसकी स्मृति ताजी हो जाती है। वासवदत्ता प्रकट होती है और उदयन का उनसे मिलन होता है। उधर उदयन का सेनापति रुमण्वान् आरुणि को युद्ध में पराजित कर देता है। इस प्रकार छ अङ्कों का यह सुखान्त नाटक है।

११. प्रतिज्ञायौगन्धरायण—इसमें वत्सराज उदयन द्वारा उज्जयिनी के राजा प्रद्योत की कन्या वासवदत्ता के हरण और प्रेम-विवाह का वृत्तान्त है। प्रद्योत द्वारा उदयन के कैद कर लिए जाने पर उदयन के मन्त्री यौगन्धरायण द्वारा उदयन को छुड़ाने और वासवदत्ता के साथ उसका विवाह कराने की प्रतिज्ञा करता है। इसलिए इसका नाम 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' है। चार अंक के इस 'ईहामृग' नामक नाटकभेद में यौगन्धरायण को पूर्ण सफल दर्शाया गया है।

१२. अविमारक—इसमें राजा कुन्तिभोज की कुमारी कुरङ्गी और सौवीर राजा के पुत्र विष्णुसेन के प्रेम-विवाह की कथा है। विष्णुसेन का ही दूसरा नाम अविमारक है। विष्णुसेन ने किसी समय 'अवि' नामक भेड़रूपधारी राक्षस को मारा था। इसीलिए नाटक का नाम 'अविमारक' है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

V. काल्पनिक—

१३. चारुदत्तम्—इसमें निर्धन किन्तु उदारमना ब्राह्मण चारुदत्त एवं गणिका वसन्तसेना के प्रेम सम्बन्ध का वर्णन है। नायक के नाम पर ही नाटक का नाम 'चारुदत्त' रक्खा गया है। यह चार अंक का 'प्रकरण' है।

भास की नाटचकला और मध्यमव्यायोग

इस प्रकार भास ने अपने प्रायः सभी नाटकों की कथावस्तु रामायण व महाभारत से ली है। कुछ बृहत्कथा पर आधृत है और एक काल्पनिक है। भास ने जो भी कथास्रोत ग्रहण किया उसे सभी नाटकों में उन्होंने अपने रुचि के अनुसार बदल दिया है। इसी कारण प्रायः सभी कथानक बड़े ही रोचक हो गये हैं और मंचन के योग्य हो गए हैं। इनमें नाटचनिर्देश बहुत कम हैं, जिसे अभिनेता को स्वयं ही करना है। मध्यमव्यायोग में भी इसी प्रकार 'नाटच-निर्देश' बहुत कम हैं और महाभारत के ही पात्रों को लेकर घटना का क्रम कल्पित है। नाटक बहुत बड़ा नहीं है। मात्र कुछ घण्टों का ही दृश्य है जिसमें नाटक समाप्त हो जाता है अतः इसका सफलतापूर्वक मंचन किया जा सकता है।

मध्यमव्यायोग की समीक्षा

मध्यमव्यायोग की कथावस्तु—

मध्यमव्यायोग की कथावस्तु का प्रारम्भ ब्राह्मण परिवार और घटोत्कच की आकस्मिक मुलाकात से होता है। कुरुजाङ्गल प्रदेश के यूपग्राम के निवासी अध्वर्यु केशवदास अपने मातुल यज्ञबन्धु के यहाँ उपनयन संस्कार में सम्मिलित होने के लिए उद्यामक ग्राम जा रहे हैं। उनके साथ उनके तीन पुत्र और पत्नी भी हैं। जाने का मार्ग जङ्गल से होकर पड़ता है। दुर्योधन से जुए में पराजित पाण्डव इसी वन में निवास कर रहे हैं। किन्तु इस समय वे धौम्य महर्षि के आश्रम पर 'शतकुम्भ' नामक यज्ञ देखने गए हैं। मात्र भीम निवासस्थान के रक्षार्थ रुक गए हैं। इसी समय घटोत्कच भी माता की आज्ञा से उसके उपवास के पारणार्थ एक मानव को लाने के लिए चल पड़ा है। घटोत्कच ब्राह्मण परिवार का पीछा करता है। वह राक्षस तरुण सूर्य की किरणों के समान बिखरे बालों वाला, भ्रुकुटि की भङ्गी से प्रदीप्त एवं पीले रङ्ग की आँखों वाला, कण्ठसूत्र से युक्त, विद्युत युक्त मेघ के समान स्थित युग के संहार में प्रवृत्त भगवान् शङ्कर की प्रतिकृति रूप है। उसकी दोनों आँखे सूर्य-चन्द्र की भाँति चमकीली हैं, वक्षस्थल विस्तृत हैं, वह पीला कौशेय वस्त्र पहने हुए

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

है। उसके दाँत हाथी के बच्चों के दाँत के समान कुछ निकले हुए हैं। उसके हाथ हाथी की सूढ़ के समान हैं।

घटोत्कच कहता है—'डरपोक ब्राह्मण, कहाँ भाग रहे हो? तुम मेरे सामने उसी प्रकार हो जैसे क्रुद्ध गरुड के सामने स्त्री-सहित मरा हुआ नाग हो।' इस पर वृद्ध अपने पुत्र और स्त्री से कहता है कि मत डरो, क्योंकि इसकी वाणी विवेकपूर्ण है। फिर जलक्लिन्न मुनि ने कहा था कि यह वन निरापद नहीं है, और इस निर्जन वन में किसे पुकारा जाय। अतः इस संकट से मोक्ष का उपाय घटोत्कच से ही पूछता है इस पर घटोत्कच कहता है कि इन तीनों में से मैं एक को ले लूंगा और तब शान्ति से अन्य को जाने दूंगा। इस शर्त पर सभी ने अपने को उत्सर्ग करना चाहा। किन्तु जरा जीर्ण होने के कारण ब्राह्मण और स्त्री होने के कारण ब्राह्मणी छोड़ दी जाती हैं। तीन पुत्रों के बीच ज्येष्ठ को पिता नहीं छोड़ना चाहता और छोटे को माता नहीं छोड़ना चाहती। अतः मध्यम पुत्र ही पिता और माता से न चाहा जाकर बच रहता है जो राक्षस के साथ जाने को तैयार हो जाता है। तब घटोत्कच की अनुमति लेकर मध्यम पुत्र समीप के जलाशय में जल पीने जाता है।

मध्यम पुत्र को लौटने में जब विलम्ब होता है तो घटोत्कच उसे 'मध्यम' 'मध्यम' कहकर पुकारता है, क्योंकि माता के पारणा का काल बीता जा रहा था। भीम अपना नाम सुनकर आश्चर्यान्वित होते हैं कि मुझे कौन बुला सकता है, और घटोत्कच के दुबारा पुकारने पर कहते हैं कि 'यह मैं आ गया' दोनों एक दूसरे को देखकर ठिठक जाते हैं। वह कहता है कि 'क्या आप भी मध्यम हैं।' भीम कहते हैं—'हाँ मैं भी मध्यम हूँ।' वृद्ध ब्राह्मण सोचते हैं कि यह अवश्य ही पाण्डव मध्यम भीम होंगे, जो हम लोगों को मुक्ति दिलाने भाग्यवशात् ही आ गए हैं। इसी बीच मध्यम पुत्र आ जाता है और उसे लेकर घटोत्कच जब चलने लगता है तब वृद्ध ब्राह्मण कातर दृष्टि से भीम से रक्षा की याचना करते हैं। भीम घटोत्कच से कहते हैं कि इस ब्राह्मण परिवार रूपी चन्द्र के लिए तुम क्यों राहु बने हो? ब्राह्मण अवध्य हैं अतः इन्हें छोड़ दो। वह कहता है कि साक्षात् पिता भी यदि आकर कहें कि 'छोड़ दो' तो भी नहीं छोड़ूंगा क्योंकि मैं अपनी माता की आज्ञा से इसे ले जा रहा हूँ। भीम उसकी माता का नाम पूछते हैं और उससे 'हिडिम्बा' नाम सुनकर पुत्र

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

की मातृभक्ति पर प्रसन्न होते हैं। भीम मध्यम पुत्र को रोककर उसके स्थान पर स्वयं ही जाने को तैयार हो जाते हैं और घटोत्कच से कहते हैं कि 'यदि तुम्हारे पास ताकत हो जो मुझे जबरदस्ती ले चलो।'

भीम और घटोत्कच के बीच कुस्ती होती है। किन्तु भीम की हार नहीं होती। घटोत्कच उन्हें मायापाश में बाँध लेता है, भगवान् शङ्कर से प्राप्त मन्त्र से उससे भी भीम मुक्त हो जाते हैं। अन्ततः घटोत्कच उन्हें पूर्व शर्त की याद दिलाता है तो वे उसके साथ चलने लगते हैं। अपने निवास स्थान पर पहुँचकर भीम को खड़ा करके वह माता को खुशखबरी देने जाता है। हिडिम्बा जब मनुष्य को देखने आती है तो आश्चर्यचकित-सी होती है और 'आर्यपुत्र' कहकर भीम का अभिवादन करती है और घटोत्कच को भी प्रणाम करने को कहती है। घटोत्कच अपने कृत्य पर लज्जित-सा हो जाता है और पिता को प्रणाम करते हुए पूर्वापराध के लिए क्षमा माँगता है। हिडिम्बा भी, पारणार्थ मानव के आनयन में मात्र भीम को ही पुनः पाने का आशय भीम से प्रकट करती है। भीम भी पुत्र को गले लगाकर धृतराष्ट्र रूपी वन के लिए दवाग्नि के समान घटोत्कच को प्राप्तकर अत्यन्त प्रसन्न हो उसे पराक्रमी होने का आशीर्वाद देते है। घटोत्कच वृद्ध ब्राह्मण को भी प्रणाम करता है। तीनों मिलकर उन ब्राह्मण केशवदास को आगे की यात्रा के लिए आश्रम द्वार तक छोड़ने जाते हैं और भरतवाक्य के साथ नाटक समाप्त हो जाता है।

मध्यमव्यायोग की कथा का महाभारतीय परिवेश—भास के द्वारा इस व्यायोग में महाभारत की कई घटनाएँ अपने ढङ्ग से जोड़ दी गई हैं। महाभारत में हिडिम्ब-वध और हिडिम्बा से भीम का विवाह होना और उससे घटोत्कच की उत्पत्ति का कथानक है।[1] यद्यपि घटोत्कच द्वारा ब्राह्मण परिवार का पीछा करने की घटना वहाँ नहीं है; किन्तु बकासुर से भीम द्वारा ब्राह्मण परिवार की मुक्ति की कथा अवश्य है।[2]

कथानक के अनुसार बक एक नरभक्षी राक्षस था, जो एकचक्रा से दो कोस की दूरी पर यमुना नदी के किनारे वेत्रवन नामक घने जङ्गल की एक गुफा में रहता था। इसका एकचक्रा नगरी तथा वहाँ के जनपद पर शासन

---

१. महाभा० आदि० १५४।

२. महाभा० आदि० १५६–१६३।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चलता था। एकचक्रा नगरी के व्यक्तियों ने अत्यधिक परेशान होकर इसे घर बैठे ही भोजन भिजवा देने के लिए हर व्यक्ति की पारी बाँध दी। अब हर एक दिन इसके भोजन के लिए ३० मन चावल, दो भैंस तथा एक व्यक्ति नगर-निवासियों की ओर से भेजा जाने लगा।[१] एक दिन एक गरीब ब्राह्मण की पारी आयी, जिसके घर लाक्षागृह से बच निकलने के बाद कुन्ती के साथ पाण्डवों ने निवास किया था। युधिष्ठिर आदि चार भाई भिक्षा के लिए बाहर गए थे। किन्तु भीम किसी कार्यविशेष के कारण कुन्ती के साथ घर पर ही रह गए। ब्राह्मण के घर में सहसा बड़े जोर का आर्तनाद होने लगा। कुन्ती ने भीमसेन से कहा—'निश्चय ही इस ब्राह्मण पर कोई कष्ट आ पड़ा है अतः इसकी सहायता करनी चाहिए। भीतर जाकर कुन्ती ने ब्राह्मण को पत्नी, पुत्र और कन्या के साथ नीचे मुंह किए बैठे देखा। सभी विपत्ति से छुटकारा पाने की चिन्ता में मग्न थे। ब्राह्मण के मन में यह चिन्ता थी कि स्वयं को बचाकर राक्षस के लिए कैसे वह अपनी स्त्री को दे दे जिसे वह विवाह करके लाया था अथवा अपने पुत्र या पुत्री को दे दे जो सदा उस पर निर्भर करते हैं। स्त्री स्वयं मरने के लिए उद्यत होती है[२], और कहती है कि हो सकता है कि वह स्त्री समझकर मुझे छोड़ दे।[३] लेकिन इस पर कन्या कहती है कि 'आप मुझे ही जाने दीजिए, क्योंकि मेरा परित्याग आप धर्मतः एक न एक दिन करेंगे ही।[४] उसके ऐसा कहने पर तीनों फूट-फूट कर जब रोने लगे तो ब्राह्मण का छोटा बालक एक तिनका उठाकर अपनी तोतली बोली में कहने लगा कि मैं इसीसे उस नरभक्षी राक्षस को मार डालूंगा।'

अब कुन्ती ने ब्राह्मण से उनका कष्ट पूछा और अन्त में ब्राह्मण के ऊपर आयी हुई विपत्ति को देखकर, कुन्ती द्वारा भीम सब खाने पीने के सामान के साथ राक्षस के निवास पर पहुँचे। भीम बक के यहाँ पहुँचकर सारे सामान को स्वयं खाने लगे। यह देख बक बड़ा क्रोधित हुआ और भीम पर झपटा।

---

१. 'महिषौ पुरुषश्चैको यस्तदादाय गच्छति' महाभा० आदि० १५९.६।

२. स कुरुष्व मया कार्यं तारयात्मानमात्मना।
अनुजानीहि मामार्य सुतौ मे परिपालय॥ महाभा० आदि० १५७.३०

३. 'अवध्यां स्त्रियमित्याहुः' महाभा० १५७,३१

४. 'त्यक्तव्यां मां परित्यज्य त्राहि सर्वं ममैकया'—महाभा० आदि० १५८,३

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दोनों में मल्लयुद्ध आरम्भ हो गया और अन्त में भीम ने बकासुर का वध करके ब्राह्मण परिवार को मुक्ति दिलाई।

महाभारत में घटोत्कच का यज्ञ व ब्राह्मणों का विद्वेषी होना उल्लिखित है[1]। वैसा ही यहाँ भी कथानक में रक्खा गया। मध्यम पुत्र को माता व पिता द्वारा न चाहा जाना 'ऐतरेय-ब्राह्मण' के शुनःशेपाख्यान में ही उल्लिखित है। अतः भास ने इस घटना और महाभारत के ब्राह्मण परिवार की भीम द्वारा मुक्ति की घटना को मिलाकर हिडिम्बा के चिर-प्रतीक्षित मिलन की कल्पित कथा को बड़े ही कलापूर्ण ढङ्ग से संयोजित कर दिया है। वस्तुतः 'हिडिम्ब-वध-पर्व' में घटोत्कच की उत्पत्ति के बाद भीम से हिडिम्बा का पुनः मिलना कहीं भी महाभारत में आगे उल्लिखित नहीं है। महाभारत में, क्योंकि राक्षसियों को गर्भधारण करते ही सन्तान पैदा हो जाती है,[2] अतः घटोत्कच ने उसी समय उत्पन्न होकर माता-पिता दोनों को प्रणाम किया। यह भास को ठीक नहीं लगा। अतः मानव की सन्तान होने के कारण उसे उन्होंने बड़ी कुशलता के साथ अप्रत्याशित ढङ्ग से मिला दिया है। वस्तुतः यह भास की अपनी उद्भावना है जो व्यायोग को और भी रोचक बना देती है। पुत्र के विरुद्ध पिता का मल्लयुद्ध भास की अपनी उद्भावना है जिससे वह यह दिखाना चाहते हैं कि भीम के ही समान अब धृतराष्ट्र रूपी-वन के लिए दवाग्नि-स्वरूप उनका पुत्र तैयार हो गया है। और उसे भीम भी अत्यन्त बली व पराक्रमी होने का आशीर्वाद देते हैं जब कि महाभारत में घटोत्कच के अभिवादन का कोई उत्तर नहीं दिया गया है। इस प्रकार हिडिम्बा और घटोत्कच दोनों को ही भास ने महाभारतीय स्वरूप से अलग मानवीय रूप प्रदान किया है। यह भीम की—'माता मनुष्यों के देवों की देव है'—इस उक्ति से परिलक्षित है, और फिर वह यहाँ मनुष्य को खाना भी नहीं चाहती।[4]

---

१. महाभा० द्रोण० १८१.२६–२७।

२. महाभा० आदि० १५४. ३६।

३. 'अयं स धार्तराष्ट्रवनदवाग्निः'। म० व्या० पृ० ६६

४. 'माता किल मनुष्याणाम्'''म० व्या० ३७।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शुनःशेप की कथा में परिवर्तन—ऐतरेय ब्राह्मण में शुनःशेप माता-पिता के द्वारा अपनी इच्छा से स्वयं ही बेच दिया जाता है। किन्तु यहाँ मध्यम पुत्र को जाना ही पड़ रहा है जो निश्चय ही महाभारत के बकासुर की कथा पर आधृत है। ऐतरेय ब्राह्मण में अजीगर्त का परिवार के प्रति सम्पूर्ण व्यवहार अमानवीय-सा है जिसे भास ने एकदम बदल दिया है। शुनःशेप की मुक्ति वरुण द्वारा प्रार्थना से होती है किन्तु यहाँ भीम द्वारा मुक्ति दिलाना बकासुर की कथा का ही महाभारतीय रूपान्तर है।

नाटक का प्रकार और मध्यम व्यायोग—प्रस्तुत नाटक एक 'व्यायोग' है। व्यायोग की परिभाषा[1] के अनुसार व्यायोग के मुख्य तत्त्व निम्न हैं—(१) इसमें इतिवृत्त इतिहास प्रसिद्ध होता है, (२) नायक इतिहास प्रसिद्ध और दिव्य होता है, (३) इसमें स्त्रीपात्र बहुत कम होते हैं और पुरुष पात्र अधिक होते हैं जैसा कि इस शब्द की व्युत्पत्ति से भी ज्ञात होता है—'क्योंकि इसमें बहुत से पुरुष व्यायुक्त अर्थात् लगे रहते हैं अतः इसे 'व्यायोग' कहते हैं।[2] (४) इसमें मुख्य रस वीर होता है और [शृङ्गार और हास्य को छोड़कर] अन्य पाँच रस अङ्ग होते हैं। (५) इसमें मुख्य रूप से कुस्ती अथवा संघर्ष व युद्ध होता है, (६) किन्तु यह युद्ध स्त्री के निमित्त नहीं होता।[3] (७) यह मात्र एक अङ्क का ही होता है और (८) इसमें एक दिन का ही वृत्तान्त होता है।

---

१. व्यायोगस्तु विधिज्ञैः कार्यः प्रख्यातनायकशरीरः।
अल्पस्त्रीजनयुक्तस्त्वेकाहकृतस्तथा चैव ॥
बहवश्च तत्र पुरुषाः व्यायच्छन्ते यथा समवकारे।
न तु तत्प्रमाणयुक्तः कार्यस्त्वेकाङ्क एवायम् ॥
न च दिव्यनायककृतः कार्यो राजर्षिनायकनिबद्धः।
युद्धनियुद्धाधर्षणसंघर्षकृतश्च कर्तव्यः ॥
एवंविधस्तु कार्यो व्यायोगो दीप्तकाव्यरसयोनिः ॥
—भरत, हेमचन्द्र के द्वारा काव्यानुशासन में उद्धृत और व्याख्यात, पृ० ३८७ तु० दश० ३. ६०–६२।

२. व्यायुज्यन्तेऽस्मिन् बहवः पुरुषा इति व्यायोगः। दश० ३.६० पर धनिक।

३. 'अस्त्रीनिमित्तसंग्रामो'—दश० ३.६१

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रस्तुत नाटक उपर्युक्त सभी मुख्य तत्त्वों को लेकर ही गठित है। नायक भीम महाभारत की कथा के इतिहास-प्रसिद्ध पात्र हैं। इसमें मात्र दो ही स्त्री पात्र हैं, ब्राह्मणी और हिडिम्बा और इनका अभिनय में भी विशेष योगदान नहीं है। नाटक का मुख्य इतिवृत्त भीम और घटोत्कच के बाहु-युद्ध के मध्य ही निहित है। यह एक अङ्क का नाटक है, और मात्र एक दिन प्रातःकाल के दो-चार घण्टों की कथा ही इसमें वर्णित है। इस प्रकार नाटक के प्रकार व्यायोग की परिभाषा इस एकाङ्की पर पूर्णरूपेण घट जाती है।

'मध्यमव्ययोग' नाम का कारण—इस नाटक का शीर्षक अत्यन्त उपयुक्त और अर्थगर्भित है। यह शीर्षक निम्न बातों का अभिव्यञ्जक है—१. 'मध्यम' शब्द पाण्डवों में मध्यम-पाण्डव भीम के लिए प्रयुक्त है, और २. 'व्यायोग' शब्द रूपक के एक प्रकार के लिए पारिभाषिक शब्द के रूप में प्रयुक्त है। पुसालकर के अनुसार वस्तुतः (i) 'मध्यम' शब्द 'भीम' और उस 'मध्यम ब्राह्मण बालक' का बोधक है जिसे भीम घटोत्कच से मुक्ति दिलाते हैं और 'व्यायोग' शब्द नाट्य के प्रकार की संज्ञा है। दूसरी व्युत्पत्ति से उनके अनुसार (ii) मध्यम पाण्डव भीम का हिडिम्बा से विशेष रूप से संयोग होना ही मध्यमव्यायोग नाम का कारण है।[1] इस प्रकार इस रूपक के शीर्षक की व्युत्पत्तियाँ और भी हो सकती हैं; जैसे—(i) मध्यमः भीमः कुन्ती-तनयत्वावच्छिन्नपाण्डवेषु तस्यैव मध्यमत्वात्। मध्यमम् उद्दिश्य कृतः व्यायोगः मध्यमव्यायोगः। (ii) मध्यमस्य भीमस्य व्यायोगः, व्यायुज्यते इति व्यायोगः—मध्यमव्यायोगः। (iii) मध्यमस्य ब्राह्मणपुत्रस्य व्यायुक्तिनिमित्तकः मध्यमस्य भीमस्य व्यायोगः; युद्धनियुद्धपरः हिडिम्बायोगावसानश्च, तम् उद्दिश्य कृतः ग्रन्थः।

वस्तुतः सम्पूर्ण व्यायोग की कथा 'मध्यम' अर्थात् मध्यम पाण्डव भीम और मध्यम-ब्राह्मणकुमार के ही चारों ओर केन्द्रित होने के कारण ही इस नाटक का नाम 'मध्यमव्यायोग' है, जो अत्यन्त उपयुक्त और सारगर्भित है।

---

१. (i) मध्यममधिकृत्य कृतो व्यायोगसंज्ञो नाटचप्रकारः; (ii) मध्यम-(भीम)स्य (हिडिम्बया सह) व्यायोगः (वि+आ+योगः= विशेषण संयोगः); (iii) मध्यमौ (भीमो ब्राह्मणकुमारश्च व्यायुज्येते अस्मिन् इति नाटकम्। ए. डी. पुसालकर, भास-ए स्टडी, पृ० २०४।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मध्यमव्यायोग में रस और अलङ्कार—इस व्यायोग में मुख्य रस 'वीर' है और अन्य रस भी इसे ही पुष्ट करने में प्रयुक्त हैं। ब्राह्मण और घटोत्कच की मुलाकात में भयानक रस है। ब्राह्मण परिवार के प्रत्येक व्यक्ति का अपना जीवन दे देने का प्रस्ताव करुण रस प्रस्तुत करता है। इसी प्रकार घटोत्कच के साथ भीम की भिड़न्त में रौद्र और हास्य तथा उन दोनों के द्वारा माया-पाश का प्रयोग और उससे छुटकारा पाना अद्भुत रस प्रकट करता है।

सम्पूर्ण नाटक में उपमा और रूपक का ही मुख्य रूप से प्रयोग किया गया है। घटोत्कच के स्वरूप का वर्णन करते हुए ब्राह्मण-परिवार की भयान्वित अवस्था का चित्रण उपमा और रूपक के माध्यम से बहुत सुन्दर प्रस्तुत किया गया है, जैसे—

(i) घटोत्कच के द्वारा ब्राह्मण परिवार का पीछा उसी तरह किया जा रहा है जैसे वत्स के सहित गाय का पीछा सिंह करता है—

भ्रान्तैः सुतैः परिवृतस्तरुणैः सदारो वृद्धो द्विजो निशिचरानुचरः स एषः।
व्याघ्रानुसारचकितो वृषभः सधेनुः सन्त्रस्तवत्सक इव कुलतामुपैति ॥

(ii) स्त्री-पुत्रों की रक्षा में असमर्थ घटोत्कच के भय से विनष्ट धैर्यवाला भयभीत ब्राह्मण उसी प्रकार जा रहा है जैसे गरुड़ के पंख के अग्रभाग से उठी हुई वायु से प्रचण्ड क्रोधाग्नि वाला उत्तेजित सपत्नीक तथा दीन सर्प जाता है।

किं यासि मद्भयविनाशितधैर्यसारो वित्रस्तदारसुतरक्षणहीनशक्ते।
तार्क्ष्याग्रपक्षपवनोद्धतरोषवह्नितीव्रकलत्रसहितो भुजगो यथार्तः ॥ ८ ॥

इसी प्रकार प्रस्तुत नाटक के इन श्लोकों में हमें उपमा देखने को मिलती है—१, ३, ४, ५, ८, २४, २६, २७, ३२, ३८, ४६, ४७ और ४८ आदि।

रूपक के माध्यम से भास ने घटोत्कच का बहुत सुन्दर चित्र-सा खींच दिया है, जैसे—'यह गिरिराजों के लिए वज्रपात-सा, सभी पक्षियों के लिए बाज-सा और मृगसमूह के लिए सिंह-सा मानव शरीर धारण कर साक्षात् मानो यमराज ही आ गये हों—

वज्रपातोऽचलेन्द्राणां श्येनः सर्वपतत्रिणाम्।
मृगेन्द्रो मृगसङ्घानां मृत्युः पुरुषविग्रहः ॥ ७ ॥

इसी प्रकार आगे भी इन श्लोकों में रूपक प्रस्तुत किया गया है—७, १५ २३, ३३ और ४२।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इसी प्रकार ६, ३०, ३१, ३३ श्लोक में उत्प्रेक्षा, ४४ में दृष्टान्त, २० श्लोक में अर्थान्तरन्यास, १० में काव्यलिङ्ग आदि अलङ्कारों का प्रयोग हुआ है।

प्रस्तुत व्यायोग में अनुप्रास तो स्वाभाविक-सा प्रतीत होता है, जैसे—१, ३, ६, २४, २५, २६, ३२ और ३८ में प्रयुक्त है।

मध्यम व्यायोग में भास की काव्यकला—प्रस्तुत नाटक में रस और अलङ्कार का प्रयोग जितनी सफलता के साथ किया गया है वैसे ही भाषा में काव्यात्मक लाने के लिए एक ही शब्द का या उपसर्ग का प्रयोग भी बार-बार एक ही स्थान पर किया गया है। जैसे—२९ वें और ३०वें श्लोक में मध्यम शब्द का आठ बार प्रयोग करके कवि ने बड़ा ही चमत्कार प्रस्तुत किया है। एक ही शब्द की पुनरुक्ति कवि की अपनी कला है, जिसे उन्होंने अन्य स्थल में भी किया है जैसे २२वें श्लोक में 'परिष्वज' का प्रयोग और ५२वें श्लोक में 'प्रभवः' का प्रयोग।

नाटक का उद्देश्य—हिडिम्बा ने घटोत्कच को जो पारणार्थ किसी मनुष्य को लाने के लिए कहा था उसका मात्र उद्देश्य यही था कि उससे भीम का पुनर्मिलन हो। वह जाति से राक्षसी थी। अपने आचारों से वह मानव ही थी। जैसा कि कवि ने भीम की इस उक्ति से 'जात्या राक्षसी न समुदाचारेण' प्रकट किया है। यही मत म०म० टी० गणपति शास्त्री[1] का भी है, जैसा कि 'मध्यमव्यायोग' की संस्कृत टीका में उन्होंने बड़े विस्तृत रूप में इसे प्रदर्शित भी किया है—'मानुषानयनतात्पर्यरहस्यस्य स्वभर्तृमात्रश्रवणीयत्वं तन्यमाना स्वभर्तुः कर्णे तन्निवेदयति—कर्णे इत्यादि। ईदृशमिव इवशब्दो वाक्यभूषणम्। ईदृशं फलरहस्यमित्यर्थः। तच्च पूर्वोत्तरार्थपर्यालोचनयोन्नेनं शक्यमिति ग्रन्थे न निबद्धम्। तद् उत्तरवाक्ये विशदयामः। तदभिप्रायरहस्यश्रवणेन परितुष्ट आह जात्येति। जात्या जन्मना राक्षसी, अर्थात् वम् समुदाचारेण न, राक्षसी न भवसि। अयमाशयः····स्वभर्तृसमागम इति ब्रूमः।'

अन्य बातों से भी नाटक का यही प्रयोजन हमें प्राप्त होता है जैसे—हिडिम्बा ने कहा था कि इसी वन से मनुष्य खोजकर लाओ।[2] फिर जब ब्राह्मणी ने

---

१. हिडिम्बयात्मकारितस्य मानुषग्रहणस्य भीमसेनसमागम एवानन्यथा सिद्धं प्रयोजनमभिसंहितम्। म० व्या०, उपोद्घात पृ० २।

२. अस्मिन् वनप्रदेशे कश्चिन्मानुषः परिमृग्यानेतव्य इति म० व्या० पृ० १९।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ही अपना शरीर देना चाहा तो घटोत्कच ने यही कहा कि मेरी माँ को स्त्री नहीं चाहिए।[1] इसके बाद वृद्ध ने जब अपना शरीर देना चाहा तो भी उसने यही कहा कि 'अरे वृद्ध तुम अलग हटो।' घटोत्कच द्वारा चिराभिलषितः शब्द के प्रयोग से भी यही प्रतीत होता है कि हिडिम्बा को बहुत दिन से भीम से मिलने की अभिलाषा थी। इस प्रकार नाटक का मुख्य प्रयोजन भीम का हिडिम्बा से पुनर्मिलन है।

चरित्र चित्रण—

भास अपने नाटकों में पात्रों का बड़ा ही सजीव चित्र उपस्थित करते हैं। इसी से प्रभावित होकर बाणभट्ट ने उनके नाटकों को 'चरित्रप्रधान' कहा है— 'सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः।' प्रस्तुत नाटक में छः पुरुषः पात्र हैं और दो स्त्री पात्र हैं। इनमें से कुछ के चरित्र-चित्रण के सम्बन्ध में विचार किया जा रहा है—

भीम—प्रस्तुत व्यायोग के नायक भीम महाभारत के भीम के ही समान अतुलनीय शक्ति वाले चित्रित किये गये हैं। खुले मैदान में वे नित्य व्यायाम करने वाले हैं। घटोत्कच जो स्वयं इतना बलवान् है कह उठता है कि 'अरे यह तो दर्शनीय पुरुष है।' इसकी आकृति सिंह के समान है ताड़ के वृक्ष के समान लम्बे हाथ हैं।[2]

भीम धीरोद्धत नायक हैं। वह बहुत गर्वीले और गर्म स्वभाव के होकर भी ब्राह्मण के प्रति दयावान् हैं। उनका पुत्रवात्सल्य अत्यन्त स्नेहिल है। घटोत्कच का बाल-स्वभाव देखकर उन्हें सुभद्रा-पुत्र अभिमन्यु का स्मरण हो आता है।[3]

भीम मध्यम पाण्डव हैं। उन्होंने अत्यन्त गर्व के साथ अपने को आठ वस्तुओं में मध्यम बतलाया।[4] भीम के मन में ब्राह्मणों का बड़ा सम्मान दृष्टिगोचर होता है। ब्राह्मण को कष्ट में देख वे तुरन्त उन्हें छोड़ देने के लिए कहते हैं।

---

१. न खलु स्त्रीजनोऽभिमतस्तत्रभवत्या । म० व्या० पृ० २३।

२ अहो दर्शनीयोऽयं पुरुषः। य एषः सिंहाकृतिः कनकतालसमानबाहुः'— म० व्या० २७ श्लो०।

३. दृष्ट्वैतद् बालशौण्डीर्यं सौभद्रस्य स्मराम्यहम्॥ ३५ श्लोक

४. ....मध्यमोऽहमवध्यानाम्.....म० व्या० २८ श्लोक।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भीम का चरित्र एक वीर के रूप में चित्रित है। वह केवल बाहु की सहायता से ही बिना अस्त्र-शस्त्र के युद्ध करते हैं। उन्हें दिव्य-शक्ति भी प्राप्त है। वे महेश्वर द्वारा प्राप्त शक्ति से मायापाश से अपने को छुड़ा लेते हैं। यह सब कुछ होकर भी उन्हें सत्य के प्रति आस्था है, जैसा कि घटोत्कच ने जब कहा कि 'अपने पूर्व कथन का स्मरण करो'—तब तुरन्त ही वे उसके पीछे चल पड़ते हैं।

भास ने भीम को प्रेमी पति और पुत्र-स्नेही पिता के रूप में चित्रित किया है। बहुत दिनों बाद हिडिम्बा से मिलकर उनकी 'अस्माकं भ्रष्टराज्यानां' आदि उक्ति के द्वारा प्रसन्नता ही प्रकट होती है। हिडिम्बा कृत पूर्व उपकारों के प्रति वे अत्यन्त कृतज्ञ होते हैं।[1] पुत्र के प्रति उनका स्नेह हमें तब प्रकट होता है; जब वे कहते हैं—'पुत्रापेक्षीणि पितृहृदयानि···।[2], इस प्रकार मध्यम पाण्डव भीम का व्यक्तित्व सर्वातिशायी बन पड़ा है। इस प्रकार वे ब्राह्मणों के अभयदाता, निर्भीक एवं स्वाभिमानी क्षत्रिय योद्धा के रूप में चित्रित किये गये हैं।

उल्लङ्घ्य=अतिक्रम्य; मद्भुजाभ्याम्=मम बाहुभ्याम्, पीडितः=दृढं बद्धः; दृढपाशैः=दृढरज्जुभिः बद्धः, गज इव=हस्तीव, कथम्=केन प्रकारेण; व्रजसि=गच्छसि; मम भुजपाशमुल्लङ्घ्य कथमपि गन्तुं न शक्नोषीत्यर्थः । 'गज इव दृढपाशैः' इत्युपमालङ्कारः ॥

वर्धते खलु=शत्रुपक्षः वृद्धिं प्राप्नोति खलु; मत्सूनोः शक्त्या सहायभूतया त्वत्पक्षादभ्यधिकबलो भवतीत्यर्थः । अवधूय=तिरस्कृत्य ॥

भीमः स्वपरिश्रमलाघवं प्रकाशयन्नाह—व्यपनयेत्यादिना । हे वीर=हे पराक्रमशालिन्; दृष्टसारः=प्रत्यक्षीकृतबलः, दृष्टः सारो यस्य सः; 'सारो बले स्थिरांशे च' इत्यमरः । एवंभूतस्त्वम्, असि । अतः; बलदर्पम्=बलस्य विक्रमस्य दर्पं गर्वम्, व्यपनय=परित्यज । हि=यतः, बाहुयुद्धे=मल्लयुद्धे मुष्टि-युद्धे वा, बाह्वोः युद्धं तस्मिन्, मम=भीमसेनस्य; परिखेदः=परिश्रमः; न विद्यते=न वर्तते । मालिनी वृत्तम् ॥ ४६ ॥

अन्वय—दृढपाशैः, गज, इव, मद्भुजाभ्याम्, पीड़ितः, बाह्वोः वीर्यम्, उल्लङ्घ्य, त्वम्, इह, कथम् व्रजसि ।

पदार्थ—दृढपाशैः=सुदृढ़ बन्धन में बँधे हुए; गज इव=हाथी के समान; मद्भुजाभ्याम्=मेरी भुजाओं से; पीड़ितः=बँधे हुए; बाह्वोः=मेरी भुजाओं की; वीर्यम्=शक्ति का, उल्लङ्घ्य=उल्लङ्घन करके, त्वम् इह=तुम इस वन में,

---

भीम—(मन ही मन) इससे मैं कैसे पकड़ लिया गया ? ओ दुर्योधन तुम्हारा शत्रुपक्ष बढ़ रहा है । अब अपनी रक्षा के लिए सतर्क हो जाओ । (प्रकट) हे पुरुष, अपनी रक्षा में तैयार हो जाओ ।

घटोत्कच—हाँ, मैं चौकस हूँ ।

भीम—(बाहुपाश को छुड़ाकर)—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

न हि मम परिखेदो विद्यते बाहुयुद्धे ॥ ४६ ॥

घटोत्कचः—कथमनेनापि न शक्यते हन्तुम्। किन्नु खलु करिष्ये। भवतु, दृष्टम्। अस्ति मातृप्रसादलब्धो मायापाशः। तेन बद्ध्वैनं नेष्यामि। कुतः खल्वापः। भो गिरे। आपस्तावत्। हन्त स्रवति। (आचम्य मन्त्रं जपति) भोः पुरुष !

मायापाशेन बद्धस्त्वं विवशो न गमिष्यसि।

कथम्=किस प्रकार; व्रजसि=जा सकते हो ?

अन्वय—हे वीर ! बल-दर्पम्, व्यपनय। दृष्ट-सारः, असि; हि, बाहुयुद्धे मम, परिखेद, न, विद्यते ॥ ४६ ॥

पदार्थ—हे वीर !=हे पराक्रमी, बलदर्पम्=अपने बल का घमण्ड, व्यपनय=छोड़ दो, दृष्टसारः असि=तुम्हारी शक्ति देख ली गई। हि=क्योंकि, बाहु-युद्धे=मल्लयुद्ध में, मम=मुझे, परिखेदः=परिश्रम, न विद्यते=नहीं हुआ ॥ ४६ ॥

कुतः खल्वापः[1] ? आपस्तावत् 'स्रवन्तु' इति शेषः। स्रवति अर्थाद् गिरिणापः प्रदत्ताः।

मायापाशस्य प्रभावं वर्णयति घटोत्कचः—मायेत्यादिना। मायापाशेन=मायामयः पाशः मायापाशः तेन मायायाः पाशेन अर्थात् ऐन्द्रजालिक-प्रयोगानुष्ठानेन बद्धः सन् त्वम् इदानीं, विवशः=परतन्त्रः; विगतः वशः स्वातन्त्र्यं यस्य सः; न गमिष्यसि=अंग-चलनशक्ति-विरहात् यत्र तत्र गन्तुं न सक्षमो भविष्यसि; अतः अधुना, उत्सवे=वर्षारम्भे अनुष्ठेयोत्सवे, शक्रध्वज इव=इन्द्र-

---

हे वीर, अपने बल का दम्भ छोड़ दो। तुम्हारी शक्ति देख ली गई है क्योंकि मल्लयुद्ध में मुझे परिश्रम नहीं करना पड़ा ॥ ४६ ॥

घटोत्कच—क्या मैं इससे भी इसे नहीं मार सकता। फिर क्या करूँ ? अच्छा, समझ गया। मेरे पास तो माता के प्रसाद से प्राप्त एक माया-पाश भी है। उससे ही बाँधकर इसे ले जाऊँगा। किन्तु जल कहाँ से प्राप्त करें ? हे गिरि, मुझे जल दो। अहा, यह बहने लगा। (आचमन करके मन्त्र जपता है) हे पुरुष,—

माया पाश से बँधे हुए परतन्त्र तुम अब कहीं न जा सकोगे और

---

१. तु० पञ्चरात्र, दूतवाक्य, प्रतिज्ञा, अभिषेक, प्रतिमा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राजसे रज्जुभिर्बद्धः शक्रध्वज इवोत्सवे ॥ ४७ ॥

(इति मायया बध्नाति)

भीमः—कथं मायापाशेन बद्धोऽस्मि । किमिदानीं करिष्ये । अस्ति महेश्वरप्रसादलब्धो मायापाशमोक्षो मन्त्रः । तं जपामि । कुतः खल्वापः ? भवतु, भो ब्राह्मणकुमार ! आनय कमण्डलुगता अपः ।

वृद्धः—इमा आपः ।

ध्वज इव, शक्रस्य इन्द्रस्य ध्वजः केतुः इव, रज्जुभिः वद्धः राजसे=शोभसे । परिस्पन्दशक्तिविरहात् त्वं यष्टिरिव शोभसे इत्यर्थः इन्द्रध्वजो नाम वृष्ट्यर्थं राज्ञां पूज्य इन्द्रसम्बन्धी कोऽपि ध्वजो वेणुयष्टिमयः । तदुक्तं यथा भविष्योत्तरपुराणे—

एवं यः कुरुते यात्रामिन्द्रकेतोर्युधिष्ठिर ।
पर्जन्यः कामवर्षी स्यात् तस्मिन् राष्ट्रे न संशयः ।

शक्रध्वज इवेत्युपमालङ्कारः । अनुष्टुप् वृत्तम् ॥ ४७ ॥

अन्वय—मायापाशेन, बद्धः, विवशः, त्वम्, अनुगमिष्यसि । उत्सवे, रज्जुभिः, वद्धः, शक्रध्वज, इव, राजसे ॥ ४७ ॥

पदार्थ—मायापाशेन=इन्द्रजालिक वन्धन के द्वारा, वद्धः=बँधे हुए, विवशः=परतन्त्र होकर, त्वम्=तुम, अनुगमिष्यसि=मेरा अनुगमन करोगे । उत्सवे=सांवत्सरिकउत्सव में, रज्जुभिः=रस्सियों से, बद्ध=बँधे हुए, शक्रध्वज इव=इन्द्र की ध्वजा के समान, राजसे=शोभित होगे ॥ ४७ ॥

सांवत्सरिक उत्सव में रस्सियों से बँधे हुए इन्द्र की ध्वजा के समान शोभित होगे ॥ ४७ ॥

(इस प्रकार माया से बांधता है)

भीम—अरे, क्या मैं मायापाश से बँध गया ? अब क्या करूँ ? अच्छा, समझ गया । मेरे पास तो भगवान् शङ्कर के प्रसाद से प्राप्त मायापाश से छुटकारे का मन्त्र है । उसको ही जपता हूँ । किन्तु जल कहाँ है ? ठीक है, हे ब्राह्मण कुमार, कमण्डलु का जल लाओ ।

वृद्ध—यह जल लीजिए ।

(भीम जल लेकर और आचमन करके मन्त्र जपकर माया को हटाते हैं)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(भीम आचम्य मन्त्रं जप्त्वा मायां मोचयति)

घटोत्कचः—अये पतितः पाशः। किमिदानीं करिष्ये। भवतु, दृष्टम्। भोः पुरुष ! पूर्वसमयं स्मर।

भीमः—समय इति। एष स्मरामि। गच्छाग्रतः।

(उभौ परिक्रामतः)

वृद्धः—पुत्रकाः ! किं कुर्मः। अयं गच्छति वृकोदरः।

आक्रम्य राक्षसमिमं ज्वलदुग्ररूप-
मुग्रेण बाहुबलवीर्यगुणेन युक्तम्।

समयानुरोधात् अनुगच्छतो भीमसेनस्य पराक्रमं वृद्धो वर्णयति—आक्रम्येत्यादिना। ज्वलदुग्ररूपम्=प्रज्वलितभयङ्करस्वरूपम्; ज्वलत् उग्रं भयङ्करं रूपं स्वरूपं यस्य तम्; उग्रेण=घोरेण; बाहुबलवीर्यगुणेन युक्तम्=भुजबल-पराक्रमगुणेन सहितम्; इमम्=पुरो दृश्यमानम्; राक्षसम्=घटोत्कचम्; आक्रम्य=अभिभूय; एषः=भीमसेनः; शनकैः=मन्दं मन्दम्; सलीलम्=लीलया सहितम्; शीघ्रम्=वेगपाति; आसारवर्षम्=धारासंपातवृष्टिम्, 'धारा-संपात आसारः' इत्यमरः। अवधूय=तिरस्कृत्य; गोवृषभ इव=गोषु वृषभः महोक्ष इव, वृषश्रेष्ठो वा; प्रयाति=गच्छति। यथा गोवृषभः धारासंपातवृष्टिं तिरस्कृत्य स्वेच्छया सलीलं गच्छति, तथायं भीमसेनोऽपि राक्षसबाधाम् अवधूय विस्रब्धम् अनुसरतीत्यर्थः। गोवृषभ इवेत्युपमालङ्कारः। वसन्ततिलका वृत्तम्॥

[भीम के जाने पर खेद युक्त वृद्ध अपनी व्यथा इस प्रकार प्रकट करता है—]

अन्वय—ज्वलदुग्ररूपम्, उग्रेण, बाहु-बल-वीर्य-गुणेन, युक्तम्, इमम्, राक्षसम्, आक्रम्य, एषः, शनकैः, असार-वर्षम्, शीघ्रम, अवधूय, गोवृषभः, इव, सलीलम्, प्रयाति ॥ ४८ ॥

पदार्थ—ज्वलद्-उग्र-रूपम्=प्रदीप्त और उग्र रूप वाले, उग्रेण=अत्यन्त

घटोत्कच—अरे, यह पाश तो छूट गया। अब क्या करूँ ? अच्छा, समझ गया। हे पुरुष, पहले की हुई शर्त का स्मरण करो।

भीम—शपथ ? अच्छा, मैं स्मरण करता हूँ। ठीक है, आगे चलो।

(दोनों जाते हैं)

वृद्ध—हे पुत्रो ! हम लोग क्या करें ? यह भीमसेन तो जा रहे हैं।

प्रदीप्त और उग्र रूप वाले, अत्यन्त प्रचण्ड, भुजाओं के बल एवं शौर्य से

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

एष प्रयाति शनकैरवधूय शीघ्र-
मासारवर्षमिव गोवृषभः सलीलः ॥ ४८ ॥

घटोत्कचः—इह तिष्ठ । त्वदागमनमम्बायै निवेदयामि ।

भीमः—बाढम् । गच्छ ।

घटोत्कचः—(उपसृत्य) अम्ब, अभिवादये घटोत्कचोऽहम् । चिराभिलषितो भवत्या आहारार्थमानीतो मानुषः ।

(प्रविश्य)

हिडिम्बा—जाद ! चिरं जीव । कीदिसो माणुसो आणीदो । [जात चिरं जीव । कीदृशो मानुष आनीतः] ।

घटोत्कचः—भवति ! वाङ्मात्रेण मानुषो, न वीर्येण ।

प्रचण्ड, बाहु-बल-वीर्य-गुणेन=भुजाओं के बल एवं शौर्य से; युक्तम्=युक्त; इमम्=इस; राक्षसम्=राक्षस को; आक्रम्य=हराकर; एषः=यह [भीम]; शनकैः=धीरे-धीरे; सलीलम्=लीला के सहित, शीघ्रम्=वेग से गिरने वाली, आसारवर्षम्=मूसलाधार वृष्टि को; अवधूय=तिरस्कृत करके; गोवृषभः इव=वृषभ के समान प्रयाति=जा रहे हैं ॥ ४८ ॥

घटोत्कचोऽहम्=घटोहं (घट+ऊहम्) घटवद् वितर्क्यम् आस्यं—तदुपलक्षितं शिरः यस्य सः घटोहास्यः; स चासौ उत्कचश्च । रूपमात्रेण मानुषः—आकृत्या एव मानवः, न वीर्येण=न पराक्रमेण । अत्र काकूत्या घटोत्कचः भीमसेनस्य निन्दां करोति । 'वाङ्मात्रेण' इति पाठान्तरे जात्यभिलापकशब्दमात्रेणेत्यर्थः इति गणपतिशास्त्रिणा व्याख्यातम् ।

युक्त इस राक्षस को अभिभूत करके यह [भीम] धीरे-धीरे उसी प्रकार लीला-सहित जा रहे हैं जैसे वेग से गिरने वाली मूसलाधार वृष्टि की परवाह न करके श्रेष्ठ वृषभ जाता है ॥ ४८ ॥

घटोत्कच—यहीं रुको । मैं तुम्हारे आगमन की सूचना माता को दे दूँ ।

भीम—ठीक है, जाओ ।

घटोत्कच—(समीप जाकर) माँ, यह मैं घटोत्कच प्रणाम करता हूँ । बहुत दिनों से आप द्वारा अभिलषित मनुष्य आपके आहार के लिये लाया हूँ ।

(हिडिम्बा का प्रवेश)

हिडिम्बा—पुत्र, चिरञ्जीवी होओ । किस प्रकार का मनुष्य लाये हो ?

घटोत्कच—वह कहने का ही मनुष्य है, बल से नहीं ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हिडिम्बा—किं बह्मणो। [किं ब्राह्मणः]।

घटोत्कचः—न ब्राह्मणः।

हिडिम्बा—आदु थेरो। [अथवा स्थविरः]।

घटोत्कचः—न वृद्धः।

हिडिम्बा—किं बालो। [किं बालः]।

घटोत्कचः—न बालः।

हिडिम्बा—जइ एव्वं पेक्खामि दाव णं। [यद्येवं पश्यामि तावदेनम्]।

(उभौ परिक्रामतः)

हिडिम्बा—किं एसो माणुसो आणीदो। [किमेष मानुष आनीतः]।

घटोत्कचः—भवति ! कोऽयम्।

हिडिम्बा—उम्मत्तअ ! दव्वदं खु अअं। [उन्मत्तक ! दैवतं खल्वयम्]।

घटोत्कचः—आः, कस्य दैवतम् ?

उन्मत्तक = हे भ्रान्तचित्त।

हिडिम्बा—क्या ब्राह्मण है ?

घटोत्कच—ब्राह्मण नहीं है।

हिडिम्बा—तो क्या वृद्ध है ?

घटोत्कच—वृद्ध भी नहीं है।

हिडिम्बा—तो क्या बालक है।

घटोत्कच—बालक भी नहीं है।

हिडिम्बा—यदि ऐसा है तो इसे मैं देखूंगी।

(दोनों जाते है)

हिडिम्बा—क्या यही मनुष्य लाये हो ?

घटोत्कच—माँ, यह कौन है ?

हिडिम्बा—अरे जड़मति, यह हम लोगों के देवता हैं।

घटोत्कच—आह, किसके देवता हैं ?

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हिडिम्बा--तव अ मम अ। [तव च मम च]।

घटोत्कचः--कः प्रत्ययः ?

हिडिम्बा-एसो पच्चओ। जेदु अय्यउत्त। [एष प्रत्ययः। जयत्वार्यपुत्रः]।

भीमः (विलोक्य) का पुनरियम्। अये, देवी हिडिम्बा।

अस्माकं भ्रष्टराज्यानां भ्रमतां गहने वने।
जातकारुण्यया देवि ! सन्तापो नाशितस्त्वया ॥ ४९ ॥

हिडिम्बे ! किमिदम्।

हिडिम्बा--(कर्णे) अय्यउत्त ईदिसं बिअ। [आर्यपुत्र ! ईदृशमिव]।

जतुगृहदाहानन्तरम् अरण्यवासकाले हिडिम्बया उपकृतमात्मानं स्मरतो भीमसेनस्य कृतज्ञतासूचकं वचनम्—अस्माकमिति। हे देवि=हे हिडिम्बे; भ्रष्टराज्यानाम्=भ्रष्टं च्युतं राज्यं येभ्यः तेषां विनष्टराज्यानाम्; गहने=दुर्गमे, वने=अरण्ये; भ्रमताम्=इतस्ततः सञ्चरताम्, अस्माकम्=युधिष्ठिरादीनां भ्रातॄणाम्; जातकारुण्यया=उद्भूतदयया वा, त्वया=भवत्या हिडिम्बया; संतापः=क्लेशः; नाशितः=शमितः। अनुष्टुप् वृत्तम् ॥ ४९ ॥

अन्वय—हे देवि !, भ्रष्टराज्यानाम् भ्रमताम्, गहने, वने, अस्माकम्, जातकारुण्यया, संतापः, त्वया, नाशितः ॥ ४९ ॥

पदार्थ—हे देवि !=हे देवि, भ्रष्टराज्यानाम्=विनष्ट राज्य वाले; अस्माकम्=हम लोगों के; गहने वने=गहनवन में; भ्रमताम्=घूमते हुए; जातकारुण्यया=उत्पन्न दयालुता के कारण; त्वया=तुम्हारे द्वारा; संतापः=हमारे क्लेश; नाशितः=नष्ट कर दिये गये ॥ ४९ ॥

हिडिम्बा—तुम्हारे और मेरे।

घटोत्कच—क्या प्रमाण है ?

हिडिम्बा--यही प्रमाण है कि 'आर्यपुत्र की जय हो।'

भीम—(देखकर) यह कौन है ? अरे, देवी हिडिम्बा।

हे देवि, विनष्ट राज्य वाले हम लोगों के गहन वन में घूमते हुए उत्पन्न दयालुता के कारण तुम्हारे द्वारा हमारे क्लेश नष्ट कर दिये गये ॥ ४९ ॥

हिडिम्बे, यह क्या है ?

हिडिम्बा—(कान में) आर्यपुत्र, यह ऐसा ही है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भीमः—जात्या राक्षसी, न समुदाचारेण।

हिडिम्बा—उम्मत्तअ ! अभिवादेहि पिदरं [उन्मत्तक ! अभिवादय पितरम्]।

घटोत्कचः—भोस्तात !

अज्ञानात्तु मया पूर्वं यद्भवान्नाभिवादितः।
अस्य पुत्रापराधस्य प्रसादं कर्तुमर्हसि ॥ ५० ॥

अहं स धार्तराष्ट्रवनदवाग्निर्घटोत्कचोऽभिवादये। पुत्रचापलं क्षन्तुमर्हसि।

घटोत्कचः भीमम् अभिवादयन् स्वापराधस्य मार्जनं प्रार्थयति—[1]अज्ञानादित्यादिना। मया=घटोत्कचेन, भवान्=पूज्यः भीमतातः; यत् अज्ञानात्=तातोऽयमिति परिचयविरहात्; पूर्वम्=प्राक्; न अभिवादितः=प्रणामादिना समुदाचारेण न सत्कृतः; अस्य पुत्रापराधस्य=अनभिवादनरूपस्य पुत्रकृतस्यागसः; प्रसादम्=अनुग्रहम्; कर्तुम्=विधातुम्; अर्हसि=योग्योऽसि। अनुष्टुप् वृत्तम् ॥ ५० ॥

अन्वय—मया, अज्ञानात्, पूर्वं यत् भवान् न अभिवादितः, अस्य, पुत्रापराधस्य, प्रसादम्, कर्तुम्, अर्हसि ॥ ५० ॥

पदार्थ—मया=मेरे द्वारा; अज्ञानात्=अज्ञान के कारण; पूर्वम्=पहले; यत्=जो; भवान्=आपका; न अभिवादितः=अभिवादन नहीं किया गया, अस्य=इस, पुत्रापराधस्य=पुत्र के द्वारा किये गये अपराध को, प्रसादम्=क्षमा, कर्तुम्=करने के लिए, अर्हसि=योग्य होइए अर्थात् मेरा अपराध क्षमा कीजिए और मेरा प्रणाम स्वीकार कीजिए ॥ ५० ॥

भीम—तुम जन्म से राक्षसी हो, न कि आचरण से।

हिडिम्बा—ओ जड़मति, अपने पिता का अभिवादन करो।

घटोत्कच—ओ तात—

अज्ञान के कारण मेरे द्वारा पहले जो आपका अभिवादन नहीं किया गया पुत्र द्वारा किये गये इस अपराध को क्षमा कीजिए ॥ ५० ॥

धृतराष्ट्रवंशरूपी वन के लिए वनाग्नि के समान मैं घटोत्कच आपको

---

१. तु० पञ्चरात्र २.६८।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भीमः—एह्येहि पुत्र ! व्यतिक्रमकृतं क्षान्तमेव । (इति परिष्वज्य) अयं सः धार्तराष्ट्रवनदवाग्निः । पुत्रापेक्षीणि खलु पितृहृदयानि । पुत्र ! अतिबलपराक्रमो भव ।

घटोत्कचः—अनुगृहीतोऽस्मि ।

वृद्धः—एवम्, भीमसेनपुत्रोऽयं घटोत्कचः ।

भीमः—पुत्र ! अभिवादयात्रभवन्तं केशवदासम् ।

घटोत्कचः—भगवन् ! अभिवादये ।

वृद्धः—पितृसदृशगुणकीर्तिर्भव ।

घटोत्कचः—अनुगृहीतोऽस्मि ।

वृद्धः—भो वृकोदर ! रक्षितमस्मत्कुलं स्वकुलमुद्धृतं च । गच्छामस्तावत् ।

धार्तराष्ट्रवनदवाग्निः=दुर्योधनादयः धृतराष्ट्रस्य पुत्राः, ते धार्तराष्ट्रा एव वनम्, तस्य दवाग्निः वनाग्निः ।

प्रणाम करता हूँ । पुत्र-कृत चपलता को क्षमा करें ।

भीम—आओ, आओ पुत्र, तुम्हारे द्वारा किये गये अपराध को तो पहले ही क्षमा कर दिया गया । (आलिङ्गन करके) यही वह धृतराष्ट्रवंशरूपी वन की दावाग्नि है । पिता का हृदय तो सर्वदा पुत्रापेक्षी ही होता है । पुत्र, अत्यन्त बलवान् और पराक्रमी होओ ।

घटोत्कच—मैं अनुगृहीत हूँ ।

वृद्ध—इस प्रकार यह भीमसेन का पुत्र घटोत्कच है ।

भीम—पुत्र, इन पूजनीय केशवदास का अभिवादन करो ।

घटोत्कच—भगवन्, मैं आपको प्रणाम करता हूँ ।

वृद्ध—पिता के समान गुण एवं कीर्ति वाले होओ ।

घटोत्कच—मैं अनुगृहीत हूँ ।

वृद्ध—हे भीम, आपने हमारे कुल की रक्षा की, और अपने कुल का भी उद्धार किया । अब हम लोग चलें ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

भीमः—

अनुग्रहात् तु भवतः सर्वमासीदिदं शुभम्।
आश्रमोऽदूरतोऽस्माकं तत्र विश्रम्य गम्यताम् ॥ ५१ ॥

वृद्धः—कृतमातिथ्यमनेन जीवितप्रदानेन। तस्माद् गच्छामस्तावत्।

भीमः—गच्छतु भवान् सकुटुम्बः पुनर्दर्शनाय।

वृद्धः—वाढम्। प्रथमः कल्पः।

भीमः ब्राह्मणस्य सत्कारं कुर्वन्नाह—अनुग्रहादित्यादि। इदं सर्वम्=पाण्डवकुलोद्धरणं त्वत्कुलरक्षणञ्चेदं समग्रम्; भवतः=तव ब्राह्मणस्य, अनुग्रहात्=अनुकम्पातः, शुभम्=मङ्गलम्, आसीत्=अभवत्, भवत्परित्राणार्थमागतस्य मम भीमस्य दारपुत्रसमागमसिद्धया मांगलिकमभवदित्यर्थः। अस्माकम्=पाण्डवानाम्, आश्रमः=आवासः, अदूरतः=सन्निकट एव वर्तते। तत्र=आश्रमे, विश्रम्य=मदीयातिथ्यस्वीकारादिना मार्गसञ्चरणपरिश्रमम् अपनीय, गम्यताम्=सुखपूर्वकं गन्तव्यदेशं प्रति प्रस्थीयताम्। अनुष्टुप् वृत्तम् ॥ ५१ ॥

अन्वय—भवतः, अनुग्रहात्, इदम्, सर्वम्, शुभम्, आसीत्। आस्मकम्, आश्रमः, अदूरतः [वर्तते, अतः] तत्र, विश्रम्य, गम्यताम् ॥ ५१ ॥

पदार्थ—भवतः=आपकी, अनुग्रहात्=अनुकम्पा से, इदम्=यह, सर्वम्=सब कुछ, शुभम्=शुभ ही, आसीत्=हुआ। अस्माकम्=हमलोगों का, आश्रमः=निवासस्थान, अदूरतः [वर्तते]=दूर नहीं [है]। [अतः] तत्र=वहाँ, विश्रम्य=विश्राम करके, गम्यताम्=यात्रा कीजिए ॥ ५१ ॥

भीम—आपकी अनुकम्पा से यह सब कुछ शुभ ही हुआ। हम लोगों का आश्रम यहाँ से दूर नहीं है। अतः वहाँ विश्राम करके फिर आगे यात्रा करें ॥ ५१ ॥

वृद्ध—इस जीवन-दान के द्वारा तो आपने सम्पूर्ण आतिथ्य कर ही दिया। अतः हम लोग चलें।

भीम—कुटुम्बसहित पुनः दर्शन देने के लिए आप जायें।

वृद्ध—अच्छा, बहुत अच्छा विचार है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

(सपुत्रत्रयकलत्रो निष्क्रान्तः केशवदासः)

भीमः—हिडिम्बे ! इतस्तावत् । वत्स ! घटोत्कच ! इतस्तावत् । तत्रभवन्तं केशवदासमाश्रमपदद्वारमात्रमपि सम्भावयिष्यामः ।

[भरतवाक्यम्]

यथा नदीनां प्रभवः समुद्रो
यथाहुतीनां प्रभवो हुताशः ।

आश्रमपदद्वारमात्रम्=आश्रमद्वारावधिकम् । सम्भावयिष्यामः=अनुगमिष्यामः; अर्थात् अनुगमनेन सत्करिष्यामः ।

'प्रशस्तिः शुभशंसनम्'—इत्युक्तरूपं शुभशंसनं प्रयोगान्ते प्रयुञ्जान आह—भरतवाक्यम्=भरतस्य नटस्य वाक्यं वचनम् । नाटकाभिनयसमाप्तौ सामाजिकेभ्यो नटेनाशीर्दीयते इत्यर्थः ।

नटः शुभाशंसनं करोति—यथेत्यादिना । यथा समुद्रः=येन प्रकारेण सरित्पतिः, 'समुद्रोऽब्धिरकूपारः पारावारः सरित्पतिः' इत्यमरः । नदीनाम्=सरिताम्, प्रभवः=स्वामी उत्पत्तिलयहेतुत्वात्, यथा हुताशः=येन प्रकारेण, हुतम् अश्नातीति हुताशः अग्निः, आहुतीनाम्=होमानाम्, प्रभवः=स्वामी भोक्तृत्वात् । यथा मनः=येन प्रकारेण चित्तम्. इन्द्रियाणाम्=चक्षुरादीनाम्; प्रभवम्=स्वामी प्रेरकत्वात्, तथा=तेनैव प्रकारेण, भगवान्=भगः ऐश्वर्यादि षट्कं तद्वान्,

"ऐश्वर्यस्य समग्रस्य वीर्यस्य यशसः श्रियः ।
ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणा ॥" विष्णुपुराणे इत्युक्तत्वात् । उपेन्द्रः=इन्द्रावरजः, भगवान् विष्णुरित्यर्थः । 'उपेन्द्रइन्द्रावरजश्चक्रपाणिश्चतुर्भुजः' इत्यमरः, नः=अस्माकम्, प्रभुः=ईश्वरः भवेदिति शेषः । मालारूपकालङ्कारः । उपेन्द्रवज्रावृत्तम् । तल्लक्षणं तु—'उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ' ॥५२॥

(अपने तीनों पुत्रों और पत्नी के सहित केशवदास का निष्क्रमण)

भीम—ओ हिडिम्बे, इधर आओ । वत्स, घटोत्कच, इधर आओ । इन आदरणीय केशवदास को हम लोग आश्रम के द्वार तक ती पहुँचा दें ।

[उत्पत्ति और लय के कारण] जैसे नदियों का स्वामी समुद्र है, [भोक्ता होने के कारण] जैसे आहुतियों का स्वामी अग्नि है और [प्रेरक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

यथेन्द्रियाणां प्रभवं मनोऽपि
तथा प्रभुर्नो भगवानुपेन्द्रः ॥ ५२ ॥

(निष्क्रान्ताः सर्वे)

॥ मध्यमव्यायोगं नाम नाटकं समाप्तम् ॥

—:०:—

अन्वय—यथा, नदीनाम्, समुद्रः, प्रभव; यथा आहुतीनाम्, हुताशः, प्रभवः, अपि, यथा, इन्द्रियाणाम्, मनः, प्रभवम्; तथा भगवान्, उपेन्द्रः, नः, प्रभुः ॥५२॥

पदार्थ—यथा=जैसे; नदीनाम्=नदियों का, समुद्रः प्रभवः=स्वामी समुद्र है; यथा=जैसे; आहुतीनाम्=आहुतियों का; हुताशः प्रभवम्=स्वामी अग्नि है; अपि=और; यथा=जैसे, इन्द्रियाणाम्=समस्त इन्द्रियों का; मनः प्रभवः=स्वामी मन है, तथा=वैसे ही, भगवान्=ऐश्वर्यों वाले, उपेन्द्रः=भगवान् विष्णु, नः=हम [सामाजिक लोगों के] प्रभुः=ईश्वर हैं ॥ ५२ ॥

विमर्श—महाकवि भास ने प्रभु शब्द का प्रयोग इस श्लोक में तीन बार किया है। यह उनकी विशेषता है, जो पहले भी की गयी है।

नटराजं नमस्कृत्य देवीं च भरतं तथा।
भागीरथ्यास्तटे काश्यां लंकाक्षेत्रे सुशोभने ॥ १ ॥
श्रीमद्रामकुबेरस्य मालवीयस्य सूनुना।
सुधाकरेण रचिता व्याख्या व्यायोगसंगता ॥ २ ॥

—:०:—

होने से चक्षु आदि] इन्द्रियों का स्वामी जैसे मन हीं है उसी प्रकार षड्-ऐश्वर्य युक्त भगवान् विष्णु हम सामाजिकों के ईश्वर हैं ॥ ५२ ॥

(सभी का निष्क्रमण)

॥ 'मध्यमव्यायोग' नामक नाटक समाप्त ॥

इस प्रकार पं० रामकुबेर मालवीय (भूतपूर्व साहित्यविभागाध्यक्ष, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और सम्पूर्णानन्दसंस्कृत विश्व-विद्यालय) के आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत 'सरला' हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥

—:०:—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

मध्यमव्यायोग के श्लोकों की छन्द-योजना

छन्द का नाम	अक्षर संख्या	श्लोकाङ्क	योग	लक्षण
अनुष्टुप् [श्लोक]	८	२; ७; १२-२३; २८-३१; ३३-४०; ४२-४५; ४७; ४९-५१	३४	श्लोके षष्ठं गुरु ज्ञेयं सर्वत्र लघु पञ्चमम् । द्विचतुष्पादयोर्ह्रस्वं सप्तमं दीर्घमन्ययोः ॥
उपेन्द्रवज्रा	११	५२	१	उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ ।
उपजाति	११	९;४१	२	स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः । उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ । } इत्यनयोरुपजातिः
पुष्पिताग्रा	१२/१३	४; २४; २५	३	अयुजि नयुगरेफतो यकारो युजि च नजौ जरगाश्च पुष्पिताग्रा ।
वंशस्थ	१२	१०	१	जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ ।
वसन्ततिलका	१४	१; ३; ८; ११; २७; ४८	६	ज्ञेया वसन्ततिलकातभजा जगौ गः ।
मालिनी	१५	५; ६; ३२; ४६	४	ननमयुतेयं मालिनी भोगिलोकैः ।
स्रग्धरा	२१	२६	१	म्रभ्नैर्यानान्त्रयेण त्रिमुनि यति-युता स्रग्धरा कीर्तितेयम् ।
			५२	

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मध्यमव्यायोग के सुभाषित

	पृष्ठाङ्क
१. आपदं हि पिता प्राप्तो ज्येष्ठपुत्रेण तार्यते	२६
२. जानामि सर्वत्र सदा च नाम द्विजोत्तमा पूज्यतमाः पृथिव्याम्	१३
३. ज्येष्ठो भ्राता पितृसमः	२५
४. ज्येष्ठः श्रेष्ठः कुले लोके पितॄणां च सुसंप्रियः ।	२४
५. निर्वेदप्रत्यर्थिनी खलु प्रार्थना ।	१९
६. पदिमत्तधम्मिणी पदिब्बदत्ति णाम । [पतिमात्रधर्मिणी पतिव्रतेति नाम]	२३
७. बन्धुस्नेहाद्धि महतः कायस्नेहस्तु दुर्लभः ।	२७
८. माता किल मनुष्याणां दैवतानां च दैवतम् ।	४८
९. रुष्टोऽपि कुञ्जरो वन्यो न व्याघ्रं घर्षयेद् वने ।	५६
१०. वनं निवासाभिमतं मनस्विनाम्	१६
११. सर्वाः प्रजाः क्षत्रियाणां पुत्रशब्देनाभिधीयन्ते ।	५२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्लोकानुक्रमणिका

	श्लोकाङ्काः	पृष्ठाङ्काः
अनुग्रहात्तु	५१	६७
अस्माकं भ्रष्ट	४९	३४
अस्यामाचम्य	३१	१२
अज्ञानात्तु	५०	६५
आक्रम्य राक्षस	४८	६१
आपदं हि पिता	१९	२६
इदं हि शून्यं	१०	१५
कलमदशन	६	१०
काञ्चनस्तम्भ	४२	५४
किं यासि मद्	८	१२
कृतकृत्यं शरीरं	१५	२२
कौरव्यकुल	३८	४९
खगशतविरुते	२५	३३
ग्रहयुगल	५	८
जानामि सर्वत्र	९	१३
ज्येष्ठः श्रेष्ठः कुले	१७	२४
ज्येष्ठो भ्राता	१८	२५
तरुण तरुणता	२४	३१
तरुण रविकर	४	७
त्यक्ताः प्रागेव	४०	५१
धनोऽस्मि यद	२०	२७
नन्वहं भीम	४५	५७
निवृत्त व्यवहारो	३४	४५
पत्न्या चारित्र	१२	२०
परिष्वजस्व गाढं	२२	२९
पायात् स वोऽसुर	१	२
पुत्रनक्षत्र	३३	४४
ब्राह्मणः श्रुत	१३	२१
भोश्शब्दोच्चा	२	४
भ्रातॄणां मम	३५	४६
मध्यमः पञ्च	२९	३९
मध्यमस्त्विति	३०	४०
मध्यमोऽहं	२८	३८
मम प्राणैर्गुरु	१६	२३
माता किल मनुष्याणां	३७	४८
मायापाशेन	४७	५९
मुच्यतामिति	३६	४७
यथा नदीनां	५२	६८
यद्यर्थितो द्विज	१४	२१
यस्त्रिशृङ्गो	२३	३०
युद्धप्रियाश्च	११	१७
रूपं सत्त्वं	३९	५०
वज्रपातो	७	११
विनिमाय गुरु	२१	२८
विश्वकर्ता शिवः	४३	५५
व्रजसि कथमिह	४६	५७
शपामि सत्येन	४१	५३
शैलकूटं	४४	५६
श्रान्तैः सुतै	३	६
सजलजलद	३२	४३
सिंहाकृतिः कनक	२७	३६
सिंहास्यः सिंह	२६	३५

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कृष्णदास संस्कृत सीरीज

९५

महाकविश्रीभासप्रणीतम्

दूतवाक्यम्

'ज्योत्स्ना'-'सरला'-संस्कृत-हिन्दी-व्याख्यासहित-
विस्तृत-भूमिका-परिशिष्टादि-विभूषितम्

सम्पादको व्याख्याकारश्च

डॉ० सुधाकर मालवीयः

एम० ए०, पी० एच्० डी०, साहित्याचार्यः

[संस्कृत विभागः, काशी हिन्दू विश्वविद्यालयः, वाराणसी]

कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

१९८७

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रकाशक : कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी

संस्करण : प्रथम, वि० सं० २०४४

मूल्य : रू० ६-००

© कृष्णदास अकादमी

पो० बा० नं० १११८

चौक, (चित्रा सिनेमा बिल्डिंग), वाराणसी-२२१००१

[भारत]

अपरं च प्राप्तिस्थानम्

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस

के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन

पो० बा० १००८, वाराणसी-२२१००१ (भारत)

फोन : ६३१४५

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

KRISHNADAS SANSKRIT SERIES
95

DŪTAVĀKYA

OF

BHASA

Edited With Sanskrit & Hindi Commentaries; Critical Introduction, Explanatory Notes and Appendices

By

Dr. Sudhakar Malaviya
M. A., Ph. D., Sahityacarya
Department of Sanskrit, Banaras Hindu University

KRISHNADAS Academy
VARANASI-221001

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

© KRISHNADAS ACADEMY

Oriental Publishers and Distributors

Post Box No. 1118

Chowk, (Chitra Cinema Building); Varanasi-221001

(INDIA)

First Edition

1987

Price Rs. 6-00

Also can be had from

Chowkhamba Sanskrit Series Office

K. 37/99, Gopal Mandir Lane

Post Box 1008, Varanasi-221001 (India)

Phone : 63145

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आशीर्वाद

ग्रन्थाध्ययननिर्मग्नो मालवीयः सुधाकरः ।
प्रसिद्धिं प्राप्नुयान्नित्यं ग्रन्थसंस्कारकर्मणि ॥

—विश्वनाथ भट्टाचार्यः

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कर्तव्यो भ्रातृषु स्नेहो विस्मर्तव्या गुणेतराः ।
सम्बन्धो बन्धुभिः श्रेयान् लोकयोरुभयोरपि ॥

—दूतवाक्य २९

दोषों को भूल जाना चाहिए और भाइयों से भ्रातृस्नेह करना चाहिए, क्योंकि भाइयों के साथ सम्बन्ध रखना लोक एवं परलोक दोनों ही में श्रेयस्कर है ॥ २९ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दो शब्द

महाकवि भासकृत दूतवाक्य नामक एकाङ्की नाटक का प्रस्तुत संस्करण विश्वविद्यालय एवं सामान्य विद्यार्थियों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए ही मुख्य रूप से तैयार किया गया है। इस संस्करण में पाठभेद सहित मूलपाठ, उसकी संस्कृत व्याख्या, श्लोकों के अन्वय, हिन्दी अनुवाद तथा उपयोगी विस्तृत भूमिका और उसकी समीक्षा भी दी गई है। टिप्पणी में व्याकरण सम्बन्धी प्रकृति-प्रत्यय आदि का स्पष्टीकरण, समासादि का निर्देश, कोश, विसंगतियों का समाधान एवं अलङ्कार तथा छन्दों का उल्लेख किया गया है।

इस एकाङ्की में पाण्डव-पक्ष से दुर्योधन के पास कृष्ण के दूत बनकर जाने और वहाँ उनके द्वारा पाण्डवों के भाग (हिस्सा) माँगने पर दुर्योधन द्वारा कृष्ण को पकड़ने की आज्ञा देने पर भगवान् कृष्ण के विराट् रूप ग्रहण करने की कथा वर्णित है। एकाङ्की बहुत छोटा है। मात्र छप्पन श्लोक ही हैं और कुछ ही घण्टों में मञ्चनीय है।

यद्यपि इस ग्रन्थ के अनेक संस्करण प्राप्त हैं। फिर भी मुझे पं० गणपति शास्त्री एवं प्रो० देवधर के संस्करणों से विशेष सहायता प्राप्त हुई है। इसके लिए मैं उनका कृतज्ञ हूँ।

पूज्य पिता श्री स्व० पं० रामकुबेर मालवीय (साहित्य-विभागाध्यक्ष, का०हि०वि०वि० और वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय) के पुनीत चरणों में बैठकर भास के नाटकों का जो आस्वाद मैं ले पाया था उसे आज साहित्य पथ में देखते हुए मुझे अत्यन्त हर्ष हो रहा है। वस्तुतः इसका श्रेय कृष्णदास अकादमी के निदेशक बन्धुद्वय श्री विट्ठलदास गुप्त एवं श्री ब्रजमोहनदास गुप्त को ही है। उनके औदार्य का मैं अत्यन्त आभारी हूँ जिन्होंने इस कार्य के लिए मुझे प्रोत्साहित किया।

रथयात्रा, १९८७
संस्कृत विभाग
का. हि. वि.वि., वाराणसी

विदुषां वशंवदः
सुधाकर मालवीय

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विषय-सूची

दो शब्द ५

भूमिका १–२६

भास के नाटकों की खोज और उनका एककर्तृत्व ३

भास का काल ८

भास की कृतियाँ और उनके कथा-स्रोत के आधार ११

भास के नाटकों का संक्षिप्त परिचय १२

दूतवाक्य-समीक्षा १५

कथानक की पृष्ठभूमि १५

दूतवाक्य की कथावस्तु १५

कथानक-समालोचन और उसका महाभारतीय परिवेश १९

दूतवाक्य नाम का कारण २१

नाटक में रस, नाटक का प्रकार २१

दूतवाक्य की नाट्यकला २२

चरित्रचित्रण

१. वासुदेव २४

२. दुर्योधन २६

दूतवाक्य (मूल और व्याख्या) १–८०

परिशिष्ट १ :

श्लोकानुक्रमणिका ८१–८२

परिशिष्ट २ :

दूतवाक्य के श्लोकों की छन्दःयोजना ८३

परिशिष्ट ३ :

सुभाषितसंग्रहः ८४

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भूमिका

महाकवि भास संस्कृत साहित्य के नाटककारों में अग्रगण्य हैं। इनकी कृतियाँ इतनी प्रसिद्ध थी कि कालिदास ने भी अपने 'मालविकाग्निमित्र' नामक नाटक में बड़े आदर के साथ इनका स्मरण किया है।[1] बाणभट्ट [७ वीं शती] ने 'हर्षचरित' में इनके नाटकों की विशेषताएँ बतलाते हुए इन्हें सूत्रधार से प्रारम्भ होने वाला बताया है।[2] भामह [७ वीं शती] ने 'प्रतिज्ञा-यौगन्धरायण' की मूल कथा की आलोचना के साथ-साथ इसके एक प्राकृत पद्य को भी संस्कृत रूप में उद्धृत किया है।[3] बालचरित एवं चारुदत्त में उपलब्ध 'लिम्पतीव तमोङ्गानि' के अलङ्कार की दण्डी [७वीं शती] ने पाण्डित्यपूर्ण मीमांसा की है।[4] वाक्पतिराज [८ वीं शती] ने 'गउडवहो' नामक प्राकृत भाषा के महाकाव्य में इनको ज्वलन मित्र [अग्नि का मित्र] कहा है।[5] वामन [९ वीं शती] ने 'काव्यलङ्कार' और उसकी 'सूत्र-वृत्ति'

---

१. प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य वर्तमानकवेः कालिदासस्य क्रियायां कथं परिषदो बहुमानः।

२. सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः ।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ।। हर्षचरित, श्लोक १५

३. हुतोऽनेन मम भ्राता मम पुत्रः पिता मम–' काव्यालङ्कार, अ० ४

४. काव्यादर्श २.२२६

५. भासम्मि जलणमित्ते कुंतीदेवे अ जस्स रघुआरे।
सौबन्धे अ बन्धम्मि हारीयन्द्रे अ आणन्दो ।।
[भासे ज्वलनमित्रे कुन्तीदेव च यस्य रघुकारे।
सौबन्धवे च बन्धे हारीचन्द्रे च आनन्दः ।।] 'गउडवहो'

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

में भास के तीन उद्धरण दिए हैं।[१] राजशेखर [१०वीं शती] ने 'स्वप्नवासवदत्तम्' नाटक को 'काव्यमीमांसा' में उत्तम कोटि का स्वीकार किया है।[२]

अभिनवगुप्त [१० वीं शती] ने अभिनवभारती में 'स्वप्नवासवदत्तम्' का उल्लेख किया है।[३] इसके अतिरिक्त 'ध्वन्यालोकलोचन' में इस नाटक से एक श्लोक भी उद्धृत किया है। किन्तु यह सम्प्रति मुद्रित ग्रन्थ में प्राप्त नहीं है।[४] महाराज भोज [११ वीं शती] ने 'शृङ्गारप्रकाश' में 'स्वप्नवासवदत्तम्' का उल्लेख किया है।[५] रामचन्द्र गुणचन्द्र[१२वीं शती] ने नाट्यदर्पण' में 'स्वप्नवासवदत्तम्' से एक श्लोक उद्धृत किया है।[६] आलङ्कारिक जयदेव

---

१. (क) शरच्छशांकगौरेण वाताविद्धेन भामिनी। काव्यालङ्कारसूत्रवृत्तिः ५.३
काशपुष्पलवेनेदं साश्रुपातं मुखं मम ॥ स्वप्नवासवदत्तम्, अंक ४

(ख) यो भर्तृपिण्डस्य कृते न युध्येत्। प्रतिज्ञायौगन्धरायण ४.२

(ग) यासां बलिर्भवति मद्गृहदेहलीनां,
हंसैश्च सारसगणैश्च विलुप्तपूर्वः। काव्यालंकार १.५
तास्वेव पूर्वबलिरूढयवाङ्कुरासु
बीजाञ्जलिः, पतति कीटमुखावलीढः ॥ चारु० १.२

२. भासनाटचक्रेऽपि छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ॥

३. क्वचित् क्रीडा यथा स्वप्नवासवदत्तायाम्। अभिनवभारती १.७४
(स्वप्न० अंक २)

४. सञ्चितपक्षकवाटं नयनद्वारं स्वरूपतडनेन।
उद्घाट्य सा प्रविष्टा हृदयगृहं मे नृपतनूजा ॥

५. स्वप्नवासवदत्ते पद्मावतीमस्वस्थां द्रष्टुं राजा समुद्रगृहकं गतः। पद्मावतीरहितं च तदवलोक्य तस्या एव शयनीये सुष्वाप। वासवदत्ता च स्वप्नवदस्वप्ने ददर्श। स्वप्नायमानश्च वासवदत्तामाबभाषे।
शृङ्गारप्रकाश, स्वप्नवासवदत्तम्, पंचम अंक का संक्षेप।

६. यथा भास कृते स्वप्नवासवदत्ते—
शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराजः—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

[१२ वीं शती] ने 'प्रसन्नराघव' की प्रस्तावना में उन्हें कविता-कामिनी का हास कहा है।[1] इस प्रकार प्राचीन समय में भास का संस्कृत साहित्य में बड़ा गौरवपूर्ण स्थान था।

भास के नाटकों की खोज और उनका एककर्तृत्व

संस्कृत साहित्य के इतने प्रसिद्ध रत्न होने पर भी बहुत दिनों तक विद्वानों को इनका केवल नाम ही मालूम था। इनके काल, जीवन-वृत्त और ग्रन्थों के विषय में कुछ भी ज्ञान न था। सौभाग्यवशात् १९१२ में महामहोपाध्याय श्री टी० गणपति शास्त्री ने 'स्वप्नवासवदत्तम्' आदि तेरह नाटक त्रिवेन्द्रम् से अनन्तशयनं ग्रन्थमाला में प्रकाशित कराए और उन्हें भास की रचना बतलाया।

ये नाटक मध्य संस्कृत नाटकों से कुछ विलक्षण थे। संस्कृत नाटकों के आरम्भ में ग्रन्थकार अपना परिचय देते हैं। कालिदास, भवभूति आदि नाटककार इस शैली का अनुसरण करते हैं। परन्तु इन नाटकों में ग्रन्थकार का नाम नहीं स्मरण किया गया है। जल्हणकृत सूक्तिमुक्तावली में राजशेखर का एक श्लोक उद्धृत है, जिसमें 'स्वप्नवासवदत्तम्' को उत्कृष्ट नाटक बताया गया है। प्रस्तुत तेरह नाटकों में एक 'स्वप्ननाटक' भी है जिसमें वत्सराज उदयन और वासवदत्ता की कथा है। पं० टी. गणपति शास्त्री ने अनुमान किया कि राजशेखर निर्दिष्ट स्वप्न-वासवदत्ता यही है, और क्योंकि स्वप्नवासवदत्ता के कर्त्ता राजशेखर द्वारा भास माने गये हैं अतः प्रस्तुत स्वप्न नाटक के कर्त्ता भी भास ही हैं उन्होंने आगे लिखा कि—१. क्योंकि रचना शैली आदि में ये सब नाटक एक ही प्रकार के हैं; अतः इनके कर्त्ता भास ही होंगे। एतद्देशीय और विदेशीय अनेक विद्वानों ने पं० टी० गणपति शास्त्री द्वारा निकाला गया परिणाम स्वीकार कर लिया। २. परन्तु अनेक ऐसे भी विद्वान् हैं जो ऐसा नहीं मानते। उनके

पदाक्रान्तानि पुष्पाणि सोष्म चेदं शिलातलम्।
नूनं काचिदिहासीना मां दृष्ट्वा सहसा गता॥ (नाट्यदर्पण)

१. भासो हासः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः। (प्रसन्नराघव)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अनुसार ये नाटक भास के नहीं हैं।

३. इन दोनों मतों के अतिरिक्त एक तीसरा मत हैं। उसके मानने वालों का कथन है कि भारत के केरल आदि दक्षिण प्रान्तों में प्राचीन कवियों के अनेक नाटकों का संक्षेप और परिवर्तन जो किया गया उसका यही प्रयोजन था कि ये नाटक रंगमंच पर आसानी से अभिनीत हो सकें। इसी कारण शकुन्तला आदि नाटकों का भी संक्षिप्त एवं परिवर्तित रूप वहाँ मिलता है। इसी प्रकार त्रिवेन्द्रम् से प्रकाशित होने वाले ये स्वप्न-नाटक आदि तेरह ग्रन्थ भी प्राचीन नाटकों का संक्षेप एवं रूपान्तर ही हैं।

यह तीसरा मत कुछ विद्वानों को मान्य है। इसका कारण यह है कि अनेक प्राचीन ग्रन्थकारों ने भास कृत 'स्वप्नवासवदत्तम्' के नाम से कई श्लोक अपने अपने ग्रन्थों में उद्धृत किए हैं। सम्प्रति मुद्रित 'स्वप्न-नाटक' में वे सब श्लोक नहीं प्राप्त होते। अतः विद्वानों का अनुमान है कि प्रस्तुत 'स्वप्न नाटक' में अनेक श्लोक सम्भवतः संक्षेप के कारण लुप्त हो गए। अस्तु इस विवाद के रहते हुए भी इतना तो सुनिश्चित ही है कि भास ने कोई 'स्वप्न वासवदत्तम्' आदि तेरह नाटक रचा था और प्रस्तुत 'स्वप्ननाटक' उसी का रूपान्तर है। इस रूपान्तर का मूल से कितना अन्तर है यह कुछ कहा नहीं जा सकता।

पं० टी. गणपति शास्त्री द्वारा प्रकाशित अन्य बारह नाटकों के अन्त में भी ग्रन्थकार का नाम निर्देश नहीं प्राप्त होता। यही नहीं प्रारम्भ में भी कवि अपने नाम का स्मरण भी नहीं करता। किन्तु रचनाशैली की समानता के कारण पं० टी० गणपति शास्त्री ने यही परिणाम निकला कि यह तेरह नाटक एक ही कवि की कृति हैं और वह कवि भास ही हैं। फिर भी जिन तर्कों के आधार पर विद्वान् भास के कतृत्व का विरोध प्रस्तुत करते हैं वे इस प्रकार है—

१. इन रूपकों में कवि का नाम दिया गया, अतः यह भास की रचनाओं पर आधृत किसी अन्य कवि की कृतियाँ हैं।

२. इनमें सूत्रधार नान्दी के बाद प्रवेश करता है। यह विशेषता इन

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तेरह रूपकों की ही नहीं, अपितु सामान्यतः समस्त दक्षिण भारतीय रूपकों की है।

३. इनमें उपलब्ध नाटचकला भास की ही अपनी नहीं, अपितु वैसी नाट्यकला तो दक्षिण भारत के सभी रूपकों में मिलती है।

४. इन रूपकों में भरतमुनि के नाटचशास्त्रीय नियमों का पूर्णतया पालन न होना भी इनकी प्राचीनता का द्योतक नहीं है; क्योंकि निषिद्ध दृश्य तो पश्चकालीन रूपकों में सामान्यतः अधिक प्रभावोत्पादकता की दृष्टि से अपना लिये गये हैं।

५. जहाँ तक भाषा का प्रश्न है उसे भी ठोस आधार नहीं कहा जा सकता; क्योंकि अपाणिनीय प्रयोग तो आर्ष काव्य, पुराण साहित्य और अत्यन्त पश्चवर्ती अनेक ग्रन्थों में बिखरे मिलते हैं। दूसरे; प्राकृत के प्राचीन प्रयोग मलयालम हस्तलेखों की विशेषता है।

इसके अतिरिक्त रूपकों की प्राकृत, हस्तलेखों के लेखन स्थल एवं काल पर निर्भर है, न कि नाट्यकार के काल पर।

६. बाद के लेखकों ने जो पद्य उद्धृत किए हैं, उन्हें उन्होंने भास से संबद्ध नहीं बताया है।

७. सुभाषित ग्रन्थों में उपलब्ध कुछ पद्य त्रिवेन्द्रम् में मिले रूपकों में नहीं मिलते।

८. महामहोपाध्याय के० शास्त्री प्रभृति विद्वानों ने इन्हें 'आश्चर्यचूड़ामणि' 'प्रतिमा' तथा 'अभिषेक' की एकत्र प्राप्ति के आधार पर शक्तिभद्र की रचनाएँ माना है।

९. कुछ विद्वानों ने शूद्रक को भास से अभिन्न सिद्ध करते हुए मृच्छकटिक, बालचरित, अविमारक तथा वत्सराजचरित को शूद्रक की कृतियाँ माना है। कुछ ने 'चारुदत्त' को मृच्छकटिक का अभिनयोचित संक्षिप्त संस्करण माना है।

१०. डा० बार्नेट इन रूपकों को भास का न मान कर पाण्डव राजाओं के सभा कवियों द्वारा लिखित मानते हैं, जब कि अन्य विद्वान् इनके कर्तृत्व का श्रेय पल्लव-नरेशों के सभा कवियों को देते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

११. रामावतार शर्मा के अनुसार कुछ रूपक भास प्रणीत अवश्य हैं किन्तु सब रूपकों को रचना भास ने नहीं की थी।

१२. केरल प्रदेश में ही इनकी उपलब्धि होने से कुछ विद्वान् इन्हें किसी केरल देशीय नाटककार की कृतियाँ मानते हैं। डाक्टर कुन्हन राजा ने इन पर केरल का प्रभाव दर्शाया है तथा 'चारुदत्त' में केरलीय उत्पत्ति के चार शब्दों को प्रस्तुत किया है। डॉ० टामस ने इस मत का विरोध किया है। कुप्पुस्वामी शास्त्री ने 'संबन्ध' शब्द के आधार पर इन रूपकों में मलाबार के 'संबन्ध विवाहों' की ओर संकेत माना है, किन्तु आर० कवि ने इसका विरोध किया है। वस्तुतः ये रूपक केरल के परम्परानुयायी अभिनेता चाक्यारों के भण्डार का एक अंग है। पिशरोति का कथन है कि इन रूपकों के प्रस्तावना भाग बाद में जोड़ दिए गए थे, जब कि मुख्य दृश्यों में मौलिक रूपकों को स्थानीय रङ्गमञ्च की आवश्यकता के अनुकूल ढालकर अथवा संक्षिप्त करके सुरक्षित रखा गया है।

नाटकों का एक-कर्तृत्व—

किन्तु सभी नाटकों का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर इनमें कुछ ऐसी समानताएँ प्राप्त होती हैं जिनके साक्ष्य पर विद्वानों को निश्चित रूप से मानना पड़ता है कि ये सभी नाटक किसी एक ही कवि की कृति हैं। अस्तु, विद्वानों के द्वारा जिन तर्कों और समानताओं के आधार पर भास का कृतित्व स्वीकार किया गया है। वे दो प्रकार के हैं—(क) आकृति साम्य और (ख) विषय साम्य।

(क) आकृति साम्य--

१. इन नाटकों में कर्णभार को छोड़कर प्रारम्भिक पूर्वरंग को 'प्रस्तावना' न कहकर स्थापना कहा गया है।

२. इन नाटकों में आदि अन्त प्रायः एक प्रकार का है; जैसे—

(अ) अनेक नाटकों के प्रारम्भ में मुद्रालंकार द्वारा पात्रों की सूचना दे दी गयी है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

(ब) प्राय: सभी नाटक 'नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः' इन्हीं शब्दों से प्रारम्भ होते हैं।

(स) इनमें से अधिकांश नाटकों में 'भरतवाक्य' एक जैसा ही है; जैसे—'इमामपि महीं कृत्स्नां राजसिंहः प्रशास्तु नः।' जहाँ यह नहीं मिलता वहाँ इसी प्रकार का कोई अन्य श्लोक रहता है। इस प्रकार लगभग नाटकों में 'राजसिंहः प्रशास्तु नः' यह अवश्य प्रयुक्त हुआ है।

३. इन नाटकों में भरतप्रतिपादित नाट्यशास्त्र के नियम का पूर्णतया पालन न किया जाना भी यही सूचित करता है कि इनका कर्ता कोई एक ही व्यक्ति है। जैसे युद्ध व मृत्यु आदि रंगमंच पर हीं प्रदर्शित किए गये हैं; तथा अभिषेक, पूजा, शपथ या अश्रु प्रक्षालनार्थ जल रङ्गमञ्च पर ही लिया गया है। इसी प्रकार शयन, क्रीडा एवं दूराह्वान की योजना भी रंगमञ्च पर कर दी गयी है।

४. इन नाटकों में भूमिका बहुत छोटी प्राप्त होती है और प्रारम्भिक संवाद के वाक्य भी प्रायः समान ही हैं, जैसे—'एवमार्यमिश्रान् विज्ञापयामि अये—अङ्ग पश्यामि।'

५. सभी नाटकों के नामों का उल्लेख उन नाटकों के अन्त में ही किया गया है, अन्यत्र नहीं।

(ख) विषय साम्य—

१. इन सभी नाटकों में एक मुख्य समानता यह है कि इनकी भाषा और शैली समान है। कितने ही शब्दों, वाक्यों श्लोकों और पदों को विभिन्न नाटकों में दुहराया गया है। वही उपमा और उत्प्रेक्षा जो नाटक में आ गई हैं दूसरों में भी मिलती है। सूक्थंकर ने ऐसे समान वाक्यों आदि की पूरी सूची दी है। जिनकी संख्या १२७ है।

२. इन रूपकों में अनेक अपाणिनीय प्रयोग में मिलते हैं। जैसे-आप्रच्छ प्रयोग परस्मैपद में है।

३. अनेक नाटकों में नाटकीय व्यङ्ग्य (पताका-स्थानक) का प्रयोग मिलता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

४. कतिपय अप्रचलित छन्दों का प्रयोग इनमें प्राप्त होता है। जैसे—सुवदना, दण्डक आदि। अनुष्टुप् छन्द का प्रयोग बहुत अधिक किया गया है।

५. कुछ नाटक एक दूसरे से सम्बद्ध से जान पड़ते हैं। जैसे—स्वप्नवासवदत्तम्, 'प्रतिज्ञा यौगन्धरायण' का ही उत्तरार्द्ध लगता है। इसी प्रकार प्रतिमा नाटक भी अभिषेक से सम्बद्ध है।

६. इनमें से अनेक नाटको में छोटे पात्रों के नामों में भी समानता है जैसे—'प्रतिज्ञायौगन्ध रायण' व 'दूतवाक्य' में कञ्चुकी का नाम 'बादरायण' है। इसी प्रकार 'स्वप्नवासवदत्तम्' 'प्रतिमा' 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' और अभिषेक चारों नाटकों में प्रतिहारी का नाम 'विजया' है।

७. प्राय: सभी नाटकों में नाट्यनिर्देशों की न्यूनता समान रूप से मिलती है। जो नाट्यनिर्देश हैं उनमें दो तीन निर्देश साथ-साथ दिये गये हैं, जैसे—'निष्क्रम्य पुन: प्रविश्य' या 'सविस्मयं परिक्रम्यावलोक्य च' आदि।

इस प्रकार सभी नाटकों में समान दृश्यों की अवतारणा, समान भाव और समान शब्दों एवं समान वाक्यों की उपलब्धि से और अन्तत: समान वर्णन पद्धति के आधार पर यही सिद्ध होता है कि इन नाटकों का प्रणेता निश्चित ही कोई एक व्यक्ति है जो राजशेखर और अभिनवगुप्त के साक्ष्य से भास ही हैं।

भास का काल

महाकवि कालिदास द्वारा 'मालविकाग्निमित्र में स्मरण किए जाने से यह निश्चित ही है कि भास कालिदास के पहले प्रथित-यश वाले हो चुके थे। किन्तु कालिदास का काल ही निश्चित नहीं है। कुछ विद्वान् कालिदास का काल ४०० ई० मानते हैं। अत: उनके अनुसार भास ४०० ई० से प्राचीन थे। अन्य विद्वान् कालिदास को प्रथम शती का मानते हैं। अत: उनके अनुसार भास ई० की प्रथम शती के पहले विद्यमान थे। इसी आधार पर पं० टी० गणपति शास्त्री भास को तृतीय ई० पू० मानते हैं। चाणक्य ने अपने अर्थशास्त्र में 'अपीह श्लोकौ भवत:' कहकर जो दो श्लोक उद्धृत किए हैं इनमें दूसरा श्लोक 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' में मिलता है।' चाणक्य चन्द्रगुप्त के

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

मन्त्री थे। उन्होने निश्चित ही यह श्लोक भास से लिया होगा क्योंकि यदि स्मृति से लेते तो अवश्य ही 'इति स्मृतौ' लिखते। जैसा कि इतिहासकारों के अनुसार चन्द्रगुप्त ३२१ ई० पू० राजगद्दी पर आसीन हुए थे, अतः भास का समय उनसे लगभग ५० वर्ष पूर्व मानना ठीक होगा। भास के 'प्रतिमा-नाटक' में बृहस्पतिकृत अर्थशास्त्र में रावण की दक्षता का उल्लेख हुआ है।[२] बार्हस्पत्य अर्थशास्त्र चाणक्य से बहुत पहले का है। यदि भास चाणक्य के बाद होते तो उनके अर्थशास्त्र का उल्लेख अवश्य करते। अतः भास के काल की निम्नतम सीमा ४०० ई० पू० ही सिद्ध होती है।

लोकमान्य तिलक के अनुसार भास कालिदास के पूर्ववर्ती थे, और उनका स्थितिकाल दूसरे या तीसरे शतक के बाद का कदापि नहीं है।[३] वस्तुतः 'भगवद्गीता' के आदि में 'गीता-ध्यान' नाम से नौ श्लोकों की चर्चा करते हुए लोकमान्य का यह भी कथन है कि इन नौ श्लोकों में जो 'भीष्म द्रोणतटां जयद्रथजलाम्' आदि श्लोक उद्धृत है, यह महाकवि भास के 'ऊरुभङ्ग' का आदि श्लोक है।[४] कुछ विद्वान् भास को नारायण काण्व का समकालीन सिद्ध करते हैं।[५] नारायण काण्व का समय ५३–४१ ई० पू० माना गया है। वेलवल्कर के मत से शूद्रक का मृच्छकटिक भास के चारुदत्त से बहुत प्रभावित है अतः भास का समय तीसरी शती ई० पू०

---

१. नवं शरावं सलिलैः सुपूर्णं सुसंस्कृतं दर्भकृतोत्तरीयम्।
तत्तस्य मा भून्नरकं स गच्छेद् यो भर्तृपिण्डस्य कृते न युध्येत्।
(कौटि० अर्थ० १०.३, प्रतिज्ञा० ४.२)।

२. भोः काश्यपगोत्रोऽस्मि, साङ्गवेदमधीये, मानवीयं धर्मशास्त्रं महेश्वरं योगशास्त्रं, बार्हस्पत्यमर्थशास्त्रं प्राचेतसं श्राद्धकल्पञ्च।
(प्रतिमा० अंक ५)

३. लोकमान्यतिलककृत गीता रहस्य, पृ० ५६०।

४. गीता रहस्य, पृ० ५६१।

५. जे० ओ० ए० एस० डी०, बंगाल, जयसवाल, पृ० २५९, १९१३।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

होना चाहिए।[1]

भास की निम्नतम-सीमा पर विचार के बाद उनकी उपरितम सीमा का विचार आवश्यक है। भास के नाटकों में कुछ का सम्बन्ध वत्सराज उदयन से है। भास ने प्रद्योत, दर्शक और उदयन को समकालीन चित्रित किया है। इतिहासकार स्मिथ के अनुसार दर्शक और उनके उत्तराधिकारी का राज्यकाल ४७५ ई० पू० से ४५ ई० पू० के मध्य था।[2] इस प्रकार भास के काल की आदिम सीमा ४५० ई० पूर्व से पहले भी नहीं मानी जा सकती। अतः भास का काल ३०० ई० पू० होना चाहिए।

भास के नाटकों से प्राप्त अनेक आभ्यन्तर प्रमाण भी इसी काल की ओर संकेत करते हैं। इन नाटकों में पाए जाने वाले अपाणिनीय प्रयोगों से यह स्पष्ट है कि पाणिनि के पूर्व भास के नाटकों की रचना हो चुकी थी। भास के प्राकृत कालिदास के प्राकृतों की अपेक्षा प्राचीन मालूम पड़ते हैं। भास के नाटकों से व्यक्त सामाजिक अवस्था मौर्यकाल की सामाजिक अवस्था के समान है। भासकृत नाटकों की रचना-शैली भरत के 'नाट्यशास्त्र' में वर्णित शैली से प्राचीन है। 'मानवीय धर्मशास्त्र' उपलब्ध 'मनुस्मृति' का परामर्श नहीं करता। वह शब्द धर्मसूत्रकार गौतम द्वारा उल्लिखित मानवीय धर्मशास्त्र का बोधक है। गौतम का काल ई० पू० ६०० माना जाता है। महेश्वरकृत 'योगशास्त्र' के समय का ठीक पता नहीं चलता। इसी प्रकार 'प्राचेतस श्राद्धकल्प' का भी पता नहीं चलता। भास के भरतवाक्यों में आए 'राजसिंह' शब्द से ऐसा मालूम पड़ता है कि भास उपर्युक्त तीनों राजाओं में से किसी एक के राजकवि थे। 'स्वप्नवासवदत्तम्' और 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' से ऐसा प्रतीत होता है कि भास वत्सराज उदयन को अमर बनाना चाहते हैं। इस प्रकार नाटकों के आभ्यन्तर साक्ष्यों के आधार पर भी वह ई० पू० ३०० शती के ही सिद्ध होते हैं।

---

१. वेलवल्कर, एस० के०, ओरि० कान्फ्रे०, १९१९, भाग २, पृ० १८९–२०४।

२. अर्ली हिस्ट्री आफ इण्डिया, पृ० ३८–३९।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

भास की कृतियाँ और उनके कथा-स्रोत के आधार

कथा स्रोतों के आधार पर भास की कृतियों का विभाजन हम पाँच प्रकार से कर सकते हैं—

कथा-स्रोत का आधार

१. प्रतिमानाटक २. अभिषेक	रामायण
३. मध्यमव्यायोग ४. दूतवाक्य ५. दूतघटोत्कच ६. कर्णभार	महाभारत
७. ऊरुभङ्ग ८. पञ्चरात्र	
९. बालचरित	हरिवंश
१०. स्वप्नवासवदत्तम् ११. प्रतिज्ञायौगन्धरायण १२. अविमारक	बृहत्कथा
१३. चारुदत्त	लोकप्रचलित व काल्पनिक

(च) यज्ञफल—

इन उपर्युक्त रचनाओं के अतिरिक्त कुछ विद्वान् 'यज्ञफल' को भी भासकृत मानते हैं। इसे गोण्डल निवासी राजवैद्य जीवराम कालिदास शास्त्री ने १९४१ में प्रकाशित किया। यह रामायण पर आधारित है। इस सम्बन्ध में प्रोफेसर झाला का कथन है कि 'यज्ञफल' भास के अन्य नाटकों की तरह ही प्रारम्भ और समाप्त होता है। किन्तु इसमें बहुत सी नवीन बातें हैं जो भास के समय में नहीं थीं। राम धनुर्भङ्ग से पूर्व प्रेम की दृढ़ता के लिए सीता से उद्यान में मिलते हैं। राम को भी दुष्यन्त के ही समान शंका होती है कि यह कहीं ब्रह्मर्षि की पुत्री तो नहीं हैं। विश्वामित्र नगर एवं ग्राम्यजीवन की तुलना कर ग्राम्य जीवन को श्रेष्ठ बताते हैं, आदि। अतः सम्भव है कि 'यज्ञफल' भास के नाटकों के अनुकरण पर किसी अन्य परवर्ती नाटककार की रचना हो।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भास के नाटकों का संक्षिप्त परिचय

(क) रामायण पर आधृत नाटक—

१. प्रतिमानाटक—इसमें रामवनगमन, सीताहरण आदि से लेकर रावणवधपर्यन्त सम्पूर्ण राम-कथा संक्षेप में वर्णित है। यह सात अंक का है। दशरथ की प्रतिमा को देखकर उनके दिवंगत हो जाने का अनुमान भरत द्वारा नगर के बाहर ही कर लिए जाने से इसका नाम 'प्रतिमानाटक' है।

२. अभिषेक—इसमें किष्किन्धाकाण्ड से राम के राज्याभिषेक तक की कथा संक्षेप में है। यह छः अंक का नाटक है। राज्याभिषेक के कारण ही इसका नाम 'अभिषेक' है।

(ब) महाभारत पर आधृत नाटक—

३. मध्यमव्यायोग—इस एकांकी में मध्यम पाण्डव भीम द्वारा घटोत्कच से ब्राह्मण के मध्यम पुत्र के मुक्ति की कथा है। 'मध्यम' शब्द भीम और उस बालक दोनों का बोधक होने से इसका नाम 'मध्यमव्यायोग' है।

४. दूतवाक्य—इस एकांकी में पाण्डव पक्ष से दुर्योधन के पास कृष्ण के दूत बनकर जाने और वहाँ उनके द्वारा पाण्डवों के भाग (हिस्सा) माँगने पर दुर्योधन द्वारा कृष्ण को पकड़ने की आज्ञा देने पर कृष्ण के विराट् रूप ग्रहण करने की कथा वर्णित है।

५. दूतघटोत्कच—इस एकांकी में अभिमन्यु की मृत्यु के बाद घटोत्कच दूत बनकर कृष्ण का संदेश कौरवों के पास ले जाता है। दुर्योधन और घटोत्कच के बीच गरमा-गरमी हो जाती है जिसे धृतराष्ट्र शान्त करते हैं। घटोत्कच अभिमन्यु के वध का बदला अर्जुन द्वारा लिए जाने की धमकी देकर चला जाता है। इस एकांकी में 'भरतवाक्य' नहीं है।

६. कर्णभार—इस एकांकी में द्रोणाचार्य के निधन पर कौरवों की ओर से कर्ण के सेनापति हो जाने पर युद्ध का सारा भार कर्ण पर आ पड़ता है। यह उनके लिए भारस्वरूप हो जाता है जबकि ब्राह्मणवेषधारी इन्द्र को वे कवच और कुण्डल दान में दे देते हैं।

७. ऊरुभङ्ग—इस एकांकी में द्रौपदी के अपमान के प्रतीकार स्वरूप भीम द्वारा दुर्योधन की जंघा (=ऊरु) को भङ्ग करके उसका वध करने की

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

कथा वर्णित है। संस्कृत-साहित्य में मात्र यही एक दुःखान्त नाटक है।

८. पञ्चरात्र—इसमें दुर्योधन के द्वारा यज्ञ करने और यज्ञ पूर्ण होने पर द्रोण को मुँहमागी दक्षिणा देने के लिए कहता है। द्रोण ने दुर्योधन से दक्षिणा रूप में पाण्डवों को आधा राज्य देने की माँग की। दुर्योधन इस शर्त पर तैयार होता कि पाँच रात्रि के अन्दर यदि पाण्डव मिल जाएँगे तभी ऐसा हो सकेगा। कौरवों ने विराट् की राजधानी पर गायों के लिए आक्रमण किया। राजकुमार उत्तर कौरवों से लड़ते हैं। अज्ञातवास में पाण्डवों की सहायता से उसकी विजय होती है, और पाण्डवों के प्रकाश में आ जाने पर द्रोण द्वारा प्रतिज्ञा की याद दिलायी जाती है। इस पर दुर्योधन आधा राज्य दे देने के लिए मान जाता है।

(ग) हरिवंश पर आधृत नाटक–

९. बालचरित—इसमें भगवान् श्रीकृष्ण की बाल-लीला का वर्णन है। पाँच अङ्कों में श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर कंस वध पर्यन्त की कथा वर्णित है।

(घ) बृहत्कथा पर आधृत नाटक–

१०. स्वप्नवासवदत्तम्—इसमें वत्सराज उदयन के वासवदत्ता के साथ स्वप्न में मिलन की कथा है। इसीलिए इसका नाम 'स्वप्नवासवदत्तम्' है। उज्जयिनी के राजा प्रद्योत के महल से वासवदत्ता के हरण के बाद उदयन विलासी हो जाते हैं। इससे शत्रु आरुणि को आक्रमण करने का अवसर प्राप्त हो जाता है। किन्तु उदयन के मन्त्री यौगन्धरायण आरुणि को परास्त करने के लिए मगधराज दर्शक से सहायता लेने के लिए वासवदत्ता को मिलाकर लावाणक में उनके अग्नि में जल मरने की समाचार उड़ा देते है और वासवदत्ता को मगधराज की कुमारी पद्मावती के पास धरोहर रूप में रख देते हैं। बाद में उदयन का विवाह पद्मावती से होता है। एक बार उदयन स्वप्न में वासवदत्ता को देखता है। उसकी स्मृति ताजी हो जाती है। वासवदत्ता प्रकट होती है और उदयन का उनसे मिलन होता हैं। उधर उदयन का सेनापति रुमण्वान् आरुणि को युद्ध में पराजित कर देता है। इस प्रकार छः अंकों का यह सुखान्त नाटक है।

११. प्रतिज्ञायौगन्धरायण—इसमें वत्सराज उदयन द्वारा उज्जयिनी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

के राजा प्रद्योत की कन्या वासवदत्ता के हरण और प्रेम-विवाह का वृत्तान्त है। प्रद्योत द्वारा उदयन के कैद कर लिए जाने पर उदयन के मन्त्री यौगन्धरायण द्वारा उदयन को छुड़ाने और वासवदत्ता के साथ उसका विवाह कराने की प्रतिज्ञा करता है। इसीलिये इसका नाम 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' है। चार अंक के इस 'ईहामृग' नामक नाटकभेद में यौगन्धरायण को पूर्ण सफल दर्शाया गया है।

१२. अविमारक—इसमें राजा कुन्तिभोज की कुमारी कुरङ्गी और सौवीर राजा के पुत्र विष्णुसेन के प्रेम विवाह की कथा है। विष्णुसेन का ही दूसरा नाम अविमारक है। विष्णुसेन ने किसी समय 'अवि' नामक भेड़-रूपधारी राक्षस को मारा था। इसीलिए इस नाटक का नाम 'अविमारक' है।

(ङ) काल्पनिक–

१३. चारुदत्तम्— इसमें निर्धन किन्तु उदारमना ब्राह्मण चारुदत्त एव गणिका वसन्तसेना के प्रेम सम्बन्ध का वर्णन है। नायक के नाम पर ही नाटक का नाम 'चारुदत्त' रक्खा गया है। यह चार अंक का 'प्रकरण' है।

भास की नाट्यकला और दूतवाक्य

इस प्रकार महाकवि भास ने अपने प्रायः सभी नाटकों की कथावस्तु रामायण एवं महाभारत से ली हैं। कुछ बृहत्कथा पर आधृत हैं और एक काल्पनिक इतिवृत्त है। भास ने जो भी कथाश्रोत तत्तद् ग्रन्थों से ग्रहण किया उसे उन्होंने अपने रुचि के अनुसार बदल दिया है। इसी कारण प्रायः सभी कथानक बड़े ही रोचक हो गए हैं और मञ्चन के योग्य हो गए हैं। इनमें नाट्यनिर्देश बहुत कम हैं जिसे अभिनेता को स्वयं ही करना है। दूतवाक्य में भी इसी प्रकार 'नाट्यनिर्देश' बहुत कम हैं और महाभारत के ही पात्रों को लेकर घटना क्रम वर्णित है। नाटक बहुत बड़ा नहीं है। मात्र कुछ घण्टों का ही दृश्य है जिसमे नाटक पूर्ण हो जाता है। अतः इसका सफलतापूर्वक मञ्चन किया जा सकता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

दूतवाक्य-समीक्षा

कथानक की पृष्ठभूमि—

जब बारह वर्ष के वनवास एवं विराट के यहाँ रहकर एक वर्ष के अज्ञातवास की प्रतिज्ञा पूर्ण करके पाण्डव इन्द्रप्रस्थ लौट आए और प्रतिज्ञा के अनुसार उन्हीं कौरवों से राज्य का आधा भाग माँगा, तब दुर्योधन ने आधा राज्य देने से इन्कार कर दिया। फलतः पाण्डवों ने समझौते के लिए दुर्योधन के पास श्रीकृष्ण को दूत बनाकर भेजा।

दूतवाक्य की कथावस्तु—

दूतवाक्य की कथावस्तु का प्रारम्भ हस्तिनापुर के राजप्रासाद से होता है। सूत्रधार के नान्दीपाठ के अनन्तर कञ्चुकी घोषणा करता है कि महाराज दुर्योधन समागत राजाओं के साथ मन्त्रणा करेंगे। तभी रङ्गमञ्च पर दुर्योधन का आगमन होता है। सभी बड़े लोगों और राजाओं के पहुँचने पर और उनके स्थान ग्रहण कर लेने के बाद दुर्योधन उनसे मन्त्रणा करता है कि कौन कौरवों का सेनापति होगा? शकुनी की मन्त्रणा पर उन सभी सभाजनों ने यह निर्णय लिया कि भीष्म ही सेनापति होंगे। इसी के बाद काञ्चुकीय आता है और कहता है कि पुरुषोत्तम नारायण पाण्डवों के दूत बनकर पधारे हैं। कृष्ण को 'पुरुषोत्तम' सुनकर दुर्योधन खीझ उठता है और कहता है कि मात्र गोपालक को क्या पुरुषोत्तम कहा जाना चाहिए? सभी सभाजनों को वह आज्ञा देता है कि कोई भी केशव के आने पर खड़ा न होवे। केशव का सम्मान मुझे पसन्द नहीं है। मैं तो उन्हें बन्दी बनाने में ही अपना हित समझता हूँ। क्योंकि कृष्ण के बन्दी हो जाने पर पाण्डव स्वयं ही निस्तेज और श्रीहीन हो जायँगे। वे नेत्रहीन हो जायँगे और उनके मतिहीन हो जाने पर मेरे लिए समस्त पृथ्वी शत्रुविहीन हो जायगी।

अतः जो केशव के सम्मान में खड़ा होगा वह बारह स्वर्ण मुद्रा के दण्ड के योग्य होगा। ऐसा कहकर दुर्योधन द्रौपदी के चीरहरण के समय का चित्र मँगाता है। वह उसे देखने में तल्लीन हो जाता है। वह चित्र में

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अङ्कित भाव भङ्गिमाओं पर विचार करते हुए भीम एवं अर्जुनादि पर व्यङ्ग्य कसता जाता है। जब कृष्ण उस मन्त्रशाला में प्रवेश करते हैं तो वहाँ का दृश्य देखकर सोंचते हैं कि धर्मराज युधिष्ठिर के कहने पर और अर्जुन की सच्ची मित्रता के कारण मैं आज इस समराभिमानी और दूसरों की बात न मानने वाले सुयोधन के पास अनुचित दूत कार्य के लिए आया हूँ। अर्जुन के बाणरूपी वायु से प्रदीप्त भीम की क्रोधाग्नि से ये कौरव तो मरे हुए ही हैं। फिर सुयोधन तो कटुभाषी, शठ, गुणद्वेषी और अपने स्वजनों के प्रति निर्दय भी हैं। अतः वह किसी भी प्रकार सन्धि न करेगा। जब कृष्ण सभा भवन में प्रविष्ट होते हैं। सभी राजा उठ खड़े होते हैं, किन्तु बड़े ही हड़बड़ाहट में रहते हैं। उस सम्भ्रम की स्थिति देखकर दुर्योधन बारह स्वर्णमुद्रा के दण्ड की याद भी दिलाता है किन्तु वह स्वयं कृष्ण के तेज से सम्भ्रमात् अपने आसन से गिर पड़ता है और सोंचता है कि बड़े ही उत्साह के साथ संकल्प करके मैं सावधान होकर बैठा था। परन्तु केशव के प्रभाव से मैं विचलित हो ही गया। वह केशव को बैठने के लिए कहता है। वासुदेव भी सबको बैठाकर स्वयं भी बेठ जाते हैं और चित्रपट की दर्शनीयता व्यक्त करते हुए द्रौपदी के केश एवं वस्त्राकर्षण की भर्त्सना करते हैं। सुयोधन मूर्खता के कारण अपने बन्धुओं के अपमान को पराक्रम समझता है। नहीं तो इस संसार में कौन ऐसा निर्लज्ज है कि जो अपने दोषों को इस प्रकार सभा के बीच उद्घाटित करेगा ?

कृष्ण के कहने पर चित्रपट हटा दिया जाता है और दुर्योधन युधिष्ठिर आदि पाण्डवों का कुशल पूँछता है। कृष्ण कहते हैं कि वे कुशल से हैं और आपके शरीर एवं राज्य की बाहरी तथा भीतरी कुशलता और आरोग्य पूंछकर युधिष्ठिरादि पाण्डवों ने निवेदन किया है—

'हम लोगों ने बहुत कष्ट झेले हैं। अब उस अज्ञातवास की प्रतिज्ञा की अवधि भी पूर्ण हो चुकी है। अतः हमारा न्यायोचित पैतृक राज्य बाँट दिया जाय।'

दुर्योधन इस पर कहता है कि कैसा पैतृक राज्य ? मेरे चाचा पाण्डु तो मृगया के समय मुनि के शाप से ग्रस्त हो गए थे। तभी से वे तो स्त्रियों

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

के प्रति विरक्त हो गए थे। अतः मैं उन अन्य देवों के सम्बन्ध से उत्पन्न सन्तानों के साथ पितृ सम्बन्ध कैसे बना सकता हूँ ?'

इस बात पर कृष्ण उनके पूर्वजों का इतिहास बताते हुए पूंछते हैं कि 'जब विलासी राजा विचित्रवीर्य राजयक्ष्मा से ग्रस्त हो मृत्यु को प्राप्त हो गए तब व्यास के संयोग से नियोग द्वारा उत्पन्न तुम्हारे पिता धृतराष्ट्र कैसे राज्य प्राप्त कर सकते हैं ?' अतः इस विवाद से क्या लाभ ? आपको क्रोध त्यागकर वही करना चाहिए जो युधिष्ठिर आदि कहते हैं।

दुर्योधन कहता है कि 'हे दूत ! तुम तो राज्य व्यवहार भी नहीं जानते। राज्य का उपभोग तो बल से होता है। यह माँगने की वस्तु नहीं है। यदि उन्हें राज्याकाङ्क्षा है तो वे पौरुष दिखलावें और यदि उन्हें शान्ति चाहिए तो मुनियों के आश्रम में चले जायँ।'

पाण्डवों के प्रति इन कठोर वचनों को न कहने के लिए कृष्ण उसे मना करते हुए कहते हैं कि 'पुण्य कर्मों के संचय से प्राप्त होने वाली राज्यलक्ष्मी को पाकर जो सहृदय बन्धुजनों एवं मित्रों को धोखा देता है वह निश्चय ही व्यर्थ परिश्रम वाला होता है।' दुर्योधन को बान्धवों के प्रति स्नेहालु होने के कृष्ण के इस मन्तव्य पर दुर्योधन कहता है कि आपने अपने पिता के श्यालक कंस पर क्यों नहीं स्नेह दिखाया। इसका उत्तर कृष्ण देते हैं कि कंस तो मेरी माता को कितनी ही बार पुत्र विरह से पीड़ित करके और अपने वृद्ध पिता को वन्दी बनाकर स्वयं ही मृत्यु द्वारा मारा गया। अतः नीतिज्ञों की वीरता तो निःसन्देह देश और काल के अनुसार होती है। अब हमारा परिहास आप यहीं तक रहने दें और भाइयों से भ्रातृ स्नेह करें। इसी से लोक और परलोक दोनों ही में आपका कल्याण है।

अन्ततः दुर्योधन कह देता है कि देवात्मजों और मनुष्यों में बन्धुत्व स्थापित नहीं हो सकता।

दुर्योधन के इस उत्तर पर कृष्ण उसे परुषाक्षरों से क्षुब्ध करते हुए भयभीत करते हैं। वे कहते हैं कि तुम अर्जुन के बल एवं पराक्रम को क्या नहीं जानते ? अर्जुन वही हैं जिसने किरात वेशधारी भगवान् शङ्कर को

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

युद्ध से प्रसन्न किया था। खाण्डव वन को नष्ट करती हुई अग्नि की महावृष्टि को बाणों के जाल से रोक दिया था। इन्द्र को पीड़ित करने वाले निवातकवचों का बध किया और अकेले ही विराट नगर में भीष्म आदि महारथियों को परास्त कर दिया था। इतना ही नही जब चित्रसेन ने तुम्हें बाँध लिया था तो अर्जुन ने तुम्हें भी उसके चंगुल से बचाया था। इस प्रकार यदि तुम पाण्डवों को उनका दाय भाग नहीं दोगे तो वे जबरदस्ती छीन लेंगे।

कृष्ण के वचनों से आहत होकर दुर्योधन कहता है कि मैं किसी भी प्रकार से राज्य क्या उसका तृण भी नहीं दे सकता। कृष्ण ने उसे 'अयशो लुब्ध' 'अपयश के लोभ वाला' कहकर सम्बोधित किया और कहा कि तुम तृण बीच में रखकर ही मुझसे बात करने योग्य हो। इस पर दुर्योधन ने कृष्ण को भला बुरा कहा। कृष्ण ने कहा कि क्या तुम हमारा अपमान करते हो। उसने कहा—हाँ! पहले तो कृष्ण जाने को उद्यत होते हैं। किन्तु बाद में बिना सन्देश कहे नहीं जाना चाहते। सुयोधन बात ही नहीं करना चाहता। अतः कृष्ण कुरुवंश के शाप की बात कहते हैं और जाने को उद्यत होते हैं। तभी केशव को बाँध लेने के लिए दुर्योधन आज्ञा करता है किन्तु कोई भी उद्यत नहीं होता है। जब कोई भी तैयार नहीं होता है तो वह स्वयं बाँधने के लिए उठ खड़ा होता है। जब कृष्ण को यह ज्ञान हो जाता है कि यह तो सचमुच ही पाश लेकर मुझे बाँधने दौड़ पड़ा है तब भगवान् कृष्ण विराट् रूप धारण करते हैं। इतने पर भी जब दुर्योधन शान्त नहीं होता है तो वह कहते हैं कि अच्छा! तो मैं ही पाण्डवों का कार्य करूँगा। भगवान् सभी को जृम्भित कर देते हैं। कृष्ण क्रुद्ध हो जाते हैं और सुदर्शन चक्र का आवाहन करते हैं। सुदर्शन कहते हैं कि आप पृथ्वी का भार उतारने आए हैं। अतः इसे आप आज यदि मार देंगे तो सभी युद्ध से विरत हो जायेंगे और आपका मुख्य कार्य सिद्ध न हो सकेगा। इस मन्त्रणा पर भगवान् कृष्ण शान्त हो जाते हैं। बाद में मञ्च पर अन्य आयुध कौमोदकी गदा, शार्ङ्ग धनुष, पाञ्चजन्य शङ्ख और नन्दन नामक खड्ग भी आते हैं किन्तु सुदर्शन सभी को लौटा देते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गरुड़ के आने पर तो समस्त चराचर जगत् हिल उठता है। कश्यप पुत्र गरुड़ को भी वे आदरपूर्वक लौटने के लिए कहते हैं। बाद में स्वयं भी मेरुगुहा की ओर वे प्रस्थान कर जाते हैं।

भगवान् कृष्ण भी जब पाण्डव शिविर की ओर जाने को उद्यत होते हैं तभी धृतराष्ट्र वहाँ आ जाते हैं और अपने पुत्र के अपराध के लिए क्षमा माँगते हैं। भाँति-भाँति से अनुनय विनय करके वह उनके चरणों पर गिर पड़ते हैं। भगवान् उन्हें उठाते हैं और भरतवाक्य के अनन्तर नाटक समाप्त हो जाता है।

कथानक समालोचन और उसका महाभारतीय परिवेश

दूतवाक्य की कथा उद्योग पर्व के अवान्तर खण्ड भगवद्यान पर्व से ली गई है। दौत्य कर्म की प्रधान कथा को मात्र एक ही अङ्क में यहाँ प्रदर्शित किया गया है। यहाँ दुर्योधन की निकृष्टता पर और भगवान् कृष्ण के दिव्य स्वरूप पर अधिक प्रभाव डाला गया है। (१) महाभारत में कृष्ण को पकड़ने के लिए कोई भी प्रयत्न नहीं किया गया है यद्यपि दुर्योधन शकुनि, कर्ण एवं अन्य लोगों के साथ कृष्ण को पकड़ने के लिए मन्त्रणा करता है। (२) दिव्य अस्त्रों के प्राकटय का दृश्य कवि द्वारा कल्पित है जो मात्र मञ्चन को प्रभावी बनाने मे लिए किया है (३) सम्पूर्ण दूत-वाक्य में कृष्ण ने सदैव दुर्योधन के लिए 'सुयोधन' (सुख से युद्ध करने योग्य) सम्बोधन का ही प्रयोग किया गया है। कवि कृष्ण के सामने दुर्योधन को दुःख से युद्ध करने योग्य बिल्कुल नहीं मानता। महाभारत में इस सम्बोधन पर इतना ध्यान नहीं रक्खा गया है। (४) दुर्योधन के पिता धृतराष्ट्र के लिए व्यास से उनका उत्पत्ति का व्यङ्ग्य कवि की अपनी प्रतिभा है[१]। (५) युधिष्ठिरादि पाण्डु पुत्रों पर अन्य देवों की सन्तान होने का आक्षेप महाभारत में यत्र तत्र सर्वत्र बिखरा हुआ है। किन्तु दुर्योधन पर भी यह आक्षेप हो सकता है। इस प्रकार आक्षेप प्रस्तुत करके कवि ने

---

१. व्यासेन जातः पुनरम्बिकायाम्.....पृ० ३५।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चमत्कार प्रस्तुत किया है।

विराट् रूप के प्रदर्शन को महाभारत में मात्र चार ही लोग देख पाए थे—भीष्मपितामह, धृतराष्ट्र, विदुर और सञ्जय। यहाँ पर 'कथं न दृष्टः केशवः' केशव नहीं दीखते, कहाँ गए 'अयं केशवः'[1] यह केशव है—आदि के द्वारा अपने ढङ्ग से इतिवृत्त को रखकर कवि द्वारा दुर्योधन पक्ष के लोगों में सम्भ्रम पैदा कर दिया गया है। इस प्रकार महाभारत के दूतकर्म की ही घटना को कवि ने यहाँ अपने ढाँचे में ढालकर नवीन रूप में प्रस्तुत किया है। इस नाटक के रस आदि के विषय में पं० गणपति शास्त्री का मत इस प्रकार है—

दूतवाक्यस्य रसः—

अस्य 'दूतवाक्यम्' इति संज्ञाया आनुगुण्यं पाण्डवदूतस्य श्रीकृष्णस्य वाक्यमत्र प्रधानमिति कृत्वा परिस्फुटमेव। अत्र रसस्तु वीरः, साम्नोपच्छन्दने परुषभाषणेन संक्षोभणे वा भगवता कृतेऽपि युद्धोत्साहस्य सुयोधनगतस्य अविचाल्यस्य प्रतीतेः। अथवा—

अत्र रसो धर्मवीरः; अष्टादशाक्षौहिणीबलसमुदयस्य तदधिष्ठातॄणां पौण्डवकौरवाणां च क्षेमस्य परमधर्मभूतस्यार्थे भगवतात्मपरिभवमनादृत्य प्रयत्नस्य करणाद् भगवद्गतस्य धर्मोत्साहस्य स्थायिनः सर्वतः परिस्फूर्तेः।

एतच्च रूपकं ख्यातेतिवृत्ततया सुयोधनरूपख्यातोद्धतनायकाश्रयतया वीराख्यदीप्तरसवत्तया एकाङ्कतया च धनञ्जयोक्तव्यायोगलक्षणबह्वंशयोगाद् व्यायोगव्यपदेशमर्हति—

ख्यातेतिवृत्तो व्यायोगः ख्यातोद्धतनराश्रयः।
हीनो गर्भविमर्शाभ्यां दीप्ताः स्युर्डिमवद् रसाः॥
अस्त्रीनिमित्तसङ्ग्रामो जामदग्न्यजये यथा।
एकाहचरितैकाङ्को व्यायोगो बहुभिर्नरैः॥ (दश० ३)

धर्मवीररसपक्षे नायकस्य श्रीकृष्णस्य धीरोदात्ततया मा भूदयं व्यायोगः, अपितु वीथीसंज्ञो रूपकभेदो वाच्यः। सा हि भरतेन लक्षिता—

---

१. अहो ह्रस्वत्वं केशवस्य.....अहो दीर्घत्वं केशवस्य...पृ० ५६।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'सर्वरसलक्षणाढ्या युक्ता ह्यङ्गैस्त्रयोदशभिः ।
वीथीस्यादेकाङ्का तथैकहार्या द्विहार्या वा ॥
—इति (ना० शा०)

अत्र सर्वरसलक्षणाढ्येति रसविशेषनियमाभावो बोध्यते, न तु एकत्रैव सर्वरसयोगनियमः । द्विहार्येति च प्रधानपात्रद्वयप्रयोज्येत्यर्थः । एवञ्च कथञ्चिद् बीथीलक्षणयोगः स्पष्टः ।

वस्तुतस्तु भासरूपकाणां प्रचरन्नाट्यशास्त्रापेक्षया प्राचीनतायाः प्रतिमानाटकोपोद्घाते स्थापितत्वात् तेष्वर्वाचीनलक्षणान्यनुगमयितुं नातीव संरम्भः शोभत इति तत्त्वम् ॥

'दूतवाक्य' नाम का कारण

भगवान् श्रीकृष्ण पाण्डवों की ओर से दूत बनकर कौरवों के शिविर में जाते हैं और उन्हीं के वचनों की इस नाटक में प्रधानता होने से इस नाटक का नाम 'दूतवाक्य' है। भगवान् कृष्ण के नीतियुक्त वचन (=वाक्य) कभी तो साम अर्थात् सान्त्वना भरे शब्दों से दुर्योधन को शान्त करते हैं और कभी कठोर वचनों से उसे धर्षित करते हैं। सम्पूर्ण नाटक दूतवेषधारी श्रीकृष्ण के वचनों से अनुस्यूत है। अतः नाटक का नाम 'दूतवाक्य' सार्थक है।

नाटक में रस

सम्पूर्ण नाटक वीररस से अनुप्राणित वचनों से व्याप्त है। श्रीकृष्ण द्वारा अपने अस्त्रों का एकाएक आवाहन करना और उनके विराट रूप प्रदर्शन में अद्भुत रस का पुट दिया गया है। 'यह केशव हैं' 'अरे केशव कहाँ हैं' आदि द्वारा सम्भ्रम पैदा कर दिया गया है। कवि द्वारा यहाँ प्रधान रूप से आरभटी वृत्ति का प्रयोग है।

नाटक का प्रकार

नाटकीय दृष्टि से 'दूतवाक्य' 'व्यायोग' की श्रेणी का नाटक है। व्यायोग एकाङ्की होना चाहिए। इसकी घटना ऐतिहासिक होती है। इसका नायक गर्वीला होता है। यह स्त्री से असम्बद्ध होता है और इसमें

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

युद्ध आदि होते हैं। ये सभी लक्षण 'दूतवाक्य' में घटते हैं। व्यायोग की व्युत्पत्ति है 'व्यायुज्यन्ते बहुपुरुषा अस्मिन्निति।' अर्थात् बहुत से पुरुषपात्र जिसमें होते हैं। इसका लक्षण साहित्यदर्पण में इस प्रकार है—

ख्यातेतिवृत्तो व्यायोगः स्वल्पस्त्रीजनसंयुतः।
हीनो गर्भविमर्शाभ्यां नरैरभिराश्रितः॥
एकङ्कश्च भवेदस्त्री निमित्तसमरोदयः।
कैशिकीवृत्तिरहितः प्रख्यातस्तत्र नायकः॥
राजर्षिरथ दिव्यो वा भवेद्धीरोद्धतश्च सः।
हास्यशृङ्गारशान्तेभ्य इतरेऽत्राङ्गिनो रसाः॥

इस प्रकार व्यायोग का नायक राजर्षि, दिव्यपुरुष या धीरोद्धत होना चाहिए। यहाँ भगवान् कृष्ण दिव्य पुरुष हैं और इनका चरित्र भी इतिहास प्रसिद्ध है। अतः 'दूतवाक्य' नाटक के दस प्रकारों में से 'व्यायोग' की कोटि का नाटक है।

दूतवाक्य में नाट्यकला

भास के नाटक 'नाट्यकला' की दृष्टि से नितान्त सुन्दर हैं। अन्य नाटकों की भाँति यहाँ भी दूतवाक्य में भास ने नाटकीय घटनाओं का सन्निवेश अत्यन्त सुसङ्गत रूप से किया है। कथोपकथन में अस्वाभाविकता कहीं भी प्रतीत नहीं होती। छोटे-छोटे वाक्यों में विचित्र भाव भरे पड़े हैं।

'दूतवाक्य' एक 'घटना-प्रधान' रूपक है। इसमें भगवान् श्रीकृष्ण के दूत बनकर दुर्योधन के पास जाने की बहुत छोटी सी घटना को भास ने अपनी प्रतिभा से अनूठा रूप दे दिया है। श्रीकृष्ण के प्रभाव का वर्णन तथा केशापकर्षण चित्र का प्रसङ्ग प्रस्तुत करके दुर्योधन के चरित्र पर अत्यन्त कुशलता से प्रकाश डाला गया है।

प्रवाहपूर्ण भाषा एवं चमत्कारपूर्ण तथा उपयुक्त शब्दावली वाले कथोपकथन का सहारा लेकर भास ने यहाँ श्रीकृष्ण एवं दुर्योधन के वार्त्तालाप में जान डाल दी है, जैसे दुर्योधन की उक्ति है—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

कथं कथं दायाद्यमिति ? भोः --

वने पितृव्यो मृगया प्रसङ्गतः कृतापराधो मुनिशापमाप्तवान् ।
तदा प्रभृत्येव स दारनिस्पृहः परात्मजानां पितृतां कथं व्रजेत् ॥२१॥

'अर्थात् वन में शिकार खेलते समय मेरे कृतापराधी चाचा पाण्डु को जब शाप मिला तभी से वे स्त्री से विरत हो गए। फिर दूसरे के पुत्रों के साथ दायाद्य कैसा ?'

इसका इतना सटीक उत्तर श्रीकृष्ण देते हैं कि कथोपकथन में जान आ जाती है—

पुराविदं भवन्तं पृच्छामि—
विचित्रवीर्यो विषयी विपत्ति क्षयेण प्राप्तः पुनरम्बिकायाम् ।
व्यासेन जातो धृतराष्ट्र एव लभेत राज्यं जनकः कथं ते ? ॥ २२ ॥

अर्थात् विचित्रवीर्य के क्षयरोग से ग्रस्त हो जाने पर पुनः अम्बिका से व्यास द्वारा क्या तुम्हारे पिता धृतराष्ट्र नहीं उत्पन्न हुए थे ?

भास राजनीतिक सिद्धान्त 'वीरभोग्याबसुन्धरा' को ही दुर्योधन की ललकार द्वारा कथोपकथन में प्रस्तुत कर अत्यन्त चमत्कार पैदा कर देते हैं, जैसे—

राज्यं नाम नृपात्मजैः सहृदयैर्जित्वा रिपून् भुज्यते
तल्लोके न तु याच्यते न तु पुनर्दीनाय वा दीयते ।
काङ्क्षा चेन्नृपतित्वमाप्तुमचिरात् कुर्वन्तु ते साहसं
स्वैरं वा प्रविशन्तु शान्तमतिभिर्जुष्टं शमायाश्रमम् ॥ २४ ॥

अर्थात् राज्य न तो माँगा जाता है और न तो उसे दीन दुखिया लोगों को दान में ही दिया जाता है यदि राज्य की इच्छा हो तो पाण्डव लड़कर ले लें। यदि शान्ति की इच्छा हो तो आश्रम में चले जायें।

चरित्रचित्रण

प्रस्तुत नाटक दूतवाक्य में प्रधान रूप से दो ही पात्र वासुदेव और दुर्योधन हैं। वृद्ध धृतराष्ट्र एवं काञ्चुकीय प्रसङ्गात् प्रस्तुत किए गए हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नाटक में युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल सहदेव एवं द्रौपदी तथा कौरव पक्ष के शकुनि, द्रोण और गाङ्गेय-भीष्म की चर्चा आयी है।

वासुदेव

महाकवि भास द्वारा वासुदेव का चित्रण दिव्य पुरुष के रूप में प्रस्तुत किया गया है। भास सम्भवतः वैष्णव थे। इसीलिए उन्होंने वासुदेव को भगवान् नारायण के रूप में प्रस्तुत किया है। सभा भवन में बैठे हुए दुर्योधन के सामने उसका काञ्चुकीय श्रीकृष्ण को 'पुरुषोत्तम' कहता है। भगवान् कृष्ण के प्रताप का प्रभाव कौरवों में बहुत अधिक है क्योंकि दुर्योधन के निषेध कर देने पर भी सभी राजसभासद वासुदेव के आते ही खड़े हो जाते हैं। दुर्योधन स्वयं भी सशंकित है कि वह भी कहीं वासुदेव के आगमन पर खड़ा न हो जाय। इसीलिए वह अपना ध्यान द्रौपदी के वस्त्राप-कर्षण वाले चित्र की ओर लगाता है किन्तु भगवान् वासुदेव का इतना प्रभाव था कि दुर्योधन की अभिलाषा पूर्ण नहीं होती और वह भी स्वयं उठ खड़ा होता है। इतना ही नहीं अपितु श्रीकृष्ण की भर्त्सना पर चित्रपट को भी उनके प्रताप से आहत होकर वापस भेज देता है। भगवान् कृष्ण के चरित्र पर दुर्योधन द्वारा अत्यन्त सबल आक्षेप किये जाते हैं; किन्तु वासुदेव के तर्कयुक्त वचनों से वे शिथिल हो गए।

भगवान् की वाणी को सुनकर आए सुदर्शन के अनुसार वे इस प्रकार के हैं--

अव्यक्तादिरचिन्त्यात्मा लोकसंरक्षणोद्यतः।
एकोऽनेकवपुः श्रीमान् द्विषद्बलनिषूदनः॥ ४३॥

'वे अव्यक्त अर्थात प्रकृति के आदिभूत हैं। वे चिन्तन की सीमा के परे हैं; संसार की रक्षा करने में तत्पर हैं; और शत्रुसेना का संहार करने वाले हैं। शोभा सम्पन्न वह अनेक रूप धारण करने वाले हैं।

धृतराष्ट्र तो उन्हें भगवान् नारायण, विप्रों के प्रिय, शार्ङ्गपाणि तथा त्रिदशाध्यक्ष कहकर सम्बोधित करते हैं।

भगवान् वासुदेव का चरित्र यहाँ दिव्य मानव के रूप में कवि ने प्रस्तुत किया है। वे एक कुशल एवं नीति विशारद दूत हैं। दुर्योधन के ही शब्दों

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

में ये पाण्डवों के मूल शक्ति के रूप में हैं। उनके बिना पाण्डव मरे से हैं। इसीलिए धृतराष्ट्र भी 'पाण्डवश्रेयस्कर' (पृष्ठ ७६) (पाण्डवों का कल्याण करने वाले) शब्द से उन्हें सम्बोधित करते हैं।

वासुदेव मानव के ही समान आवेश में आ जाते हैं। वे दुर्योधन को क्रोध में 'शठ', 'बान्धवनिस्नेह', 'काक', 'केकर', 'पिङ्गल' आदि कठोर शब्दों से सम्बोधित कर डालते हैं। अन्ततः रोष में समुदाचार को भी भूल जाते हैं—वे सुदर्शन से कहते हैं—'रोषात् समुदाचारो नावेक्षितः।' (पृ० ६४)। वे दुर्योधन का कभी भी दुर्योधन करके सम्बोधित नहीं करते हैं। सदैव उसे सुयोधन कहते हैं। उनकी दृष्टि में वह सुख से युद्ध करने योग्य है। इस प्रकार भासकृत भगवान् वासुदेव का चरित्र स्वाभाविकता की पृष्ठभूमि पर चित्रित है।

दुर्योधन

दुर्योधन इस नाटक का धीरोद्धत पात्र है। यहाँ पर उसे भास ने यथावत् खलनायक के रूप में प्रस्तुत किया है। उसका बाह्य व्यक्तित्व तीसरे श्लोक में इस प्रकार है—

'वह श्याम वर्ण का युवक है। वह श्वेत रेशमी उत्तरीय वस्त्र धारण किये हुए है। उसके मस्तक पर सुन्दर छत्र और श्रेष्ठ चँवर शोभायमान है। उसके शरीर पर अङ्गराग लगा है। उसके अङ्ग-प्रत्यङ्ग आभूषणों के मणियों की छटा से इस प्रकार जगमगा रहे हैं जैसे तारों के मध्य में पूर्णिमा का चन्द्र शोभा पा रहा हो॥'

दुर्योधन अत्यन्त अहंकारी है। वह गर्वीला, दुष्टवादी, गुणद्वेषी, हठी, उद्धत, युद्धप्रिय, बन्धुनिस्नेह एवं अशिष्ट है। वह आत्मीयजनों का निरादर करने वाला है। वासुदेव कहते हैं कि—

दुष्टवादी गुणद्वेषी शठः स्वजननिर्दयः।
सुयोधनो हि मां दृष्ट्वा नैव कार्यं करिष्यति॥ १६॥

उसके अहंकार का उदाहरण 'राज्यं नाम नृपात्मजैः सहृदयैर्जित्वा रिपून् भुज्यते' आदि में मिलता है जहाँ वह कहता है कि 'राज्य किसी से

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

माँगा नहीं जाता और न तो दीनों को दान में ही दिया जाता है यह तो युद्ध में जीता जाता है।'

अन्ततः वह कह ही देता है कि चाहे कुछ भी हो जाय किन्तु मैं तृण मात्र भी नहीं दे सकता—

परुषवचनदक्ष ! त्वद्वचोभिर्न दास्ये
तृणमपि पितृभुक्ते वीर्यगुप्ते स्वराज्ये ।। ३५ ।।

श्रीकृष्ण को पकड़ लेने का प्रयास उसके अहंकार की पराकाष्ठा है। इस प्रकार भास ने दुर्योधन का चरित्र अत्यन्त दुष्ट प्रकृति का चित्रित किया है।

दिव्यास्त्र

भगवान् वासुदेव के दिव्यास्त्र भी पात्रों के रूप में यहाँ प्रस्तुत किए गए हैं। इसकी अत्यन्त आवश्यकता थी, क्योंकि सुदर्शन के ही कहने से तो वासुदेव को समुदाचार का ध्यान आता है। भास द्वारा दिव्यास्त्रों का इस प्रकार से प्रस्तुतीकरण नाटक के प्रभाव एवं चमत्कार को और भी बढ़ा देता है। वस्तुतः भगवान् कृष्ण के सभाभवन से बाहर आते ही नाटक का तो सहसा अवसान ही हो जाता है। अतः कार्य को प्रचलित रखने के लिये और भगवान् कृष्ण के रोष का परिचय देने के लिये इस प्रकार का प्रयोग अत्यन्त आवश्यक था।

—सुधाकर मालवीय

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पात्राणि

काञ्चुकीयः	—	दुर्योधनभृत्यः ।
दुर्योधनः	—	धृतराष्ट्रस्य ज्येष्ठः पुत्रः ।
वासुदेवः	—	श्रीकृष्णः ।
सुदर्शनः	—	श्रीकृष्णचक्रायुधाभिमानीदेवः ।
धृतराष्ट्रः	—	पाण्डोर्ज्येष्ठभ्राता ।

——०——

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पुण्यसञ्चयसम्प्राप्तामधिगम्य नृपश्रियम् ।
वञ्चयेद् यः सुहृद्बन्धून् स भवेद्विफलश्रमः ॥

—दूतवाक्य २५

पुण्य कर्मों के सञ्चय से प्राप्त होने वाली राज्यलक्ष्मी को पाकर जो सहृदय बन्धुजनों (अथवा मित्रों) को धोखा देता है उसका सारा परिश्रम व्यर्थ हो जाता है ॥ २५ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भासनाटकचक्रे

दूतवाक्यम्

'ज्योत्स्ना'-'सरला' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

—o—

प्रथमोऽङ्कः

(नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः)

---

* ज्योत्स्ना *

यत्कृपालवमात्रेण प्रपूर्यन्ते मनोरथाः ।
वाग्देवीं विघ्नराजं च तौ वन्देऽहं पुनः पुनः ।। १ ।।
मिश्रां गुरुवरां पद्मां नौमि ज्ञानप्रदायिनीम् ।
यस्याः संवित् सुधाम्भोधेः सीकरोऽपि रसार्णवः ।। २ ।।
भासनाटकरत्नस्य रसभावसमन्विता ।
नाट्यस्य दूतवाक्यस्य व्याख्या नव्या विरच्यते ।। ३ ।।
टीकामभिनवां रम्यां 'ज्योत्स्नां' च सरलां तथा ।
करोति बालबोधाय मालवीयः सुधाकरः ।। ४ ।।

अथ कविकुलमूर्धन्यः तत्रभवान् श्रीभासः दूतवाक्याभिधाने रूपके निर्विघ्नपरिसमाप्तिसूचिकायाः पूर्वरङ्गप्रधानाङ्गायाः नान्द्याः समनन्तरं सूत्रधारस्य प्रवेशं सूचयति--नान्द्यन्त इत्यादिना । नान्द्यन्ते=नन्दिरानन्दः; तस्या इयं नान्दी नाम नाटक-प्रयोगारम्भे देवतापरिषदानन्दार्थमभिनयप्रारम्भ-

---

* सरला *

(नान्दीपाठ के अन्त में सूत्रधार का प्रवेश)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सूत्रधारः—

पादः पायादुपेन्द्रस्य सर्वलोकोत्सवः स वः ।
व्याविद्धो नमुचिर्येन तनुताम्रनखेन खे ॥ १ ॥

सूचनार्थं च सम्पाद्यमाना वादित्र क्रियोच्यते ।[1] तस्या नान्द्या अन्ते अवसाने नान्दीसमाप्तनानन्तरमित्यर्थः । ततः=तदनन्तरं, गीतादिक्रियापरिसमाप्त्यव्यवहितोत्तरकाले इत्यर्थः । सूत्रधारः=सूत्रं प्रयोगानुष्ठानं धारयति निर्वाहयतीति सूत्रधारः । प्रविशति रङ्गम् ।

अन्वयः—उपेन्द्रस्य सर्वलोकोत्सवः सः पादः वः पायात्, तनुताम्रनखेन येन खे नमुचिः व्याविद्धः ॥ १ ॥

संस्कृत टीका—उपेन्द्रस्य=इन्द्रानुजस्य, वामनस्य, उपगत इन्द्रम् अनुजत्वात् इति उपेन्द्रः, सर्वलोकोत्सवः=सर्वेषां लोकानां जगताम् उत्सवः हर्षहेतुः, सः=प्रसिद्धः, पादः=चरणः, वः=सामाजिकान्, पायात्=रक्षतात् । तनुताम्रनखेन=अल्परक्तनखेन । तनवः अल्पाकृतयः, ताम्राः अरुणाश्च नखा यस्य, तेन तथाभूतेन । एतेन बाल भावानुत्तीर्णत्वमुक्तम् । येन=पादेन, खे=आकाशे, नमुचिः=तन्नामा बलिबन्धुः असुरः, व्याविद्धः=प्रक्षिप्तः । नमुचिव्यावेधनकथा पुराणेष्वनुसन्धेया । इन्द्रेण तु नमुचिर्नामासुरः समुद्रफेनेन निहतः । अत्र नमुचिव्यावेधनलक्षणस्य चापदानाद्भुतस्य कथनेन परमाद्भुतविश्वरूपप्रदर्शननिमित्तो दुर्योधननिग्रहो भगवत्कृतो ग्रन्थप्रतिपाद्यो द्योतितः । 'सर्वलोकोत्सवः स वः' इत्यत्र छेकानुप्रासः । अनुष्टुप्वृत्तम् ॥ १ ॥

सूत्रधार—भगवान् वामन (विष्णु) का वही सर्वलोकानन्दकारी, कुछ-कुछ अरुण नख वाला चरण आप सामाजिकों की रक्षा करे; जिसने नमुचि दैत्य को आकाश में फेंक दिया था ॥ १ ॥

---

१. नान्दी यथा—आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात् प्रयुज्यते ।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता ॥
(सा० द० ६.२४)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

एवमार्यमिश्रान् विज्ञापयामि। अये किं नु खलु मयि विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते।। अङ्ग! पयामि।

(नेपथ्ये)

भो भोः प्रतिहाराधिकृताः! महाराजो दुर्योधनः समाज्ञापयति।

सूत्रधारः—भवतु, विज्ञातम्।

एवमार्यमिश्रान् = आर्याः = कुलशीलक्षमाधर्मसत्यादिसद्गुणसम्पन्ना सभ्याः ते च ते मिश्राः=पूज्याः, तान् श्रेष्ठसामाजिकान्, एवम्=अनेन वक्ष्यमाणेन प्रकारेण, विज्ञापयामि=सूचयामि। अये=इत्यव्ययमाश्चर्ये विषादे वा; अये इति विज्ञापनाभङ्गेनोत्पन्नं विषादम्। अकस्माच्छब्दश्रवणेन संजातमाश्चर्यं वा द्योतयति। किन्नु खलु=न इति वितर्के, किं कारणम्? मयि=सूत्रधारे, विज्ञायपनव्यग्रे=विज्ञापनव्यासक्तचित्ते विज्ञाप्यबोधनार्थमुद्यते। शब्द इव=अनिश्चितरूपः शब्दः, श्रूयते=कर्णगोचरीभवति। अङ्ग=इति सम्बोधने सम्भ्रमे वा, पश्यामि=शब्दस्य विशेषाकारं निमित्तं च परीक्ष्य ज्ञास्यामि।

नेपथ्यम्=जबनिकान्तर्भागो नटप्रसाधनस्थलं वा, वक्ष्यमाणाकारः शब्दो नेपथ्ये प्रवृत्त इत्यर्थः। शब्दस्याकारमाह—भो भो इत्यादि।

भवत्विति। भवतु=शब्दस्य भवनं प्राप्तावसरं, लोटः प्राप्तकालार्थत्वात्। प्राप्तावसरत्वोक्त्या च शब्दस्य विज्ञाप्य वस्तुसम्बद्धत्वं प्रत्यायितम्। विज्ञातम्=अवगतम्, शब्दस्य निमित्तम् इति शेषः।

इस प्रकार मैं आप महानुभावों को सूचित करता हूँ। अरे, सूचना देने में व्यस्त मुझको कैसा शब्द-सा सुनाई दे रहा है? अच्छा, देखूँ तो।

(नेपथ्य में)

हे हे द्वारपालाधिकारियो! महाराज दुर्योधन आज्ञा दे रहें हैं—

सूत्रधार—अच्छा, समझा—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उत्पन्ने धार्तराष्ट्राणां विरोधे पाण्डवैः सह ।
मन्त्रशालां रचयति भृत्यो दुर्योधनाज्ञया ॥ २ ॥

(निष्क्रान्तः)

॥ स्थापना ॥

(ततः प्रविशति काञ्चुकीयः)

अन्वयः—धार्तराष्ट्राणां पाण्डवैः सह विरोधे उत्पन्ने (सति) भृत्यः दुर्योधनाज्ञया मन्त्रशालां रचयति ॥ २ ॥

संस्कृत टीका—धृतराष्ट्रस्य अपत्यं पुमान् धार्तराष्ट्रः तेषाम्, धार्तराष्ट्राणां=धृतराष्ट्राणां=धृतराष्ट्रपुत्राणां सुयोधनादीनाम्, पाण्डवैः सह=पाण्डुपुत्रैर्युधिष्ठिरादिभिः सह, विरोधे=वैरे, उत्पन्ने सति=प्रादुर्भूते सति, दुर्योधनाज्ञया=दुःखेन युद्धयत इति दुर्योधनः तस्य आज्ञा, तया, कौरवज्येष्ठदेशेन, भृत्यः=भरतीति भृत्यः दुर्योधनस्य सेवकः, मन्त्रशालां=मन्त्रस्य शाला ताम्, कार्यसम्मन्त्रणार्थां सभाम्, विचारगृहं सभास्थानमिति यावत्, रचयति=योजयति, मन्त्रसभायोगानुकूलमाचरतीत्यर्थः । तच्च मन्त्रसभासमवायार्हपार्थिवाह्वानाय प्रतिहाराधिकृतानां प्रेरणम् । एतन्निमित्तमेव शब्दस्योत्थानमिति तात्पर्यम् । अत्राप्यनुष्टुप् छन्दः ॥ २ ॥

विज्ञाप्य विज्ञापनं नेपथ्योत्थशब्दविवरणभङ्ग्या निर्वृत्तं मन्वानस्य सूत्रधारस्य निष्क्रमणमाह—निष्क्रान्त इति । स्थापनेति । एवं कथावस्त्वंशस्य स्थापनात् स्थापना । क्वचित् प्रस्तावनेति पाठः । स्थापना प्रस्तावनेति पर्यायौ । स्थापनायां कविकाव्यनामानुत्कीर्तनं तदुत्कीर्तनसमुदाचारप्रवृत्तिकालादस्य रूपकस्य प्राचीनत्वं गमयति ।

सूचितस्य भृत्यस्य प्रवेशमाह—तत इत्यादि । भो भो इत्यादि ।

पाण्डवों के साथ धृतराष्ट्र के पुत्रों का विरोध उत्पन्न हो जाने के कारण दुर्योधन की आज्ञा से उनके भृत्य सभागृह की योजना कर रहे हैं ॥ २ ॥

(चला जाता है)

॥ स्थापना ॥

(इसके बाद कञ्चुकी का प्रवेश)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

काञ्चुकीयः—भो भोः प्रतिहाराधिकृताः ! महाराजो दुर्योधनः समाज्ञापयति—अद्य सर्वपार्थिवैः सह मन्त्रयितुमिच्छामि । तदाहूयन्तां सर्वे राजान इति । (परिक्रम्यावलोक्य) अये, अयं महाराजो दुर्योधन इत एवाभिवर्तते । य एषः,

श्यामो युवा सितदुकूलकृतोत्तरीयः
सच्छत्रचामरवरो रचिताङ्गरागः ।
श्रीमान् विभूषणमणिद्युतिरञ्जिताङ्गो
नक्षत्रमध्य इव पर्वगतः शशाङ्कः ॥ ३ ॥

प्रतिहाराधिकृताः=प्रतिहारो द्वारं तस्मिन्नधिकृताः तत्र स्थित्वा राज्ञ आज्ञां ये भृत्याः प्रतिपालयन्ति ते, द्वाररक्षाधिकारिणः सर्वपार्थिवैः सह=सर्वैः पार्थिवैः पृथिव्या ईश्वरैः साकम्; मन्त्रयितुम्=आलोचयितुम्, आलोचनं चैकादशाक्षौहिणीबलसमुदयस्य पाण्डवयुद्धार्थे संगृहीतस्य सेनापतिनिर्धारण-विषयं स्पष्टीभविष्यति । अभिवर्तते=अभिमुखमागच्छति ।

अन्वयः—श्यामो युवा सितदुकूलकृतोत्तरीयः सच्छत्रचामरवरो रचिताङ्गरागो विभूषणमणिद्युतिरञ्जिताङ्गः श्रीमान् नक्षत्रमध्ये पर्वगतः शशाङ्कः इव (विभाति) ॥ ३ ॥

संस्कृत टीका—दूतः दुर्योधनं विशिनष्टि—श्यामो युवा इति । श्यामः=कृष्णवर्णः, युवा=तरुणः, सितदुकूलकृतोत्तरीयः=सितेन धवलेन

काञ्चुकीय—हे प्रतिहारियो ! महाराज दुर्योधन आज्ञा दे रहे हैं कि 'आज मैं अखिल राजमण्डल के साथ मन्त्रणा करना चाहता हूँ । अतः सभी राजाओं को बुलाओ । [घूमकर और देखकर] अरे यह तो महाराज दुर्योधन इधर ही आ रहे हैं, यह जो है—

वह तो वही श्याम वर्ण युवक है—जो श्वेत रेशमी उत्तरीय धारण किए हैं, जिसके मस्तक पर सुन्दर छत्र और श्रेष्ठ चँवर शोभायमान है, तथा जिसके शरीर पर अङ्गराग लगा है एवं जिसके अङ्गप्रत्यङ्ग आभूषणों के मणियों की छटा से ऐसे कान्तिमान् हो रहे हैं जैसे नक्षत्रों [तारों] के मध्य पूर्णिमा का चन्द्र शोभा पा रहा हो ॥ ३ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(ततः प्रविशति यथानिर्दिष्टो दुर्योधनः)

दुर्योधनः—

उद्धूतरोषमिव मे हृदयं सहर्षं
प्राप्तं रणोत्सवमिमं सहसा विचिन्त्य ।
इच्छामि पाण्डवबले वरवारणाना-
मुत्कृत्तदन्तमुसलानि मुखानि कर्तुम् ।। ४ ।।

दुकूलेन क्षौमेण सूक्ष्मवस्त्रेण वा कृतम्=विहितम्, उत्तरीयं=प्रावारः येन सः तथोक्तः, सच्छत्रचामरः=सत् समीचीनं छत्रं चामरवरश्च यस्मिन् सः शोभनच्छत्रव्यजनवरः, रचिताङ्गरागः=रचितः अङ्गरागः अङ्गानुलेपनं येन सः विहिताङ्गानुलेपनः विभूषणमणिद्युतिरञ्जिताङ्गः=विभूषणमणि-द्युतिभिः आभरणरत्नकान्तिभिः रञ्जितानि रूषितानि अङ्गाति यस्य सः, आभरणोत्पलमणिकान्तिशोभितविग्रहः, श्रीमान् श्रीः=अस्ति अस्य श्रीमान् शोभायुक्तः, [य एषः=दुर्योधनः सः] नक्षत्रमध्ये=नक्षत्राणां मध्य तस्मिन्, उडुगणपरिवृत्तः, पर्वगतः=पर्वणि गतः, पूर्णिमां प्राप्तः; शशाङ्कः इव=शशः मृगः अङ्के=क्रीडे यस्य सः, चन्द्र इव, प्रियदर्शनत्वात् शोभते इति शेषः । उपमालङ्कारः । वसन्ततिलकावृत्तम् ।। ३ ।।

टिप्पणी—'दुकूलं तु क्षौमेऽन्ये सूक्ष्मवाससि'-इति केशवस्वामी । 'द्वौ प्रावारोत्तरासङ्गौ समौ बृहतिका तथा । संव्यानमुत्तरीयं चेत्यमरः ।

अन्वयः—उद्धूतरोषमिव मे हृदयं सहर्षम् इमं रणोत्सवं प्राप्तम् इति सहसा विचिन्त्य पाण्डवबले वरवारणानां मुखानि उत्कृत्तदन्तमुसलानि कर्त्तुम् इच्छामि । ४ ।।

संस्कृत टीका—उद्धूतरोषमिव=उद्धूतः निरस्तः रोषः-कोपः

[इसके बाद उपर्युक्त प्रकार की छटा से सम्पन्न दुर्योधन का प्रवेश]

दुर्योधन—इस युद्धोत्सव के एकाएक उपस्थित हो जाने पर विचार करके मेरा हृदय प्रसन्न होकर मानो क्रोधरहित हो गया है। अब मैं पाण्डव-सेना के श्रेष्ठ गजराजों के मूसलाकार दन्तों को उखाड़-फेंकना चाहता हूँ ।। ४ ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

काञ्चुकीयः—जयतु महाराजः। महाराजशासनात् समानीतं सर्वराजमण्डलम्।

दुर्योधनः—सम्यक् कृतम्। प्रविश त्वमवरोधनम्।

काञ्चुकीयः—यदाज्ञापयति महाराजः। (निष्क्रान्तः)

पाण्डवविषयो येन तत्, विनष्टक्रोधमिव, मे=मम, हृदयं=चित्तं, सहर्षं=हर्षयुक्तं भवति। इवेति संभावनायाम्। तेन रोषस्य सतोऽप्युद्भूतवदवभासमानतोक्ता, सा च चित्तवृत्त्यन्तरेणाभिभवादित्याशयः। एवं च रोषन्यक्कारेण हर्ष उदित इति तात्पर्यम्। कथं हर्षोदयस्तत्राह—इमं=वर्तमानं, रणोत्सवं=रणस्य उत्सवः तम्, युद्धमेवानन्दहेतुत्वाद् उत्सवम्, संग्राममहम्, प्राप्तम्=समागतम्, इति सहसा विचिन्त्य=इति द्राक विमृश्य, अतः पाण्डवबले=पाण्डवानां बलं तस्मिन्, पाण्डवानां सैन्ये, वरवारणानां=प्रशस्तगजानाम्, वराश्च ते वारणाः तेषाम्; मुखानिः=आननानि, उत्कृत्तदन्तमुसलानि=उत्कृत्ताः छिन्नाः दन्तमुसलाः, दन्ता मुसला इव येषु तानि तथाभूतानि, उत्पाटितरदानि, कर्तुम्=विधातुम्, इच्छामि=ईहे। एवञ्च इच्छायाः फलप्राप्तिकालः प्रत्यासन्नो युद्धस्यासन्नत्वादिति निश्चयो हर्षोदये कारणमित्युक्तं भवति। 'इच्छा हि' इति क्वचित् पाठः। तथा हि-शब्दो हेतौ, यस्मात् कारणादित्यर्थः। इच्छा=कामः, ममास्तीत्यर्थगम्यम्। अतः अस्मिन् रणे पाण्डवसैनिकगजानां विनाशं करोमीति विवेकः। उपमालङ्कारः। वसन्ततिलकावृत्तम् ॥ ४ ॥

टिप्पणी—हृदयं—'चित्तं तु चेतो हृदयम्' इत्यमरः। उत्सवः-'महस्तूत्सवतेजसोः'—इत्यमरः।

संस्कृत टीका—जयत्विति। समानीतम्=आहूतम्। सम्यगित्यादि।

काञ्चुकीय—महाराज की जय हो। महाराज की आज्ञा से अखिल राजमण्डल को बुला लिया गया है।

दुर्योधन—बहुत अच्छा किया। अब तुम अन्तःपुर में जाओ।

काञ्चुकीय—जैसी महाराज की आज्ञा। (चला जाता है)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दुर्योधनः—आर्यौ वैकर्णवर्षदेवौ ! उच्यताम्—अस्ति ममैकादशाक्षौहिणीसमुदयः। अस्य कः सेनापतिर्भवितुमर्हति ? किं किमाहतुर्भवन्तौ—महान् खल्वयमर्थः। मन्त्रयित्वा वक्तव्यमिति।

सदृशमेतत्। तदागम्यतां मन्त्रशालामेव प्रविशामः। आचार्य ! अभिवादये। प्रविशतु भवान् मन्त्रशालाम्। पितामह ! अभिवादये। प्रविशतु भवान् मन्त्रशालाम्। मातुल ! अभिवादये। प्रविशतु

अवरोधनम्=अन्तःपुरम्। आर्यावित्यादि। वैकर्णवर्षदेवौ=राजविशेषौ, वैकर्तनवर्षदेवाविति क्वचित् पाठः। एकादशाक्षौहिणीबलसमुदयः=एकादश या अक्षौहिण्यः, सेनापरिमाणविशेषाः ता एव बलानि सैन्यानि तेषां समुदयः सङ्घातः।

टिप्पणी—'त्रिहयं पञ्चपादातं यदेकरथकुञ्जरम्।
सैन्यं सा पत्तिरेतस्यास्त्रैगुण्यात् स्युर्यथाक्रमम्॥
सेनामुखं गुल्मगणौ वाहिनी पृतना चमूः।
अनीकिनीत्यनीकिन्यः पुनरक्षौहिणी दश॥"
—इति वैजयन्तीकोशः।

संस्कृत टीका—किमाहतुरित्यादि। एतच्च पृष्टयोः रङ्गमपृष्टयोः प्रतिवचनस्यानुवादभङ्ग्या प्रकाशनम्। इदमाकाशभाषितमित्युच्यते। यदाह दशरूपके—

'किं ब्रवीष्येवमित्यादि विना पात्रं ब्रवीति यत्।
श्रुत्वेवानुक्तमप्येकस्तत् स्यादाकाशभाषितम्॥'

सदृशं=युक्तम्। तदागम्यतमित्यादीनि=आहूतागतान् द्रोणभीष्मादीन्

दुर्योधन—हे आर्य वैकर्ण एवं वर्षदेव ! बतलाइए—जो मेरी ग्यारह अक्षौहिणी सेना है, कौन इसका सेनापति होने योग्य है ? क्या आप लोग कहते हैं ? वस्तुतः यह विषय महत्त्वपूर्ण है। अतः मन्त्रणा करके ही इस सम्बन्ध में वक्तव्य दें।

यह उचित ही है। तो आइए, मन्त्रशाल [सभाभवन] में ही प्रवेश करें। आचार्य ! आपको मैं प्रणाम करता हूँ। आप मन्त्रशाला में प्रवेश

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भवान् मन्त्रशालाम्। आर्यौ वैकर्णवर्षदेवौ! प्रविशतां भवन्तौ। भो भोः सर्वक्षत्रियाः! स्वैरं प्रविशन्तु भवन्तः। वयस्य! कर्ण! प्रविशामस्तावत्।

(प्रविश्य)

आचार्य! एतत् कूर्मासनम, आस्यताम्। पितामह! एतत् सिंहासनम्, आस्यताम्। मातुल! एतच्चर्मासनम्, आस्यताम्। आर्यौ वैकर्णवर्षदेवौ! आसातां भवन्तौ। भो भोः सर्वक्षत्रियाः! स्वैरमासतां भवन्तः। किमिति किमिति महाराजो नास्त इति। अहो सेवाधर्मः। नन्वयमहमासे। वयस्य कर्ण! त्वमप्यास्स्व। (उपविश्य)

प्रति सत्कारवाक्यानि। कूर्मासनम्=कूर्माकाराङ्कितम् आसनम्; स्वैरं=निःशङ्कम्।

किमितीति। किमिति किमिति=कुतः कुतः, असितुं शङ्कमानानिव सर्वक्षत्रियान् पश्यन् पृच्छति। शङ्कन्त इति क्रियाध्याहारः। तैरुक्तं शङ्काहेतुमनुवादभङ्ग्या प्रकाशयति—महाराज इत्यादि। अत्र इतिशब्दानन्तरं 'किं ब्रूथे'ति शेषः। सेवाधर्मः=सेव्यानुरोधसमुदाचारः, अनुपविष्टे सेव्ये अनुपवेशलक्षणः। ननु=इति अनुनये। वयस्य=हे सखे!।

करें। पितामह! मैं आपको प्रणाम करता हूँ। आप मन्त्रशाला मे प्रवेश करें। मामा! आपका अभिवादन करता हूँ। आप मन्त्रशाला में प्रवेश करें। आर्य वैकर्ण और वर्षदेव! आप दोनों भी प्रवेश करें। हे हे समस्त क्षत्रिय राजाओ! आप सब भी स्वेच्छापूर्वक [शनैः शनैः] प्रवेश करें। हे मित्र कर्ण! तब तो हम भी प्रविष्ट होएँ।

(प्रवेश करके)

आचार्य! यह कूर्मासन है इस पर आप बैठें। पितामह! यह सिंहासन है इस पर आप बैठिए। मामा! (यह चर्मासन है इस पर आप बैठिए) आर्य वैकर्ण और वर्षदेव! आप दोनों [यथेच्छ] बैठें। हे हे समस्त क्षत्रियगण! आप भी स्वेच्छापूर्वक बैठ जाइए। यह क्या? यह क्या? महाराज नहीं बैठेंगे अहो सेवाधर्म (धन्य है)। अच्छा मैं भी यहीं बैठ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आर्यौ वैकर्णवर्षदेवौ ! उच्यताम्—अस्ति ममैकादशाक्षौहिणीबलसमुदयः। अस्य कः सेनापतिर्भवितुमर्हतीति। किमाहतुर्भवन्तौ—अत्रभवान् गान्धारराजो वक्ष्यतीति। भवतु, मातुलेनाभिधीयताम्। किमाह मातुलः—अत्रभवति गाङ्गेये स्थिते कोऽन्यः सेनापतिर्भवितुमर्हतीति। सम्यगाह मातुलः। भवतु भवतु, पितामह एव भवतु। वयमप्येतदभिलषामः।

सेनानिनादपटहस्वनशङ्खनादै-
श्चण्डानिलाहतमहोदधिनादकल्पैः।
गाङ्गेयमूर्ध्नि पतितैरभिषेकतोयैः
सार्धं पतन्तु हृदयानि नराधिपानाम् ॥ ५ ॥

अत्रेत्यादि। अत्रभवान्=पूज्यः, गान्धारराजः=शकुनिः, गान्धाराणां राजा। 'राजाहस्सखिभ्यष्टच्' इति समासान्तः।

अत्रभवतीत्यादि। गाङ्गेये=गङ्गाया अपत्यं पुमान् गाङ्गेयः भीष्मः। तस्मिन्। वयमपीत्यादि स्थाने 'अहमप्येतदभिलषामीति' क्वचित् पाठः।

अन्वयः—चण्डानिलाहतमहोदधिनादकल्पैः सेनानिनादपटहस्वनशंखनादैः (उपलक्षितैः) गाङ्गेयमूर्ध्निपतितैः अभिषेकतोयैः सार्धं नराधिपानां हृदयानि पतन्तु ॥ ५ ॥

जाता हूँ। मित्र कर्ण ! तुम भी यहीं बैठ जाओ।

[बैठकर]

आर्य वैकर्ण और वर्षदेव ! बतलाइए—हमारी ग्यारह अक्षौहिणी सेना है, कौन इसका सेनापति होने योग्य है ? क्या कहा आप लोगों ने—माननीय गान्धार देश के राजा बतलाएँगे ? तो अच्छा मामा ही कहें। क्या कहा मामा ?—श्रीमान् गङ्गा तनय (=भीष्म) के होते हुए और कौन सेनापति होने के योग्य हो सकता है ?

मामा ने ठीक ही कहा। अच्छा, अच्छा, पितामह ही [सेनापति] होवें। हम भी यही चाहते हैं कि—

प्रचण्ड प्रभञ्जन [झंझावात] से विक्षुब्ध महासागर के समान सेना के

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

(प्रविश्य)

काञ्चुकीयः—जयतु महाराजः। एष खलु पाण्डवस्कन्धावाराद् दौत्येनागतः पुरुषोत्तमो नारायणः।

दुर्योधनः—मा तावद् भो बादरायण ! किं किं कंसभृत्यो दामो-

संस्कृत टीका—दुर्योधनः सर्वाभिमतं गाङ्गेयं सेनापतित्वेन प्रतिष्ठापयति—सेनानीत्यादिना। चण्डानिलाहतमहोदधिनादकल्पैः=प्रचण्डमारुतोल्लोलितसमुद्रध्वनिसदृशैः, चण्डानां-प्रचण्डानां अनिलानाम् आहतस्य महोदधेः नादेन तुल्यैः, सेनानिनादपटहस्वनशङ्खनादैः=सेनानिनादः-सैन्यसिंहनादश्च पटहानां स्वनः-आनक शब्दः शङ्खनादः—शङ्खानां नादः इत्येतैः सेनापत्याभिषेकमङ्गलाङ्गैः, उपलक्षितैरिति शेषः। गाङ्गेयमूर्ध्नि=भीष्मशिरसि, पतितैः=प्रक्षिप्तैः, अभिषेकतोयैः=अभिषेकस्य तोयानि तैः—सेनापतिपदाभिषेकजलैः, सार्धं=साकं, नराधिपानाम्=अधिकं पान्ति-इति अधिपाः नराणामधिपाः, तेषां नृपाणां, हृदयानि=चेतांसि, पतन्तु=पितामहसमीपे आपतन्तु; पतनं च तोयपक्षे—मूर्धाधोदेशप्राप्तिः, हृदयपक्षे-धैर्यच्युतिः। सहोक्तिरलङ्कारः। यथोक्तम्-'सहोक्तिः सहभावश्चेद् भासते जनरञ्जनः' कुवलयानन्दः ॥ ५ ॥

जयत्वित्यादि। पाण्डवस्कन्धावारात्=पाण्डवशिविरात्, पाण्डौ जातः पाण्डवः, तस्य स्कन्धावारः—शिविरः, तस्मात्। दौत्येनागतः=दूतभावेन आयातः, दूतस्य भावं दौत्यं, तेन। पुरुषोत्तमः=पुरुषेषु मध्ये उत्तम मानवश्रेष्ठः, नारायणः=श्रीकृष्णः।

सिंहनाद, नगाड़ों [=पटह] की ध्वनि, एवं शङ्खनाद के साथ गंगापुत्र भीष्म के सिर पर अभिसिंचित किए जाने वाले अभिषेक जलों के साथ ही [शत्रु-सेना के] राजाओं के हृदय भी गिरें [अर्थात् साहसहीन हो जाएँ] ॥ ५ ॥

[प्रवेश करके]

काञ्चुकीय—महाराज की जय हो। पाण्डवों के युद्ध शिविर से भगवान् पुरुषोत्तम नारायण [=कृष्ण] दूत के रूप में पधारे हैं।

दुर्योधन—अरे बादरायण ! ऐसा मत कहो। क्या कंस का सेवक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दरस्तव पुरुषोत्तमः। स गोपालकस्तव पुरुषोत्तमः। बार्हद्रथापहृत-विषयककीर्तिभोगस्तव पुरुषोत्तमः। अहो पार्थिवासन्नमाश्रितस्य भृत्यजनस्य समुदाचारः। सगर्वं खल्वस्य वचनम्। आः अपध्वंस।

काञ्चुकीयः—प्रसीदतु महाराजः। संभ्रमेण समुदाचारो विस्मृतः। (पादयोः पतति)।

श्रीकृष्णस्य पुरुषोत्तमत्वविशेषणं निसर्गद्वेषित्वादसहमान आह—मेत्यादि। मा तावदिति प्रतिषेधोऽनिष्टवचनविषयः। किंशब्द आक्षेपे, कोपाद् द्विरुक्तिः। आक्षेप्यं तु पुरुषोत्तमत्वम्। तच्च विरुद्धधर्मोद्भावनया त्रिः खण्डयति—१. कंसभृत्यः=कंसस्य सेवकः। २. दामोदरः=दाम रज्जुः उदरे यस्य निबद्धं चौर्यनिवारणाय जनन्या सः, तथाभूतः—आभ्यां विशेषणाभ्यां नीचवृत्तित्वम् आबालदुश्शीलत्वं चोक्तम्। तव पुरुषोत्तमः=त्वत्पक्षे पुरुषोत्तमः। नीचवृत्तिं दुश्शीलं च जनं त्वं पुरुषोत्तमं मन्यसे, धिक् त्वमित्यभिप्रायः। ३. गोपालकः=आभीरः। अनेन कुलहीनता सूचिता। बार्हद्रथापहृतविषयकीर्त्तिभोगः=बार्हद्रथेन जरासन्धेन अपहृतः विषयो देशः कीर्त्तिर्भोगश्च यस्य स तथा। एतेन शौर्यहीनतोक्ता। पार्थिवासन्नम् आश्रितस्य=राजान्तिकं सेवमानस्य, समुदाचारः=व्यवहारक्रमः, आः=इति कोपे। अपध्वंस=नष्टो भव, मदन्तिकात् महसापसरेत्यर्थः। अनुदात्तेत्व-लक्षणस्यात्मनेपदस्यानित्यत्वात् परस्मैपदम्।

प्रसीदत्वित्यादि। सम्भ्रमेण=त्वरया।

[रस्सी से बाधा गया] दामोदर ही तुम्हारा पुरुषोत्तम है? वह गौओं का पालक ही तुहारा पुरुषोत्तम है? बृहद्रथ के पुत्र जरासंध ने जिसका राज्य कीर्ति और ऐश्वर्य छीन लिया था क्या वही तुम्हारा पुरुषोत्तम है? आश्चर्य है कि राजाओं के सन्निकट रहने वाले [तुझ] सेवकों का भी ऐसा [अनुचित] आचरण हो सकता है। यह वाणी तो बड़ी गर्वीली है। यहाँ से दूर हटो।

काञ्चुकीय—महाराज प्रसन्न हों, महाराज प्रसन्न हों। हड़बड़ाहट के कारण मैं अपने आचरण को भूल गया था। [चरणों पर गिरता है]

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दुर्योधनः—संभ्रम इति। आः मनुष्याणामस्त्येव संभ्रमः। उत्तिष्ठोत्तिष्ठ।

काञ्चुकीयः—अनुगृहीतोऽस्मि।

दुर्योधनः—इदानीं प्रसन्नोऽस्मि। क एष दूतः प्राप्तः।

काञ्चुकीयः—दूतः प्राप्तः केशवः।

दुर्योधनः—केशव इति। एवमेष्टव्यम्। अयमेव समुदाचारः। भो भो राजान! दौत्येनागतस्य केशवस्य किं युक्तम्। किमाहुर्भवन्तः। अर्घ्यप्रदानेन पूजयितव्यः केशव इति। न मे रोचते। ग्रहणमस्यात्र हितं पश्यामि।

सम्भ्रमेति। आ=इति स्मरणे। अमनुष्याणामिति पाठे मनुष्यभासानामित्यर्थः।

इदानीमित्यादि। क एषः=इति प्रश्नो न्याय्यं समुदाचारं भाषयितुम्।

केशव इति। एवम् एष्टव्यं=निर्विशेषणनामधेयमात्रग्रहणलक्षणः एष प्रकार एषतुमर्हं इत्यर्थः। किं युक्तम्=कीदृशं सम्भावनमनुरूपम्। अर्घ्यदानेन=अर्घाय पूजायै हितम् अर्घ्यम् तस्य प्रदानेन न रोचते=अर्थात् पूजनम्; ग्रहणं=बन्दीकरणम्।

दुर्योधन—सम्भ्रम! आह मनुष्य के आने से इतनी हड़बड़ाहट, उठो, उठो।

काञ्चुकीय—अनुगृहीत हूँ।

दुर्योधन—अब मैं प्रसन्न हूँ। कौन सा दूत आया है?

काञ्चुकीय—केशव नामक दूत आया है।

दुर्योधन—'केशव' यह; हाँ ऐसे कहना चाहिए। यही आचरण ठीक है। हे राजाओ! दूत रूप में आए केशव के प्रति क्या [व्यवहार] उचित है? आप लोगों ने क्या कहा कि अर्घ्यदान आदि से केशव का सम्मान करना चाहिए। यह मुझे पसन्द नहीं है। मैं तो उसे बन्दी बनाने में ही अपना हित समझता हूँ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ग्रहणमुपगते तु वासुभद्रे
हृतनयना इव पाण्डवा भवेयुः ।
गतिमतिरहितेषु पाण्डवेषु
क्षितिरखिलापि भवेन्ममासपत्ना ॥ ६ ॥

अपि च योऽत्र केशवस्य प्रत्युत्थास्यति, स मया द्वादशसुवर्णभारेण

टिप्पणी—एष्टव्यः—इच्छार्थकस्य इष्धातोः तव्यत् प्रत्ययः ।

अन्वयः—ग्रहणमुपगते च वासुभद्रे पाण्डवा हृतनयना इव भवेयुः । पाण्डवेषु गतिमति-रहितेषु अखिलापि क्षितिः असपत्ना मम भवेत् ॥ ६ ॥

संस्कृत टीका—ग्रहणस्य हितत्वमुपपादयति—ग्रहणमिति । ग्रहणमुपगते=ग्रहणं बन्दीकरणम्, उपगते प्राप्ते सति वासुभद्रे=कृष्णे, पाण्डवाः=युधिष्ठिरादयः, हृतनयना इव=नेत्रहीना इव, हृतानि नयनानि येषां ते, विनष्टचक्षुषः इव यथा स्यात् तथा, भवेयुः=स्युः । पाण्डवेषु=पाण्डुपुत्रेषु सत्सु, गतिमतिरहितेषु=गतिश्च मतिश्च तयोः रहिताः, तेषु पथप्रदर्शकबुद्धिदातृरहितेषु, अथवा गत्या शरणेन कृष्णात्मना मत्या कृष्णदीयमानया बुद्ध्या च रहितेषु सत्सु अखिलापि=समस्तापि, क्षितिः=भूमिः, मम=दुर्योधनस्य, असपत्ना=विपक्षरहिता, निश्शत्रुः सती वा, भवेत्=स्यात् । भागार्थिनां शत्रूणामसहायतया युद्धेऽनुद्योगात् प्राणपरित्यागाद् वेति भावः । अथवा, मम भवेत्=ममैव भवेत्, मदेकस्वामिका भवेत् । पुष्पिताग्रावृत्तम् ॥ ६ ॥

टिप्पणी—वासुभद्रे—वासुदेवनामैकदेशस्य वासुशब्दस्य सौम्यार्थकभद्रपदयुक्तस्यायं प्रयोगः, रामभद्रवत् । यद्वा, 'विनापि प्रत्ययं पूर्वोत्तरपदवक्तव्यः' इतिपाणिनिशासनात् वासुपदं वासुदेवपदबोधकमिति विवेकः ।

संस्कृत टीका—प्रत्युत्थानमात्रेणापि कृष्णं सम्भावयितुर्दण्डमा-

---

वासुदेव के बन्दी बन जाने पर पाण्डव नेत्र-हीन से हो जायँगे और उनके [शारीरिक] गति एवं मति से हीन हो जाने पर यह समग्र पृथ्वी मेरे लिए शत्रुहीन हो जायगी ॥ ६ ॥

और भी, जो यहाँ केशव के सम्मान में खड़ा होगा । वह बारह स्वर्ण-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दण्ड्यः। तदप्रमत्ता भवन्तु भवन्तः। को नु खलु ममाप्रत्युत्थानस्योपायः। हन्त दृष्ट उपायः। बादरायण ! आनीयतां स चित्रपटो ननु, यत्र द्रौपदीकेशाम्बरावकर्षणमालिखितम्। (अपवार्य) तस्मिन् दृष्टिविन्यासं कुर्वन् नोत्थास्यामि केशवस्य।

काञ्चुकीयः—यदाज्ञापयति महाराजः। (निष्क्रम्य प्रविश्य) जयतु महाराजः। अयं स चित्रपटः।

दुर्योधनः—ममाग्रतः प्रसारय।

दिशति—अपि चेत्यादि। अत्र=सभामध्ये। प्रत्युथास्यति=प्रत्युत्थानसमुदाचारमनुष्ठास्यति। द्वादशसुवर्णभारेण=सुवर्णः कर्षः द्वादशकर्षात्मको नाणकविशेषो द्वादशसुवर्ण इति व्यपदिष्टः, द्वादशसुवर्णानां भारः पलसहस्रद्वयं द्वादशसुवर्णभारः, तेन, दण्ड्यः=दण्डयितुं योग्यः, दण्डनीय इत्यर्थः। महतो दण्डस्य विधानं प्रत्युत्थानस्य महापराधत्वबोधनार्थम्। प्रत्युत्थातुः परस्य विहितदण्डोऽपि कृष्णसम्मुखदर्शने अप्रत्युत्थानमात्मना कर्तुमशक्यं मन्यमानश्चिन्तयति—कोन्वित्यादि। चित्रपटः=आलेख्यपटः, ननु=इति सम्भ्रमे, तस्मिन्=चित्रपटे, एवञ्च कृष्णदर्शनछद्मना प्रत्युत्थानं परिहरिष्यामीत्यभिप्रायः।

ममेत्यादि। प्रसारय=विस्तारय, अर्थात् चित्रपटम्। अहो इत्यादि। एष=आलिखितः, दुश्शासनः, केशहस्ते=कचकलापे।

टिप्पणी—द्वादशसुवर्ण०—'सुवर्णो ना स्वर्णकर्षे' इति मेदिनी। 'भारः

मुद्रा के दण्ड के योग्य होगा। अतः आप लोग सावधान रहें। [स्वगत] मेरे न उठने का कौन सा उपाय हो सकता है ? ठीक है, एक उपाय सूझा। [प्रकट में] अरे बादरायण ! वह चित्रपट तो ले आओ जिसमें द्रौपदी का चीरहरण चित्रित किया गया है। [हटाकर] उसी पर दृष्टि जमाकर केशव के आने पर भी नहीं उठूँगा।

काञ्चुकीय—महाराज की जो आज्ञा। [निकलकर और फिर पुनः प्रवेश करके] महाराज की जय हो। यह वह चित्रपट है।

दुर्योधन—इसे मेरे समक्ष फैला दो।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

काञ्चुकीयः—यदाज्ञापयति महाराजः। (प्रसारयति)

दुर्योधनः—अहो दर्शनीयोऽयं चित्रपटः। एष दुःशासनो द्रौपदीं केशहस्ते गृहीतवान्। एषा खलु द्रौपदी,—

दुःशासनपरामृष्टा सम्भ्रमोत्फुल्ललोचना।
राहुवक्त्रान्तरगता चन्द्रलेखेव शोभते ॥ ७ ॥

एष दुरात्मा भीमः सर्वराजसमक्षमवमानितां द्रौपदीं दृष्ट्वा प्रवृद्धामर्षः सभास्तम्भं तुलयति। एष युधिष्ठिरः,

---

सहस्रद्वितये पलानां च गरिम्णि च' इति यादवः।

अन्वयः—दुःशासनपरामृष्टा संभ्रमोत्फुल्ललोचना (द्रौपदी) राहुवक्त्रान्तरगता चन्द्रलेखा इव शोभते ॥ ७ ॥

संस्कृत टीका—(एषा द्रौपदी) दुःशासनपरामृष्टा=दुश्शासनकरगता, दुश्शासनेन–दुर्योधनकनिष्ठभ्रात्रा, परामृष्टा=केशाकृष्टा सती, सम्भ्रमोत्फुल्ललोचना=सम्भ्रमेण संवेगेन उत्फुल्ले अति विकसिते लोचने यस्याः सा, सक्षुभितविकसितनेत्रा, राहुवक्त्रान्तरगता=राहोः वक्त्रं तस्य अन्तरगता=राहुवदनमध्यप्राप्ता, चन्द्रलेखा=चन्द्रस्य, लेखा, इन्दुकला, इव=यथा, शोभते=प्रतिभाति ॥ ७ ॥

संस्कृत टीका—एष इत्यादि। भीमः=भीमसेनः, सर्वराजसमक्षं=सर्वराजानां सर्वेषां राज्ञां प्रत्यक्षं यथा भवति तथा। प्रवृद्धामर्षः=संवृद्धकोपः,

---

काञ्चुकीय—जो महाराज की आज्ञा। [फैला देता है]

दुर्योधन—अहा! यह चित्रपट वस्तुतः दर्शनीय है। यह दुःशासन है, जिसने द्रौपदी के केशों को हाथों में पकड़ रक्खा है। यह द्रौपदी है जो—

दुःशासन से अक्रान्त होने पर भय से नेत्र विस्फारित किए हुए इस समय मानों राहु के जबड़े में फंसी हुई चन्द्रकला के समान शोभा पा रही है ॥ ७ ॥

यह दुरात्मा भीम है जो अखिल राजसमूह के सामने अपमानित होती हुई द्रौपदी को देखकर प्रचण्ड क्रोध में भरकर मन्त्रशाला के स्तम्भ को उखाड़ने की चेष्टा में है। यह युधिष्ठिर है जो,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सत्यधर्मघृणायुक्तो द्यूतविभ्रष्टचेतनः ।
करोत्यपाङ्गविक्षेपैः शान्तामर्षं वृकोदरम् ॥ ८ ॥

एष इदानीमर्जुनः,

रोषाकुलाक्षः स्फुरिताधरोष्ठ-
स्तृणाय मत्वा रिपुमण्डलं तत् ।
उत्सादयिष्यन्निव सर्वराज्ञः
शनैः समाकर्षति गाण्डिवज्याम् ॥ ९ ॥

तुलयति = चलयति । यद्वा, उन्मिमीते = उन्मानमिह तारतम्यपरीक्षणं, किमनेन स्तम्भेन शत्रून् प्रहरेयं किममुना स्तम्भेनेति तत्सारफल्गुतां दृष्ट्या पर्यालोचयतीत्यर्थः, युधिष्ठिरः = धर्मसूनुः ।

अन्वयः—सत्यधर्मघृणायुक्तो द्यूतविभ्रष्टकेतनः (युधिष्ठिरः) अपाङ्ग-विक्षेपैः वृकोदरं शान्तामर्षं करोति ॥ ८ ॥

संस्कृत टीका — सत्यधर्मघृणायुक्तः = घृणा अकार्यविषया जुगुप्सा, सत्यश्च धर्मश्च घृणा च ताभिः युक्तः, सत्यधर्मदयासहितः, द्यूतविभ्रष्ट-चेतनः = द्यूतेन अक्षक्रीडया तन्निमित्तपराजयेनेत्यर्थः, विभ्रष्टा = नष्टा, चेतना-संविद् यस्य स, एवंभूतः एषः चित्रपटगतः, युधिष्ठरः, अपाङ्ग विक्षेपैः = सेङ्गितैः कटाक्षावलोकनैः, अपाङ्गानां—कटाक्षाणां विक्षेपाः—प्रक्षेपाः तैः, वृकोदरं = भीमं, वृकः—वृकनामग्निः, उदरे जठरे, यस्य तम्, शान्तामर्षं = शान्तः-उपशमितः, अमर्षः द्वेषः यस्य तम्, शमितकोपं, करोति = विदधाति ॥ ८ ॥

टिप्पणी—घृणा—'घृणा जुगुप्साकृपयोः' इति मेदिनी ॥ ८ ॥

अन्वयः—रोषाकुलाक्षः स्फुरिताधरोष्ठः अर्जुनः तत् रिपुमण्डलं तृणाय मत्वा सर्वराज्ञः उत्सादयन्निव शनैः गाण्डिवज्यां समाकर्षति ॥ ९ ॥

सत्य, धर्म और दया से युक्त होकर भी जूए के खेलने से मतिभ्रष्ट हो, आँखों के इशारे से ही भीम के क्रोध को शान्त कर रहा है ॥ ८ ॥

और, अब यह अर्जुन है, जिसके—

नेत्र क्रोध से व्याकुल हो रहे हैं, अधरोष्ठ (क्रोध के कारण) फड़क रहे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

एष युधिष्ठिरोऽर्जुनं निवारयति। एतौ नकुलसहदेवौ,
कृतपरिकरबन्धौ चर्मनिस्त्रिंशहस्तौ
परुषितमुखरागौ स्पष्टदष्टाधरोष्ठौ।

संस्कृत टीका—क्रमशः अर्जुनमपि विशिनष्टि—रोषाकुलेत्यादिना। रोषाकुलाक्षः—रोषेण क्रोधेन आकुले व्याप्ते, अक्षिणी—नेत्रे यस्य सः, स्फुरिताधरोष्ठः=अधरोष्ठः-अधरदन्तच्छद येन सः, एषः अर्जुनः, तत्=तत्कालीनं, रिपुमण्डलं=रिपूणां मण्डलं, शत्रुराजकं, तृणाय मत्वा=अकिञ्चित्करं ज्ञात्वा, तृणमिवानादृत्येत्यर्थः; सर्वराज्ञः=सर्वे च ते राजानः सर्वराजानः, तान्, सर्वान् द्रौपदीपरिभवस्य कर्तॄन् अनुमन्तॄन् द्रष्टॄंश्च नृपान्, उत्सादयन्निव=ध्वंसयिष्यन्निव, शनैः=मन्दं यथा स्यात् तथा, गाण्डिवज्यां=गाण्डिवाख्यस्य चापस्य मौर्वीम्, समाकर्षति=सम्यक् प्रकारेण आकर्षणं करोति ॥ ९ ॥

टिप्पणी—तृणाय—'मन्यकर्मण्यनादरे' इति चतुर्थी। सर्वराज्ञः—'राजाहस्सखिभ्यः' इति समासान्तस्याकरणमनित्यत्वात्। 'सर्वराजान्' इत्येव क्वचित् पाठः। उत्सादयन्निव—उत्+सद्+णिच्+लृट् (शतृ प्रत्ययः), 'लृटः सद्वा' इति लृटः शात्रादेशः प्रकृत्यर्थस्य समाकर्षणक्रियां प्रति फलत्वविवक्षया। (क) अत्र उत्प्रेक्षालङ्कारः। (ख) उपजातिवृत्तम् ॥ ९ ॥

संस्कृत टीका—एष इत्यादि। निवारयति=अर्थात् युद्धोद्यमात्।

अन्वयः—कृतपरिकरबन्धौ चर्मनिस्त्रिंशहस्तौ परुषितमुखरागौ स्पष्ट-

---

हैं, और जो समस्त राजमण्डल को तृणवत् समझ रहा है, उन सब राजाओं को नष्ट भ्रष्ट कर देने की इच्छा से धीरे-धीरे गाण्डीव की डोरी को खींच रहा है ॥ ९ ॥

यह युधिष्ठिर अर्जुन को रोक रहा है। यह दोनों नकुल और सहदेव हैं—

जिन दोनों ने कमर कस ली है और जिन दोनों ने ढाल और तलवार संभाल ली है, जिन दोनों के मुँह कठोर वर्ण अर्थात् रक्त वर्ण के हो रहे हैं

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

विगतमरणशङ्कौ सत्वरं भ्रातरं मे
हरिमिव मृगपोतौ तेजसाभिप्रयातौ ॥ १० ॥

एष युधिष्ठिरः कुमारावुपेत्य निवारयति—

दष्टाधरोष्ठौ विगतमरणशङ्कौ सत्वरं मे भ्रातरं मृगपोतौ हरिमिव तेजसा अभिप्रयातौ ॥ १० ॥

संस्कृत टीका—कृतपरिकरबन्धौ=कृतः परिकरबन्धः प्रगाढगात्रबन्धः याभ्यां तौ, चर्मनिस्त्रिंशहस्तौ=चर्मनिस्त्रिंशौ फलकखड्गौ हस्तयोर्ययोस्तौ—फलकखड्गौ पाणौ, परुषितमुखरागौ=परुषितः परुषो रुक्षः कृतः मुखरागो मुखप्रकाशो ययोस्तौ—ताम्राननौ, स्पष्टदष्टाधरोष्ठौ=स्पष्टः दन्तेन दष्टः अधरोष्ठः ययोस्तौ—चर्विताधरोष्ठौ, विगतमरणशङ्कौ=विगता विनष्टा मरणस्य मृत्योः शङ्का सन्देहः ययोस्तौ, सत्वरं, मे=मम दुर्योधनस्य, भ्रातरं=दुश्शासनम्, मृगपोतौ=हरिणडिम्भौ, मृगस्य पोतः तौ, हरिमिव=सिंहमिव, तेजसा=वीर्येण, अभिप्रयातौ=प्रत्यवस्थितौ। अत्र मृगपोतोपमया नकुलसहदेवयोरभियानस्योपहास्यत्वं द्योतितम्। उपमालङ्कारः। मालिनीवृत्तम् ॥ १० ॥

टिप्पणी—तु० 'न व्याघ्रं मृगशिशवः प्रधर्षयन्ति। (प्रतिमा० ५.१८); 'कथं लम्बसटः सिंहो मृगेण विनिपात्यते (अभिषेक० ३.२०)। सत्वरम्—त्वरया सह वर्तते सत्वरम्—शीघ्रमेव। चर्म०—चर्म च निस्त्रिंशं च चर्मनिस्त्रिंशे (द्व० स०) चर्मनिस्त्रिंशे हस्तयोः ययोः तौ (बहु०)। निस्त्रिंश—निर्गतः त्रिंशद्भ्योऽङ्गुलिभ्य इति निस्+त्रिंशद्+डच् ॥ १० ॥

और जो अपने अधरोष्ठ को स्पष्ट रूप से दाँतों से दबाए हुए उसी प्रकार मरण भय की चिन्ता से रहित ये मृगशावक अपने तेज से मेरे भाई पर शीघ्रता से आक्रमण कर रहे हैं जैसे हरिण के बच्चे सिंह पर ॥ १० ॥

यह युधिष्ठिर दोनों कुमारों के पास जाकर उन्हें रोक रहा है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

नीचोऽहमेव विपरीतमतिः कथं वा
रोषं परित्यजतमद्य नयानयज्ञौ ।
द्यूताधिकारमवमानममृष्यमाणाः
सत्त्वाधिकेषु वचनीयपराक्रमाः स्युः ॥ ११ ॥

अन्वयः—विपरीतमतिः, नीचः कथम् अद्य नयानयज्ञौ रोषं परित्यजतम्, द्यूताधिकारम् अवमानम् अमृष्यमाणाः सत्वाधिकेषु वचनीयपराक्रमा स्युः ॥ ११ ॥

संस्कृत टीका—नकुलसहदेवौ निवारयता धर्मजेन सभायां पुरा यदुक्तं वाक्यं, तत प्रकृतानुगुण्यात् स्मरति—नीच इति । विपरीतमतिः=विपरीता आत्मयोगक्षेमप्रतिकूला मतिः द्यूतगोचरा यस्य स तथाभूतः, अहमेव=युधिष्ठिर एव, नीचः=अधमः भवामीति शेषः । वा=अन्यथाशब्दार्थे, नीचत्वाभावे इत्यर्थः, कथं=केन हेतुना, अद्य=इदानीं, द्यूतपराजितसमुदाचारानुष्ठानयोग्येऽस्मिन् समये इत्यर्थः । नयानयज्ञौ=नयम् अनयञ्च जानीतः, द्यूतनीत्यनीतिवेदिनौ, युवां, रोषं=क्रोधं, परित्यजतं=परिजहीतं, द्यूत विजितैर्नामिदृशः परिभवः सोढव्य एव, न तु पराक्रमेण सद्यः प्रतिकर्तुं योग्य इति भावः । पराक्रमेण को दोषस्तत्राह—द्यूताधिकारं=द्यूतस्य-कैतवस्य अधिकारं—क्रीडासामर्थ्यम्, द्यूतेन अधिक्रियते प्रस्तूयत इति द्यूताधिकारः, तं द्यूतनिमित्तकमित्यर्थः, अवमानम्=अपमानम्, अमृष्यमाणाः=असहमानाः, अर्थाद् विक्रमेण प्रतिकर्तुं सद्यो व्यवस्यन्तः पुरुषाः, सत्वाधिकेषु=सत्त्वं पराक्रमः तेनाधिकेषु महापराक्रमशालिषु मध्ये, वचनीयपराक्रमाः=वचनीयः अकालप्रयोगान्निन्द्यः पराक्रमः विक्रमो येषां ते तथोक्ताः; स्युः=(केन प्रकारेण) भवेयुः । वसन्ततिलका छन्दः ॥ ११ ॥

मैं ही नीच हूँ नहीं तो मेरी मति विपरीत कैसे हो जाती । तुम दोनों नीति और अनीति को जानते हो अतः आज रोष को त्याग दो । अन्यथा द्यूतजन्य अपकार को न सहने के कारण हम लोग ही अधिक पराक्रमशील लोगों के द्वारा निन्दनीय पराक्रम वाले माने जायँगे ॥ ११ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इति । एष गान्धारराजः,

अक्षान् क्षिपन् स कितवः प्रहसन् सगर्वं
सङ्कोचयन्निव मुदं द्विषतां स्वकीर्त्या ।
स्वैरासनो द्रुपदराजसुतां रुदन्तीं
काक्षेण पश्यति लिखत्यपि गां नयज्ञः ॥ १२ ॥

अन्वयः—कितवः स अक्षान् क्षिपन् सगर्वं प्रहसन् स्वकीर्त्या द्विषतां मुदं संकोचयन्निव स्वैरासनः (सन्) रुदन्तीं द्रुपदराजसुतां काक्षेण पश्यति नयज्ञः स गामपि लिखति ॥ १२ ॥

संस्कृत टीका— गान्धारराजं विशिनष्टि—अक्षानिति । कितवः= धूर्तः, सः=शकुनिः, अक्षान्=पाशकान्, क्षिपन्=प्रसारयन्, सगर्वं= गर्वेण सहितं सदर्पं, प्रहसन्=हास्यं कुर्वन्, स्वकीर्त्या=स्वस्य कीर्तिः तया, आत्मयशसा अक्षदेवननैपुण्यजन्मना, द्विषतां=शत्रूणां, पाण्डवानां, मुदं=हर्षं, मोदनम् इति मुद् ताम्, संकोचयन्निव=निवारयन्निव, स्वैरासनः=स्वैरं स्वच्छन्दम् आसनम्—उपवेशनस्थानं यस्य स, यद्वा—स्वच्छन्दम् अगणितगुरुजनसान्निध्यम् आसनम् उपवेशप्रकारो यस्य सः, स्वच्छन्दोपविष्टः सन्, रुदन्तीं=अश्रुमुञ्चन्तीम्, द्रुपदराजसुतां=द्रुपदानां राजा, तस्य सुता, ताम्—द्रुपराजकुमारीं द्रौपदीं, काक्षेण=अपाङ्गेन, अक्षिकोणेन, पश्यति=अवलोकयति, नयज्ञः=नीतिज्ञः, सः=मम मातुलः, शकुनिरित्यर्थः, गामपि=(कुत्सितेन पाशकेन) भूमिं, लिखति च=उट्टङ्कयति ॥ १२ ॥

टिप्पणी —काक्षेण— अक्षिकोणेन पश्यति । अत्रगणपतिशास्त्रिणः—

यह गान्धारराज हैं,

जो जुए में तथा कूटनीति में कुशल गर्व के साथ हँसते हुए, पाँसों को फेंकते हुए तथा अपनी कीर्ति से शत्रुओं के हर्ष को संकुचित करते हुए अपने आसन पर बैठे-बैठे रोती हुई द्रौपदी को तिरछी दृष्टि से देखता है और पृथ्वी पर (पाँसे से) रेखा भी खींच रहा है (अथवा अपनी कुत्सित दृष्टि से पृथ्वी पर रेखाएँ खींच रहा है) ॥ १२ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

एतावाचार्यपितामहौ तां दृष्ट्वा लज्जायमानौ पटान्तान्तर्हितमुखौ स्थितौ। अहो अस्य वर्णाढ्यता। अहो भावोपपन्नता। अहो युक्त लेखता। सुव्यक्तमालिखितोऽयं चित्रपटः। प्रीतोऽस्मि। कोऽत्र।

काञ्चुकीयः—जयतु महाराजः।

दुर्योधनः—बादरायण! अनीयतां स विहगवाहनमात्रविस्मितो दूतः।

'अक्षम् इन्द्रियं तच्च प्रकृतेऽक्षिरूपम्। ईषदक्षं काक्षम्, 'ईषदर्थे' पा० सू० ६.३.१०५ इति कोः कादेशः।' लिखत्यपि गां—अत्र 'लिखत्यभिखं' इत्येव पाठः। सम्मुखस्थमाकाशमित्यर्थः, आकाशे दृष्टिं स्थाप्य स्वाभिप्रायं निश्चिनोतीवेति भावः। नयज्ञः—'नयो नीतिद्यूतविशेषयोः' इति मेदिनी॥ १२॥

संस्कृत टीका—तां=द्रौपदीमित्यर्थः, लज्जायमानौ=लज्जामनुभवन्तौ। पटान्तान्तर्हितमुखौ=वस्त्राग्रच्छन्नवदनौ, अहो=इति श्लाघायाम्, अस्य=चित्रपटस्य, वर्णाढ्यता=वर्णसम्पन्नता, भावोपपन्नता=भावेन स्वभावेन आलेखनीयवस्तुगतेन, चित्रकाराभिप्रायेण वा उपपन्नता संवादिता युक्तलेखता=युक्तः अन्यूनानतिरिक्तः लेखो लेखनं यस्मिन् स युक्तलेखः, तस्य भावस्तत्ता, लेखौचित्यम्।

बादरायणेत्यादि। विहगवाहनमात्रविस्मितः=विहगः पक्षी गरुडः तद्रूपं वाहनं तन्मात्रेण विस्मितः गर्वितः, दूतः=संन्देशहरः, कृष्ण इति

यह हैं आचार्य और पितामह जो द्रौपदी को देखकर लज्जित होते हुए वस्त्रों में मुँह छुपाये हुए हैं। इस चित्र के रंगों की श्रेष्ठता प्रशंसनीय है, अभिव्यञ्जना और समुचित चित्रकारी (कितनी प्रभावमयी है) कितनी भावों की सुस्पष्टता है इस चित्रपट में! मैं प्रसन्न हो गया हूँ। कोई है यहाँ?

कञ्चुकी—महाराज की जय हो।

दुर्योधन—बादरायण! उस दूत को ले आओ जिनका वाहन पक्षी (गरुड़) है और जो आश्चर्यान्वित हो रहा है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

काञ्चुकीयः—यदाज्ञापयति महाराजः। (निष्क्रान्तः)

दुर्योधनः—वयस्य कर्ण !

प्राप्तः किलाद्य वचनादिह पाण्डवानां
दौत्येन भृत्य इव कृष्णमतिः स कृष्णः।
श्रोतुं सखे ! त्वमपि सज्जय कर्ण ! कर्णौ
नारीमृदूनि वचनानि युधिष्ठिरस्य ॥ १३ ॥

यावत्।

टिप्पणी—पटान्तान्त०—पटस्य वस्त्रस्य अन्तेन अञ्चलेन अन्तर्हिते आच्छादिते मुखे याभ्यां तादृशौ। वर्णाढ्यता—वर्णानां रञ्जकद्रव्याणाम् आढ्यता सम्पन्नता। वर्णस्य आढ्यता (ष० त०)। आढ्यता—अ+ढ्यै+का=आढ्य, तस्य भावः आढ्यता, आढ्य+तल्। भावोपपन्नता—भावेन उपपन्नता (तृ० त०)। उपपन्नः—उप+पद्+क्त, उपपन्नः तस्य भावे तल्। विहग०—विहायसा गच्छतीति विहगः (गम्+ड) स एव वाहनं यस्य विहगवाहनम् (कर्म०), तदेव विहगवाहनमात्रं (नित्य०), तेन विस्मित (तृ० त०)।

अन्वयः—अद्य इह कृष्णमतिः सः कृष्णः पाण्डवानां वचनात् दौत्येन भृत्य इव प्राप्त किल। हे सखे ! कर्ण त्वमपि नारीमृदूनि युधिष्ठिरस्य वचनानि श्रोतुं कर्णौ सज्जय ॥ १३ ॥

प्रकार का भरत वाक्य है। शेष नाटकों के भरत वाक्य में भी प्रायः 'राजसिंहः प्रशास्तु नः' इस वाक्य का प्रयोग अवश्य मिलता है।

५—इन सभी नाटकों की भाषा तथा शैली में अद्भुत समानता पायी जाती है।

६—इन नाटकों में भरत-प्रतिपादित नाट्यनियमों का कठोरता से पालन नहीं किया गया है। मृत्यु, युद्ध आदि का रंगमञ्च पर प्रदर्शन किया गया है तथा अभिषेक, पूजा, शपथ अथवा अश्रु-प्रक्षालन के लिये जल रङ्गमञ्च पर लाया है। इसी प्रकार शयन, क्रीडा तथा दूराह्वान की भी योजना रंगमंच पर ही की गयी है।

७—इन नाटकों में कुछ शब्दों का प्रयोग उनके प्रचलित अर्थों से भिन्न अर्थ में किया गया है। जैसे—आर्यपुत्र शब्द का प्रयोग अनेकत्र ऐसे अर्थों में हुआ है जिसका विधान नाट्य शास्त्र में नहीं है।

८—इन सभी नाटकों में 'आकाशभाषित' की योजना प्रायः मिलती है।

९—इनमें से कई नाटकों में छोटे-छोटे पात्रों के नामों में अभिन्नता पायी जाती है। जैसे—प्रतिज्ञा यौगन्धरायण और दूतवाक्य इन दोनों नाटकों में कञ्चुकी का नाम बादरायण है। इसी प्रकार स्वप्नवासवदत्त, प्रतिमानाटक, प्रतिज्ञा यौगन्धरायण और अभिषेक इन चारों नाटकों में प्रतिहारी का नाम विजया है।

१०—प्रायः सभी नाटकों में नाट्यनिर्देश की न्यूनता समान रूप से मिलती है। जो नाट्यनिर्देश दिये भी गये हैं उनमें दो- दो, तीन-तीन निर्देश एक साथ हैं। जैसे—'निष्क्रम्य पुनः प्रविश्य'।

११—इन सभी नाटकों के नामों का उल्लेख तत्तन्नाटकों के अन्त में ही किया गया है, अन्यत्र नहीं।

१२—अधिकांश नाटकों में 'पताका स्थान' और 'मुद्रालङ्कार' का एक समान प्रयोग किया गया है।

१३—इन नाटकों में पाणिनीय व्याकरण के नियमों का कड़ाई से पालन नहीं किया गया है, अतः अनेकत्र अपाणिनीय प्रयोग मिलते हैं।

१४—इन सभी नाटकों में समान भावना, समान दृश्यों की अवतारणा,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

समान शब्दों और समान वाक्यों की उपलब्धि एवं समान वर्णन-पद्धति द्रष्टव्य है !

उपर्युक्त समानताओं के आधार पर यह स्पष्ट सिद्ध है कि इन नाटकों का प्रणेता कोई एक ही व्यक्ति था। इन नाटकों में से स्वप्नवासवदत्त की रचना भास द्वारा हुई, इसमें राजशेखर का पूर्वोक्त साक्ष्य उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त आचार्य अभिनव गुप्त ने भी 'अभिनव भारती' में स्वप्नवासवदत्त का उल्लेख किया है।[1] फलतः अन्य नाटकों को भी भासकृत माना गया है जो पूर्वोक्त समानताओं के आधार पर नितान्त युक्त है।

भास का समय

कालिदास ने अपने नाटक 'मालविकाग्नि मित्र' में भास को आदर पूर्वक स्मरण किया है, अतः स्पष्ट सिद्ध है कि भास कालिदास से प्राचीन थे। कुछ लोग कालिदास का समय ४०० ई० बताते हैं तदनुसार भास ४०० ई० से पूर्व के सिद्ध होते हैं। कुछ विद्वान् कालिदास का समय ईसा की प्रथम शताब्दी निश्चित करते हैं, उस आधार पर भास ईसा की प्रथम शताब्दी से प्राचीन ठहरते हैं। चाणक्य ने अपने अर्थशास्त्र नामक ग्रन्थ में 'अपीह श्लोकौ भवतः' कह कर दो श्लोक उद्धृत किये हैं, इनमें दूसरा श्लोक 'प्रतिज्ञा यौगन्धरायण' में मिलता है। जो इस प्रकार है—

नवं शरावं सलिलैः सुपूर्णं सुसंस्कृतं दर्भकृतोत्तरीयम्।
तत्तस्य मा भून्नरकं स गच्छेद् यो भर्तृपिण्डस्य कृते न युध्येत्॥

चाणक्य ने उक्त श्लोक को अवश्य ही भास से लिया होगा। यदि किसी स्मृति का होता तो अवश्य ही 'इति स्मृतौ' लिखते। इतिहासकार चाणक्य का समय ई० पू० ४०० मानते हैं अतः भास इससे प्राचीन ठहरते हैं।

भास के प्रतिमानाटक में बृहस्पति कृत अर्थशास्त्र में रावण की दक्षता का उल्लेख हुआ है।[2] बार्हस्पत्य अर्थशास्त्र चाणक्य से बहुत पहले का है। यदि भास चाणक्य के बाद होते तो उसके अर्थशास्त्र का उल्लेख

१. क्वचित्क्रीडा—यथा वासवदत्तायाम्।
२. भोः कश्यप गोत्रोऽस्मि, साङ्गवेदमधीये.....बार्हस्पत्यमर्थशास्त्रं।...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अवश्य करते। भास के नाटकों में पाये जाने वाले अपाणिनीय प्रयोगों से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि पाणिनि के सर्वमान्य होने से पूर्व ही भास के नाटकों की रचना हो चुकी थी। भास के नाटकों से प्रतिभासित होनेवाली सामाजिक दशा मौर्यकालीन सामाजिक दशा से मिलती-जुलती है। उक्त प्रमाणों के आधार पर भास का समय ई० पू० पाँचवीं शताब्दी निश्चित होता है श्री टी० गणपति शास्त्री जी ने अनेक प्रबल प्रमाणों से यह प्रमाणित किया है कि महाकवि भास ई० पू० चौथी शताब्दी में हुए थे। यही मत प्रायः विद्वानों को मान्य है।

भास का जीवनवृत्त

भास के नाटकों से यह स्पष्ट आभास मिलता हैं कि वे ब्राह्मण थे। भास ने ब्राह्मणों के प्रति जो श्रद्धा दिखायी है[1], समाज-व्यवस्था के प्रति उनका जो आग्रह दिखायी देता है उससे यही प्रतीत होता है कि भास ब्राह्मण और वर्णाश्रमधर्म के पक्षपाती थे। देवता और यज्ञ में उनकी आस्था थी। भास के नाटकों में प्रयुक्त 'इमां सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम्। महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः॥'—भरतवाक्य बताता है कि भास दक्षिण भारत के नहीं, उत्तर भारत के निवासी थे। उनकी धरती की सीमा उत्तर में हिमालय और दक्षिण में विन्ध्यपर्वत तक है। इसी सीमा के बीच कहीं न कहीं उनका स्थान रहा होगा। इनके नाटकों में उत्तर भारत के देशों का अधिक वर्णन है।

भास किसी राजा के राजपंडित अवश्य रहे होंगे। उन्होंने अपने राजा के लिए राजसिंह शब्द का प्रयोग किया है किन्तु निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि यह शब्द उनके राजा का विशेषण है या उसकी संज्ञा है। भास राजघरानों तथा राजकीय जीवन से सुपरिचित थे। वे संयुक्त परिवारप्रथा के पक्षपाती, हास्यप्रिय किन्तु गुरुजनों का समादर करनेवाले नम्रप्रकृति के

---

१. द्विजोत्तमाः पूज्यतमाः पृथिव्याम्'—(मध्यम व्यायोग १।९)।
'ब्राह्मणवचनमनृतमपि सत्यं पश्यामि'—(बालचरित २।११)।
'ब्राह्मणवचनमिति। न मयातिक्रान्तपूर्वम्।'—(कर्णभार १।२३)।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

व्यक्ति थे। उनका पारिवारिक जीवन सुखशांतिमय था। वे राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत, स्वतन्त्रता एवं न्याय के पोषक आशावादी व्यक्ति थे। वे परम गोभक्त, वैष्णव धर्मावलम्बी तथा सर्वतोमुखी प्रतिभावाले महाकवि थे।

भास की नाट्यकला

भास के नाटकों की कथावस्तु का क्षेत्र अत्यन्त विस्तृत एवं व्यापक है। इनके नाटकों में पुराण, इतिहास, रामायण, महाभारत, आख्यायिका ग्रन्थ और लोकप्रचलित कथानकों का उपयोग हुआ है, फिर भी पात्रों के चरित्र की प्रोज्ज्वलता प्रदर्शित करने के लिए कवि ने कथानकों में पर्याप्त परिवर्तन कर दिया है। इनकी यह मौलिकता और नाटकों की विविधता इनकी नाट्य-कुशलता का पूरा परिचय देती है। कथावस्तु का विन्यास इतने कौशलपूर्ण ढंग से हुआ है कि प्रेक्षकों अथवा पाठकों की कुतूहल वृत्ति निरन्तर बढ़ती ही रहती है। सच तो यह है कि संस्कृत नाटककारों में भास ही एक ऐसे कलाकार हैं जिनकी सर्वतोमुखी प्रतिभा के कारण दर्शकों को मानव-जीवन के बहुरङ्गी रूपों के पर्यवेक्षण का भरपूर अवसर उपलब्ध होता है। विविध रूपकों के लिए विभिन्न क्षेत्रों से कथानक का संयोजन होने से विभिन्न कोटि के पात्रों का सृजन स्वाभाविक है फिर भी भास की नाट्यकुशलता ने उन विविध कोटि के और बहुसंख्यक पात्रों के आचरण में कृत्रिमता नहीं आने दी है। सभी पात्र हमें हमारी ही परिधि के जीते-जागते प्राणी लगते हैं। इतने अधिक पात्रों के चरित्रों का परिस्थिति-गत विकास पूर्ण स्वाभाविक रूप में करना भास के ही बूते की बात है। प्रत्येक नाटक के नायक के केन्द्रीय महत्त्व का सम्यक् निर्वाह करते हुए भास ने किसी भी पात्र को, चाहे वह कञ्चुकीय, गणिका अथवा सेवक ही क्यों न हो, व्यक्तित्व-विकास से वञ्चित नहीं होने दिया है और न नाटक की कथा तथा उसकी मूल संवेदना ही कहीं उलझने पायी है। इस सफलता का सारा श्रेय भास की सतर्क अद्भुत नाट्यप्रतिभा ही है। कथोप-कथन की दृष्टि से भी भास के रूपक निर्दोष हैं। कहीं भी निरर्थक और अना-वश्यक वार्तालाप को स्थान नहीं दिया गया है। इनके कथोपकथन कथानक को निरन्तर आगे बढ़ाने तथा पात्र की स्वभावगत चारित्रिक विशेषताओं को अभिव्यक्त करने में पूर्ण सफल हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भास के नाटकों की प्रमुख विशेषता उनकी अभिनेयता है। ये सभी नाटक थोड़े हेर-फेर के साथ बड़ी सरलता से रंगमंच पर अभिनीत होने योग्य बने हैं। इनमें न तो वर्णन की प्रचुरता है और न अनावश्यक कथावस्तु का विस्तार ही है अतः इनके अभिनय में किसी तरह के प्रतिरोध की गुञ्जाइश नहीं है।

भास का नैपुण्य चरित्रचित्रण में अद्वितीय है। वे अपने पौराणिक पात्रों को इतनी वास्तविकता, मनोवैज्ञानिकता और मार्मिकता से चित्रित करते हैं कि वे पाठकों अथवा दर्शकों को सर्वथा नवीन लगते हैं। भास ने पद्यों के माध्यम से अपने पात्रों में संवाद कराने का जो ढंग अपनाया है वह भी उनकी नाट्यकला के वैलक्षण्य का द्योतक है। किसी पद्य को कई भागों में विभक्त कर उन्हें वे अपने विभिन्न पात्रों के मुख से कथोपकथन के रूप में प्रस्तुत करवाते हैं जिससे संवादों में भावोत्तेजकता और चुटीलापन पैदा हो जाने से विशेष नाटकीयता आ जाती है। भास के प्रायः सभी पात्र अन्तर्द्वन्द्व युक्त होने के कारण काल्पनिक नहीं लगते अतएव उनके प्रति दर्शकों के हृदय में पूर्ण सहानुभूति उत्पन्न होती है। अपने नाटकों में भास ने इसी उद्देश्य से संघर्षपूर्ण घटनाक्रम की सृष्टि की है।

नाटकों को प्रभावोत्पादक बनाने में भास की कवित्वशक्ति का भी बड़ा हाथ है। इनकी कविता में प्रवाह और प्रसाद है। भास ने प्रसङ्ग वश अपने नाटकों में सन्ध्या, रात्रि, तपोवन, मध्याह्न इत्यादि का जो वर्णन किया है वह बड़ा ही सजीव तथा पूरे दृश्य का बिम्ब ग्रहण कराने में पूर्ण सफल हुआ है। मानवीय तथा बाह्य प्रकृति के चित्रण में भास बेजोड़ हैं। रात के सघन अन्धकार का प्रभावशाली वर्णन देखिए—

लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः।
असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्निष्फलतां गता॥ —बालचरित १।१५

भास के इस पद्य का पूर्वार्द्ध अपने वैशिष्ट्य के कारण अलंकारशास्त्र में उत्प्रेक्षा का प्रसिद्ध उदाहरण माना जाता हैं।

भास के नाटकों में सुन्दर से सुन्दर उपमाएं मिलती हैं—

सूर्य इव गतो रामः, सूर्य दिवस इव लक्ष्मणोऽनुगतः।
सूर्य दिवसावसाने छायेव न दृश्यते सीता॥प्रतिमा २।७

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अयोध्यामटवीभूतां पित्रा भ्रात्रा च वर्जिताम् ।
पिपासार्तोऽनुधावामि क्षीणतोयां नदीमिव ।। प्रतिमा ३।१०

भास ने अनेकत्र पात्रों के मुँह से जो नीतिश्लोक कहलवाये हैं वे भी भर्तृहरि के नीतिश्लोकों के समान ही हृदयावर्जक हैं। इस प्रकार भास के नाटकों में नाटकीय विधान के साथ कवित्व का स्तुत्य सहयोग मिलता है।

भास की शैली

भास के नाटकों की शैली अपनी विशिष्ट महत्ता रखती है। प्रसाद, माधुर्य और ओज इनकी शैली के विशेष गुण हैं। भास को विकट बन्ध, क्लिष्ट कल्पना और लम्बे-लम्बे समस्त पदों से घृणा है क्योंकि नाटक के लिये ये सब सर्वथा अनुपयुक्त हैं। छोटे-छोटे सरल वाक्यों में गम्भीर तथा रसपेशल भावों की व्यंजना भास की शैली की प्रमुख विशेषता है। इनके द्वारा प्रयुक्त, लोकोक्तियों एवं सूक्तियों से अलंकृत छोटे-छोटे वाक्यों की व्यंजकता एवं प्रभावोत्पादकता को देखकर सहज अनुमान होता है कि इनके समय में संस्कृत लोक-व्यवहार की भाषा रही होगी। यद्यपि इनकी शैली प्रायः प्रसाद एवं माधुर्यगुण से ही अधिक सम्पन्न है तथापि प्रसंगानुकूल वीर रस की अभिव्यक्ति में ओज का भी आश्रय लिया है और वीर रस की व्यंजना में भी इन्हें पूरी सफलता मिली है।

भास के नाटकों में उपमा रूपक और उत्प्रेक्षा जैसे सरल भावोत्कर्षक एवं प्रचलित अलंकारों का ही अधिकतर प्रयोग हुआ है। सीमित शब्दों तथा सरल भाषा में हृद्गत भावों को अभिव्यक्त करना भास की अपनी विशेषता है। राम के वन चले जाने पर दशरथ की करुण दशा का चित्र सीधे-सादे शब्दों में देखिए— पतत्युत्थाय चोत्थाय हा हेत्युच्चैर्लपन् मुहुः ।
दिशं पश्यति तामेव यया यातो रघूद्वहः ।।
हा वत्स ! राम ! जगतां नयनाभिराम !
हा वत्स ! लक्ष्मण ! सलक्षणसर्वगात्र !
हा साध्वि ! मैथिलि ! पतिस्थितचित्तवृत्ते !
हा हा गताः किल वनं बत मे तनूजाः ।।—प्रतिमा २।३।४

भास ने दर्शक या पाठक का कौतूहल बढ़ाने के लिए कहीं-कहीं ऐसे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नाटकीय-व्यंग्यों की अवतारणा की है कि वे दर्शक या पाठक के हृदय को सहसा झकझोर देते हैं। जैसे—'प्रतिज्ञा यौगन्धरायण' में जब महासेन और अङ्गारवती परस्पर विचार-विमर्श कर रहे हैं कि वासवदत्ता के लिए कौन राजा उपयुक्त है, उसी समय कञ्चुकी आकर सहसा कहता है—'वत्सराज'। इस प्रकार उनके प्रश्न का आकस्मिक उत्तर मिल जाता है, यद्यपि कञ्चुकी कहने आया था कि वत्सराज बन्दी बना लिया गया, जैसा कि आगे वह स्वयं स्पष्ट करता है। इसी प्रकार 'अभिषेक' नाटक में जब रावण सीता से कहता है कि इन्द्रजित् ने राम और लक्ष्मण को मार डाला। अब तुम्हें कौन मुक्त करेगा? उसी समय एक राक्षस सहसा आकर कहता है 'राम'। यद्यपि वह कहना यह चाहता है कि राम ने इन्द्रजित को मार डाला। भास की यह पद्धति अत्यन्त प्रभावोत्पादक है।

भास अल्प शब्दों के द्वारा भाव-व्यंजना के अतिरिक्त कहीं-कहीं शब्द-प्रयोग के बिना ही, या यों कहिए कि मौन का आश्रय लेकर हृद्गत समस्त भावों की मार्मिक व्यंजना कर देते हैं। जैसे—'अनुक्त्वैव वनं गताः।'—प्रतिमा २।१७। इससे बढ़कर शैली की संक्षिप्तता और क्या हो सकती है? राम-लक्ष्मण-सीता के अकथनीय हृद्गत भावों के मर्मस्पर्शी चित्र भी उपस्थित कर दिये और अपनी ओर से उसके लिए एक भी शब्द का प्रयोग नहीं करना पड़ा। अतः भास की शैली नाटककारों के लिए आदर्श शैली कही जानी चाहिए।

भास के दोष

भास के नाटकों में कुछ त्रुटियाँ भी मिलती हैं। जैसे—(१) 'निष्क्रम्य प्रविशति' आदि द्रुतगतिवाले नाटकीय निर्देशों का आधिक्य इनकी वास्तविकता में सन्देह उत्पन्न कर देता है। (२) इनके नाटकों में कालान्विति का भी अभाव है जिसे स्वप्नवासवदत्त, चारुदत्त, बालचरित, अभिषेक आदि नाटकों में स्पष्ट देखा जा सकता है। (३) कृष्ण के निर्जीव शस्त्रास्त्रों का ('बाल-चरित' में) मानवरूप में रंगमंच पर उपस्थित होना अस्वाभाविकता उत्पन्न कर देता है। (४) नाट्यशास्त्र द्वारा वर्जित दृश्यों (युद्ध, मरणादि) को भी रंगमंच पर दिखाया गया है। (५) अपरिचित पात्रों का सहसा प्रवेश नाट्य-शास्त्र-विरुद्ध है। इससे अस्वाभाविकता भी आ जाती है।

किन्तु ये दोष साधारण हैं। इनसे भास के महत्त्व में कोई कमी नहीं आती। 'एको हि दोषो गुणसन्निपाते निमज्जतीन्दोः किरणेष्विवाङ्कः।'

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दूतघटोत्कच : समीक्षा

कथावस्तु

इस नाटक का कथानक अभिमन्यु के मरण के बाद की घटनाओं से सम्बन्ध रखता है। कौरवों की चाल से अर्जुन को कुरुक्षेत्र छोड़कर संशप्तक राजाओं से लड़ने के लिए दक्षिण प्रदेश में जाना पड़ा। अर्जुन के साथ ही श्रीकृष्ण के भी चले जाने से पाण्डवों को असहाय समझ कौरवों की तरफ से द्रोणाचार्य ने कौशलपूर्ण ढंग से पद्मव्यूह (चक्रव्यूह) बनाकर उसके भेदन में पाण्डवों को अशक्त जान ललकारा।

युधिष्ठिर ने अभिमन्यु को इस व्यूह-भेदन के लिए भेजा और स्वयं चारों पाण्डव उसके पीछे जाने के लिए तैयार हुए। अकेले अभिमन्यु से ही पार न पा सकने से कौरवों ने वरप्राप्त जयद्रथ (दुःशलापति तथा दुर्योधन का बहनोई) के द्वारा पाण्डवों को अवरुद्ध कर भीतर प्रविष्ट नहीं होने दिया। सब कौरवों ने छल-कपट का आश्रय ले एकाकी बालक अभिमन्यु को निहत्था कर मार डाला।

नाटक के प्रारम्भ में नान्दीपाठ के अनन्तर सूत्रधार विष्णु की प्रार्थना कर ज्यों ही नाटक की सूचना देने को तत्पर होता है, उसे कोलाहल सुनाई देता है जिससे वह समझ जाता है कि संशप्तकों से लड़ने के लिए अर्जुन के चले जाने पर, भीष्मवध से चिढ़े हुए धृतराष्ट्र के पुत्रों ने अभिमन्यु को घेर कर मार डाला और उसके बाणों से क्षत-विक्षत राजा लोग अर्जुन की प्रतिहिंसा से डरे हुए अपने-अपने शिविर में प्रवेश कर रहे हैं। इधर अभिमन्यु के मारे जाने का वृत्तान्त सुनाने के लिए भट धृतराष्ट्र के पास जाता है और कहता है कि अपने पिता अर्जुन के समान पराक्रम दिखाने वाले बालक अभिमन्यु को कौरव-वीरों ने मार डाला। इस समाचार से स्तब्ध धृतराष्ट्र से गान्धारी कहती है कि इस बालक के वध से कुलनाश का समय उपस्थित हो गया। धृतराष्ट्र भी कहते हैं कि जब पुत्र-शोक से सन्तप्त अर्जुन क्रुद्ध होकर

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

धनुष ग्रहण करेगा तो पूरे विश्व का विनाश हो जायगा। वहीं उनकी पुत्री दुश्शला भी बैठी है। वह कहती है कि जिसने अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा को विधवा बनाया उसने अपनी स्त्री को भी वैधव्य दिया है। धृतराष्ट्र के पूछने पर भट (जयत्रात) ने बताया कि अभिमन्यु को बहुत से राजाओं ने मिल कर मारा किन्तु इसके निमित्त थे जयद्रथ। यह सुनकर धृतराष्ट्र ने कहा—यदि जयद्रथ निमित्त थे तो वे मारे गये। दुश्शला भी रोने लगती है। लोग दुश्शला को समझाते हैं किन्तु धृतराष्ट्र कहते हैं कि कृष्ण, बलराम और पाण्डवों के स्नेहभाजन अभिमन्यु को मार कर संसार में कौन है जो जीवित बचेगा? भट के यह बताने पर कि संशप्तकों के साथ युद्ध करने के लिए दूर गये हुए अर्जुन को दिखाने के लिए ही युधिष्ठिर आदि पाण्डव मृतक अभिमन्यु को रोक रखे हैं, धृतराष्ट्र को पक्का विश्वास हो जाता है कि अब कौरवों को विनष्ट होने से कोई बचा नहीं सकता। यहाँ तक तो कथा की पृष्ठभूमि अथवा पूर्वार्द्ध समझना चाहिए। अब आगे दुर्योधन, दुःशासन और शकुनि आदि के प्रवेश के साथ कथा के उत्तरार्द्ध का प्रारम्भ समझना चाहिए। दुर्योधन आदि अभिमन्यु के मारे जाने से बहुत प्रसन्न होते हैं और धृतराष्ट्र का अभिवादन करते हैं किन्तु वे आशीर्वाद देने के स्थान पर मौन धारण किये रहते हैं। कारण पूछने पर धृतराष्ट्र कहते हैं—'कृष्ण और अर्जुन के प्रिय अभिमन्यु को मार कर तुम लोग जीवन से पराङ्मुख हो गये हो अतः आशीर्वाद देना व्यर्थ है। सौ पुत्रों के बीच हुई एक प्रियपुत्री दुःशला भी तुम लोगों की कृपा से वैधव्य को प्राप्त हो गयी।' इस पर दुर्योधन ने कहा कि अकेले जयद्रथ ने नहीं, अभिमन्यु को बहुत से वीरों ने रोक कर मारा। यह सुनकर धृतराष्ट्र ने भर्त्सना करते हुए कहा कि अकेले बालक को मिल कर मारते हुए तुम लोगों की भुजाएँ गिर क्यों नहीं गयीं। दुर्योधन ने इसका सटीक उत्तर यह कह कर दिया कि छलपूर्वक भीष्मपितामह को मारने वाले पाण्डवों की भुजाएँ नहीं गिरीं तो आप हमारी ही भर्त्सना क्यों कर रहे हैं। धृतराष्ट्र ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब अकेले बालक अभिमन्यु ने इतना पराक्रम दिखाया तो पुत्र-मरण से शोकार्त अर्जुन कितना पराक्रम दिखायेंगे? अवज्ञापूर्वक दुर्योधन के पूछने पर कि अर्जुन का कैसा पराक्रम है,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

धृतराष्ट्र ने कहा—अर्जुन के पराक्रम के विषय में तुम निवात-कवच दानवों के जीवनरूप उपहार से अर्चित इन्द्र से पूछो, किरात वेष में अर्जुन के अस्त्रों से परितुष्ट हुए शङ्कर से पूछो, खाण्डव वन में सर्पों की आहुति से तृप्त हुए अग्नि से पूछो और पूछो उस चित्राङ्गद नामक गन्धर्व से जो तुम्हें बाँधकर आकाश में ले जा रहा था और उस समय अर्जुन ने ही तुम्हें बचाया था।

धृतराष्ट्र की बात सुनकर दुर्योधन ने कहा—'मेरी सेना में महारथी कर्ण अर्जुन से प्रभाव और पराक्रम में कम नहीं है।' धृतराष्ट्र ने उत्तर दिया—'कर्ण बेचारा तो हास्यास्पद है। इन्द्र ने उसका कवच ले लिया है। वह अर्धरथी और प्रमादी है। कपट द्वारा सीखे गये उसके अस्त्र भी विफल हो गये हैं अतः वह अर्जुन की क्या तुलना कर सकता है ?

इतने में शकुनि कहने लगा—'आप हम लोगों की भर्त्सना करने में समर्थ हैं।'

धृतराष्ट्र ने कहा—अरे शकुनि! द्यूतक्रीडा में दक्ष तू ने जो कर्म किया है, उसी का यह परिणाम है कि कौरव कुल की यह द्वेषाग्नि शिशु की आहुति के पश्चात् भी नहीं शांत हो रही है।

उसी समय शंख, पटह और सिंहनाद मिश्रित घोर शब्द सुनाई पड़ा और दुर्योधन ने उसके कारण का पता लगाने के लिए भट (जयत्रात) को पाण्डवों के शिविर में भेजा। भट ने जाकर और लौट कर बताया कि कृष्ण से वारम्वार प्रेरित होकर अर्जुन ने मृतपुत्र को गोद में लेकर प्रतिज्ञा की है कि जिस कौरव पक्षीय ने मेरे पुत्र का वध किया है और जो राजागण उससे सन्तुष्ट हुए हैं उन सबको मैं कल सूर्यास्त के पूर्व ही मार डालूँगा और यदि ऐसा न कर सका तो चितारोहण कर प्राण दे दूँगा।

यह सुन कर दुर्योधन आदि प्रसन्न हो कहते हैं कि द्रोणाचार्य की मन्त्रणा से ऐसा व्यूह रचा जायेगा कि अर्जुन जयद्रथ का पता न पा सकेंगे और चितारूढ़ हो जायेंगे। उनकी बात सुनकर धृतराष्ट्र कहते हैं कि चाहे तुम लोग पृथ्वी में समा जाओ, चाहे आकाश मण्डल में उड़ जाओ किन्तु कृष्ण द्वारा निर्दिष्ट अर्जुन के बाण तुम लोगों का पीछा सर्वत्र करेंगे।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इसी अवसर पर घटोत्कच वहाँ प्रवेश करता है और कहता है—'मैं हिडिम्बा-पुत्र घटोत्कच श्रीकृष्ण की आज्ञा से अपने गुरुजनों को जो अपने ही पाप कर्मों के कारण अब शत्रु हो गये हैं, देखने की इच्छा से आया हूँ। उसकी बात सुन कर दुर्योधन उसे अपने पास बुलाता है और निर्भय होकर श्रीकृष्ण का सन्देश सुनाने के लिए कहता है। पास पहुँच कर घटोत्कच धृतराष्ट्र को देख कर उसका अभिवादन करता है। धृतराष्ट्र उसके प्रति सहानुभूति प्रकट करते हैं। घटोत्कच भगवान् श्रीकृष्ण का सन्देश सुनाता है—'एक पुत्र अभिमन्यु के मरने से अर्जुन को जो इतना सन्ताप हुआ तो सौ पुत्रों के मारे जाने से आपको कितना कष्ट होगा अतः आप सम्पूर्ण सेना युद्ध से विरत कर दें।'

श्रीकृष्ण के इस सन्देश का मजाक उड़ाते हुए दुर्योधन ने कहा कि देवताओं के साथ मन्त्रणा करते-करते कृष्ण को मिथ्या गर्व हो गया है जो केवल अर्जुन के द्वारा सम्पूर्ण क्षत्रियमण्डल को मरा हुआ समझते हैं। इस पर घटोत्कच ने कहा कि आप लोगों को भी श्रीकृष्ण ने सन्देश दिया है, उसे सुन लीजिए। इस पर भर्त्सना करते हुए दुःशासन ने घटोत्कच से कहा—'क्षत्रियावमानिन ! जिस राजा की आज्ञा पृथ्वी के सारे राजा धारण करते हैं उसी के सामने किसी अन्य (अराजा) का सन्देश नहीं सुना जायगा। इस पर घटोत्कच श्रीकृष्ण का पराक्रम वर्णित कर उनका राजाधिराजत्व सिद्ध करते हुए कहता है कि अब निश्चित क्षत्रियों के विनाश से पृथ्वी हल्की हो जायगी। वह शकुनि की भी भर्त्सना करता है। दुर्योधन आवेश में कह बैठता है कि तुम्हें अपने मातृपक्ष के उग्ररूप का दर्प है तो हम भी राक्षसों के समान विकट स्वभाव वाले हैं।

इस पर घटोत्कच व्यङ्ग्यपूर्वक कहता है कि राक्षसों के समान क्या, राक्षसों से भी अधिक कठोर स्वभाव आप लोगों का है। दुर्योधन के साथ घटोत्कच का वाद-विवाद यहाँ तक बढ़ गया कि युद्ध की नौबत आ गयी। घटोत्कच ने उन सबों को युद्ध के लिए ललकारा। किसी तरह धृतराष्ट्र के प्रयत्न से विवाद शान्त हुआ। चलते समय घटोत्कच श्रीकृष्ण का अन्तिम सन्देश सुनाता है—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

धर्म का आचरण करो, अपने बान्धवों का समादर करो, जो कुछ तुम्हारी इच्छा हो सब कुछ इस पृथ्वी पर कर डालो। क्योंकि पाण्डवों के रूप में, हितकारी उपदेश की भाँति यमराज सूर्य की किरणों के साथ तुम्हारे पास आयेंगे।'

नाटक का नामकरण

अभिमन्यु के मरण के उपरान्त श्रीकृष्ण की आज्ञा से हिडिम्बा-पुत्र घटोत्कच श्रीकृष्ण का दूत बनकर कौरव-सभा में जाता है और सन्देश देता है। यद्यपि इस नाटक में घटोत्कच का प्रवेश लगभग आधे नाटक के समाप्त हो जाने पर होता है तथापि इस नाटक की सबसे मुख्य वस्तु दूत घटोत्कच का दौत्य ही है। नाटक का पूर्वार्द्ध इसी मुख्य वस्तु के लिए उचित पृष्ठभूमि तैयार करता है और नाटककार को दूत घटोत्कच का दौत्य प्रदर्शित करना ही अभीष्ट है, अतः नाटक का नामकरण 'दूत घटोत्कच' किया गया है।

मूल से अन्तर—महाभारत में घटोत्कच के दौत्य का निर्देश नहीं है। प्रस्तुत नाटक में घटोत्कच के दौत्य कर्म की कल्पना कवि के अपने मस्तिष्क की उपज है।

रूपक-प्रकार—यह नाटक रूपकों की किस श्रेणी में आता है—इस पर विचार करते हुए डॉ० ए० बी० कीथ का मत है कि यह नाटक 'व्यायोग' है। साहित्यदर्पण के अनुसार व्यायोग का लक्षण है—'ख्यातेतिवृत्तो व्यायोगः स्वल्पस्त्रीजनसंयुक्तः। हीनो गर्भविमर्शाभ्यां नरैर्बहुभिराश्रितः॥ एकाङ्कश्च भवेदस्त्रीनिमित्तसमरोदयः। कैशिकीवृत्तिरहितः प्रख्यातस्तत्र नायकः॥ राजर्षिरथ दिव्यो वा भवेद् धीरोद्धतश्च सः। हास्यशृङ्गारशान्तेभ्य इतरेऽत्राङ्गिनो रसाः॥' यह कहने की आवश्यकता नहीं कि कुछ अंशों में व्यायोग के लक्षण इस नाटक में घटित होते हैं। कीथ अपने मत के समर्थन में इस नाटक में अधिक अंशों में युद्ध की योजना और तत्सम्बन्धित वार्ता को मुख्य मानते हैं। इसके विपरीत पुसालकर महोदय इस नाटक को 'उत्सृष्टिकाङ्क' मानते हैं। साहित्यदर्पण के अनुसार 'उत्सृष्टिकाङ्क' का लक्षण है—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'उत्सृष्टिकाङ्क एकाङ्को नेतारः प्राकृता नराः ॥
रसोऽत्र करुणः स्थायी बहुस्त्रीपरिदेवितम् ।
प्रख्यातमितिवृत्तं च कविर्बुद्ध्या प्रपञ्चयेत् ॥
भाणवत्सन्धिवृत्त्यङ्गान्यस्मिञ्जयपराजयौ ।
युद्धं च वाचा कर्त्तव्यं निर्वेदवचनं बहु ॥'

इस नाटक में बुद्धिप्रपञ्चित प्रख्यातवृत्त, करुणरस, वाग्युद्ध तथा जयपराजय और बहुस्त्री परिदेवन आदि बातें पायी जाती हैं। अतः इसे 'उत्सृष्टिकाङ्क' के अधिक निकट पाकर अधिक विद्वान् 'उत्सृष्टिकाङ्क' मानते हैं। वास्तव में निश्चित रूप से इसे किसी एक कोटि में नहीं रक्खा जा सकता है।

सामान्य विशेषताएँ—डा० गणपति शास्त्री के अनुसार यह नाटक न सुखान्त है न दुःखान्त। इस नाटक में वीर तथा करुण रस का अद्भुत सम्मिलन है। घटोत्कच तथा दुर्योधनादि के कथोपकथन में वीर रस की झलक मिलती है और धृतराष्ट्र, गान्धारी और दुश्शला की उक्तियों से करुण-रस की धारा प्रवाहित होती है। प्रभाव की दृष्टि से करुण रस का प्रकर्ष अधिक है क्योंकि यहाँ वीररस करुण-मूलक ही है। दुःख एवं विषाद की घनी छाया पूरे नाटक में बराबर बनी हुई है।

यह नाटक भरत वाक्य के विना ही सहसा समाप्त हो जाता है अतः कुछ लोग इसे अपूर्ण मानते हैं। संभव है इसमें आगे भी कुछ अंश रहा हो किन्तु जहाँ तक नाटक के उद्देश्य की बात है वह पूर्ण सफल है।

डा० विन्तर नित्स और डा० पुसालकर ने इस नाटक के अन्तिम श्लोक के विषय में जो श्रीकृष्ण के सन्देश के रूप में हैं आशंका व्यक्त की है कि यह श्लोक संदर्भ से बाहर प्रतीत होता है। जो भी हो, श्लोक अपने स्थान पर नितान्त उचित है। यह ज्ञातव्य है कि घटोत्कच श्रीकृष्ण के तीन सन्देश लेकर वहाँ आया हैं—पहला धृतराष्ट्र के लिए, दूसरा दुर्योधन के लिए और तीसरा सब कौरवों के लिए।

भास ने अपने अन्य नाटकों की भाँति इसमें भी नाटकीय व्यङ्ग्य की उपस्थापना की है जो अत्यन्त कारुणिक है। अभिमन्यु के मारे जाने का समाचार सुनकर धृतराष्ट्र और गान्धारी दोनों शोकनिमग्न करुण विलाप

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कर रहे थे। वहीं पास में बैठी दुश्शला के मुख से सहसा अनजान में उसी के पक्ष में भयानक अमाङ्गलिक सत्य बचन निकल पड़ा—'जिसने इस समय बहू उत्तरा को वैधव्य दिया है उसने अपनी युवतियों को भी वैधव्य दिया है।' इसके बाद ही भट सूचित करता है कि अभिमन्यु को अनेक राजाओं ने मिल कर मारा है किन्तु उसका निमित्त जयद्रथ था। यह सुन कर धृतराष्ट्र शोकसन्तप्त होकर कहते हैं—'हन्त जयद्रथो निहतः।' उधर दुश्शला भी वैधव्य प्राप्ति की अनिवार्य संभावना से रो पड़ती है।

इस नाटक में धृतराष्ट्र के विषाद और दुर्योधनादि के हर्ष इन दो विरोधी भावों की सफल अभिव्यंजना हुई है। संवादों का चोटीलापन बढ़ते-बढ़ते उग्र रूप धारण कर लेता है, उसी समय भास कथानक में मोड़ लाकर उस प्रसंग को वहीं आगे बढ़ने से रोक देते हैं। धृतराष्ट्र और दुर्योधन के परुष वार्तालाप से परिस्थिति गम्भीर होते ही घटोत्कच के सहसा प्रवेश ने उसे संभाल लिया, अन्यथा भट के अनुसार आगे की घटना बड़ी ही भयंकर होती—

'क्रूरमेवं नरपतिं नित्यमुद्यतशासनम्।
यः कश्चिदपरो ब्रूयान्न तु जीवेत्स तत्क्षणम्॥ ३२॥

इसी प्रकार धृतराष्ट्र द्वारा शकुनि की भर्त्सना की जाने पर नेपथ्य में भूकम्प के साथ भारी ध्वनि होती है और सब का ध्यान उसी ओर आकृष्ट हो जाता है जिससे शकुनि को धृतराष्ट्र की कटूक्तियों का उत्तर देने का अवसर नहीं मिलता है और परिस्थिति की गम्भीरता वहीं शान्त हो जाती है।

अन्त में भी घटोत्कच और दुर्योधन आदि के बीच वार्तालाप बढ़ते-बढ़ते युद्ध तक की नौबत आ जाती है। क्रुद्ध घटोत्कच युद्ध के लिये चुनौती देने लगता है—

दष्टोष्ठो मुष्टिमुद्यम्य तिष्ठत्येष घटोत्कचः।
उत्तिष्ठतु पुमान् कश्चिद् गन्तुमिच्छेद् यमालयम्॥५०॥

बात बिगड़ती देख कर धृतराष्ट्र 'पौत्र घटोत्कच! मर्षयतु मर्षयतु भवान्। मद्वचनावगन्ता भव।'—अपनी अनुनयात्मक बातों से बात बना लेते हैं। भास की कला की भंगिमाएँ अत्यन्त उत्कृष्ट एवम् अनुपम हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इस नाटक में मानव-हृदय की आशाओं, आकांक्षाओं एवं दुर्बलताओं का सफलतापूर्ण यथार्थ चित्रण देखा जाता है। पात्रों के संवाद मार्मिक, नोक-झोंक के साथ अत्यन्त चुटीले हैं। धृतराष्ट्र दुर्योधन की भर्त्सना करते हुए कहते हैं कि एक निहत्थे बालक पर मिलकर प्रहार करते समय तुम सब के हाथ गिर क्यों नहीं गये। दुर्योधन तुरन्त सटीक उत्तर देता है----'यदि वृद्ध भीष्म को छल से मारते समय उन (पाण्डवों) के हाथ नहीं गिरे तो हमारे ही हाथ क्यों गिरें।' इसी प्रकार जब दुर्योधन घटोत्कच से कहता है----'तू अपने राक्षस स्वभाव पर उतर आया है तो हम सब भी राक्षसों की तरह व्यवहार कर सकते हैं।' घटोत्कच तुरन्त उत्तर देता है---'तुमलोग तो राक्षसों से भी क्रूरतर हो। तुम लोगों ने जैसा व्यवहार किया है वैसा तो राक्षस भी नहीं करते हैं।'

चरित्र-चित्रण

घटोत्कच—कवि ने घटोत्कच का चरित्र जो इस नाटक का प्रधान पात्र है, अत्यन्त उन्नत प्रदर्शित किया है। घटोत्कच के क्रूर राक्षसी स्वभाव की गन्ध भी इस नाटक में नहीं मिलती है। घटोत्कच में शालीनता और शिष्टता का हमें दर्शन होता है। वह धृतराष्ट्र को देखकर उनके ललित एवं गम्भीर व्यक्तित्व से श्रद्धावनत होकर प्रणाम करता है। उसे मर्यादा का भी सदैव ध्यान है, अतः धृतराष्ट्र को प्रणाम करते समय मर्यादा का सहसा ध्यान आ जाने से, पहले युधिष्ठिर आदि पाण्डवों का प्रणाम निवेदित करता है, उसके बाद अपना प्रणाम कहता है। श्रीकृष्ण का सन्देश सुनने के लिये आदर-भाव से आसन से उठते हुए धृतराष्ट्र को देखकर घटोत्कच शालीनता एवं शिष्टता के अनुरोध से कहता है—'न न न ? आसनस्थेनैव भवता श्रोतव्यो जनार्दनस्य सन्देशः।' घटोत्कच में निर्भीकता, स्वाभिमान और शौर्य कूट-कूटकर भरा हुआ है। उसमें वचन-विदग्धता भी है। वह श्रीकृष्ण के सन्देश की हँसी उड़ाने वाले दुर्योधन से निर्भीक होकर कहता है—

'हससि त्वमहं वक्ता प्रेषितश्चक्रपाणिना।
श्रावितं पार्थकर्मेदमहो युक्तं तवैव तु ॥ ३२ ॥'

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीकृष्ण को 'अराजा' कह कर उनकी अवमानना करने वाले दुश्शासन को भी घटोत्कच मुँह-तोड़ उत्तर देते हुए कहता है—'क्षत्रियों का विनाश अब समाप्त समझो। सौ राजाओं के वध से अब पृथिवी का भार हल्का हो जायगा।'

घटोत्कच शकुनि को भी खूब खरी-खोटी सुनाता है। अन्त में जब दुर्योधन कहता है कि तुम्हीं राक्षस नहीं हो, हम लोग भी राक्षस की तरह व्यवहार कर सकते हैं, उस समय घटोत्कच कहता है—आप लोग तो राक्षसों से भी निकृष्टतर हैं। राक्षस लाक्षागृह में सोये हुए भाइयों को नहीं जलाते हैं। वे अपनी भावज के सिरपर उस तरह हाथ नहीं लगाते। राक्षसों को तो स्मरण भी नहीं होगा कि कभी उन्होंने युद्ध क्षेत्र में अपने पुत्र को मारा हो।

जब दुर्योधन ने कहा—'तुम यहाँ दूत रूप में आये हो, युद्ध करने के लिए नहीं, अतः सन्देश लो और जाओ। हम दूत का वध नहीं करते।' इतना सुनते ही घटोत्कच का स्वाभिमान भड़क गया। उसका वीर-भाव उद्दीप्त हो उठा—मैं प्रत्यञ्चा के कट जाने से दुर्बल अभिमन्यु नहीं हूँ। मैं खड़ा हूँ। जिसे यमपुर जाना हो, आ जाय।' इस प्रकार इस नाटक में घटोत्कच का चरित्र सर्वथा समुज्ज्वल प्रदर्शित किया गया है।

धृतराष्ट्र—धृतराष्ट्र सुन्दर एवं गम्भीर व्यक्तित्व वाले श्रद्धेय पुरुष हैं। वृद्ध होने पर भी झुर्रियों का निशान तक नहीं है। कन्धे मांसल, पुष्ट एवं विशाल हैं।[1] धृतराष्ट्र का हृदय सात्त्विक भावों से ओत-प्रोत तथा छल-छद्म-ईर्ष्याद्वेष से रहित अत्यन्त समुज्ज्वल है। उन्हें गृह-कलह सर्वथा पसन्द नहीं। अभिमन्यु के मारे जाने का समाचार सुनकर धृतराष्ट्र कहते हैं—'ऐसा समाचार सुना कर किसने मेरे कानों को पीडित किया। सुनाने वाला सम्भवतः समझ रहा है कि यह मेरे लिए प्रिय होगा, इसीसे ऐसा अप्रिय समाचार कह रहा है। शिशुवध से हमारा वंश कलंकित हो चुका। यह अभिमन्यु वध की घोषणा नहीं, इस कलंकित वंश के क्षय की घोषणा है।'[2]

धृतराष्ट्र को अर्जुन आदि पाण्डवों की वीरता पर पूर्ण विश्वास है। श्रीकृष्ण के प्रति उनके हृदय में पूर्ण श्रद्धा है। वे उन्हें परमात्मा के रूप में

---

१. द्रष्टव्य श्लोक ३५। २. श्लोक ४।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मानते हैं। अभिमन्युवध से सन्तप्त अर्जुन दुर्योधन आदि का अवश्य विनाश कर डालेगा। इस विनिश्चय से धृतराष्ट्र जलाञ्जलि देने तक की तैयारी करने लगते हैं---

'अद्यैव दास्यामि जलं हतेभ्यः स्वेनापराधेन तवात्मजेभ्यः।'

प्रसन्न दुर्योधन आदि के प्रणाम करने पर धृतराष्ट्र आशीर्वाद नहीं देते। कारण पूछने पर कहते हैं---'कृष्ण और अर्जुन के हृदयरूप सुभद्रानन्दन का वध होने पर तुम लोग जीवन से पराङ्मुख हो गये हो, तुम लोगों को आशीर्वाद क्या दूँ।[1] अरे! सौ पुत्रों के बीच में उनसे भी अधिक प्यारी केवल एक कन्या दुश्शला थी, वह भी तुम भाइयों की कृपा से वैधव्य प्राप्त करेगी।[2]

धृतराष्ट्र तरह-तरह से दुर्योधन आदि की भर्त्सना करते नहीं थकते एक निरस्त्र बालक पर मिलकर प्रहार करते समय तुम लोगों की भुजाएँ गिर क्यों न गयीं?[3] कुछ भी करो, तुम सब चाहे धरणी में प्रविष्ट हो जाओ, चाहे आकाश में उड़ जाओ किन्तु कृष्ण द्वारा निर्दिष्ट अर्जुन के बाण तुम्हें छोड़ेंगे नहीं।[4]

धृतराष्ट्र दरबार में आये घटोत्कच को बड़े स्नेह से बुलाते हैं। वे समवेदना प्रकट करते हुए कहते हैं---'जो भाई की मृत्यु से तुम्हारी आत्मा दुखित है यह केवल तुम्हारे ही शोक का विषय नहीं है, अपितु मेरा भी मन दुखी हैं। तुम इस बात को नहीं समझते हो, मैं अपने पुत्रों के अपराध से कर्दथित किया गया हूँ।[5] श्रीकृष्ण का सन्देश सुनने के लिए धृतराष्ट्र का आदरभाव से आसन छोड़कर उठ खड़ा होना श्रीकृष्ण के प्रति उनकी श्रद्धा एवं सदाशयता का द्योतक है। घटोत्कच के उत्तेजित होने पर शान्तिप्रिय धृतराष्ट्र अपने सूनृत-वचन से शान्त करते हैं।

दुर्योधनादि—

इस नाटक में दुर्योधन, दुःशासन और शकुनि का चरित्र जैसा प्रसिद्ध है वैसा ही दिखाया गया है। ये सब अत्यन्त अभिमानी तथा क्रूर प्रदर्शित किये गये हैं। प्रत्येक प्रसंग में गर्व-पूर्ण वचन ही बोलते हैं। अभिमन्यु के मारे

---

१. श्लोक १५। २. श्लोक १६। ३. श्लोक १७। ४. श्लोक ३१। ५. श्लोक ३६।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जाने पर दुर्योधन प्रसन्न होकर कहता है—'अभिमन्यु के वध से हमारा विरोध दृढ़ हो गया, शत्रुओं की विजय डगमगा गयी, कृष्ण का गर्व विनष्ट हो गया तथा हमें पूर्णरूप से विजय की प्राप्ति के साथ-साथ यश भी प्राप्त हुआ।'[1]

दुःशासन भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहता है—'जयद्रथ की सेना ने शत्रु-सैन्य पर आक्रमण कर पाण्डवों को रोक दिया। सैकड़ों शराघातों से दूसरे अर्जुन-सुभद्रा पुत्र का संहार कर, हम सब ने, पहिले जो भीष्मपितामह की मृत्यु से दुःखी हुए थे, आज युद्ध में इन पाण्डवों के हृदय में पुत्र वध के कारण तीखे शोकरूपी बाण चुभो दिये'[2]

शकुनि भी अपने हृदय का उद्गार व्यक्त करता है—'आज जयद्रथ ने रणक्षेत्र में राजाओं की आशा से अधिक अपना पराक्रम दिखाया जो इन्होंने युद्ध में बलात् पाण्डवों के पुत्र अभिमन्यु के साथ-साथ उनके अप्रतिम यश का हरण किया।'[3] जब धृतराष्ट्र कहते हैं कि एक निहत्थे बालक पर मिल कर प्रहार करते समय तुम लोगों की भुजाएँ गिर क्यों नहीं गयी—उस समय दुर्योधन भीष्म पितामह का वध और अभिमन्यु की हत्या को समान समझता हुआ कहता है—'बूढ़े भीष्म को कपट से मार कर जब उन लोगों की भुजाएँ नहीं गिरीं तो तरुण पुरुष के समान पराक्रम वाले उस बालक को मारने पर हम लोगों की भुजाएँ कैसे गिरेंगी।[4]

दुर्योधन आदि अर्जुन की प्रतिज्ञा सुनकर अपने को प्राप्तकाम समझकर प्रसन्न होते हैं। धृतराष्ट्र द्वारा अर्जुन के पराक्रम का स्मरण कराने तथा बार-बार भर्त्सना करने पर भी उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। घटोत्कच के जाते समय भी दुर्योधन श्रीकृष्ण के लिये अपने स्वभाव के ही अनुकूल गर्व-मिश्रित ही सन्देश देता है—'व्यर्थ क्यों जल्पना करते हो, हम सब तुम्हारे परुष-वचनों से विजित नहीं होंगे। तुम पाण्डवों के साथ रहना और मैं सैकड़ों क्षत्रियों से युक्त निरन्तर बाण-प्रहार के द्वारा तुम्हारे वचन का उत्तर दे दूँगा।'[5]

—*×*—

---

१. श्लोक ११। २. श्लोक १२। ३. श्लोक १३। ४. श्लोक १८। ५. श्लोक ५१।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पात्र-परिचय

पुरुष पात्र

१. धृतराष्ट्र — दुर्योधन का पिता।

२. भट — जयत्रात नामक समाचार वाहक।

३. दुर्योधन — धृतराष्ट्र का ज्येष्ठ पुत्र, कुरुराज।

४. दुःशासन — दुर्योधन का छोटा भाई।

५. शकुनि — दुर्योधन का मामा।

६. घटोत्कच — हिडिम्बा (राक्षस-कन्या) में भीम से उत्पन्न पुत्र, जो दूत बन कर उपस्थित हुआ है।

स्त्री पात्र

१. गान्धारी — दुर्योधन की माता।

२. दुःशला — दुर्योधन की बहिन, जयद्रथ की पत्नी।

३. प्रतिहारी — द्वारपालिका।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भासनाटकचक्रे

दूतघटोत्कचम्

'कल्याणी' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

प्रथमोऽङ्कः

(नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः ।)

---

* कल्याणी *

नीलाम्बुदाभाय मनोहराय परात्मने गो-द्विजपालकाय ।
ब्रह्मादिसेव्याय दयापराय नमोऽस्तु कृष्णाय जनार्दनाय ॥

अथ तत्रभवान् कविताकामिनीहासो महाकविर्भासो नटैः स्वानुष्ठितवाद्य-वादनादिरूपया नान्द्या रङ्गसामाजिकवृन्दे ह्युन्मुखीकृते सति, निर्विघ्नं चिकीर्षितग्रन्थसमाप्तये, तस्य सानन्दाभिनयसम्पत्तये, सामाजिकानामानुषङ्गिक-मङ्गलसिद्धये च शिष्टाचारज्ञापितस्मृतितर्कित-श्रुतिबोधितकर्त्तव्यताकमाशीर्वादा त्मकं स्वरचितं नान्द्यात्मकं मङ्गलं सूत्रधारमुखेन पाठयितुं ततो नाटकीयकथा-वस्तूपक्षेपं कारयितुं च रङ्गमञ्चे सूत्रधारं प्रवेशयन्निर्दिशति—नान्द्यन्त इति । नान्द्यन्ते—नान्दी = आनकः ('दुन्दुभिस्त्वानको भेरी भम्भा नासूश्च नान्द्यपि' इति वैजयन्ती), नान्द्याः, उपलक्षणत्वाद् वाद्यान्तराणामपि अन्ते = अवसाने (भावे सप्तमी) । ततः = तदनन्तरम्, वाद्यनादनादिरूपनान्दीसमापनानन्तर-मेवेत्यर्थः, क्रियान्तरेण कालक्षेपमकृत्वेति भावः । 'ततः' इति पदेन नान्दी-समापनसूत्रधारप्रवेशक्रिययोर्मध्ये क्रियान्तराभावो द्योत्यते, अन्यथा 'नान्द्यन्ते' इति भावे सप्तम्यैव सूत्रधारप्रवेशक्रियाभावावगमात् 'ततः' इति पदस्य वैयर्थ्यं प्रसज्येत । 'नान्दी' इति पदेनात्र वाद्यवादनरूपैव नान्दी ग्राह्या, न तु कवि-रचिता 'आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात्प्रयुज्यते । देवद्विजनृपादीनां तस्मान्ना-

---

(वाद्यवदानात्मक : नन्दी के समाप्त होने पर उसके बाद ही सूत्रधार प्रवेश करता है ।)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

सूत्रधारः—

नारायणस्त्रिभुवनैकपरायणो वः
पायादुपायशतयुक्तिकरः सुराणाम् ।

न्दीति संज्ञिता ॥'—इति लक्षणलक्षिता मङ्गलश्लोकपाठात्मिका नान्दी तस्याः सत्काव्यरूपतया रङ्गप्रयोज्यत्वेन सूत्रधारादेः कस्यचित्प्रवेशं विना प्रयोक्तुमशक्यत्वात् । प्रविशति = रङ्गमञ्चे समागच्छति । सूत्रधारः—सूत्रं धारयतीति सूत्रधारः (कर्मण्यण्) प्रधानन्ट. । "वर्णनीयं कथासूत्रं प्रथम येन सूच्यते । रङ्गभूमिं समाक्रम्य सूत्रधारः स उच्यते ॥" इति तल्लक्षणम् । भरतस्त्वाह — "नाट्योपकरणादीनि सूत्रमित्यभिधीयते । सूत्रं धारयतीत्यर्थे सूत्रधारो निगद्यते ॥" इति ॥

नाटकग्रन्थप्रारम्भे कविनिबद्धां मङ्गलपद्यरूपामाशीर्वादात्मिकां नान्दीं सूत्रधारः पठति—नारायण इति । त्रिभुवनैकपरायणः - त्रयाणां भुवनानां समाहारः त्रिभुवनम् [समाहारद्विगुः, 'पात्राद्यन्तस्य न' इति वार्त्तिकेन 'अकारान्तोत्तरपदोद्विगुः स्त्रियामिष्टः' इति प्राप्तस्य स्त्रीत्वस्य निषेधे 'स नपुंसकम्' इति नपुंसकत्वम् ।] त्रिभुवने = त्रैलोक्ये, लक्षणया त्रैलोक्यप्राणिरक्षणे इत्यर्थः एकः = प्रधानः, परायणः = तत्परः । एतेन नारायणस्य विष्णुत्वेन जगत्पालनहेतुत्वं सूचितम् । सुराणाम् = देवानां, विजयायेति भावः । उपायशतयुक्तिकरः- उपायानाम् = कूटोद्योगानाम्, शतानि = शतसङ्ख्यकानि, तेषाम् युक्तिः = योजना, तां करोतीति तथोक्तः, विविधकूटनीतिप्रयोगेणासुरान् संहृत्य देवानां विजयप्रद इत्यर्थः । एतेन नारायणस्य सुरहितकारित्वं सूचितम् । लोकत्रयाविरत०—त्रयोऽवयवा यस्य तत् त्रयम् ['संख्याया अवयवे तयप्' इति तयप् तद्धितप्रत्ययः । 'द्वित्रिभ्यां तयस्यायज्वा' इति तयस्यायजादेशः ।] लोकानां त्रयमिति लोकत्रयम् (षष्ठीसमासः) । त्रयाणां लोकानां समुदाय इति यावत् । लोकत्रयस्य = त्रिभुवनस्य ('लोकस्तु भुवने जने, इत्यमरः ।) अविरतम् = सततम्, अभिनीयमानमिति भावः, यन्नाटकम् तस्य तन्त्रम् = कला, तस्य यद् वस्तु =

सूत्रधार—तीनों लोकों (प्राणियों की रक्षा) में मुख्यतया तत्पर, देवों के (विजयार्थ) सैकड़ों उपायों की योजना करने वाले तथा तीनों लोकों के

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लोकत्रयाविरतनाटकतन्त्रवस्तु-
प्रस्तावनाप्रतिसमापनसूत्रधारः ॥ १ ॥

(परिक्रम्य) एवमार्यमिश्रान्विज्ञापयामि। अये किं नु खलु मयि विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते। अङ्ग पश्यामि।

कथावस्तु, तस्य प्रस्तावना = स्थापना, समापनम् = उपसंहारश्च, तस्य सूत्रधारः = प्रधाननटः. जगतामुत्पादकः संहारकश्चेति भावः। एतेन नारायणस्य ब्रह्मरूपत्वेन जगद्विधातृत्वं, रुद्रत्वेन च जगत्संहारकत्वं च सूचितम्। नारायणः— नाराः = आपः, अयनं यस्य स तथोक्तः, विष्णुरित्यर्थः। ["आपो नारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः। ता यदस्यायनं पूर्वं तेन नारायणः स्मृतः ॥" इति मनुस्मृतिः (१।१०)] क्षीरसागरवासीत्यर्थः। वः = युष्मान् (सामाजिकान्)। पायात् = रक्ष्यात् (पा रक्षणे धातोराशिषि लिङ्)। यो नारायणो विष्णुरूपेण त्रैलोक्यं पालयति, ब्रह्मरूपेण जगन्ति सृजति, रुद्ररूपेण च संहरति, यश्च विविधकूटनीतिप्रयोगेण देवैरसुरान् संहार्य तान् विजयिनः कुर्वन्ति, स नारायणो युष्माकं (सामाजिकानान्) सर्वतो रक्षां क्रियात् इति सरलार्थः। वसन्ततिलकं वृत्तम् 'उक्तं वसन्ततिलकं तभजा जगौ गः' इति तल्लक्षणात् ॥ १ ॥

परिक्रम्येति। परिक्रम्य = अभिनयविशेषं कृत्वा, कानिचित् पदानि संचर्येत्यर्थः। एवम् = ईदृशम्। आर्यमिश्रान्—आर्याश्च ते मिश्राः इति आर्यमिश्राः = महानुभावाः, तान्। मिश्राः = आदरणीयाः। आर्यलक्षणं च--"कर्त्तव्यमाचरन् कार्यमकर्तव्यमनाचरन्। तिष्ठति प्रकृताचारे स वा आर्य इति स्मृतः ॥" इति। विज्ञापयामि = सूचयामि। अये = विस्मयद्योतकमव्ययपदम्। मयि = सूत्रधारे इत्यर्थः। विज्ञापनव्यग्रे—विज्ञापनम् = सूचनम्, तत्र व्यग्रः = साभिप्रायं व्यस्तः, तस्मिन् (भावे सप्तमी)। अङ्ग=भो ("सम्बोधनार्थकाः

सतत (अभिनीयमान) नाटक की कला-सम्बन्धी कथा वस्तु की प्रस्तावना एवम् उपसंहार के सूत्रधार नारायण आप लोगों की रक्षा करें ॥ १ ॥

(घूमकर) आप महानुभावों को ऐसा सूचित करता हूँ। अरे! क्या बात है! मेरे सूचना देने में व्यस्त होते ही शब्द-सा सुनाई दे रहा है। अच्छा देखता हूँ (क्या बात है)।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(नेपथ्ये ।)

भो भो निवेद्यतां निवेद्यतां तावत् !

सूत्रधारः—भवतु ! विज्ञातम् । एष खलु संशप्तकानीकनिवाहिते जनार्दनसहाये धनञ्जये तदनन्तरमुपगतभीष्मवधामर्षितैर्धार्तराष्ट्रैः परिवार्य निपातितः कुमारोऽभिमन्युः । तथाहि—

यान्त्यर्जुनप्रत्यभियानभीता यतोऽर्जुनस्तां दिशमीक्षमाणाः ।

स्युः प्याट्पाडङ्ग हे है भोः:" इत्यमरः) । नेपथ्ये = कुशीलवकुटुम्बस्य स्थानं नेपथ्यं तत्र ।

सूत्रधार इति । संशप्तकानीकनिवाहिते—संशप्तकाः = सम्यक् शप्तमङ्गीकारो येषां ते (समासान्तः कप्) । त्रिगर्तराजपुत्राः सुशर्मादयः इत्यर्थः । तेषामनीकैः = सैन्यैः, निवाहिते = सुदूरमपनीते । जनार्दनसहाये = सकृष्णे इत्यर्थः । धनञ्जये = अर्जुने (भावे सप्तमी) । उपगतभीष्मवधामर्षितैः-उपगतः = घटितः यो भीष्मस्य = भीष्मपितामहस्य वधः, तेन अमर्षितैः = संजातक्रोधैः । धार्तराष्ट्रैः—धृतराष्ट्रस्य अपत्यानि पुमांसः धार्तराष्ट्राः = दुर्योधनादयः ('तस्यापत्यम्' इति अपत्यार्थे अण् तद्धितप्रत्ययः ।) तैः परिवार्य = सर्वत आच्छाद्य । निपातितः = हतः । कुमारः = राजकुमारः । अभिमन्युः = तन्नामा अर्जुनपुत्रः ।

यान्तीति । सूत्रधारः कोलाहलहेतुं निरूपयति—यान्तीति । अर्जुनप्रत्यभियानभीताः—अर्जुनस्य प्रत्यभियानम् = वैरशोधनार्थमाक्रमणम्, तस्माद् भीताः= भयाकुलाः । यतः = यया दिशा अर्जुनः (गत इति शेषः) तां दिशम् ईक्षमाणाः = पश्यन्तः, परावर्तत अर्जुनो न वेति विलोकयन्त इति भावः । सौभद्रवाणाङ्कित-

---

(नेपथ्य में)

अजी-अजी, निवेदन किया जाय निवेदन किया जाय ।

सूत्रधार—अच्छा, समझ गया । निश्चय यह संशप्तकों की सेनाओं द्वारा कृष्ण समेत अर्जुन को दूर ले जाये जाने पर, उसके बाद, भीष्मपितामह के हुए वध के कारण कुपित धृतराष्ट्र के पुत्रों के द्वारा अभिमन्यु चारों तरफ से घेरकर मार डाला गया । इसी लिए—

सुभद्रा के पुत्र (अभिमन्यु) के बाणों से क्षत-विक्षत अतएव हतचेतन

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

नराधिपाः स्वानि निवेशनानि सौभद्रबाणाङ्कितनष्टसंज्ञाः ॥ २ ॥

(निष्क्रान्तः)

स्थापना ।

(ततः प्रविशति भटः ।)

भटः - भो भो ! निवेद्यतां तावत्पुत्रशतश्लाध्यबान्धवाय विज्ञान-

---

नष्टसंज्ञाः—सौभद्रः—सुभद्राया अपत्यंपुमान् सौभद्रः (अपत्यार्थे अण्, ढक्प्रत्ययोऽपि भवति तदा 'सौभद्रेय' इत्यपि) अभिमन्युः, तस्य बाणैः अङ्किताः = क्षतविक्षता इत्यर्थः, अत एव नष्टा संज्ञा = चेतना येषां तथाभूताः अभिमन्युना बाणैर्दुरवस्थां प्रापिता इति भावः । नराधिपाः—अधिकं पान्ति इति अधिपाः (आतश्चोपसर्गे' इति कः, 'आतोलोप इटि च' इति आकारलोपः) नराणाम् अधिपाः इति नराधिपाः = राजानः । स्वानि = स्वकीयानि । निवेशनानि = शिविराणि (निविशन्तेऽस्मिन्निति निवेशनम्, नि + √विश् + ल्युट्, कृत्यल्युटोबहुलम्) यान्ति=गच्छन्ति । इन्द्रवज्रोपेन्द्रवज्रयोर्मिश्रणादुपजातिर्वृत्तम् ॥२॥

इति स्थापना (प्रस्तावना)

भट इति । भटः = सैनिकः । पुत्रशतश्लाध्यबान्धवाय—पुत्राणां शतम् इति पुत्रशतम् । पुत्रशतं च श्लाध्याः = सुयोग्याः बान्धवाश्च = सम्बन्धिनो मित्राणि च यस्य तस्मै, शतपुत्रश्लाध्यबान्धवयुक्तायेत्यर्थः । विज्ञानविस्तारित०—विज्ञानेन = प्रज्ञया विस्तारितौ विस्तारं गमितौ विनयाचारौ विनयः सदाचारश्च, तावेव दीर्घे = विशाले, चक्षुषी = नेत्रे यस्य तस्मै । प्रज्ञावर्धितविनयाचाररूपविशालनेत्रसम्पन्नायेत्यर्थः ।

राजा लोग, अर्जुन के पुनः आक्रमण से डरे हुए, जिधर अर्जुन गये हैं, उसी दिशा की ओर देखते हुए, अपने शिविरों को जा रहे हैं ॥ २ ॥

(चला गया)

इस प्रकार स्थापना (प्रस्तावना) समाप्त हुई ।

(तदनन्तर भट प्रवेश करता है ।)

भट - अजी अजी ! सौ पुत्रों तथा प्रशस्य बान्धवों से युक्त, प्रज्ञा से

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विस्तारितविनयाचारदीर्घचक्षुषे महाराजाय धृतराष्ट्राय । एष खलु
योधस्यन्दनवाजिवारणवधैर्विक्षोभ्य राज्ञां बलं
बालेनार्जुनकर्म येन समरे लीलायता दर्शितम् ।
सौभद्रः स रणे नराधिपशतैर्वेगागतः सर्वशः
खे शक्रस्य पितामहस्य सहसैवोत्सङ्गमारोपितः ॥ ३ ॥

भटो धनञ्जयपुत्रस्य शौर्यं वर्णयन् तन्मरणं निवेदयति—योधस्यन्दनेति । योधानाम् = सैनिकानाम्, स्यन्दनवाजिनाम् = रथाश्वानाम्, वारणानां च = गजानां च, वधैः = हननैः । राज्ञाम् = नृपाणाम्, बलम् = सैन्यम्, विक्षोभ्य = विक्षुब्धं कृत्वा, येन बालेन = बाल्यावस्थायुक्तेन अभिमन्युना । लीलायता = क्रीडां कुर्वता । समरे = युद्धे । अर्जुनकर्म–अर्जुनस्य कर्म दर्शितम् = प्रकटीकृतम्, अर्जुनेनेव तेन शत्रुविनाशः कृत इति भावः । रणे = संग्रामे । सः = तादृशो वीरः । सौभद्रः = अभिमन्युः । नराधिपशतैः = असंख्यनृपतिभिः । वेगागतैः— वेगेन = त्वरया, आगतैः = संप्राप्तैः । सर्वशः = सर्वतः । खे = स्वर्गे । पितामहस्य = पितुः = अर्जुनस्य पिता = पितामहः इन्द्रः तस्य । उत्सङ्गम् = अङ्कम् । सहसैव = झटित्येव । आरोपितः = स्थापितः । सहसा सर्वतो विनिपत्यासंख्यनृपैरभिमन्युर्हत इति भावः ।

अर्जुनकर्म दर्शितमित्यत्रार्जुनकर्म सदृशं कर्मेति बोधनादसम्भवद्वस्तुसम्बन्धनिदर्शनाऽलङ्कारः । 'नराधिपशतैरभिमन्युर्हतः" इति गम्यार्थस्यैवोक्तिवैचित्र्यपूर्वकमभिधानात् पर्यायोक्तालङ्कारश्च । द्वयोर्नैरपेक्ष्येण संस्थितेः संसृष्टिः । शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम्, तल्लक्षणं च यथा—'सूर्याश्वैर्यदि मः सजौ सततगाः शार्दूलविक्रीडितम्' । इति ॥ ३ ॥

विस्तार को प्राप्त विनय-सदाचार रूप विशाल नेत्रों वाले महाराज धृतराष्ट्र से निवेदन किया जाय । यह—

सैनिकों के रथों के घोड़ों तथा हाथियों के विनाश से जिस बालक ने क्रीडा करते हुए (अनायास) युद्ध में अर्जुन का-सा कर्म प्रदर्शित किया, वह सुभद्रा का पुत्र (अभिमन्यु) युद्ध में चारों ओर से वेगपूर्वक आये हुए सैकड़ों नृपों के द्वारा सहसा ही स्वर्ग में (अपने) पितामह (इन्द्र) की गोद में बैठा दिया गया ॥ ३ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(ततः प्रविशति धृतराष्ट्रो गान्धारी दुःशला प्रतिहारी च ।)

धृतराष्ट्रः—कथं नु भोः !

केनैतच्छ्रुतिपथदूषणं कृतं मे
कोऽयं मे प्रियमिति विप्रियं ब्रवीति !
कःऽस्माकं शिशुवधपातकाङ्कितानां
वंशस्य क्षयमवघोषयत्यभीतः ॥ ४ ॥

तत इति । गान्धारी=तन्नाम्नो धृतराष्ट्रभार्या दुर्योधनजननी च । दुःशला=धृतराष्ट्रपुत्री, दुर्योधनभगिनी जयद्रथपत्नी च । प्रतीहारी = द्वारपालिका ।

अभिमन्युवधं श्रुत्वा धृतराष्ट्रः सशोककोधमाह—केनैतदिति ।

केन = केनजनेनेत्यर्थः । एतत् = सौभद्रो हतः इत्येतद्वचो विश्राव्येतिभावः । मे = मम, धृतराष्ट्रस्येत्यर्थः । श्रुतिपथदूषणम् = श्रुत्योः = कर्णयोः 'पन्थाः इति श्रुतिपथः कर्मविवरमित्यर्थः ('ऋक्पूरब्धूः पथामानक्षे' इति अप्रत्ययः समासान्तः) तस्य दूषणम् = आघातः । कृतम् = विहितम् । सौभद्रो हतः इति वृतान्तं विश्राव्य केन मम कर्णावाहताविति भावः । कोऽयम् = अयं को जनः ? यो मे = मम, प्रियम् = अभीष्टम् इति (मत्वा) विप्रियम् = अनिष्टम् । ब्रवीति = वदति । कः = को जनः इत्यर्थः, शिशुवधपातकाङ्कितानाम्—शिशुः = बालः, अभिमन्युरित्यर्थः, तस्य वध एव पातकः तेन अङ्किताः = लाञ्छिताः, तेषाम्, अस्माकम् = कौरवाणामित्यर्थः, वंशस्य क्षयम् = विनाशम् । अभीतः = निर्भीकः सन् । अवघोषयति = ऊच्चैर्वदति, सर्वत्र प्रसारयतीत्यर्थः । अभिमन्युवधवृत्तान्तं श्रुत्वा मे कर्णकुहरे नितरां पीडिते एतादृशवृत्तान्तश्रवणेन मम कर्णौ ह्यपवित्रावभूताम्, एतच्छ्रवणमपि पापं मन्ये । ममेदं प्रियं भवेदिति मत्वैवायं जन इमं वृत्तान्तम् श्रावयत्, स तु न जानाति यन्नितरामप्रियमेतन्मे । एतद्वृत्तान्तश्रावणेनायं निर्भीको जनोऽस्मान् शिशुवधपापलाञ्छितान्, अस्माकं वंशोच्छेदं चावघोषयति । यद्यभिमन्युर्हतस्तर्हि कौरवानां नाशो विनिश्चित इति धृतराष्ट्रोक्ते-

---

(तदन्तर धृतराष्ट्र, गान्धारी, दुःशला तथा प्रतिहारी का प्रवेश)

धृतराष्ट्र—अजी, (यह) कैसे !

किसने मेरे कर्णपथ को यह दूषित किया ? यह कौन मेरा प्रिय समझ कर

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गान्धारीः—महाराअ ! अत्थि उण जाणीअदि केवलं पुत्तसंखअकारओ कुलविग्गहो भविस्सदि त्ति । [महाराज ! अस्ति पुनर्ज्ञायते केवलं पुत्रसंक्षयकारकः कुलविग्रहो भविष्यति ।]

धृतराष्ट्रः—गान्धारि ! ज्ञायते ।

गान्धारी—महाराअ कदा णु खु ! [महाराज कदा नु खलु ।]

धृतराष्ट्रः—गान्धारि ! शृणु—

अद्याभिमन्युनिधनाज्जनितप्रकोपः
सामर्षकृष्णधृतरश्मिगुणप्रतोदः ।

राशयः । प्रहर्षिणी वृत्तम्, तल्लक्षणं यथा— 'आशाभिर्मनजरगाः प्रहर्षिणीयम् ।' इति ॥ ४ ॥

गान्धारीति । केवलम् = फलान्तरशून्यमित्यर्थः । कुलविग्रहः = कौरवपाण्डवयुद्धम् । धृतराष्ट्र इति । ज्ञायते (मयापीति शेषः) अयं कुलविग्रहः पुत्रसंक्षयकारक एव भविष्यति इत्यहमपि जाने इति धृतराष्ट्रोक्तेराशयः ।

गान्धारीति । कदा = कस्मिन् समये । तादृशस्य युद्धस्य सम्भावना कदा ? इति गान्धारीप्रश्नस्याशयः ।

धृतराष्ट्रः । कुलविग्रहस्य स्वरूपं प्रतिपादयति—अद्याभिमन्युनिधनादिति । अद्य = अस्मिन् दिने, अभिमन्युनिधनात् = स्वपुत्रस्याभिमन्योर्विनाशात् । जनितप्रकोपः— जनितः = उत्पादितः, कोपः = क्रोधः यस्य स तथोक्तः, प्रकुपित इत्यर्थः । सामर्षकृष्ण०—सामर्षम् = सकोपं यथा स्यात्तथा, कृष्णेन धृतौ =

अप्रिय कथन कर रहा है ? कौन निर्भय होकर शिशु (अभिमन्यु) के वधरूप पाप से लाञ्छित हमारे वंश के विनाश की घोषणा कर रहा है ? ॥ ४ ॥

गन्धारी—महाराज, तथ्य यह है कि (कौरव और पाण्डव) दो कुलों का विग्रह केवल पुत्रों के विनाश का हेतु होगा, ऐसा मालूम हो रहा है ।

धृतराष्ट्र—गान्धारी ! (मैं भी) समझता हूँ ।

गान्धारी—महाराज कब (ऐसी सम्भावना है) ?

धृतराष्ट्र—गान्धारी ! सुनो,

अब अभिमन्यु के वध से अत्यन्त कुपित, और क्रुद्ध कृष्ण के द्वारा गृहीत रश्मिरज्जु (लगाम) तथा चाबुक वाला अर्जुन अपने उग्र धनुष (गाण्डीव)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पार्थः करिष्यति तदुग्रधनुः सहायः
शान्तिं गमिष्यति विनाशमवाप्य लोकः ॥ ५ ॥

गान्धारी—हा वच्छ अभिमञ्जो ! ईसिसे वि णाम पुरुसखअकारए कुलविग्गहे वत्तमाणे वालभावणिमज्जणं अम्हाणं भग्गकमेण करअंतो कहिं दाणिं पोत्तअ ! गदोसि । [हा वत्स अभिमन्यो ! ईदृशेऽपि नाम पुरुषक्षयकारके कुलविग्रहे वर्तमाने बालभावनिमज्जनमस्माकं भाग्यक्रमेण कुर्वन् कुत्रेदानीं पौत्रक ! गतोऽसि ।]

गृहीतौ, रश्मिगुणः = वल्गा, प्रतोदः = कशा च यस्य सः । उग्रधनुःसहायः—उग्रम् = कठोरम्, धनुः = गाण्डीवम्, सहायः यस्य सः । पार्थः = पृथा = कुन्ती तस्याः पुत्रः, अर्जुन इत्यर्थः । तत् तत् कर्म, करिष्यति (येन) लोकः = समस्तलोकः । विनाशमवाप्य = विनष्टो भूत्वा । शान्तिं गमिष्यति = प्रकृतिस्थो भविष्यति । सर्वाञ्छत्रून् विनाश्य लोके शान्तिं स्थापयिष्यतीत्यर्थः । वसन्ततिलकं वृत्तम् । तल्लक्षणं तु प्रागेवोक्तम् ॥ ५ ॥

गान्धारीति । ईदृशेऽपि = अनर्थकारिणि इत्यर्थः । नामेति निन्दायाम् । पुरुषक्षयकारके—पुरुषाणाम् = वीरजनानामित्यर्थः क्षयम् = विनाशं करोतीति तस्मिन् वर्तमाने = प्रवर्तमाने इत्यर्थः, कुलविग्रहे = कौरवपाण्डवयुद्धे । बालभावनिमज्जनं कुर्वन्—बालभावात् = बाल्याद्धेतोः निमज्जनम्—सम्यक् प्रवेशमित्यर्थः, कुर्वन् । अस्माकं भाग्यक्रमेण = भाग्यदोषेणेत्यर्थः । पौत्रक—पुत्रस्यापत्यं पुमान् पौत्रः (अपत्यार्थेऽण्) अनुकम्पितः पौत्रः इति पौत्रकः, तत्सम्बुद्धौ हे पौत्रक ! ('अनुकम्पायाम्' ५।३।७६ इति सूत्रेण अनुकम्पायुक्तार्थाभिधायिनः पौत्रशब्दात् स्वार्थे कः तद्धितप्रत्ययः ।)

की सहायता से वह (शौर्य) करेगा (जिससे) समस्त लोक विनष्ट होकर शान्ति को प्राप्त होगा ॥ ५ ॥

गान्धारी—हाय वत्स अभिमन्यु ! हमारे भाग्य दोष के कारण, हो रहे नरसंहारक कुल-विग्रह में तुम बाल-भाव के कारण प्रवेश कर, हे प्रिय पौत्र ! अब कहाँ चले गए ?

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दुःशला - जेण दाणिं वहूए उत्तराए वेधव्वं दाइदं, तेण अत्तणो जुवदिजणस्स वेधव्वमादिट्ठं। [येनेदानीं वध्वै उत्तरायै वैधव्यं दत्तं, तेनात्मनो युवतिजनाय वैधव्यमादिष्टम् ।]

धृतराष्ट्रः—अथ केनैष व्यसनार्णवस्य सेतुबन्धः कृतः ।

भटः—महाराज ! मया ।

धृतराष्ट्रः—को भवान् ।

भटः—महाराज ! ननु जयत्रातोऽस्मि ।

धृतराष्ट्रः—जयत्रात !

केनाभिमन्युर्निहतः कस्य जीवितमप्रियम् ।

येन - पुरुषेण । इदानीम् = संप्रति । वध्वै उत्तरायै = अभिमन्युभार्यायै उत्तरायै (संप्रदाने चतुर्थी) । वैधव्यम् = विगतो धवः = पतिर्यस्याः सा विधवा, तस्याः भावः वैधव्यम्, विधवा शब्दात् 'गुणवचनब्राह्मणादिभ्यः कर्मणि च' पा० ५।१।१२४ इति सूत्रेण ष्यञ् तद्धितप्रत्ययः । अभिमन्युं हत्वा तद्भार्यामुत्तरां यो विधवामकार्षीत्, सोऽप्यचिरेणैव हतो भूत्वा स्वपत्नीमवश्यमेव विधवां करिष्यतीति दुःशलोक्तेरभिप्रायः ।

धृतराष्ट्र इति—अथेति प्रश्नारम्भे । व्यसनार्णवस्य—व्यसनम् = विपद्, तदेव अर्णवः = सिन्धुः, तस्य ।

धृतराष्ट्रो जयत्रातनामानं भटं पृच्छति—केनाभिमन्युरिति । जयत्रात ! केन = केन पुरुषेण, अभिमन्युः = तदभिधानोऽर्जुनपुत्रः, निहतः = मारितः ।

दुःशला—जिसने इस समय बहू उत्तरा को वैधव्य दिया है, उसने अपनी स्त्रियों को विधवा होने का आदेश दिया है ।

धृतराष्ट्र—अच्छा, विपत्ति-सिन्धु पर यह किसने पुल बाँधा है ? (अर्थात् यह समाचार किसने सुनाया है ?) ।

भट—महाराज ! मैंने ।

धृतराष्ट्र—तुम कौन हो ?

भट—महाराज ! अरे मैं जयत्रात हूँ ।

धृतराष्ट्र—जयत्रात ! किसने अभिमन्यु को मारा ! किसे (अपना)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पञ्चानां पाण्डवाग्नीनामात्मा केनेन्धनीकृतः ॥ ६ ॥

भट—महाराज ! बहुभिः किल पार्थिवैः समागतैर्निहतः कुमारोऽभिमन्युः । स्यात्तु जयद्रथो निमित्तभूतः ।

धृतराष्ट्रः—हन्त जयद्रथो निमित्तभूतः ।

भटः—महाराज ! अथ किम् ?

धृतराष्ट्रः—हन्त जयद्रथो निहतः ।

(तच्छ्रुत्वा दुःशला रोदिति ।)

धृतराष्ट्रः—कैषा रोदिति ।

कस्य = पुरुषस्य, जीवितम् = जीवनम्, अप्रियम् = अनभिलषितम्, को मृत्युं वाञ्छति येनाभिमन्युर्हतः ? अभिमन्युहननेन तस्य मरणं ध्रुवमिति भावः । केन = पुरुषेण, पञ्चानाम् = पञ्चसंख्याकानाम्, पाण्डवाग्नीनाम्—पाण्डवाः = युधिष्ठिरादय एवाग्नयस्तेषाम्, आत्मा = स्वशरीरम्, इन्धनीकृतः = न इन्धनम् अनिन्धनम्, अनिन्धम् इन्धनत्वेन प्रापितः इन्धनीकृतः (अभूततद्भावे च्विः) । रूपकालङ्कारः । अनुष्टुब्वृत्तम्—तल्लक्षणं यथा—'श्लोके षष्ठं गुरु ज्ञेयं सर्वत्र लघु पञ्चमम् । द्विचतुष्पादयोर्ह्रस्वं सप्तमं दीर्घमन्ययोः ।' इति ॥ ६ ॥

भट इति । किलेति वार्तायाम् । बहुभिः = बहुसंख्याकैः । पार्थिवैः—पृथिव्या ईश्वराः पार्थिवाः = राजानः, तैः (पृथिवीशब्दात् 'तस्येश्वरः' पा० ५।१।४२ इति सूत्रेण अण्) समागतैः = मिलितैरित्यर्थः ।

जीवन अप्रिय हो गया ? पाण्डव रूप पञ्चाग्नि के लिए किसने अपने को इन्धन बना लिया ? ॥ ६ ॥

घटोत्कचो दुर्योधनं निन्दति—हससीति । त्वम् = दुर्योधनः, हससि = हास्यं करोषि, अहम् = घटोत्कचः, वक्ता = सन्देशवाहकः, चक्रपाणिना—चक्रं पाणौ यस्य स चक्रपाणिः श्रीकृष्णः तेन, प्रेषितः = प्रेरितः, पार्थकर्म—पार्थस्य = अर्जुनस्य कर्म = कृत्यम्, श्रावितम् = कर्णगोचरीकृतम्, अहो ! इदम् = एतादृशं कर्म, सन्देशं श्रुत्वा हसनमित्यर्थः । तवैव = तव दुर्योधनस्यैव तु युक्तम् = उचितम् । त्वदतिरिक्तो नान्यः कश्चिदेवं कर्तुं समर्थः, मूढस्त्वं श्रीकृष्ण सन्देशं तिरस्करोषीति भावः । अनुष्टुब्वृत्तम् ॥ ३९ ॥

वह कृष्ण देवताओं के साथ मन्त्रणा किया करता है (अतः देवताओं की सङ्गति से) वह ईर्ष्यालु हो गया है जो केवल एक अर्जुन के द्वारा समस्त राज-समुदाय को मारा गया समझता है ॥ ३८ ॥

घटोत्कच—चक्रपाणि भगवान् कृष्ण के द्वारा भेजा हुआ मैं सन्देश कह रहा हूँ और तुम मखौल कर रहे हो । मैं पार्थ का कर्म सुना चुका । अहो, यह (हँसी उड़ाना) तुम (मूढ) को उचित ही है ॥ ३९ ॥

और भी, आप भी श्रीकृष्ण का सन्देश सुन लें ।

दुःशासन—अजी, ऐसा नहीं । हे क्षत्रियों का अपमान करने वाले !

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पृथिव्यां शासनं यस्य धार्यते सर्वपार्थिवैः।
सन्देशः श्रोष्यतेऽप्यन्यो न राज्ञस्तस्य संनिधौ ॥ ४० ॥

घटोत्कचः—कथं दुश्शासनो व्याहरति अरे दुश्शासन ! अराजा नाम भवतां चक्रायुधः। हुं भोः !

मुक्ता येन यदा पुरा नृपतयः प्रभ्रष्टमानोच्छ्रया
येनार्घ्यं नृपमण्डलस्य मिषतो भीष्माग्रहस्ताद्धृतम्।

दुःशासनो घटोत्कचं निवारयति—पृथिव्यामिति। पृथिव्याम् = भुवि, यस्य = दुर्योधनस्य, शासनम् = आदेशम्, सर्वपार्थिवैः —सर्वे च ते पार्थिवाः तैः, समस्तभूपतिभिः, धार्यते = शिरसा गृह्यते, पाल्यत इत्यर्थः। अपि=फलत इत्यर्थः। तस्य राज्ञः = दुर्योधनस्य, संनिधौ = उपस्थितौ,अन्यः — नृपसन्देशभिन्न इत्यर्थः, सन्देशः, न श्रोष्यते—न कर्णगोचरीकरिष्यते। अनुष्टुब्वृत्तम्।।४०।।

घटोत्कच इति। व्याहरति = ब्रवीति। चक्रायुधः = श्रीकृष्णः। हुमिति क्रोधद्योतकमत्र।

घटोत्कचः स क्रोधं श्रीकृष्णस्य राजश्रेष्ठत्वमुपपादयति—मुक्ता येनेति। पुरा = पूर्वकाले, यदा = यस्मिन् समये, प्रभ्रष्टमानोच्छ्रयाः = प्रभ्रष्टः = विनष्टः, मानस्य = संमानस्य उच्छ्रयः = विकास इत्यर्थः, येषां तादृशाः, नृपतयः = राजानः, जरासन्धकारागारे बद्धा आसन् इति शेषः। (तदा) येन = श्रीकृष्णेन (तदवस्था राजानः) मुक्ताः = मुक्तिं प्रापिताः, नृपमण्डलस्य = राजसमुदयस्य, मिषतः = पश्यतः ('षष्ठी चानादरे' इति षष्ठी) नृपमण्डलमनादृत्येर्थः। येन = श्रीकृष्णेन, भीष्माग्रहस्तात्—भीष्मस्य अग्रहस्तः =

जिस का आदेश पृथिवी पर राजा धारण करते हैं (स्वीकार कर पालन करते हैं) अतएव उस राजा के सम्मुख अन्य (जो राजा का नहीं है) सन्देश नहीं सुना जायगा ॥ ४० ॥

घटोत्कच—क्या दुःशासन बोल रहा है ? अरे दुःशासन ! चक्रपाणि श्री कृष्ण तुम्हारे लिए राजा नहीं हैं क्या ? हुम्, अजी—

पहले जब (जरासन्ध के कारागार में जो बन्द थे) उन राजाओं को जिनका सम्मान नष्ट किया जा चुका था, जिन श्रीकृष्ण ने मुक्त कराया,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीर्यस्याभिरता नियोगसुमुखी श्रीवक्षशय्यागृहे
श्लाघ्यः पार्थिवपार्थिवस्तव कथं राजा न चक्रायुधः ॥४१॥

दुर्योधनः—दुश्शासन ! अलं विवादेन ।

राजा वा यदि वाऽराजा बलो वा यदि वाऽबली ।
बहुनात्र किमुक्तेन किमाह भवतां प्रभुः ॥ ४२ ॥

घटोत्कचः—अथ किमथ किम् । प्रभुरेव त्रैलोक्यनाथो भगवाश्चक्रायुधः । विशेषतोऽस्माकं प्रभुः । अपि च—

हस्तस्य अग्रभागः तस्मात् । अर्घ्यम् = पूजोपहारः, हृतम् = स्वीकृतम् । यस्य=श्रीकृष्णस्य, श्रीवक्षशय्यागृहे—श्रीवक्षः=सौन्दर्ययुक्तं वक्षः, तदेव शय्यागृहम् तस्मिन्, नियोगसुमुखी—नियोगेन=आदेशेन सुमुखी = सुप्रसन्ना, अभिरता = लब्धाभिरामा । श्लाघ्यः = प्रशंसनीयः, पार्थिवपार्थिवः—पार्थिवानां पार्थिवः, राजराजः, चक्रायुधः = श्रीकृष्णः, तव = दुःशासनस्य, कथम् =केन प्रकारेण, न राजा = न नृपः । शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम् ॥ ४१ ॥

दुर्योधनो दुःशासनं विवादान्निवारयन्नाह—राजा वेति । यदि (कृष्णः) राजा वा = नृपो वा, अराजा वा = नृपभिन्नो वा, बली = बलवान् वा, अबली = निर्बलो वा स्यात्, अत्र = अस्मिन् विषये, बहुना उक्तेन किम् = बहुना कथनेन प्रयोजनं नास्तीत्यर्थः । भवताम् = युष्माकम्, घटोत्कचस्ये-

---

जिन श्रीकृष्ण ने राज-समूह के देखते-देखते भीष्म के हाथ से अर्घ्यदान लिया, जिन श्रीकृष्ण के आदेश पालन से लक्ष्मी को प्रसन्नता होती है और वह उनके श्रीवक्षस्थल रूप शयनागार में आनन्द प्राप्त करती है, वे प्रशस्य, राजाधिराज श्रीकृष्ण क्यों कर तुम्हारे लिए राजा नहीं हैं ॥ ४१ ॥

दुर्योधन—दुःशासन ! अब विवाद बन्द करो ।

श्रीकृष्ण चाहे राजा हों या अराजा, चाहे बली हों या निर्बल, इस विषय में अधिक कहने से क्या (प्रयोजन) ? तुम्हारे स्वामी ने क्या कहा है (वह बताओ) ॥ ४२ ॥

घटोत्कच—और क्या और क्या ? भगवान् श्रीकृष्ण तीनों लोकों के स्वामी प्रभु ही हैं । विशेषतः हमारे स्वामी हैं । और भी—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अवसितमवगच्छ क्षत्रियाणां विनाशं
नृपशतविनिचित्या लाघवं चास्तु भूमेः ।
न हि तनयविनाशादुद्यतोग्रास्त्रमुक्तैः
समरशिरसि कश्चित्फाल्गुनस्यातिभारः ॥ ४३ ॥

शकुनिः—

यदि स्याद्वाक्यमात्रेण निर्जितेयं वसुन्धरा ।

त्यर्थः, प्रभुः = स्वामी, कृष्ण इत्यर्थः, किम् आह = किं वदति, तदुच्यतामिति भावः ॥ अनुष्टुब्वृत्तम् ॥ ४२ ॥

घटोत्कचोऽर्जुनस्य कृत्यं श्रावयति—अवसितमिति । क्षत्रियाणाम् = नृपाणाम्, विनाशम् = निहननम्, अवसितम् = समाप्तम्, अर्जुनेन कृतमिति भावः । अवगच्छ = जानीहि । नृपशतविनिचित्या—नृपाणाम् दुर्योधनादीनां कौरवाणामित्यर्थः, शतम् = शतसङ्ख्याकानां दुर्योधनादीनां नृपविशेषाणां हतानामिति भावः । विनिचितिः = एकत्रावस्थापनं तया, भूमेः = पृथिव्याः, लाघवम् = लघुता, पृथिव्या भारलाघवमिति भावः, अस्तु = भवतु । तनयविनाशात्—तनयस्य = पुत्रस्य अभिमन्योः विनाशः = संहारः तस्मात्, उद्यतोग्रास्त्रमुक्तैः—उद्यतानि = गृहीतानीत्यर्थः, उग्राणि = भीषणानि यानि अस्त्राणिः = आयुधानि तेषां मुक्तानि = प्रहारा इत्यर्थः, (भावे क्तः) तैः, समरशिरसि = रणाग्रे, रणप्राङ्गणे इत्यर्थः । फाल्गुनस्य = अर्जुनस्य, कश्चित् = कोऽपि, अतिभारः=महत्कार्यम्, न हि=मैवास्ति । तथाकरणमर्जुनस्य सुकरमेव, लीलयैव तथा कर्तुं स समर्थ इति भावः । मालिनी वृत्तम् । तल्लक्षणं यथा—ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः ।" इति ॥ ४३ ॥

शकुनिर्घटोत्कचोक्तिमधिक्षिपति—यदि स्यादिति । यदि = चेत्, वाक्यमात्रेण = कथनमात्रेणैव, इयम् = अतिविस्तीर्णा, वसुन्धरा = पृथ्वी, निर्जिता =

क्षत्रियों का विनाश हुआ समझो । सौ (दुर्योधनादि) राजाओं के (शव का) ढेर लग जाने से पृथिवी का भार हलका हो । पुत्र (अभिमन्यु) के वध से उठे हुए भीषण अस्त्रों के प्रहारों से युद्ध में अर्जुन के लिए (यह) कोई बड़ा भारी काम नहीं होगा ॥ ४३ ॥

शकुनि—यदि कहने मात्र से यह पृथिवी जीत ली जाय, यदि बात-बात

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वाक्ये वाक्ये यदि भवेत् सर्वक्षत्रवधः कृतः ॥ ४४ ॥

घटोत्कचः—शकुनिरेष व्याहरति । भोः शकुने !

अक्षान्विमुञ्च शकुने ! कुरु बाणयोग्य-
मष्टापदं समरकर्मणि युक्तरूपम् ।
न ह्यत्र दारहरणं न च राज्यतन्त्रं
प्राणाः पणोऽत्र रतिरुग्रबलैश्च बाणैः ॥ ४५ ॥

स्वायत्तीकृता स्यात् = भवेत्, यदि = चेत् वाक्ये वाक्ये = वचने वचने, कथनमात्रेणैवेत्यर्थः । सर्वक्षत्रवधः = सर्वेषां क्षत्राणाम् = क्षत्रियाणाम्, वधः = विनाशः कृतः = विहितो भवेत्, तर्हि नास्त्यतिभारोऽर्जुनस्येति भावः । अनुष्टुब्वृत्तम् ॥४४॥

घटोत्कचः शकुनिमधिक्षिपति—अक्षान्विमुञ्चेति । अक्षान् = द्यूतोपयोगिनः पाशान्, विमुञ्च = परित्यज । हे शकुने ! समरकर्मणि = युद्धव्यापारे, युक्तं रूपम् = योग्यम्, बाणयोग्यम् = शरानुरूपम्, अष्टापदम्,—फलकम् वस्त्रं वा अष्टकोष्ठकयुक्तं यद् द्यूतक्रीडायां प्रयुज्यते, अष्टाङ्गमित्यप्यभिधीयते । कुरु = विधेहि । अत्र = युद्धभूमावित्यर्थः दारहरणम् = दाराणां हरणम् द्रौपदीचीरहरणम् इत्यर्थः । न हि = नैवास्ति । राज्यतन्त्रम् = राज्यापहरणमित्यर्थः; न च = नैव च वर्तते । अत्र = युद्धभूमौ, प्राणाः पणः = ग्लहः उग्रबलैः = प्रचण्डशक्तिशालिभिः, बाणैः = शरैश्च, रतिः = आनन्दानुभूतिः, क्रीडा त्वं तु नात्र समर्थं इति भावः । वसन्ततिलकं वृत्तम् ॥ ४५ ॥

में सब क्षत्रियों का वध कर दिया जाय (तो अवश्य अर्जुन के लिए कोई बड़ा भार नहीं होगा) ॥ ४४ ॥

घटोत्कच—यह शकुनि बोल रहा है ? हे शकुनि !

पाँसों को छोड़ दो । हे शकुनि अपने क्रीडाफलक को युद्धकर्म के योग्य और बाणों के अनुरूप बना लो । यहाँ स्त्री का चीरहरण नहीं करना है और न राज्यापहरण करना है, यहाँ तो प्राणों को दाँव पर लगाना है और प्रचण्डशक्तिशाली तीखे बाणों से क्रीड़ा करनी है (जो तुम्हारे बस की बात नहीं)।४५।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दुर्योधनः—भो भोः ! प्रकृतिं गतः ।

क्षिपसि वदसि रूक्षं लङ्घयित्वा प्रमाणं
न च गणयसि किञ्चिद्व्याहरन्दीर्घहस्तः ।
यदि खलु तव दर्पो मातृपक्षोग्ररूपो
वयमपि खलु रौद्रा राक्षसोग्रस्वभावाः ॥ ४६ ॥

घटोत्कचः—शान्तं शान्तं पापम् । राक्षसेभ्योऽपि भवन्त एव क्रूरतराः ।

दुर्योधन इति । प्रकृतिम् = स्वभावम् । गतः = प्राप्तः, राक्षसभावमनुसृत्य व्याहरसि त्वमित्याशयः ।

दुर्योधनो घटोत्कचं भर्त्सयति—क्षिपसि वदसीति । प्रमाणम् = मर्यादाम्, लङ्घयित्वा अतिक्रम्य, क्षिपसि = निन्दां करोषि, रूक्षम् = कठोरम् वदसि = ब्रवीषि । दीर्घहस्तः – दीर्घौ = विशालौ, हस्तौ = बाहू यस्य सः (त्वं घटोत्कचः) व्याहरन् = जल्पन्, न च किञ्चित् = न हि किमपि वाच्यमवाच्य वा, गणयसि= विचारयसि । यदि = चेत् खलु = निश्चयेन, मातृपक्षोग्ररूपः—माता = जननी राक्षसकुलोत्पन्ना हिडिम्बा, तस्याः पक्षेन = सम्बन्धेन, उग्रम् = प्रचण्डं रूपं यस्य स तादृशः, दर्पः = गर्वः, भवतः = तव घटोत्कचस्य (अस्ति) तर्हि वयमपि = कौरवा अपि, राक्षसोग्रस्वभावाः राक्षसानामिव उग्रः = उद्धतः स्वभावः= प्रकृतिर्येषां ते तथाविधाः, रौद्राः = भयङ्कराः खलु । तदस्मासु विनयेन वर्त्तस्वेति भावः । मालिनी वृत्तम् ॥ ४६ ॥

दुर्योधन—अजी, अजी तुम (अपने) स्वभाव (राक्षसपन) पर उतर आये ।

तुम मर्यादा का उल्लङ्घन कर (हम सब की) निन्दा करते हो, कठोर वचन बोलते हो, तुम विशाल बाहुओं वाले वाद विवाद करते हुए (वाच्य तथा अवाच्य का) कुछ विचार नहीं करते हो । यदि तुम्हें अपनी माता (हिडिम्बा) के पक्ष वालों (राक्षसों) का प्रचण्ड गर्व है तो हम भी राक्षसों की तरह उद्धत स्वभाववाले भयङ्कर हैं ॥ ४६ ॥

घटोत्कच—पाप शान्त हो । राक्षसों से भी बढ़कर आप लोग ही क्रूर हैं ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कुतः—

न तु जतुगृहे सुप्तान् भ्रातॄन् दहन्ति निशाचराः
शिरसि न तथा भ्रातुः पत्नीं स्पृशन्ति निशाचराः ।
न च सुतवधं संख्ये कर्तुं स्मरन्ति निशाचरा
विकृतवपुषोऽप्युग्राचारा घृणा न तु वर्जिता ॥ ४७ ॥

दुर्योधनः—

दूतः खलु भवान् प्राप्तो न त्वं युद्धार्थमागतः ।

घटोत्कचो दुर्योधनस्य राक्षसेभ्योऽपि क्रूरतरत्वमुपपादयति न तु जतुगृहे इति । निशाचराः = राक्षसाः, जतुगृहे = लाक्षागृहे, सुप्तान् = शयानानित्यर्थः, भ्रातॄन् = बन्धून्, न तु दहन्ति = न भस्मसात्कुर्वन्ति । तथा = तेनैव प्रकारेण, निशाचराः = राक्षसाः, भ्रातुः = बन्धोः, पत्नीम् = भार्याम् शिरसि = मस्तके न स्पृशन्ति = स्पर्शं न कुर्वन्ति । किं च निशाचराः, संख्ये = सङ्ग्रामे, सुतवधम् = पुत्रहननं कर्तुं न स्मरन्ति = पुत्रं हन्तुं मनस्यपि न कुर्वन्तीति भावः । विकृतवपुषः–विकृतम् = विरूपितम्, भीषणमिति यावत्, वपुः = शरीरं येषां ते तथाभूताः, उग्राचाराः–उग्रः = कठोरः, आचारः = व्यवहारो येषां ते तथाभूता अपि, तु = किन्तु (तैः निशाचरैः) घृणा = दया, न वर्जिता = न त्यक्ता । भवद्भिस्तु सर्वथा दयापरित्यक्ता तद्राक्षसेभ्योऽपि भवन्तः क्रूरतरा इति भावः । अत्र प्रागुक्तकौरवक्रूरतरत्वोपपत्तये पादचतुष्टयवाक्यार्थानां हेतुत्वेनोपन्यासात् काव्यलिङ्गमलङ्कारः । हरिणी वृत्तम् । तल्लक्षणं यथा—' न समरसलागः षड्वेदैर्हयैर्हरिणी मता ।' इति ॥ ४७ ॥

दुर्योधनो दौत्येन समागतं घटोत्कचं निर्दिशति—दूतः खलु भवानीति । भवान् = त्वं घटोत्कचः खलु = निश्चयेन, दूतः = सन्देशवाहकः, प्राप्तः = आगतः,

---

क्योंकि—राक्षस तो लाक्षागृह में सो रहे भाइयों को नहीं जलाते हैं । निशाचर तो भौजाई के सिर पर हाथ नहीं लगाते हैं । निशाचर तो युद्ध में पुत्र का वध करने की बात सोच भी नहीं पाते हैं । उनका शरीर भीषण और व्यवहार उग्र भले ही हो, किन्तु उन्होंने दया का परित्याग तो नहीं किया है ॥ ४७ ॥

दुर्योधन—(देखो) तुम दूत बन कर आये हो, युद्ध के लिए नहीं आये हो,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गृहीत्वा गच्छ सन्देशं न वयं दूतघातकाः ॥ ४८ ॥

घटोत्कचः—(सरोषम्) किं दूत इति मां प्रधर्षयसि । मा तावद् भो ! न दूतोऽहम् ।

अलं वो व्यवसायेन प्रहरध्वं समाहृताः ।
ज्याच्छेदाद् दुर्बलो नाहमभिमन्युरिह स्थितः ॥४९ ॥

महानेष कैशोरकोऽयं मे मनोरथः ।
अपि च,

दष्टोष्ठो मुष्टिमुद्यम्य तिष्ठत्येष घटोत्कचः ।

त्वं युद्धार्थम् = युद्धं कर्तुं न आगतः, सन्देशम्, गृहीत्वा = आदाय, गच्छ = याहि, वयं दूतघातका न (स्मः) विवादाद्विरतो भूत्वा सन्देशमादाय गच्छ-स्वस्थानम्, नो चेद्धनिष्यसे इति भावः । अनुष्टुब्वृत्तम् ॥ ४८ ॥

घटोत्कच इति । प्रधर्षयसि = अवमन्यसेः ।

अलमिति । वः=युष्माकम्, व्यवसायेन=व्यापारेण । अलम् = निषेधार्थकम-व्ययपदम् । समाहृताः = सम्मिलिताः । प्रहरध्वम् = (मयि) कुरुत प्रहारम् । ज्याच्छेदात्—ज्यायाः=मौर्व्याः, छेदात्=कर्तनात्, दुर्बलः=विवशः, असहायः, अभिमन्युः, अहम् = घटोत्कचः, इह = अत्र तव सभागृहे, न स्थितः=नास्मीति भावः । अनुष्टुब्वृत्तम् ॥ ४९ ॥

दष्टोष्ठ इति । दष्टः ओष्ठः=अधरोष्ठ इत्यर्थः, येन सः ('ओत्वोष्ठयोः समासे वा' इति वचनेन पररूपमेकादेशः) मुष्टिम्, उद्यम्य=उत्थाप्य, एषः=अयम्, घटोत्कचः, तिष्ठति = वर्तते । कश्चित् पुमान्=कोऽपि पुरुषः, यमालयम् = यमपुरम्,

---

अतः सन्देश लेकर (वापस) जाओ । हम दूतों का वध नहीं करते हैं ॥ ४८ ॥

घटोत्कच—(क्रोध के साथ) क्या दूत मानकर मुझे अवमानित कर रहे हो ? अजी ऐसा नहीं मैं दूत नहीं हूँ ।

तुम लोगों का व्यापार समाप्त हो । तुम सब एक जुट होकर मुझपर प्रहार करो, मैं प्रत्यञ्चा कट जाने से विवश हुआ अभिमन्यु नहीं हूँ । यहाँ खड़ा हूँ । मेरा यह किशोरावस्था का बहुत बड़ा उद्दाम मनोरथ है ।

और भी—

यह घटोत्कच (क्रोध से) ओठ काट कर मुट्ठी तान कर खड़ा है । कोई

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उत्तिष्ठतु पुमान् कश्चिद्गन्तुमिच्छेद्यमालयम् ॥ ५० ॥

(सर्वे उत्तिष्ठन्ति ।)

धृतराष्ट्रः—पौत्र घटोत्कच ! मर्षयतु मर्षयतु भवान् । मद्वचनावगन्ता भव ।

घटोत्कचः—भवतु भवतु। पितामहस्य वचनाद् दूतोऽहमस्ति । तथापि हि न शक्नोमि रोषं धारयितुम् । किमिति विज्ञाप्यः ।

दुर्योधनः—आः कस्य विज्ञाप्यम् । मद्वचनादेवं स वक्तव्यः ।

किं व्यर्थं बहु भाषसे न खलु ते पारुष्यसाध्या वयं

गन्तुम् = यातुम्, इच्छेत्=अभिलषेत्, उत्तिष्ठतु = योद्धुमभिगच्छेत् ॥ अनुष्टुब्वृत्तम् ॥ ५० ॥

धृतराष्ट्र इति । मर्षयतु=क्षमताम् । मद्वचनावगन्ता—अवगच्छति इति अवगन्ता, ममवचनस्यावगन्ता इति तथोक्तः भव—मम वचनं शृणोतु, श्रुत्वा च तदनुसरत्विति भावः ।

दुर्योधनः कृष्णं सन्दिशति—किम = किमर्थम्, बहु=अत्यन्तम्, व्यर्थम्= निरर्थकम्, भाषसे = जल्पसि । वयम् = कौरवाः, खलु=निश्चयेन, ते = तव= कृष्णस्य, पारुष्यसाध्याः—पारुष्येन = अपभाषनेन साध्याः = वश्याः, न

पुरुष यमपुरी जाना चाहता हो तो उठे ॥ ५० ॥

(सब उठते हैं)

धृतराष्ट्र—पौत्र घटोत्कच ! तुम क्षमा करो, क्षमा करो । मेरी बात का ख्याल करो ।

घटोत्कच— अच्छा, अच्छा । पितामह के वचन से मैं दूत हूँ । तथापि मैं क्रोध को रोक नहीं सकता हूँ । (कहिए) क्या प्रार्थना है ?

दुर्योधन—ओह, किसकी प्रार्थना ? मेरे वचन से (कृष्ण से) ऐसा कहना -

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कोपान्नार्हसि किंचिदेव वचनं युद्धं यदा दास्यसि ।
निर्याम्येष निरन्तरे नृपशतच्छत्रावलीभिर्वृत-
स्तिष्ठ त्वं सह पाण्डवैः प्रतिवचो दास्यामि ते सायकैः ॥ ५१ ॥

घटोत्कचः--पितामह ! एष गच्छामि ।

धृतराष्ट्रः--पौत्र ! गच्छ, गच्छ ।

घटोत्कचः--भो भो राजानः श्रूयतां जनार्दनस्य पश्चिमः सन्देशः ।

धर्मं समाचर कुरु स्वजनव्यपेक्षां
यत्कांक्षितं मनसि सर्वमिहानुतिष्ठ ।

(भविष्यामः) । कोपात्=क्रोधात्, किञ्चिदेव = किमपि, वचनम्, नार्हसि=न योग्योऽसि, वक्तुमिति शेषः । यदा = यस्मिन् समये, युद्धं दास्यसि=संग्रामं करिष्यसि, निरन्तरम्=सततम्, नृपशतच्छत्रावलीभिः—नृपाणां शतानि तेषां छत्रावलीभिः वृतः, एषः=अहं दुर्योधनः, निर्यामि=निर्गच्छामि (वर्तमानसामीप्ये लट्) । त्वम्=कृष्णः, पाण्डवैः सह तिष्ठ—पाण्डवानां साहाय्यं कुर्वित्यर्थः । ते=तव कृष्णस्य, प्रतिवचः=प्रत्युत्तरम्, सायकैः = बाणैः, दास्यामि । शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम् ॥ ५१ ॥

घटोत्कच इति । पश्चिमः = अन्तिमः ।

सन्देशं श्रावयति—धर्मं समाचरेति । धर्मं समाचर = धर्माचरणं कुरु । स्वजन-व्यपेक्षां कुरु—स्वजनानां व्यपेक्षा = विशिष्टा अपेक्षा ताम्, अनुरोधम्, समादरमिति यावत्, कुरु = विधेहि । इह = अत्र संसारे, मनसि = हृदये, यत् कांक्षितम् = अभिलषितम्, तत् सर्वम्, अनुतिष्ठ = सम्पादय । जात्योपदेशः—

क्यों व्यर्थ बढ़-बढ़कर बोलते हो ? हम तुम्हारी धमकियों से हार मानने वाले नहीं । क्रोधवश कुछ भी कहना तुम्हें उचित नहीं है । जब युद्ध छेड़ोगे मैं सैकड़ों राजाओं के छत्रों से निरन्तर परिवृत निकलूँगा । तुम पाण्डवों के साथ रहो, तुम्हारे वचन का उत्तर बाणों से दूँगा ॥ ५१ ॥

घटोत्कच—पितामह ! यह मैं जा रहा हूँ ।

धृतराष्ट्र—पौत्र ! जाओ, जाओ ।

घटोत्कच—अजी, अजी राजाओ ! श्रीकृष्ण का अन्तिम सन्देश सुन लो—धर्म का आचरण करो, स्वजनों का सम्मान करो, जो कुछ अभीष्ट हो सब

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जात्योपदेश इव पाण्डवरूपधारी
सूर्यांशुभिः सममुपैष्यति वः कृतान्तः ॥ ५२ ॥ इति ।

(निष्क्रान्ताः सर्वे ।)

दूतघटोत्कचं नामो सृष्टिकाङ्कं समाप्तम् ॥

—०×०—

जातौ भवः जात्यः = सजातिः हित इति यावत्, तस्य उपदेश इव, पाण्डवरूपधारी—पाण्डवः = अर्जुनः, तस्य रूपं धरतीति, अर्जुनस्वरूपं धृत्वा कृतान्तः = यमः, सूर्यांशुभिः समम् = सूर्यकिरणैः सह, सूर्ये समुदिते सत्येवेत्यर्थः । वः = युष्मान् उपैष्यति = आगमिष्यति, स युष्मान् विनाशयिष्यतीति भावः । वसन्ततिलकं वृत्तम् । उपमालंकारः । उपमेये पाण्डवे उपमानस्य कृतान्तस्याभेदारोपाद्रूपकम् 'सूर्यांशुभिः समम् उपैष्यति' इत्यत्र सहोक्तिलङ्कारश्च ॥ ५२ ॥

इति कल्याणीत्याख्यायां संस्कृतव्याख्यायां प्रथमोऽङ्कः

समाप्तं चदूतघटोत्कचं नामोत्सृष्टिकाङ्कम् ॥

—०×०—

इस जगत् में कर लो, पाण्डव (अर्जुन) के रूप में हितोपदेश के समान यमराज सूर्य की किरणों के साथ तुम्हारे पास पहुँचेगा ॥ ५२ ॥

(सब चले जाते हैं)

दूतघटोत्कच उत्सृष्टिकाङ्क समाप्त

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

परिशिष्ट

टिप्पणी : नोट्स

प्रथम अङ्क

पृष्ठ १—नान्द्यन्ते—नान्दी समाप्त होने पर। नान्दी शब्द के दो अर्थ होते हैं :—

(१) नन्दन्ति देवा अस्याम् अथवा नन्दयति देवद्विजनृपादीन् इति नान्दी। भरतमुनि ने नान्दी की परिभाषा की है—

"देवद्विजनृपादीनामाशीर्वादपरायणा।
नन्दन्ति देवता यस्मात्तस्मान्नान्दीति कीर्तिता ॥"

विश्वनाथ कविराज के अनुसार—

"आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात् प्रयुज्यते।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता ॥"

अर्थात् मङ्गलाचरणरूप पद्य जो रूपकग्रन्थ के आरम्भ में कवि द्वारा निबद्ध किया जाता है उसे 'नान्दी' कहते हैं। स्पष्ट है कि ऐसी 'नान्दी' सत्काव्यरूप होती है जिसका प्रयोग सूत्रधार अथवा उसका सहायक रंगमंच पर उपस्थित हुए बिना नहीं कर सकता है। यहाँ अभी कोई ऐसा व्यक्ति तो प्रविष्ट नहीं हुआ है, अतः 'नान्द्यन्ते' में प्रयुक्त नान्दी शब्द आशीर्वचनसंयुक्त देवतादिस्तुतिरूप मङ्गलश्लोकपरक नहीं हो सकता है।

(२) नान्दी शब्द का दूसरा अर्थ है—भेरी या आनक (देशी भाषा में 'नगाड़ा')। यह शब्द अन्य वाद्यों का भी उपलक्षण है। इस नान्दी शब्द का सामान्यरूप से अर्थ होता है—नाटय प्रयोग के पहले, नटों के द्वारा किया गया माङ्गल्य गायनवादनादि।' यहाँ नान्दी शब्द का प्रयोग इसी दूसरे अर्थ में हुआ है। भास के सभी नाटकों में प्रारम्भ में 'नान्द्यन्ते ततः प्रविशति

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

सूत्रधारः' वाक्य पाया जाता है। वहाँ सर्वत्र नान्दी शब्द इसी अर्थ में प्रयुक्त समझना चाहिए। इसी नान्दी के समाप्त होने पर सूत्रधार रंगमंच पर आता है और तब कवि रचित मङ्गलाचरणरूप पद्य (नान्दी) का पाठ करता है।

ततः—'ततः' शब्द से यह सूचित होता है कि गायनवादनादिरूप नान्दी के समाप्त होने पर तुरन्त अविलम्ब (उसके बाद ही) सूत्रधार प्रविष्ट होता है।

सूत्रधारः—सूत्रमभिनेयसूचनं धारयतीति सूत्रधारः। वह प्रधान नट जो सर्वप्रथम रंगमंच पर आकर अभिनेय नाटक की सूचना तथा उसका संक्षिप्त परिचय सामाजिकों को देता है, सूत्रधार कहलाता है—

'वर्णनीयं कथासूत्रं प्रथमं येन सूच्यते।
रङ्गभूमिं समाक्रम्य सूत्रधारः स उच्यते॥'

भरतमुनि के अनुसार—

"नाट्योपकरणादीनि सूत्रमित्यभिधीयते।
सूत्रं धारयतीत्यर्थे सूत्रधारो निगद्यते॥"

अर्थात् नाट्य के उपकरणों को सूत्र कहते हैं, उसे जो सँभालता है वह सूत्रधार कहा जाता है (आधुनिक शब्दावली में 'स्टेज-डाइरेक्टर)।

श्लोक १—इस रूपक ग्रन्थ के आरम्भ में कवि द्वारा निबद्ध मङ्गलाचरणरूप पद्य 'नान्दी' है। इसमें देव नारायण की स्तुति की गयी है और उनसे यह प्रार्थना की गयी है कि वे सामाजिकों का कल्याण करें।

"आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात् प्रयुज्यते।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता॥" (साहित्यदर्पण)

इस कविरचित नान्दी का पाठ सूत्रधार करता है। 'सूत्रधारः पठेन्नान्दीम्' (भरतमुनि)।

भास के नाटकों को छोड़कर अन्य रूपक ग्रन्थों में कविकृत नान्दी के बाद 'नान्द्यन्ते सूत्रधारः' का उल्लेख पाया जाता है। इसके अनुसार कुछ विद्वानों का कहना है कि कवि-निबद्ध नान्दी का पाठ किसी अन्य नट का कर्त्तव्य है। ऐसा ही मानने से वहाँ 'नान्द्यन्ते सूत्रधारः' वाक्य की सङ्गति बैठ सकती

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

है। वास्तव में वहाँ भी भरतमुनि के अनुसार सूत्रधार ही नान्दी पाठ करता है। अमङ्गल से बचने के लिए ही नान्दी के पूर्व उसका उल्लेख नहीं किया जाता है। ग्रन्थ का आरम्भ मङ्गलश्लोक से होना चाहिए।

पृष्ठ ३—आर्यमिश्रान्-आर्य और मिश्र ये दोनों शब्द विशेषण हैं। इनका कर्मधारय समास होने पर 'आर्यमिश्र' समस्त पद बनता है। इसका अर्थ होता है—आदरणीय, योग्य, पूज्य सज्जन पुरुष। यहाँ इसका प्रयोग रङ्ग सामाजिकों के लिए हुआ है जिससे उनके प्रति आदर भाव प्रकट किया गया है।

अङ्ग—यह संबोधक अव्यय है जिसका अर्थ है—"अच्छा", "अच्छा, श्रीमान्।"

संशप्तक—सम्यक् शप्तमङ्गीकारो यस्य स संशप्तकः। वह योद्धा जिसने युद्ध से न भागने की शपथ खायी हो। सुशर्मा आदि त्रिगर्तराजपुत्र 'संशप्तक' कहे जाते थे। 'त्रिगर्त' भारत के उत्तर पश्चिम में स्थित एक देश का नाम है जिसे आज 'जालन्धर' कहते हैं।

श्लोक ३—पितामहस्य—पितुः पिता = पितामहः, (पितृ + डामहच्)। आरोपितः—आ + √रुह् + णिच् + क्त (कर्मणि) 'रुहः पोऽन्यतरस्याम्' रुह्धातोः पकारान्तादेशः।

श्लोक ४—श्रुतिपथ—श्रुत्योः पन्था इति श्रुतिपथः। षष्ठी समास होने पर 'ऋक्पूरब्धूः पथामानक्षे' इति समासान्त 'अ' प्रत्यय। 'नस्तद्धिते' सूत्र से टि (इन्) का लोप। दूषणम्—√दूष् + ल्युट् (यु = अन), नकार को णत्व। विप्रियम्—वि + √प्री + क ('इगुपध ज्ञाप्रीकिरः कः') यहाँ 'वि' विलोम अर्थ प्रकट करता है अतः 'विप्रिय' का अर्थ है अप्रिय, अरुचिकर। क्षयम्—√क्षि + अच् = क्षयः (एरच्) द्वितीयान्त क्षयम्। अभीतः—न भीतः, √भी + क्त (अकर्मकत्वात्कर्तरि)।

श्लोक ५—निधन = मरण। जनित—√जन् + णिच्+क्त (कर्मणि)। रश्मि—गुण = लगाम, रास। प्रतोद = (प्र + √तुद् + घञ्) लम्बा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चाबुक। पार्थः—पृथाया अपत्यं पुमान् (पृथा + अण्) = अर्जुन। अवाप्य—अव + √अप् + ल्यप् = प्राप्त होकर।

पृष्ठ १०—वैधव्यम्=विधवापन, विधवाया भावः, विधवा + ष्यञ्। आदिष्टम्+आ + √दिश् + क्त (कर्मणि)।

श्लोक ७—भर्तुः ··· न रोचते—'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः' सूत्र से 'भर्तृ' शब्द से चतुर्थी प्राप्त थी किन्तु शेषत्वविवक्षा में षष्ठी की गयी है।

श्लोक ८—मत्तस्य हलायुधस्य ··· द्वितीयो मदः—बलराम जी का अभिमन्यु पर बड़ा स्नेह था, उसे देख कर मदयुक्त बलराम और भी स्नेह-वश मदमत्त हो जाते थे, अतः अभिमन्यु को बलराम का (मदिरा सम्बन्धी मद के अतिरिक्त) दूसरा मद कहा गया है। उपलप्स्यति—लभ् धातु आत्मने पदी है, यहाँ इसका परस्मैपदी के रूप में प्रयोग चिन्त्य है।

पृष्ठ १५—प्रतिपन्नम्—किया। प्रति + √पद् + क्त ('रदाभ्यां निष्ठातो नः पूर्वस्य च दः' सूत्र के अनुसार द् और त दोनों को नकार हो गया।)

गाण्डीवधन्वना—गाण्डीवधन्वन् शब्द से अनुक्त कर्ता में तृतीया (गाण्डीवधन्वना)। 'गाण्डीवं धनुर्यस्य' इस विग्रह में बहुव्रीहि समास होने पर 'धनुषश्च' सूत्र से 'धनुस्' के सकार को अनङ् (अन्) आदेश और उकार को यण् होने से 'गाण्डीवधन्वन्' प्रातिपदिक निष्पन्न होता है।

युक्तरूपः—जिसका रूप (ढंग) युक्त (सुव्यवस्थित) था। यह शब्द 'वधः' का विशेषण है। आशय यह निकलता है कि ऐसी स्थिति में उसका बध सर्वथा संभव था।

श्लोक ९—चिता—(√चि + क्त + टाप्) मुर्दे को जलाने के लिए चुन कर रक्खी हुई लकड़ियों का ढेर। प्रहृतम्—प्र + √हृ + क्त (भावे)।

श्लोक १०—न त्वस्मि शक्तः सलिलप्रदानैरित्यादि—जलाञ्जलिदान के द्वारा मैं प्रत्येक शिविर में जाकर राजाओं को युद्ध से रोक नहीं सकता हूँ। धृतराष्ट्र के कथन का आशय यह है कि राजाओं को रोकना मेरे वश की बात नही है अतः कौरवों का विनाश अवश्यंभावी है। जलाञ्जलि देने में कोई बाधा नहीं है, वह तो मेरे वश में है अतः उतना तो कर लूँ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उपरोध—उप + √रूध् + घञ् ।

श्लोक ११—लब्धो मयाऽद्य सममभ्युदयेन शब्दः—'शब्द' का अर्थ यहाँ उपाधि अथवा प्रख्याति आदि । आशय है कि अभ्युदय के साथ-साथ सम्राट् की उपाधि अथवा संसार में प्रसिद्धि भी मिल गयी, नाम भी कमा लिया । अभ्युदयेन समम्—'सहयुक्तेऽप्रधाने' इति तृतीया । लब्धः—√लभ् + क्त (कर्मणि) ।

श्लोक १२—रुद्धाः—√रुध् + क्त (कर्मणि) रोके गये । आक्रम्य—आ + √क्रम् + ल्यप् । आक्रान्त कर, पराजित कर । द्वितीयेऽर्जुने—अर्जुन अभिमन्यु के समान ही वीर था अतः उसे दूसरा अर्जुन कहा गया । व्यसन = विपद्, दुःख । आहव = युद्ध । आहूयतेऽस्मिन्निति आहवः—आ + √ह्वे + अप् । 'आङि युद्धे' पा० ३।३।७३ सूत्र के अनुसार अप् प्रत्यय और सम्प्रसारण होने से 'आहव' शब्द निष्पन्न होता है ।

श्लोक १३—नृपैः असंभावितम्—राजाओं ने जिसकी कल्पना भी नहीं की थी ।

प्रसह्य—(अव्यय) [प्र + सह् + (क्त्वा) ल्यप्] बलपूर्वक, प्रचंडता के साथ, जबर्दस्ती ।

श्लोक १४—कामम् = यथेष्ट । यह 'अव्यय' शब्द है । गर्हयति = निन्दा करता है । यहाँ चुरादि गणीय 'गर्ह विनिन्दने' धातु का प्रयोग हुआ है ।

श्लोक १६—पुत्रशताद्विशिष्टा—धृतराष्ट्र के दुर्योधन आदि सौ पुत्र थे किन्तु कन्या केवल एक यही दुःशला थी । स्वभावतः वह उसे सौ पुत्रों से अधिक प्रिय थी, अतः उसके विधवा हो जाने की संभावना से धृतराष्ट्र के दुःख का सहज अनुमान लगाया जा सकता है ।

पृष्ठ २२—वरविदग्धेन—बिदग्धश्चासौवरश्चेति वरविदग्धः तेन, मयूर-व्यंसकादि समास । धृतराष्ट्र ने व्यङ्ग्यपूर्वक जयद्रथ के लिए इस शब्द का प्रयोग किया है । व्यङ्ग्यार्थ यह निकलता है कि जयद्रथ ने उसकी कन्या का वर (पति) होकर भी वर (श्रेष्ठ पुरुष) का कार्य नहीं किया जो उसने

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पाण्डवों को रोका। विदग्ध (निपुण) होकर भी उसने अविदग्ध (मूर्ख) का-सा आचरण किया।

श्लोक १७—इस अंक में श्लोक १७ से २४ तक धृतराष्ट्र और दुर्योधन आदि के बीच नोंक-झोंक पूर्ण जो बातें हुई हैं, वे पठनीय और मननीय हैं। इनसे महाकवि भास की संवाद-योजना तथा तर्कपूर्ण विवेचन शक्ति पर प्रकाश पड़ता है। धृतराष्ट्र के निष्पक्ष उज्ज्वल हृदय को दर्शकों एवं पाठकों के समक्ष भास ने खोल कर रख दिया है। इसी प्रकार दुर्योधन, दुःशासन और शकुनि के कलुषित हृदय की भी झलक दिखाने में वे सफल हुए हैं। धृतराष्ट्र पाण्डवों के पक्ष का समर्थन करते हैं और दुर्योधन आदि उनका खण्डन करते हुए अपने पक्ष का समर्थन करते हैं।

श्लोक १९—स्वच्छन्दमृत्युः—भीष्म पितामह को अपने पिता से इच्छा मृत्यु का वरदान प्राप्त था। अतः उनकी मृत्यु उनकी इच्छा पर निर्भर थी अतः शरशय्या पर पड़े वे उत्तरायण सूर्य की प्रतीक्षा करते रहे। जब सूर्य ने बसन्त विषुव को पार किया तब कहीं उन्होंने अपने प्राण त्यागे।

स्वेनोपदेशेन कृतात्मतुष्टिः—भीष्म ने पाण्डवों से स्वयम् अपनी मृत्यु का उपाय बताया था। ऐसा करने पर भी उन्हें दुःख नहीं बल्कि प्रसन्नता हुई थी। उन्हीं के उपदेशानुसार ही अर्जुन ने शिखण्डी की सहायता से युद्ध में उन्हें घायल किया था।

श्लोक २०—सर्वषां नः पश्यताम्—यहाँ अनादर अर्थ प्रकट हो रहा है (सर्वानस्माननादृत्येत्यर्थः) अतः 'षष्ठी चानादरे' सूत्र के अनुसार षष्ठी हुई है। सूत्रस्थ चकार के बल से सप्तमी भी होती है।

युध्यताम्—यह शतृप्रत्ययान्त है। किन्तु 'युध्' धातु आत्मने पदी है अतः इसे शानजन्त होना चाहिए। दीक्षित जी के अनुसार 'अनुदात्तोत्त्वलक्षण-मात्मनेपदमनित्यम्' इस परिभाषा के बल से आत्मनेपद की अनित्यता होने से परस्मैपद हुआ और लट् को 'शतृ' आदेश। अथवा युधमिच्छन्ति इति

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

युध्यन्ति–भावकिबन्त युध् शब्द से 'सुप आत्मनः क्यच्' सूत्र से क्यजन्त होने से परस्मैपद हुआ।

गृह्य—√ग्रह् + (क्त्वा) ल्यप्। वस्तुतः यहाँ क्त्वा को ल्यप् नहीं हो सकता है क्योंकि ग्रह् धातु के पूर्व उपसर्ग का प्रयोग नहीं है अतः 'गृहीत्वा' होना चाहिए। 'गृह्य' यह प्रयोग अपाणिनीय है। भास के नाटकों में इस प्रकार के अपाणिनीय प्रयोग बहुधा मिलते हैं।

श्लोक २२—निवातकवच—निवृत्तः वातः यस्मिन् तत् निवातम् = सुदृढम्, अभेद्यमित्यर्थः) निवातं कवचं येषां ते निवातकवचाः। निवातकवच नामक दैत्य थे। सम्भवतः अभेद्य कवच धारण करने के ही कारण वे निवातकवच नाम से प्रसिद्ध थे। वे इन्द्र को अत्यन्त पीडित किया करते थे। इन्द्र के कहने से अर्जुन ने उनका विनाश किया था।

खाण्डव—कुरुक्षेत्र प्रदेश में खाण्डव नामक वन था। वह इन्द्र को बहुत प्रिय था। उसे अग्नि ने कृष्ण और अर्जुन की सहायता से जलाया था। अर्जुन के उद्योग से उसमें रहने वाले सर्प भागने नहीं पाये थे, सब जलकर भस्म हो गये थे।

कैरातरूपम् हरन्—अस्त्रों की प्राप्ति के लिए अर्जुन इन्द्रकील पर्वत पर तप कर रहे थे। वहाँ किरातवेषधारी शिव से अर्जुन का युद्ध हुआ था। अर्जुन के पराक्रम से शङ्कर जी ने प्रसन्न होकर उन्हें 'पाशुपत' अस्त्र प्रदान किया था। चित्राङ्गदम्—एक बार चित्राङ्गद (अथवा चित्रसेन) गन्धर्व ने दुर्योधन को बाँध लिया था। अर्जुन ने ही उसे चित्राङ्गद से छुड़ाया था।

श्लोक २३—शक्रापनीतकवचः—कर्ण के जन्म के साथ ही अभेद्य कवच से उसका शरीर आच्छादित था। देवता और दानव भी हजारों अस्त्रों से उसका भेदन नहीं कर सकते थे। उस कवच के रहते कर्ण पराजित नहीं किया जा सकता था। पाण्डवों का काम बनाने के लिए इन्द्र विप्रवेष में आकर कर्ण से उसका कवच दान में माँग ले गया था।

अर्धरथः—अर्धः रथः यस्य सः। रथ पर बैठ कर युद्ध करने वाले योद्धा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

को रथी कहते हैं। कतिपय दोषों के कारण कर्ण को महाभारत में आधारथी (अर्धरथ) कहा गया है—

'रणे रणेऽभिमानी च विमुखश्चापि दृश्यते।
घृणी कर्णः प्रमादी च तेन मेऽर्धरथो मतः॥' इति।

व्याजोपलब्धविफलास्त्रबलः—परशुराम का नियम था कि वे ब्राह्मणों को ही अस्त्रोपदेश करते थे, क्षत्रियों को नहीं। कर्ण ने अपने को ब्राह्मण बता कर उनसे अस्त्र विद्या प्राप्त की। कर्ण के साथ एक दिन परशुराम समिधा और कुश लाने के लिए वन में गये। थक कर वे कर्ण की जाँघ पर सिर रख कर सो गये। दुर्दैव वश वज्रमुख नामक कीड़ा (महाभारत में अलर्क नामक कीड़ा) कर्ण की जाँघों में काटने लगा। गुरु की निद्रा भङ्ग न हो अतः कर्ण ने उस पीड़ा को सह लिया। रुधिर के स्पर्श से परशुराम जगे और उस सहन-शक्ति से कर्ण को क्षत्रिय समझने में उन्हें देर नहीं लगी। क्रुद्ध परशुराम ने कर्ण को शाप दिया—समय पड़ने पर तेरे शस्त्र काम न आवेंगे।

पृष्ठ ३३—प्रायश्चित्तम्—प्रायस्य पापस्य चित्तं विशोधनं यस्मात्। बहुव्रीहि समास निपातन से सुडागम। पाप से निस्तार पाने के लिए धार्मिक साधना को प्रायश्चित्त कहते हैं।

श्लोक ३०—यथा तथा = जैसे-तैसे। खिन्नाशयाः—आशय का अर्थ हृदय लेने पर अर्थ होगा—खिन्न हृदय वाले। आशय का अर्थ इच्छा भी है, तब अर्थ होगा भग्न इच्छा वाले। ज्वलन = अग्नि।

श्लोक ३१—कृष्णचक्षुषः—कृष्णश्चक्षुर्येषां ते, कृष्ण हैं नेत्र जिनके अर्थात् कृष्ण के द्वारा निर्दिष्ट। नभस्थलम्—'खर्परे शरि वा विसर्गलोपो वक्तव्यः' इति विसर्ग लोप।

श्लोक ३२—नित्यमुद्यतशासनम्—उद्यतम् = तत्परं शासनम् = आदेशः यस्य तम्। भाव यह है कि जो अपराध के अनुसार सदा तुरन्त दण्ड का विधान करता है। क्रूरम् = कठोर (वचन)।

श्लोक ३३—दिदृक्षुः—द्रष्टुमिच्छतीति दिदृक्षति; दिदृक्षतीति दिदृक्षुः, √दृश् + सन् + उ (सनाशंसभिक्ष उः)। बलिम्—बलि शब्द के अनेक अर्थ हैं यहाँ दैनिक आहार से तात्पर्य है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पृष्ठ ३६—उपस्थानगृहम्—सभाभवन ।

श्लोक ३४—स्वचरितैः—स्वेन = आत्मना चरितानि = कृतानि तैः, अपने ही द्वारा किये गये । द्रष्टव्यः—√दृश् + तव्य । गुरुः = श्रेष्ठ, गुरुजन । प्रविशस्व-प्रपूर्वक विश्धातु के आत्मने पद में लोट् मध्यम पुरुष एकवचन का रूप है । पाणिनीय व्याकरण के अनुसार प्र + √विश् के लिए आत्मने पद का विधान नहीं है अतः 'प्रविश' प्रयोग समीचीन है ।

श्लोक ३५—वली - ('वलि' भी लिखा जाता है) [√वल् + इन् + पक्षे ङीष्] चमड़े पर शिकन या झुर्री । गुरु = महान्, विपुल । संहत = सुदृढ़ । अंस = कन्धा, बाहुमूल ।

धृत्या-√धृङ् अवस्थाने + क्तिन् । विद्यमान होना, रहना, जीवित रहना । पुत्रशतस्य धृत्या = सौ पुत्रों की विद्यमानता से, सौ पुत्रों के रहने से । त्रिदिव = स्वर्ग । निमीलितमुखः = अन्धा । सृष्टः = √सृज् + क्त = रचा गया ।

श्लोक ३६—कृपणीकृतः—कृपण + च्वि + √कृ + क्त, कदर्थित- किया गया, दयनीय दशा को प्राप्त कराया गया । अनुगतः—अनु + गम् + √क्त, ज्ञात, समझा हुआ ।

पृष्ठ ४०—कल्याणः = सौभाग्यशाली, आनन्दप्रद । प्रसूति = उत्पन्न करने वाला । पितामह—पिता का पिता, धृतराष्ट्र भीम का चचा था अतएव भीम के पुत्र घटोत्कच ने उसे पितामह कहा है । प्रवाह = अङ्कुर । मातुल = मामा, मातुर्भ्राता मातुलः, मातृ + डुलच् । प्रिवामहं द्रष्टुमाशया- पितामह (इन्द्र) के दर्शन की आशा से । इन्द्र वस्तुतः अर्जुन के जनक थे, अतः इन्द्र को अभिमन्यु का पितामह कहा गया है ।

हास्यते-√हस् + णिच् + कर्मणि लट् । णिजन्त हस् धातु का भी 'उपहास करना अर्थ होता है ।

श्लोक ४१—श्रीवक्षशय्यागृहे—'वक्ष' शब्द साधु नहीं है । शुद्ध शब्द ,वक्षस्' है अतएव विसर्ग के श्रूयमाण होने से 'श्रीवक्षः शय्यागृहे' पाठ होगा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

किन्तु इससे छन्दोभङ्ग की आपत्ति है। यदि 'श्रीवत्सशय्यागृहे' पाठ कर दिया जाय तो अर्थ के साथ साथ छन्दोभङ्ग भी नहीं होगा। श्रीवत्स = विष्णु की छाती पर बालों का घूँघर या चिह्नविशेष।

श्लोक ४२—अराजान राजा इति अराजा ! नञ् तत्पुरुष समास है। 'राजाहः सखिभ्यष्टच्' से टच् समासान्त नहीं हुआ, क्योंकि समासान्त विधि अनित्य है, कहीं नहीं भी होता है।

श्लोक ४३—नृपशतविनिचित्या—(मार कर) दुर्योधन आदि सौ भाइयों का इकट्ठा ढेर लगा देने से। विनिचितिः-(वि + नि √चिञ् (चयने) स्त्रियां भावे क्तिन्) ढेर लगा देना, टाल लगा देना। फाल्गुन = अर्जुन।

श्लोक ४५—अक्ष = जुआ खेलने का पाँसा। अष्टापद—फलक या वस्त्र जिस पर आठ खाने बने होते हैं और जो जुआ खेलने के काम आता है।

पणः = दाँव पर लगाई हुई वस्तु। रतिः-√रम् + स्त्रियां भावे क्तिन्। यह अवधेय है कि रम् धातु अथवा उससे निष्पन्न भाववाचक शब्द का प्रयोग करणकारक और अधिकरण कारक के साथ होता है। यहाँ करण कारक (बाणैः) के साथ प्रयुक्त है। 'लीलापाङ्गैर्यदि न रमसे लोचनैर्वञ्चितोसि- मेघदूत २७ (करण कारक का उदाहरण)। 'व्यजेष्ट षड्वर्गमरंस्त नीतौ भट्टि काव्य १।२ (अधिकरण कारक का उदाहरण)।

श्लोक ४६—क्षिपसि = निन्दा करते हो। प्रमाण = मर्यादा, सीमा। गणयसि = विचारते हो। व्याहरन्— वि + आ + √हृ + शतृ। जल्पना करते हुए। मातृपक्ष—माता (हिडिम्बा) का गुट-राक्षसकुल। रौद्र = भयङ्कर।

श्लोक ४७—भ्रातुः पत्नीं शिरसि न स्पृशन्ति = भाई की भार्या के सिर पर हाथ नहीं लगाते। विकृत = भीषण। उग्र = कठोर, उद्धत। घृणा = दया

श्लोक ४८—दूतघातकाः = घ्नन्तीति घातकाः, (√हन् + ण्वुल्) दूतस्य घातका इति दूतघातकाः। दूत को मारने वाले।

पृष्ठ ४९—प्रधर्षयसि = निन्दा करते हो। प्र + √धृष् (चुरादि) + णिच् + लट्।

श्लोक ४९—व्यवसायेन अलम्—व्यापार बन्द करो, गम्यमानापि क्रिया कारकविभक्तौ प्रयोजिका इति करणत्वात्तृतीया (व्यवसायेन)। प्रहरध्वम् =

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

तुम सब प्रहार करो। समाहृताः = एक जुट। ज्याच्छेदात् + धनुष की डोरी कट जाने से।

श्लोक ५०—दष्टोष्ठः—दष्टः ओष्ठो येन सः दष्ट + ओष्ठः दष्टोष्ठः 'ओत्वोष्ठयोः समासे वा' वार्तिक से वैकल्पिक पररूप। पक्षे 'दष्टौष्ठः' भी। मुष्टिमुद्यम्य = मुट्ठी उठाकर, मुट्ठी तान कर।

मर्षयतु भवान् = तुम क्षमा करो। अवगन्ता = समझने वाला।

श्लोक ५१—पारुष्यसाध्याः—पारुष्य = कठोरता से, साध्याः = पराजित। धमकियों से पराजित होने वाले। प्रतिवचः = उत्तर। सायकैः = बाणों से।

श्लोक ५२—व्यपेक्षा = लिहाज, सम्मान, अनुरोध। कांक्षितम् = अभीष्ट। अनुतिष्ठ = करो। जात्योपदेशः = हितोपदेश। कृतान्तः = यमराज। सूर्यांशुभिः समम् = सूर्य की किरणों के साथ। उपैष्यति = पहुँचेगा।

—०×०—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

दूतघटोत्कचगत-प्रयुक्तछन्दःसूची

अनुष्टुप् (श्लोक)—

श्लोके षष्ठं गुरु ज्ञेयं सर्वत्र लघुपञ्चमम् ।
द्विचतुष्पादयोर्ह्रस्वं सप्तमं दीर्घमन्ययोः ॥

पद्य संख्या—६, ७, १५, १७, १८, २१, २४, २५, २६, २८, २९, ३१, ३२, ३७, ३८, ३९, ४०, ४२, ४४, ४८, ४९, ५० ।

इन्द्रवज्रा—स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः । १०, १६, ३० ।

उपजाति—स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः । उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ (इत्यनयोरुपजातिः) २, ९, १९, ३६ ।

शालिनी—मात्तौ गौ चेच्छालिनी वेदलोकैः । २० ।

वंशस्थ—जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ । १३, ३३ ।

प्रहर्षिणी—त्र्याशाभिर्मनजरगाः प्रहर्षिणीयम् । ४ ।

वसन्ततिलका—उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ गः । १, ५, ११, १४, २३, ३५, ४५, ५२ ।

मालिनी—न न मयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः । ४३, ४६ ।

हरिणी—न स म र स ला गः षड्वेदैर्हयैर्हरिणी मता । ४७ ।

शार्दूलविक्रीडित—सूर्याश्वैर्यदि मः सजौसततगाः शार्दूलविक्रीडितम् । ३, ८, १२, २२, २७, ३४, ४१, ५१ ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दूतघटोत्कचगत-प्रयुक्तालङ्कारसूची

उपमा—साम्यं वाच्यमवैधर्म्यं वाक्यैक्य उपमा द्वयोः। पद्य संख्या २०, २७, ३३, ५२।

रूपक—रूपकं रूपितारोपाद्विषये निरपह्नवे। ६, १२, २२, ५२।

उत्प्रेक्षा—भवेत् संभावनोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य परात्मना। २५, २६, ३५, ३७।

काव्यलिङ्ग—हेतोर्वाक्यपदार्थत्वे काव्यलिङ्गं निगद्यते। ४७।

सहोक्ति—सहार्थस्य बलादेकं यत्र स्याद्वाचकं द्वयोः।

सा सहोक्तिर्मूलभूतातिशयोक्तिर्यदा भवेत्॥ १३, ५२।

निदर्शना—सम्भवन् वस्तुसम्बन्धोऽसम्भवन् वाऽपि कुत्रचित्।

यत्र बिम्बानुबिम्बत्वं बोधयेत् सा निदर्शना॥ ३॥

पर्यायोक्त—पर्यायोक्तं यदा भङ्ग्या गम्यमेवाभिधीयते। ३।

दूतघटोत्कचगत अपाणिनीय प्रयोग सूची—

(१) तं हत्वा क इहोपलप्स्यति चिरं स्वैर्दूष्कृतैर्जीवितम्। (श्लोक ८)

उप + √लभ् + लृट् = उपलप्स्यते प्रयोग शुद्ध है। भास ने आत्मनेपद के स्थान पर परस्मैपद का प्रयोग किया है।

(२) व्यायामोष्णं गृह्य चापं करेण (श्लोक २०)

√ग्रह् से क्त्वा प्रत्यय के स्थान पर 'ल्यप्' आदेश व्याकरणशास्त्र-विरुद्ध है।

दूतघटोत्कचगत-शुभाषित

को हि सन्निहितशार्दूलां गुहां धर्षयितुं समर्थः॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

श्लोकानुक्रमणिका

	श्लोकाङ्काः		श्लोकाङ्काः
अद्यान्विमुञ्च	४५	पृथिव्यां शासनं	४०
अद्याभिमन्यु	५	प्रतिज्ञासार	२८
अद्यैव दास्यामि	१०	प्रयामि सौभद्र	३३
अपि प्रविष्टं	३१	बहूनां समुपेतानां	१७
अलं वो व्यव	४९	बालेनैकेन	२१
अवसितमवगच्छ	४३	भर्तुस्ते नूनं	७
एका कुलेऽस्मिन्	१६	भूमिकंपः	२५
कामं न तस्य	१४	मुक्ता येन यदा	४१
किं व्यर्थं वह	५१	यदि स्यात् वाक्य	४४
कृष्णस्याष्टभुजो	८	यतोऽभिमन्यु	११
केनाभिमन्यु	६	यान्त्यर्जुन	२
केनैतत्	४	येन में निहितः	२९
क्रूरमेवं नरपतिम्	३२	यौधस्यन्दन	३
क्षिपसि वदसि	४६	राजा वा यदि	४२
चितां न तावत्	९	रुद्धाः पाण्डु	१२
जयद्रथेनाद्य	१३	वृद्धं भीष्मम्	१८
तस्यैव व्यवसाय	२७	वृद्धोऽप्यनातत	३५
त्वया हि यत्	२४	शक्र पृच्छ पुरा	२२
दष्टोष्ठो	५०	शक्रापनीत	२३
दूतः खलु भवान्	४८	सक्रोधव्यव	३७
देवैर्मन्त्रयते	३८	सर्वेषां न पश्यताम्	२०
द्रोणोपदेशेन	३०	सुव्यक्तं निहतम्	२९
धर्मं समाचर	५२	सौभद्रे निहते	१५
न तु जतुगृहे	४७	स्वच्छन्दमृत्यु	१९
न ते प्रियं	३६	हसति त्वमहं	३९
नारायणस्त्रिभुवनै	१	हैडिंबोऽस्मि	३४

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कृष्णदास संस्कृत सीरीज
१७६
****

भासनाटकचक्रे

कर्णभारम्

'इन्दुकला' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकार:
श्री वैद्यनाथ झा

चौखम्बा कृष्णदास अकादमी वाराणसी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रकाशक : चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी
संस्करण : तृतीय, वि०सं० २०६९, सन् २०१२
मूल्य : रू० २२.००

© चौखम्बा कृष्णदास अकादमी
के० ३७/११८, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० नं० १११८, वाराणसी-२२१००१ (भारत)
फोन : (०५४२) २३३५०२०

अपरं च प्राप्तिस्थानम्
चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस
के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० नं० १००८, वाराणसी—२२१००१ (भारत)
फोन : (आफिस) (०५४२) २३३३४५८
(आवास) (०५४२) २३३५०२०, २३३४०३२
Fax : 0542 - 2333458
e-mail : cssoffice@sify.com
web-site : www.chowkhambasanskritseries.com

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

KRISHNADAS SANSKRIT SERIES
176
***

KARṆABHĀRAM

OF

BHĀSA

Edited With the
'Indukalā' Sanskrit-Hindi Commentaries

By

Sri Vaidyanath Jha

CHOWKHAMBA KRISHNADAS ACADEMY
VARANASI

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Publisher : Chowkhamba Krishnadas Academy, Varanasi
Printer : Chowkhamba Press, Varanasi

© CHOWKHAMBA KRISHNADAS ACADEMY
Oriental Publishers & Distributors
K. 37/118, Gopal Mandir Lane
Post Box No. 1118, Varanasi- 221001
(INDIA)
Phone : (0542) 2335020

Also can be had from :
CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE
Publishers and Oriental and Foreign Book-sellers
K . 37/99, Gopal Mandir Lane
At the North Gate of Gopal Mandir
Near Golghar (Maidagin)
Post Box No. 1008, Varanasi- 221001 (India)
Phone { Office : (0542) 2333458
Resi. : (0542) 2334032, 2335020
Fax : 0542 - 2333458
e-mail : cssoffice@sify.com
web-site : www.chowkhambasanskritseries.com

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कर्णभारम्

प्रस्तावना

काव्यों में नाटक का स्थान

नाटकों को उत्पत्ति के कारणों पर ध्यान देने से स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है कि काव्य के सम्पूर्ण अवयवों में नाटक का स्थान अधिक महत्त्वपूर्ण है।

नाटक की उत्पत्ति के सम्बन्ध में एक कथा आती है कि राक्षसों के साथ युद्ध करते-करते जब इन्द्रादि देवता थक गये तब उन्होंने अपने मनो-विनोद के लिये ब्रह्मा से कहा —जैसे—

महेन्द्र - प्रमुखैर्देवैरुक्तः किल पितामहः ।
क्रीडनीयकमिच्छामो दृश्यं श्रव्यञ्च यद्भवेत् ॥

देवताओं के इस आग्रह से प्रभावित होकर ब्रह्मा ने दृश्य और श्रव्य "नाटक" नामक पाँचवें वेद का निर्म्माण करके, "भरत" मुनि को आदेश दिया कि "आप इस अनुपम वेद को पृथ्वी पर लाकर उसका प्रचार करें। जिसमें सम्पूर्ण शास्त्रों का तत्त्व निहित है और जो सभी कलाओं का प्रदर्शक है। कहा भी गया है—

सर्वशास्त्रार्थसम्पन्नं सर्वशास्त्रप्रदर्शकम् ।
नाट्य-संज्ञमिमं वेदं सेतिहास करोम्यहम् ॥

नाटक की सर्वाधिक रमणीयता की पुष्टि कालिदास की इस उक्ति से भी होती है—

"नाट्यं भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाप्येकं समाराधनम्"। तात्पर्य यह है कि संसार में सभी मनुष्यों की रुचि एक सी नहीं होती। किसी को एक वस्तु अच्छी लगती है तो दूसरे को दूसरी वस्तु। कोई गीत और अभिनय कला को ही प्रेम

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

से स्वीकार करता है तो कोई नीति पूर्ण एवं प्रेम पूर्ण कथाओं में ही अपनी उत्कट अभिरुचि प्रदर्शित करते हैं। नाटक में एक साथ ही सभी वस्तुओं का समावेश हो जाता है। नाटक में कहीं तो अतिशय आनन्द दायक कथोपकथन का विन्यास रहता है तो कहीं पर पत्थर की तरह कठोर वस्तु को भी पिघलाने वाला गीत-संलाप। यही नहीं, कहीं-कहीं दर्शकों को हास्य में डुबा देने वाले शारीरिक वाचनिक और मानसिक चेष्टाओं के प्रदर्शन का अवसर भी मिल जाता है। परिणाम-स्वरूप नाटक में एक साथ ही विभिन्नरुचि वाले दर्शकों का मनोरञ्जन हो जाता है। नाटक के अतिरिक्त अन्य किसी काव्याङ्ग में यह विशेषता देखने को नहीं मिल सकती है जो कि एक ही स्थान पर मानव-मात्र को अलौकिक आनन्द प्रदान कर सके।

नाटक के स्वरूप के विषय में भरत मुनि ने जो कहा है उससे भी नाटक का सर्वाधिक महत्त्व और रमणीयता परिलक्षित होती है। जैसे—

नाना-भावोपसम्पन्नं नानावस्थान्तरात्मकम्।
लोकवृत्तानुकरणं नाट्यमेतन्मया कृतम्॥

भावार्थ यह है कि विभिन्न अवस्थाओं में विभिन्न भाव मुद्रायुक्त लोक वृत्त का अनुकरण ही नाटक है। नाटक में आयी हुई घटना प्रत्यक्ष और वास्तविक की तरह मालूम पड़ती है। इस लिये नाटक रस में निमग्न मानव कुछ क्षणों के लिये अपने सभी मनोविकारों से उस समय अलग हो जाता है।

यद्यपि काव्य के अनेक लक्ष्य स्वीकृत किये गये हैं, तथापि उनमें प्रधान लक्ष्य जन-रञ्जन के साथ ही जन-शिक्षण भी है। मनो-रञ्जन के साथ ही जैसा उपदेश दर्शक नाटक से प्राप्त करता है, वैसा किसी अन्य काव्याङ्ग से नहीं प्राप्त कर सकता है।

दुःखार्तानां श्रमार्तानां शोकार्तानां तपस्विनाम्।
विश्रान्तिजननं काले नाट्यमेतत् भविष्यति॥
धर्म्यं यशस्यमायुष्यं हितं बुद्धि – विवर्धनम्।
लोकोपदेश – जननं नाट्यमेतद् भविष्यति॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

काव्य का चरम लक्ष्य "ब्रह्मास्वाद सहोदर रसास्वाद" है। केवल श्रव्यात्मक काव्य से काव्यभावना के द्वारा परिपक्व बुद्धि वाले सहृदय सामाजिक ही रसास्वाद प्राप्त कर सकते है; क्योंकि उसकी विशद अनुभूति के लिये जिस कवितामय वातावरण की आवश्यकता होती है उसका निर्धारण सर्वसाधारण नहीं कर सकता। परन्तु नाटक दृश्य काव्य है, इसमें अभिनय का प्राधान्य होता है, इस लिये अभिनय दर्शन के द्वारा सर्वसाधारण मनुष्य भी रसास्वाद करता है; क्यों कि मानव जिस शक्ति के द्वारा रस निमग्न कर दिया जाता है नाटक में उस शक्ति की अधिकता होती है। यह सर्वसिद्धान्त सिद्ध है कि सुनी हुई वस्तु की अपेक्षा देखी गयी वस्तु में अधिक प्रभावोत्पादकता और आकर्षण होता है। अधिक आकर्षक होने के कारण दृश्य काव्य की रमणीयता निर्विवाद है। इस लिये कहा भी है

"काव्येषु नाटकं रम्यम्"।

महाकवि भासः—

यद्यपि मैंने पहले काव्यों में नाटक का स्थान क्या है इसका विवेचन किया है तदनन्तर मुझे प्रस्तुत नाटक के सम्बन्ध में कुछ लिखना चाहिए, परन्तु किसी कृति के विवेचन के पहले उस कृति के कलाकार के सम्बन्ध में जान लेना अपेक्षित ही नहीं आवश्यक भी होता है तो "कर्णभार" के विवेचन के पहले यदि उक्त नाटक के कलाकार महाकवि "भास" के विषय में कुछ विचार करें तो असंगत न होगा।

कविता कामिनी के हास महाकवि भास संस्कृत नाटकों के विकास परम्परा में देदीप्यमान वह मणि हैं जिनकी कीर्ति-कौमुदी का अजस्र प्रकाश काल के दुर्दम्य प्रभाव से अस्पष्ट रहा और सुदूर दक्षिण से लेकर अनन्त उत्तर तक तथा पूरब से लेकर पश्चिम तक चमकता रहा। नाटक को पञ्चमवेद कहलाने का जो सम्मान प्राप्त हुआ और कालिदास ने जो "नाट्यं भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाप्येकं समाराधनम्" कहा इसकी सम्यक् परिपुष्टि भासकृत नाटकों से होती है। नाटक में तीनों लोकों के भावों का अनुवर्तन होता है। जब हम इस दृष्टि से देखते हैं तो भास का महत्त्व और भी बढ़ जाता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बीसवीं स.दी के आरम्भ तक भास के नाटकों के स्वरूप से लोग बिल्कुल अज्ञात थे. केवल यत्र-तत्र भास के कुछ प्रशस्ति वाक्य ही सुनने को मिलते थे। सर्वप्रथम महामहोपाध्याय श्री टी० गणपति शास्त्री जी ने १९१२ ई० में भास के १३ नाटकों का अत्यन्त प्रामाणिक संस्करण प्रकाशन कराया। हमने पहले लिखा हैं कि भास के नाटक पहले अज्ञात थे किन्तु उनके प्रशस्ति वाक्य सुने जाते थे। उनमें वाणी के वरदपुत्र कालिदास ने अपने नाटक "मालविकाग्निमित्र" में सूत्रधार से प्रश्न करवाया है—

(१) प्रथित-यशसां भास-सौमिल्ल-कविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य कथं वर्त्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतोबहुमानः। इति ॥

(२) हर्ष के सभा-पण्डित "बाण" ने भास के नाटकों की प्रशंसा करते हुए कहा है—

सूत्रधारकृतारम्भैः नाटकैर्बहुभूमिकैः।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥ (हर्षचरित)

अब यहाँ प्रश्न यह उठाया जा सकता है कि भास कृत नाटक पहले इतने लोकाभिमत थे कि कालिदास, बाण जैसे उत्कृष्ट कवि से उनका उल्लेख किये बिना नहीं रहा गया तो वे कृति फिर लुप्त कैसे हो गये जो "टी० गणपति शास्त्री" ने उसे पुनः प्रकाशित करवाया। सुमिल्ल आदि के नाटक आज भी अलभ्य हैं। अतः इसका समुचित उत्तर नहीं दिया जा सकता। तथापि विद्वानों ने इसका उत्तर देने का प्रयास किया है—

(१) देश में मुसलिम शासन के प्रसार के साथ ही साथ संस्कृत ग्रन्थों पर भी विपत्तियाँ आने लगीं। चूँकि उस समय मुसलमान का बोल-बाला था और भास ने अपने नाटकों मे, "राजसिंह" का, पृथ्वीपालन का आदेश देते थे वर्णन किया अतः वैदिक धर्म के प्रचारक भास के नाटकों पर मुसलमानों की कुदृष्टि पड़ना कोई असम्भव नहीं और सम्भवतः इसी कारण इनके नाटक लुप्त हो गये होगे। कुछ प्रतियाँ बच इसलिये गयीं क्योंकि वे प्रतियाँ मलयालम लिपि में लिखित थीं और वह लिपि मुसलमानों के लिये अबोध्य थी अतः वे इसे विनष्ट नहीं कर पाये होंगे।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(२) बाह्य आक्रमण के पुनः पुनः होने से भारत वासी अपने जीवन से निराश हो चुके थे। अतः वीरता पूर्ण नाटकों को देखने की अपेक्षा अब वे धर्म एवं दर्शन की ओर आकृष्ट हो गये थे। अतः भास के ये नाटक प्रचलन से उठ गये।

कुछ भी हो अपने लालित्यपूर्ण नाटकों से संस्कृत वाङ्मय के भण्डार को परिपूर्ण कर भास ने जो स्थान प्राप्त किया है वह सर्वथा महत्त्वास्पद ही है।

भास का समयः—

संस्कृत के अन्य प्राचीन महाकवियों की तरह "भास" ने अपनी रचनाओं में न तो अपने समय की चर्चा की या न अपने स्थिति की। पाश्चात्य और पूर्वीय विद्वानों का मत इनके विषय में वैसे ही परस्पर विरुद्ध हैं जैसे कवि कुल गुरु कालिदास के विषय में। उन मत मतान्तरों को तीन भाग में विभक्त कर उनकी यथार्थता पर विचार यदि किया जाय तो सुविधा रहेगी।

प्रथम मत :—

महामहोपाध्याय टी० गणपति शास्त्री, दीक्षितार आदि के मतानुसार महा कवि भास पाणिनि और कौटिल्य से भी प्रचीन हैं। कौटिल्य ने युद्ध भूमि में सेनाओं के उत्साहवर्द्धन के लिये जिन जिन श्लोकों को प्रस्तुत किया है उनमें—

"नवं शरावं सलिलैः सुपूर्णं सुसंस्कृतं दर्भकृतोत्तरीयम्।
तत्तस्य माभून्नरकं च गच्छेद् यो भर्त्तृपिण्डस्य कृतेन युध्येत्।"

यह श्लोक भास रचित "प्रतिज्ञा यौगन्धरायण" में भी मिलता है। भास विरचित "प्रतिमा-नाटक" में भी पण्डितमूर्धन्य रावण ने "बाहस्पत्यमर्थस्यम्" अधीये" कहकर अपनेको बार्हस्पत्य अर्थशास्त्र का ज्ञाता कहा है। भास का कौटिल्यसे पूर्ववर्तित्व इससे भी सिद्ध होता है क्योंकि भास के समय में कौटिल्य का अर्थ-शास्त्र न बना हो।

भास की रचनाओं में पाणिनि प्रोक्त व्याकरण नियम की अव्यवस्था बहुशः पायी जाती है। यदि भास के समय पाणिनि होते या उनसे पूर्व हो चुके होते तो भास जैसे महाकवि क्या उक्त व्याकरण के नियम का उल्लंघन कर सकते थे। अतः भास का समय पाणिनि से पूर्व मानना कोई अनुचित नहीं होगा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शूद्रक कृत "मृच्छकटिक" नाटक पर भास रचित "दरिद्र-चारुदत्त" का स्पष्ट प्रभाव दिखलाई पड़ता है, एवं विन्सेन्ट स्मिथ के कथनानुसार शूद्रक का शासन १२० से १९७ ई० पू० तक था। अतः भास ने "दरिद्र-चारुदत्त" की रचना यथा संभव ई० पू० चौथी या पाँचवी शताब्दी में की होगी।

यद्यपि डा० टी० गणपति शास्त्री ने भास को बुद्धके पूर्ववर्ती माना है, परन्तु भास के नाटकों में जिन नागवन, वेणुवन, राजगृह और पाटलिपुत्र का वर्णन मिलता है वे सब सम्भव है बुद्ध के समय ही प्रसिद्धि प्राप्त किये होंगे। अतः बुद्ध के पश्चात् ही भास का समय माना जा सकता है।

द्वितीय मत (२-३ ई० पू०) मैंने पहले ही इस बात की चर्चा की है कि कालिदास ने अपने नाटक में भास की प्रशंसा की है। चूँकि कालिदास का समय डा० कीथ के अनुसार चौथी शताब्दी माना गया है, अतः भास का समय ३५० ई० तक माना जा सकता है। अथ च, अश्वघोष के नाटकों में भास की चर्चा बिल्कुल नहीं है अपितु "बुद्ध चरित" के एक श्लोक का स्पष्ट प्रभाव इनके प्रतिज्ञा यौगन्धरायण" में मिलता है। अतः भास को अश्वघोष (द्वितीय शताब्दी) के बाद एवं कालिदास (चतुर्थ या पंचम शताब्दी) के बाद मानना चाहिए।

कुछ लोगोंने स्वप्न-वासवदत्तादि १३ नाटकों के कर्ता भास को न मानकर किसी केरल प्रदेशीय कवि को माना है और उनके मतानुसार उस कवि का समय सातवीं शताब्दी है!

इस प्रकार पाश्चात्य ऐतिहासिक गवेषकों के मतों के अध्ययन कर लेने के पश्चात् हम जिस-किसी भी प्रकार इसी निश्चय पर पहुँच पायेंगे कि "भास" मौर्य काल के पूर्व इस लिये विद्यमान थे कि इन्होंने भी तात्कालिक कवि की तरह अपने नाटकों में अपना नामोल्लेख नहीं किया है। एवञ्च इन्हें कौटिल्य (४ थीं शताब्दी ई० पू०) के पश्चात् नहीं माना जा सकता।

भास के नाटकों का संक्षिप्त परिचय

(१) प्रतिमा

इस नाटक में सात अंक हैं। इसमें राम-वनवास से लेकर रावण-वध पर्यन्त कथा वर्णित हैं। भरत कृत नाट्यशास्त्र नियम के विरुद्ध दशरथ की

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मृत्यु प्रस्तुत नाटक में रंग मंच पर ही अभिनीत की गयी है। अयोध्या के मृत राजाओं की प्रतिमाएँ देवकुल में स्थापित की जाती थी अत: उक्त नाटक का नाम "प्रतिमा" रखा गया।

(२) अभिषेक

छ: अङ्कों के इस नाटक में किष्किन्धा सुन्दर तथा युद्ध काण्ड की रामायण-कथा वर्णित हैं।

(३) अविमारक

इस नाटक में अविमारक तथा राजा कुन्तिभोज की पुत्री कुरङ्गी के प्रेम की कहानी है। अविमारक का संकेत कामसूत्र में मिलता है। इस नाटक में प्रेम का सुन्दर एवं सरस चित्रण है।

(४) बालचरित

इसमें श्री कृष्ण जन्म से लेकर कंसवध तक की कथाएँ वर्णित हैं। इसमें पाँच अङ्क हैं। कृष्णके बाल चरित का बहुत ही सजीव वर्णन प्रस्तुत नाटक में है।

(५) पञ्चरात्र

इस नाटक में कवि ने महाभारत की एक कथा का चित्रण बिल्कुल अपनी कल्पना शक्ति के आधार पर नवीन ढंग से किया है। दुर्योधन यज्ञ के समय आचार्य द्रोण को दान देने की प्रतिज्ञा करता है। उस दान में द्रोण पाण्डवों को आधा राज्य दे दो य. दान माँग लेते हैं। शकुनि की सलाह से दुर्योधन स्वीकृति तो देता है परन्तु उसमें एक शर्त लगा देता है कि यदि पाँच रातों में इस बात की जानकारी पाण्डवों को लग जाए तब हम उन्हें आधा राज्य दे देंगे। जब कि पाण्डव लोग विराट नगर में थे। द्रोणाचार्य के प्रयास से पाण्डवों को इस बात का पता चल जाता है और दुर्योधन उन्हें आधा राज्य दे देता है। यही कथानक इस नाटक में बड़े ही मनोरम ढंग से वर्णित किया गया है।

(६) मध्यमव्यायोग

इस नाटक में मध्यम पाण्डव (भीम) का मध्यम ब्राह्मण पुत्र की रक्षा करना और हिडिम्बा से मिलन यह अन्त में वर्णित है। इसमें पुत्र का पिता

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

को न पहचानते हुए धृष्टता पूर्वक माँ के सम्मुख लाकर उपस्थित करने का वर्णन बड़े ही सरस एवं कौतूहलपूर्ण ढंग से वर्णित है।

(७) दूतवाक्य

इस में महाभारत के युद्ध के पहले श्रीकृष्ण पाण्डवों के दूत बनकर कौरवों के पास जाते हैं यह कथा वर्णित है। कृष्ण और दुर्योधन के कथोपकथन में नाटकीयता का बड़ा ही महत्त्वपूर्ण दिग्दर्शन प्रस्तुत नाटक में किया गया है।

(८) दूतघटोत्कच

इस नाटक में अभिमन्यु से दुःख संतप्त, एवं कुद्ध अर्जुन को प्रतिज्ञा कर लेने के बाद घटोत्कच पाण्डवों के पक्ष मे दूत बनकर दुर्योधन के पास उसके विनाश को सूचना देने जाता है। उद्धत घटोत्कच एवं दुर्योधन के वार्तालाप का चित्रण इसमे बहुत ही कौतूहल पूर्ण है।

(९) कर्णभार

इस एकांकी नाटक में खिन्न मना कर्ण प्रवेश करता हुआ शल्य से अपने अध्ययन काल की बातों को बताता है कि परशुराम से मैंने किस प्रकार छल से शस्त्र विद्या सीखी, एवं 'यह क्षत्रिय है' ऐसा जानकर उन्होंने कैसे भीषण शाप मुझे दे डाला इत्यादि। अन्त में ब्राह्मण वेष में इन्द्र कर्ण से कवच-कुण्डल की याचना करते हैं, शल्य के मना करने पर भी यश को स्थायी बताते हुए कर्ण उन्हें कवच-कुण्डल दे देता है। इसी कथा का अपने ढंग से कवि वर्णन करता है।

(१०) स्वप्नवासवदत्तम्

कोशः—"सप्रतापः प्रभावश्च यत्तेजः कोषदण्डजम्। इत्यमरः। शब्दे निनाद निनद ध्वानध्वानखाः स्वनाः। इत्यमरः। आर्द्रं साद्रं क्लिन्नं तिमितं स्तिमितम् समुन्नतमुन्नतञ्च। अथ ग्रीवायां शिरोधिः कन्धरेत्यपि इत्यमरः। वक्त्रास्य वदन तुण्डमाननं लपनं मुखम् इत्यमरः।

भावार्थः—एष खलु याचकः नास्ति विप्रमात्रम्; अपितु कश्चन ऐश्वर्य सम्पन्न एवास्ति; यतोहि यस्य गम्भीरां वाचं श्रुत्वा तत्प्रभावात् एते गच्छन्तो मदीयाः अश्वाः स्वे स्वे कर्णौ उत्थाय स्वकीयान् कन्धान् वक्रीकृत्य निर्निमेषदृष्ट्या तमेवाभिमुखं पश्यन्तोऽवतिष्ठन्ते, प्रतिभान्ति चेमे यथा पराधीना चित्रलिखिता इव ॥ १५ ॥

हिन्दी— (नेपथ्य में)

ऐ कर्ण ! मैं बहुत बड़ी भिक्षा माँग रहा हूँ।

कर्ण—(सुनकर) अरे ! बड़ा तेजस्वी शब्द है।

यह भिक्षा माँगने वाला कोई सामान्य ब्राह्मण मात्र नहीं है; अपि तु ऐश्वर्यवान् भी है। क्योंकि इसकी गम्भीर वाणी को सुनकर ये मेरे चलते हुए घोड़े, कान खड़ेकर निर्निमेष दृष्टि से अपनी गर्दन टेढ़ी कर उसी की ओर देखते हुए खड़े हो गये हैं; इस तरह ये परवश चित्र में लिखित घोड़े की तरह लग रहे हैं।

आहूयतां स विप्रः। न न। अहमेवाह्वयामि। भगवन्नित इतः।

(ततः प्रविशति ब्राह्मण-रूपेण शक्रः)

शक्रः—भो मेघाः सूर्येणैव निवर्त्य गच्छन्तु भवन्तः। (कर्णमुपगम्य) भो कर्ण ! महत्तरं भिक्खं याचेमि [भोः कर्ण ! महत्तरां भिक्षां याचे]

हिन्दी—उस ब्राह्मण को बुलाओ। नहीं नहीं। मैं ही बुलाता हूँ। भगवन् ! इधर आएँ, इधर।

(उसके बाद ब्राह्मण वेश में इन्द्र प्रवेश करता हैं)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

शक्र—हे मेघ गण ! तुम लोग भी सूर्य के साथ ही चले जाओ। (कर्ण के समीप जाकर) हे कर्ण ! मैं बहुत बड़ी भिक्षा माँग रहा हूँ।

कर्णः—दृढं प्रीतोऽस्मि भगवन्।

यातः कृतार्थगणनामहमद्य लोके
राजेन्द्र मौलिमणिरञ्जितपातपद्मः।
विप्रेन्द्रपादरजसा तु पवित्रमौलिः
कर्णो भवन्तमहमेष नमस्करोमि ॥ १६ ॥

अन्वयः—एष; अहम्; राजेन्द्रमौलिमणिरञ्जितपादपद्मः, अद्य, लोके, कृतार्थ—गणनाम्, यातः, तु विप्रेन्द्रपादरजसा; पवित्रमौलिः, कर्णः भवन्तम् नमस्करोमि ॥ १६ ॥

व्याख्याः—एष = रणे उपस्थितः, अहम् = राधेयः; राजेन्द्रमौलिमणिरञ्जितपादपद्मः—राजेन्द्राणाम् = नृपश्रेष्ठानाम्; मौलिषु: मस्तकेषु: "रञ्जिताः" मणयः = हीरकादयः, तैः रञ्जितम् = रक्तीकृतम् पादपद्म = चरणकमलम् यस्य सः; अद्य = अस्मिन् दिवसे; लोके = संसारे; कृतार्थ—गणनाम् = सम्पादित प्रयोजनसङ्ख्याम्; यातः = प्राप्तः; तु = किन्तु; विप्रेन्द्रस्य = ब्राह्मणश्रेष्ठस्य भवतः पादरजसा = चरणधूलिना, पवित्रमौलिः = पूतमस्तकः; कर्णः = एतन्नामकः, भवन्तम् = याचकत्वेनोपस्थितं विप्रम्; नमस्करोमि = प्रणमामि ॥ वसन्ततिलका नामकम् = छन्दः।

समासः—कृताः अर्थाः यैस्ते कृतार्थाः (बहु०) तेषां गणनाम् = कृतार्थगणनाम् (ष० त०); राज्ञामिन्द्रः राजेन्द्रः (ष० तत्०) तेषां मौलि = राजेन्द्रमौलिः (ष० तत्०) तेषु ये मणयः = राजेन्द्रमौलिमणयः (बहु०) तैः रञ्जितं पादपद्म यस्य स—राजेन्द्रमौलिमणिरञ्जितपादपद्मः (बहु० ब्री०)। विप्रेषु इन्द्रः विप्रेन्द्रः (स० तत्०); तस्य पादः विप्रेन्द्रपादः (ष० तत्) तस्य रजः विप्रेन्द्रपादरजः तेन विप्रेन्द्रपादरजसा (ष० तत्०)

कोशः—लोकस्तु भुवने जने; इत्यमरः। चूडा किरीटं केशाश्च संयता मौलयस्त्रयः; इत्यमरः। रेणुद्वयोः स्त्रियांधूलिः पांशुर्ना न द्वयो रजः; इत्यमरः। पवित्रः प्रयतः पूतः; इत्यमरः ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

भावार्थः—"सर्वेषामभ्यागती गुरुः" इति वाक्यानुसारेण आतिथेयः कर्णः विप्रं नमस्कुर्वन् कृतकृत्यमात्मानं मन्यते इति व्यनक्ति "यस्य मम कर्णस्य पादपद्म नृपश्रेष्ठानां मस्तकस्थितैः मणिभिः रज्यते सोऽहं भवत्पादधूलिपूत–मस्तकः भवन्तं प्रणमामि ॥ १६ ॥

हिन्दी—मैं अत्यन्त खुश हूँ भगवान् । जिसके चरणों को श्रेष्ठ राजागण अपने मस्तकमणि से सुशोभित करते रहते हैं; वह कर्ण आपकी चरणधूलि से पवित्र मस्तक वाला अपने को कृत–कृत्य मानता हुआ आपको प्रणाम करता है ।

शक्रः—(आत्मगतम्) किं नु खलु मया वक्तव्यं यदि दीर्घायुर्भवेति वक्ष्ये दीर्घायुर्भ वक्ष्यति । यदि न वक्ष्ये मूढ इति मां पराभवति । तस्मादुभयं परिहृत्य किं नु खलु वक्ष्यामि । भवतु दृष्टम् । (प्रकाशम्) (भो कण्ण ! सुय्ये विअ चन्दे विअ, हिमवन्ते विअ; सागले विअ, चिट्ठदु दे जसो) । भो कर्ण । सूर्य इव; चन्द्र इव; हिमवानिव, सागर इव तिष्ठतु ते यशः ।

हिन्दी—(अपने मन में ही) इस समय मुझे क्या कहना चाहिए; यदि "दीर्घायु" हो यह कहता हूँ तो दीर्घायु हो जायेगा । यदि कोई आशीर्वाद न दूं तो मुझे मूर्ख समझेगा । इसलिए इन दानों को छोड़कर क्या कहूँ ? अच्छा ! सोच लिया (स्पष्ट रूप में) हे कर्ण सूय के समान; चन्द्रमा के समान; हिमालय के समान और समुद्र के समान आपका यश स्थिर रहे ।

कर्णः—भगवन् किं न वक्तव्यं दीर्घायुर्भवेति । अथवा एतदेव शोभनम् ! कुतः—

धर्मो हि यत्नैः पुरुषेण साध्यो भुजङ्गजिह्वाचपलानृपश्रियः ।
तस्मात्प्रजापालनमात्रबुद्ध्या हतेषु देहेषु गुणा धरन्ते ॥ १७ ॥

अन्वयः—धर्मेति । धर्मः, पुरुषेण, यत्नैः, साध्यः । हिः नृपश्रियः, भुजङ्गजिह्वाचपलाः; तस्मात्; प्रजापालनमात्रबुद्ध्या; हतेषु, देहेषु, गुणाः; धरन्ते ।

व्याख्याः—धर्मः = शास्त्रविहितं कर्म, पुरुषेण = मानवेन; यत्नैः = प्रयासैः; साध्यः = विधातव्यः । हि = यतः, नृपश्रियः = राजविभवाः, भुजङ्गानां = भुजगानाम्; जिह्वा इव = रसना इव चपला = चञ्चला "अस्थिरा"

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इति यावत्, तस्मात् = राजलक्ष्म्या अस्थिरत्वात्; प्रजानाम् = जनानाम् पालनम् = रक्षणम्; मात्रम् = स्वबुद्ध्या = विचारेण "राज्यं करणीयं न तु विलास विचारेण" इति शेषः; "यतो हि" हतेषु = मृतेषु; देहेषु = शरीरेषु गुणाः = यशांसि "एव" धरन्ते = प्राणयन्ति। अत्रोपजातिः वृत्तिः ॥ १७ ॥

समासः–भुजङ्गानां जिह्वा = भुजङ्गजिह्वा (ष० तत्०) नृपानां श्रियः = नृपश्रियः (ष० तत्०) भुजङ्गजिह्वावच्चपलाः नृपश्रियः = भुजङ्गाजिह्वा-चपलानृपश्रियः (मध्यमपदलोपी) प्रजानां पालनं = प्रजापालनं (ष० तत्०) तन्मात्राबुद्ध्या प्रजापालनमात्रबुद्ध्या।

कोशः–स्याद्धर्ममस्त्रियां पुण्यं श्रेयसो सुकृतं वृषः। इत्यमरः। सर्पः पृदाकुर्भुजगो भुजङ्गोऽहिर्भुजङ्गमः॥ इत्यमरः। रसज्ञा रसना जिह्वा। प्रजा स्यात् सन्ततौ जने। इत्यमरः।

भावार्थः—पुरुषेण धर्मः बहुप्रयासैः कर्तव्यः, यतोहि राजैश्वर्यादिकं भुजङ्गरसनावच्चञ्चला भवति। अतः प्रजापालनमात्रविचारेण राज्यङ्कर्तव्यं न भोग-विलासादि-दृष्ट्या यतो हि स्वर्गते मनुष्ये अस्मिन् संसारे तत्कीर्तिरेव तं जीवयति ॥ १७ ॥

हिन्दी—

कर्ण—भगवन्! आपने 'दीर्घायु हो" ऐसा आशीर्वाद क्यों नहीं दिया? अथवा आपने जो कहा वही अच्छा।

क्योंकि—

मनुष्य को प्रयास पूर्वक धर्म का ही पालन करना चाहिए। राज-लक्ष्मी तो सर्प की जीभ की तरह चञ्चल है। अतः प्रजापालन करने की बुद्धि मात्र से (विचार से) राज्य करना चाहिए, क्योंकि मनुष्य के मर जाने पर (इस संसार में) उसका यश (धर्म) ही उसे जीवित रखता है।

भगवन्! किमिच्छसि किमहं ददामि।

शक्र—महत्तरं भिक्खं याचेमि। [महत्तरां भिक्षां याचे।]

कर्ण—महत्तरां भिक्षां भवते प्रदास्ये। श्रूयन्तां-मद्विभवाः।

हिन्दी—भगवन्! आप क्या चाहते हैं। आपको मैं क्या दूँ?

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शक्र—मैं बहुत बड़ी भिक्षा माँग रहा हूँ।
कर्ण—मैं बहुत बड़ी भिक्षा दूँगा (मेरा वैभव सुनिए।)

गुणवदमृत-कल्पक्षीरधाराभिवर्षि
द्विजवर ! रुचि तं ते तृप्तवत्सानुयात्रम्।
तरुणमधिक-मर्थिप्रार्थनीयं पवित्रं
विहितकनक-शृङ्गं गोसहस्रं ददामि ॥ १८ ॥

अन्वयः—हे द्विजवर ! गुणवदमृतकल्पक्षीरधाराभिवर्षि; तृप्तवत्सानुयात्रम्; तरुणम्; अधिकम्, अर्थिप्रार्थनीयम्; पवित्रम् विहितकनक-शृगम्-गोसहस्रं, रुचितं, ते तुभ्यम्, ददामि ॥ १८ ॥

व्याख्याः—हे द्विजवर ! = हे ब्राह्मण-श्रेष्ठ !; गुणवताम् = गुणयुक्ताम्; अमृतकल्पानाम् = सुधोपमेयानाम्; क्षीराणाम् = दुग्धानाम् धाराभिवर्षणम् = अधिकप्रस्रवणं शीलमस्येति तथाभूतम्; तृप्तैः = सन्तुष्टैः, वत्सैः = अर्भकैः, अनुयात्रम् = अनुगच्छन्नम् तरुणम् = युवानम्; अधिक = बहुलम्; अर्थिभिः = याचकैः; प्रार्थनीयम् = याचनीयम्; पवित्रम् = पूतम्; विहित-कनकशृंगम् = रचित-स्वर्ण—विषाणम्; गवां = धेनूनाम् सहस्रम् = दशशत—संख्याकम्; रुचितम् = मनोहारि ते = तुभ्यम्, ददामि = प्रयच्छामि ॥ १८ ॥

समासः—गुणमस्यास्तीति = गुणवान् तेषाम्; अमृतकल्पानाम् क्षीराणाम् (या) धारा (तस्याः) अभिवर्षणं शीलमस्यति गणवदमृतकल्पक्षीरधाराभिवर्षि; तृप्तश्चासौ वत्साश्चेति = तृप्तवत्साः (कर्मधारय) तैरनुयात्रम् = तृप्तवत्सानुयात्रम्, अर्थिभिः प्रार्थनीयम् अर्थिप्रार्थनीयम् (तृ० तत्०) कनकस्य शृङ्गम् = कनकशृङ्गम् (ष० तत्०) विहितं च तत् कनकशृङ्गम् विहितकनकशृङ्गम् (कर्मधारय)। गवां सहस्रम् = गोसहस्रम् (ष० तत्०)।

कोशः—हृष्टे मतस्तृप्तः प्रह्व प्रमुदितः प्रीतः। इत्यमरः। वयस्यतरुणो युवा। इत्यमरः। वनीपको याचनको मार्गणो याचकार्थिनो। इत्यमरः। स्वर्णं कनकं हेम हाटकम्। इत्यमरः।

भावार्थः—हे विप्रवर ! यदि भवते रोचते तर्हि गुणवतां सुधातुल्यानां क्षीराणां या अभिवर्षणं कुर्वते, संतुष्टाः वत्सतराः यासामनुगच्छन्ति; तरुण्यः;

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विशेषाः याचकैश्च याः प्रार्थनीयाः सन्ति, पवित्राणि सन्ति, यासां शृंगाणि स्वर्ण खचितानि सन्ति तथा भूताः दशशत-संख्याकाः गाः तुभ्यं ददामि ॥ १८ ॥

हिन्दी—हे ब्राह्मण श्रेष्ठ यदि आप चाहें तो; अमृत तुल्यदुग्ध देने वाली; संतुष्ट बछड़े जिनके पीछे चलते हों, तरुणियाँ हैं, अधिक हैं; जो याचकों द्वारा माँगने योग्य हैं, जिनकी सींगे सोने से मढ़ दी गयी हैं ऐसी पवित्र हजारों गायें मैं आपको दूँ ॥ १८ ॥

शक्रः—गो सहस्सं ति। मुहुत्तअं खिर पिबामि। णेच्छामि कण्ण! णेच्छामि। (गोसहस्रमिति। मुहुर्त्तकं क्षीरं पिबामि। नेच्छामि कर्ण! नेच्छामि।)

कर्णः—किं नेच्छति भवान्। इदमपि श्रूयताम्।

रवितुरग-समानं साधनं राजलक्ष्म्याः
सकलनृपतिमान्यं मान्यकाम्बोजजातम्।
सुगुणमनिलवेगं युद्धदृष्टापदानं
सपदि बहुसहस्रं वाजिनां तेददामि ॥ १९ ॥

अन्वयः—रवितुरगेति। रवितुरगसामानम्; राजलक्ष्म्याः; साधनम्, सकल-नृपतिमान्यम्, मान्यकाम्बोज-जातम् सुगुणम्; अनिलवेगम्; युद्धदृष्टापदानम्; बहुसहस्रम्; ते सपदि, ददामि ॥ १९ ॥

व्याख्याः—खेः = दिनकरस्य; तुरगाः = घोटकाः; तत्समानम् = तत्तुल्यम्; राजलक्ष्म्याः = नृपश्रियः, साधनम् = हेतुभूतम्; सकलानाम् = सम्पूर्णानाम्; नृपतीनाम् = नृपाणाम्; मान्यम् आदरणीयम्; मान्यानाम् = आदरणीयानाम्; काम्बोजानाम् = कम्बोजदेशोद्भवानाम्; "कुले" जातम् = उत्पन्नम्; सुगुणम् = सुन्दरगुणयुक्तम्; अनिलवेगम् = वायुजवम्; युद्धे = रणे दृष्टम् = प्रदर्शितम्; अपदानम् = अवदानम् "वीरतापूर्णकार्यमित्यर्थः" येन तथाभूतम्; वाजिनाम् = अश्वानाम्; बहुसहस्रम = अपारमित दशशतसंख्याकम्; ते = तुभ्यम्, सपदि – सद्यः ददामि = प्रयच्छामि।

समासः—रवेः तुरगः=रवि तुरगः (ष० तत्०) तत् समानम् रवितुरग-समानम्। सकलानां नृपतीनां मान्यम् सकलनृपतिमान्यम् (बहु०)। मान्या-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इचते काम्बोजाः मान्यकाम्बोजाः (कर्मधारय०) तेषु जातः=मान्यकाम्बोजजातः (स० तत्०)। युद्धेदृष्टानि अपदानि येन तत् युद्धदृष्टापदानम् (बहु०)।

कोशः—सूरसूर्यार्यमादित्य द्वादशात्म दिवाकराः इत्यमरः श्वसनः स्पर्शनो वायुर्मातरिश्वा सदागतिः। पृषदश्वो गन्धवहो गन्धवाहानिलाशुगाः। इत्यमरः।

भावार्थः—यदि तुभ्यं गोसहस्रं न रोचते तर्हि चेदिच्छसि, दिनकराश्व-समानवेगतुल्यान्, नृपश्रियः हेतुभूतान्, निखिलनृपति-प्रशस्यान्, सम्मान्यकम्बोज-देशोत्पन्न-कुलोत्पन्नान्; सद्गुणान्वितान्, वायुसदृशवेगवतः; युद्धे प्रदर्शितपराक्रमान् असंख्यसहस्रान् घोटकान् तुभ्यं ददामि ॥ १९ ॥

हिन्दी—

शक्र—क्या ? हजार गौएं। थोड़े समय तक दूध पीऊँगा ! मुझे यह नहीं चाहिए, कर्ण ! मुझे नहीं चाहिए।

कर्ण—क्या आप गाय नहीं चाहते ? तो यह भी सुनिए। सूर्य के घोड़ों की तरह; राजलक्ष्मी के उपायभूत; सम्पूर्ण राजाओं से प्रशंसनीय कम्बोज देश से होनेवाली काबुली जाति में उत्पन्न, हवा की तरह वेग वाले; जिन्होंने अपना पराक्रम युद्धभूमि में दिखा दिया है, ऐसे हजारों घोड़े मैं आपको तुरत दे रहा हूं ॥ १७ ॥

शक्रः—अस्सत्ति। मुहुत्तअं आलुहामि। णेच्छामि कण्ण। णेच्छामि। [अश्व इति। मुहूर्तकमारोहामि। नेच्छामि कर्ण। नेच्छामि।]

कर्णः—किं नेच्छति भगवन्। अन्यदपि श्रूयताम्।

मदसरितकपोलं षट्पदैः सेव्यमानं
गिरिवर-निचयाभं मेघ-गम्भीरघोषम्।
सितनरवदशनानां वारणानामनेकं
रिपुसमर-विमर्दं वृन्दमेतद्ददामि ॥ २० ॥

अन्वय—मदसरित-कपोलम्, षट्पदैः सेव्यमानम्; गिरिवर-निचयाभम्; मेघगम्भीरघोषम्; रिपुसमर-विमर्दम्; एतत् वारणानामनेकम्; वृन्दम्; ददामि ॥ २० ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

व्याख्या:—मदैः = दानवारिभिः, सरिताः = आप्लाविताः; कपोलाः = गण्डस्थलानि येषां तत्; षट्पदैः = भ्रमरैः, सेव्यानम् = युक्तम्; गिरिवराणाम् = पर्वतश्रेष्ठानाम् निचयः = समूहः; तस्य आभा इव आभा = कान्तिर्यस्य तथा भूतम्; मेघानां = जलदानाम्; यः गम्भीरः = ओज-सम्पन्नः, घोषः = शब्दः तेन युक्तम्; सिताः = श्वेताः; नखा = करजाः; दशनानि = दन्ताः येषां तथाभूतानाम्; रिपुसमर-विमर्दम् = शत्रुरणध्वंसकम्, वारणानाम् = हस्तीनाम्; अनेकम् = अधिकम्; वृन्दम् = समूहम् ददामि = प्रयच्छामि । मालनी नामकमत्र छन्दः ॥२०॥

समासः—मदैः सरितौ कपोलौ यस्य तत् मदसरित् कपोलम् (बहु०) गिरिषु वराः = गिरिवराः (स० तत्०) तेषां निचयः = गिरिवरनिचयः (ष० तत०) तस्य आभा इव आभा यस्य तत् गिरिवरनिचयाभम् । गम्भीरश्चासौ घोषः गम्भीरघोषः (कर्मधारय) मेघस्य गम्भीर-घोषः = मेघ-गम्भीरघोषः (ष० तत्०) तद्वत् गम्भीरघोषो यस्य तत् मेघगम्भीर नखा इव दशनानि चेति = (द्वन्द्व) नखदशनम्; सितानि नखदशनानि येषां तथाभूतानामिति = सितनखदशनानाम् (बहुव्रीहिः) ।

कोशः—मदो दानम् । अथ नदो सरित् । इत्यमरः । मधुव्रतो मधुकरो मधुलिन्मधुपालिनः । द्विरेफ पुष्पलिड्भृङ्गषट्पदभ्रमरालयः । इत्यमरः । अद्रि गोत्र गिरि ग्रावाल शैल-शिलोच्चयाः ॥ इत्यमरः ।

भावार्थः—यदि भवते अश्वं न रोचते तर्हि मद वारिभिः सिक्तकपोलान्, भ्रमररूपेतान्; मेघानां गम्भीरघोषेव गम्भीरशब्दशालिनः; श्वेत नखदशन-शालिनः, अनेक, शत्रुसमर विनाशकन् हस्तीन् तुभ्यं ददामि ॥ २० ॥

हिन्दी—

शक्र—क्या घोड़े ? मुहूर्तभर चढ़ूँगा । नहीं मुझे नहीं चाहिये । नहीं चाहिए ।

कर्ण—क्या नहीं चाहते भगवन् ! अच्छा और भी सुनें । मदजल से जिनके गण्डस्थल भींग गये हैं, जो भ्रमरों से सुशोभित हो रहे हैं, जो ऊँचे पर्वतों के समूह के समान शोभा वाले हैं, मेघ की तरह ओजस्वी शब्द वाले हैं; शत्रुओं के रण को नष्ट करने वाले हैं; उजले नख और दाँत वाले हैं उन हाथियोंके समूह को आपको देता हूँ ॥ २० ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शक्रः—गअत्ति । मुहुत्तअं आलुहामि । णेच्छामि कण्ण ! णेच्छामि [गज इति । मुहूर्त्तकमारोहामि । नेच्छामि । कर्ण ! नेच्छामि ।

कर्णः—किं नेच्छति भवान् । अन्यदपि श्रूयताम् । अपर्याप्तं कनकं ददामि ।

शक्रः—गह्लिअ गच्छामि । (किञ्चिद्गत्वा) णेच्छामि कण्ण । णेच्छामि । (गृहीत्वा गच्छामि । (किञ्चिद् गत्वा) नेच्छामि कर्ण ! नेच्छामि ।)

कर्णः—तेन हि जित्वा पृथिवीं ददामि ।

शक्रः—पुहुवीए किं करिस्सम् । [पृथिव्याः किं करिष्यामि]

कर्णः—तेन ह्यग्निष्टोमफलं ददामि ।

शक्रः—अग्निटोम फलेण किं कज्जम् [अग्निष्टोम-फलेन किं कार्यम् ।

कर्णः—तेन हि मच्छिरो ददामि ।

शक्रः:—अविहा अविहा [अविहा अविहा]

हिन्दीः—क्या हाथी ? कुछ समय तक चढूँगा । मैं नहीं चाहता कर्ण ! नहीं चाहता ।

कर्णः—क्या आप इसे भी नहीं चाहते ! और भी सुनिए । अपरिमित सोना दे दूँ ।

शक्रः—लेकर चला जाऊँगा (थोड़ी दूर जाकर) मुझे नहीं चाहिये कर्ण ! नहीं चाहिये ।

कर्णः—तब जीतकर पृथिवी दे दूं आपको ।

शक्रः—पृथिवी लेकर क्या करूँगा ?

कर्णः—तब "अग्निष्टोम" नामक यज्ञ का फल आपको दूँगा ।

शक्रः—अग्निष्टोम का फल लेकर क्या करूँगा ।

कर्णः—तो अपना मस्तक आपको दूंगा ।

शक्रः—भगवान् रक्षा करे ! रक्षा करे ।

कर्णः—न भेतव्यं न भेतव्यम् । प्रसीदतु भवान् । अन्यदपि श्रूयताम् ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अङ्गैः सहैव जनितं मम देहरक्षा
देवासुरैरपि न भेद्यमिदं सहस्रैः ।
देयं तथापि कवचं सह कुण्डलाभ्यां
प्रीत्या मया भगवते रुचितं यदि स्यात् ॥ २१ ॥

अन्वयः—अङ्गैः; सहैव; जनितम्; सहस्रैः; अपि, देवासुरैः न भेद्यम्; इदं मम देहरक्षा; कुण्डलाभ्यां सह कवचम्, तथापि, यदि, रुचितं स्यात्; भगवते, मया, प्रीत्या देयम् ॥ २१ ॥

व्याख्याः—अङ्गैः = अवयवैः, सहैव = साकमेव, जनितम्; = उत्पन्नम्; सहस्रैः = असंख्यैः; "अपि" न भेद्यम् = अच्छिद्यम्; इदम् = देहसंसक्तम्, मम= मामकीनम्; देहरक्षा (भूतम्) = शरीर-संरक्षकी-भूतम्; कुण्डलाभ्याम् = कर्णमण्डनाभ्याम् सह = सार्धम् कवचम् = वर्म; तथापि = अथापि (भवद्भिर्न-याच्यमस्मद्देहरक्षाभूतत्वात् तथापीति भावः) यदि = चेत् रुचितम् = इच्छितम् स्यात् = भवेत् (तर्हि) भगवते = भवते; मया = कर्णेन, प्रीत्या = प्रसन्नतया, देयम् = दातुं योग्यमस्ति । अत्र वसन्ततिलका वृत्तिः ॥ २११ ॥

समासः—देहस्य रक्षा = देहरक्षा (ष० तत्०) देवाश्च असुराश्चेति = देवासुराः (द्वन्द्व) तैः देवासुरैः ॥

कोशः—अङ्ग प्रतीको ऽवयवो ऽपघनः इत्यमरः । सार्धं तु साकं मत्रा समं सह । इत्यमरः । अथ तनुत्रं वर्म दंशनम् । उच्छदः कङ्कटको जगरः कवचो ऽस्त्रियाम् इत्यमरः ।

भावार्थः—यदि भवद्भ्यो मया प्रदत्तमेतानि वस्तूनि न रोचन्ते तर्हि, मम शरीरेण साकमेवोत्पन्नं देवराक्षसैरपि न खण्डनीयं कुण्डलाभ्यां सहितं कवचं यदि भवद्भ्यो रोचते, तर्हि तमपि (यद्यपि तेन मम देहरक्षा भवति) अस्मद् देह-रक्षाभूतं सप्रसन्नोऽहं तुभ्यं ददामि ॥ २१ ॥

हिन्दी—डरें न । डरें न । आप प्रसन्न हो । और भी सुनें ।

मेरे अङ्गों के साथ ही उत्पन्न; हजारों देवदानवों से भी न भेदन करने

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

योग्य, मेरे शरीर के रक्षक भूत यह कुण्डलों के साथ कवच है; फिर भी यदि आप इसे चाहें तो मैं खुशी से आपको दे दूँ ॥ २१ ॥

शक्रः—(सहर्षम्) देदु; देदु (ददातु, ददातु)

कर्णः—(आत्मगतम्) एष एवास्य कामः। किं नु खल्वनेककपट-बुद्धेः कृष्णस्योपायः । सोऽपि भवतु । धिगयुक्तम् नुशोचितुम् । नास्ति संशयः। (प्रकाशम्) गृह्यताम् ।

शल्यः—अङ्गराज ! न दातव्यं न दातव्यम् ।

हिन्दी—शक्र—(हर्ष के साथ) दीजिए । दीजिए ।

कर्णः—(मन में ही) यही इसकी इच्छा थी । अवश्य ही अनेक कपट व्यवहार में जिसकी बुद्धि हमेशा लगी रहती है उस कृष्ण का ही उपाय है। अच्छा वह भी हो । अनुचित सोचना बेकार है (धिक्कार) । कोई शंका नहीं । (स्पष्ट रूप में) लीजिए ।

शल्यः—अङ्गराज ! नहीं देना चाहिए । नहीं देना चाहिए ।

कर्णः—शल्यराज ! अलमलं वारयितुम् । पश्य

शिक्षा क्षयं गच्छति कालपर्ययात्
सुबद्धमूला निपतन्ति पादपाः ।
जलं जलस्थानगतं च शुष्यति
हुतं च दत्तं च तथैव तिष्ठति ॥ २२ ॥

तस्माद् गृह्यताम् (निकृत्य ददाति)

अन्वयः—कालपर्ययात्; शिक्षा; गच्छति, सुबद्धमूलाः, पादपाःनिपतन्ति । जलस्थानगतं च जलं शुष्यति; हुतं च, दत्तं च तथैव; तिष्ठति ॥ २२ ॥

व्याख्याः—कालपर्ययात् = समयपरिवर्तनात्; शिक्षा = विद्या क्षयं = विस्मृतिं गच्छति = याति; सुबद्धमूलाः = सुदृढ़-बुन्ना; पादपाः = वृक्षाः, निपतन्ति = धराशायिताः भवन्ति, जलस्थान-गतम् = तडागप्राप्तम्; च = तथा; जलम् = उदकम्, शुष्यति = शुष्कतां प्राप्नोति; (परन्तु) हुतञ्च = वैदिकमन्त्रेण

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यज्ञेषु हवन-कुण्डेषु प्रक्षिप्तम्; दत्तञ्च = सुपात्रेभ्यो प्रतिपादितम्; तथैव = यथा स्थितमेव तिष्ठति = सुरक्षितं भवति ॥ २२ ॥

समासः—कालस्य पर्ययः—कालपर्ययः (ष० तत्०) तस्मात् । सुष्ठु बद्धानि मूलानि येषान्ते सुबद्धमूला (बहुव्रीहि०) । जलस्य स्थानम्=जलस्थानम् (ष० तत्०) तस्मिन् गतम् = जलस्थानगतम् (सप्त० तत०)

कोशः—कालो दिष्टोऽप्यनेहापि समय इत्यमरः । वृक्षोमहीरुहः शाखी विटपी पादपस्तरुः इत्यमरः । आपःस्त्री भूम्निवार्वारि सलिलं कमलं जलम् । इत्यमरः ।

भावार्थः—सांसारिकानि सर्वाण्यपि वस्तूनि क्षयशीलानीति व्यनक्ति कर्णे । यत् समय-परिवर्तनादभ्यस्ताऽपि विद्या विस्मृता भवति, सुदृढमूला अपि वृक्षाः प्राचीनेषु स्थलेषु पतन्ति, तडागस्था आपोऽपि शुष्यन्ति परन्तु वैदिक-मन्त्रेण याज्ञिक हवनकुण्डेषु प्रक्षिप्तं सत्पात्रेभ्यो दत्तं च वस्तु यथाप्रदत्तमेव तिष्ठति ॥२२॥

हिन्दी—शल्यराज ! मत रोकिए ! देखिए । समय परिवर्तन होनेपर अभ्यास की गई विद्या भी विस्मृत हो जाती है, मजबूत जड़वाले (पुराने) वृक्ष भी धराशायी हो जाते हैं, तालाब का पानी भी (गर्मीमें) सूख जाता है, किन्तु हवनमें आहुत किया हुआ और अच्छे पात्र को दिया गया वस्तु उसी तरह सुरक्षित रहता है ॥२२॥

इसलिए ग्रहण कीजिए । (काटकर देता है)

शक्रः—(गृहीत्वा आत्मगतम् ।) हन्त गृहीते एते । पूर्वमेवार्जुनविजयार्थं सर्वदेवैर्यत् समर्थितं तदिदानीं मयानुष्ठितम् । तस्मादहमप्यैरावतमारुह्यार्जुन-कर्णयोर्द्वन्द्व-युद्धं पश्यामि । (निष्क्रान्तः)

शल्यः—भो अङ्गराज ! वञ्चितः खलु भवान् ।

कर्णः—केन ?

शल्यः—शक्रेण ।

हिन्दी—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शक्रः—(लेकर मनही मन) ओह ये ले लिये गये। पहले ही अर्जुन की विजय के लिये देवताओंने जिसका समर्थन किया था, इस समय उस कार्य को मैंने कर डाला इसलिए ऐरावत पर चढ़कर मैं भी अर्जुन और कर्ण का मल्ल युद्ध देखूंगा। (निकल जाता है।)

शल्य—हे अंगराज ! आपको ठग लिया।

कर्ण—किसने ?

शल्य—इन्द्र ने।

शक्रः—न खलु। शक्रः खलु मया वञ्चितः। कुतः

अनेक – यज्ञाहुति – तर्पितो द्विजैः
किरीटवान् दानवसंघमर्दनः।
सुरद्विपास्फालन — कर्कशाङ्गुलि-
र्मया कृतार्थः खलु पाकशासनः ॥ २३ ॥

अन्वयः—द्विजैः, अनेक-यज्ञाहुति-तर्पितः, किरीटवान्; दानवसंघमर्दनः; सुरद्विपास्फालन—कर्कशाङ्गुलिः पाकशासनः खलु मया कृतार्थः ॥ २३ ॥

व्याख्याः—द्विजैः = ब्राह्मणक्षत्रियवैश्यैः, अनेकेषु = बहुषु = यज्ञेषु = मखेषु; आहुतिभिः = शाकल्यादिभिः; तर्पितः = संतुष्टः; किरीटवान् = मुकुटमण्डितः; दानवानाम् = दैत्यानाम्; संघः = समूहः, तस्य मर्दनः = ध्वंसकः, दैत्य-समूह विनाशक इत्यर्थः। सुरद्विपस्य = ऐरावतस्य; स्फालनैः = संचालनैः कर्कशाः = परुषाः "रूक्षा इति यावत्; अंगुलयः = करशाखाः यस्य सः, पाकशासनः = इन्द्रः खलु = निश्चयेन, मया = कर्णेन कृतार्थः = संतोषित इति। अत्र "वंशस्थ" नामकं छन्दः ॥ २३ ॥

समासः—न एके = अनेके च ते यज्ञा = अनेकयज्ञाः (कर्मधारय) तेषां आहुतयः = अनेकयज्ञाहुतयः; (ष० तत्०) ताभिः तर्पितः यः सः = अनेक यज्ञाहुतितर्पितः (बहुव्रीहिः)।

दानवानां संघः = दानवसंघः (ष० तत्०) दानवसंघस्य मर्दनः = दानवसंघमर्दनः (ष० तत्०)। सुराणां द्विपः = सुरद्विपः (ष० तत्०) तस्य

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

स्फालनम् = सुरद्विपास्फालनम् (ष० तत्०) तेन कर्कशाः अंगुलयो यस्य सः = सुरद्विपास्फालन-कर्कशांगुलिः;

कोशः—यज्ञः सवोऽध्वरो भागः सप्ततन्तुर्मखः क्रतुः। इत्यमरः। दन्ती दन्तावलो हस्ती द्विरदोऽनेकपो द्विपः। इत्यमरः। इन्द्रो मरुत्वान् मघवा विडौजा पाकशासनः। इत्यमरः।

भावार्थः—द्विजातिभिः बहुषु आहुतिभिर्संतुष्टः, मुकुटमण्डितः, असुरकुल-विमर्दकः, ऐरावत-संचालनेन यदीयाः अंगुलयो रूक्षाः सञ्जाताः सः, इन्द्रः मया कृत-कृत्यः कृतः अतः इन्द्र एव मया वञ्चित न खलु तेनाहम्। इति भावः ॥२३॥

हिन्दीः—नहीं। मैंने ही इन्द्र को ठग लिया क्योंकि—ब्राह्मणक्षत्रिय, और वैश्यों के द्वारा अनेकयज्ञोंमें दी गयी आहुतियों से संतुष्ट; मुकुटमण्डित; दैत्य-समूह को विनष्ट करनेवाले; ऐरावत हाथीको चलाने के कारण जिनकी अंगुलियाँ कठोर हो गयी उन इन्द्रको मैंने कृतकृत्य कर दिया ॥ २३ ॥

(प्रविश्य ब्राह्मणरूपेण)

देवदूतः—भोः कर्ण! कवचकुण्डलग्रहणाज्जनितपश्चात्तपेन पुरन्दरेणानु-गृहीतोऽसि। पाण्डवेष्वेकपुरुषवधार्थममोघमस्त्रं विमला-नाम शक्तिरियं प्रति-गृह्यताम्।

कर्णः—धिग्; दत्तस्य न प्रतिगृह्णामि।

देवदूतः—ननु ब्राह्मणवचनाद् गृह्यताम्।

कर्णः—ब्राह्मणवचनमिति। न मयातिक्रान्तपूर्वम्। कदा लभेय।

देवदूतः—यदा स्मरसि तदा लभस्व।

कर्णः—बाढम्। अनुगृहीतोऽस्मि। प्रतिनिवर्ततां भवान्।

देवदूतः—बाढम्। (निष्क्रान्तः)

कर्णः—शल्यराज! यावद्रथमारोहावः।

शल्यः—बाढम्। (रथारोहणं नाटयतः)

हिन्दी—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(ब्राह्मण वेश में प्रवेश करके)

देवदूत—हे कर्ण ! कवच और कुण्डल ले लेने के कारण पश्चात्ताप करते हुए इन्द्र के द्वारा तुम अनुगृहीत हो। पाण्डवों में से किसी एक को मारने के लिये यह अमोघ अस्त्र "विमला" नामकी शक्ति स्वीकार करो।

कर्ण—धिक् ! मैं दान का बदला नहीं लेता।

देवदूत—ब्राह्मण के कहने से ले लो।

कर्ण—ब्राह्मण का कथन ! पहले मैंने कभी नहीं टाला है। (अच्छा) मुझे कब मिलेगी (शक्ति)।

देवदूत—जभी उसका स्मरण करोगे तभी मिल जायगी।

कर्ण—अच्छा अनुगृहीत हूं। आप लौट जाएं।

देवदूत—बहुत अच्छा। (निकल जाता है।)

कर्ण—शल्यराज ! तब (तक) हम दोनों रथ पर चढ़ें।

शल्य—अच्छा (दोनों रथ पर चढ़ने का अभिनय करते हैं।)

कर्णः—अये शब्द इव श्रूयते। किं नु खल्विदम्।

शङ्खध्वनिः प्रलय-सागर-घोषतुल्यः
कृष्णस्य वा न तु भवेत् स तु फाल्गुनस्य।
नूनं युधिष्ठिरपराजय-कोपितात्मा
पार्थः करिष्यति यथाबलमद्य युद्धम् ॥ २४ ॥

शल्यराज ! यत्रासावर्जुनस्तत्रैव चोद्यतां मम रथः।

शल्यः—बाढम् !

अन्वयः—शङ्खध्वनीति। प्रलयसागरघोषतुल्यः; शङ्खध्वनिः; कृष्णस्य, वा तु फाल्गुनस्य भवेत्, युधिष्ठिर-पराजयकोपितात्मा, पार्थः नूनम्, अद्य, यथाबलम्; युद्धम् करिष्यति ॥ २४ ॥

व्याख्याः—शङ्खध्वनीति। प्रलयसागरस्य = प्रालेय-समुद्रस्य; घोषः = ध्वनिः, तेन तुल्यः = समानः, शङ्खध्वनिः = कम्बुशब्दः, कृष्णस्य = वासुदेवस्य, वा = अथवा, तु फाल्गुनस्य = अर्जुनस्य, भवेत् = स्यात्; युधिष्ठिरस्य = धर्मराजस्य

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पराजयेन = पराभवेन, कोपितः = क्रुद्धः, आत्मा = हृदयं यस्य सः; पार्थः = अर्जुनः, नूनम् = निश्चयेन, अद्य = अस्मिन् दिवसे; यथाबलम् = स्वशक्त्यनुरूपम्; युद्धम् = रणम्; करिष्यति = विधास्यति ॥ अत्र वसन्ततिलका वृत्तिः ॥ २४ ॥

समासः—शङ्खस्य ध्वनिः = शङ्खध्वनिः (ष० तत्०) । प्रलयस्य सागरः = (ष० तत्०) तस्य घोषः = प्रलयसागरघोषः (ष० तत्०) तेन तुल्यः = प्रलयसागरघोषतुल्यः (तत् पुरुष) । युधिष्ठिरस्य पराजयः = युधिष्ठिरपराजयः (ष० तत्०); कोपितश्चासौ आत्मा = कोपितात्मा (कर्मधा०) युधिष्ठिर-पराजयेन कोपितात्मा यस्य स युधिष्ठिर-पराजय-कोपितात्मा (बहुव्रीहि०) ॥

कोशः—शङ्खः स्यात् कम्बुरस्त्रियौ । संवर्तः प्रलय कल्पक्षयः कल्पान्त इत्यपि । इत्यमरः । समुद्रोऽब्धिर-कूपार पारावारौ सरित्पतिः । उदन्वानुदधिः सिन्धुः सरस्वान् सागरोऽर्णः । इत्यमरः ॥

भावार्थः—प्रलयसामयिक-सागरशब्द-तुल्यः कस्यच्छिङ्खध्वनिः श्रूयते; सध्वनिः कृष्णस्य अथवा अर्जुनस्य भवेत् । स्वाग्रज-पराभवेन क्रुद्धात्मा यावच्छक्तिः निश्चयमेव युद्धं करिष्याति ॥ २४ ॥

हिन्दी—

कर्ण—अरे ! शब्द सा सुनाई दे रहा है । यह क्या है ? यह प्रलयकालीन समुद्र की तरह गम्भीर ध्वनि वाला या तो कृष्ण का शंख है, या अर्जुन का । युधिष्ठिर के पराजय से क्रुद्ध होकर अर्जुन आज अवश्य यथाशक्ति युद्ध मुझसे करेगा ॥ २४ ॥

शल्यराज ! जहाँ अर्जुन है मेरे रथ को वहीं ले चलिये ।

शल्य—बहुत अच्छा ।

(भरत वाक्यम्)

सर्वत्र सम्पदः सन्तु नश्यन्तु विपदः सदा ।
राजा राजगुणोपेतो भूमिमेकः प्रशास्तु नः ॥ २५ ॥

अन्वयः—सर्वत्र, सम्पदः, सन्तु सदा, विपदः नश्यन्तु ।
राजगुणोपेतः, एकः राजा, नः, भूमिम्, प्रशास्तु ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

व्याख्याः—सर्वत्र = सम्पूर्णे संसारे, सम्पदः = वैभवाः, सन्तु = भवन्तु, सदा = सर्वकाले, विपदः = विपत्तयः; नश्यन्तु = नष्टाः भवन्तु; राजगुणोपेतः = नृपगुण-संयुक्तः "दयादाक्षिण्यादिभिर्युक्त इत्यर्थः" एकः = अद्वितीयः; राजा = नृपतिः, नः = अस्माकम्; भूमिम् = वसुन्धराम्; प्रशास्तु = पालयतु ॥

समासः—राज्ञा गुणः = राजगुणः (ष० तत्) तेनोपेतः राजगुणोपेतः (तृ० तत्)।

कोशः—अथ सम्पदि संपत्तिः श्रीश्च लक्ष्मीश्च। इत्यमरः। विपत्तौ विपदापदौ। इत्यमरः।

राजा राट् पार्थिवक्ष्माभृन्नृपभूपमहीक्षितः इत्यमरः ॥

भावार्थः—तत्र खलु भगवान् भासः स्वनाटकावसाने भरत-वाक्यमर्थात् मङ्गलवाक्यं-प्रयुक्ते सर्वत्रेति। तस्यायं भावः अखिले जगति सम्पत्तयोः भवन्तु; विपत्तयो नश्यन्तु सर्वदा; दयादाक्षिण्यादियुक्तः एकाकी सम्राट् एनामस्मद् सम्बन्धिनी पृथ्वीं रक्षतु ॥ इति शम् ॥ २५ ॥

"अलपुरा" ग्राम-निवासिना क्षोपाह्वेन "वैद्यनाथ"।
शर्म्मणा रचिता "इन्दुकला" नाम्नी टीका सम्पूर्णा ॥

हिन्दी—सम्पूर्ण जगत् में सम्पत्तियाँ हों, हमेशा विपत्तियाँ विनष्ट होती रहें; राजा के समस्त गुणों से युक्त कोई एक राजा हमलोगों को इस पृथ्वी का शासन करे ॥ २५ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कृष्णदास संस्कृत सीरीज

८५

महाकविभासविरचितम्

ऊरुभङ्गम्

'प्रभा' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः

डॉ० रामप्रभा ओझा

साहित्यविभागाध्यक्षः

श्रीभागवत-महाविद्यालयः, अस्सी, वाराणसी-५

कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

१९८६

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रकाशक : कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी

संस्करण : प्रथम, वि० सं० २०४३

मूल्य : रू० ५-००

© कृष्णदास अकादमी

पो० बा० नं० १११८

चौक, (चित्रा सिनेमा बिल्डिंग), वाराणसी-२२१००१

(भारत)

अपरं च प्राप्ति-स्थानम्

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस

के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन

पो० बा० १००८, वाराणसी-२२१००१ (भारत)

फोन : ६३१४५

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

KRISHNADAS SANSKRIT SERIES
85

ŪRUBHAŃGAM

OF

MAHAKAVI BHASA

Edited With

'Prabha' Sanskrit-Hindi Commentary

By

Dr. RAM PRABHA OJHA
Head, Sahitya Department
Shri Bhagawat Mahavidyalaya, Assi, Varanasi-5

KRISHNADAS Academy
VARANASI-221001
1986

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

© KRISHNADAS ACADEMY

Oriental Publishers and Distributors

Post Box No. 1118

Chowk, (Chitra Cinema Building), Varanasi-221001

(INDIA)

First Edition

1986

Price Rs. 5-00

Also can be had from

Chowkhamba Sanskrit Series Office

K. 37/99, Gopal Mandir Lane

Post Box 1008, Varanasi-221001 (India)

Phone : 63145

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्राक्कथन

संस्कृत नाटकों के महान् लेखक महाकवि भास ने अपनी कल्पना से महाभारत के प्रसङ्ग-विशेष (भीम द्वारा दुर्योधन का ऊरुभङ्ग) को अपने एकांकी नाटक "ऊरुभङ्ग" में अत्यन्त आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया है। वस्तुतः इस नाटक ग्रन्थ का अध्ययन अध्यापन मात्र साहित्य के छात्र तथा अध्यापकों तक ही सीमित नहीं है, अपितु महाभारत की कथा में अभिरुचि रखने वाले सामान्य जन भी इसे पढ़ने की आकांक्षा रखते हैं। इसका हिन्दी अनुवाद अत्यन्त अपेक्षित था तथा छात्रों के हित में इस ग्रन्थ की सरलतम संस्कृत व्याख्या भी आवश्यक थी, जिसे दृष्टि में रखते हुए मैंने ऊरुभङ्ग का सरल हिन्दी अनुवाद तथा 'प्रभा' नाम्नी संस्कृत टीका की रचना कर आपके समक्ष प्रस्तुत किया है। यद्यपि इसकी अन्य टीकायें भी उपलब्ध हैं, तथापि इस टीका को अत्यन्त सरल एवं स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। इस ग्रन्थ के विभिन्न संस्करणों में उपलब्ध पाठ-भेद को फुटनोट द्वारा नीचे दर्शाया गया है तथा आवश्यकतानुसार तत्तत् पाठों की व्याख्या कर प्रसङ्ग के अनुरूप उसकी सङ्गति दिखलाई गई है।

इस कार्य में आदरणीय डॉ० सुधाकर मालवीय जी से निरन्तर प्रोत्साहन उचित निर्देश के साथ-साथ ग्रन्थ की अनुपलब्ध प्रति प्राप्त कराने में विशेष योगदान रहा है। पूज्य गुरुजनों प्रो० रेवाप्रसाद द्विवेदी, प्रो० कैलासपति त्रिपाठी एवं डॉ० श्रीनारायण मिश्र जी द्वारा समय-समय पर महत्त्वपूर्ण निर्देश प्राप्त होता रहा है। अतः इन सभी विद्वानों का मैं हृदय से आभारी हूँ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

इस लघु नाटक की हिन्दी-संस्कृत टीका की रचना मेरा प्रथम प्रयास है, अतः इसमें कुछ त्रुटि हो तो सुधीजन उसे सुधार कर पढ़ें तथा हमें सूचित करें ताकि अग्रिम संस्करणों में उसे संशोधित किया जा सके।

विद्वानों का स्नेही

डॉ० रामप्रभा ओझा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भूमिका

महाकवि भास

संस्कृत साहित्य के नाटककारों में सर्वप्रथम भास का नाम आता है, क्योंकि अन्य नाटककारों के पूर्ववर्ती महाकवि कालिदास ने ससम्मान भास का उल्लेख[1] किया है, जिससे यह स्पष्ट है कि कालिदास की काव्य रचना के समय भास के नाटक अत्यन्त प्रचलित हो चुके थे। महाकवि कालिदास के बाद भी कवियों तथा आलङ्कारिकों ने भास के नाटकों का अत्यन्त सम्मान करते हुए आवश्यकतानुसार अपने ग्रन्थों में उनके श्लोक उद्धृत किये हैं। भास के सम्बन्ध में महाकवि बाणभट्ट ने हर्ष चरित में कहा है "सूत्रधार से आरम्भ किये गये, बहुत भूमिका वाले तथा पताका से सुशोभित मन्दिरों की तरह, अपने नाटकों से भास ने बहुत यश प्राप्त किया[2]। काव्यमीमांसा के रचयिता राजशेखर ने भास के नाटकचक्र का उल्लेख करते हुए उनके नाटकों की अग्निपरीक्षा तथा "स्वप्नवासवदत्तम्" की उत्कृष्टता बतलायी है[3]। आचार्य बलदेव उपाध्याय जी के अनुसार दशम शती के आरम्भ में राजेश्वर द्वारा भास के एक नाटक के नाम का प्रथमतः उल्लेख किया गया है जो बहुत महत्त्वपूर्ण है[4]।

---

१. प्रथितयशसां भाससौमिल्लककविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य कथं वर्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ बहुमानः (मालविकाग्निमित्रम्)

२. सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः ।
सपातकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥ (हर्षचरितम्)

३. भासनाटकचक्रेऽपिच्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ॥

४. संस्कृत साहित्य का इतिहास ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भास के नाटक चक्र का उल्लेख बाद में काल क्रम के अनुसार लुप्त प्रायः हो रहा था, किन्तु १९१२ में महामहोपाध्याय टी० गणपति शास्त्री ने अन्वेषण कर इनके १३ नाटकों को "अनन्तशयन ग्रन्थ माला" में प्रकाशित कर संस्कृत के विद्वानों के समक्ष उपस्थित किया।

भास के नाटकचक्र के सम्बन्ध में अनुसन्धानशील भारतीय तथा विदेशीय संस्कृत के विभिन्न विद्वान् दो विरुद्ध पक्ष उपस्थित करते हैं। एक पक्ष के अनुसार 'स्वप्नवासवदत्तम्' आदि १३ नाटक भास रचित हैं। किन्तु दूसरा पक्ष इसे स्वीकार नहीं करता। दूसरे पक्ष के अनुसार इन रूपकों के कुछ हीं अंश भासकृत हैं, शेष केरलवासी किसी कवि ने पूर्ण किया है। विदेशी विद्वान् डा० वार्नेट, डा० सिल्वन लेवी, डा० बुल्नर तथा भारतीय विद्वान् डा० कुप्पु शास्त्री आदि इस पक्ष के समर्थक हैं। महामहोपाध्याय टी० गणपति शास्त्री के द्वारा प्रकाश में लाये गये भास के 'स्वप्नवासवदत्तम्' आदि १३ नाटकों को उनके नाटकचक्र के रूप में मानने वाले देशी विदेशीय विद्वानों में डा० कीथ, डा० टामस, डा० स्वरूप आदि प्रमुख हैं। इन विद्वानों ने अत्यन्त गवेषणापूर्वक भास के नाटकचक्र के विरोधी युक्तियों के विरुद्ध "स्वप्नवासवदत्तम्" आदि १३ नाटकों के रचयिता भास को ही माना है।

समय निर्धारण

संस्कृत साहित्य के कवियों का समय निर्धारण विद्वानों के बीच बहुत दिनों से एक समस्या बनी हुई है। अतः भास का कोई निश्चित समय निर्धारित करना कोई सामान्य बात नहीं है। तथापि अनुसंधानशील विद्वानों ने भास की कृतियों का अन्तः परीक्षण तथा अन्य विद्वानों द्वारा उद्धृत उनके पद्यों या ग्रन्थ के नाम के आधार पर भिन्न भिन्न समय का अनुमान किया है। अभी तक विद्वानों ने ई० पू० ६०० से १० वीं शताब्दी के बीच भास के होने का अनुमान लगाया है।

महामहोपाध्याय. टी० गणपति शास्त्री एवं म०म० हरप्रसाद शास्त्री आदि कुछ विद्वानों ने भास का समय पाणिनि एवं चाणक्य से प्राचीन ई. पू.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

४०० से ६०० होने की सम्भावना की है।- पं० रामावतार शर्मा एवं श्री काणे आदि विद्वानों की दृष्टि में भास का स्थितिकाल ईसा की नवीं १०वीं शताब्दी होना चाहिए। डाक्टर काशी प्रसाद जायसवाल तथा प्रसिद्ध ध्रुव आदि के अनुसार भास २ री- १ली शताब्दी के पूर्व के है। डाक्टर वार्नेट एवं प्रो० देवधर आदि विद्वानों ने भास का काल ईसा की ६ठी ७वीं शताब्दी माना है। इस प्रकार भास के स्थितिकाल के 'सम्बन्ध में विभिन्न मत हैं।

महाकवि भास के समय निर्धारण में उपर्युक्त ईसा की नवीं दसवीं शताब्दी का होना तो कथमपि सम्भव नहीं है क्योंकि ७वीं शताब्दी के प्रसिद्ध महाकवि बाणभट्ट ने भास के नाटकचक्र का उल्लेख करते हुए उनकी विशेषता बतलाई है। ई. की छठी ७वीं शताब्दी में भास का होना कहा जाय तो भी कुछ उचित नहीं जान पड़ता, क्योंकि ७वीं शताब्दी के पहले ही भास के नाटकों को अधिक ख्याति मिल चुकी होगी तभी महाकवि बाण ने अपने ग्रन्थ में आदर पूर्वक उसका उल्लेख किया। यदि यह मत माना जाय तो समसामायिक होने वाले महाकवि बाण भास के नाटकों से इतने भलिभाँति परिचित न होते कि उनकी प्रशंसा किये विना न रहते।

भास का समय निश्चितरूप से विक्रमकालीन महाकवि कालिदास से प्राचीन होना चाहिए। महाकवि कालिदास ने अपने ग्रन्थ 'मालविकाग्नि मित्रम्' में भास का नाम बहुत आदर पूर्वक उल्लेख किया है। ऐसे भी नाट्य रचना की दृष्टि से भास का समय कालिदास से बहुत प्राचीन होना चाहिए। भास के नाटकों पर भरतमुनि विरचित नाट्यशास्त्र का प्रभाव प्रायः नहीं देखा जाता जबकि महाकवि कालिदास के नाटक नाट्यशास्त्रीय परम्परा का पूर्णतया अनुसरण करते हैं।

पं० टी० गणपतिशास्त्री ने सबल प्रमाणों द्वारा यह सिद्ध किया है कि महाकवि भास का स्थिति काल ई. पू. ४ थी है। इसके अनुसार भास की नाटक रचना पर भगवान् पाणिनि द्वारा निर्दिष्ट "नटसूत्र" के सम्प्रदाय के प्रभाव का अनुमान किया जा सकता है। भास, पाणिनि के पहले हों या बाद में किन्तु पाणिनि कृत 'अष्टाध्यायी' का प्रभाव भास की कृतियों में

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नहीं देखा जाता है। यदि भास को नाट्यशास्त्र की रचना के बाद माना जाय तो इनके नाटकों में नाट्यशास्त्रीय परम्परा की छाप अवश्य पड़ती।

भास के कृतियों का अन्तःपरीक्षण किया जाय तो भी भास का समय ईसा के पूर्व ही मानना उचित होगा। भास ने अपने नाटकों में जिस प्रकार की सामाजिक परिस्थिति का चित्रण किया है वह कालिदास द्वारा चित्रित सामाजिक परिस्थितियों से प्राचीन जान पड़ती है। पं० हरप्रसाद शास्त्री का अनुमान है कि भास के 'प्रतिमा नाटक' में प्रतिमागृह की प्राङ्गणभूमि में बालुका (बालू) का छींटना जो वर्णित है उसके अनुसार भास ई. पू. ५वीं शताब्दी पूर्व के होंगे। उनका तर्क है कि ६०० ई० पूर्व आपस्तम्ब में वालुकास्तरण का उल्लेख है, अतः उसका तत्कालीन प्रभाव प्रतिमा के उक्त प्रसङ्ग में पड़ा है। भास के 'अविमारक' में जिस प्रकार के वैवाहिक सम्बन्ध का निर्देश है वह मनुस्मृति काल में अवैध माना गया है। विद्वानों ने मनुस्मृति का काल ई० पू० २री शताब्दी माना है। इसके बाद यदि भास के नाटकों की रचना होती तो मनुस्मृति के वैवाहिक विधान को अवश्य ध्यान में रखा गया होता। अतः भास का काल मनुस्मृति के पूर्व ही मानना पड़ेगा। आचार्य बलदेव उपध्याय जी ने भी भास के कृतियों का अन्तः एवं बाह्य परीक्षण द्वारा महाकवि भास का समय पञ्चम शती या चतुर्थ शती वि० पू० स्वीकार किया है। उपर्युक्त विद्वानों के मत ही भास के समयनिर्धारण में अब तक प्रबल प्रमाण हैं। अतः इन विद्वानों का मत स्वीकारते हुए भास का समय ई० पू० ४थी शती मानना ही उचित है।

भास के ग्रन्थ

महाकवि भास के पं० गणपतिशास्त्री द्वारा उल्लिखित "स्वप्नवासवदत्तम्" आदि १३ नाटक ही ग्रन्थ के रूप में उपलब्ध हैं। भास ने अपने नाटकों के लिए विविध क्षेत्रों से कथावस्तु को संगृहीत किया है। इनके नाटक विषयानुसार पाँच श्रेणी में आते हैं।

(क) महाभारताश्रित—पञ्चरात्र, मध्यमव्यायोग, दूतघटोत्कच, कर्णभार, दूतवाक्य तथा ऊरुभङ्ग।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

(ख) भागवताश्रित—बालचरित।

(ग) रामकथाश्रित—प्रतिमानाटक तथा अभिषेक।

(घ) लोककथाश्रित—दरिद्रचारुदत्त और अविमारक।

(ङ) उदयनकथाश्रित—प्रतिज्ञांयौगन्धरायण एवं स्वप्नवासवदत्ता।

पञ्चरात्र—महाकवि भास ने महाभारत के विराट पर्व की कथा को अपनी कवित्वकल्पना से नवीनरूप में परिवर्तित किया है। द्रोण की आज्ञा से दुर्योधन के द्वारा पाण्डवों को आधा राज्य देना, कौरवों के साथ अभिमन्यु का लड़ाई के लिए आना, अभिमन्यु को बन्दी बनाना आदि कवि द्वारा वर्णित घटनायें महाभारत की कथा से संगत नहीं होने से इसे कविकल्पना प्रसूत कहना उचित जान पड़ता है।

मध्यमव्यायोग—इसमें प्रयुक्त "व्यायोग" शब्द दशरूपकों में आता है। 'मध्यम' शब्द भीम एवं एक ब्राह्मण बालक का वाचक है। भीम के पुत्र घटोत्कच द्वारा ब्राह्मण बालक के वध हेतु उद्यत होने पर भीम उसकी रक्षा के लिए आ जाता है। अनभिज्ञता में पिता पुत्र में युद्ध होता है, घटोत्कच के पराक्रम से प्रभावित होकर भीम उससे परिचय पूछता है। तदनन्तर दोनों हिडिम्बा के पास जाते हैं। कवि अपनी कल्पना से इन तीनों का अद्भुत सम्मिलन करा कर पाठकों के मन में अत्यन्त कौतुहल उत्पन्न कर देता है।

दूतघटोत्कच—इसमें दुर्योधन और घटोत्कच का वीरतापूर्ण सम्वाद नाटकीय दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

कर्णभार—महाकवि भास ने इसमें कर्ण की दानशीलता को अत्यन्त ललित रूप में वर्णित किया है।

दूतवाक्य—इसमें दुर्योधन के मानमर्दनयुक्त भगवान् कृष्ण की वीरतापूर्ण वाणी नाटकीय संवाद की दृष्टि से अत्यन्त हृदयहारिणी है।

ऊरुभङ्ग—ऊरुभङ्ग में दुर्योधन को भीम के द्वारा गदायुद्ध में परास्त कर उसकी जङ्घा चूर्ण करने का विशद वर्णन है।

बालचरित—इसमें भगवान् कृष्ण के बाललीला का ललित वर्णन

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अत्यन्त मनोहर है। भागवत के उक्त प्रसङ्ग को कवि ने अपने भाव एवं भाषा से पाठकों के लिए बहुत हृदयस्पर्शी बना दिया है।

प्रतिमानाटक—रामायण के अयोध्याकाण्ड के रामवनवास से लंकाकाण्ड के रावणवध तक की घटनाओं का वर्णन इस नाटक में किया गया है। राम के वन चले जाने पर दशरथ की मृत्यु के अनन्तर अपने ननिहाल से लौटते हुए भरत ने अयोध्या के समीप अपने पिता दशरथ की प्रस्तर प्रतिमा को देखकर उनकी मृत्यु का अनुमान करते हैं, अतः इस प्रसङ्ग के अनुसार इस नाटक का नाम 'प्रतिमानाटक' है।

अभिषेक—इसमें रामायण के किष्किन्धाकाण्ड से लंकाकाण्ड तक के प्रमुख प्रसङ्गों का रोचक वर्णन है। इस नाटक में राम के राज्याभिषेक का वर्णन होने से इसका नाम 'अभिषेक' पड़ा है।

दरिद्र चारुदत्त—धनहीन किन्तु चरित्रवान् ब्राह्मण चारुदत्त एवं वारवनिता वसन्तसेना के आदर्श प्रणय का वर्णन इस नाटक में किया गया है।

अविमारक—इसमें कवि की कल्पना प्रसूत अविमारक एवं राजा कुन्तीभोज की पुत्री के प्रणय का वर्णन बहुत ही सुन्दर तथा सरस ढंग से किया गया है।

प्रतिज्ञायौगन्धरायण—इसमें यौगन्धरायण द्वारा महासेन के यहाँ बन्दी बनाये गये उदयन को छुड़ाने के लिए उदयन के साथ वासवदत्ता का परिणय कराने हेतु जो नीति अपनायी गयी है वह अत्यन्त विस्मयावह है। इस नाटक में मुख्य मन्त्री यौगन्धरायण की दृढ़ प्रतिज्ञा का उचित निर्वाह होने से इसका नाम 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' है।

स्वप्नवासवदत्ता—राजा उदयन को अपने विरोधी राजाओं पर विजय प्राप्त करने के लिए दर्शक राजा की सहायता अपेक्षित है, अतः मन्त्री यौगन्धरायण द्वारा वासवदत्ता के जलने की झूठी खबर फैलाकर उसे दर्शक के पास रखना तथा दर्शक की भगिनी का विवाह उदयन से कराना आदि का उपस्थापन इसमें अत्यन्त मनमोहक ढंग से किया गया है। महाकवि भास ने इस नाटक की रचना में अत्यधिक सफलता अर्जित की है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

स्वप्नवासवदत्ता की न केवल भासकृत नाटकों में ही उत्तम स्थान है, अपितु संस्कृत के श्रेष्ठ नाटकों में यह अन्यतम ही है।

उपर्युक्त नाटकग्रन्थों में प्रतिमा नाटक, स्वप्नवासवदत्ता एवं प्रतियौगन्धरायण पूर्ण विकसित हैं, तथा मध्यमव्यायोग दूतघटोत्कच आदि एकांकी है। भास के सभी नाटकों को रङ्गमञ्च पर सरलता से दिखाया जा सकता है। इनके नाटकों में पात्रों के सम्वाद का विस्तार नहीं देखा जाता, जिससे दर्शकों के मन अरुचि पैदा हो।

नाट्यकला

महाकवि भास के नाटकों में रङ्गमञ्च पर दिखाये जाने वाले भाव की भाँति ही भाषा का प्रयोग किया गया है। पद्य नाटकीय घटना को गतिशील बनाते हैं। नाटकों में जिस प्रकार पात्रों के सम्वाद अपेक्षित होते हैं तदनुरूप ही कवि ने संयोजित की है। वस्तुतः महाकवि भास का नाट्यरचना की कुशलता लोकोत्तर ही है।

काव्यशैली

महाकवि भास के नाटकों में अत्यन्त सरल प्रसादगुण युक्त नाट्यसौन्दर्य के परिपोषक शब्दों का प्रयोग बहुत सफलतापूर्वक किया गया हैं। इनके पद्यों के श्रवणमात्र से अर्थबोध हो जाता है। वस्तुतः दर्शक या श्रोता काव्य के अर्थबोध में होने वाली कठिनाई को सहन नहीं करते। दृश्यकाव्य की यही उत्तमता है कि पात्रों द्वारा प्रयुक्त भाषा का तत्क्षण अर्थबोध हो जाय। भास के नाटकों में इसी प्रकार के गद्य पद्य देखे जाते हैं।

भास ने अपने नाटकों में पात्रों के चरित के अनुरूप ही भाषा का प्रयोग किया है। भास के नाटक काव्यगत सौन्दर्य से सुशोभित नाटकीयता से परिपूर्ण हैं। नाट्याचार्यों द्वारा प्रतिपादित भारतीवृत्ति को अपने नाटकों में भास ने पूर्णतया अपनाया है। भास को भारतीवृत्ति एवं पात्रों की संवादरचना का अद्वितीय कलाकार कहा जाय तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। भास का शब्दार्थसंयोजन अभिव्यञ्जना से ओतप्रोत है। इस प्रकार रस भाव के अनुकूल एवं देश काल के अनुसार भास की भाषा को देखते हुए

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रसिद्ध आलङ्कारिक जयदेव ने भास को कविताकामिनी का हास (भासो हासः) कहा है।

भास का वैशिष्ट्य

महाकवि भास नाट्यकला में सिद्धहस्त हैं। इनके नाटकों में न केवल मनुष्य ही अपितु देव भी उपस्थित होते हैं। इन्होंने बड़ी कुशलता से मनुष्यों एवं देवों का चरित्रचित्रण किया है। चरितचित्रण नाटकों का महत्त्वपूर्ण अङ्ग है जिसका निर्वाह भास ने इतनी कुशलता से की है कि सहृदय सामाजिक इसे सहजरूप में अपना सकें।

सूक्तियों से परिपूर्ण भास की वाणी सहृदयों के चित्त को आकृष्ट करती है। इनके नाटकों में दुरूह भावों को भी अति सरल एवं प्रभावपूर्ण रीति से प्रकट किया गया है। भास के गद्य में भी विचित्र वैलक्ष्य देखा जाता है। छोटे छोटे वाक्य भी मनोगत भावों को अभिव्यक्त करने में सर्वथा सक्षम हैं।

यद्यपि नाटकों में सरस सुबोध एवं असमस्त पदावली सर्वथा समादरणीय हैं तथापि प्रसङ्गानुसार दीर्घ समासयुक्त पदावली का भी महत्त्वपूर्ण स्थान है। भास ने अपने नाटकों में प्रसङ्गानुरूप समास बहुल पदावली को अपनाया है, पर उनके शब्द इतने सरल और ललित हैं कि अर्थावधारण में पाठकों एवं दर्शकों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होती है—

चलविलुलितमौलिः क्रोधताम्रायताक्षो
भ्रमरमुखविदष्टां किञ्चिदुत्कृष्यमालाम्।
असिततनुविलम्बिस्रस्तवस्त्रानुकर्षी
क्षितितलमवतीर्णः पारिवेषीव चन्द्रः॥

महाकवि भास पात्रों के मनोगत भाव परखने में परम प्रवीण हैं। भास का प्रकृति वर्णन भी अत्यन्त मनोहारी है। अलङ्कारों में उपमा एवं स्वभावोक्ति की छटा अतीव सुन्दर है। इनके नाटकों में निश्छल एवं शुद्ध प्रणय का वर्णन है। स्वप्नवासवदत्ता के नाटकीय घटना की मनोरम सङ्गति अद्वितीय हैं। इस प्रकार भास के नाटकों में काव्यापेक्षित समस्त वैशिष्ट्य मानो अहमहमिकया भरे पड़े हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उरुभङ्ग का साहित्यिक पर्यालोचन

महाकवि भास रचित ऊरुभङ्ग का उपजीव्य महाभारत के एक घटना-विशेष का संक्षिप्तांश है, भले ही कवि ने पाठकों एवं दर्शकों में उत्कण्ठा जागृत करने के लिए अपनी कल्पना से इसके कथानक को कुछ अन्य ढंग से प्रस्तुत किया हो। यह मात्र एक अङ्क का रूपक है। प्रसङ्गानुसार इसके गद्य पद्य अत्यन्त ओजस्वितापूर्ण समासवहुल हैं तथापि इसकी ललित पदावली में सरल शब्दों का प्रयोग अत्यन्त मनमोहक है।

भास के नाटकों में प्रस्तावना, कवि का नाम आदि नाट्यशास्त्रीय विधान के अनुसार होना चाहिये, जो नहीं देखा जाता। यद्यपि ऊरुभङ्ग में युद्ध का प्रसङ्ग होने से वीर रस का प्राधान्य अपेक्षित है तथापि कवि ने अपनी कल्पना से इसके कथानक को कारुण्यपूर्ण वना दिया है। 'शृङ्गारवीर-शान्तानामेकोऽङ्गी रसमिष्यते' इस नाट्यशास्त्रीय विधान के अनुसार यह नाटक वीररस प्रधान होना उचित था। कवि ने इस नाटक में रङ्गमञ्च पर ही दुर्योधन की मृत्यु दिखलाया है जो नाट्यशास्त्र के सिद्धान्त के प्रतिकूल है।

कथा-सारांश

नान्दी पाठ के अनन्तर सर्वप्रथम सूत्रधार का रङ्गमञ्च पर प्रवेश होता है। वह शिष्ट परम्परा के अनुसार भीष्म, द्रोण आदि अजेय महायोद्धाओं से परिपूर्ण शत्रुरूपी महानदी को अर्जुनरूपी नौका का सञ्चालन करने वाले श्रीकृष्ण आप (सहृदय दर्शकों) को इस संसार-सागर से पार करें, ऐसी मङ्गल कामना कर मान्य सभासदों से कुछ कहना चाहता है, तब तक कुछ शब्द सा सुनाई पड़ा। सूत्रधार आश्चर्यान्वित हो नेपथ्य की तरफ ज्यों ही देखता है, कि सब कुछ समझ जाता है। तदनन्तर पारिपार्श्विक का प्रवेश होता है। वह सूत्रधार से पूछता है कि विभिन्न प्रकार के शस्त्रों से सुसज्जित ये वीर युद्धरूपी यज्ञ में अपनी देह की आहुति देने के लिए अपने प्रतियोद्धाओं का बलपौरुष निरेखते हुए इधर उधर क्यों घूम रहे हैं? इसका उत्तर देते हुए सूत्रधार कहता है—कौरवों के पक्ष में एकमात्र दुर्योधन ही

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बचा है, पाण्डवों के पक्ष में पाँच पाण्डव तथा कृष्ण शेष रह गये हैं, अतः मृत राजाओं से परिपूर्ण समन्त पञ्चक में भीम और दुर्योधन के गदायुद्ध प्रारम्भ होने पर राजाओं की मृत्यु के एकमात्र गृहस्वरूप इस रणक्षेत्र में सैनिक प्रवेश कर रहे हैं।

स्थापना के अनन्तर तीन योद्धाओं का प्रवेश होता है। ये अपनी कल्पना के अनुसार भीम और दुर्योधन के बीच प्रवृत्त युद्ध एवं युद्धस्थल का वर्णन विभिन्न प्रकार से कर रहे हैं। पहला कहता है—हम ऐसे संग्राम नामक आश्रमस्थल में आये हैं जहाँ प्राणों की आहुति करने के लिए अग्निहोत्र नामक यज्ञ और मृत राजाओं के लिए सूर्यलोक प्राप्ति का साधन है। दूसरा योद्धा युद्धस्थल में मरे पड़े बड़े बड़े हाथियों की उपमा पर्वत से दे रहा है। तीसरा साङ्गरूपक में युद्धस्थल पर यज्ञस्थल का आरोप करता हुआ हस्तियों के शुण्ड दण्ड को यूप, वाणों को कुशा आदि इस प्रकार युद्धस्थल में पड़े हुए वस्तुओं का याज्ञीय पदार्थों के रूप में उल्लेख कर रहा है। इस प्रकार रणभूमि का वर्णन करते हुए योद्धाओं का युद्ध वर्णन करता है।

कुरुकुल एवं यादव वंश के पूजनीय देवों—व्यास, बलराम, कृष्ण तथा विदुर आदि देवताओं के समक्ष भीम और दुर्योधन में परस्पर गदायुद्ध आरम्भ होता है। दुर्योधन की गदाप्रहार से भीम घायल होकर गिर पड़ता है, जिसे देखकर व्यास विस्मित होते हैं। युधिष्ठिर और विदुर दुःखी होते है, अर्जुन गाण्डीव को उठाता है और भगवान श्रीकृष्ण आकाश की ओर देखते हैं। शिष्य दुर्योधन के पराक्रम से प्रसन्न होकर रणदर्शी बलदेवजी हल को घुमा रहे हैं। गिरे हुए भीम को ताना देते हुए दुर्योधन कहता है कि वीर गिरे हुए दीन योद्धा पर प्रहार नहीं करते। इस प्रकार भीम का अपमान देखकर भगवान् श्रीकृष्ण अपने जंघे पर ताड़न करते हुए भीम को कुछ संकेत कर रहे हैं। भीम सम्भलते हुए उठकर अपनी गदा से दुर्योधन की जंघों पर प्रहार करता है, जिससे घायल होकर दुर्योधन गिर पड़ता है। खून से लथपथ दुर्योधन को देखकर व्यास जी आकाश की ओर चले जाते हैं। अपने शिष्य दुर्योधन को कपटपूर्वक मारे जाने से बलदेव जी काफी क्रोधित होते हैं, जिनसे पाण्डवों को भयभीत देख कर श्रीकृष्ण ने अपने हाथ से अव-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लम्बित भीम को अपने हाथों में सुरक्षित कर लिया। रङ्गमञ्च पर बलदेव का प्रवेश सूचित कर तीनों योद्धा चले जाते हैं, इसके साथ विष्कम्भक पूर्ण होता है।

इसके बाद क्रुद्ध बलरामजी राजाओं को सम्बोधित करते हुए रङ्गमञ्च पर आते हैं तथा वञ्चनापूर्वक दुर्योधन की जंघों पर किये प्रहार की निन्दा करते हैं। दुर्योधन को आश्वस्त करते हुए बलदेवजी भीम को मारने की प्रतिज्ञा करते हैं तब नेपथ्य से 'प्रसीदतु 'प्रसीदतु भगवान् हलायुधः' की ध्वनि सुनाई पड़ती हैं। बलदेव जी, जंघे टूटने के कारण अपने शरीर को घसीटते हुए दुर्योधन को अपनी ओर आते देखते हैं।

भुजाओं के बल अपने शरीर को घसीटते हुए दुर्योधन रङ्गमञ्च पर आकर बलरामजी से निवेदन करता है कि कुरुकुल के बीजरूप पाण्डवों का विनाश न करें। बलदेव जी से जब दुर्योधन को ज्ञात होता है, कि मुझे छल से मारा गया तो वह कहता है कि जब आप इसका समर्थन करते हैं तो वस्तुतः पाण्डवों से मैं पराजित नहीं हुआ हूँ। दुर्योधन कहता है, मैं भीम द्वारा छल से नहीं मारा गया, अपितु इसमें कृष्ण की चाल है और उन्होंने भीम की गदा में प्रवेश कर मुझे मारा है। नेपथ्य से लोगों को हटाने की आवाज आती है, तब तक बलराम जी देखते हैं कि शोकाकुल धृतराष्ट्र, गान्धारी, अन्तःपुरीय परिवार दुर्जय द्वारा निर्दिष्ट रङ्गमञ्च की ओर आ रहे हैं।

धृतराष्ट्र, गान्धारी, देवियाँ और दुर्जय का प्रवेश होता है। वञ्चना से मारे गये पुत्र को जानकर धृतराष्ट्र कहते हैं—नैसर्गक अन्धा मैं और अन्धा बना दिया गया। देवियों को रोते देख दुर्योधन कहता है, मेरी स्त्रियाँ आज रो रही हैं। जंघे टूट जाने से माता पिता को अभिवादन न कर सकने के कारण दुर्योधन को काफी कष्ट होता है। उसका कहना है कि युद्ध में पराजित मुझको देखकर मेरा पुत्र क्या सोचेगा? दुर्जय के द्वारा हठ करने पर भी दुर्योधन अपनी गोद में उसे बैठने से मना करता है। धृतराष्ट्र गान्धारी खोजते हुए दुर्योधन के पास जाते हैं। दुर्योधन, धृतराष्ट्र और

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गान्धारी को धैर्य दिलाता है। दूसरे जन्म में भी तुम ही हमारी जननी होवो, यह सुनकर गान्धारी कहती है मेरे मनोनुकूल ही तुमने कहा है। देवियों को आश्वस्त करते हुए दुर्योधन कहता हैं—क्षत्रिये ! युद्धस्थल में वीर योद्धा से लड़ते हुए मैं मारा गया। इस प्रकार युद्धस्थल में मारे गये वीरों की पत्नियाँ नहीं रोतीं। पाण्डवों और कुन्ती की सेवा का निर्देश करते हुए दुर्जय से दुर्योधन कहता है—तुम शोक को छोड़कर पाण्डवों के साथ मुझे तिलाञ्जलि देना। नेपथ्य से पुनः वीरतापूर्ण वाणी सुनाई पड़ती है।

गर्जना करते हुए क्रुद्ध अश्वत्थामा रङ्गमञ्च पर प्रविष्ट हो कर कहते हैं, कि मुझे पिता की तिलाञ्जलि देने में व्यस्त होने के कारण दुर्योधन को छल से मारा गया, अतः मैं कृष्णसहित पाण्डव कुल का विनाश कर डालूँगा। दुर्योधन के मना करने पर भी रात्रियुद्ध में पाण्डवों को मारने की प्रतिज्ञा करते हैं, दुर्योधन के पुत्र दुर्जय को विना अभिषेक ही विप्रवचनों द्वारा राजा बनाते हैं। इसके बाद दुर्योधन स्वर्गलोक चला जाता है। पुत्र विनाश से शोकाकुल धृतराष्ट्र राज्य को धिक्कारते हुए तपोवन जाने का सङ्कल्प करते हैं। अश्वत्थामा सौप्तिक वध के लिये उद्यत होते हैं। बलराम के द्वारा भरतवाक्य का पाठ किया जाता है, जिसमें पृथ्वी की रक्षा हेतु मङ्गल कामना की गई है।

पात्रों का चरित्रचित्रण

महाकवि भास ने उरुभङ्ग में कथानक के अनुसार ही पात्रों का चरित चित्रित किया है। भट्टनारायण द्वारा वेणीसंहार में दुर्योधन को क्रूर, न्याय तथा शास्त्रविरुद्ध कार्य करने वाला चित्रित किया गया है, किन्तु उरुभङ्ग में उसे अन्यन्त विनम्र, धीर वीर योद्धा के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

दुर्योधन—ऊरुभङ्ग में दुर्योधन प्रमुख पात्र है। इसे "नेता विनीतो मधुरस्त्यागी दक्षः प्रियंवदः" इस शास्त्रीय सिद्धान्त के अनुरूप इस रूपक में चित्रित किया गया है। भीम के साथ गदा युद्ध करते समय दुर्योधन अपनी युद्ध कला का परिचय देता है, जिसके अनुसार कवि को कहना पड़ता है, कि

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भीम बलवान् अवश्य हैं, किन्तु दुर्योधन युद्ध कला में निपुण है। गदा प्रहार से घायल होकर गिरा हुआ वह भीम से कहता है उठो भीम गिरे हुए दीन योद्धा पर वीर प्रहार नही करते इस प्रसंग में दुर्योधन अत्यन्त गम्भीरतापूर्वक न्यायोचित कार्य करता है।

श्रीकृष्ण के संकेत से भीम द्वारा वञ्चनापूर्वक किए गए गदा प्रहार से दुर्योधन के जाङ्घे टूट जाती है अतः वह पृथ्वी पर गिर जाता है। इस अन्याय पूर्ण प्रहार से बलराम जी क्रुद्ध होकर पाण्डवों के विनाश की प्रतिज्ञा करते हैं, किन्तु दुर्योधन उन्हें ऐसा करने से मना करता है। वह बलराम जी से कहता है; कि जब आप भीम द्वारा मुझे छलपूर्वक मारा जाना स्वीकार करते हैं तो वस्तुतः मैं पराजित नहीं हुआ हूँ, अतः कुरूकुल को तिलाञ्जलि देने के लिए पाण्डवों को जीवित रहने दीजिए। दुर्योधन की यह उदारता अद्भूत है।

धराशायी दुर्योधन के पास उसका शोकाकुल परिवार जब पहुँचता है तो वह अत्यन्त धैर्यपूर्वक माता पिता और परिवार को समझाते हुए अभिमान भरे शब्दों में कहता है, कि मैं युद्ध में लड़ते हुए वीर योद्धा द्वारा सबके समक्ष मारा गया हूँ। अपनी पत्नियों को क्षात्रधर्म का स्मरण दिलाते हुए दुर्योधन कहता है, कि वीरों की स्त्रियाँ युद्ध में लड़ते हुए पति के मारे जाने पर रोती नहीं हैं। दुर्योधन मातृभक्त पुत्र है, वह अगले जन्म में भी गान्धारी का ही पुत्र होने की कामना करता है। अपने पुत्र दुर्जय को समझाते हुए दुर्योधन का कहना है, कि हमारी तरह ही पाण्डवों की भी सेवा करना तथा अम्बा कुन्ती की आज्ञा का पालन करना, इससे दुर्योधन के अदम्य साहस, धैर्य तथा विशाल हृदय का परिचय मिलता है।

तदिति। गान्धारीपुत्रः=दुर्योधनः, अये इत्याश्चर्यम्, अयमभिहतगजतुरगनररथप्राकारमध्यगतः—अयम्=कौरवाधिपः, अभिहताः=मृताः ये गजाः=

रथ और हाथियों पर सवार, विभिन्न शस्त्रों से सुसज्जित जिनकी आज्ञा को शिरोधार्य करने के लिए ग्यारह अक्षौहिणी सेना वाले राजा भी हाथ जोड़े खड़े रहते थे, परशुराम के वाणों से आच्छादित कवच वाले भीष्म और मेरे पिता जी (द्रोणाचार्य) जैसे पराक्रमी जिस दुर्योधन के योद्धा थे वह वीर (दुर्योधन) भी काल की प्रतिकूलता से पराजित हो गया ॥ ५८॥

तो गान्धारी का पुत्र (दुर्योधन) कहाँ चला गया। (घूम कर और देख कर) अरे! मरे हुए हाथी, घोड़े, मनुष्य और रथरूपी प्राचीर के मध्य समरयुद्ध को पार करने वाला दुर्योधन पड़ा हुआ हैं। जो यह—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मौलीनिपातचलकेशमयूखजालै-
गात्रैर्गदानिपतनक्षतशोणिताद्रैः ।
[1]भात्यस्तमस्तकशिलातलसंन्निविष्टः
सन्ध्यावगाढ इव पश्चिमकालसूर्यः ॥ ५९ ॥

(उपसृत्य) भोः कुरुराज ! किमिदम् ।

हस्तिनः तुरगाः=अश्वाः नराः=मनुष्याः रथाश्च तेषां यत्प्राकारः तन्मध्य गतः=तदन्तः प्रविष्टः, समरपयोधिपारगः-समरः=युद्धस्थलमेव पयोधिः=समुद्रः तस्य पारगः=पारं गच्छतीत्यर्थः ।

अन्वयः—मौलीनिपातचलकेशमयूखजालैः गदानिपतनक्षतशोणिताद्रैः गात्रैः अस्तमस्तकशिलातलसन्निविष्टः सन्ध्यावगाढः पश्चिमकालसूर्य इव भाति ॥ ५९ ॥

व्याख्या-मौलिनिपातचलकेशमयूखजालैः-मौल्याः=मुकुटस्य निपातेन=प्रपतनेन चलाः=चञ्चलाः केशाः=शिरोवाला एव मयूखजालानि=किरण-समूहाः तैः तथा गदानिपतनक्षतशोणिताद्रैः—गदायाः निपतनेन=प्रहारेण यानि क्षतानि=व्रणस्थानानि तेभ्यः निस्सृतेन शोणितेन=रक्तेन आद्रैः=क्लिन्नैः गात्रैः=शरीरावयवैः अस्तमस्तकशिलातलसन्निविष्टः-अस्तमस्तकस्य=अस्ताचलशिखरस्य शिलातलेषु=प्रस्तरखण्डेषु सन्निविष्टः=संलग्नः सन्ध्यावगाढः—संध्याकालीनरागेण अवगाढः=अवलिप्तः पश्चिम-कालसूर्यः=दिवावसानकालीनभास्कर इव=सदृशः- भाति=सुशोभत इति ॥ ५९ ॥

मुकुट गिर जाने के कारण केश जिसके सूर्य की किरणों की भाँति हैं, गदा के प्रहार से हुए व्रण से निकलने के कारण जिसका रक्तरञ्जित शरीर आर्द्र होने से अस्ताचल के शिखर में डूबते हुए सूर्य की तरह अस्त होता जान पड़ता है ॥ ५९ ॥

(समीप जाकर) अहो कुरुराज ! यह क्या हुआ ?

---

१. "यात्यस्ते"त्यादि पाठान्तरम् ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राजा—गुरुपुत्र ! फलमपरितोषस्य !

अश्वत्थामा—भोः कुरुराज ! सत्कारमूलमावर्जयिष्यामि ।

राजा—किं भवान् करिष्यति ।

अश्वत्थामा—श्रूयताम् ।

युद्धोद्यतं गरुडपृष्ठनिविष्टदेह—
मष्टार्द्धभीमभुजमुद्यतशार्ङ्गचक्रम् ।
कृष्णं सपाण्डुतनयं युधि शस्त्रजालैः
सङ्कीर्णलेख्यमिव चित्रपटं क्षिपामि ॥ ६० ॥

राजा—फलमपरितोषस्य—फलम्=परिणामः, अपरितोषस्य=सन्तोषरहितस्य ।

अश्वत्थामा—सत्कारमूलमावर्जयिष्यामि—सत्कारपूर्वकं यथा स्यात्तथा आवर्जयिष्यामि=तवाऽनुरूपं करिष्यामि ।

अन्वयः—युद्धोद्यतं गरुडपृष्ठनिविष्टदेहम् अष्टार्द्धभीमभुजम् उद्यतशार्ङ्गचक्रं सपाण्डुतनयं कृष्णं युधि शस्त्रजालैः सङ्कीर्णलेख्यं चित्रपटम् इव क्षिपामि ॥ ६० ॥

व्याख्या—किं भवान् करिष्यतीति दुर्योधनेन पृष्टे सत्यश्वत्थामा कथयति—युद्धोद्यतम्—युद्धाय=संग्रामाय उद्यतम्=उत्साहान्वितं तथा गरुडपृष्ठनिविष्टदेहम् गरुडस्य=वैनतेयस्य पृष्ठे=पृष्ठभागे निविष्टः=सन्निविष्टो देहः=शरीरं यस्य तम्, अष्टार्द्धभीमभुजम्—अष्टार्द्धः=चत्वारः

राजा—गुरुपुत्र, मेरे अत्यधिक लोभ का फल है ।

अश्वत्थामा—हे कुरुराज ! आपका (अभीष्ट सिद्ध कर) सत्कार करना चाहता हूँ ।

राजा—आप क्या करेंगे ।

अश्वत्थामा—युद्ध के लिए उत्साहित गरुड़ की पीठ पर बैठे हुए भयंकर चार भुजाओं वाले शार्ङ्ग नामक धनुष और चक्र धारण किए हुए कृष्ण को पाण्डवों के सहित, युद्ध में शस्त्रसमूह के द्वारा चित्रित चित्रपट की भाँति नष्ट कर फेंक दूँगा ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राजा—मा मा भवानेवम् ।

गतं धात्र्युत्संगे सकलमभिषिक्तं नृपकुलं
गतः कर्णः स्वर्गं निपतिततनुः शान्तनुसुतः ।
[1]गतं भ्रातॄणां मे शतमभिमुखं संयुगमुखे
वयं चैवंभूता गुरुसुत ! धनुर्मुञ्चतु भवान् ॥ ६१ ॥

भीमाः=भयोत्पादकाः भुजाः=बाहवो यस्य तम् उद्यतशार्ङ्गचक्रम्—उद्यते=सुसज्जिते शार्ङ्गम् च=धनुश्च चक्रम् च=सुदर्शनश्च इति उद्यतशार्ङ्गचक्रे यस्य तं, सपाण्डुतनयः=पञ्चपाडवसहितं कृष्णम्=वासुदेवं युधि=समरे शस्त्रजालैः=शस्त्रसमूहैः सङ्कीर्णलेख्यम् सङ्कीर्णाः=परस्परं साङ्कर्यं प्राप्ताः लेख्याः=मूर्त्तयः यत्र तादृशं यच्चित्रपटम् तमिव क्षिपामि=उत्लक्ष्यामि हनिष्यामीति भावः ॥ ६० ॥

अन्वयः—अभिषिक्तं सकलं नृपकुलं धात्र्युत्सङ्गे गतम्, कर्णः स्वर्गं गतः, शान्तनुसुतः निपतिततनुः मे भ्रातॄणां शतमभिमुखं संयुगमुखे गतम्; वयं च एवंभूताः (अतः) हे गुरुसुत भवान् धनुः मुञ्चतु ॥ ६१ ॥

व्याख्या—अभिषिक्तम्=युवराजपदाधिष्ठितं सकलम्=समग्रं नृपकुलम्=राजवंशः, धात्र्युत्सङ्गे-धात्र्याः=पृथिव्याः उत्सङ्गे=क्रोडे गतम्=प्रविष्टम्, कर्णः=राधेयः स्वर्गम्=नाकलोकं गतः शान्तनुसुतः=भीष्मः निपतिततनुः=पतितदेहोऽभवदिति शेषः । मे=मम भ्रातॄणाम्=सोदराणां शतम्=शतसंख्याकम् अभिमुखम्=समक्षमेव संयुगमुखे=युद्धमध्ये गतम्=विनष्टम् वयञ्च एवंभूता=एवंविधाः जाताः (अतः) हे गुरुसुत=गुरुपुत्र भवान् धनुः=शस्त्रं मुञ्चतु । शिखरिणी वृत्तम् ॥ ६१ ॥

राजा—नहीं, आप ऐसा न कहिये ।

समस्त अभिषिक्त राजवंश पृथिवी की गोद में सो गया, कर्ण स्वर्ग चला गया, शान्तनु-पुत्र (भीष्म पितामह) भी मारे गये, मेरे सौ भाई भी रणक्षेत्र में स्वर्ग सिधार गये, और मैं उनलोगों का अनुगमन कर रहा हूँ, इस लिए हे आचार्य पुत्र ! आप धनुष को त्याग दें ।

---

१. "शतं भ्रातॄणां मे हतमभिमुखं संयुगमुखे" इत्येवमपि पाठो लभ्यते ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अश्वत्थामा—भोः कुरुराज !

संयुगे पाण्डुपुत्रेण गदापातकचग्रहे ।
सममूरुद्वयेनाद्य दर्पोऽपि भवतो हृतः ॥ ६२ ॥

राजा—मा मैवम् । मानशरीरा राजानः । मानार्थमेव मया निग्रहो गृहीतः । पश्य गुरुपुत्र !

यत्कृष्टा करनिग्रहाञ्चितकचा द्यूते तदा द्रौपदी
यद्बालोऽपि हतस्तदा रणमुखे पुत्रोऽभिन्युः पुनः ।
अक्षव्याजजिता वनं वनमृगैर्यत्पाण्डवाः संश्रिता
नन्वल्पं मयि तैः कृतं विमृश भो दर्पाहृतं दीक्षितैः ॥६३॥

अन्वयः—गदापातकचग्रहे संयुगे अद्य पाण्डुपुत्रेण ऊरुद्वयेन समम् एव भवतः दर्पः अपि हृतः ॥ ६२ ॥

व्याख्या—गदापातकचग्रहे—गदायाः पातः=आघातः कचानाम्=शिरोरुहाणां ग्रहः=आकर्षणं यत्र तादृशे संयुगे=संग्रामे अद्य पाण्डुपुत्रेण=भीमेन ऊरुद्वयेन=जङ्घायुगलेन समम्=सहैव भवतः=तव दर्पः=स्वाभिमानः अपि हृतः=नष्टः ॥ ६२ ॥

राजा—मानशरीराः—मानम्=प्रतिष्ठा एव शरीराः=देहाः यस्य त एव राजानः । निग्रहः=युद्धम् गृहीतः=संरचितः ।

अन्वयः—यत् करनिग्रहाञ्चितकचाः द्रौपदी द्यूते कृष्टा पुनः पुत्रः अभिमन्युः तदा रणमुखे बालः अपि यत् हतः अक्षव्याजजिता पाण्डवाः वनमृगैः यत् वनं संश्रिताः भोः दीक्षितैः तैः मयि दर्पाहृतं कृतं ननु अल्पम् (इति) विमृश ॥ ६३ ॥

अश्वत्थामा—हे कुरुराज ! पाण्डुपुत्र भीम के द्वारा युद्ध में केश पकड़ कर गदा प्रहार किये जाने के कारण तुम्हारी दोनों जङ्घाओं के साथ ही तुम्हारा अभिमान भी नष्ट कर दिया गया है ॥ ६२ ॥

राजा—नहीं, नहीं अभिमान ही राजाओं का शरीर है । मान के लिए ही मैंने युद्ध किया है । आचार्यपुत्र देखें—

मैंने द्युतसभा में हाथों से जो द्रोपदी का केश खींचा, सङ्ग्रामाङ्गण में

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अश्वत्थामा—सर्वथा कृतप्रतिज्ञोऽस्मि ।

भवता चात्मना चैव वीरलोकैः शपाम्यहम् ।
निशासमरमुत्पाद्य रणे धक्ष्यामि पाण्डवान् ॥ ६४ ॥

व्याख्या—यत् करनिग्रहाञ्चितकचाः—कराभ्याम्=हस्ताभ्यां निग्रहेण=हठादाकर्षणेन अञ्चिताः=धृताः कचाः=अलका यस्याः सा द्रौपदी=याज्ञसेनी द्यूते=द्यूतक्रीडाप्रसङ्गे कृष्टा=अपमानिता पुनः पुत्रः=तनयः अभिमन्युः=उत्तरा सुतः तदा=तस्मिन् काले रणमुखे=युद्धमध्ये बालः=अल्पवयः अपि यद् हतः=घातितः किं वा अक्षव्याजजिता—अक्षव्याजेन=द्यूतछलेन जिताः पाण्डवाः=पाण्डुसुताः युधिष्ठिरादयः वनमृगैः=वन्यजीवैः वनम्=काननं संश्रिताः=सेविताः । एवं तेषां बह्वपकारे कृतेऽपि भो ! गुरुसुत ? दीक्षितैः=रणदीक्षां गृहीतैः तैः=पाण्डवैः मयि=दुर्योधने यद् दर्पाहृतम्=अभिमानापहरणं कृतम्=विहितम् तद् नूनम्=निश्चयेन, अल्पम्—स्तोकम् (इति) त्वम् विमृश=चिन्तय ॥ ६३ ॥

अन्वयः—भवता आत्मना वा वीरलोकैः च अहं शपामि, निशासमरम् उत्पाद्य रणे पाण्डवान् धक्ष्यामि ॥ ६४ ॥

व्याख्या—भवता=त्वया आत्मना=स्वकीयेन वा=अथवा वीरलोकैः=महावीरैः च अहम् शपथम्=प्रतिज्ञां करोमि (यत्) निशासमरम्=रात्रियुद्धम् उत्पाद्य=विधाय रणे=युद्धस्थले पाण्डवान्=युधिष्ठिरादीन् तत्पक्षीयांश्च धक्ष्यामि=ज्वलयिष्यामि ॥ ६४ ॥

अल्पवयस्क पुत्र अभिमन्यु का वध किया और अक्ष के व्याज से जिते हुए पाण्डवों को जंगलीजानवरों का सहचर बनाया । इस तरह विभिन्न प्रकार से सताये गये पाण्डवों द्वारा किया गया मेरा मान मर्दन अपेक्षाकृत थोड़ा ही है । इसे आप स्वयं सोचें ॥ ६३ ॥

अश्वत्थामा—मैं निश्चितरूप से प्रतिज्ञा कर चुका हूँ ।

मैं आपकी, अपनी तथा वीर पुरुषों की शपथ लेकर कहता हूँ कि रात्रि में युद्ध करके रणभूमि में पाण्डवों का विनाश कर दूँगा ॥ ६४ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बलदेवः—एतद्भविष्यत्युदाहृतं गुरुपुत्रेण ।
अश्वत्थामा—हलायुधोऽत्रभवान् ।
धृतराष्ट्रः—हन्त ! साक्षिमती खलु वञ्चना ।
अश्वत्थामा—दुर्जय ! इतस्तावत् ।

पितृविक्रमदायाद्ये राज्ये भुजबलार्जिते ।
विनाभिषेकं राजा त्वं विप्रोक्तैर्वचनैर्भव ॥ ६५ ॥

राजा—हन्त ! कृतं मे हृदयानुज्ञातम् । परित्यजन्तीव मे प्राणाः । इमेऽत्रभवन्तः शान्तनुप्रभृतयो मे पितृपितामहाः । एतत्कर्णमग्रतः कृत्वा समुत्थितं भ्रातृशतम् । अयमप्यैरावतशिरोविषक्तः काकपक्षधरो महेन्द्रकरतलमवलम्ब्य क्रुद्धोऽभिभाषते मामभिमन्युः । (इमाः)

अन्वयः—पितृविक्रमदायाद्ये भुजबलार्जिते राज्ये अभिषेकं विना विप्रोक्तैः वचनैः त्वं राजा भव ॥ ६५ ॥

व्याख्या—पितृविक्रमदायाद्ये—पितुः=दुर्योधनस्य विक्रमस्य=पराक्रमस्य दायाद्ये=दायांशे, भुजबलार्जिते—भुजबलेन अर्जिते=प्राप्ते राज्ये अभिषेकम्=राज्यसिंहासनप्रतिनिधिं विना (एव) विप्रोक्तवचनैः—विप्रोक्तैः=द्विजोक्तैः वचनैः=वाक्यैः राजा भव ॥ ६५ ॥

राजा—हृदयानुज्ञातम्=मनसा चिन्तितम् । ऐरावतस्य=इन्द्रहस्तिनः शिरसि=मस्तके विषक्तः=संलग्नः काकपक्षधरः=शिरोवाली महेन्द्रकर-

---

बलदेव—गुरुपुत्र द्वारा कहा गया अवश्य होगा ।
अश्वत्थामा—आप बलदेव हैं ।
धृतराष्ट्र—ओह छल भी साक्षियों के समक्ष हुआ ।
अश्वत्थामा—दुर्जय ! इधर आओ ।

पिता के भुज पराक्रम से अर्जित राज्य पर उत्तराधिकार के रूप में विना अभिषिक्त किए ही (मुझ) ब्राह्मण के वचनों द्वारा राजा बनो ।

राजा—वाह ! मेरा अभीष्ट प्राप्त हुआ । मानो प्राण मुझको छोड़ रहे हैं । ये आदरणीय शन्तनु आदि मेरे पिता पितामह हैं । कर्ण को आगे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उर्वश्यादयोऽप्सरसो मामभिगताः। इमे महार्णवा मूर्तिमन्तः। एता गङ्गाप्रभृतयो महानद्यः। एष सहस्रहंसप्रयुक्तो मा नेतुं वीरवाही विमानः कालेन प्रेषितः अयमयमागच्छामि। (स्वर्गं गतः।)

(यवनिकास्तरणं करोति।)

धृतराष्ट्रः—

याम्येष सज्जनधनानि तपोवनानि
पुत्रप्राणाशविफलं हि धिगस्तु राज्यम्।

अश्वत्थामा—

यातोऽद्य सौप्तिकवधोद्यतबाणपाणिः

(भरतवाक्यम्)

बलदेवः— गां पातु नो नरपतिः शमितारिपक्षः॥ ६६॥

तलम् महेन्द्रस्य = इन्द्रस्य करतलम् = हस्ततलम् = अवलम्ब्य = धृत्वा; महार्णवाः = महासागरः सहस्रहंसप्रयुक्तः = सहस्रैः हंसैः प्रयुक्तः = युक्तः वीरवाही = वीरवहनयोग्यः कालेन = यमराजेन। अन्यत्स्पष्टम्।

अन्वयः—एषः सज्जनधनानि तपोवनानि यामि हि पुत्रप्रणाशविफलं राज्यं धिक् अस्तु।

अद्य सौप्तिकवधोद्यतवाणपाणिः यातः शमितारिपक्षः नरपति वः गां पातु॥ ६६॥

किये हुए ये मेरे सौ भाई खड़े हैं। यह ऐरावत पर बैठा हुआ काकपक्षधारी क्रुद्ध अभिमन्यु इन्द्र का सहारा लिए मुझसे कुछ कह रहा है। उर्वशी आदि अप्सरायें मुझे घेर रही हैं। ये सागर मूर्तिमान देखे जा रहे हैं। ये गङ्गा आदि नदियाँ हैं। यह हजारों हंसों द्वारा ढोया जाने वाला विमान यथासमय मुझको लेने के लिए आ रहा है। यह मैं आ रहा हूँ। (स्वर्ग को सिधार गया।)

(पर्दा गिरता है)

धृतराष्ट्र—अब मैं सज्जन द्वारा सेवित तपोवन जा रहा हूँ। क्योंकि पुत्रों के अभाव में निष्फल राज्य को धिक्कार है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(निष्क्रान्ताः सर्वे)

ऊरुभङ्गं नाम नाटकं समाप्तम् ॥

——०——

व्याख्या—एषः (अहम्) सज्जनधनानि—सज्जनानाम्=साधूनां तपसां वा धनानि=प्रियाणि तपोवनानि=तपःस्थलानि यामि=गच्छामि हि=यतः पुत्रप्रणाशविफलम्=पुत्राणां प्रणाशेन=मृत्युना विफलम्=निष्फलं राज्यं धिगस्तु=गर्हणीयं स्यात् ।

अद्य=साम्प्रतम् सौप्तिकवधोद्यतवाणपाणिः—सौप्तिकानाम्=सुप्तानां पाण्डवानां वधार्थम् उद्यतः वाणपाणिः=वाणेन=शरेण युक्तः पाणिः=हस्तो यस्य सोऽश्वत्थामाऽपि यातः=प्रस्थितः ।

शमितारिपक्षः—शमिताः=हताः अरिपक्षः=शत्रुबलाः यस्य सः नरपतिः=राजा (युधिष्ठिरः) गां=पृथ्वीं पातु=रक्षतु शामयतु वा ॥ ६६ ॥

॥ डा० रामप्रभा ओझाकृतटीका समाप्ता ॥

——०——

अश्वत्थामा—सोये हुए पाण्डवों के वध के लिए तत्पर बाणों को हाथ में लिया हूँ ।

(भरतवाक्य)

बलदेव—शान्त कर दिया गया है शत्रुपक्ष जिसका इस प्रकार का राजा हमारी पृथ्वी की रक्षा करे ।

(सभी चले जाते हैं ।)

॥ ऊरुभङ्ग नामक नाटक समाप्त हुआ ॥

——०——

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्लोकानुक्रमणिका

	श्लो. सं.		श्लो. सं
आक्षिप्तलाङ्गल	३२	पूर्वं न जानामि	३८
आदीप्तानल	३४	प्रतिज्ञावसिते	३३
उद्यत्प्राञ्जलयः	५८	प्रसक्तनाराच	८
उपलविषमा	५	भवता चात्मना	६४
एकाग्रांगुलि	२१	भिन्ना मे भृकुटी	५१
एतद्रणाहत	३	भीमस्योरसि	१६
एते परस्पर	७	भीमां गदां	१९
एषा निरस्त	१२	भीमेन भीत्वा	३०
करिवरक	६	भीष्मद्रोणतटां	१
किं मेघा निनदन्ति	१५	भूमौ पाणितले	२४
गतं धाम्युत्सङ्गे	६१	मम रिपुबल	२७
गृध्रा मधूक	११	मालासंवृत	२५
चलविलुलित	२६	माल्यैर्ध्वजाग्र	९
छलबलदलितो	५७	मौलिनिपात	५९
त्यक्त्वा परिचित	४४	यः काञ्चन	४५
त्वत्पादमात्र	४७	यत्कृष्टाकर	६३
त्वत्पादयोः	३१	यस्य वीर्यबलो	४६
दुःखानां	४२	या पुत्रपौत्र	४०
दुर्योधन	४९	याम्येष सज्जन,	६६
दुर्योधने	५५	युद्धोद्यतं गरुड	६०
नमस्कृत्य वदामि	५०	येनेन्द्रस्य	३५
निर्भिन्नाम	१८	रिपुसमरविमर्द	३९
पितृविक्रम	६५	रुधिरसरितो	१०

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

	श्लो. सं.		श्लो. सं.
वञ्चनानिहतं	३७	संयुगे पाण्डु	६२
वीर्याकरः सुत	६६	संहृत्य भ्रुकुटी	२३
वीर्यालयो विविध	२२	सन्नाहदुंदुभि	५४
वृद्धस्य मे	४८	सौभोच्छिष्ट	२८
वेदोक्तैर्विविधैः	५२	स्पृष्ट्वा खाण्डव	१४
वैरस्यायतनं	४	स्फुटितकमल	५६
शिरसि गुरु	२०	स्रस्तोद्वर्तित	१३
शिष्टोत्कंपन	१७	स्वर्गार्थमाहव	२
श्रीमान् संयुग	२९	हृतं मे भीम	४१
श्लाघ्यश्रीः	५३	हृदयप्रीति	४३

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कृष्णदास संस्कृत सीरीज
२०१
****

भासनाटकचक्रे

पञ्चरात्रम्

सपरिशिष्ट 'विमला' संस्कृतहिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः
डॉ. जगदीशचन्द्र मिश्रः
साहित्याचार्यः, व्या. शा., बी. ए. (आनर्स), एम. ए. (द्वितयः)
पी. एच-डी., डिप्-इन-एड

चौखम्बा कृष्णदास अकादमी
वाराणसी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रकाशक : चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी
संस्करण : द्वितीय, वि०सं० २०७१, सन् २०१५
मूल्य : रू० ७५.००

© चौखम्बा कृष्णदास अकादमी
के० ३७/११८, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० नं० १११८, वाराणसी–२२१००१ (भारत)
फोन : (०५४२) २३३५०२०

अपरं च प्राप्तिस्थानम्
चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस
के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० नं० १००८, वाराणसी—२२१००१ (भारत)
फोन : (आफिस) (०५४२) २३३३४५८
(आवास) (०५४२) २३३५०२०, २३३४०३२
Fax : 0542 - 2333458
e-mail : cssoffice01@gmail.com
web-site : www.chowkhambasanskritseries.com

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

KRISHNADAS SANSKRIT SERIES
201
***

PAÑCARĀTRAM

OF

MAHAKAVI BHĀSA

Edited With

The 'Vimalā' Sanskrit, Hindi Commentaries and Notes.

By

Dr. J. C. MISHRA

B. A. (Hon.) M. A. (Double), Ph-D. Dip-in-Ed.
Sahityacharya and Vyakaran Shastri

CHOWKHAMBA KRISHNADAS ACADEMY
VARANASI

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Publisher : Chowkhamba Krishnadas Academy, Varanasi
Printer : Chowkhamba Press, Varanasi

© CHOWKHAMBA KRISHNADAS ACADEMY
Oriental Publishers & Distributors
K. 37/118, Gopal Mandir Lane
Post Box No. 1118, Varanasi- 221001
(INDIA)
Phone : (0542) 2335020

Also can be had from :
CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE
Publishers and Oriental and Foreign Book-sellers
K . 37/99, Gopal Mandir Lane
At the North Gate of Gopal Mandir
Near Golghar (Maidagin)
Post Box No. 1008, Varanasi- 221001 (India)
Phone { Office : (0542) 2333458
Resi. : (0542) 2334032, 2335020
Fax : 0542 - 2333458
e-mail : cssoffice01@gmail.com
web-site : www.chowkhambasanskritseries.com

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मिथिलासंस्कृतिसंरक्षणार्थाय संस्कृतसाहित्यसमुन्नत्यै च नानाविधानि असह्यानि कष्टानि यैः सहर्षं सोढानि तेषां दरभंगामण्डलान्तर्गत-
'तरौनी'ग्रामवासिनां 'काशीमिथिलाग्रन्थमाला' सम्पादकाचार्याणां

श्री प० रामचन्द्रझा महोदयानां

करकमलयोः सादरमुपायनीकृतेयं कृतिः

तदीयेन

डॉ० जगदीशचन्द्रमिश्रेण

विमलाकृता

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विषय-प्रवेशः

		पृ०
विमला-विमर्श	...	७
भूमिका—		
पञ्चरात्र : एक परिचय	...	१०
पञ्चरात्र की कथावस्तु—		
प्रथम अङ्क	...	१५
द्वितीय ,,	...	१६
तृतीय ,,	...	१७
कथावस्तु पर एक दृष्टि	...	१९
पात्रपरिचय	...	२४
ग्रन्थारम्भ—		
प्रथम अङ्क	...	१
द्वितीय ,,	...	५८
तृतीय ,,	...	१२८
परिशिष्ट : टिप्पणी : नोट्स—		
प्रथम अङ्क	...	१४७
द्वितीय ,,	...	१६२
तृतीय ,,	...	१७२
पञ्चरात्र में प्रयुक्त छन्दों का विवरण	...	१७७
पञ्चरात्र में प्रयुक्त सुभाषित	...	१७९
पञ्चरात्रगत नाटकीय विषय	...	१८०
नाटकगत शब्दार्थ परिचय	...	१८१
श्लोकानुक्रमणिका	...	१८६

—: ० :—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विमला विमर्श

'विमला' पञ्चरात्र की व्याख्या है। अनुवाद एवं विचारविमर्श की दृष्टि से यह व्याख्या कहाँ तक उपयुक्त है। यह मैं अपने कृपालु सुधी समीक्षकों पर छोड़ता हूँ। किन्तु, इस सृष्टि-संरचना में जिन से मेरा सम्पर्क हुआ है, उनके सम्बन्ध में कुछ अवश्य कहना चाहूँगा।

प्रत्येक देश और काल में देशान्तर या कालान्तर की भावनाओं एवं विचारों की अभिव्यक्ति के माध्यम में अन्तर रहा है। यह अन्तर तत्संबन्धी परिवेश एवं परिचरण के अन्तर के कारण ही रहा है। युगविशेष अथवा देश-विशेष का कोई भी कवि या विचारक जो कुछ सोचता विचारता है, उसे अपनी भाषा में लिपिबद्ध कर देता है। अपने ही देश में कालान्तर में जब उस भाषा को जानने वालों की कमी हो जाती है तब वह विचारराशि जन सामान्य के लिए दुर्लभ एवं अग्राह्य प्रतीत होने लगता है। उन्हें तथाकथित उक्त भाषा के माध्यम से उन विचारों का बोध ही नहीं हो पाता है। यह अबोधता की दीवार भाषा के कारण उत्पन्न होती है। भाषाजन्य इस व्यवधान को दूर करना ही विमला का मुख्य उद्देश्य है।

एक ही देश की दूर दूर सीमाओं में विभक्त मानवजाति, एक दूसरे के भावों और विचारों को निकट लाने के लिए एक दूसरे की भाषा के भावों और विचारों को अपनी भाषा के भावों या विचारों में लाना चाहती है। एक ही क्षेत्र में युगों से बसी मानवजाति भी अपने पूर्वजों के भावों और विचारों को समझने या जानने के लिए स्पष्टतया इसे अपनी वर्त्तमान भाषा में लाने को इच्छुक रहती है। यह प्रक्रिया सफल होती है केवल एक ही माध्यम से जिसे हम अनुवाद या भाषान्तर की व्याख्या कहते हैं। वस्तुतः अनुवाद भावाभि-व्यक्ति को एक भाषा से दूसरी भाषा में रूपान्तरित करने की एक विशिष्ट कला हैं। पञ्चरात्र की परिनिष्ठित संस्कृत भाषा को सरल संस्कृत, हिन्दी में रूपान्त-रित करने की विमला की क्षमता किस हद तक सफल हुई है, विचारणीय है।

'विमला' का कार्य भारत के पुरातन और वर्त्तमान के बीच सम्बन्ध स्थापित करने की एक कड़ी की तरह है। 'पञ्चरात्र' में निहित भास के महाभारतीय भावों या विचारों के अतिरिक्त इसके आक्षितिज भारतीय संस्कृति के प्रसार तथा समृद्धि के लिए भी विमला की उपयोगिता स्पष्ट है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

किसी भी देश का रचनात्मक कृतित्व उस देश की सांस्कृतिक प्रक्रिया के सर्वाधिक संवेदनशील और सर्जनात्मक रूप को उजागर करता है। अतः यह स्वाभाविक है कि छात्रों के अतिरिक्त अन्य बौद्धिक वर्ग के लोग भी इस स्थिति को जानने के लिए उत्सुक हों। भारत जैसे देश के लिए जो अनेक प्रान्तों में बटा हुआ है और जहाँ प्रान्तविशेष की अपनी अपनी स्थानीय भाषाएँ हैं, वहाँ पञ्चरात्र की संस्कृत हिन्दी व्याख्या के साथ ही अंग्रेजी अनुवाद की भी बड़ी आवश्यकता है।

'विमला' व्याख्या की कुछ निजी समस्याएँ भी हैं। किन्हीं दो भाषाओं के वातावरण समान नहीं होते। एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करते समय अविकल पर्यायों का अभाव उन शब्दों को लेकर बहुत खटकता है जो संस्कृत, वेशभूषा, खानपान, धर्म-दर्शन, फलफूल आदि के वाचक होते हैं। जैसे 'पञ्चरात्र' में प्रयुक्त यज्ञ, होम, प्राग्वंश, तपस्या, पूजा-पाठ, दान-धर्म, श्रद्धा-भक्ति, दर्भ, कृष्णाजिन, राजर्षि, आचार्य, तपोनिष्ठ, पाटल, घी, स्रुवा, भाण्ड, भर्त्ता, सुश्रुषा, वनराजि प्रभृतिशब्द जिन अर्थों के वाचक होते हैं, उनके बोधक शब्द अंग्रेजी में तो नहीं ही हिन्दी में भी प्रयत्नसाध्य होते हैं। इसकी व्याख्या लिखते समय हिन्दी की प्रगति को ध्यान में रखकर विमला को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

इस नाटक की व्याख्या लिखते समय वाक्य-रचना को लेकर भी कई समस्यायें सामने आई हैं! कई स्थानों पर मूल भाषा में परस्पर किसी भाव के लिए प्रयुक्त प्रतीकात्मक शब्द के लिए हिन्दी, संस्कृत या अंग्रेजी भाषा में समानार्थी शब्दों की अनुपलब्धि के सम्बन्ध में जब कभी समस्या उठी है तब वहाँ विमला ने स्वेच्छाचारिता बरती है। प्रायः यह समस्या अधिकांशतः व्यावहारिक शब्दों के प्रयोग में ही आई हैं। इस समस्या या इस तरह की समस्याओं को दूर करने के लिए या तो मूल भाषा के अपरिचित शब्द सव्याख्या भाषान्तर में ग्रहण कर लिए गये हैं, या फिर उसे ज्यों के त्यों ही ग्रहण कर लिया गया है।

'पञ्चरात्र' में प्रयुक्त संस्कृत मुहाविरे या सुभाषितों को लेकर भी यह

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

समस्या उत्पन्न हुई है। इसके साथ ही इस नाटक में ध्वनि, छन्द, लय, बिम्ब, अलंकार आदि की व्याख्या में भी असाधारण पार्थक्य हुआ है। इस नाटक में प्रयुक्त कतिपय शब्द भारतीय विशेषता से संकुल हैं। इसलिए सर्वत्र इनके लिए समानार्थी शब्द या वाक्यांश पाना संभव नहीं रहा है। यदा कदा कुछ अंशों में ऐसे शब्दों के कुछ समानार्थी शब्द मिल भी गये हैं तो अनुवाद में अर्थान्तर दोष से बचने के लिए व्याख्यात्मक वाक्य रचना में स्वतंत्रता का सहारा लेकर अर्थ स्पष्ट करना पड़ा है। फिर भी, भास की भाषा की जो भंगिमायें हैं, ध्वनि, लय आदि की जो नैसर्गिक और सहज गति हैं उसे भाषान्तर में रूपान्तरित कर पाना कठिन हो गया है।

विमला की एक प्रमुख समस्या यह भी रही है कि 'पञ्चरात्र' में प्रयुक्त शैली का संरक्षण भाषान्तर में असम्भव हो उठा है। 'पञ्चरात्र' की शैली संस्कृत की है। संस्कृतेतर भाषाओं में उसका अनुवाद करते समय नाटक का वैशिष्ट्य तिरोहित हो गया है। इस नाटक का सम्बन्ध केवल भाव से ही नहीं है, अपितु कहीं-कहीं अभिव्यञ्जना से भी है। इस अभिव्यञ्जनात्मक शैली का संरक्षण करने में 'विमला' रास्ते में भटक गई हैं। यह मूल से कहीं ऊपर चली गई हैं अथवा कहीं संकीर्ण मार्ग का अवलम्बन किया है। यद्यपि व्याख्याता का यह भरसक प्रयास रहा है कि 'विमला' की गति मूल के समानान्तर ही रहे। कुछ अंशों को छोड़कर 'विमला' समानान्तर रही भी है।

इस संदर्भ में मैं अपने ज्येष्ठ पुत्र श्री अवधेश कुमार मिश्र बी० एस-सी० को धन्यवाद देता हूँ जिसने बैंक आफिसर पद के व्यस्त क्षणों में भी इस पुस्तक की भूमिका लेखन सामग्री जुटाने में हाथ बंटाया है। उसके बाद चि० कुमार अमरेश (ललन), बी० एस-सी० (आनर्स) के छात्र को हृदय से आशीर्वाद देता हूँ जिसने पाण्डुलिपि तैयार करने में हाथ थकने पर सदा ही हाथ बटाता रहा है। पुलिस पदाधिकारी अपने ही पुत्र चि० रमेश को भी इस संदर्भ में नहीं भूल सकता, जिसने समय असमय पाण्डुलिपि तैयार करने में मदद की है। 'विमला' ने जिन मनीषियों की पुस्तक से सहायता प्राप्त की है, उनके प्रति मैं विशेष रूप से कृतज्ञ हूँ।

डॉ० जगदीशचन्द्र

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भूमिका

पञ्चरात्र : एक परिचय

नाटक का नामकरण उन पाँच रातों की घटना से संबद्ध है, जिनमें द्रोण को दुर्योधन की शर्त के अनुसार गुप्तवासी पाण्डवों का पता पाँच रातों के भीतर ही लगा लेना है। तभी पाण्डव शर्त के अनुसार राज्यार्ध के अधिकारी हो सकते हैं। 'पञ्चरात्र' की कथावस्तु महाभारत के चतुर्थ खण्ड अर्थात् 'विराट् पर्व' पर आधारित है। इस कथावस्तु का सारांश पर्वसंग्रह पर्व के निम्नलिखित श्लोकों में मिलता है—

अतः परं निबोधेदं वैराटं पर्वविस्तरम्।
विराटनगरे गत्वा श्मशाने विपुलां शमीम् ॥ २०६ ॥
दृष्ट्वा सन्निदधुस्तत्र पाण्डवा ह्यायुधान्युत।
यत्र प्रविश्य नगरं छद्मना न्यवसंस्तु ते ॥ २०७ ॥
पाञ्चाली प्रार्थयानस्य कामोपहतचेतसः।
दुष्टात्मनो वधो यत्र कीचकस्य वृकोदरात् ॥ २०८ ॥
पाण्डवान्वेषणार्थं च राज्ञो दुर्योधनस्य च।
चाराः प्रस्थापिताश्चात्र निपुणाः सर्वतो दिशम् ॥ २०९ ॥
न च प्रवृत्तिस्तैर्लब्धा पाण्डवानां महात्मनाम्।
गोग्रहश्च विराटस्य त्रिगर्तैः प्रथमं कृतः ॥ २१० ॥
यत्रास्य युद्धं सुमहत्तैरासील्लोमहर्षणम्।
ह्रियमाणश्च यत्रासौ भीमसेनेन मोक्षितः ॥ २११ ॥
गोधनं च विराटस्य मोक्षितं यत्र पाण्डवैः।
अनन्तरं च कुरुभिस्तस्य गोग्रहणं कृतम् ॥ २१२ ॥
समस्ता यत्र पार्थेन निर्जिताः कुरवो युधि।
प्रत्याहृतं गोधनं च विक्रमेण किरीटिना ॥ २१३ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विराटेनोत्तरा दत्ता स्नुषा यत्र किरीटिनः।
अभिमन्युं समुद्दिश्य सौभद्रमरिघातिनम् ॥ २१४ ॥
चतुर्थमेतद्विपुलं वैराटं पर्व वर्णितम्।

बारह साल के बनवास की अवधि समाप्त कर पाण्डवों ने एक साल के गुप्तवास की अवधि में प्रवेश किया। उन्होंने अपने सारे अस्त्रों को एक विशाल शमीवृक्ष के कोटर में छिपा दिया तथा भेष बदलकर मत्स्यों के सम्राट विराट की राजधानी में प्रवेश किया। युधिष्ठिर ने पासा फेंकने में निपुण ब्राह्मण कङ्क का रूप ग्रहण किया। भीम ने मुक्केबाज बल्लभ के रूप में रसोई घर का कार्यभार ग्रहण किया। अर्जुन ने नृत्य-संगीत विशारद किन्तु नपुंसक बृहन्नला का रूप ग्रहण किया। नकुल विराट के घोड़ों के संरक्षक के रूप में नियुक्त हुए और सहदेव को राजा की हजारों गायों के रक्षकों का प्रधान बनाया गया। बिचारी द्रौपदी ने सैरन्ध्री का रूप ग्रहण किया। उसे पटरानी के बाल सजाने वाली महिला का काम सौंपा गया।

विराट की सेना का शक्तिशाली प्रधान सेनापति महारानी का भाई कीचक था। उसने द्रौपदी के रूप-सौंदर्य को देखा। पहली ही दृष्टि में वह द्रौपदी के प्रति आसक्त एवं अभिभूत हो उठा। उसने गम्यागम्य का विचार छोड़ द्रौपदी का पीछा करना शुरू कर दिया। द्रौपदी ने उसे बहुत समझाया उन्होंने कहा—मेरा पति एक गंधर्व है जो अदृश्य रहकर भी मेरी रक्षा में सतत संलग्न रहता है। यदि उसे तुम्हारे इस अवैध प्रेम-व्यवहार का थोड़ा भी पता चल गया तो किसी भी स्थिति में वह तुम्हें जिन्दा न छोड़ेगा। किन्तु, कीचक कुछ भी सुनने को तैयार न था। अन्ततः हारकर द्रौपदी ने उसे नृत्यशाला में आने को कहा। अवसर आते ही कीचक वहाँ आ धमका। द्रौपदी के अपमान का बदला लेने के लिए भीम पहले से ही वहाँ उपस्थित थे। गला दबाकर उन्होंने तत्क्षण कीचक की हत्या कर डाली। उसके मृत शरीर को क्षतविक्षत कर डाला। उसका शव इस तरह विकृत था कि उसे पहचान पाना कठिन हो रहा था। काम समाप्त कर भीम वहाँ से चलते बने। द्रौपदी ने नृत्यशाला के रक्षकों को बुलाया तथा उन्हें किसी पराई स्त्री के प्रति मोह रखने के कारण

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

इस दुर्दान्त मृत्यु का सामना करना पड़ा, यह कहते परिचय दिया। उन्होंने यह भी बताया कि इसकी हत्या उसके गंधर्व पति ने ही की है। यह सुनकर कीचक के संबंधियों ने कीचक के शव के साथ ही द्रौपदी को भी जला देने का निर्णय लिया। विवश द्रौपदी को जब वे लोग खींचकर श्मशान की ओर ले जा रहे थे, तब रास्ते में ही भीम ने एक पेड़ उखाड़ कर उसकी चोट से उन्हें मार डाला। नागरिकों ने जब यह दृश्य देखा तो भयाक्रान्त होकर भाग खड़े हुए। राजा ने जब यह सुना तो तत्क्षण द्रौपदी को देशनिकाला का आदेश दे दिया। किन्तु, उसके विशेष अनुरोध पर उसे अगले तेरह दिनों के लिए राजभवन में टिकने की अनुमति दे दी।

कौरवों ने इस बीच लाख प्रयास किया पर, छद्म-वेशी पाण्डवों का कुछ भी पता न चला। इसी बीच उन्हें कीचक की विचित्र हत्या की खबर भी मिली। इस अवसर का उन्होंने लाभ उठाना चाहा। त्रिगर्त के राजा की सलाह पर मत्स्यों के सम्राट विराट पर उन्होंने आक्रमण करने का निर्णय लिया। इस निर्णय के अनुसार त्रिगर्त की सेना ही अग्रसर होगी तथा वह दक्षिण-पूर्व भाग से पहले आक्रमण करेगी। मौका पाकर कौरवों की सेना विराट नगर पर पश्चिमोत्तर की ओर से आक्रमण करेगी।

पाण्डवों के गुप्तवास की अवधि भी समाप्तप्राय हो चुकी थी। इधर त्रिगर्तों के राजा सुशर्मन ने विराट के हजारों पशुओं को रोक लिया। विराट को एक गोपाल ने इस गोग्रहण की सूचना दी। तत्क्षण विराट ने चार पाण्डवों के साथ अपनी सेना लेकर आक्रमकों का सामना करने के लिए प्रस्थान किया। त्रिगर्त और मत्स्य की सेनाओं के बीच जमकर लड़ाई हुई। यह युद्ध सारे दिन और चाँदनी रात में भी चलता रहा। अन्ततः विराट की हार हुई। त्रिगर्त के राजा ने विराट को बंदी बना लिया। वह विराट को अपने रथ में डालकर पीछे की ओर तेजी से लौट पड़ा। इस दृश्य को जब भीम ने देखा तो दुःसाहस-पूर्वक सेनाओं को चीरते हुए आगे बढ़कर हाथों से ही सुशर्मन का बाल पकड़कर घसीट लिया। उसे जमीन पर पटककर विराट को बचा लिया। इस दृश्य को देखकर उसकी सारी सेना भयाक्रान्त होकर भाग निकली। चारों ओर हाहाकार मच गया। अचेतावस्था में ही सुशर्मन को भी भीम ने उठा लिया। उसका

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हाथ पैर कस दिया और विराट के साथ उसे भी युधिष्ठिर के सामने लाकर पटक दिया। दयालु युधिष्ठिर ने उसे जीवन-दान देते हुए बंधनमुक्त कर दिया।

इसी बीच कौरवों ने उत्तर दिशा से आक्रमण कर दिया। पशुओं का घेराव प्रारंभ हो गया। भयाक्रान्त प्रधान गोपाल शहर की ओर भाग निकला। दरबार में उपस्थित होकर उसने कुमार उत्तर को सारी घटना सुना दी। घटना सुनते ही दुश्मनों का सामना करने के लिए कुमार प्रस्तुत हो गया। पर उसकी लाचारी यह थी कि कोई सुदक्ष रथवाहक उसके पास नहीं था। सुयोग्य सारथी की खोज शुरू हो गई। सैरन्ध्री ने स्त्रैण नृत्य-शिक्षक बृहन्नला का नाम प्रस्तावित किया। राजकुमार ने बृहन्नला को ही अपना सारथी स्वीकार कर लिया। दोनों रथारूढ होकर रणाङ्गण की ओर प्रस्थान किए। किन्तु, कौरवों की अपार सेना को देखते ही युवा राजकुमार चेतनाशून्य होकर गिर पड़ा। चेतना लौटते ही राजकुमार रथ से कूद कर भाग निकला। बृहन्नला के जूड़े और जेवरात उसे पकड़ने के क्रम में हवा में लहराने लगे। यह दृश्य देखकर कौरवों की सेना जोरजोर से हंसने लगी। पर, कौरवों को यह समझते देर न लगी कि यह स्त्रैण और कोई नहीं सारथी के रूप में स्वयं अर्जुन है। बृहन्नला ने घोड़े की लगाम राजकुमार के हाथ में दी और युद्ध की जिम्मेदारी स्वयं अपने ऊपर ले ली। शमी वृक्ष के कोटर से अपना गाण्डीव उतार लिया। रणाङ्गण में प्रवेश करते ही उन्होंने अपना शंख बजाया। शंख ध्वनि सुनते ही कौरवों के दिल दहल उठे। दुर्योधन ने भीष्म, द्रोण और कृपाचार्य से कहा—अभी भी गुप्तवास की अवधि पूरी नहीं हुई है। अगर यह सचमुच अर्जुन ही हैं तो निश्चय ही पाण्डवों को अपनी कृतप्रतिज्ञा के अनुसार बारह वर्षों तक वनवासी बनना पड़ेगा। इसका उत्तर देते हुए पितामह भीष्म ने कहा पाण्डुपुत्रों ने अपनी की हुई प्रतिज्ञा का पूर्णतः निर्वाह किया है।

भीष्म ने युद्ध की अब इस भयंकर स्थिति से दुर्योधन को अवगत कराया तथा उन्हें इसके अनुरूप तैयारी करने की सलाह दी। चुराई गई गायें तथा एक टुकड़ी सेना के साथ उन्हें शीघ्र ही हस्तिनापुर लौट जाने को कहा। अब घनघोर युद्ध प्रारम्भ हुआ। युद्ध क्षेत्र में अर्जुन ने अपनी वीरता का परिचय देते हुए विराट का गोधन लौटा लिया। उसके भयंकर आक्रमण से आक्रांत

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कुरु सेना शीघ्र ही पीछे की ओर भाग खड़ी हुई। अर्जुन ने युद्ध विजय के बाद अपने सारे हथियार उसी शमी वृक्ष के कोटर में छुपा दिये और उत्तर को इस युद्ध का पूरा श्रेय दिया। यहाँ उन्होंने अपने आप को पूर्णतः गौण रखा। उत्तर को भी अपना रहस्य छिपाने के लिए अनुकूल बना लिया। विजय की खबर जब सम्राट् विराट को मिली तब उन्होंने कुमार उत्तर के स्वागत की भव्य तैयारी की। वे स्वयं कंक के साथ पासा खेलने बैठ गये। कंक ने इस युद्ध का श्रेय बृहन्नला को दिया। यह सुनते ही विराट भड़क उठे। आवेश में उन्होंने पासा फेंक कर कंक पर प्रहार किया। पासा की चोट से कंक के नाक से खून की धारा बहने लगी। बगल में खड़ी सैरन्ध्री ने जब यह दृश्य देखा तो झट से एक बरतन में उस खून को समेट लिया उसी समय बृहन्नला के साथ उत्तर दरबार में उपस्थित हुआ। लेकिन, युधिष्ठिर ने चुपचाप दरवान से कहा केवल उत्तर को ही दरबार में उपस्थित करो। क्योंकि, उन्हें भय था कि कहीं बृहन्नला के रूप में छिपा अर्जुन अगर उनके नाक से बहते खून को देख लिया तो अनर्थ हो जायेगा। कुमार उत्तर ने बृहन्नला को छोड़कर ही दरबार में प्रवेश किया। युद्ध की सारी घटनाओं का उसने सही-सही चित्रण उपस्थित किया। अर्जुन के परिचय को छिपाकर इनकी जगह किसी देवपुत्र की लक्ष्यता का उल्लेख किया।

इस युद्ध-विजय के बाद तीसरे दिन पाण्डवों ने अपनी राजसी पोशाक में विराट की सभा में प्रवेश किया। सभा में उन्होंने अपना-अपना स्थान उन गद्दियों पर ग्रहण किया जो मात्र राजाओं के लिए आरक्षित थे। विराट ने जब यह दृश्य देखा तो क्रोध से काँपने लगे। किन्तु उसी क्षण अर्जुन ने उठकर युधिष्ठिर एवं अपने अन्य भाईयों का परिचय विराट के सामने दिया। कुमार उत्तर ने इसका समर्थन किया तथा अर्जुन की शक्ति की उसने भूरि-भूरि प्रशंसा की। मत्स्य सम्राट विराट ने अपने को दोषी घोषित किया तथा इस अपराध के लिए अपनी सुपुत्री कुमारी उत्तरा को भेंट स्वरूप उनके सामने अर्पित किया। अर्जुन ने अपनी पुत्रवधू के रूप में कुमारी उत्तरा को ग्रहण किया। पुनः उसी नगर में पाण्डवों ने अपने आवास स्थान पर धूम-धाम के साथ उत्तरा का विवाह अभिमन्यु के साथ सम्पन्न किया।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पञ्चरात्र की कथावस्तु

प्रथम अङ्क

कुरु सम्राट् महाराज दुर्योधन ने एक विशाल यज्ञ प्रारम्भ किया। उस यज्ञ में कुछ लड़कों ने उपद्रव खड़ा किया। उन्होंने यज्ञ मण्डप में आग लगा दी। ऋत्विजों ने किसी तरह आग पर नियंत्रण प्राप्त किया। यज्ञ सम्पादन के बाद देश-देशान्तर के आये हुए ब्राह्मणों, सभासदों एवं सामन्तों ने दुर्योधन का साधुवाद किया। अन्त में दुर्योधन ने अपने आचार्य द्रोण से यज्ञान्त की दक्षिणा स्वीकार करने की प्रार्थना की। पहले तो द्रोण ने कहा—मेरी दक्षिणा सुरक्षित रखो, समय पर माँग लूँगा। किन्तु, प्रतिज्ञात दुर्योधन के अत्यधिक आग्रह पर उन्होंने कहा—पाण्डवों को उनका आधा राज्य दे दो, यही हमारी यज्ञ-दक्षिणा होगी। शकुनि ने इसे आचार्य की धर्म-वञ्चना कहा। उसके इस कथन से द्रोण क्रुद्ध हो गये। उन्होंने कहा—पाण्डवों का राज्यार्ध उन्हें लौटा दो, अन्यथा वे बल पूर्वक अपना हिस्सा तुमसे ले ही लेंगे। अब तुम्हीं सोच लो कि मेरी प्रार्थना अच्छी है अथवा उनका बल प्रयोग। क्रुद्ध आचार्य को पितामह भीष्म और कर्ण ने समझा बुझा कर शांत किया।

दुर्योधन ने इस संबंध में अपने मामा शकुनि से परामर्श लिया और अन्त में उसने घोषणा की—यदि पाँच रात के अन्दर पाण्डवों का पता लगा दिया जाय तो पाण्डवों को राज्य का आधा हिस्सा दिया जा सकता है। भीष्म के अनुरोध पर द्रोणाचार्य ने दुर्योधन की यह शर्त्त मान ली।

इसी बीच दुर्योधन के दरबार में यह खबर मिली कि विराट के साले सौ कीचकों का बध किसी ने बिना अस्त्र प्रयोग के ही कर दिया है। भीष्म ने निश्चय किया कि यह कर्म भीम के सिवा और कोई कर ही नहीं सकता है। अतः उन्होंने द्रोणाचार्य को बता दिया कि पाण्डव विराट के नगर में ही हैं। भीष्म ने दुर्योधन को बतलाया कि विराट के साथ हमारी पुरानी शत्रुता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इस यज्ञ में भी विराट नहीं आया। अतः उसके ऊपर आक्रमण करना चाहिए। उसका गोधन अपहृत कर लेना चाहिए। पितामह की यह चाल समयानुकूल थी। यह आक्रमण पाण्डवों का पता लगाने का एक साधन था। उनका यह विश्वास था कि विराट पर जब यह आक्रमण होगा तब पाण्डव चुपचाप नहीं बैठेंगे क्योंकि उनमें कृतज्ञता के भाव हैं। अतः ऐसी स्थिति में उनका पता आसानी से चल जायेगा।

द्वितीय अङ्क

उस दिन विराट का जन्मदिन था। इस जन्मदिन के उपलक्ष्य में राजधानी सजाई गई थी। कण-कण में उल्लास फैला था। गोधन भी सजाये गये थे। सभी गोपाल उत्सव मना रहे थे। इसी बीच दुर्योधन ने अपनी सेना के साथ उनपर आक्रमण किया। गायें हरी जाने लगी। गोपाल घबड़ाकर भाग खड़े हुए। इस अप्रत्याशित आक्रमण की खबर गोपालों ने राजा को दी। उन्होंने कहा—कौरवों ने गोधन पर आक्रमण किया है। उनकी सेना में पितामह भीष्म और आचार्य गुरु द्रोण भी हैं। उनका सामना करने के लिए कुमार उत्तर बृहन्नला को सारथी बनाकर जा चुके हैं। विराट सूचना पाते ही अपने पुत्र की मदद के लिए तत्पर हो उठे किन्तु इसी बीच उन्हें दूसरी सूचना मिलि—युद्ध क्षेत्र से भीष्म एवं दुर्योधनादि राजगण हार कर भाग चुके हैं। युद्ध में केवल अभिमन्यु लड़ रहा है। कुछ ही देर बाद दूत ने फिर खबर दी कि युद्ध समाप्त हो चुका है। कुमार विजयी रहा। राजा ने अपने पुत्र को देखने की उत्कट अभिलाषा प्रकट की। किन्तु, कुमार उत्तर युद्ध में बहादुरी दिखलाने वाले वीरों का नाम उस समय अङ्कित कर रहा था। विराट ने बृहन्नला को ही बुलाकर युद्ध का विवरण जानना चाहा। इसी बीच एक दूत ने आकर प्रसन्नता पूर्वक खबर दी कि युद्ध में अभिमन्यु पकड़ा गया। अभिमन्यु को पकड़ने वाला वही बीर है। जिसे पाकशाला में नियुक्त किया गया था राजा का दिल प्रसन्नता से नाँच उठा। उन्होंने ससम्मान अभिमन्यु को उपस्थित करने का आदेश दिया।

अभिमन्यु तथा भीम से भेंट होने पर बृहन्नला अभिमन्यु के माता पिता की कुशलता का समाचार पूछती है। भीम और बृहन्नला दोनों मिलकर उसे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चिढ़ाते और उत्तेजित कर देते हैं। इसके पश्चात् बृहन्नला अभिमन्यु को विराट् के पास ले जाती है। वहाँ भी वह किए गये प्रश्नों का उत्तर अत्यंत उत्तेजना के साथ देता हैं। इसी बीच कुमार उत्तर वहाँ आकर बृहन्नला की ओर संकेत करते हुए घोषणा करता है कि ये अर्जुन हैं। इन्होंने ही श्मशान स्थित शमी वृक्ष पर ढँगे अपने धनुष बाण को लाकर आज के युद्ध में कौरवों को पराजित किया अतः आज के युद्ध के विजयी वीर यही हैं। मैं नहीं हूँ। इतने ही में भगवान् युधिष्ठिर पाण्डवों के अज्ञात वास की अवधि समाप्त होने की घोषणा करते हैं। इन सारी घटनाओं को देख सुनकर अभिमन्यु पुलकित हो जाता है। वह अपने पितृजनों से मिलकर अत्यंत परितृप्ति का अनुभव करता है। राजा विराट् भी पाण्डवों का परिचय पाकर प्रसन्न हो जाते और अपने को गौरवान्वित समझने लगते हैं। वे इस विजय के उपलक्ष्य में अपनी पुत्री उत्तरा को अर्जुन के लिए समर्पण करने की घोषणा करते हैं। जिसे अर्जुन अपनी पुत्र-वधू के रूप में ग्रहण करने की स्वीकृति देते हैं।

तृतीय अङ्क

कौरव पक्ष में अभिमन्यु के अपहरण का समाचार फैलते ही सभी लोग चकित हो उठते हैं। एक पदाति ने अकेले ही शस्त्रों से सुसज्जित और सेना से रक्षित अभिमन्यु को कैसे अपहृत किया। भीष्म ने लोगों का समाधान करते हुए कहा कि अभिमन्यु का अपहर्त्ता भीम के अतिरिक्त और कोई नहीं हो सकता। शकुनि को यह कथन बहुत ही अप्रिय प्रतीत हुआ और उसने कहा कि तब तो आप हम लोगों को पराजित करने वाले कुमार उत्तर को भी अर्जुन ही समझ रहे होंगे।

द्रोणाचार्य और भीष्म दोनों ने शकुनि की कही हुई बात को सत्य प्रतिपादित करते हुए कहा कि युद्ध की बाणवृष्टि तो यही संकेत कर रही है कि वह अर्जुन की ही युद्धकला थी। बाण-वर्षण में इतनी त्वरा और लघुहस्तता है ही किसमें, जो क्षण भर में ही आकाश को बाणों से आच्छन्न करके सूर्यास्त का दृश्य उपस्थित कर दे। भीष्म के रथ की ध्वजा में लगा हुआ एक बाण लाया गया। शकुनि ने उसमें अंकित अर्जुन के नाम को पढ़कर लज्जित होकर उसे फेंक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दिया तथा झुँझलाते हुए द्रोणाचार्य से कहा कि आप के यह कहने में कोई भी तथ्य नहीं है कि हम लोगों को अर्जुन ने पराजित कर दिया है। आप लोग तो हर समय पांडवों का ही सपना देखते रहते हैं। क्या दूसरा कोई अर्जुन नाम का वीर नहीं हो सकता है ? क्या ये बाण उसके नहीं हो सकते हैं ? दुर्योधन ने भी शकुनि के इस तर्क का ही समर्थन किया।

इसी समय कुमार उत्तर दुर्योधन की सभा में उपस्थित होकर युधिष्ठिर की ओर से उत्तरा और अभिमन्यु के विवाह में भीष्म आदि गुरुजनों की अनुमति पाने के लिए प्रार्थना करते हैं। इससे यह बात स्पष्ट हो गई कि सम्प्रति पांडव विराट् के यहाँ वर्तमान हैं। इसके पश्चात् भीष्म के संकेत पर द्रोणाचार्यने कहा कि अभी पञ्चरात्र की अवधि शेष है। अतः यदि दुर्योधन अपनी प्रतिज्ञा पूरी करें तो बड़ी ही प्रसन्नता होगी। विवश होकर दुर्योधन को भी पाण्डवों को आधा राज्य देने की घोषणा करनी पड़ी। दुर्योधन की इस घोषणा से प्रसन्न होकर द्रोण ने कहा कि इन दोनों कुलों के इसप्रकार निर्विग्रह हो जाने से आज हम सभी लोग अत्यंत संतुष्टि का अनुभव कर रहे हैं। अब ये दोनों शान्ति के साथ पृथ्वी का पालन करें।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कथावस्तु पर एक दृष्टि

'पञ्चरात्र' लिखते समय महाभारत की स्पष्ट एवं प्रसिद्ध कथा में भास ने अपरिमित स्वतन्त्रता का उपयोग किया है। महाभारत में दुर्योधन कहता है—'सूच्यग्रं न दास्यामि विना युद्धेन केशव'। किन्तु, महाभारत के इस मूल आधार की पूर्णतः उपेक्षाकर भास ने इस रूपक में द्रोण के अनुरोध पर अपनी दानप्रतिज्ञा को पूरा करने के लिए दुर्योधन के द्वारा पाण्डवों को आधा राज्य स्वेच्छा से दिलवाया है। महाभारत में वर्णित युद्ध के सारे कारणों को भास ने छोड़ दिया है, जो महाभारत के मूल विन्दु हैं, और ऐसा करने में वे स्वयं महाभारत के कई प्रसिद्ध कथन के विरोध में चले गये हैं। इतना ही नहीं, कहीं-कहीं तो व्यास के सम्बन्ध की सामान्य परिकल्पना से भी ये दूर हट गये हैं। डॉ० विन्टरनिज की दृष्टि में राज्यार्ध का यह त्याग वैसा ही परिकल्पित है। जैसा अभिमन्यु का बन्दी बनाना। फिर भी यह ध्यान में रखना होगा कि घोष-यात्रा पूर्व में राजसूय यज्ञ से भी विशिष्ट वैष्णव यज्ञ का वर्णन है। कर्ण ने दुर्योधन के लिए जब सम्पूर्ण पृथ्वी पर विजय प्राप्त की थी तब इस प्रसन्नता के उपलक्ष्य में दुर्योधन ने वैष्णवयज्ञ किया था—'घोष यात्रा पर्व' खण्ड १३ अध्याय २५६, २५७।

कुमार अभिमन्यु का चित्रण भी इस नाटक में विचित्र ढंग से किया गया है। दुर्योधन के यज्ञ में भाग लेने के लिए-कृष्ण के प्रतिनिधि के रूप में उसे उपस्थित किया गया है। इतना ही नहीं, विराट के गोग्रहण में अपने पिता के विरूद्ध कौरवों की ओर से उसे युद्ध में सम्मिलित कराया गया है। त्रिगर्तों के आक्रमण को बिल्कुल हटा ही दिया गया है ताकि उत्तर की क्रिया के मूलकारण को हटाया जा सके। कुमार उत्तर अपने पिता के रथ से राजकीय सारथी के बदले बृहन्नला को सारथी बनाकर रणांगण में उपस्थित हुआ। भला इसे हास्यास्पद नहीं तो क्या कहा जायगा।—२।१७

विराट अपना जन्मदिन का महोत्सव मना रहा था। उसे अपने ही

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राजभवन में इस गोग्रहण का समाचार मिला। यह भी महाभारत-कथा के विपरीत चित्रण है। लगता है, मुख्य कथा के वर्वर भागों को चिकना बनाने के लिए ही भास ने ऐसा किया है। यथा—कीचक का द्रौपदी के प्रति पाशविक आसक्ति, भीम का भयानक बदला, कीचक के साथ उनके अन्य अनुयायियों की हत्या का बिल्कुल उल्लेख नहीं किया गया है। केवल हत्या के संबंध में संकेत भर है। ठीक इसी प्रकार युधिष्ठिर के नाक से रक्तस्राव की घटना को भी दबा दिया गया है। दुर्योधन के चरित्र को कुछ अधिक ही पक्षपात पूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया है। लेकिन, उसका उदार स्वरूप पाण्डवों के प्रति अपनी सारी शोभा तब खो देता है जब शकुनि से सुनने के बाद वह सोचता है कि उसने उतावली में काम किया है। और सिर्फ वाक्छल से अपने समझौता से छुटकारा पाकर प्रसन्न हो जाता है। महाभारत की मूलकथा के अनुसार यहाँ भी शकुनि दुर्योधन की दुष्ट प्रतिभा का प्रतीक है। जब कि कर्ण जो महाभारत में घमण्डी, धृष्ट और विपक्षी है, यहाँ वह मित्र और शान्ति के प्रति झुका हुआ चित्रित किया गया है।

महाभारत में युद्ध विजय के बाद पाण्डवों ने तीन-चार दिनों के बाद अपना छद्मवेश परित्याग किया है। जबकि यहाँ उसी दिन पाण्डव अपने रूप में आ जाते हैं! डॉ० विण्टरनिज् की दृष्टि में विराट् का पुत्र उत्तर एक योद्धा की अपेक्षा हँसोड़ अधिक है। जो युद्धभूमि से भागकर जब विराट को युद्धभूमि का सुना हुआ इतिवृत्त सुनाता है तो विराट समझता है कि उसका पुत्र किसी प्रशंसनीय कार्य में व्यस्त था। संभवतः इस हँसोड़ भाव का उपयोग इसलिए किया गया है कि उत्तर को इस मजमा से अलग रखा जा सके। अन्यथा, सारी सचाई को वह मजाक बना देता। उस समय भी उसे अलग रखा गया जब अभिमन्यु स्वयं अपने पिता को पहचानने में असमर्थ हो रहा था।

इस नाटक में विराट अपने रनिवास में पूरे एक साल तक बृहन्नला (छद्मवेशी अर्जुन) के रहने पर विशेष चिंतित प्रतीत होता है चिन्ता का कारण संभावित अफवाह है जो इसकी आसन्न यौवना पुत्री उत्तरा और अर्जुन के एकान्तवास का कारण बन सकती है। इसलिए विराट स्वेच्छा से उत्तरा को अर्जुन के

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हाथों में सौंप देता है। इस नाटक में अर्जुन स्वयं अपने चरित्र के प्रति सतर्क है और विराट से प्राप्त उपहार स्वरूप उत्तरा को प्राप्त कर उसे अपनी पुत्रवधू के रूप में स्वीकार कर अपने चरित्र की उज्ज्वलता को प्रमाणित कर देता है।

पशु आक्रमण की चर्चा महाभारत में भी है। किन्तु, भास ने इसे द्रोण को समय से पूर्व ही पाण्डवों का पता लग जाने के लिए प्रेरित किया है। भीष्म ने विराट के साथ अपने निजी बैर को स्वीकार किया है। और उन्होंने कौरवों को समझाया कि यज्ञ में विराट की अनुपस्थिति को गोग्रहण का वहाना वनाया जाय। महाभारत में ये त्रिगर्तों के राजा के एक विवाह संधि की सलाह पर चिंतित हैं जो कीचक की मृत्यु के वाद विराट के सेनापति द्वारा किये गये सारे अपमानों के वदले उसके दर्प को चूर कर डालना चाहता है।

इस प्रकार महाभारत की प्रसिद्ध एवं विस्तृत कथा को विशेष रूप से गोग्रहण एवं अभिमन्यु के पाणिग्रहण की पृष्ठभूमि में कवि ने काफी स्वेच्छाचारिता दिखायी है। इसका एक मात्र कारण है, इस नाटक को वीररस प्रधान सुखान्त नाटक बनाने की दिशा देना। इस नाटक में कोई स्त्री पात्र नहीं है। बृहन्नला के रूप में अर्जुन ही एक नारी पात्र है। द्वितीय अंक के मध्य में रङ्गमञ्च पर गाय के चरवाहों की भीड़ अनावश्यक लगती है।

म० म० गणपति शास्त्री और प्रो० कीथ इस नाटक को समवकार मानते हैं। किन्तु 'दशरूपक' में दी गई समवकार की परिभाष (iii, ६२–६७) के अनुसार यह ठीक ढंग से बैठ नहीं पाता है। क्योंकि, यह रूपक न तो ईश्वर से सम्वन्ध रखता है और न दानवों से ही सम्वन्धित है। शृंगार रस की तो इसमें लेशमात्र भी चर्चा नहीं है। ऐसा कहा गया है कि समवकार के नायक (वीर) संख्या में बारह होने चाहिए। उत्सुकतावश नाटक के मांगलिक श्लोक में कवि ने बारह चरित्रों की सूची अवश्य प्रस्तुत कर दी है। पर, कवि की मेधा युद्ध का परोक्ष चित्रण करने की बुद्धि में स्थिर है। यह नाटक व्यंग्यात्मक स्थिति में जो पाठकों या दर्शकों के आनन्द का मुख्य स्रोत है, छद्मवेश से देखा जा सकता है।

सम्पूर्ण नाटक में धर्म-परायणता एवं विनीत भाव का ही वातावरण है किन्तु, सारे चरित्र कठोर ब्राह्मण धर्म से जकड़े प्रतीत होते हैं। डॉ० विण्टर-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

निज् ने दुर्योधन के महान यज्ञ को स्पष्ट रूप से ब्राह्मणों के विशाल धार्मिक अनुष्ठानों का जुलूस माना है। इसके वर्णन में कवि की प्रतिभा को मनगढ़ंत और असत्य कहा है। कवि के वर्णन और उदाहरण भी कुछ ऐसे हैं जिससे अनुशासित एवं नियंत्रित ब्राह्मण धर्म की कठोरता अभिव्यक्त होती है—'होम की पवित्र आग अपने बगल में सामन्य आग को ठीक उसी प्रकार सहन नहीं कर पा रही है, जैसे कोई द्विज अपने बगल में शूद्र को।

एषा भो! दीप्तयूपा कनकमयभुजेवाभाति वसुधा
चैत्याग्निर्लौकिकाग्नि द्विज इव वृषलं पार्श्वे न सहते।
नात्यर्थं प्लुष्टपृष्ठा हरितकुशतया वेदी परिवृता
प्राग्वंशं चैष धूमो गज इव नलिनीं फुल्लां प्रविशति ॥

पञ्च० ॥ १–६ ॥

इसी तरह एक अन्य श्लोक में लगता है जैसे ब्राह्मणधर्म का पूर्ण प्रचार किया जा रहा है—'क्षत्रियों की सम्पत्ति उनके बाणों पर निर्भर है जो क्षत्रीय अपने पुत्र के लिए धन जोड़ता है वह ठगा जाता है, राजा को तो सारा धन ब्राह्मणों को देकर पुत्रों के लिए चापमात्र रख छोड़ना चाहिए।

बाणाधीना क्षत्रियाणां समृद्धिः पुत्रपेक्षी बध्यते सन्निधाता।
विप्रोत्सङ्गे वित्तमावज्यं सर्वं राज्ञा देयं चापमात्रं सुतेभ्यः ॥

पञ्च० ॥ १–२४ ॥

कुछ आलोचकों का कहना है कि इस नाटक में केवल तीन ही पाण्डवों का वर्णन है आलोचकों का यह कथन युक्तिसंगत नहीं है। क्योंकि द्वितीय अंक के श्लोक संख्या—७० में हमें पाँचो भाई पाण्डव का संकेत मिलता है—

योधिष्ठिरं धैर्यमवाप्नुहि त्वं भैमं बलं नैपुणमर्जुनस्य।
माद्रीजयोः कान्तिमथाभिरूप्यं कीर्त्तिं च कृष्णस्य जगत्प्रियस्य ॥ ७० ॥

इसी तरह २–५४ से भी इस बात की पुष्टि होती है–'शेषाणां यदपि च रोचते चतुर्णाम् ॥ २–५४ ॥'

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

डॉ० पुशलकर का कहना है कि यह नाटक संभवतः किसी यज्ञ के अवसर पर खेलने के लिए लिखा गया था। इसलिए यह यज्ञ संस्था को चमकाता है। जब कि प्रो० बुलनर का मत है कि नाटक किसी राजकीय बैर की समाप्ति के विशेष अवसर पर लिखा गया होगा। किन्तु, ये सारी बातें अनुमान पर ही आधारित हैं। अतः इस संबंध में निश्चयपूर्वक कुछ कहना संभव नहीं है। नाटकीय विधान की दृष्टि से इसका महत्त्व अक्षुण्ण है। भास रूपककारों के बीच अद्वितीय हैं। उनके संबंध में यह कथन अक्षरशः सत्य है।

"सुविभक्तमुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः ।
परतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकैः ॥"

विदुषामनुचरः
डॉ० जगदीशचन्द्र मिश्रः

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पात्र-परिचय

१. दुर्योधन	...	कुरुदेश का राजा
२. भीष्म	...	कौरवों तथा पाण्डवों के पितामह
३. द्रोण	...	अस्त्रविद्याचार्य
४. कर्ण	...	अङ्गदेशाधीश तथा दुर्योधन के मित्र
५. शकुनि	...	दुर्योधन के मामा तथा गान्धारराज
६. वृद्धगोपालक	...	विराट के घोषपाल
७. गोमित्रक	...	चरवाहा
८. भगवान्	...	अज्ञातवासी युधिष्ठिर
९. भीमसेन	...	विराट के पाकाध्यक्ष
१०. बृहन्नला	...	नपुंसकरूप में अर्जुन
११. राजा	...	विराट, मत्स्यदेशाधीश
१२. उत्तर	...	विराट के पुत्र
१३. अभिमन्यु	...	अर्जुन के पुत्र
१४. सूत	...	सारथि
१५. काञ्चुकीय	...	विराट के कञ्चुकी
१६. भट	...	राजभृत्य

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

॥ श्रीः ॥

पञ्चरात्रम्

'विमला' संस्कृत-हिन्दी-व्याख्योपेतम्

प्रथमोऽङ्कः

(नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः)

सूत्रधारः—

द्रोणः पृथिव्यर्जुनभीमदूतो यः कर्णधारः शकुनीश्वरस्य ।

कर्णतालपवनैरलीन् यथा वारयन्निखिलविघ्नडम्बरम् ।
तन्निराकृतिगजास्यविग्रहं चिन्तये किमपि मञ्जुलमहः ॥
यत्कृपातरणिमात्रसंश्रयात् गोष्पदी भवति वाङ्मयाम्बुधिः ।
सा समस्तसुरवृन्दवन्दिता भारती भवतु भूरिभूतये ॥
पञ्चरात्ररचना समुज्ज्वला भासवर्णितगुणा यथामति ।
व्याख्यया विमलया मयाञ्चिता मोददास्तु भ्सततं शुभात्मनाम् ॥

अथ सुप्रथितयशास्तत्रभवान् कविताकामिनीहासो महाकविर्भासः पञ्चरात्राभिधानं समवकारसंज्ञया रूपकविशेषं चिकीर्षुः तदारम्भे प्रयोगसम्यङ्निष्पत्तिपरिपन्थिदुरितप्रशमीपायिकं पूर्वरङ्गप्रधानाङ्गमङ्गलश्लोकपाठम् उपक्रम्यमाणप्रयोगस्य कथावस्त्वंशस्य निवेदनं च प्रयोगनिर्वाहपूर्वहेण सूत्रधारेण रङ्गे

(नान्दी के बाद सूत्रधार का प्रवेश)

सूत्रधार—जो सघन सतेज भीषण गर्जनयुत श्यामवर्ण मेघ के सदृश हैं, जिन्होंने राज्य प्राप्त कराने के निमित्त भीम तथा अर्जुन का दूतत्व स्वीकार किया

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दुर्योधनो भीष्मयुधिष्ठिरः स पायाद विराडुत्तरगोऽभिमन्युः ॥१॥

(परिक्रम्य) एवमार्यमिश्रान् विज्ञापयामि । अये ! किन्नु खलु मयि

प्रथमसमाचरणीयम् । पश्यंस्तस्य प्रवेशं तावदाह—नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः' इति । नान्दी आनकः । सा च उपलक्षणं वाद्यान्तराणामपि तस्याऽन्ते प्रयोगपूर्वाङ्गभूते आनकादि वाद्यवादनेऽवसित इत्यर्थः । अथवा—नन्दिरानन्दः, इयं नान्दी गीतवाद्यवादनक्रिया तस्या अन्ते सा हि प्रयोगारम्भे देवतापरिषदानन्दार्थानुष्ठानुष्ठीयते । ततः तदनन्तरं नान्दीपरिसमाप्तिः अव्यवहितोत्तरकाल-इत्यर्थः । 'नान्द्यन्ते प्रविशति सूत्रधारः' इत्युक्तौ नान्द्यवसानसूत्रधारप्रवेश-क्रिययोः पौर्वापर्यमात्रं प्रतीयते, न तु क्रियान्तराव्यवधानमपि, तयोः क्रियान्तर-व्यवधानेऽपि पौर्वापर्यव्यवहारा हानात् । तेन नान्द्यवसानक्रियानन्तरमेव प्रविष्टः सूत्रधारो मङ्गलमाचरति—**द्रोण** इति ।

द्रोणः मेघस्तत्सदृशकृष्णवर्णः, पृथिव्यर्जुनभीमदूतः पृथिव्यै स्वांशभूतायै भुवे अर्जुनभीमयोः पाण्डुनन्दनदूतः प्रेष्यभावं गतः शकुनीश्वरस्य विहगराजस्य विनतासुतस्य यः कर्णधारः नियन्त्रकः, दुर्योधनः दुःखेन योध्यत इति दुःखं दुःख-करं येन तादृशो वाऽतिबलतया पराजेतुमशक्य इत्यर्थः । भीष्मयुधिष्ठिरः भीष्मो अरिभयानकः युद्धे रणे स्थिरश्च उत्तरगः प्रशस्तपथगामी अनिन्द्याचारः अभिमन्युः मन्युम् यज्ञम् अभिगतः आराधनीय इति यावत् एतादृशः विराट् आदिपुरुषो भगवान् श्रीकृष्णः पायात् प्रेक्षकान् प्रयोक्तॄंश्च मङ्गलेन योज-त्वित्यर्थः । अथ चात्र द्रोण-अर्जुन-भीम-कर्ण-शकुनी-दुर्योधन-भीष्म-युधिष्ठिर-विराट्-उत्तराः-अभिमन्वाख्यातानि नाटकीयानि पात्राणि मुद्रालङ्कारभङ्ग्या सूचितानि । नान्दी मङ्गलसाधारणं द्वादशपदत्वमप्यत्र बोधव्यम् ॥ १ ॥

(परिक्रम्य भ्रमणं कृत्वा) एवम् वक्ष्यमाणप्रकारेण, आर्यमिश्रान् समा-दरणीयान् विज्ञापयामि निवेदयामि, अये, इति अव्ययम्, खलु निश्चयेन मयि

जिनका पक्षिराज गरुड़ पर नियन्त्र है तथा जो युद्धभूमि में कठोर योद्धा है, जो निश्चय के धनी और भयङ्कर हैं, हमेशा जिनका कृत्य उत्कृष्ट है तथा त्याग के लिए जो सदैव प्रस्तुत हैं, ऐसे आदि पुरुष श्रीकृष्ण हम सबों की रक्षा करें॥१॥

(घूमकर) इस तरह मान्य आर्यों से निवेदन करता हूँ । अरे निवेदित

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते । अङ्ग ! पश्यामि ।

(नेपथ्ये)

अहो कुरुराजस्य यज्ञसमृद्धिः !

सूत्रधारः—भवतु, विज्ञातम् ।

सर्वैरन्तःपुरैः सार्धं प्रीत्या प्राप्तेषु राजसु ।
यज्ञो दुर्योधनस्यैव कुरुराजस्य वर्तते ॥ २ ॥

सूत्रधारे, विज्ञापनव्यग्रे = स्वाभिमतबोधनाय प्रयुञ्जाने शब्दः ध्वनिः, इव यथा श्रूयते कर्णगोचरीभवति । अङ्ग = इति सम्बोधकमव्ययम्, पश्यामि अवलोकयामि ।

(नेपथ्ये रङ्गस्य पृष्ठ देशे)

अहो आश्चर्यम्, कुरुराजस्य धृतराष्ट्रसुतस्य, यज्ञसमृद्धिः यागसम्पन्नता,

सूत्रधारः—भवतु = यातु, विज्ञातम् = अवधारितम् ।

सर्वैरिति—एषः दृश्यमानविभवः, कुरुराजस्य दुर्योधनस्य धृतराष्ट्रसुतस्य यज्ञः मखः वर्त्तते जायते, यत्र यज्ञप्रेम्णा दुर्योधनप्रेम्णा वा, सर्वैः सकलैः अन्तःपुरैः नृपवधूजनैः, सार्धम् सह राजसु सकलेषु भूपतिषु, प्रीत्या आनन्देन, प्राप्तेषु आगतेषु सत्सु । अयं हि कुरुराजस्य दुर्योधनस्य यज्ञो वर्तते इति मया शब्द कारणं ज्ञातमिति भावः । अस्मिन् श्लोके अनुष्टुप् छन्दः ॥ २ ॥

करने के लिए मेरे प्रस्तुत होते ही, यह शब्द कैसे सुनाई पड़ रहे हैं ? अच्छा, देखता हूँ ।

(नेपथ्य में)

आश्चर्य, महाराज दुर्योधन का यज्ञ वैभव भी विलक्षण है ।

सूत्रधार—अच्छा, मैं समझ गया ।

यह महाराज दुर्योधन का यज्ञ जो हो रहा है, इसमें स्नेहवश अनेक राजन्य महाराज के प्रति अपना सम्मान प्रकट करने हेतु अपने रनिवास के साथ एकत्र हुए हैं ॥ २ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(निष्क्रान्तः)

स्थापना ।

(ततः प्रविशन्ति ब्राह्मणास्त्रयः)

सर्वे—अहो कुरुराजस्य यज्ञसमृद्धिः !

(निष्क्रान्तः = बहिर्गतः)

व्याख्या—उत्तरेण विराटपुत्रेण, अपि, रणे समरे, निसृष्टशुष्काशनिगर्जितम् कृतशुष्कवज्रध्वनिः, धनुः चापम्, विकृष्यते आकृष्यते किमिति प्रश्ने ? उत्तरस्यापि विराटपुत्रस्यापि, शरैः बाणैः, हृतातपः वारितातपः, मुहूर्तास्तमितः क्षणं कालपर्यन्तमस्तंगत इव यथा, दिवाकरः रविः कृतः इति विश्वास्यः किमु ॥१६॥

किन्तु संसार में बलराम और भीम दो ही ऐसे व्यक्ति हैं जो केवल बाहुबल के सहारे रणाङ्गण में उतरते हैं ॥ ॥ १४ ॥

शकुनि—हम लोगों जैसे दुर्धर्ष साहसी वीरों को हठात् अकेले ही जिस उत्तर कुमार ने युद्ध में पराजित कर दिया, उसे भी कुछ लोग अर्जुन ही तो कहेंगे ॥ १५ ॥

द्रोण—बेशक, इसमें भी आपको संदेह है क्या ?

क्या कुमार उत्तर भी सूखे वज्र की तरह गरजने वाला धनुष खींचना जानता है ? क्या उत्तर के भी बाणों से भी सूरज ढँक जाता है या दिन में ही अस्तंगत सूर्य दीखने लगता है हैं ॥ १६ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भीष्मः—गान्धारीमातः ! विस्पष्टं खलु कथ्यते। ननु जानीते भवान्।

बाणपुङ्खाक्षरैर्वाक्यैर्ज्याजिह्वापरिवर्तिभिः।
विकृष्टं खलु पार्थेन न च श्रोत्रं प्रयच्छति ॥ १७ ॥

(प्रविश्य)

सूतः—जयत्वायुष्मान्। शान्तिकर्मानुष्ठीयताम्।

भीष्मः—किमर्थम् ?

सूतः—

उंचितं ते पुरा कर्तुं ध्वजे बाणप्रधर्षिते।

भीष्मः—गान्धारीमातः हे दुर्योधन, विस्पष्टम् सुस्पष्टम्, खलु निश्चयेन, कथ्यते। नन्विति वितर्के, जानीते भवान् त्वमिति—

व्याख्या—बाणपुङ्खाक्षरैः शरमूलेऽङ्कितनामाक्षरैः, ज्या मौर्वी, जिह्वा परिवर्तिभिः रसनापरिवर्तिभिः, वाक्यैः धनुर्ध्वनिभिः, खलु निश्चयेन, विकृष्टम्, आकृष्टम्, पार्थेन अर्जुनेन, न च श्रोत्रं प्रयच्छति किं तत्र भवान् कर्णं न दत्तवान्, अर्जुनेनैवेदम् धनुराकृष्यत इति स्पष्टमाख्यातम् ॥ १७ ॥

(प्रविश्य प्रवेशं कृत्वा)

सूतः—जयतु सर्वोत्कर्षेण विजयं लभस्व आयुष्मन् चिरञ्जीवित्, शान्तिकर्म शमनकार्यम्, अनुष्ठीयताम् क्रियताम्।

भीष्मः—किमर्थम् कस्मै निमित्ताय ?

व्याख्या—ध्वजे स्यन्दनकेतौ, बाणप्रधर्षिते अन्यबाणप्रविद्धे सति, पुरा-

---

भीष्म—हे दुर्योधन, मैं स्पष्ट कहूँगा, आप जानते हैं,

बाणपुंख पर लिखे शब्द को ज्यारूपरसना से दुहराने वाले धनुष के शब्द ने स्पष्ट कह दिया कि पार्थ ही धनुष खींचते हैं। क्या आपने उधर कान नहीं दिया ?

(प्रवेश करके)

सूत—जय हो महाराज की, शान्ति कर्म कीजिए।

भीष्म—क्यों ?

सूत—आपकी ध्वजा दूसरे के बाण से जिस समय विद्ध हुई, उसके लिए

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अयं हि बाणः कस्यापि पुङ्खे नामाभिधीयते ॥ १८ ॥

भीष्मः—आनय ।

(सूत उपनयति)

भीष्मः—(गृहीत्वा निरीक्ष्य) वत्स ! गान्धारराज ! ! जराशिथिलं मे चक्षुः । वाच्यतामयं शरः ।

शकुनिः—(गृहीत्वानुवाच्य च) अर्जुनस्य । (इति क्षिपति । द्रोणस्य पादयोः पतति ।)

द्रोणः—(शरं गृहीत्वा) एह्येहि वत्स !

पूर्वमेव ते तव भीष्मस्य, कर्तुमुचितम् शान्तिकर्म विधातुमुचितम्, अयं हि असौ बाणः शरः, येन बाणेन ध्वजः केतुः, प्रधर्षितः विद्धः, अस्य शरस्य पुङ्खे मूले, कस्यापि पुरुषविशेषस्य नाम संज्ञा, अभिधीयते उच्यते ॥ १८ ॥

भीष्मः—आनय समानीयताम् ।

(सूतः सारथिः उपनयति आनयति)

भीष्मः—(गृहीत्वा नीत्वा, निरीक्ष्य दृष्ट्वा) वत्स हे पुत्र, गान्धारराज, जराशिथिलम् वृद्धत्वेन शिथिलम् मे मम, चक्षुः नेत्रम्, वाच्यताम् पश्यताम् अयम् एषः, शरः बाणः ।

शकुनिः—(गृहीत्वा नीत्वा अनुवाच्य पठित्वा च) अर्जुनस्य धनञ्जयस्य (इति क्षिपति प्रक्षिप्तबाणः द्रोणस्याचार्यस्य पदयोः चरणयोः पतति)

द्रोण—(शरम् बाणम्, गृहीत्वा नीत्वा) एह्येहि समागम्यताम् वत्स हे सुत ।

शान्ति कर्म और भी पहले करना चाहिए था । जिस बाण ने आपकी ध्वजा को वेधा है उस बाण पर नाम किसका लिखा है ? ॥ १८ ॥

भीष्म—लाओ बाण । (सारथी लाता है ।)

भीष्म—लेकर और देखकर) बेटा गान्धारराज, वृद्धावस्था के कारण मेरी आँख काम नहीं कर रही है । जरा पढ़ो तो इस पर किसका नाम लिखा है ?

शकुनि—(लेकर और पढ़कर) अर्जुन का यह बाण है । (फेंकता है, बाण द्रोण के पैरों पर गिरता है) ।

द्रोण (बाण लेकर) बेटा, अर्जुन ने इस बाण को भीष्म को प्रणाम

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

एष शिष्येण मे क्षिप्तो गाङ्गेयं वन्दितुं शरः ।
पादयोः पतितो भूमौ मां क्रमेणाभिवन्दितुम् ॥ १९ ॥

शकुनिः—मा तावद् भोः ! शरप्रत्यय इदानीं श्रद्धातव्यम् ।
यौधः स्यादर्जुनो नाम तेनायं चोज्झितः शरः ।
लिखितं चोत्तरेणापि प्रकाशमुपनीयताम् ॥ २० ॥

दुर्योधनः—
तेषां राज्यप्रदानार्थमनृतं कथ्यते यदि ।
राज्यस्यार्धं प्रदास्यामि यावद् दृष्टे युधिष्ठिरे ॥ २१ ॥

व्याख्या—एषः असौ, मे मम, शिष्येण पार्थेन, गाङ्गेयम् भीष्मम् वन्दितुम् प्रणमितुम्, क्षिप्तः प्रेषितः, शरः बाणः, क्रमेण क्रमशः, माम् गुरुद्रोणम्, अभिवन्दितुम् प्रणामम् कर्त्तुम् पादयोः चरणयोः पतितः भूमौ पृथिव्यामिति भावः ॥

शकुनिः—मा तावद् भो एवम् मा वद, शरप्रत्यये बाणानुमानविश्वासे, इदानीम् अधुना, श्रद्धातव्यम् विश्वासः कार्यः ।

व्याख्या—यौधः कश्चिदन्यः पुरुषविशेषवीरः अर्जुनः धनञ्जयः स्यात् भवेत् तेन कारणेन अयम् पुरो दृश्यमानः शरः बाणः उज्झितः विसृष्टः स्यात् भवेत् उत्तरेण विराटपुत्रेण, लिखितम् अङ्कितम्, प्रकाशमुपनीयताम् स्पष्टतः प्रकाश्यताम् ॥ २० ॥

व्याख्या—तेषाम् पाण्डवानाम्, राज्यप्रदानार्थं राज्यं प्रदापयितुम् यदि चेत्, अनृतम् मिथ्या, कथ्यते रुच्यते तदा, राज्यस्यार्धम् साम्राजस्यार्द्धभागम्

करने के लिए ही भेजा था। और, अब यह बाण क्रमशः मुझे प्रणाम करने के लिए मेरे पैरों पर गिरा है ॥ १९ ॥

शकुनि—नहीं जी नहीं। बाणों पर लिखे नाम पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

अर्जुन नाम का कोई दूसरा योद्धा भी तो हो सकता है। वह भी तो बाण चला सकता है। यह अर्जुन पाण्डव है, इसके लिए कुमार उत्तर द्वारा लिखित प्रमाण प्रस्तुत करना होगा ॥ २० ॥

दुर्योधन—और यदि उत्तर ने भी पाण्डवों को आधा राज्य दिलाने के लिए झूठ का सहारा लिया तो अपनी आँख से युधिष्ठिर को देखकर ही आधा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(प्रविश्य)

भटः—जयतु महाराजः । विराटनगराद् दूतः प्राप्तः ।

दुर्योधनः—प्रवेश्यताम् ।

भटः—यदाज्ञापयति महाराजः । (निष्क्रान्तः)

(ततः प्रविशत्युत्तरः)

उत्तरः—

अध्वानमल्पमतिमुक्तजवैस्तुरङ्गै-
रागच्छता पथि रथेन विलम्बितं मे ।
कौन्तेयबाणनिहतैर्द्विरदैः समन्ताद्
दुःखेन यान्ति तुरगा विषमा हि भूमिः ॥ २२ ॥

युधिष्ठिरे धर्मराजस्य साक्षात् दृष्टे दर्शने सति प्रदास्यामि ॥ २१ ॥

(प्रविश्य प्रवेशङ्कृत्वा)

भटः—जयतु सर्वोत्कर्षेण विजयताम्, महाराजः नृपतिः विराटनगरात् विराटेश्वरस्य पार्श्वात्, दूतः सम्वादवाह्यः प्राप्तः समागतः ।

दुर्योधनः—प्रवेश्यताम् मत्समीपसमानीयताम् ।

(ततः तत्पश्चात् प्रविशति उत्तरः विराटनृपतेः पुत्रः)

व्याख्या—अतिमुक्तजवैः अतितीव्रवेगैः, अश्वैः, तुरङ्गैः घोटकैः, अल्पम् अध्वानम् पन्थानं आगच्छतः समायातस्य, मे मम उत्तरस्य, रथेन स्यन्दनेन, पथि मार्गे, विलम्बितम् अवरोधितम् तत्कारणमाह, समन्तात् सर्वतः कौन्तेय-

---

राज्य दूँगा ॥ २१ ॥

(प्रवेश करके)

भट—महाराज की जय हो । विराट नगर से दूत आया है ।

दुर्योधन—भीतर बुला लाओ ।

भट—जैसी महाराज की आज्ञा । (निकल जाता है) ।

(इसके बाद उत्तर का प्रवेश)

उत्तर—राह लम्बी नहीं थी, घोड़ों को भी तेज हाँका गया । फिर भी, आने में देर हो ही गई । क्या करता अर्जुन के द्वारा युद्ध में मारे गये हाथियों

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(प्रविश्य कृताञ्जलिः) भो भोः ! आचार्यपितामहपुरोगं सर्वराजमभिवादये ।

सर्वे—आयुष्मान् भव ।

द्रोणः—किमाह तत्रभवान् विराटेश्वरः ?

उत्तरः—नाहं तत्रभवता प्रेषितः ।

द्रोणः—अथ केन त्वं प्रेषितः ?

उत्तरः—तत्रभवता युधिष्ठिरेण ।

बाणनिहितैः अर्जुनशरहतैः, द्विरदैः गजैः भूमिः धरित्री विषमा पदघातिनी जाता तेन तुरगाः अश्वाः दुःखेन कष्टेन यान्ति अग्रेसरन्ति ॥ २२ ॥

(प्रविश्य प्रवेशं कृत्वा, कृताञ्जलिः) भोः भोः आचार्यपितामहपुरोगमद्रोण-भीष्मप्रधानम्, सर्वराजम् सकलराजन्यवर्गम्, अभिवादये प्रणमामि ।

सर्वे—आयुष्मान् भव चिरञ्जीव ।

द्रोणः—किमाहं किं कथितः, तत्रभवान् मान्यः, विराटेश्वरः विराटनृपतिः?

उत्तरः—नाहम् तत्रभवता पूज्यविराटेन, प्रेषितः प्रहितः ।

द्रोणः—अथ इति प्रश्ने, केन पुरुषेण, त्वम् भवान्, प्रेषितोऽसि ?

उत्तरः—तत्रभवता श्रीमता, युधिष्ठिरेण धर्मराजेन ।

के शवों से रास्ते की भूमि विषम हो गई, जिससे रथ को आगे बढ़ने में कठिनाई होती रही ॥ २२ ॥

(प्रवेशकर बद्धाञ्जलि होकर) हे आचार्यप्रभृतिराजन्य मैं उत्तर आप सबों को प्रणाम करता हूँ ।

सभी—आयुष्मान् होओ ।

द्रोण—विराटेश्वर ने क्या कहा है ?

उत्तर—उन्होंने मुझे नहीं भेजा है ।

द्रोण—तब किसने तुम्हें यहाँ भेजा है ?

उत्तर—मान्य युधिष्ठिर ने ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

द्रोणः—किमाह धर्मराजः ?

उत्तरः—श्रूयताम्,

उत्तरा मे स्नुषा लब्धा प्रतीक्षे राजमण्डलम्।
तत्रैव किमिहैवास्तु विवाहः क्व प्रवर्तताम्॥ २३॥

शकुनिः—तत्रैव तत्रैव।

द्रोणः—

इत्यर्थं वयमानीताः पञ्चरात्रोऽपि वर्तते।

द्रोणः—किमाह किं कथितः, धर्मराजः युधिष्ठिरः ?

उत्तरः—श्रूयताम् अवधार्यताम्।

व्याख्या—मे मम युधिष्ठिरस्य, स्नुषा पुत्रवधूः, उत्तरा एतन्नामिका विराट सुता लब्धा प्राप्ता, राजमण्डलम् राजन्यवर्गम्, प्रतीक्षे तद्विवाहोत्सवार्थम् प्रतीक्षां करोमि, तत्रैव हस्तिनापुरे एव अथवा इहैव विरटनगरे एव, विवाहः पाणिग्रहणोत्सवः क्व कुत्र, प्रवर्तताम् जायताम् इति निश्चीयताम्।

शकुनिः—तत्रैव तत्रैव विराटनगरे एव भवतु।

व्याख्या—इति इत्थम्, वयम् भीष्मद्रोणादयः, सर्वेऽपि, अर्थम् पाण्डवोपलब्धिरूपम्, आनीता सम्यक् प्रकारेण समानीता, पञ्चरात्रोऽपि पञ्चरात्र्यात्मकः

द्रोण—क्या कहा है धर्मराज ने ?

उत्तर—सुनिये—

विराट पुत्री कुमारी उत्तरा मुझे पुत्रवधू के रूप में मिली है। मैं आप सबों के आदेश की प्रतीक्षा कर रहा हूँ। विवाहोत्सव हस्तिनापुर में हो या विराट नगर में, इसका निर्णय आपलोग करें॥ २३॥

शकुनि—वहाँ ही हो, वहीं।

द्रोण—हमने पाँच दिनों के भीतर पाण्डवों का पता कर लिया है। अभी पाँच रात नहीं बीती है। इसलिए धर्मपूर्वक आधा राज्य देने को स्वीकार की

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

धर्मेणार्जिता भिक्षा धर्मेणैव प्रदीयताम् ॥ २४ ॥

दुर्योधनः—

बाढं दत्तं मया राज्यं पाण्डवेभ्यो यथापुरम् ।
मृतेऽपि हि नराः सर्वे सत्ये तिष्ठन्ति तिष्ठति ॥ २५ ॥

द्रोणः—

हन्त सर्वे प्रसन्नाः स्मः प्रवृद्धकुलसंग्रहाः ।

अवधित्वेन नियतः कालोऽपि वर्त्तते, धर्मेण स्वकृतप्रतिज्ञा पालनपूर्वकेण, आर्जिता स्वीकृता, भिक्षा मया याचिता गुरुदक्षिणा, धर्मेणैव प्रतिज्ञापूर्वकेनैव, प्रदीयताम् ॥ २४ ॥

व्याख्या—बाढम् स्वीकृतम्, मया दुर्योधनेन, यथापुरम् पूर्वमिव, राज्यम्, पाण्डवेभ्यः युधिष्ठिरादिभ्यः, दत्तम् प्रदत्तम्, नराः जनाः, मृतेऽपि मरणान्तरेऽपि, सत्ये ऋते, तिष्ठन्ति, असते सति तिष्ठन्ति यशःकायेन तिष्ठन्तीति भावः ॥ २५ ॥

द्रोणः—हन्त इति हर्षे, प्रवृद्धकुलसंग्रहाः विशालवंशद्वयस्य संगमाः अर्थात् पारस्परिकविरोधप्रशमनेन राज्यार्द्धविभागेन च कौरव-पाण्डवयोः कुलयोः

गई गुरुदक्षिणा धर्मपूर्वक ही मिल जानी चाहिए ॥ २४ ॥

दुर्योधन—मुझे स्वीकार है। मैंने पाण्डवों को अपना आधा राज्य पहले की ही तरह दिया। यदि सत्य निर्पाय रहता है तो लोग मरने के बाद भी यश रूपी शरीर से जिन्दा रहते हैं ॥ २५ ॥

द्रोण—आज ये दोनों ही विशाल वंश पारस्परिक द्वेष के प्रशमन हो जाने से उन्नत हो रहे हैं, इससे हम सभी प्रसन्न हैं, सम्पूर्ण धरती का प्रशासन सूत्र

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इमामपि महीं कृत्स्नां राजसिंहः प्रशास्तु नः ॥ २६ ॥

(निष्क्रान्ताः सर्वे)

इति तृतीयोऽङ्कः

सङ्गमे सति, वयम् सर्वे जनाः प्रसन्नाःस्म मोदामहे, इमाम् पुरोवर्त्तिनीम्, कृत्स्नाम् अखण्डाम्, महीम् पृथिवीम् च नः अस्माकम् राजसिंहो नामा नृपतिः प्रशास्तु प्रशासनम् करोतु ॥ २६ ॥

(सर्वे सकलजनाः, निष्क्रान्ताः रङ्गभूमितः प्रस्थिताः)

इति 'विमला' संस्कृतव्याख्यायां तृतीयोऽङ्कः ।

हमारे राजसिंह संभालें ॥ २६ ॥

(सबों का प्रस्थान)

ततीय अङ्क समाप्त

इति 'वेगूसराय' मण्डलान्तर्गतगङ्गादक्षिणतटोपवर्त्ति 'अकबरपुर' ग्रामाभिजनेन यशोवशेषश्रीमद्दैवज्ञरत्न 'कीर्तिनाथशर्म्म' तनुजुषा 'डाक्टरेट' उपाधिधारिणा एम. एम. द्वय. व्याकरणशास्त्रि-साहित्याचार्येण श्रीजगदीशचन्द्रमिश्रेण विरचित-विमलाख्य संस्कृत-हिन्दीव्याख्याद्वययुतं पञ्चरात्रं समाप्तम् ।

सम्पूर्ण पञ्चरात्रम्

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

परिशिष्ट

नोट्स (टिप्पणी)

प्रथम अङ्क

नाटक के नाम की अन्वर्थकता—दार्शनिक दृष्टि से किसी नाम की अन्वर्थकता का अभाव चाहे जो कुछ हो साहित्यिक दृष्टि नाम की सार्थकता तो मानती ही है। नामकरण के औचित्य के संबंध में क्षेमेन्द्र का दृष्टिकोण स्पष्ट है—**नाम्ना कर्मानुरूपेण जायते गुणदोषयोः'**।

ऐसी दशा में किसी भी नाटक के प्रकृत अर्थ के अनुकूल नाम चुनने में कवि की कला परिलक्षित होती है। इसी अन्वर्थकता एवं सूपयुक्तता के कारण भास ने 'पञ्चरात्र' शब्द को अर्थगौरव की दृष्टि से शीर्षक के रूप में ग्रहण किया है। इस नाटक की सारी घटनायें पाँच रात के भीतर ही घटित हुई हैं। 'पञ्चरात्र' पद यहाँ रूपक परक है।

'पञ्चरात्रमस्ति विषयत्वेन अस्येति पञ्चरात्रम्, अर्श आदित्वादच्।'

सामासिक व्युत्पत्ति की दृष्टि से इसका एक दूसरा भी विग्रह है—

'पञ्चानां रात्रीणां समाहारः पञ्चरात्रम्।' यहाँ संख्यावाचक शब्द पूर्ण में रहने के कारण द्विगु समास हुआ है।

श्लो० १—द्रोणः—इस नाटक के मङ्गलश्लोक में द्रोण आदि नाटक के प्रमुख पात्रों का नामोल्लेख एक साथ मुद्रालंकार के रूप में किया गया है। नामोल्लेख की यह विधि भास के 'स्वप्नवासवदत्तम्' 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' एवं 'प्रतिमानाटक' में भी देखी जा सकती है। पात्रों के नामों का उल्लेख श्लिष्ट रूप में है। 'द्रोण' काले काक और मेघ को भी कहते हैं। द्रोण द्रोणाचार्य का भी नाम था। यहाँ कुछ टीकाकारों ने द्रोण का अर्थ विशेषण के रूप में कृष्ण के लिए काला कौआ का रङ्ग लिया है। लेकिन मेरी दृष्टि में कृष्ण का रङ्ग सघन बादल की तरह श्यामवर्ण था, न कि कौए की तरह। अतः हमने द्रोण

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

का अर्थ 'मेघ' ही लिया है, 'काक' नहीं। 'कृष्णवर्णसादृश्यात्' द्रोण का अर्थ काला कौआ भी होता है। अतः कुछ लोगों ने लक्षणा के द्वारा इसका अर्थ 'द्रोणसदृशः अर्थात् 'कृष्णकाकसदृशः' लगाया है। मैं समझता हूँ, द्रोण का अर्थ बादल लगाना ही उचित है, जिसकी उपमा परब्रह्म श्रीकृष्ण को दी जाती है। cf 'अनावृष्टिहते सस्ये द्रोणमेघ इवोदितः'। मृच्छ०१०–२६।

पायाद् विराट्—यह भी एक विचारणीय शब्द है। 'विराट प्राचीन पुरुष का प्रतीक है जो हमारे संरक्षक हैं। विराट इस नाटक का एक पात्र भी है जो 'शब्दैकदेशलक्षणाविराज्' के रूप में भगवान के साथ पहचाना जाता है जो इस सृष्टि का पुरातन तत्व है और बाद में चलकर विष्णु के रूप में सर्वमान्य है। अतः इसका प्रयोग इस श्लोक में दो अर्थों में निहित है–एक तो कृष्ण का निरूपण करता है, दूसरा 'विराट' नृपति का।

पृथिव्यर्जुनभीमदूतः—इसके भी दो अर्थ हैं–चमक और आश्चर्य का दूत पृथ्वी पर–पृथिव्यां अर्जुनस्य भीमानां च (कर्मणां) दूतः। यह अर्जुन और भीम के दूत का भी अर्थ बोध कराता है जो कौरव के न्यायालय में धरती पर अपने हिस्से की माँग में उपस्थित हुआ है। एक और बात, 'भ्रातुर्ज्यायसः' के के अनुसार पहले भीम का नामोल्लेख होना चाहिए तब अर्जुन का। किन्तु, अर्थच्छवि की दृष्टि से ऐसा प्रयोग किया गया है।

शकुनीश्वरस्य कर्णधारः—शकुनीश्वरस्य, गरूडस्यनियन्ता। शकुनि इस नाटक का एक पात्र है। दुर्योधन का मामा तथा गान्धार देश का राजा।

दुर्योधनः—दुष्करं शत्रुभिः योधने यस्य। एक कठोर प्रहारक या अद्वितीय योद्धा। 'दुष्कर' शब्द का 'कर' 'प्रादिभ्यो धातुजस्य' वार्त्तिक से लोप कर दिया गया है। दुर्योधन की तरह युधिष्ठिर भी यौगिकार्थ सम्पन्न शब्द है युधि स्थिरः।

उत्तरगः—उत्तर भी युधिष्ठिर की तरह इस नाटक का एक पात्र है तथा शब्दगत इसका अर्थ आश्चर्य जनक कार्य करता हुआ है। उत्तरं प्रशस्तं कार्यं गच्छति आचरति। उपर्युदीच्यश्रेष्ठेष्वत्युत्तरः इति अमरः।

स्थापना—'प्रस्तावना' और 'आमुख' के सदृश ही 'स्थापना' है। अच्छे-अच्छे नाटकों में 'प्रस्तावना' एवं 'आमुख' का ही प्रयोग मिलता है, 'स्थापना' का नहीं। 'दशरूपक' में भी 'आमुख' और स्थापना की चर्चा तो है पर

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'स्थापना' की कोई चर्चा नहीं है। भास ने अपने सभी नाटकों में 'स्थापना' का ही प्रयोग किया है। जब कि सूत्रधार पूर्वरंग-विधान के बाद मञ्च से उतर जाता है तो सूत्राधार एक समकक्ष नट, जिसे स्थापक कहा जाता है, रंगमंच पर आकर नाटक प्रयोग की 'स्थापना' करता है। 'स्थापक' के द्वारा नाटक प्रयोग की यह उपक्रमणिका ही 'स्थापना' कहलाती है।

श्लो० ३—अन्नैः—इस शब्द का अर्थ सामान्यतः पका हुआ भोजन होता है। लेकिन यहाँ इसका प्रयोग विशेष रूप में हुआ है। कुछ लोगों ने इस शब्द का प्रयोग श्वेत पुष्प की तुलना में किया है और कुछ खीर के अर्थ में।

प्रकुसुमितकाशा इव दिशः—यहाँ दिशाओं की तुलना काश के फूल से की गई है, जो अत्यधिक श्वेत होता है। OF शरच्छशांकगौरेण वाताविद्धेन भामिनि, काशपुष्पलवेनेदम् साश्रुपातं मुखं मम। N. F. मृगैस्तुल्या इत्यादि। यह संस्कृत कवियों के वर्णन की विशेषता है कि वे तपोवन का चित्र ऐसा खींचते हैं जहाँ चैतन्य मानव की बात तो दूर रही, पालतू जानवर भी अपना विकाश भयरहित शांतिपूर्ण वातावरण में कर पाते हैं।

वधनिभृतसिंहाः—वधे निभृताः सिंहा येषु—जहाँ सिंह मारे जाने के भय से आक्रांत रहते हैं और इसका अर्थ गणपति शास्त्री के शब्द में 'वधे ताडनेऽपि परकृते निभृताः निर्विकाराः अकोपनाः सिंहाः येषु' है। सिंह भी शांति एवं तेजस्वी जीवन यहाँ उत्साह के साथ बिताते हैं, यहाँ तक कि कोई उसे तंग भी कर देता हो तो उसे वे क्षमा कर देते हैं। सम्पूर्ण विश्व जैसे यज्ञ की दीक्षा लेने को कसम-सा खा लिया हो। काम—क्रोध आदि का त्याग तपोवन के अणु-अणु में व्याप्त हो उठा है। इस वर्णन को अत्यधिक उत्प्रेक्षा का उदाहरण कहा जा सकता है।

श्लो० ४—तृप्तोऽग्निर्हविषाऽमरोत्तममुखम्—अग्नि और अमरोत्तम मुख एक दूसरे का विराधाभास है। अग्नि देवताओं के मुख को माना गया है—'अग्निमुखा वै देवाः' इति श्रुतिः। गर्जन्नृपे सद्गुणैः—इसका स्थान 'नृपे विद्यमानैः के लिए दीर्घवृत्तीय है। व्याख्या—नृपे (विद्यमानैः इति शेषः) सद्गुणैः सर्वतो गर्जत् इदं जगत् सम्प्रति हृष्टम्। सारा संसार राजा की प्रशंसा प्रसन्न हृदय से करता है। उदारुरोह=अतिशिश्ये--ऊपर उठ गया।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दृप्ताः पक्षिगणाश्च—यहाँ संयोजक 'च' का प्रयोग प्रत्येक शब्द के बाद या संयुक्त शब्द के अन्त में ही होना चाहिए। अतः इसकी व्याख्या 'ते ते नराः' के साथ होनी चाहिए न कि 'पक्षिगणाः' के साथ। ऐसा करने से एक साहित्यिक मुहावरे की भी संपुष्टि होती है।

सर्वशः—'बह्वल्पार्थात् शस् कारकात् अन्यतरस्याम्। पा. ५।४।४२ के अनुसार 'सर्व+शस्' से हुआ है।

अत्र भवन्त—पूज्याः। इतराभ्योऽपि दृश्यन्ते। (पा. ५।३।१४) इति प्रथमान्ताद् भवच्छब्द योगे त्रल्। यहाँ 'त्र (ल्) का संयोग सर्वनाम 'इदम्' के लिए कर्त्ताकारक के रूप में प्रयुक्त है। जब यह 'भवत्' के साथ संयुक्त होता है।

श्लो० ५—श्लाघ्यप्रभूतश्रवाः—श्लाघ्यः प्रभूतः श्रवः (ख्यातिः शास्त्र-श्रवणं वा) येषां ते। जिसकी ख्याति एवं ज्ञान प्रशंसनीय एवं विस्तृत है।

स्वाध्यायशूरैः मुखैः—उपलक्षिताः। उपलक्षणार्थे तृतीया। जिसके होठ बहादुर हों। जिसकी व्याख्या सीमा रहित हो। स्वाध्यायः' 'वेदाध्ययनम्' है। शिष्यस्कन्ध० इत्यादि 'अञ्चित्' का अर्थपूजित हो—उनका प्रशंसनीय हाथ।

भो भो माणवकाः—'बालः स्यान्माणवकः' इत्यमरः। 'अपत्ये कुत्सिते गूढे मनोरौत्सर्गिकः स्मृतः। नकारस्य च मूर्धन्यस्तेन सिध्यति माणवः।' स्वार्थेकन् माणवकः।

अनवसिते.....उत्सृष्टव्यः—जैसा कि व्याख्याकार की दृष्टि पड़ी है। यज्ञ समाप्ति के बाद यज्ञमण्डप में रूढ़िगत अग्नि की स्थापना की गई हैं।

श्लो० ६—एषा....कनकमयभुजेव—यहाँ यज्ञवेदी के स्तूप को स्वर्ण-निर्मितबाहु की संज्ञा दी गई है। (कनकयूपविलम्बबाहुः और रुचिरकनकयूप-व्यायतालम्बबाहुः।) चैत्याग्निर्लौकिकाग्नि इत्यादि। चैत्यं यज्ञस्थानं तद्गतोऽग्निः चैत्याग्निः। यज्ञवेदी पर की आग तीन तरह की होती है—गार्हपत्य, आहवनीय और दक्षिण। जिस आग को लड़कों ने जलाई उसे लौकिकाग्नि कहा जाता है। यह आग यज्ञवेदी की अग्नि से भिन्न तरह की आग मानी गई है। महाकवि भास ने इन दोनों (यज्ञाग्नि और लौकिकाग्नि) की तुलना ब्राह्मण और शूद्र के रूप में की है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्राग्वंशम्—यज्ञशालाविशेषः। 'प्राग्वंशं प्राग् हविर्गेहात्'। यह यज्ञशाला का वह भाग है जिसमें हवन की सारी सामग्रियाँ सुरक्षित रक्खी जाती हैं। अथवा—यह वह स्थान है जहाँ याज्ञिक लोग यज्ञकाल में निवास करते हैं। क्षीरस्वामी के शब्दों में—'पत्नीशालाख्यः अग्निशालायाः प्राक् यो भागः।

श्लो० ७—अग्निरग्निभयादेषः—यहाँ प्रथम अग्नि शब्द का प्रयोग पवित्र गार्हपत्याग्नि के रूप में हुआ है तथा द्वितीय अग्नि का प्रयोग सामान्य आग के रूप में। यज्ञवेदी की गार्हपत्याग्नि को यज्ञान्त में ऋत्विजों ने हटाकर प्राग्वंश में रक्खा था। आग लगने पर लौकिकाग्नि से कहीं यह दूषित न हो जाय इस भय से लोग इसे अलग हटा रहे हैं।

श्लो० ८—शकटी—शकट शब्द का यह स्त्रीप्रत्ययान्त रूप है। मृच्छकटिक में सुवर्णशकटिका, मृत्तिकाशकटिका आदि शब्दों का प्रयोग हुआ है। 'शकटी च घृता पूर्णा'—का आशय यह है—'यथा घृतापूर्णाशकटी वारिणा सिच्यमानापि वालस्नेहेन अल्पघृतेन दह्यते तथोपरतापत्या नारीबाष्पवारिणा सिच्यमानाऽपि वालस्नेहेन अपत्यप्रेम्णा दह्यते इति ऊर्ध्वदेशे महाशयाः।

बालस्नेहेन—यह शब्द परम्परित श्लेष के रूप में व्यवहृत है। इसका एक अर्थ है 'वालक के प्रति स्नेह की भावना' और दूसरा अर्थ है अल्पस्नेह जिसकी उपमा अवशिष्ट अल्प घी के साथ है।

श्लो० ९—चक्रधरस्य—सर्वश्रेष्ठ परमात्मा का—सुयोधन, शुष्यति दर्भे धर्मशकटीं दग्धुं प्रवृत्तः। यज्ञीय सामग्री ढोने में प्रवृत्त गाड़ी जहाँ घासों से आवृत्त होने के कारण आग धीरे-धीरे बढ़ रही थी, वहाँ अब तेज आग हो गई और उस गाड़ी को जलाने में जब तत्पर हुई तो क्रमशः फैलती हुई आग को बुझाने के लिए वह आगे की ओर बढ़ गया।

नीलशाद्वलतया वह्निः शनैर्वामनः—घासों से हरित होने के कारण यह कम जलता है। पावक शब्द का प्रयोग वह्नि के रूप में पंक्ति दो में हुआ है।

सूर्यायते—सूर्य इव आचरति। मण्डलाकारतया सूर्य इव भाति। सूर्य शब्दात् आचारे क्यङ्। कर्तुः क्यङ् सलोपश्च। पा. ३।१।११।

श्लो० १०—दहनेन भीताः—अनियमित है और इसका रूप 'दहनाद् भीताः' होता है—भीत्रार्थानां भयहेतुः। पा० १।४।२५।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्लो० ११—कोटरान्तरदेहस्थाः—कोटरं एव अन्तरदेहः देहाभ्यन्तरं तत्र तिष्ठन्ति। आत्मा जो शरीर के अन्दर की वस्तु है, उसकी उपमा किसी पेड़ की गुफा में प्रविष्ट किसी पक्षी से की गई है।

श्लो० १२—शुष्केणैकेन—इसके लिए Cf. एकेनापि कुवृक्षेण कोटरस्थेन वह्निना। दह्यते तद्वनं सर्वं कुपुत्रेण कुलं यथा॥ चाणक्यशतकम् से उद्धृत है। (इसके बाद दो श्लोक गणपति शास्त्री के द्वारा संग्रहीत पुस्तक में दिया गया है। पर, त्रिवेन्द्रम् साहित्य के मूल पुस्तक में इन दोनों श्लोकों का अस्तित्व नहीं है।

श्लो० १४—निविष्टो दुष्कुले साधुः—व्याख्या—दुष्कुले स्त्रीदोषेण निविष्टः साधुः इव दह्यते। 'निविष्टः' का अर्थ यहाँ 'संसृष्टः' है। कोई सत्पुरुष यदि किसी गलत परिवार की दुष्ट महिला के सम्पर्क में आता है, तो उसका नाश भी निश्चित होता है।—दुष्टस्त्रीसंसर्गः सत्पुरुषस्य दोषाय भवति।

श्लो० १५—सवृक्षक्षुपगुल्मम्—वृक्षैः क्षुपैः गुल्मैश्च सह वर्त्तमानम् 'वनम्' संपुष्ट करता है। क्षुप एक छोटी झाड़ी है। इसका प्रयोग 'अविमारक' में भी हुआ है। V–६–नभोमार्गरूढ़क्षुपाः नीलाम्बुदाः।

श्लो० १६—मधुपटल चक्रेण महता—तृतीया उपलक्षणार्थ में है। लम्बा ताड़ का पेड़ अपने मधुकोष के साथ बड़ा भयावह दीखता है। इसकी तुलना रुद्र की कुल्हाड़ी से की गई है जो बड़ा ही सटीक है।

श्लो० १८—स्रुग्भाण्डमरणो—स्रुग का अर्थ कलछुल और भाण्डम् का अर्थ काठ का कटोरा होता है। 'स्रुक् हवनी संज्ञं जुहूपमृदादिभेदभिन्नं दारुमयं होमसाधनं–तद्रूपं भाण्डं पात्रम्। उपभुङ्क्ते–अग्नि के साथ जलने का बोध कराता है। जहाँ उपमान के साथ इसका अर्थ 'खा जाना' होता है। विक्रीय जीवति–बेचकर खाता है।

श्लो० १९—चलितैकपर्णहस्तः—चलितः एकं पर्णं एव हस्तो यस्य स तथाभूतः यहाँ पेड़ की टहनियाँ नदी के ऊपर झूल रही हैं और जैसे-जैसे हवा उन्हें झुलाती हैं, वह पानी पर अब डूब रही हैं। मानो वह आग में जलकर मरे हुए अपने वृक्षबंधुओं को जलांजलि दे रही है। कवि की यही कल्पना है।

श्लो० २०—आगतकथा मधुरं—आगतस्य प्रसक्तस्य यज्ञस्य कथया प्रस्तावेन मधुरं यथा भवति तथा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पाण्डवपरिग्रहं कुर्वन्ति—शत्रुतामूलक क्रोधका परित्याग कर अपने स्वजनों पर दया करने का अनुरोध किया है। शब्दान्तर में पाण्डवों के ऊपर सहृदयता दिखाने का स्पष्ट आग्रह है।

विष्कम्भकः—विष्कम्भक तथा प्रवेशक में भी विष्कंभक प्रधान है। प्रवेशक विष्कम्भक का ही दूसरा रूप कहा जा सकता है। जहाँ नीच पात्र होते हैं तथा उसका प्रयोग प्रथम अंक के प्रारम्भ में नहीं होता। विष्कम्भक के द्वारा भूत काल की या भविष्यत काल में होने वाली घटना का संकेत किया जाता है। यज्ञ को कार्य समाप्त हो चुका था। इस विष्कम्भक के माध्यम से नाटक की कथा वस्तु को समझा नहीं जा सकता। कवि ने अग्नि का विस्तृत वर्णन किया है। इस क्रम में उन्होंने यज्ञ मण्डप जलने का तथा यज्ञीय सामग्रियों को भी जला डालने का रोचक वर्णन किया है।

श्लो० २२–रूप्यग्रहणात्—यहाँ यह पाण्डवों की सम्पत्ति को जूए में जीतने के तात्पर्य को संपुष्ट करता है। 'रूप्य' का अर्थ मुहरयुक्त स्वर्णमुद्रा या कांसा जैसे धातुओं के सिक्के से है। रूपादाहतप्रशसयोर्यप्। पा. ५।२।१२०। रूप्यः आहृतस्वर्णरजते।

अयशो निपीतवान्—अयश को भी जिसने पी लिया है—नितरां अनुभूतवान्।

श्लो० २३–मे निवसति गुणो—मुझमें दयादि गुणों का निवास हो रहा है। यहाँ निवसति का अर्थ नितरांवसति हैं। मयि स्थिरवासं करोति 'मे' शब्द का प्रयोग इस श्लोक में उपयुक्त नहीं है–जगद विश्वस्तं मे। फिर भी, यहाँ 'मयि' का प्रयोग संस्कृत भाषा के अनुसार होना चाहिए। फिर भी, इसे हम गुण के साथ ग्रहण कर सकते हैं। मे मम गुणः निवसति।

यदिह कथयति–यहाँ 'लोकः' या 'आगमः' विषय प्रयोग उपयुक्त होगा।

व्याख्या—मृतै प्राप्यः स्वर्गः (इति) यदिह (लोकः) कथयति एतद् अनृतम्। VL यदिह कथयन्त्येतदनृतम् अच्छा होगा।

गान्धारीमातः—इस तरह का प्रयोग भास ने बहुत किया है–सुमित्रा-मातः, कौशल्यामातः, कैकेयीमातः; (प्रतिमा)। शौरसेनीमातः, यादवीमातः (बालचरित में)। काणेलीमातः (चारूदत्त में)।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इस तरह के प्रयोग में पाणिनि के नियम की उपेक्षा की गई है, पाणिनि के अनुसार नद्यृतश्च, से कप् होना चाहिए।

समासान्तविधि की अनित्यता मानकर इसको शुद्ध कर लिया जाता है।

धौतकल्मषाङ्गः अङ्गराजः—अनुप्रास का यह एक सायास प्रयोग है। धौतं कल्मषं यस्मात् तद् धौतकल्मषम्। धौतकल्मषं अङ्गं यस्य सः। अर्थात् कायविशुद्धः।

श्लो. २५–इक्ष्वाकुशर्याति—ये सारे सूर्यवंशी राजा अपनी महानता और दयालुता के लिए प्रसिद्ध थे। नष्टाः शरीरैः ऋतुभिर्धरन्ते। Cf हतेषु देहेषु गणा धरन्ते–कर्णभार १७–धरन्ते किन्तु यहाँ आत्मने पद का प्रयोग असामान्य है। सामान्यतः म्रियन्ते (अर्थात् जीवन्ति) रूप आता है।

अयमक्रमः—मास को क्रम के प्रति एक आस्था है। इस तरह का प्रश्न उन्होंने प्रतिमा में भी उठाया है। Cf राजा रामो लक्ष्मणो वैदेही व्ययमक्रमः सुमन्त्रः— अथ कः क्रमः। प्रतिज्ञा ii १४२०।

श्लो० २६–दैवतं मानुषीभूतम्—महाभारत I–१०६ में भीष्म को 'देवता' का अवतार आना गया है। ये आठ 'वसुओं में से एक हैं। शापवस इन्हें मनुष्य योनि में आना पड़ा है। अतः इन्हें मनुष्य के रूप में देवता कहा गया है। दूसरी पंक्ति की छंद रचना जटिल है। व्याख्या—भीष्ममुत्क्रम्य वन्दितुं आचरणं अहं न मन्ये। वन्दितुम्—'तुमुन्' क्रियार्थ है। क्रियोपपद–वन्दितुम् आचरणं वन्दितुं चेष्टितं अहं न मन्ये नानुजानामि। भीष्म की उपेक्षा कर तुमने जो प्रथम मुझे प्रणाम किया है, उससे मैं संतुष्ट नहीं हूँ। या हम वन्दितुं की व्याख्या अन्य तरह से भी कर सकते हैं –जहाँ 'तुमुन्' मात्र धात्वर्थ के लिए ही प्रयुक्त है अर्थात् वन्दनं, आचरणं अर्थात् शिष्टाचारं न मन्ये। भीष्म की उपेक्षाकर इस प्रणाम को मैं शिष्टाचार नहीं मानता।

नमस्यताम्—'नमस्यति' का कर्मवाच्य आज्ञा सूचक अन्य पुरुष एक वचन है। नाम धातु –नमस्+क्यच्। 'नमोवरिवश्चित्रङः' के अनुसार पा० ३।१।१९।

श्लो० २७–भवान् स्वयम्—भीष्म का यह कथन है। उन्होंने द्रोण की श्रेष्ठता सिद्ध करने के लिए यह कहा है कि मुझे माता ने जन्म दिया है और

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आप स्वयम् अयोनिज हैं। महाभारत आदि पर्व के खण्ड–१३० में द्रोण के जन्म की कथा वर्णित है। उनका जन्म भरद्वाज मुनि के कलश में हुआ था। अतः वे स्वयंभू हैं।

अपह्नव—शब्द यहाँ एक विशेष अर्थ में प्रयुक्त है। वस्तुतः अपह्नव का अर्थ क्षमा होता है। किन्तु, म. म. गणपति शास्त्री ने इस शब्द की व्याख्या करते हुए 'स्नेह' अर्थ लिखा है—अपह्नवः स्नेहः यद्भावितचित्तस्य रागद्वेषौ न स्तः सा। भूतमैत्रीत्यर्थः। अपनी इस व्याख्या की संपुष्टि में उन्होंने वैजयन्ती का उद्धरण दिया है 'अपह्नवौ ह्युतिस्नेहौ'।

शिष्यमहत्तराः—प्रमुख शिष्य। 'महीयस्' की तरह 'महत्' की तुलना 'महत्तर' के साथ है।

नोत्सहन्ते महात्मानः—यह वाक्य अन्तर्निहित प्रश्नवाचक है। क्या महात्मा लोग अपनी प्रशंसा करने में तत्पर होते हैं?

बुद्धिप्रशमनम्—बुद्धेः महसः प्रशमनं रागद्वेषादि कलुषतानिवृत्तिः। तुम्हारी बुद्धि प्रशांत हुआ करे।

श्लो० २८—समानीय—अनुष्ठाय। **आप्तदक्षिणान्**—आप्ता पर्याप्ता दक्षिणा येषु तान्। यहाँ क्रतुः शब्द यज्ञार्थपरक है। यहाँ ब्राह्मणों को उदारता पूर्वक दान दिया जाता है। Cf. क्रतुभिश्चाप्तदक्षिणैः। द्रोणपर्व १८-२५।

उद्योगं जनयति—यहाँ 'उद्योगं जनयति' का अर्थ हुआ 'युद्ध के लिए प्रेरित करता है। यह अभिव्यक्ति प्रतिमा I-१९ में आता है। अस्मद्राज्य-भ्रंशो भवत उद्योगं जनयति। **प्राप्तक्रमं**–'प्राप्तपर्यायं यथा भवति तथा'।

श्लो० २९–अन्तस्त्वनमान्त्र्य—म. म. गणपतिशास्त्री के शब्दों में—प्रीतिपूर्वकमनाभाष्य—इसकी व्याख्या करते हुए आचार्य रामचन्द्रमिश्र ने लिखा है—"यज्ञानुष्ठाननियमादिना कृशकायस्त्वम् मदालिङ्गनजं बलं यदि सोढुं शक्ष्यसि तदाहं त्वां दृढमालिङ्ग्य सुखयिष्यामि, परं त्वदीयं हृदयाभिप्रायमज्ञात्वा नाहं प्रवर्त्तिष्ये तवालिङ्गने इति भावः।"

सभाजयति—बधाई देता है। "सभाज प्रीतिसेवनयोः" चुरादिः। स्नेहात् सभाजयितुमेत्य दिनान्यमूनि। उत्तररामचरि० १,३।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वासुभद्रेण—वासुदेवेन। वासु का यहाँ अर्थ है वासुदेव, सम्पूर्ण वासुदेव शब्द के लिए यहाँ उसके एक देश 'वासु' का प्रयोग किया गया है। वासुश्चासौ भद्रश्च। वलभद्र या रामभद्र की तरह यहाँ श्रीकृष्ण के लिए वासुभद्र का प्रयोग किया गया है। क्षीर स्वामी ने इसकी व्याख्या की है—'जगत्यां सर्वहृदये वसतीति वासुः।' महाभारत की कथा के अनुसार अभिमन्यु ने गोग्रहण में भाग नहीं लिया था। उत्तरा के साथ इसकी शादी निश्चित हो जाने पर ही बाद में इसे मत्स्यपुर अर्थात् विराट नगरी में बुला लिया गया।

व्यपश्रयिष्ये—मैं प्रार्थना कर लूँगा (कालान्तर में माँग लूँगा) (वि+अप्+श्रि) इसी अभिव्यक्ति का उपयोग 'मध्यमव्यायोग' में भी एक जगह किया गया है—"वृद्धा—हन्त, निराशाः स्मः। भवतु, पुत्र व्यपश्रयिष्ये तावदेनाम्। स्वप्नवासवादत्ता में इस की व्याख्या है—व्यपाश्रयणा=प्रार्थना। आचार्य रामचन्द्रमिश्र ने लिखा है—"व्यश्रयिष्यते—साधारणो हि याचको दातारं समयान्तरे याचते, आचार्यस्तु न भवति सामान्ययाचकोऽतो नोचितम् तस्य व्यपश्रयणमिति।

श्लो० ३०—पीतः सोमो बाल्यदत्तः—आचार्य ने युवावस्था में ही सोमरस का नियोगात् अर्थात् विधिवत् पानकर लिया है। (बाल्यदत्तः—बाल्ये तरुणे वयसि अभिषुतः) यन्न दरिद्रः यस्मिन् दरिद्रः।

आपस्तावत्—पानी लाओ। जल की यह माँग कई नाटकों में विभिन्न-परिस्थितियों में देखी जाती है। यथा—अभिषेक—१–२६[७], प्रतिमा २–२०[६], मध्यम १–४७[४], दूतवाक्य १–४३[२], प्रतिज्ञा १–१५[१९]।

अश्रुपातोच्छिष्टस्य—वाष्पासारदूषितस्य अर्थात् आंसुओं से अपवित्र

श्लो० ३२–करणम् प्रतिग्रहाणाम्–प्रतिग्रहाणाम् दामनस्वीकरणानाम् करणम् साधनम्-यहाँ करणशब्द अत्यधिक प्रभावकारी साधन या प्रमाण है। करण का यही अर्थ है एक बन्धपत्र, अनुबन्ध या प्रमाणपत्र। उदाहरण—मनु० Nu. ५१,५२।

श्लो० ३३–येषां गतिः क्वापि–येषां निराश्रयाणाम् कुत्राप्याश्वस्तमाश्रयमलभमानानां कुत्रापि गतिः नोपलब्धाः—जिन्हें कोई आश्रय नहीं है। महाभारत के अनुसार कौरवों को यह पता नहीं था कि बारहवर्षों तक पाण्डव

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दर दर की ठोकर खाने के बाद यह तेरहवाँ वर्ष अज्ञात वास के रूप में कहाँ व्यतीत कर रहे हैं। प्रथम पंक्ति में उल्लिखित सर्वनाम येषाम् की तरह द्वितीय पंक्ति में पाण्डवानां के साथ तेषाम् है।

श्लो० ३४--उपन्यस्तस्य—दक्षिणादानोपन्यासम्, दक्षिणा देने के प्रस्ताव को उपस्थित करने वाले प्रतिगृह्यताम् दक्षिणा इति उपन्यासं कुर्वाणस्य। उपन्यस्तस्य = उपन्यस्यवतः कर्त्तरि क्तः। और इसका एक अर्थ समर्पित (तुम्हारी देखरेख) में भी हो सकता है। गौरवे-गुरुत्वे तुम्हें आध्यात्मिक पथ प्रदर्शक मान कर जिसने तुम पर विश्वास किया।

यज्ञप्रस्तुतम्—यज्ञे प्रस्तुतम्, यज्ञ के लिए आवश्यक बनाना अर्थात् यज्ञ की आवश्यकताओं से लाभ उठाना यथा इप्सितदान प्रभृति, धर्मवञ्चना-धर्मेण हेतुना वञ्चना धर्म के नाम पर छल।

गान्धारविषयविस्मित विस्मितः गर्वितः। विस्मित शब्द का प्रयोग अन्यनाटकों में भी इसी अर्थ में हुआ है-यथा-विहगवाहनमात्रविस्मितः दूतवाक्य। १-१२[६]

सर्वलोकमनार्यमितिमन्यसे—यहवाक्य रचना अनियमित है। इसे होना चाहिए था। सर्वः लोकः अनार्यः इति मन्यसे। यहाँ इति शब्द को छोड़ा भी जा सकता है। चूँकि 'मन्यसे' सर्वलोकमनार्यम्' में द्वितीया विभक्ति का प्रयोग है। इति का ऐसा प्रयोग गीता में भी उपलब्ध है "यंसंन्यासमितिप्राहुः।"६-२।

श्लो० ३५—किं पर याचितैर्दत्तं बलात्कारेण तैर्हृतम्—ऐसा ही प्रयोग भास ने श्रीकृष्ण के मुख से दूतवाक्य में किया है—

दातुर्महति मद्वाक्यात् राज्यार्धं धृतराष्ट्रज।
अन्यथा सागरान्तां गां हरिष्यन्ति हि पाण्डवाः॥

याचितैः—याचनाभिः। भावेक्तः।

अवभृथस्नानमात्रमेव खलु—इदं यज्ञान्तस्नानम्। यहाँ 'इदानीम् वर्त्तते का प्रयोग होना चाहिए। तुम इस समय यज्ञान्त स्नानकर चुके हो। इस पवित्रतम स्थिति में तुम्हें शकुनि की बात नहीं सुननी चाहिए क्योंकि शकुनि मित्रमुखः मित्रं मुखम्-वाक्यस्य अर्थात् वाङ्मात्रमित्रम्।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

धर्मच्छलेन—धर्मः इति छलं तेन। धर्मच्छलेन सत्यवचनपालनाग्रहेण। धर्म शब्द के नाटकीय व्याज से। द्यूताश्रयवृत्तिः—द्यूतव्यसनी, जुए का शौकीन।

श्लो० ३८–तोलयन्नेव—जब वह ऊर्ध्वोन्मुख हो ही रहा था। म० म० गणपतिशास्त्री ने इसकी व्याख्या की है–उन्मिमान एव। उन्मानमिह तारतम्य-परीक्षणम्। किमनेन स्तम्भेन धर्षयितृन् प्रहरेयं किममुना स्तम्भेनेति तत्सारफल्गुताम्–दृष्ट्या पर्यालोचयन् सन्। यथा–एष दुरात्मा भीमः सर्वराजसमक्षमवमानितां द्रौपदीं दृष्ट्वा प्रवृद्धामर्षः सभास्तम्भं तुलयति। दूतवाक्य–१–७।

यद्येकस्मिन् विमुक्तः—किसी एक व्यक्ति पर आक्षेप किया गया है। यद्यपि स्पष्टतः किसी का नामोल्लेख नहीं है फिर भी स्पष्टतः शकुनिकी ओर संकेत है।

कर्दनम्—कुत्सितः शब्दः। एषा च भिक्षा मम दक्षिणा च "इत्येवं रूप याच्चादैन्यपरः शब्दः। म० म० गणपतिशास्त्री ने इसका अर्थ 'खुशामद' लिखा है। अर्थात् खुशामद मत करो।

कर्दनम् का अर्थ है 'कुत्सितम् याचनम्।'

श्लो० १–३९—ज्येष्ठो भवान्—इस कथन से स्पष्टतः यह पता चलता है कि उम्र की दृष्टि से दुर्योधन पाण्डवों से बड़ा था। किन्तु, महाभारत, आदि पर्व के अनुसार युधिष्ठिर तो कौरवों से बड़े थे ही। कदाचित् भीम भी दुर्योधन से बड़े थे। क्योंकि दुर्योधनका भी जन्म उसी दिन हुआ था जिस दिन भीम ने जन्म लिया था—

'यस्मिन्नहनि भीमस्तु जज्ञे भारतसत्तम,
दुर्योधनोऽपि तत्रैव प्रजज्ञे वसुधाधिप।'–महाभारत, आदिपर्व.

इसी श्लोक के अन्तिम पंक्ति में प्रश्नार्थक दो विकल्प उपस्थित किये गये है–कुटुम्बे तान् धारयिष्यसि ? अथवा–'पण्डवाः मृगैः सह वर्त्तयन्तु। तान् पाण्डवान् कुटुम्बे परिवारे धारयिष्यसि अन्तर्भाव्यपरिपालयसि ? अथवा–पाण्डवाः मृगैः सह वर्तयन्तु = देहयात्रां कुर्वन्तु। यहाँ वृत् धातु का प्रेरणार्थ रूप (वर्त्तयति) है जिसका अर्थ सदा कार्य रत रहना है।

श्लो० ४०—गतमितमवसानम्—इदम् अवसानम् गतम्, अब यह बात समाप्त हो चुकी है। रक्ष्यताम् शिष्यकार्यम्—शिष्यकार्यम् से कौरव और पाण्डव दोनों ही शिष्यों का हितसाधन कीजिए। 'पाण्डवों को 'राज्यांशप्राप्ति

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

रूप' अर्थात् आधा राज्य दिलवाकर हित साधन करें और कौरवों को 'गुरु-दक्षिणादान प्रतिज्ञा' की आपूर्ति करें।

श्लो० ४१—धर्माधिकारवचनेषु शमीभवन्तु—धर्माधिकाराः धर्मोपदेशाधिकारिणः गुरुजनाः, तेषां वचनेषु अर्थात् भवादृशानां महाकुलानां बान्धव-विग्रहोगुरुजनोपदेशैरेव शाम्यन्तीति भावः। इसी तरह का अन्य प्रयोग 'परिष्वङ्गः शमीक्रिया' और नष्टानि कार्याणि शमीकरोति। अविमारक ६–१६ पृष्ठक।

समर्थयितुम्—अनुमोदनम् कारयितुम्, स्वसहायानां सम्मतिं प्राप्तमित्यर्थः।

हन्त विपन्नम् कार्यम्—यह वाक्य 'बालचरित १–१९ में प्राप्त है। यह एकस्वगत भाषण है और हम इसमें मंच प्रदर्शन की आशा करते है। 'आत्मगतम्' सन्दर्भगत है।

यदि दातव्ये राज्ये—राज्ये यदि दातव्ये, जिसका अर्थ है 'राज्यं दातव्यम् चेत्, यहाँ निर्देशन की अस्पष्टता के कारण 'यदि' का प्रयोग आवश्यक नहीं है।

श्लो० ४५—क्षमाक्षत्वे तु भवान् प्रमाणम—राज्यार्द्धदानस्य क्षमा-क्षमत्वे युक्तायुक्तत्वे—तुम्हें अकेले ही इस बात का निर्णय लेना है कि राज्य आधा हिस्सा जो तुम पाण्डवों को दोगे, वह उचित है अथवा अनुचित।

सुभ्रातृताम्—वन्दिते भ्रातुः। पा० ५।४।१५६ इति कपः प्रतिषेधः। शोभनः भ्राता यस्य असौ सुभ्राता, तस्य भावः सुभ्रातृता। भास ने 'सौभ्रात्रम्' शब्द का प्रयोग प्रतिमा १–३० अभिषेक ३–२५ में किया है।

श्लो० ४६—शून्यमित्यभिधास्यामि—ऐसा कोई देश नहीं है जहाँ पार्थ से अधिक शक्तिशाली कोई अन्य वीर हो अथवा–जहाँ राजा युधिष्ठिर राज्य करेंगे वहाँ ऊसर भी ऊपजाऊ हो जायेगा इस तरह की बात महाभारत में भी कही गई है—

> सदा च तत्र पर्जन्यः सम्यग् वर्षी न संशयः
> सम्पन्नसस्या च मही निरातङ्का भविष्यति
> न भयं त्वां विशेत्तत्र यत्र राजा युधिष्ठिरः। महाभारतविराटपर्व २८

श्लो० ४७—श्रुतमिह कुलवृद्धैः—यहाँ तृतीया का प्रयोग कुलवृद्धेभ्यः के लिए प्रयुक्त है। यदिह पृथिव्याम् प्रमाणम् कुलवृद्धमुखात् श्रुतम् अवगतम्। मैंने

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गुरुदेव के हाथ में जल छोड़ दिया है। यह इस दान का प्रमाण है, ऐसा कुल-वृद्धोंने शास्त्रों से जाना है। 'अपनय' तस्मात् जलदानादिकर्म अपनय—अनीति-र्वावञ्चना द्रोणकृतास्मदप्रतारणा यथा वा अन्य एव वा कोप्यनर्थो भवतु जायताम्, नृप—शकुनि के लिए प्रयुक्त है।

श्लो० ४८—**सम्वत्सरद्वादशभिर्न दृष्टाः**—म. म. गणपति शास्त्री ने इसकी व्याख्या की है—द्वादशवर्षभिः करणभूतैः—यहाँ तक की उनकी व्याख्या का तात्पर्य यह है कि—

प्रतिज्ञा यह थी कि बारह वर्षों के वनवास के बाद पाण्डवों को एक वर्ष गुप्तवास में रहना पड़ेगा। इस गुप्तवास की अवधि में यदि वह किसी की पहचान में आ गया तो पुनः बारह वर्षों का वनवास भोगना पड़ेगा। किन्तु कठोर श्रम के बाद भी कौरवों को गुप्तवास की अवधि में पाण्डवों का पता नहीं चल सका। किन्तु, भास महाभारत की इस प्रचलित कथा से पूर्णतः अन-भिज्ञ प्रतीत होते हैं। क्योंकि, इससे पूर्व के पद्य में उन्होंने लिखा है कि 'बारह वर्षों से जिनका पता नहीं चला है—

येषां गतिः क्वापि निराश्रयाणां संवत्सरैर्द्वादशभिर्न दृष्टाः

—पञ्चरात्रम् १, ३३

अच्छलोधर्मः—अच्छलं भिन्नत्वं नाम। अविमारक ४–१२–३३ अच्छलो हि स्नेहो नाम अविमारक ५–४.

श्लो० ५०—**हनूमत्वं गता स्पृहा**—स्पृहा अभिलाषः, हनूमत्वं गता मम इच्छा हनूमत इच्छेवातिविशाला जातेत्यर्थः। हनूमान को भी सीता के निवास स्थान का कुछ भी पता नहीं था 'फिर भी उन्हें जानकी का पता लगाने में सफलता मिली। दूसरी पंक्ति में प्रयुक्त 'येन' शब्द हनुमत् शब्द का ही बोध कराता है। प्रथम पंक्ति में यद्यपि जो शब्द अप्राप्य है फिर भी हनूमत्व के तद्धित रूप में वह प्राप्य है।

कुतो न खलु पाण्डवानां प्रवृत्तिरूपानेतव्या—तो फिर कहाँ से पाण्डवों का पता चले? द्रोण के इस स्वगत प्रश्न का उत्तर भट के शब्दों में मिलता है—'विराटनगरात्' यद्यपि इसने यह उत्तर अन्य उद्धरणों के रूप में दिया है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

यह नाटकीय 'व्याजोक्ति' की एक पृष्ठ भूमि है। नाटकीय तकनीक की दृष्टि से इसे ही 'पताका स्थानक' कहा जाता है।

श्लो० ५३—बालचापलम् शृङ्गस्थानानि वा—बालचापलम् पुच्छ-चालनादिकम्, शृंगस्थानानि शृंगकृतमृत्तिकाखननस्थानानि। 'वा' शब्द अन्तर्निहितमस्ति। यथा वृषभपतयः कूलेषु भ्रान्तानां वत्सानां पुच्छचापलं शृङ्गखातभूमिश्च ज्ञास्यन्ति तथैवाहमपि भीमस्याचरितं कर्म निश्चितं जानामि।

काले ज्ञास्यामि—काले पञ्चरात्रावसाने। उन्हें विश्वास नहीं है कि संवाद-वाहक पाण्डवों का समाचार पाँच रात के भीतर ला सकता है।

ब्राह्मणार्जवबुद्धे—सरलमते, ब्राह्मणतया सरलस्वभाव कपटान-भिज्ञ। द्रोण के इस सम्बोधन के पूर्व हम इस वाक्य को देखें—द्रोणः—(अप-वार्य) भो गाङ्गेय, प्रियशिष्यः खलु मे तत्रभवान् विराटेश्वरः, किमर्थम् तस्य गोग्रहणम्। इसके उत्तर में उक्त वाक्य कहा गया है जिससे इस कथन की उप-युक्तता सिद्ध हो जाती है।

श्लो० ५५—इष्ट-गोग्रहणे स्थितम्—तेषां पाण्डवानां कृतज्ञत्वमस्ति, विराटेनोपकृताः पाण्डवाः विराटे आक्रम्यमाणे कथमितरस्थाः स्थातुं न शक्नु-वन्ति, तत्प्रत्युपकारप्रवृत्तेर्दुर्दमत्वादिति भावः। एवम् हि अस्माकं इष्टम् पाण्डव-वार्त्तोपलब्धि रूपम् अत्र गोग्रहणे स्थितम्, अनेन गोग्रहणेन नः समीहितसिद्धि-सम्भावना सन्निकृष्यत इति।

सज्जाः खलु रथा नगरप्रवेशाभिमुखाय—सज्जाः योजिताश्वाः, नगर-प्रवेशाभिमुखाय—हस्तिनापुरप्रवेष्टुमानीतो रथः, राजा यज्ञे नगरात् बहिः, तन्ने रथ आगत इति।

वत्सगान्धारराज—अस्मिन् गोग्रहणे तव खलु प्रथमः रथः इस कथन का अर्थ है गुरु द्रोण शकुनि से कह रहे हैं कि हे गान्धारी नृपति गोग्रहण में आपका सारथी अग्रसर हो। अर्थात् शकुनि रथ से प्रस्थान कर रहा है। किन्तु, इसी अंक के श्लोक संख्या ५० में शकुनि ने स्वयं कहा है कि मेरे लिए हाथी लाओ—'हस्ती ममानीयताम्'। इन दोनों कथनों में विरोध है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्वितीय अङ्क

गोपालों के इस दृश्य की तुलना 'बालचरित' के तृतीय अंक के प्रारंभिक दृश्य के साथ की जा सकती है।

अहीनवत्साः—न हीना अहीनाः, अहीना वत्सा यासां ताः अहीनवत्साः। अहीनवत्साः की दूसरी व्याख्या 'स्वस्तिमन्तः' अथवा—'अनपेतः' भी की जा सकती है।

आ अन्तु—इसे 'आ अन्तु' आयान्तु होना चाहिए। म० म० गणपति शास्त्री ने इसकी व्याख्या—आअन्तुं आगन्तुं सज्जीकृतम्' के रूप में की है।

किदमङ्गलमोदआ—इससे सुन्दर 'किदमङ्गलामोदा' प्रयोग है। कृतं मङ्गलम् आमोदश्च यैस्ते। यहाँ 'मङ्गल' का अर्थ नवीन वस्त्र एवं आभूषण से है जिससे वे सजे सजाये हैं, और 'आमोद' का अर्थ उसके माला और सुगन्धि से है। अथवा हम यों कह सकते हैं कि 'मंगल' का अर्थ शुभ होता है और आमोद का अर्थ 'प्रीति' खुशी या प्रसन्नता 'कृतः मङ्गलः आमोदः यैस्ते—आमोद यहाँ खुशी और प्रसन्नता के लिए प्रयुक्त है। यथा—'विवाहामोदसंकुले राजकुले। स्वप्नवासवदत्ता, ३–३।

एषो वा अषो पुक्खलुक्खं इत्यादि—इस अपशकुन की सूचना के लिए द्रष्टव्य—

रूक्षस्वरं वाशति वायसोऽयम् एवं शुष्कवृक्षस्थितोध्वांक्ष आदित्यमुखस्तथा—मृच्छकटिक ९–१०–११.

एषु ज्येष्ठं गच्छिअ—यहाँ ज्येष्ठम् का प्रयोग ज्यैष्ठयम् के अर्थ में हुआ है। अर्थात् वयोधिकत्वकृतं सत्कारमासाद्य व्याहरामि। मैं उनमें सबसे बड़े का अभिनय करूँगा।

दिवाचन्द्रप्पभापण्डुल इत्यादि—पण्डुलजोवगुण्ठिदमण्डलुं—पाण्डुरजोवगुण्ठितमण्डलः—दिवसनिशाकरस्य कान्तिरिव धवलपीतवर्णयद्रजस्तेनावगुण्ठितं व्याप्तम् छन्नं मण्डलं यस्य तादृशोयं सूर्यः। अस्ति च नास्ति च, आकारमात्रेण विद्यते प्रभया पुनर्नास्ति, सन्नपि न प्रकाशते इत्यर्थः। तात्पर्य यह है कि गोपबाल भयाक्रान्त होने के कारण अपनी आशंका में सूर्य के शतशतभयावह आँखों को आकाश में देखता है जो धूल रूपी बादल की घूँघट से झांक रही हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

पक्कणं—अमरकोष के अनुसार—पक्कण का अर्थ शवरालय है। किन्तु, यहाँ इस शब्द का प्रयोग गोपालक की कुटिया के अर्थ में हैं। गोपालक अवर जाति होने के कारण निम्न कोटि में हैं अतः उनकें लिए 'पक्कण' शब्द का प्रयोग यहाँ कवि को अभीष्ट है। डॉ० पुलस्कर ने 'पक्कण' को चाण्डाल का निवास स्थान माना है और इसकी व्याख्या करते हुए लिखा है कि ये गोपालक अपने कुटीर से बाहर उत्सव मनाने के लिए ज्यों ही निकले कौरव की सेना से आक्रान्त गायों को देखकर बुरी तरह घबड़ा कर चिल्लाने लगे। कुछ ही दूर पर स्थित 'पक्कण' निवासी चाण्डालों को आत्मरक्षा के क्रम में पुकारने लगे।

दस्युकर्मप्रच्छन्नविक्रमैः—पराक्रममप्रदर्श्यदस्युभावमवलम्ब्यलुण्ठनकृत्ये-प्रवृत्तास्तै। अपने पराक्रम को छिपाकर लुटेरों को तरह लूटकर्म में निरत होकर लोगों को आतङ्कित कर रहे थे।

श्लो० १—द्रुतैश्च वत्सैः—दस्युकृतेनोपद्रवेण पीडिताः वत्साः द्रवन्ति, गोगणाः व्यथामनुभवन्ति, वलीवर्दाश्च दस्यूनां दर्शनमात्रेण त्रस्तानना जायन्ते। 'आकुलाकुलम्' मे नित्यवीप्सयोः पा० सू० ६।१।४ से नित्य द्वित्व हुआ है।

श्लो० २—गोधा—इसकी व्याख्या 'ज्याघातवारणम्' के रूप में की गई है। वस्तुतः गोधा चमड़े की उस पट्टी का नाम है जो प्रत्यञ्चा के झटके लगने से होने वाली पीड़ा से बचने के लिए बायीं कलाई पर लगाई जाती है।

कल्पितस्यन्दस्था—यहाँ कल्पित का अर्थ पूर्ण सुसज्जित है।

जन्मनक्षत्रक्रिया—यहाँ क्रिया का तात्पर्य पूजा के ढंग से है।

पुण्याहावसाने—धार्मिक कृत्य की समाप्ति को पुण्याहवाचन या स्वस्तिवाचन कहा जाता है। यह शुभ अनुष्ठान का एक अन्तिम चरण है। यज्ञसमाप्ति के बाद पुरोहित शुभाशीर्वाद का जो प्रयोग करते हैं वह भी पुण्याहवाचन के अन्तर्गत ही है।

अतिपाति कार्यम्—विलम्बासहिष्णुकार्यम्,। इसी तरह इस शब्द का प्रयोग अभिषेक नाटक के तृतीय अङ्क में दर्शनीय है।

श्लो० ३—मा तावत्—इति गर्हायाम्—लज्जा के रूप में इस समूह के नाटकों में यह शब्द प्रयुक्त हुआ है। 'कराणि' का प्रयोग यहाँ 'अन्नविशेषान्' अर्थात् यथेच्छ भोजन के रूप में हुआ है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रविश्य—मञ्च निर्देशन के लिए प्रयुक्त यह शब्द यहाँ अनावश्यक है, जबकि भट पहले से ही मञ्च पर उपस्थित है।

एष समासः—इस शब्द का प्रयोग कवि ने इसी प्रकार अपने कई नाटकों में किया है। यथा—अविमारक २–९[५], प्रतिज्ञा २–९[१]।

श्लो० ५–रणशिरसिगवार्थे—इसी तरह का श्लोक भास ने 'कर्णभार' में भी लिखा है—

हतोऽपि लभते स्वर्गं जित्वा तु लभते यशः।
उभे बहुमते लोके नास्ति निष्फलता रणे॥

ऐसे वर्णन के लिए कवि का मूल स्रोत श्रीमद्भगवद्गीता है—

हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम्
तस्मादुत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चयः।

मोक्षयित्वा—अर्थात् गाः। यहाँ गाः कर्म के रूप में प्रयुक्त है।

उन्नीतसंतापाः—प्राप्तदुःखाः अर्थात् हमलोग पर्याप्त कष्ट में थे। उन्नीतः उपचितः सन्तापः येषां ते तथाभूताः। यहाँ म० म० गणपति शास्त्री का कहना है कि—वयमुपनीतसंतापाः संवृत्ताः। परोक्षमपि—अप्रत्यक्षम्। क्योंकि हमें पाण्डवों के प्रति अप्रत्यक्ष सहानुभूति है फिर भी प्रत्यक्ष रूप में हम कौरवों के साथ हैं।

श्लो० –अर्थित्वादपरिश्रान्तः—भगवतः युधिष्ठिरस्य परदोषानभिधायकत्वस्य निश्चये तत्सकाशे जिज्ञासा प्रकाशनमनुचितमिति चेत्तत्राह—अर्थित्वात् प्रयोजनशालित्वात् अपरिश्रान्तः-अपने स्वभाव से भगवान किसी का दोष बतायेंगे नहीं, फिर भी मुझे जानकारी प्राप्त करनी है, अतः मैं तो उनसे पूछूँगा ही।

श्लो० ६–सानूकर्षाः—अधोधरकाष्ठयुक्ताः क्रियन्त। रथों पर जुए डाल दिये जाँय। अनुकर्ष शब्द महाभारत में अनेकशः प्रयुक्त है। अनुकर्ष शब्द की व्याख्या की गई है अनुकर्षः युद्धविमर्दे यस्यंकस्यचित् रथावयस्य नष्टस्य प्रतिसमाधानार्थम् यद्रथस्य अधोदारुवध्यते तत्। अनुकर्षोरथाधस्यदारूणीति—मेदिनी। इसका अर्थ रथ की धुरी है। 'रथ की धुरी कस दी जाय।' सानुकर्षाः—उपसर्गस्य पा० ६।३।१२२, सूत्र से दीर्घ विधान किया गया। यथा—सानूकर्षाः सतूनीराः सवरूथाः सतोमराः। महाभारत, उद्योगपर्व १५५.३।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

न खलु आत्मन्यस्तम्—मुझे अपने लिए कोई भय नहीं है। मैं अपने चपल भाईयों के लिए डरता हूँ, ऐसे अवसरों पर वे अपने आप को छिपा न सकेंगे और गुप्तवास का रहस्योद्घाटन अनायास हो जायेगा।

श्लो० ९-एकोदकत्वम्—समानोदकत्वसम्बन्धः-एकम् उदकं निवापोदकं येषां ते एकोदकाः, तेषां भावः एकोदकत्वम्। दाह क्रिया के अवसर पर जो समान रूप से तिलाञ्जलि देने के हकदार हैं तथा पवित्र श्राद्ध के अवसर पर सपिण्ड के अधिकारी हैं ऐसे लोग सभी समनोदक हैं।

तेषामुत्सुकः—उत्सुकः का प्रयोग यहाँ विचारणीय है। मैं उनके लिए बहुत दुःखी हूँ। तेषु विषये दुखितोऽहम्। दुश्चेष्टमानेषु विषीदामि।

आत्मगतम्—यह शब्द वाक्य के प्रारम्भ में प्रयुक्त होना चाहिए। साधुर्धपितेनापि के क्रम में इसीलिए म० म० गणपति शास्त्री के पाठ में 'प्रकाशम्' को हटा दिया गया है।

श्लो० १३—रणातिथिः—इस तरह का प्रयोग अभिषेक नाटक ४-२२ में भी द्रष्टव्य है—

आगतोऽहं न पश्यामि द्रष्टुकामोरणातिथिः।

श्लो० १४—रिपूणामित्यादि—महाभारत के अनुसार गोग्रहण के समय महाराज अपनी राजधानी में उपस्थित नहीं थे। वे त्रिगर्तों को समाप्त करने में लगे थे। फिर पता नहीं भास ने किस उद्देश्य से विराट को इस राजधानी में उपस्थित दिखलाया है।

श्लो० १८—स्वचक्रोद्धतः इत्यादि—स्वचक्रैः उद्धतं रेणूनां दुर्दिनं येन तम् क्षणैः।

श्लो० १९—भग्नो गहनलोभेन—इसकी जगह त्रिवेन्द्रम् संस्करण में 'वाहनलोभेन' है। किन्तु यह संस्करण कहीं उपलब्ध नहीं है।

श्लो० २१—नदीस्रोत इवाविद्धः—इसी तरह इस शब्द का प्रयोग विक्रमोर्वशीय ४,२८ में है। यथा-'यथाविद्ध यातिस्खलितमभिसंधाय बहुशः।'

श्लो० २२-स्रवति—इसका प्रयोग प्रेरणार्थक क्रिया के रूप में यहाँ है। 'बहने की प्रक्रिया', अन्तर्भावितण्यन्तार्थत्वादिति।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्लो० २३—अक्षयतूणित्वम्—अक्षये तूण्यौ यस्य सः अक्षयतूणिस्तस्य भावः तत्त्वम्। यह अर्जुन या उसके धनुष की ओर संकेत करता है जिसका तरकस कभी खाली नहीं होता है। यह अक्षय तूणीकत्व का संक्षिप्त रूप है। अन्त में इस सामासिक शब्द के स्वरतूणिः के संयोग के कारण ही कप् प्रत्यय का 'क' लुप्त है।

श्लो० २४—किमिदमिति—इस शब्द में चिन्तयन्ति का समावेशकर हम अर्थ कर सकते हैं—यह क्या हो रहा है ऐसा सोचकर चकरा गये हैं।

श्लो० २६—सौभद्र स्वशरैः—उत्तरः कुमारः किं स्वशरैः सौभद्रं न घर्षयति, अवश्यं जयतीति भावः। पितुः प्रत्ययात् अर्थात् अर्जुनस्य जगदेकवीरताख्यातेः भीतः शङ्कितः सन् संसृष्टोऽपि अभिमन्युना सहकृतमैत्रीकोऽपि सौभद्रवयसा समानं वयः रक्षति। समानवयसोर्हि, तयोर्मैत्रीभावो जायमानो वयः कारणक एव संभवतीति भावः। यो राजकुमार उत्तरः परशुरामेण सह युद्धेऽपि अप्राप्तक्षतं भीष्मं तथा मन्त्रायुधम् द्रोणाचार्यमेवं कर्णं जयद्रथम् तथाऽन्यान् बहून् नृपतीन् पराभूतवान् तस्यैव कुमारस्याभिमन्युना सह जायमानं सख्यं तयोस्तुल्यवयसोर्युक्तमेव, समवयसोर्हि सख्यस्य स्वाभाविकत्वम्। अतएव च सख्यादभिमन्युं नाभिभवति कुमार इति पं० रामचन्द्र मिश्रः।

भीष्मं रामशरैः—महाभारत उद्योगपर्व १७९–१८६ में वर्णन है कि एक बार भीष्म का युद्ध परशुराम के साथ हुआ था जिसमें परशुराम ने अपनी हार स्वीकार की थी। यहाँ इसी कथा की ओर संकेत है।

श्लो० २७—आलम्बितो भ्रमति—यहाँ सारथी अर्जुन (बृहन्नला) की असमर्थता का वर्णन है। सारथी रथ को आगे पीछे इस तरह घुमा रहा है जैसे वह आक्रमण का एकमात्र बहाना कर रहा है, वस्तुतः उसे किसी पर आक्रमण करना है ही नहीं। अतः अभिमन्यु की मार से अपने को बचाते हुए रथ को नचा रहा है।

योग्योपदेशमिव—योग्यायाःउपदेशम्। योग्या का यहाँ अर्थ 'अभ्यास' से है। अभ्यास का तात्पर्य रथचर्या से है।

अवजितम् गोग्रहणम्—गायों को लूटने वाले लुटेरे पराजित हो गये हैं, यह अभिव्यक्ति अनूठी है। यह भी संभव है कि अवसितम् की जगह अवजितम्

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पाठ हो गया हो। अवसितम् कहने पर अर्थ परिवर्त्तित होकर ध्वनित होता है। 'अब गोग्रहण का युद्ध समाप्त हो गया।

दृष्टपरिस्पन्दानाम्—परिस्पन्दः नायकत्व का बोधक है। यथा चारुदत्त २–२०४ योगपुरुषाणां..... पुस्तकमारोपयति। इसी तरह अभिषेक ४–१८ क्रमान्निवेश्यमानासु सेनासु वृन्दपरिग्रहेषु परीक्ष्यमाणेषु पुस्तकप्रामाण्यात् कुतश्चिदपि अविज्ञायमानौ द्वौ वनौकसौ गृहीतौ।

श्लो० २८—श्लाघनीयेन कर्मणा—इसकी तृतीया विभक्ति 'हेतौ तृतीया' के कारण ही है। 'अप्रतिम साहस के कारण घायल। इसका अर्थ है 'श्लाघनीये कर्मणि ताडितस्य'।

श्लो० २९—गाण्डीवेन—.....प्रतिस्पर्धितमासीत्—आततगुणेन (भवता) गाण्डीव धनुष पर मौर्वी चढ़ाने में मुझे कुछ देर तक कष्ट हुआ। बाण को पकड़ने और छोड़ने में दृढ़ता नहीं रही, कुछ देर तक धानुष्क की स्थिति में पटुता का अभाव रहा। स्त्री वेश में रहने के कारण मुझे ये सारी वस्तुएँ अभिनव प्रतीत होती रही। पर शीघ्र ही मेरा पुरुष स्वभाव मुझे स्मरण हो आया।

श्लो० ३०—लज्जायमानेन—लज्जा से 'सुखादिभ्यः क्यङ् कर्तृवेदनायाम्' पा. ३।१।१८ से क्यङ् करने पर लज्जायमान रूप बना—अनेन स्त्रीवेषेण हेतुना लज्जामनुभवतेति।

यात्रा तु तावत्—यहाँ यात्रा का अर्थ संचार है। अर्थात् शत्रुओं की यात्रा बाण वर्षा में होने लगी। कलुषः—लहूलुहान।

श्लो० ३१—जित्वापि गाम्—यहाँ गाम् = गाः—जातावेकवचनम्। ये विराट के सभी गायों को लौटा लाये।

श्लो० ३२—त्रिदण्डधारी—त्रयाणाम् दण्डानां समाहारः त्रिदण्डम्, पात्राद्यन्तस्य न' इत्यनेन स्त्रीत्वनिषेधः। त्रिदण्डत्वेन—

वाग्दण्डोऽथ मनोदण्डः कायदण्डस्तथैव च।
यस्यैते निहिता बुद्धौ त्रिदण्डी स निगद्यते॥ मनु० १२।१०।

श्लो० ३३—परिभूतपूर्वकम्—पूर्वं परिभूतं परिभूतपूर्वम्। कुत्सायां कन्—परिभूतपूर्वकम्। पूर्वतिरष्कृत।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संस्कृतमभिधीयताम्—बृहन्नला स्त्री पात्र होने के कारण प्राकृत में बोल रही थी, किन्तु, रणरूप ओजस्वीकर्म होने के कारण उसके वर्णन में संस्कृत भाषा में बोलने को कहा गया। इस सम्बन्ध में दर्शनीय हैं—

कार्यतश्चोत्तमादीनां कार्यो भाषाव्यतिक्रमः। दशरूपकम् तथा—कालावस्थान्तरकृतं योज्यं पाठ्यं तु संस्कृतम्—भरतमुनि।

वृष्णिपाण्डवनाथस्य—वृष्णयः पाण्डवाश्च नाथा यस्य तस्य। लोग ऐसा सोच सकते हैं कि अभिमन्यु श्रीकृष्ण एवं पाण्डवों द्वारा संरक्षित है। अतः इन दोनों के भय से विराट ने कैदी अभिमन्यु का इतन सम्मान किया।

यादवीपुत्रः—अभिमन्युः। यादवी सुभद्रा के लिए प्रयुक्त हुआ है।

श्लो० ३९—स्वविभवैः—यहाँ 'स्व' का अर्थ विवादास्पद है। स्व शब्द का प्रयोग पाण्डवों के लिए भी हो सकता है और 'हमारे लिए' भी हो सकता है। यदि इसे पाण्डवों के लिए प्रयुक्त मानें तब अर्थ होगा 'पाण्डव अपनी श्रेष्ठता के कारण हमारे मित्र है।' यदि स्वशब्द का प्रयोग 'नः' के लिए हुआ है तब अर्थ होगा—सम्पूर्ण सम्पदा के साथ हमारे लिए वे अतिथि के रूप में पूज्य हैं।

श्लो० ४०—लज्जते ह्येष पुत्रम्—पुत्रमुद्दिश्य लज्जते। मेरे सामने पुत्र से मिलने में वह लज्जा का अनुभव करता है। यहाँ 'लज्ज्' धातु का सकर्मक प्रयोग अनियमित है।

श्लो० ४२—तं च श्रमं प्रथमम्—यहाँ श्रम शब्द का प्रयोग 'तं श्रमं' और 'प्रथमं श्रमम्' के रूप में हुआ है। प्रथम के अनुसार पाँच व्यक्तियों को अपने कंधे पर भार लेने के अर्थ में है तथा यहाँ इसका प्रयोग किसी एक व्यक्ति को रथ से उतारने के अर्थ में है।

श्लो० ४३—तनिमार्जितोदरः—तनिम्ना अर्जितम् उदरं यस्य। यहाँ अर्जितम् का अर्थ संस्कृतम् है यथा 'सम्पादितसौष्ठवम्।' 'अर्ज अतियत्ने' चुरादिः। स्थिरोन्नतांसोरुमहान्—स्थिरोन्नतांसश्च ऊरुमहान् ऊर्वोर्महांश्च। विशेषणोभयपद कर्मधारयः। यह एक अनियमित यौगिक है।

भुजैकयन्त्रितः—एकभुजयन्त्रितः। यहाँ एक का परनिपात अनियमित है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्लो० ४४—करेणुशोभाभिरिवार्पितो गजः—यहाँ 'शोभा' का अर्थ है आभूषण। अर्पित का अर्थ है संयोजितः। ऋ धातु का णिजर्थक भूतकालिक क्रिया है।

श्लो० ४५—पूर्वयुद्धे—इदम् प्रथमे युद्धे अर्थात् 'अपने प्रथम युद्ध में हार' को बात जानकर एवमुद्दिश्य वासुदेवः रुष्यते। यहाँ रुष्यते का आत्मनेपद अनियमित है।

भीमसेन ने व्याकुल होकर 'अर्जुन' का नाम लेकर ही उन्हें सम्बोधित किया। आवेश में वे इस बात को भूल गये कि वे छद्मरूप में अज्ञातवास कर रहे हैं। अर्जुन ने भीम के इस आवेश को ठीक से समझा और भीम द्वारा की गई गलती को सुधारते हुए भीम की बात को बीच में काट कर कहा हाँ हाँ यह अर्जुन पुत्र ही है। इस तरह बीच में ही भीम की बात को काटते हुए अर्जुन ने उन्हें याद दिलाना चाहा। इसतरह परिचय दिलाना समय से पूर्व घातक सिद्ध हो सकता है।

श्लो० ४६—इष्टापत्त्या—द्रौपदी के साथ सम्बन्धित है। इष्टापत्त्या में 'अनचिच' पा० ८।४।४६ के अनुसार तकार को द्वित्व हुआ है। यहाँ 'इष्टापत्ति' शब्द दोनों ही स्थिति से सम्बद्ध है। पुत्र का शत्रु के हाथ में सौपना अनुचित है, पर इसे केवल इसलिए यहाँ ले आया हूँ, कि इसे देखकर दुःखिनी द्रौपदी को सान्त्वना मिले।

श्लो० ४७—इहायं समदाचारो ग्रहणं परिभूयते—यह दुहरे प्रश्नों से सम्बन्धित वाक्य है क्या यहाँ यही शिष्टाचार है? क्या मैं बन्दी होने के कारण अनादरित हो रहा हूँ? अथवा—क्या मैं इस केद में हूँ, इसीलिए तुम मुझे अपमानित करोगे?

श्लो० ४८—पितृवदाक्रम्य—तुम मुझसे इस तरह बातें कर रहे हो जैसे मेरे पिता हो मेरे साथ तुम्हारा व्यवहार या वार्त्तालाप ऐसा हो रहा है जैसे कोई पिता अपने पुत्र से बातें कर रहा हो।

संसृष्टः—सम्बन्धी—'तुम्हारे स्वजन' यह अभिमन्यु की व्यङ्ग्योक्ति है। क्योंकि वे इस बात को बिल्कुल पसंद नहीं कर रहे थे कि श्रीकृष्ण जैसे महापुरुष और सुभद्रा जैसी उसकी माँ के सम्बन्ध में नाम लेकर या सम्बन्धी की

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तरह कोई अदना आदमी इस तरह प्रश्न पूछे। अतः वे जलभुनकर कहते हैं हाँ, हाँ वे तुम्हारे सम्बन्धी सकुशल हैं।

हस्यते—इसका 'भावे प्रयोगः' होना चाहिए। भवद्भिः हस्यते मां (उद्दिश्य इति शेषः)।

श्लो० ५०—अलमात्मस्तवं कर्त्तुम्—यहाँ कर्त्तुम् का प्रयोग नकारात्मक अव्यय अलं के साथ अनियमित है। इसे 'अलंकृत्वा' होना चाहिए।

श्लो० ५१—सरथतुरगदृप्तनागयोधे—रथैः तुरगैः दृप्तनागैः योधैश्च सहिते गच्छति 'सैन्ये' या युद्धरङ्गे अन्तर्निहित है। इन नाटकों में 'योध' की जगह बहुधा 'योध' शब्द प्रयुक्त हुए हैं।

श्लो० ५५ सहजौ मे प्रहरणम्—यह विचार अनेक नाटकों में प्राप्त है यथा—अयं तु दक्षिणो बाहुः आयुधं सदृशम् मम। मध्यम व्यायोग १.४२. और वयमपि च भुजायुधप्रधानाः। अविमारक २–११ गिरीतटं कठिनांसावेव बाहू ममैतौ प्रहरणमपरं तु त्वादृशां दुर्बलानाम् ३–१२, इसी प्रकार मृच्छकटिक ३–१६ भीमस्यानुकरिष्यामि शस्त्रं बाहुर्भविष्यति।

तस्यैतत्सदृशं वचः—यथा इदमुपपन्न पितुर्मे भीमसेनस्य मध्यमव्यायोग १–४२ मध्यमस्तातः—यह शब्द एक प्रकार की उत्सुकता प्रदान करता है। महाभारत के अनुसार भीम युधिष्ठिर के बाद जन्म लिए थे। फिर भी उन्हें मध्यमतात अभिमन्यु ने क्यों कहा। मध्यम तो पाँचो पाण्डवों के बीच अर्जुन ही थे। फिर भीम के लिए मध्यम शब्द का प्रयोग चौंकाने वाला है।

अनन्तरा वयं ब्राह्मणेषु—यद्यपि इसका उत्तर उनके लक्ष्यों पर था, फिर भी वे एक ब्राह्मण के साथ उलझना नहीं चाहते थे। इस नाटक में ब्राह्मणों को अत्यधिक प्रतिष्ठा दी गई है।

श्लो० ५७—योक्त्रयित्वा—बद्धं विधाय योक्त्रवन्तं कृत्वा। योक्त्र उस डोरी का नाम है जिससे गाड़ी के जुओं पर बैल को बाँधा जाता है। योक्त्रयित्वा अर्थात् योक्त्रवन्तं कृत्वा यथा—योक्त्रयामास बाहुभ्यां पशुं रशनया यथा। महाभारत तृ० पर्व २२–६१ तुलयित्वा हल्के पन के साथ।

असहयं कर्म—असहनीय दृश्य, भयावह कर्म। नीतः कृष्णः तदर्हताम्। श्रीकृष्ण ने कंस का बध कर दिया अत्याचारी कंस जरासंध का जामाता था।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उसने कृष्ण से बदला लेने की प्रतिज्ञा की। उसने सम्पूर्ण यादव वंश का विनाश करने का शपथ लिया था। अपने इस नीच उद्देश्य की पूर्त्ति के लिए उसने १८ बार श्रीकृष्ण को मथुरा में घेरा था। अन्ततः श्रीकृष्ण उससे बचकर मथुरा छोड़कर द्वारिका भाग आये थे। उससे बदला लेने की बात श्रीकृष्ण सोच ही रहे थे कि भीम ने उसकी हत्या कर दी। अतः उसी दिन से अतदर्ह= जरासन्धवधानर्ह, बनाये गये।

श्लो० ५८—न ते क्षेपेण रूष्यामि—इस श्लोक के अपराद्ध का विश्लेषण करने से—'अहम् कथं तिष्ठति यातु इति उक्त्वा किं नापराद्धः (भवेयम्) क्या मै क्रोद्ध न करूँगा यदि कहूँ 'वह कैसे खड़ा है ? (मेरी उपस्थिति में) उसके साथ अलग हट जाओ। इसी की व्याख्या दूसरी तरह से भी की जा सकती है "क्या" कहते हुए, क्या मैंने तुम्हें क्रुद्ध नहीं किया ? 'किमुक्त्वा नापराद्धोऽहम्' अथवा—यह मैं कैसे कह सकता हूँ—'तुम जा सकते हो' यहाँ तक कि जब तुम स्वयं यहाँ खड़े हो। तिष्ठति (त्वयि) कथं यातु इति (ब्रवीमि) लेकिन यह एक विचित्र प्रयोग है। इसी तरह प्रतिमा नाटक के चतुर्थ अङ्क के श्लोक ५ में हम देखते हैं—भक्तिमान् आगतः कश्चित् कथं तिष्ठतु यात्विति। प्रत्युत यहाँ तिष्ठतु की जगह तिष्ठति का प्रयोग होना चाहिए। 'कथं तिष्ठतु यातु इति किमुक्त्वा नापराद्धोऽहम्। क्या मैं कह सकता हूँ 'खड़े रहो' या मैं कह सकता हूँ 'चले जाओ' क्या ऐसा कहकर मैं तुम्हारे विषय में अपराधी नहीं साबित होऊँगा ?

श्लो० ६०—मिथ्याप्रशंसा इत्यादि। इस श्लोक की प्रथम पंक्ति की व्याख्या करें—येषां तु मिथ्यावचनेषु भक्तिः (तेषां अन्तर्निहित है) मिथ्या प्रशंसा खलुनाम कष्टा। यहाँ उन बन्दियों चारणों या भाटों की ओर संकेत है जो मिथ्यास्तुति के अभ्यस्त हैं। वाचानुवर्त्ती—वाङ्मात्रेण तद्वचनमङ्गीकुर्वन् मैं भी मुख से उनकी प्रशंसा करता हूँ पर, हृदय से लज्जित हो रहा हूँ।

इदमाख्यास्यते—आख्यास्यते, की व्याख्या आगे के श्लोक में 'किणम्' के साथ है। 'तुम्हारे असली परिचय का रहस्योद्घाटन इस हाथ पर के चिह्न से हो जायेगा। 'किण' शब्द पुंलिंग है। पर, यहाँ इसका प्रयोग नपुंसक लिंग की तरह हुआ है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्लो० ६४–सन्निरोधविवर्णत्वात्—'दबाव के द्वारा रङ्गहीन करना।' ठीक तीर की जगह। गोधास्थानम् अर्थात् मणिबन्ध पर।

श्लो० ६९–यस्त्रयोदशवर्षान्ते—यत्तद् द्वादशवर्षान्ते, यह वर्णन प्रथम अङ्क के श्लोक ४८ एवं द्वितीय अङ्क के श्लोक ६३ के अनुरूप है।

उत्तरा सन्निकर्षस्तु मां बाधते—उत्तरा के साथ यह घनिष्ठता मेरे लिए कष्टप्रद है। यह सोचकर विराट हृदय से दुःखी थे कि अन्तःपुर में अर्जुन ने उत्तरा की एकान्त घनिष्ठता प्राप्त की है। साथ ही उत्तरा के चरित्र के सम्बन्ध में भी वे संदिग्ध हो उठे।

गोग्रहणविजयशुल्कार्थम्–गोग्रहण विजय एवं शुल्कं तस्मै। गोहरण युद्ध में अर्जुन ने विजय प्राप्त की थी। इसके उपलक्ष्य में विराट ने अपनी पुत्री उत्तरा को बधू के रूप में उन्हें समर्पित किया। यह उत्तरा गोग्रहणविजयशुल्क के रूप में समर्पित की गई।

एतदवनतं शिरः—युधिष्ठिर ने बड़ी गहराई से विराट के कथन पर चिन्तन किया। अर्जुन के चरित्र पर भी कोई संदेह कर सकता है, यह सोचकर ही उन्होंने कहा मेरा शिर झुक गया।' पाण्डव अपने चरित्र के लिए सब दिन 'उच्चैः शिरस' रहे हैं। वे अपने शिर सदा ही ऊँचा रक्खे हैं। लेकिन, यह काम मेरे लिए उचित नहीं कहा जा सकता है। युधिष्ठिर ने एक सामान्य बात पर बड़ी गहराई से चिन्तन किया है।

तृतीयोऽङ्कः

श्लो० १—परिभूय पाण्डवान्—अन्यत्र–परिभूयबान्धवान्। कुरुभिर्न रक्षितः। गणपतिशास्त्री 'न रक्षितः' को एक यौगिक शब्द मानते हैं। नञर्थस्य न शब्दस्य सुप्सुपेतिसमासः। क्रियतां व्यपत्रपा—गणपतिशास्त्री ने इसकी व्याख्या की है—व्यपत्रपा लज्जा क्रियताम् अनुभूयताम् अर्थात् कुरुभिः।

श्लो० २–रणपटुरपनीतः–पाठान्तर, रणभुव उपनीतः। देवतैः शरैः—देवतासंबन्धिभिः शरैः दैवी बाणैः।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

पुरुषसारम्—पुरुषश्रेष्ठम्। मजबूत आदमी। मनुष्यों में सर्वोच्च। यावदस्त्रं बलं वा। वाक्य बड़ा ही जटिल है। यावत् अस्त्रं और बलं को संपुष्ट करता है और इसका अर्थ लगाया जाता है कितना और क्या? अतः कथय क्रिया के तीन कर्म हैं—पुरुषसारम्, यावदस्त्रम्, और बलम् च। मुझसे कहो, यह शक्ति कौन है? और इसका अर्थ क्या है? इस श्लोक की अन्तिम पंक्ति का अर्थ है—'उसको ललकारने के लिए बलवान् दूत को उसके पास भेजता हूँ।' लेकिन, संवाद-वाहक का बलवान् होना क्यों आवश्यक है? और संवादवाहक को ही क्यों भेजा जाय? क्यों न शत्रु पर सीधे आक्रमण ही कर दिया जाय। अतः महामहोपाध्याय गणपतिशास्त्री का कथन है कि 'बलवत् इषुदूतान्' मूल अर्थ के रूप में मैं तेजस्वी बाण को शत्रु के पास भेजूँगा जो वहाँ मेरा संवादवाहक का काम करेगा।

श्लो० ३—**भग्नापयानेष्वनभिज्ञदोषः**—भग्न का अर्थ यहाँ 'पराजय' लिया गया है। इस अर्थ में भग्न शब्द का इस नाटक में अनेकशः प्रयोग हुआ है। यथा—नृपाः भीष्मादयो भग्नाः २–४१ अतः अभिव्यक्ति का अर्थ पराजित व्यक्तियों के अपमान से है। अनभिज्ञदोषः दोषानभिज्ञः, खतरे से लापरवाह। फिर भी गणपतिशास्त्री ने इसकी व्याख्या की है—अनभिज्ञः इति एवं रूपो दोषो यस्य सः अथवा—अनभिज्ञत्वं अनिपुणत्वं दोषो यस्य सः इति।

मोक्षयामि—मोचयामि के अर्थ में मोक्षयामि का यहाँ प्रयोग है। यथा—अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः। भगवद्गीता।

श्लो० ४—**ज्ञातिभेदः**—दायादवैरम्। गृहविरोध। वक्तृभिः—विद्वद्भिः बुद्धिमान् अथवा दूषकैः—मेरानिन्दक। मयि तु दोषः—मयि एव अथवा तु का अर्थ विशेषण माना जा सकता है—मयि विशेषेण—खाकसर मेरे ऊपर है।

श्लो० ५—**मा तावत् स्वजनभयात्**—मा तावत् की व्याख्या 'स मोक्षयितव्यः' के रूप में होनी चाहिए। उसे दुर्योधन को ही मुक्त कराना चाहिए। न केवल स्वजनों के भय से अथवा उसके शिशु त्व के कारण प्रत्युत वह तुम्हारे (दुर्योधन) के लिए ही इतनी बड़ी विपत्ति से गुजरा है। और, हम लोग उसे बचाने में असमर्थ रहे। अपनी प्रतिष्ठा को कायम रखने के लिए भी उसे मुक्त कराना आवश्यक होगा।

श्लो० ६—**अवगतः**—अवगतिः ज्ञानम्।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रणाजिरात् अवजितम्—यहाँ अपादानकारक प्रसंग का अनुसरण नहीं कर पाता है। रणाजिरात् की जगह इसे रणाजिरे होना चाहिए। रणाजिरात् 'अपगतम्' का प्रयोग दामोदर के साथ होना चाहिए। पर, ध्यान रखना चाहिए कि दामोदर युद्ध के मैदान से बहुत दूर थे। बलमहान्—एक विशेष कथन है—बले अर्थात् बलविषये महान्—शक्तियुक्त। वाणैरप्यवकृष्यते—योद्धा भी पकड़े जा सकते हैं और उन्हें अपने दुश्मनों के द्वारा उनके बाणों से कैद किया जा सकता है। अवकृष्यते = अवजित्य गृह्यते।

श्लो० ९—गर्वितांक्षरैः—प्रौढैः वाक्यैः साभिमान् शब्दों के द्वारा।

श्लो० १०—न्यस्तचापस्करे—इस श्लोक में दो चकार दो दृश्यों के द्योतक हैं। अतिक्रम्य अपस्करे योधासनस्थाने रथावयवे करः निजहस्तो न्यस्तः स्थापितः। आपस्कर की जगह अपस्कर का प्रयोग दर्शनीय है। स्यादरथाङ्गमपस्करः इत्यमरः।

श्लो० ११—पदातिनैवावजितो जयद्रथः—यह कथन युक्तिसंगत नहीं है। महाभारत वनपर्व २६० के अनुसार पहले जयद्रथ और भीम दोनों ही रथ पर सवार थे। बाद में दोनों ही रथ से उतर कर, तब तक युद्ध करते रहे जब तक जयद्रथ ने अपनी हार स्वीकार नहीं कर ली।

अहोहास्यमभिधानम्—यही अभिव्यक्ति प्रतिज्ञा में भी दो दो बार आई है—अंक चार श्लोक १९ की तीसरी पंक्ति एवं उसी अंक के दशम श्लोक की चतुर्थ पंक्ति एवं दूतघटोत्कच प्रथम अंक ३७ वें श्लोक के बाद की प्रथम पंक्ति।

श्लो० १४—वयं व्यपाश्रित्य—इस श्लोक की प्रथम पंक्ति में 'प्रयामः' है जब कि दूसरी पंक्ति में 'प्रयातौ' का प्रयोग है। इन दोनों रूपों को देखते हुए निश्चय ही वर्त्तमानकालिक रूप में दोनों क्रिया की सार्थकता सिद्ध हो सकती है।

श्लो० १६—निसृष्टशुष्काशनिगर्जितंघनः—निसृष्टं (जनितम्) शुष्काशनिगर्जितम् येन तत् जो वर्षाविहीन बादल की गर्जना—तर्जना है।

ननु जानीते भवान्—इसकी व्याख्या इससे पूर्व के श्लोक की प्रथम पंक्ति के साथ की जाती है। 'न च श्रोत्रं प्रयच्छति भवान्' क्या आपने इसे सुना नहीं ? क्या आपने इस पर अपना ध्यान नहीं दिया ?

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

श्लो० २०—यौधः स्यादर्जुनो नाम—यौधः योधः के लिए प्रयुक्त है। इस नाटक में इसके अनेकशः प्रयोग द्रष्टव्य हैं। प्रज्ञादित्वात् स्वार्थेऽण् प्रत्ययः।

श्लो० २१—यावद्दृष्टेयुधिष्ठिरे—यावत् का प्रयोग एव के अर्थ में हुआ है। एव यहाँ अवधारणार्थक है। युधिष्ठिरे दृष्टे एव।

श्लो० २५—यथापुरम्—यथापूर्वम्—पुरा अनतिक्रम्य यथापुरम्।

मृतेऽपि—मरणेऽपि के अर्थ में।

महारथ—

एकादशसहस्राणि योधयेयस्तुधन्विनाम्।
शस्त्रशास्त्रप्रवीणश्च विज्ञेयः स महारथः॥

फाल्गुनः—अर्जुन का ही फाल्गुन दूसरा नाम है—अर्जुन का यह नामकरण क्यों हुआ इसका उत्तर महाभारत के शब्दों में—

उत्तराभ्यां फाल्गुनीभ्यां नक्षत्राभ्यामहंदिवा
जातो हिमवतः पृष्ठे तेने मां फाल्गुनः विदुः।

श्लो० २६—प्रवृद्धकुलसंग्रहाः—प्रवृद्धः (प्रकर्षेण वृद्धि प्राप्तः) कुलस्य (कुरुवंशस्य) संग्रहः उच्छ्रायः येषाम्। संग्रह का यहाँ प्रयोग उच्छ्राय के अर्थ में है। उच्छ्राय अर्थात् महानता। यथा—संग्रहाः पुनः। स्वीकारोच्छ्राय संक्षेपाः। इति केशवः।

राजसिंहः—भास ने अपने अनेक नाटकों यथा अविकारक, अभिषेक, प्रतिमा और पञ्चरात्रम् के भरतवाक्य में राजसिंह का उल्लेख किया है। किन्तु राजसिंह के सम्बन्ध में इतिहास कुछ नहीं कहता है। पता नहीं ये राजसिंह (भास के आश्रयदाता) कहाँ के राजा थे?

पञ्चरात्र में वर्णित स्थानों का परिचय

१. अङ्ग—आधुनिक बिहार के भागलपुर जिले का दक्षिणी क्षेत्र प्राचीन काल में अङ्गदेश के नाम से प्रख्यात था। इस देश का राजा कुन्तीपुत्र कर्ण था। अंग देश की तात्कालिक राजधानी अङ्गपुरी या चम्पानगरी थी। प्रतापी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

एवं दानी कर्ण इस क्षेत्र का प्रशासक था, इसके प्रमाणस्वरूप मुंगेर की कर्ण-चण्डी, मीरकासिम के किले में अवस्थित कर्णचौरा एवं भागलपुर की पार्श्व-भूमि में स्थित कर्णगढ़ आज भी साक्ष्यभूत है। बिहार विधान सभा के भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ० सुधांशु ने बिहार की मैथिली, मगही और भोजपुरी की तरह इस क्षेत्र की बोली को 'अंगिका' के नाम से प्रतिस्थापित करने की सफल चेष्टा की थी।

२. कुरु—गीता का कुरुक्षेत्र ही 'कुरु' देश के नाम से प्राचीनकाल में प्रसिद्ध था। कौरवों के पूर्वज कुरु नृपति के नाम पर ही इस देश का नामकरण किया गया था। आधुनिक दिल्ली का उत्तराञ्चल ही प्राचीन 'कुरु' है।

३. गान्धार—आधुनिक 'कान्धार' प्रदेश ही प्राचीनकाल में गान्धारदेश के नाम से ख्यात था। इसकी आधुनिक भौगोलिक सीमा भारत और पर्सिया के बीच में है। यह आधुनिक 'इन्डस' का पश्चिमी भाग है।

४. खाण्डव—कुरुक्षेत्र प्रदेश में विद्यमान देवराज इन्द्र का एक प्रियवन था जिसे अर्जुनने श्रीकृष्ण की सहायता से कभी आग में जला दिया था। यह वन यमुना नदी के उत्तरीय तट पर अवस्थित था।

५. दक्षिणापथ—आधुनिक 'डेकान' का प्राचीन नाम दक्षिणापथ था।

६. विराट—आधुनिक धौलपुर का ही प्राचीननाम विराट था। यही विराट नगर मत्स्यदेश के नाम से प्रसिद्ध था। यह धौलपुर के पश्चिम जयपुर से लगभग ४० मील उत्तर में विराटा नाम से प्रसिद्ध है। संभवतः यही विराटा उस समय विराट की राजधानी रही हो।

७. सिन्धु—प्राचीन भारत के इतिहास में इसका महत्वपूर्ण स्थान था। इसी के नाम पर 'हिन्दू' नामकरण हुआ है। यहाँ ही भारतीय संस्कृति फूली फली। एक समय महाभारत का प्रसिद्ध वीर जयद्रथ यहाँ राज्य करता था। यह आधुनिक इन्डस के आसपास की भूमि है। मालवा होकर बहने वाली सिन्धुनदी की तटवर्ती भूमि भी सिन्धु देश के नाम से ख्यात है।

८. हस्तिनापुर—यहाँ ही भरत की राजधानी थी। भारत के प्रशासन सूत्र का यही से बीजारोपण हुआ था। यह भारत की वर्त्तमान राजधानी दिल्ली से लगभग ५६ मील पश्चिमोत्तर में बसी थी। कौरवों की यही राजधानी थी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

पञ्चरात्र में प्रयुक्त छन्दों का विवरण

अक्षर.सं०	प्रयुक्त छन्दों का नाम	कहाँ प्रयोग किया गया	श्लोकों की कुल संख्या	छन्दों की परिभाषाएँ
८	(१) अनुष्टुप्	प्र० अं० २,७,८,११,१२,१३,१४ १७,१८,२६,२८,३४,३५,३७, ३८,४३,४४,४६,५०–५६ द्वि अं० ४,६,८,१२–१४,१६, १७,१९–२१,२३,२५,२८,३४, ३६-३८,४१,४७–५०,५२,५३, ५५–५९,६१–६९,७१,७२ तृ० अं० ९,१०,१३,१५,१७-२१, २३–२६	७९	(१) पञ्चमं लघुसर्वत्र सप्तमं द्विचतुर्थयोः । गुरुषष्ठं च पादानां चतुर्णां स्यादनुष्टुभिः ।
११	(२) इन्द्रवज्रा	प्र० अङ्क १,२५,३३,४२,४९, द्वि० अं० ११,७०, तृ० अङ्क ३.	८	(२) स्यादिन्द्रवज्रा यदितौ जगौ गः
,,	(३) उपेन्द्रवज्रा	प्र० अङ्क १५.	१	(३) उपेन्द्रवज्राजतजास्ततोगौ ।
,,	(४) उपजातिः	प्र० अं० १०,२१,२९,४५,४८द्वि. अं० ९,३०,६० तृ० अं०१२,१४	१०	(४) अनन्तरोदीरितिलक्ष्म भाजौ पादौ यदीयावुपजातयस्ताः
,,	(५) शालिनी	प्र० अं० २४,३०, द्वि० अं० २, १०,४०.४६.	६	(५) मात्तौ गौ चेच्छालिनी वेदलोकैः ।

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

१२/१३	(६) पुष्पिताग्रा	प्र० अं० १९,३२ द्वि० अं०३५,५१	४	(६) अयुजि न युगरे फतो यकारो युजि च नजौ जरगाश्च पुष्पिताग्रा ।
१२	(७) वंशस्थ	प्र० अं० २२,२७ द्वि० अं० १, १८,३२,३३,४३,४४, तृ० अं० १,८,११,१६,	१२	(७) जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ ।
१३	(८) प्रहर्षिणी	द्वि० अं० ३,५४, तृ० अं० ५	३	(८) त्र्याशाभिर्मनजरगाः प्रहर्षिणीयम् ।
१४	(९) वसन्तति०	प्र० अं० २०,३१,३६,३९,४१, द्वि० अं० २७,३१,४२, तृ० अं० २२,	९	(९) ज्ञेया वसन्ततिलका तभजा जगौ गः ।
१५	(१०) मालिनी	प्र० अं० ४०,४७, द्वि० अं० ५, १५,४५ तृ० अ० २,४,	७	(१०) ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः ।
१७	(११) शिखरिणी	प्र० अं० ३,१६,२३, द्वि० अं० ७,२२,२४,	६	(११) रसैरुद्रैश्छिन्ना यमनसभलागः शिखरिणी ।
१९	(१२) शार्दूलवि०	प्र० अं० ४,५,९,५७ द्वि० अं० २६,२९,३९ तृ० अ०—६,७,	९	(१२) सूर्याश्वैर्यदिमः सजौ सततगाः शार्दूलविक्रीडितम् ।
२०	(१३) सुवदना—	प्र० अं०—६	१	(१३) ज्ञेयासप्ताश्वषड्भिर्मरभनयुताम्लौ गः सुवदना ।
			१५५	

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पञ्चरात्र में प्रयुक्त सुभाषित

अकारणं रूपमकारणं कुलं महत्सु नीचेषु च कर्म शोभते । २/३३

अकाले स्वस्थवाक्यं मन्युमुत्पादयति । २/२०-१

अच्छलो धर्मः । १/४८-१

अतीत्य बन्धून् अवलङ्घ्य मित्राण्याचार्यमागच्छति शिष्यदोषः । १/२३

अर्थित्वादपरिश्रान्तः पृच्छत्येव हि कार्यवान् । २/६

एकोदकत्वं खलु नामलोके मनस्विनां कम्पयते मनांसि २/९

को वा पुत्रं मर्षयेच्छत्रुहस्ते ? २/४६

ताडितस्य हि योधस्य श्लाघनीयेन कर्मणा,
अकालान्तरिता पूजा नाशयत्येव वेदनाम् ॥ २/२८

न च दहति न कश्चित् सन्निकृष्टो रणाग्निः । २/१५

न विस्तार्हाणि विप्रियाणि २/३-६

नोत्सहन्ते महात्मानो आत्मानमपस्तोतुम् । १/२७-१

न्यस्तशस्त्रं हि को हन्यात् । २/५२

परोक्षे न स्वर्गो बहुगुणमिहैवेष फलति । १/२३

भेदाः परस्परगताः हि महाकुलानां धर्माधिकारवचनेषु शमीभवन्ति १/४१

मिथ्या प्रशंसा खलु नाम कष्टा । २/६०

मृतेऽपि हि नरा सर्वे सत्ये तिष्ठन्ति तिष्ठति । ३/२५

रूपेण स्त्रियः कथ्यन्ते पराक्रमेण तु पुरुषाः । ३/–८-३

श्रीर्न संतोषमिच्छति । २/८

सति च कुलविरोधे नापराध्यन्ति बालाः ३/४

सर्वमिष्टेषु कथ्यते । ३/१३

सान्त्वं हि नाम दुर्विनीतानामौषधम् । १।४०-४

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पञ्चरात्रगत नाटकीय विषय

१. समवकारः—

वृत्तंसमवकारे तु ख्यातं देवासुराश्रयम्,सन्धयो निर्विमर्शोस्तु त्रयोङ्कास्तत्र चादिमे ॥ सन्धी द्वावन्त्ययोस्तद्वदेक एको भवेत्पुनः,नायका द्वादशोदात्ताः प्रख्याता देवमानवाः ॥ फलं पृथक् पृथक्तेषां वीरमुख्योऽखिलो रसः, वृत्तयो मन्दकैशिक्यो नात्रबिन्दुप्रवेशकौ ॥ वीथ्यङ्गानि च तत्र स्युर्यथालाभं त्रयोदश, गायत्र्युष्णिङ्मुखान्यत्रच्छन्दांसि विविधानि च ॥ त्रिशृंगारस्त्रिकपटः कार्यश्चायं त्रिविद्रवः, वस्तु द्वादशनालीभिर्निष्पाद्यं प्रथमाङ्ककम् ॥ द्वितीयेङ्के चतसृभिर्द्वाभ्यामङ्के तृतीयके ॥ (सा. द.)

२. पूर्वरङ्गः— यन्नाट्यवस्तुनः पूर्वं रङ्गविघ्नोपशान्तये ।
कुशीलवाः प्रकुर्वन्ति पूर्वरङ्गः स उच्यते ॥

३. नान्दी— आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात् प्रयुज्यते ।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता ॥

४. सूत्रधारः— आसूत्रयन् गुणान् नेतुः कवेरपि च वस्तुनः ।
रङ्गप्रसाधनः प्रौढः सूत्रधार इहोदितः ॥

५. नेपथ्यम्— कुशीलवकुटुम्बस्य स्थलं नेपथ्यमुच्यते ।

६. स्थापना— सूत्रधारो नटीम्ब्रूते मारिषं वा विदूषकम् ।
स्वकार्यं प्रस्तुताक्षेपि चित्रोक्त्या यत्तदामुखम् ॥
प्रस्तावना स्थापना वा .....।

७. विष्कम्भकः—वृत्तवर्त्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः ।
संक्षेपार्थस्तु विष्कम्भो मध्यपात्रप्रयोजितः ॥

८. प्रवेशकः—प्रवेशकोऽनुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजितः ।

९. प्रकाशम्—सर्वश्राव्यं प्रकाशम् ।

१०. स्वगतम्—अश्राव्यं स्वगतं मतम्

११. अपवारितम्—रहस्यं कथ्यतेऽन्यस्य परावृत्यापवारितम् ।

१२. काञ्चुकीयः—ये नित्यं सत्यसम्पन्नाः कामदोषविवर्जिताः ।
ज्ञानविज्ञानकुशलाः काञ्चुकीयास्तु ते स्मृताः ॥

१३. वीररसः—विभावैरनुभावैश्च स्वोचितैर्व्यभिचारिभिः ।
नीतः सदस्यरस्यत्वमुत्साहो वीर उच्यते ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नाटकगत शब्दार्थपरिचय

अक्षौहिणी—सेना का परिमाण जिसमें २१८७० रथ तथा हाथी, ६५१० घोड़े, एवं १०९३५० पैदल चलने वाले सैनिक होते हैं।

अङ्ग—देश, (जिसका कर्ण राजा था)।

अङ्गुलित्र—अंगुलि की रक्षार्थ पहना जानेवाला कवच।

अतदर्ह—उसके योग्य नहीं।

अतिपाति—जिसका अवसर बीत रहा हो।

अतीत्य—अतिक्रमण करके।

अत्यर्थ—बहुत।

अनभिज्ञ—अज्ञानी।

अनवसित—असमाप्त।

अनार्यभाव—क्षुद्रता।

अनिल—हवा।

अनुपजीव्य—आश्रयरहित।

अनुकर्ष—रथ का ऊपरी हिस्सा।

अन्वय—वंश।

अपकृष्ट—न्यून।

अपत्य—सन्तति।

अपनय—दुर्नीति।

अपनीत—पृथक् किया गया।

अपह्नव—गुप्त रखना।

अपयात—भागा हुआ।

अपराध—दोष।

अपराद्ध—अपराधी।

अपास्य—हटाकर।

अभिधा—कथन।

अभिन्नकवच—अटूट कवच।

अभिवर्धमान—बढ़न शील।

अभिवादय—प्रणाम करो, हाथ जोड़ो।

अभ्यन्तर—भीतरी भाग।

अभ्युपगम—मंजूर करना।

अमर—देवता, नहीं मरने वाले।

अमर्ष—गुस्सा।

अरणि—एक यज्ञीय काष्ठ जिसके मन्थन से आग पैदा होती है।

अर्ज—उपार्जन करना।

अर्जुन—पाण्डवों में तृतीय।

अर्णव—रत्नाकर।

अर्थतः—वास्तव में।

अर्थित्व—मांगना।

अवगुण्ठित—झंपा हुआ, आवृत।

अवजित—पराजित।

अवधीरण—तिरस्कार।

अवभृथ—यज्ञान्त स्नान।

अवलेप—अहंकार।

अवसान—अन्त, समाप्ति।

अविद्ध—अच्छेद्य।

अश्रद्धेय—श्रद्धा के पात्र नहीं।

अस्त्र—शस्त्र, आयुध।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आकुलाकुल—अधिक व्यग्र ।
आचरण—व्यवहार ।
आचार्य—अध्यापक, गुरु ।
आज्ञाविधेय—आज्ञापालक ।
आदीपित—प्रज्वलित, दग्धावशेष ।
आभिरूप्यं—मनोरमता ।
आयुध—अस्त्र, शस्त्र ।
आर्जव—सरलता, मृदुता ।
आर्त्त—पीड़ित, खिन्न ।
आर्य—पूज्य, श्रेष्ठ ।
आलम्बमान—आश्रित, निर्भर ।
आवर्जित—केन्द्रित ।
आवृत—झंपा हुआ ।
आसक्त—आकृष्ट ।
आसन्न—निकटवर्ती ।
आसाद्य—पाकर ।
इन्धन—लकड़ी, जलावन ।
उग्र—भयङ्कर, उत्तेजित ।
उच्छिष्ट—भोजनावशेष, जूठा ।
उत्सङ्ग—गोद, क्रोड़ ।
उदकक्रिया—मृतक-जलदान ।
उद्बाष्प—आँसू, अश्रु ।
उद्यत—प्रस्तुत ।
उन्नत—ऊपर उठा हुआ ।
उपन्यस्त—प्रस्तुत हुआ ।
उपरत—मरा हुआ ।
उपरतापत्या—मृतवत्सा ।
उपस्पर्श—आचमन ।
ओजस्—आन्तरिक बल ।
कपिल—श्वेत ।
करण—कर्मसाधन ।
करेणु—हस्तिनी ।
कर्णधार—नौका खेनेवाला ।
कर्दन—नीचवाचक शब्द ।
कलभ—हाथी का बच्चा ।
कल्प—प्रकार ।
कल्मष—पाप, अघ ।
कशा—चाबुक ।
काश—पवित्र तृण ।
किण—घाव का चिह्न, मांस ग्रंथि ।
कुलविरोध—वंशागत विद्रोह ।
कूल—किनारा, तट ।
कृतकर्मा—सफल मनोरथ, कृतकृत्य ।
कृत्स्न—सकल ।
कृपण—मक्खीचूस, कंजूस ।
कृश—दुर्बल, खिन्न ।
कोश—खजाना ।
क्रतु—यज्ञ ।
क्रम—क्रमिक, सिलसिलेवार ।
क्षुप—छोटे पौधे, उद्यान की झाड़ी ।
खग—पक्षी ।
खाण्डव—वन का नाम ।
खेद—कष्ट, दुःख, सन्ताप ।
गहन—सघन, भयङ्कर ।
गाङ्गेय—भीष्मपितामह ।
गुल्म—वनप्रदेश की झाड़ी ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गोधा—चमड़े का दस्ताना।
घृष्ट—पिसा हुआ।
घोष—गोष्ठ, बथान।
चापल—चपलता।
चिरस्य—अधिक दिनों के लिये।
चीर—वल्कल-वस्त्र।
चैत्य—चिता-मन्दिर, चिता पर के वृक्ष।
छन्द—इच्छा।
छन्न—आवृत, झंपा हुआ।
छलन—धोखा देना।
जतुगृह—लाह निर्मित घर।
जिह्मता—दुष्टता।
जीर्ण—पुराना, बेकाम।
ज्यैष्ठ्यम्—बूढ़ापन।
ज्ञाति—दायाद, बन्धु, बान्धव।
तनिमा—कृशता, खिन्नता।
तीर्ण—तैरना।
तुण्ड—मुँह।
तूणी—तरकस।
दयित—प्रेमी, स्नेही।
दर्भ—कुशा।
दव—वन।
दस्यु—लुटेरा, डकैत।
दहन—जलन।
दिष्ट्या—भाग्यवशात्।
दीक्षा—उपदेश, सङ्कल्प।
दीक्षित—कृतसङ्कल्प।
दुन्दुभि—वाद्यविशेष।
दुर्दिन—मेघाच्छन्न दिन।
दुर्विनीत—नम्रता-शून्य
द्यूत—जुआ (दाव का खेल)।
द्रोण—मेघ, काक, द्रोणाचार्य।
धर्मशकटी—यज्ञीय वस्तुओं को ढोने वाली गाड़ी।
धर्माधिकार—न्यायाधिकार।
धौत—धुला हुआ वस्त्र।
धर्षण—आक्रमण।
धारा—जल स्रोत, प्रवाह।
धृति—धैर्य, उत्साह।
नाग—हाथी।
निग्रह—परास्त, पराजय।
निधन—मृत्यु।
निभृत—चुपचाप, शान्तिपूर्वक।
निमग्न—चिंता में डूबा हुआ।
निराश्रय—सहायरहित।
निर्यात—चला जाना।
निर्वासय—बाहर कर दो।
निर्व्याज—निःप्रपंच, सचाई से।
नेमि—रथ की धुरी।
न्यस्तशस्त्र—शस्त्र को रख देने वाला।
न्याय्य—उचित।
पक्कण—झोपड़ी, शवरालय।
पट्ट—रेशमी वस्त्र।
परशु—फरसा (शस्त्र विशेष)।
परिकर—तैयारी, आरंभ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

परिग्रह—लेना।
परिघ—घेरा।
परिच्छन्द—झांपने वाला।
परिष्वङ्ग—आलिङ्गन।
परिस्पन्द—रोमांच, कंपन।
परुष—कठोर, क्लिष्ट।
पाण्डु—पाण्डुर वर्ण, पाण्डु राजा।
पाण्डुर—श्वेत-पीत वर्ण।
पादप—वृक्ष सामान्य।
पारिहार्य—भूषण, वलय, कंठहार।
पावक—आग।
पार्श्व—बगल, समीप।
पीन—स्थूल, मोटा।
पुण्याह—पवित्रदिन, उत्सव समारोह।
पुरोग—अग्रगामी, आगे चलनेवाला।
पैतृक—बपौती, पूर्वजों की।
प्रकुसुमित—प्रफुल्लित।
प्रकोष्ठ—केहुनी के नीचे वाले भाग।
प्रतिग्रह—दान लेना।
प्रतिषेध—अस्वीकार, ग्रहण-निषेध।
प्रत्यमित्र—शत्रु, दुश्मन।
प्रभावी—प्रभावशाली, पराक्रमी।
प्रमाण—मापक।
प्रवृत्ति—समाचार, कथोपकथन।
प्रवृत्तिपुरुष—गुप्तचर, सी. आई. डी.
प्रसाद—अनुग्रह, कृपा।
प्रहरण—अस्त्र, शस्त्र।
प्राग्वंश—यज्ञ शाला के पूर्वभाग में रचित वंशगृह।
बटु—बालक, माणवक।
प्रोषित—घरसे पृथक्, परदेश में स्थित।
बहुनाथ—अनेकों से रक्षित।
बाढम्—अच्छी बात, स्वीकार।
भग्न—नष्ट, पराजित।
भृशं—अतिशय, अत्यन्त।
भ्रान्त—भ्रमित, धोखे में।
मण्डल—गोलाकार।
मधुपटलचक्र—मधुमक्खी का छत्ता।
मन्यु—क्रोध।
महानस—रसोई घर।
माणवक—ब्रह्मचारी, बटुक।
माद्रीज—माद्री के सुत, नकुल-सहदेव।
मानुषीभूत—मनुष्य के रूप में।
मार्दव—कोमलता, मृदुता।
मिश्र—आदरणीय, उपासनीय।
मोघ—व्यर्थ वृथा।
यन्त्रित—नियमित, परीक्षित।
यादवी—यदुवंश में उत्पन्न सुभद्रा।
यूथ—समुदाय, दल, सेना।
यूप—यज्ञस्तम्भ, यज्ञीय दारु।
योग्या—अभ्यास।
योध—लड़ाकू योद्धा।
रणविस्तर—युद्ध-विस्तार।
रव—युद्ध-नाद, शब्द।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

रूक्ष--कठोर, नीरस ।
रूप्य--चांदी ।
रेणु--धूल, गर्द ।
वक्षस्--छाती ।
वञ्चना--ठगना, धोखा देना ।
वयस्य--मित्र, सखा ।
वर्म--कवच ।
वलय--हस्त-कंगन ।
वाम--विरोधी, वामपन्थी ।
वामन--बौना, नाटा ।
वारित--निषिद्ध, त्याज्य ।
बाह्य--बाहर कर देने योग्य, त्याज्य।
विकीर्ण--बिखरा हुआ ।
विक्लव--दुखी, सीदित ।
विपन्न--आपत्तिग्रस्त, विपत्ति का मारा ।
विप्रकृत--आक्रान्त ।
विभक्तः--विभाग, पृथक् ।
विमृशति--विचार करना, शोचना ।
विशदाक्षर--सुस्पष्ट शब्द में ।
विस्तर--विस्तार, फैला हुआ ।
विस्रम्भ--विश्वास, एकान्त, निर्जन ।
वृषल--शूद्र जाति ।
वृष्णि--यादव, अहीर ।
वेदी--यज्ञमंडप का अग्निस्थान ।
वेष्टन--वेठन ।
व्यापन्न--विपत्ति में पड़ा हुआ ।
व्यापृत--कार्य में संलग्न ।
व्यावर्त्तन--घूमना, भ्रमण करना ।
व्युत्क्रान्त--प्रचलित ।
व्रीडित--लज्जित ।
शकटी--छोटी गाड़ी ।
शकुनीश्वर--पक्षियों का राजा गरुड़ ।
शक्र--देवेन्द्र ।
शुल्क--दाम, मूल्य ।
शौण्डीर्य--वीरता शौर्य ।
श्रव--वेद-प्रसिद्धि ।
संगूढ--अतिगुप्त, प्रच्छन्न ।
सज्ज--सज-धज कर तैयार ।
सन्धा--शर्त, प्रतिज्ञा ।
सन्निधाता--आगे लाने वाला ।
समुच्छ्रय--तरक्की, पदोन्नति ।
संपात--वृष्टि ।
संभ्रान्त--चकित ।
सस्य--अन्न, अनाज ।
सहज--स्वाभाविक, प्राकृतिक ।
सुकृत--सुन्दर कृति, पुण्य ।
सोत्सेक--गर्वयुक्त, सगर्व ।
संसृष्ट--मिलित, भाई ।
स्यन्दन--रथ ।
स्रुग्भाण्ड--हवनीय यज्ञीय पात्र ।
स्वन्त--सुन्दर परिणाम ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

श्लोकानुक्रमणिका

	सर्ग.	श्लो.
अकारणं रूपम्	२	३३
अगणितगुण	२	१५
अग्निरग्निभया	१	७
अज्ञानात्तुभया	२	६८
अतीत्य बन्धु	१	२१
अद्य मे कार्यलोभेन	१	५०
अद्येदानीम्	२	१०
अध्वानमल्पमतिं	३	२८
अनेन वेषेण	२	३०
अपास्य नारायण	३	२२
अपूर्व इव ते	२	३४
अयं बाल्यात्तु	२	६२
अयं स हृदया	२	६९
अयुज्यमानैः	२	४४
अलमात्मस्तवं	२	५०
अवजित इति	२	४५
अवनत विट	१	१९
अवाप्यरूप्यग्र	१	२२
अशस्त्रो मामभि	२	५२
अहं हि मात्रा	१	२७
आचार्यस्य वदा	१	५४
आदीपिते जतुगृहे	२	४२
आलम्बितो	२	२७
इक्ष्वाकुशर्याति	१	२४
इत्यर्थं वयमा	३	२४
इदानीं युद्ध	२	७२
इष्टमन्तःपुरं	२	७१
उचितं ते पुरा	३	१८
उत्तरा मे स्नुषा	३	२३
उद्योगः प्रस्तुतः	२	८
उपन्यस्तस्य	१	३४
एकवर्णेषु	२	४
एकेनैव वयं	३	१५
एकोदकत्वं	२	९
एतदक्षयतूणी	२	२३
एतदग्नेर्बलं	१	१७
एतन्मे पारिहा	२	६४
एतां चक्रधरस्य	१	९
एते वातोद्धता	१	१३
एभिरेव रथै	१	५६
एवमेव क्रतून्	१	२८
एष शिष्यस्य	१	४४
एष शिष्यस्य मे	३	१९
एषामोदीप्त	१	६
कथं पण्डित	१	५३
कर्णायते तेन	३	१८
कामं दुर्योधन	२	६
किं भवान् धर्म	२	४८
किन्नु तत्परिहा	२	१७
किमर्थं खलु स	२	१२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

	सर्ग.	श्लो.
किमर्थं स्तूयते	३	९
किमुत्तरेणापि	३	१६
कृतश्रद्धो ह्यात्मा	१	२३
कृता नीला नागाः	२	२२
कोनु खल्वेष	२	२१
क्रतुव्रतैस्ते	१	२९
क्रोधप्रायं वयो	१	४३
गजेन्द्राः कल्प्यन्ते	२	७
गतो वृक्षाद्	१	१६
गाण्डीवेन मुहूर्त्तं	२	२९
गुरुकरतल	१	४७
जानाम्येतान्	२	४६
जित्वापि गां	२	३१
तस्मान्मे रथ	१५	७
ताडितस्य हि यो	२	२८
तुलितबलमि	२	३५
तृप्तोऽग्निर्इविषा	१	४
तेषां राज्यप्रदा	३	२७
त्वं वञ्च्यसे यदि	१	४१
त्वमिदानीं कुमार	२	१६
दह्यमानस्य	१	११
दूरस्था दर्शना	२	३८
दैवतं मानुषी	१	२६
द्रुतैश्च वत्सै	२	१
द्रोणः पृथि	१	१
द्रोणश्च भीष्मश्च	२	११

	सर्ग.	श्लो.
द्विजोच्छिष्टैरन्नै	१	३
धनुरुपनय	२	५
धनुर्धोषं द्रोण	२	२४
धन्यः खल्वर्जुनो	२	५३
धर्षिता रथ	१	५५
न चापि दोषा	३	८
न जाने तस्य	२	३६
न ते क्षेपेण	२	५८
न रुध्यन्ति मया	२	६७
नास्त्यन्यो बल	३	१३
निमित्तं किञ्चि	२	२०
नीचैरप्यभिभाष्य	२	४७
नृपा भीष्मादयो	२	४१
पर्यस्तोऽस्य रथो	३	७
पादयोः समुदा	२	५९
पार्थं पितर	२	४९
पीतः सोमो बाल्य	१	३०
पुत्रो ह्येष युधि	२	३९
प्रकोष्ठान्तर	२	६३
प्राणाधिकोऽस्मि	१	३१
बहुभिः समराभि	२	१९
बाढं दत्तं मया	३	२५
बाणपुङ्खाक्षरै	३	१७
बाणाधीना	१	२४
बाहुरक्षौहिणी	२	५६
भग्नापयानेष्व	३	३

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

	सर्ग.	श्लो.
भीमसेनस्य	१	५२
भीष्मेण कर्णेन	१	४२
भीष्मं रामशरै	२	२६
भ्रातॄणां पैतृकं	१	३५
मम हि पितृभि	३	४
मा तावद् व्यथित	२	३
मा तावत् स्वजन	३	५
मिथ्या प्रशंसा	२	६०
मुञ्चेदर्जुनपुत्र	३	६
यज्ञेन भोजय	१	२०
यत् पाण्डवा	१	३६
यत् पुरा ते सभा	१	३७
यदि विमृशसि	१	३२
यदि स्वचक्रो	२	१८
युध्यते यदि	२	२५
ये दुर्बलाश्च	१	३९
येन भीमः सभा	१	३८
येषां गतिः क्वापि	१	३३
ये कर्त्तुकामैश्छलनं	१	४८
योक्त्रयित्वा जरा	२	५७
यौधिष्ठिरं	२	७०
यौधः स्यादर्जुन	३	२०
रणपटुरपनीतः	३	२
रथमानय	२	१३
रथमासाद्य निः	२	३७
राज्ञां वेष्टनपट्ट	१	५
रात्रौ छन्नेन	१	५१
रामेण भुक्तां	१	४५
रिपूणां सैन्य	२	१४
रुद्रबाणावली	२	६५
लङ्घयित्वा	३	१०
लतया सक्तया	१	१४
वनं सवृक्षक्षुप	१	१५
वयं व्यपाश्रित्य	३	१४
वर्षेण वा वर्षशतेन	१	४९
वल्मीकमूलात्	१	१०
विशालवक्षा	२	४३
शकटी च धृता	१	८
शुष्केणैकेन	१	१२
शून्यमित्यभिधास्यामि	१	४६
शूराणां सत्यसन्धानां	२	६६
शौण्डीर्यं धृति	२	५४
श्मशानाद्धनु	२	६१
सज्जैश्चामैर्वद्ध	२	२
स यौवनः श्रेष्ठ	२	३२
सरथतुरग	२	५१
सर्वैरन्तःपुरैः	१	२
सहजौ मे प्रहरणं	२	५५
स्रुग्भाण्डमरणीं	१	१८
हन्त सर्वे प्रसन्नाः	३	२६
हितमपि परुष	१	४०
हृतप्रवेगो यदि	३	११

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

हरिदास संस्कृत ग्रन्थमाला

२०८

महाकवि-भासप्रणीतं

प्रतिमा-नाटकम्

'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः

आचार्यः श्रीरामचन्द्रमिश्रः

मुजफ्फरपुरस्थधर्मसमाजसंस्कृतमहाविद्यालयप्राध्यापकः

प्रस्तावनालेखकः

डॉ० सत्यव्रत सिंहः

(प्राध्यापक : लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रकाशक : चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी
संस्करण : एकादश, वि० सम्वत् २०७०, सन् २०१३
मूल्य : रू० ७०.००

ISBN : 978-81-7080-031-5

© चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस

के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० नं० १००८, वाराणसी—२२१००१ (भारत)
फोन : (आफिस) (०५४२) २३३३४५८
(आवास) (०५४२) २३३५०२०, २३३४०३२
Fax : 0542 - 2333458
e-mail : cssoffice@sify.com
web-site : www.chowkhambasanskritseries.com

अपरं च प्राप्तिस्थानम्
चौखम्बा कृष्णदास अकादमी
के० ३७/११८, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० नं० १११८, वाराणसी–२२१००१ (भारत)
फोन : (०५४२) २३३५०२०

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

HARIDAS SANSKRIT SERIES

208

PRATĪMĀNĀTAKAM

of

MAHĀKAVI BHĀSA

With 'Prakāśa' - Sanskrit-Hindi Commentaries

By

Acharya Sri Ramchandra Mishra

Professor, Dharmasamaj Sanskrit College, Muzaffarpur

&

Introduction By

Dr. Satyavrata Singh

Professor, Lucknow University, Lucknow

CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE

VARANASI

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Publisher : Chowkhamba Sanskrit Series Office, Varanasi.
Printer : Chowkhamba Press, Varanasi.

ISBN : 978-81-7080-031-5

©CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE

Publishers and Oriental and Foreign Book-sellers
K. 37/99, Gopal Mandir Lane
At the North Gate of Gopal Mandir
Near Golghar (Maidagin)
Post Box No. 1008, Varanasi- 221001 (India)
Phone { Office : (0542) 2333458
Resi. : (0542) 2334032, 2335020
Fax : 0542-2333458
e-mail : cssoffice@sify.com
web-site : www.chowkhambasanskritseries.com

Also can be had from :

CHOWKHAMBA KRISHNADAS ACADEMY
Oriental Publishers & Distributors
K. 37/118, Gopal Mandir Lane
Post Box No. 1118, Varanasi- 221001
(INDIA)
Phone : (0542) 2335020

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रस्तावना

भास–नाटक–चक्र

महाकवि भास के 'नाटक–चक्र' का संकेत सर्वप्रथम छठी-सातवीं शताब्दी के महाकवि बाण ने किया है :—

'सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः । सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥'

(हर्षचरित)

इस संकेत से इतना तो अवश्य स्पष्ट है कि भास की नाटक-कृति एक नहीं अपितु अनेक थीं ।

महाकवि भास के नाम के साथ उनके रचित 'नाटक-चक्र' का सम्बन्ध कालान्तर में भी संस्कृत के विषयों और लेखकों की स्मृति में सुरक्षित रहा क्योंकि 'सूक्तिमुक्तावली' के रचयिता कवि राजशेखर ने भी भास और उनकी नाटक–कृतियों का स्मरण किया था :—

'भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ॥'

१२ वीं शताब्दी के कवि कल्हण ने अपनी 'सूक्तिमुक्तावली' में राजशेखर की 'सूक्तिमुक्तावली' की इसी उपर्युक्त सूक्ति का पुनरुल्लेख कर भास के 'नाटक–चक्र' की प्राचीन स्मृति को जागृत रखा है ।

किन्तु समय के हेर-फेर से भास का 'नाटक-चक्र' लुप्तप्राय हो गया । भास के 'नाटक–चक्र' की खोज १९०९ में हुई और महामहोपाध्याय टी० गणपति शास्त्री ने भास के १३ नाटकों को संस्कृत के विद्वज्जगत् के सामने उपस्थित किया । संस्कृत के अनुसंधानशील भारतीय और विदेशीय विद्वान् भास के इस 'नाटक–चक्र' के सम्बन्ध में दो विरुद्ध पक्षों में विभक्त हो गये । एक पक्ष ने दक्षिण भारत में उपलब्ध 'स्वप्नवासवदत्तम्' आदि १३ नाटकों को भास के 'नाटक–चक्र' के रूप में माना, किन्तु दूसरे पक्ष ने इन्हें सन्देह की दृष्टि से देखा । महामहोपाध्याय टी० गणपति शास्त्री के द्वारा प्रकाश में लाये गये 'स्वप्नवासवदत्तम्' आदि १३ नाटकों को भास के 'नाटक–चक्र' के रूप में मानने वाले विद्वानों में डाक्टर कीथ, डाक्टर टामस, डाक्टर स्वरूप आदि रहे और इन्हें सन्देह की दृष्टि से देखने वाले विद्वानों में डाक्टर बार्नेट, डाक्टर सिल्वन लेवी, डाक्टर बुल्नर, म० म० कुप्पू स्वामी शास्त्री आदि थे ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

अस्तु, महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री की खोज में मिले 'नाटक-चक्र' में ये १३ नाटक हैं :—

१. स्वप्नवासवदत्तम्
२. प्रतिज्ञायौगन्धरायणम्
३. अविमारकम्
४. चारुदत्तम्
५. प्रतिमानाटकम्
६. अभिषेकनाटकम्
७. पञ्चरात्रम्
८. मध्यमव्यायोगः
९. दूतवाक्यम्
१०. दूतघटोत्कचम्
११. कर्णभारम्
१२. ऊरुभङ्गम्
१३. बालचरितम्

प्रतिमानाटक : नामसार्थक्य

उपर्युक्त भास-नाटक-चक्र में 'प्रतिमानाटक' एक मुख्य नाटक है। 'प्रतिमा-नाटक' का नाम कुछ लोग इसलिये सङ्गत मानते हैं कि इसमें प्रतिमा-गृह अथवा मूर्तिगृह की घटना का महत्त्व ही नाटक की इतिवृत्त रचना की विशेषता है। प्रोफेसर ध्रुव के अनुसार इस नाटक का पूरा नाम 'प्रतिमा-दशरथ' रहा होगा जिसे संक्षिप्त रूप में 'प्रतिमा' कर दिया गया। भास का एक नाटक 'प्रतिज्ञा-यौगन्धरायण' भी है जिसे संक्षेप में 'प्रतिज्ञा' नाटक कहा जा सकता है। भास के 'स्वप्नवासवदत्तम्' की कुछ प्राचीन हस्तलिखित प्रतियों में केवल 'स्वप्न-नाटक' ही लिखा मिलता है।

प्रतिमा का इतिवृत्त

भास ने 'प्रतिमा नाटक' का मूलवृत्त रामायण से लिया है। वाल्मीकि-रामायण के अयोध्याकाण्ड और अरण्यकाण्ड में वर्णित वृत्त ही वस्तुतः इस नाटक का आधार-वृत्त है। किन्तु इस आधारवृत्त की रचना जो नाटक के इतिवृत्त रूप में है वह महाकवि भास की अपनी नाटकीय कल्पना है। 'प्रतिमा' के सात अङ्कों में भास की इतिवृत्त-कल्पना जिस नाटकीय घटना-चक्र की सृष्टि करती है उसका रूप निम्न है :—

प्रथम अंक
(दृश्य प्रथम)

महाराज दशरथ के राजप्रासाद में राम के राज्याभिषेक की तैयारी हो रही है। महाराज दशरथ ने राज्याभिषेक की सामग्री की तैयारी के सम्बन्ध में आज्ञा दे दी है और उनकी प्रतीहार-रक्षी उनकी आज्ञा के पालन के सम्बन्ध में कञ्चुकी से सब समाचार जानना चाहती है। कञ्चुकी के द्वारा प्रतीहार-रक्षी को और प्रतीहार-रक्षी के द्वारा महाराज दशरथ को भी पता

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

चलता है कि राज-छत्र, राजसिंहासन, मङ्गलकलश आदि सभी सामग्रियाँ तैयार हैं और महर्षि वशिष्ठ राज्याभिषेक-संस्कार प्रारम्भ करने के लिये महाराज की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

(दृश्य—द्वितीय)

सीताजी अपने हर्म्य-कक्ष में अपनी चेटियों के साथ हास-परिहास में लगी हैं। इतने में उनकी एक चेटी आती है और अपने साथ एक बल्कल-वस्त्र लाती है जिसे उसने राजप्रासाद की नाट्य-शाला से, नाट्यशाला की संरक्षिका को बिना बताये, ले लिया है। सीताजी इस चेटी को कुछ भला-बुरा कहती हैं और वल्कल को नाट्यशाला में लौटाने की आज्ञा देती हैं। चेटी वल्कल लौटाने ही जा रही है कि सीताजी उसकी सुन्दरता से आकृष्ट होकर कौतुकवश उसे पहन लेती हैं। इतने में एक दूसरी चेटी आती है और सीताजी को राम के राज्याभिषेक की सूचना देती है। अभिषेक-समारोह के मङ्गलवाद्य बजते-बजते अकस्मात् बन्द हो जाते हैं और सीता के पास राम आ पहुँचते हैं। राम प्रसन्न हैं क्योंकि उनका राज्याभिषेक होते-होते रुक गया है। राम अपने राज्याभिषेक के रुकने का कारण बताते हैं और सीता प्रसन्न होती हैं। अकस्मात् राम का ध्यान सीता के वल्कल-परिधान पर जाता है और स्वयं भी उन्हें वल्कल पहनने की इच्छा होने लगती है। इतने में अन्तःपुर का करुण-क्रन्दन सुन पड़ता है और महाराज दशरथ के शोक-मूर्च्छित होने का समाचार फैल जाता है। क्रोध में लक्ष्मण सीता के हर्म्यकक्ष में पहुँच जाते हैं और कैकेयी से बदला लेने के लिये स्त्रीजाति के संहार की प्रतिज्ञा करते हैं। राम समझा-बुझा कर लक्ष्मण को शान्त करते हैं और राम के साथ सीता और लक्ष्मण बन-गमन के लिये तैयार हो जाते हैं।

द्वितीय अङ्क

राम, सीता और लक्ष्मण को वन-गमन से रोकने में असमर्थ महाराज दशरथ शोकोन्मत्त हैं और अपने अन्तःपुर में मूर्च्छित पड़े हैं। कौसल्या महाराज दशरथ को शान्त करने में लगी हैं। इतने में राम के साथ सीता और लक्ष्मण को अयोध्या की सीमा के पार पहुँचा कर लौटे हुये सुमन्त्र आते हैं। सुमन्त्र से राम के वन-गमन का समाचार जान महाराज दशरथ मूर्च्छित और निष्प्राण हो जाते हैं।

तृतीय अङ्क

दिवंगत रघुवंशी राजाओं का प्रतिमागृह सजाया जा रहा है और मृत महाराज दशरथ की प्रतिमा के स्थापन-संस्कार के लिये कौसल्या आदि रानियों के आगमन की प्रतीक्षा हो रही है। महाराज दशरथ के अस्वास्थ्य का समाचार सुन भरत अपने मातुलगृह (केकय देश) से चले आ रहे हैं और अयोध्या की सीमा पर निर्मित 'प्रतिमागृह' की सजावट देख वहाँ रुक जाते हैं। अयोध्या

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

से बहुत समय बाहर रहने के कारण भरत को यह प्रतिमा-गृह अपने पूर्वजों का स्मारक नहीं अपितु देवमन्दिर-सा लगता है। इतने में भरत के स्वागतार्थ शत्रुघ्न का सैनिक सेवक आता है और उन्हें अयोध्या-प्रवेश के लिए शुभमुहूर्त्त की प्रतीक्षा करने के लिये कहता है। अयोध्या-प्रवेश के शुभ मुहूर्त्त की प्रतीक्षा में भरत प्रतिमागृह के दर्शन के लिये चल पड़ते हैं और देवकुलिक (प्रतिमागृह के पूजनाधिकारी) के द्वारा क्रमशः दिलीप, रघु और अज की प्रतिमाओं का परिचय प्राप्त करते हैं। महाराज दशरथ की प्रतिमा दिखाये जाने पर और यह बताये जाने पर कि प्रतिमागृह दिवंगत रघुवंशी राजाओं का स्मारकभवन है, भरत मूर्च्छित हो जाते हैं। मूर्च्छा से उठने पर भरत को राम और दशरथ का पूरा वृत्तान्त बताया जाता है और भरत पुनः मूर्च्छित हो जाते हैं। इतनेमें कौसल्या आदि रानियाँ प्रतिमागृह में पहुँचती हैं। भरत मूर्छा से उठते हैं और सुमन्त्र के साथ आये अपने मातृवर्ग से मिलते हैं। कैकेयी पर भरत क्षुब्ध होते हैं और अपने राज्याभिषेक के बदले राम के साथ बनवास करने का दृढ़ निश्चय प्रकट करते हैं।

चतुर्थ अङ्क

राम, सीता और लक्ष्मण के साथ वन में रहने लगे हैं। सुमन्त्र के साथ भरत राम की पर्णकुटी पर जा पहुँचते हैं भरत के स्वर से उन्हें पहचान कर राम उनसे मिलने को उत्सुक हो जाते हैं। भ्रातृमिलन के बाद भरत राम के प्रतिनिधिरूप से अयोध्या का राज्य चलाने पर किसी प्रकार तैयार होते हैं और राम, सीता और लक्ष्मण से विदा लेते हैं।

पञ्चम अङ्क

रावण कपट-परिव्राजक बनकर वन में पहुँचता है और राम का आतिथ्य ग्रहण करता है बातचीत में महाराज दशरथ के श्राद्ध के लिये रावण राम को सुवर्णमृग के निवाप का उपदेश देता है। राम सुवर्णमृग के पीछे चल पड़ते हैं और लक्ष्मण एक महर्षि के स्वागतार्थ चले जाते हैं। सीता रावण का आतिथ्य करने रुक जाती है। रावण सीता को अपना वास्तविक परिचय देता है और डरा-धमकाकर बलात् उनका अपहरण करता है। सीता का करुण-क्रन्दन जटायु को सुन पड़ता है और जटायु रावण के मार्ग में यथाशक्ति विघ्न उपस्थित करता है।

षष्ठ अङ्क

(दृश्य—प्रथम)

रावण सीता को आकाश-मार्ग से भगाये ले जा रहा है और जटायु रावण से लड़ता-भिड़ता उड़ रहा है। अन्त में जटायु की मृत्यु हो जाती है। 'जनस्थान' वन के दो ऋषिकुमार सीतापहरण तथा जटायुवध की घटना अवगत कराने के लिये राम को ढूँढ़ने निकल पड़ते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(दृश्य–द्वितीय)

'जनस्थान'–वन से लौटे सुमन्त्र अयोध्या के राजप्रासाद में भरत से मिलते हैं और सीतापहरण का दुखद समाचार छिपाने की यथाशक्ति चेष्टा करते हैं। रावण के द्वारा सीतापहरण का समाचार मिलते ही भरत कैकेयी पर अपना क्रोध निकालने लगते हैं। कैकेयी क्षमा माँगती हैं और यह निवेदन करती हैं कि उनके मुँह से 'चौदह दिन' के वनवास के बदले 'चौदह वर्ष' का बनवास निकल पड़ा। भरत कैकेयी की बात पर सुमन्त्र के कहने से विश्वास कर लेते हैं और रावण पर आक्रमण करने के लिये उत्कण्ठित हो उठते हैं।

सप्तम अंक

रावण विजय के बाद लङ्का से लौटे राम जनस्थान में पहुँच आये हैं। उनके साथ सीता और लक्ष्मण हैं। जनस्थान की प्राचीन सुखद स्मृति में तीनों एक दूसरे से वार्तालाप कर रहे हैं। इतने में उन्हें भरत और उनकी सेनाओं के वहाँ पहुँचने का समाचार मिलता है। भरत के साथ सुमन्त्र और कैकेयी आदि हैं। सबकी उपस्थिति में भरत अपने अग्रज राम के चरणों में राज्य-भार समर्पण कर देते हैं और कैकेयी की आज्ञा से राम अपना राज्याभिषेक स्वीकार करते हैं।

'प्रतिमा' के इतिवृत्त का रामायण के मूल वृत्त से भेद

सात अङ्कों में अङ्कित प्रतिमानाटक का इतिवृत्त रामायण के मूलवृत्त का नवीन कविकल्पना-प्रसूत रूपान्तर है। नाट्यविद्या की प्राचीन परम्परा के अनुसार नाटककार को जो यह अधिकार प्राप्त है कि वह अपने रस-भाव की दृष्टि से प्राचीन मूलवृत्त में यथासम्भव परिवर्त्तन कर सकता है, उसका पूरा उपयोग प्रतिमानाटक में किया गया है। प्रतिमानाटक में महाकवि भास ने जो घटना-चक्र रचा है वह रामायण के कथानक से इन-इन अंशों में नवीन है :—

(१) प्रथम अङ्क की वल्कल की घटना रामायण में नहीं है। नाटक कवि की यह अपनी कल्पना है, जिसका उद्देश्य सीता और राम के मधुर गार्हस्थ्य का प्रकाशन है। रामायण में राम के राज्याभिषेक में भरत के साथ शत्रुघ्न को भी अनुपस्थित दिखाया गया है किन्तु 'प्रतिमा' में केवल भरत अनुपस्थित रखे गये हैं और शत्रुघ्न को राज्याभिषेक के समय अयोध्या में उपस्थित बताया गया है।

(२) द्वितीय अङ्क में मृत्यु-शय्या पर पड़े दशरथ के सामने उनके स्वर्ग से आये पूर्वजों का जो दृश्य है वह नाटककार की कल्पना है क्योंकि रामायण में इसका कोई निर्देश नहीं है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitized by eGangotri

(३) तृतीय अङ्क की घटना नाटककार की एक मात्र नाटकीय कल्पना है। रामायण में 'प्रतिमागृह' की कोई भी चर्चा नहीं है। वस्तुतः तृतीय अङ्क की प्रतिमागृह-सम्बन्धी कल्पना ही प्रतिमानाटक की जन्मभूमि है।

(४) पञ्चम अङ्क में राम और रावण का जैसा मिलन वर्णित है उसका रामायण में कोई भी निर्देश नहीं। यहाँ मारीचरूपी मायामृग के बदले 'काञ्चनपार्श्व' मृग की कल्पना है और दिवंगत दशरथ के श्राद्ध के लिये इस मृग के अन्वेषण में राम को सीता के पास से जो हटाया गया है वह भी सर्वथा एक नयी कल्पना है।

(५) षष्ठ अङ्क में सुमन्त्र का पुनः दण्डकारण्य में जाना और रावण के द्वारा सीतापहरण की घटना से परचित होना नाटककार की कल्पना है। रामायण में इस प्रकार का कोई वर्णन नहीं है। साथ ही साथ सुमन्त्र द्वारा वर्णित सीता-पहरण के वृत्तान्त से दुखित भरत का अपनी माता कैकेयी को कोसना और कैकेयी का यह कहना कि चौदह दिन के वनवास के बदले चौदह वर्ष का वनवास सम्भ्रमवश उसके मुँह से निकल पड़ा आदि बातें प्रतिमानाटक की इतिवृत्त रचना की विशेषता है क्योंकि रामायण में इस प्रकार का कोई संकेत नहीं। रावणविजय के लिये भरत का सेना-समुद्योग भी नाटककार की ही कल्पना है जिसका रामायण में कोई उल्लेख नहीं है।

(६) सप्तम अङ्क में राम के राज्याभिषेक का जनस्थान में होना, अयोध्या के नरनारियों का इस राज्याभिषेकोत्सव में सम्मिलित होना, विभीषण, सुग्रीव आदि का भी वहाँ विराजमान रहना और पुनः धूमधाम से राज्याभिषेक के लिए सबका अयोध्या जाना आदि नाटककार की इतिवृत्त-कल्पना से सम्बद्ध है। इसका भी रामायण में कोई निर्देश नहीं है।

'प्रतिमा' में चरितचित्रण : रामायण की चरितवर्णना से भिन्न

नाटककार भास ने 'प्रतिमा' में जैसा चरितचित्रण किया है उसी के अनुसार इतिवृत्त-रचना की है। 'प्रतिमा' का चरितचित्रण 'प्रतिमा' के रस-भाव का अनुसरण करता है। जहाँ 'प्रतिमा' में जो मुख्य रस-भाव विवक्षित है वह करुण-रस है और इसी के विविध प्रकार के परिपोष में प्रत्येक चरित विविधरूप में विकसित होते हैं।

राम का चरितचित्रण

'प्रतिमा' के राम रामायण के राम नहीं। रामायण के राम अपने पिता महाराज दशरथ के सम्बन्ध में वह कोमल भाव नहीं रखते जो 'प्रतिमा' के राम में स्पष्ट झलकता है। 'प्रतिमा' के राम अपने राज्याभिषेक के होते-होते रुक जाने और अपने वनवास के सम्बन्ध में प्रसन्न होकर यह कहते हैं—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

'वनगमननिवृत्तिः पार्थिवस्यैव तावत्, मम पितृपरवेत्ता बालभावः स एव।
नवनृपतिविमर्शे नास्ति शङ्का प्रजानामथ च न परिभोगैर्वञ्चिता भ्रातरो मे॥
(पृ० ३१)

वहाँ रामायण के राम का इस अवसर पर कुछ दूसरा ही रूप है :—

'गुरुश्च राजा च पिता च वृद्धः क्रोधात् प्रहर्षादथ वापि कामात्।
यद् व्यादिशेत् कार्यमवेक्ष्य धर्मं कस्तन्न कुर्यादनृशंसवृत्तिः॥
(अयोध्याकाण्ड २१. ५६)

रामायण में राम को कैकेयी पर कुछ क्रोध और क्षोभ भी प्रकट करते वर्णित किया गया है :—

मम प्रव्रजनादद्य कृतकृत्या नृपात्मजा।
सुतं भरतमव्यग्रमभिषेचयतां ततः॥
मयि चीराजिनधरे जटामण्डलधारिणि।
गतेऽरण्यं च कैकेय्या भविष्यति मनःसुखम्॥
(अयोध्याकाण्ड २२, १२. १३)

किन्तु, 'प्रतिमा' (पृ० २८–२९) में राम को कैकेयी के प्रति क्रोध-क्षोभ-रहित दिखाया गया है :—

रामः—...अथ कुत उत्पन्नोऽयं दोषः!
काञ्चुकीयः—स्वजनात्।
रामः—स्वजनादिति। हन्त, नास्ति प्रतीकारः!

शरीरेऽरिः प्रहरति हृदये स्वजनस्तथा।
कस्य स्वजनशब्दो मे लज्जामुत्पादयिष्यति॥

काञ्चुकीयः—तत्र भवत्याः कैकेय्याः।
रामः—किमम्बायाः? तेन हि उदर्केण गुणेनात्र भवितव्यम्।
काञ्चुकीयः—कथमिव?
रामः—श्रूयताम्—

यस्याः शक्रसमो भर्ता मया पुत्रवती च या।
फले कस्मिन् स्पृहा तस्या येनाकार्यं करिष्यति॥

रामायण के कवि ने राम को सीता के स्पृहा-विनोदन के लिए माया-मृग मारीच के प्रति भेजा है :—

आर्यपुत्राभिरामोऽसौ मृगो हरति मे मनः।
आनयैनं महाबाहो क्रीडार्थं नो भविष्यति॥
(अरण्यकाण्ड ४३, ६)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

यावद् गच्छामि सौमित्रे ! मृगमानयितुं द्रुतम् ।
पश्य लक्ष्मण ! वैदेहीं मृगत्वचि गतस्पृहाम् ॥
(अरण्यकाण्ड ४३, ४८)

किन्तु 'प्रतिमा' के नाटककार ने राम को काञ्चन-पार्श्व मृग का पीछा करते चित्रित करते हुए पितृभक्त पुत्र के रूप में प्रस्तुत किया है (पृ० १३९-४०) :—

रावणः—कौसल्यामातः ! अलमतिमनोरथेन । न ते (काञ्चनपार्श्वाः मृगाः) मानुषैर्दृश्यन्ते ।

रामः—भगवन् ! किं हिमवति प्रतिवसन्ति ?

रावणः—अथ किम् ।

रामः—तेन हि पश्यतु भवान्—

सौवर्णान् वा मृगांस्तान् मे हिमवान् दर्शयिष्यति ।
भिन्नो मद्बाणवेगेन क्रौञ्चत्वं वा गमिष्यति ॥

रावणः—(स्वगतम्) अहो असह्यः खल्वस्यावलेपः । (प्रकाशम्) अये विद्युत्-संपात इव दृश्यते । कौसल्यामातः ! इहस्थमेव भवन्तं पूजयति हिमवान् । एष काञ्चनपार्श्वः ।

रामः—भगवतो वृद्धिरेषा ।

सीता—दिष्ट्या आर्यपुत्रो वर्धते ।

रामः—न न—

तातस्यैतानि भाग्यानि यदि स्वयमिहागतः ।
अर्हत्येष हि पूजायां लक्ष्मणं ब्रूहि मैथिलि ! ॥

सीता का चरित-चित्रण

'प्रतिमा' की सीता वही नहीं जो 'रामायण' की सीता है । रामायण की सीता तो महाराज दशरथ की वनवास की आज्ञा के पालन में राम को कुछ खरी-खोटी भी सुनाती है :—

'शान्त्वमाना तु रामेण मैथिली जनकात्मजा ।
वनवासनिमित्तार्थं भर्तारमिदमब्रवीत् ॥
सा तमुत्तमसंविग्ना सीता विपुलवक्षसम् ।
प्रणयाच्चाभिमानाच्च परिचिक्षेप राघवम् ॥
किं त्वामन्यत वैदेहः पिता मे मिथिलाधिपः ।
रामं जामातरं प्राप्य स्त्रियं पुरुषविग्रहम् ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

स्वयं तु भार्यां कौमारीं चिरमध्युषितां सतीम् ।
शैलूप इव मां राम परेभ्यो दातुमिच्छसि ॥
(अयोध्याकाण्ड ३०.१.७)

किन्तु 'प्रतिमा' की सीता राम के राज्याभिषेक में न तो प्रसन्न है और न वनगमन में खिन्न। राम से सीता इतना ही कहती है :—

'प्रियं मे । महाराज एव महाराजः । आर्यपुत्र एवार्यपुत्रः ।' (पृ० २३)

रामायण की सीता मायामृग के आखेट के लिए निकले राम के पीछे लक्ष्मण को न जाते देख लक्ष्मण पर क्रुद्ध होती है :—

'तमुवाच ततस्तत्र क्षुभिता जलकात्मजा ।
सौमित्रे मित्ररूपेण भ्रातस्त्वमसि शत्रुवत् ॥
यस्त्वमस्यामवस्थायां भ्रातरं नाभिपद्यसे ।
इच्छसि त्वं विनश्यन्तं रामं लक्ष्मण मत्कृते ॥
लोभात्तु मत्कृते नूनं नानुगच्छसि राघवम् ।
व्यसनं ते प्रियंमन्ये स्नेहो भ्रातरि नास्ति ते ॥
(अरण्यकाण्ड ४५-५-७)

किन्तु 'प्रतिमा' नाटक के कवि ने सीता के इस व्यक्तित्व का चित्रण करना अनुचित समझकर मायामृग की घटना में लक्ष्मण को ही अनुपस्थित निर्दिष्ट कर दिया है।

कौसल्या का चरित-चित्रण

रामायण में तो कौसल्या को कैकेयी के दुर्व्यवहार पर क्षुब्ध चित्रित किया गया है और भरत पर भी रुष्ट बताया गया है :—

तथैव क्रोशतस्तस्य भरतस्य महात्मनः ।
कौसल्या शब्दमाज्ञाय सुमित्रां चेदमब्रवीत् ॥
आगतः क्रूरकार्यायाः कैकेय्या भरतः सुतः ।
तमहं द्रष्टुमिच्छामि भरतं दीर्घदर्शिनम् ॥
भरतं प्रत्युवाचेदं कौसल्या भृशदुःखिता ।
इदं ते राज्यकामस्य राज्यं प्राप्तमकण्टकम् ।
सम्प्राप्तं वत कैकेय्या शीघ्रं क्रूरेण कर्मणा ॥
प्रस्थाप्य चीरवसनं पुत्रं मे वनवासिनम् ।
कैकेयी कं गुणं तत्र पश्यति क्रूरदर्शिनी ॥
(अयोध्याकाण्ड ७५.५-१२)

किन्तु 'प्रतिमा' में कौसल्या का जो चरित है उसमें कहीं भी उसे रुष्ट अथवा क्षुब्ध नहीं देखा जा सकता।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कैकेयी का चरित-चित्रण

'प्रतिमा' में कैकेयी का जो चरित्र चित्रित है वह एक उदात्त चरित्र है। 'प्रतिमा' (पृ० १६३-६६) में कैकेयी राम के वनवास का वर इसलिये माँगती है कि महाराज दशरथ को दिया गया ऋषि-शाप उसे इसके लिये प्रेरित करता है :—

भरतः—हन्त भोः ! सत्त्वयुक्तानामिक्ष्वाकूणां मनस्विनाम् ।
वधूप्रधर्षणं प्राप्तं प्राप्यात्रभवतीं वधूम् ॥

कैकेयी—(आत्मगतम्) भवतु । इदानीं कालः कथयितुम् । (प्रकाशम्) जात ! त्वं न जानासि महाराजस्य शापम् ।

भरतः—किं शप्तो महाराजः ?

कैकेयी—सुमन्त्र ! आचक्ष्व विस्तरेण ।

सुमन्त्रः—यदाज्ञापयति भवती । कुमार ! श्रूयताम्—पुरा मृगयां गतेन महाराजेन कस्मिंश्चित्सरसि कलशं पूरयमाणो वनगजबृंहितानुकारिशब्दसमुत्पन्नवनगजशङ्कया शब्दवेधिना शरेण विपन्नचक्षुषो महर्षेश्चक्षुर्भूतो मुनितनयो हिंसितः ।

भरतः—हिंसित इति । शान्तं शान्तं पापम् । ततस्ततः ।

सुमन्त्रः—ततस्तमेवं गतं दृष्ट्वा—

तेनोक्तं रुदितस्यान्ते मुनिना सत्यभाषिणा ।
यथाऽहं भोस्त्वमत्येवं पुत्रशोकाद् विपत्स्यसे ॥ इति ।

भरतः—नन्विदं कष्टं नाम ।

कैकेयी—जात ! एतन्निमित्तमपराधे मां निक्षिप्य पुत्रको रामो वनं प्रेषितः । न खलु राज्यलोभेन । कुपरिहरणीयो महर्षिशापः पुत्रविप्रवासं विना न भवति ।

भरतः—अथ तुल्ये पुत्रविप्रवासे कथमहमरण्यं न प्रेषितः ।

कैकेयी—जात ! मातुलकुले वर्त्तमानस्य प्रकृतीभूतस्ते विप्रवासः ।

भरतः—अथ चतुर्दशवर्षाणि किं कारणमवेक्षितानि ।

कैकेयी—जात ! चतुर्दश दिवसा इति वक्तुकामया पर्याकुलहृदयया चतुर्दश वर्षाणि इत्युक्तम् ।

भरतः—अस्ति पाण्डित्यं सम्यग् विचारयितुम् । अथ विदितमेतद् गुरुजनस्य ?

सुमन्त्रः—कुमार ! वसिष्ठवामदेवप्रभृतीनामनुमतं विदितञ्च ।

किन्तु रामायण के कवि ने कैकेयी पर सन्देह दृष्टि रखी है और उसे ही सभी अनर्थ का कारण बताया है :—

कुलस्य त्वमभावाय कालरात्रिरिवागता ।
अङ्गारमुपगुह्य स्म पिता मे नावबुद्धवान् ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मृत्युमापादितो राजा त्वया मे पापदर्शिनी।
मुखं परिहृतं मोहात्कुलेऽस्मिन् कुलपांसनि॥
(अयोध्याकाण्ड ७३, ४–५)

सुमन्त्र का चरित्र-चित्रण

रामायण में सुमन्त्र का जो चरित्र है उससे 'प्रतिमा' के सुमन्त्र का चरित्र सर्वथा भिन्न है। रामायण का सुमन्त्र कैकेयी पर क्रुद्ध होकर उसे मर्मान्तक वाक्य-बाणों से मारता है :—

ततो निधूय सहसा शिरो निःश्वस्य चासकृत्।
पाणिं पाणौ विनिष्पिष्य दन्तान् कटकटाय्य च॥
लोचने कोपसंरक्तं वर्णं पूर्वोचितं जहत्। कोपाभिभूतः सहसा संतापमशुभं गतः॥
मनः समीक्षमाणश्च सूतो दशरथस्य च।
कम्पयन्निव कैकेय्या हृदयं वाक्शरैः शितैः॥
वाक्यवज्रैरनुपमैर्निर्भिन्दन्निव चाशुभैः। कैकेय्याः सर्वमर्माणि सुमन्त्रः प्रत्यभाषत॥
न ह्यकार्यतमं किञ्चित्तव देवीह विद्यते।
पतिघ्नीं त्वामहं मन्ये कुलघ्नीमपि चान्ततः॥
आश्चर्यमिव पश्यामि यस्यास्ते वृत्तमीदृशम्।
आचरन्त्या न विदृता सद्यो भवति मेदिनी॥
(अयोध्याकाण्ड ३५, १–६, १४)

किन्तु 'प्रतिमा' का सुमन्त्र सौम्यस्वभाव और शान्त व्यक्ति है जो दैवदुर्विपाक पर भले ही क्रुद्ध हो, कैकेयी पर नहीं।

'प्रतिमा' का रस

'प्रतिमा' रूपक का वह भेद है जिसे नाटक कहा जाता है। नाटक में रस-भाव की ही दृष्टि से चरित्र-चित्रण और इतिवृत्त-निर्माण दोनों हुआ करते हैं। 'प्रतिमा' के 'रस' के सम्बन्ध में भासनाटक के विचारशील विद्वानों में मतभेद है। महामहोपाध्याय डाक्टर गणपति शास्त्री के अनुसार 'प्रतिमा' का मुख्य रस वीररस है जिसे 'धर्मवीर रस' कहना चाहिये और 'प्रतिमा' में जो करुणरस की अभिव्यक्ति है, वह इसी 'धर्मवीर' की अभिव्यक्ति का अङ्ग है। किन्तु प्रोफेसर ध्रुव की दृष्टि में 'प्रतिमा' का मुख्य अथवा अङ्गी रस करुण है।

वस्तुतः रसाभिव्यक्ति की दृष्टि से करुण रस ही 'प्रतिमा' का मुख्य रस है। प्रथम अङ्क (पृ० २४) में सीता और राम का वल्कल के साथ मनोविनोद—

आदर्शे वल्कलानीव किमेते सूर्यरश्मयः। हसितेन परिज्ञातं क्रीडेयं नियमस्पृहा॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

और साथ ही साथ लक्ष्मण का क्रोध (पृ० ३४)—

'यदि न सहसे राज्ञो मोहं धनुः स्पृश मा दया
स्वजननिभृतः सर्वोऽप्येवं मृदुः परिभूयते ।
अथ न रुचितं मुञ्च त्वं मामहं कृतनिश्चयो
युवतिरहितं कर्तुं यतश्छलिता वयम् ॥

करुण रस का ही प्रादुर्भाव परिपोष का उपाय मात्र है ।

द्वितीय अङ्क तो करुण रस से ओतप्रोत है ही ।

तृतीय अङ्क (पृ० ७२) में भरत की स्वजन-दर्शन की यह उत्सुकता—

पतितमिव शिरः पितुः पादयोः स्निह्यतेवास्मि राज्ञा समुत्थापितः
त्वरितमुपगता इव भ्रातरः क्लेदयन्तीव मामश्रुभिर्मातरः ।
सदृश इति महानिति व्यायतश्चेति भृत्यैरिवाहं स्तुतः सेवया
परिहसितमिवात्मनस्तत्र पश्यामि वेषं च भाषां च सौमित्रिणा ॥

सहृदय सामाजिक में जिस विचित्रता से करुण रस का सञ्चार करती है वह अन्यत्र सुलभ नहीं । 'प्रतिमागृह' में भरत का प्रतिमा-दर्शन और कलाविनोद करुण रस की एक नयी ही उद्भावना है । चतुर्थ अङ्क में जो करुण का विराम है और पञ्चम अङ्क में जो रावण के चरित्र में विस्मय-भाव का प्रकाशन है वह सब सीतापहार की दुखद घटना में पर्यवसित होकर करुण का ही परिपोषक बना दिखाई देता है ।

उत्तररामचरित का करुण काव्यव्यङ्ग्य करुण रस है किन्तु 'प्रतिमा' का करुण नाट्यव्यङ्ग्य करुण रस है । वैसे तो भवभूति ने भी 'उत्तररामचरित' को नाटक-रूप में ही रचा है किन्तु वहाँ जो करुण की अवतारणा है वह कविता का कार्य है । 'प्रतिमा' में करुण रस कविता द्वारा नहीं अपितु नाटक द्वारा अभिव्यक्त किया गया है । नाटक की मुख्य घटना 'प्रतिमागृह' और प्रतिमा-दर्शन में भरत की उत्सुकता—जिसकी स्मृति नाटक के नामकरण में सुरक्षित रखी गयी है—बिना काव्यमय करुण सन्दर्भों के ही करुण रस की उद्गमभूमि बनी प्रतीत हुआ करती है ।

'प्रतिमा' का नायक

प्रतिमा नाटक के आलोचक विद्वानों की दृष्टि में 'राम' प्रतिमानाटक के नायक हैं । डाक्टर गणपति शास्त्री का कहना है :—

'In the Pratima, however, the central Rasa that runs through it, is the Dharmavira mingled with Karuna Rasa–the Dharmavira manifesting itself in the enthusiasm displayed by the hero (Bama) in cherishing the single thought of carrying out the Dharma i, e, fulfilling the mandates of his royal father'–Pratima: Introduction,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जिसका अभिप्राय यही है कि राम को नायक मान कर नाटककवि ने अपने नाटक में धर्मवीर रस की पूर्ण रूप से अभिव्यक्ति की है। किन्तु ऐसा लगता है कि नाटककार को वहाँ करुणरस की ही अभिव्यक्ति अभिप्रेत है और इस दृष्टि से भरत ही इस नाटक के नायक रूप में चित्रित है।

रामायण में भरत का जो उदात्त चरित्र है उसकी छाप 'प्रतिमा' पर सर्वत्र पड़ी दिखाई देती है। यद्यपि इस नाटक के प्रथम अङ्क (पृ० ३७) में 'भरत' का दर्शन नहीं होता किन्तु राम की इस उक्ति अर्थात्—

'ताते धनुर्न मयि सत्यमवेक्षमाणे मुञ्चानि-मातरि शरं स्वधनं हरन्त्याम्।
दोषेषु ब्राह्मनुजं भरतं हनानि किं रोषणाय रुचिरं त्रिषु पातकेषु॥'

में भरत के व्यक्तित्व का धुँधला चित्र सहृदय सामाजिकों की अन्तर्दृष्टि के आगे अवश्य उपस्थित किया गया है। दूसरे अङ्क (पृ० ६४) में भी भरत को सहृदय सामाजिक नहीं देखते किन्तु राजा दशरथ की इस उक्ति अर्थात्—

'गतो रामः प्रियं तेऽस्तु त्यक्तोऽहमपि जीवितैः।
क्षिप्रमानीयतां पुत्रः पापं सफलमस्त्विति॥'

में वे भरत की प्रतीक्षा में उत्सुक अवश्य हो उठते हैं। सहृदय सामाजिकों की उत्सुकता तीसरे अङ्क में भरत को देखकर शान्त हो जाती है। तीसरे अङ्क (पृ० ७०) में भरत का जो करुण चित्र सहृदय सामाजिक के सामने आता है वही अन्त तक नये-नये दृष्टिकोणों से दीखता चला करता है। सुमन्त्र के साथ भरत की जो उक्ति-प्रयुक्ति है :—

भरतः—पितुर्मे को व्याधिः।
सूतः—हृदयपरितापः खलु महान्।
भरतः—किमाहुस्तं वैद्याः।
सूतः—न खलु भिषजस्तत्र निपुणाः।
भरतः—किमाहारं भुङ्क्ते शयनमपि।
सूतः—भूमौ निरशनः।
भरतः—किमाशा स्यात्।
सूतः—दैवं।
भरत—स्फुरति हृदयं वाहय रथम्।

इसमें भरत का पिता के प्रति स्नेह शोक की एक तीव्र व्यथा से लिपटा प्रतीत हो रहा है। भरत का व्यक्तित्व एक शोकाकुल महापुरुष का व्यक्तित्व है और इस व्यक्तित्व में तन्मय सामाजिक को इस नाटक के अन्य चरितों का व्यक्तित्व भी करुण-व्यक्तित्व ही लगा करता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

सुमन्त्र की यह उक्ति (पृ० ८७)—

सुमन्त्रः—इत इतो भवत्यः—

इदं गृहं तत् प्रतिमानृपस्य नः समुच्छ्रयो यस्य स हर्म्यदुर्लभः ।
अयन्त्रितैरप्रतिहारिकागतैर्विना प्रणामं पथिकैरुपास्यते ॥

(प्रविश्यावलोक्य)

भवत्यः ! न खलु न खलु प्रवेष्टव्यम्–अयं हि पतितः कोऽपि वयस्स्थ इव पार्थिवः ।
देवकुलिकः—परशङ्कामलं कर्तुं गृह्यतां भरतो ह्ययम् ॥

राजा दशरथ को प्रतिमा–दशरथ सिद्ध करने के लिए नहीं अपितु भरत को करुण रस की प्रतिमा सिद्ध करने के लिए है। भरत का कैकेयी के प्रति यह क्षोभ (पृ० ९५)—

अयशसि यदि लोभः कीर्तयित्वा किमस्मान्, किमु नृपफलतर्षः किं नरेन्द्रो न दद्यात् ।
अथ तु नृपतिमातेत्येष शब्दस्तवेष्टो, वदतु भवति ! सत्यं किं तवार्यो न पुत्रः ॥

वस्तुतः भरत के शोक का ही एक प्रकाशन प्रकार है।

चतुर्थ अङ्क (पृ० १०४) में भरत का व्यक्तित्व भरत के शब्दों में स्वयं प्रकाशित है :—

'निर्घृणश्च कृतघ्नश्च प्राकृतः प्रियसाहसः ।
भक्तिमानागतः कश्चित् कथं तिष्ठतु यात्विति ॥'

छठे अङ्क (पृ० १५५) मे भरत की यह उक्ति—

भरतः—तात ! अपि दृष्टस्त्वया लोकाविष्कृतपितृस्नेहः । अपि दृष्टं द्विधाभूत-
मरुन्धतीचारित्रम् । अपि दृष्टं त्वया निष्कारणावहितवनवासं सौभ्रात्रम् ।

भरत के करुण महान् व्यक्तित्व को और भी स्पष्टतया प्रकट कर देती है। भरत का कैकेयी से यह कहना (पृ० १६६)—

भरतः—अनुगृहीतोऽस्मि । आपृच्छाम्यत्रभवतीम् । अद्यैवाहमार्यस्य साहा-
य्यार्थं कृत्स्नं राजमण्डलमुद्योजयामि । अयमिदानीं—
वेलामिमां मत्तगजान्धकारां करोमि सैन्यौघनिवेशनद्धाम् ।
बलैस्तरङ्गैश्च नयामि तुल्यं रत्नानि समुद्रं सह रावणेन ॥

जो रामायण में असम्भव है, भरत की कर्त्तव्यनिष्ठा की तो सूचना देता ही है किन्तु साथ ही साथ भरत के करुण व्यक्तित्व को भी झलका जाता है।

सप्तम अङ्क (पृ० १७७) में सहृदय सामाजिक भरत को अवश्य प्रसन्न देखते हैं–

भरतः—आर्य ! अभिवादये भरतोऽहमस्मि ।

रामः—एह्येहि वत्स ! इक्ष्वाकुकुमार ! स्वस्ति, आयुष्मान् भव ।
वक्षः प्रसारय कवाटपुटप्रमाणमालिङ्ग मां सुविपुलेन भुजद्वयेन ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

उन्नामयाननमिदं शरदिन्दुकल्पं प्रह्लादय व्यसनदग्धमिदं शरीरम् ॥
भरतः—अनुगृहीतोऽस्मि । आर्ये ! अभिवादये, भरतोऽहमस्मि ।
सीता—आर्यपुत्रेण चिरसञ्चारी भव ।
भरतः—अनुगृहीतोऽस्मि । आर्य ! अभिवादये ।
लक्ष्मणः—एह्येहि वत्स ! दीर्घायुर्भव । परिष्वजस्व गाढम् ।
भरतः—अनुगृहीतोऽस्मि । आर्य ! प्रतिगृह्यतां राज्यभारः ।

किन्तु भरत की यह प्रसन्नता करुणा की ही प्रसन्नता है । नाटक को सुखान्त होना चाहिये । भरत की करुणा यद्यपि हँस रही है तथापि वह करुणा ही है ।

'प्रतिमा' और अभिज्ञानशाकुन्तल

भासकृत 'प्रतिमा' की मधुर कल्पना ने महाकवि कालिदास को कम प्रभावित नहीं किया । 'प्रतिमा' के प्रथम अङ्क में वल्कलावृता सीता के सम्बन्ध में अवदातिका की जो उक्ति है :—

'भट्टिनि ! सर्वशोभनीयं सुरूपं नाम' (पृ० १२)

उसी की भावना अभिज्ञानशाकुन्तल में कालिदास की इस स्मरणीय उक्ति की प्रेरणा है:—

"सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यं, मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति ।
इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी, किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम् ॥
(अभिज्ञानशाकुन्तल १. १७)

'प्रतिमा' के पञ्चम अङ्क (पृ० १२७) में पेड़-पौधों को पानी से पटाती सीता का जो सुन्दर चित्र है—

'योऽस्याः करः श्राम्यति दर्पणेऽपि स नैति खेदं कलशं वहन्त्याः ।
कष्टं वनं स्त्रीजनसौकुमार्यं समं लताभिः कठिनीकरोति ॥'

उसी के आधार पर सम्भवतः महाकवि कालिदास ने शकुन्तला का यह चित्र खींचा है :—

'इदं किलाव्याजमनोहरं वपुः तपःक्षमं साधयितुं य इच्छति ।
ध्रुवं स नीलोत्पलपत्रधारया समीलतां छेत्तुमृषिर्व्यवस्यति ॥'
(अभिज्ञानशाकुन्तल १. १७)

'प्रतिमा' के पञ्चम अङ्क (पृ० १३८) की यह मधुर कल्पना—

'आपृच्छ पुत्रकृतकान् हरिणान् द्रुमांश्च, विन्ध्यं वनं तव सखीर्दयिता लताश्च ।'

अभिज्ञानशाकुन्तल की इस कल्पना में अपने पूर्ण माधुर्य में उभर उठी है—

'पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु या
नादत्ते प्रियमण्डनापि भवतां स्नेहेन या पल्लवम् ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

आद्ये वः कुसुमप्रसूतिसमये यस्या भवत्युत्सवः
सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम् ॥
(अभिज्ञानशाकुन्तल ४. ८)

'प्रतिमा' के सप्तम अङ्क (पृ० १७३) में राम की सीता के प्रति यह उक्तिः—

'अप्युपलभ्यतेऽस्य सप्तपर्णस्याधस्तात् शुक्लवाससं भरतं दृष्ट्वा परित्रस्तं मृगयूथमासीत्।'

अभिज्ञानशाकुन्तल के पञ्चम अङ्क में शकुन्तला की दुष्यन्त के प्रति इस उक्ति में झलक रही है :—

'नन्वेकस्मिन् दिवसे नवमालिकामण्डपे नलिनीपत्रभाजनगतमुदकं तव हस्ते सन्निहितमासीत्।...तत्क्षणे स मे पुत्रकृतको दीर्घापाङ्गो नाम मृगपोतक उपस्थितः। त्वयाऽयं तावत् प्रथमं पिबत्वित्यनुकम्पितोपच्छन्दित उदकेन। न पुनस्तेऽपरिचयाद्धस्ताभ्यामुपगतः। पश्चात्तस्मिन्नेव मया गृहीते सलिलेऽनेन कृतः प्रणयः। तदा त्वमित्थं प्रहसितोऽसि सर्वः सगन्धेषु विश्वसिति। द्वावप्यारण्यकाविति।'

ऐसा लगता है कि भास की रेखा-रचना को कालिदास की कविप्रतिभा ऐसा उन्मीलित कर देती है कि देखने वाले चित्र देखने में ही मुग्ध हो जाते हैं और उसके पूर्वरूप को देखना नहीं चाहते।

प्रतिमा और उत्तररामचरित

'प्रतिमा' की 'प्रतिमा-कल्पना' ने उत्तररामचरित की 'चित्र-वीथी' की कल्पना को भी प्रभावित किया है। यद्यपि उत्तररामचरित की 'चित्रवीथी'-कल्पना संस्कृत काव्यसाहित्य में एक अद्भुत कल्पना है और ऐसी कल्पना है जो चित्र और काव्यकला दोनों के गठबन्धन की एक अभूतपूर्व कल्पना है किन्तु इसकी सृष्टि भास की 'प्रतिमा'-कल्पना के कारण ही संभवतः हुई है। यद्यपि उत्तररामचरित की 'चित्रवीथी' की यह सुन्दरता :—

'अयं तावद्बाष्पस्त्रुटित इव मुक्तामणिसरो, विसर्पन्धाराभिर्लुठति धरणीं जर्जरकणः।
निरुद्धोऽप्यावेगः स्फुरदधरनासापुटतया, परेषामुन्नेयो भवति चिरमाध्मातहृदयः॥
(उत्तररामचरित १. २६)

'प्रतिमा' में कहीं नहीं, और हो भी नहीं सकती, क्योंकि आँसू का अंकन संगीत और चित्र तथा काव्य की कलायें ही कर सकती हैं—मूर्तिकला नहीं, किन्तु तब भी 'प्रतिमा' की 'प्रतिमा-कल्पना' उत्तररामचरित की 'चित्रकल्पना' की एक प्रबल प्रेरणा अवश्य है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

'प्रतिमा' में अलङ्कार-योजना

'प्रतिमा' में अलङ्कार-योजना की वही विशेषता है जो भास के 'स्वप्नवासवदत्तम्' किंवा 'अविमारक' आदि में दिखाई देती है। भास का परमप्रिय अलङ्कार 'उपमा' अलङ्कार है। कालिदास तो उपमा के प्रयोग और उपयोग में सिद्धहस्त प्रसिद्ध ही हैं, किन्तु भास की 'उपमा' भी अपनी स्वाभाविकता और प्रभावमयता का प्रदर्शन किया ही करती है। 'प्रतिमा' के प्रथम अङ्क (पृ० ४१) में लक्ष्मण की यह उक्तिः—

'अनुचरति शशाङ्कं राहुदोषेऽपि तारा, पतति च वनवृक्षे याति भूमिं लता च।
त्यजति न च करेणुः पङ्कलग्नं गजेन्द्रं, व्रजतु चरतु धर्मं भर्तृनाथा हि नार्यः॥

'अर्थान्तरन्यास' के सदुपयोग का एक दृष्टान्त अवश्य है, किन्तु इसमें भी 'उपमानोपमेयभाव' का ही सौन्दर्य छिपा झलक रहा है। यह 'अर्थान्तरन्यास' नीरस नहीं अपितु सरस है।

'प्रतिमा' के तृतीय अङ्क (पृ. ८४) में भरत की इस उक्तिः—

'अयोध्यामटवीभूतां पित्रा भ्रात्रा च वर्जिताम्।
पिपासार्त्तोऽनुधावामि क्षीणतोयां नदीमिव॥'

में 'उपमा' की जो योजना है उसमें भरत की विकल मनःस्थिति का दर्शन स्पष्ट हो रहा है।

भास की 'उत्प्रेक्षा' भी 'प्रतिमा' में बड़ी प्रभावपूर्ण बन पड़ी है। द्वितीय अङ्क (पृ. ४७) में महाराज दशरथ के इस वर्णन :—

'मेरुश्चलन्निव युगक्षयसन्निकर्षे शोषं व्रजन्निव महोदधिरप्रमेयः।
सूर्यः पतन्निव च मण्डलमात्रलक्ष्यः शोकाद् भृशं शिथिलदेहमतिर्नरेन्द्रः॥'

में जो 'उत्प्रेक्षा' है, उसमें महाराज दशरथ और उनके पुत्रशोक—दोनों की महानता और गम्भीरता का स्पष्ट अङ्कन प्रतीत हो रहा है।

'प्रतिमा' के प्रथम अङ्क (पृ. ४३) में भास ने 'वल्कल' पर यह रूपक-रचना की है :—

'तपःसंग्रामकवचं नियमद्विरदाङ्कुशः। खलीनमिन्द्रियाश्वानां गृह्यतां धर्मसारथिः॥

किन्तु इसकी सुन्दरता इसलिये आकर्षक है कि इसके पहले (पृ. २४ में) भास ने 'वल्कल' को 'ससन्देह' अलङ्कार से अलङ्कृत कर दिया है :—

'आदर्शे वल्कलानीव किमेते सूर्यरश्मयः। हसितेन परिज्ञातं क्रीडेयं नियमस्पृहा।

राम के लिये 'वल्कल' पहले तो मनोविनोद का साधन बना और बाद में ही 'तपः संग्रामकवच' आदि रूप में निखरा। अलङ्कार चरित-चित्रण में भी साधन हैं—यह यहाँ स्पष्ट प्रतीत हो रहा है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

महाकवि भास

काल-निर्णय

भारत के साहित्यिक इतिहास की सबसे बड़ी कठिनाई कवियों और काव्य-प्रकृतियों का काल-निर्णय है। महाकवि कालिदास भारत के कविसम्राट् हैं किन्तु अभी तक इनके भी युग के सम्बन्ध में मतभेद चल ही रहे हैं। महाकवि कालिदास ने 'भास' का आदरपूर्वक स्मरण किया है। कालिदास के पहले भास की नाटक-कृतियों का बोलबाला अवश्य रहा होगा। अन्यथा कालिदास को भास की स्मृति क्योंकर हो पाती। किन्तु तब भी भास के काल-निरूपण में एक का मत दूसरे से नहीं मिलता।

भास का समय भिन्न-भिन्न विद्वान् भिन्न-भिन्न मानते आ रहे हैं—म० म० गणपति शास्त्री, म० म० हरप्रसाद शास्त्री आदि विद्वानों की दृष्टि से भास का समय यदि ६००–४०० ई० पूर्व का होना चाहिये तो म० म० डाक्टर काणे, म० म० रामावतार शर्मा आदि विद्वानों के मत में ईसा की ६ वीं १० वीं शताब्दी। डाक्टर काशीप्रसाद जायसवाल, प्रिंसिपल ध्रुव आदि ऐतिह्यविद् भास को यदि २ री–१ ली शताब्दी पूर्व का सिद्ध करना चाहते हैं तो डाक्टर बार्नेट, प्रोफेसर देवधर आदि विद्वान् ईसा की ७ वीं शताब्दी का। भास को ईसा की २ री, ३ री, ४ थी, ५ वीं और छठी शताब्दी में स्थान देने वालों का भी अपना-अपना मत और अपना-अपना दल है। तात्पर्य यही है कि भास के युग के अनिर्णय में जितना संदेह नहीं उतना निर्णय में है।

भास का काल-निर्णय तभी संभव है जब कौटिल्य, शूद्रक, कालिदास और अश्वघोष का काल-निर्णय निःसन्दिग्ध हो जाय। ६ ठी–७ वीं शताब्दी के बाद तो भास को रखा ही नहीं जा सकता, क्योंकि महाकवि बाण के द्वारा भास और भास नाटक, भास-नाटक की विशेषता आदि के निर्देश एक समस्या बन जायेंगे। कालिदास के पहले भास का होना अनिवार्यरूप से आवश्यक है, क्योंकि कालिदास ने भास का नामोल्लेख किया है जिसका कारण है कालिदास के पूर्व भास की नाट्यकृतियों की प्रसिद्धि।

नाट्य-रचना की दृष्टि से भास का समय कालिदास से बहुत पहले का होना चाहिये। भास की नाटक-कृतियों पर भरतकृत नाट्यशास्त्र का प्रभाव नहीं दिखाई देता किन्तु कालिदास की नाटक-कृतियाँ भरतमुनि की नाट्य-परम्परा में आ जाती हैं। म०म० गणपति शास्त्री ने भासकी नाटक-रचना पर भगवान् पाणिनि द्वारा निर्दिष्ट 'नटसूत्र' के सम्प्रदाय के प्रभाव का अनुमान किया है। भास यदि

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

पाणिनि के पूर्ववर्त्ती न भी हों, क्योंकि अष्टाध्यायी पर भासकृत प्रयोगों की कोई छाप नहीं दिखाई देती, तब भी इतना तो माना जा सकता है कि भास के नाटक भरतमुनिकृत नाट्यशास्त्र की मर्यादा से पहले की नाट्य मर्यादा का अनुसरण करते हैं।

भास को भगवान् बुद्ध का पूर्ववर्ती मानना, जैसा कि म० म० गणपति शास्त्री का कहना है, ठीक नहीं जँचता, क्योंकि भास के नाटकों में 'शाक्य-श्रमणक', 'नग्ना श्रमणिका' आदि-आदि प्रयोग बहुधा आये हैं।

भास के नाटकों में जिस सामाजिक परिस्थिति का चित्रण है वह कालिदास के नाटकों में चित्रित सामाजिक परिस्थिति से पर्याप्त रूप से प्राचीन है। 'प्रतिमा' नाटक में प्रतिमागृह की प्राङ्गणभूमि में 'वालुका' (बालू) का छींटना जो वर्णित है उसके आधार पर म० म० हरप्रसाद शास्त्री का अनुमान है कि भास ५ वीं शताब्दी ई० पूर्व के रहे होंगे क्योंकि आपस्तम्ब (६०० ई० पूर्व) ने ही 'बालूकास्तरण' का उल्लेख किया है और किसी गृह्यसूत्रकार ने नहीं। भास के 'अविमारक' में जिस प्रकार के वैवाहिक सम्बन्ध का निर्देश है उसे मनुस्मृति युग में अवैध माना गया है। इसके आधार पर भी भास का युग मनुस्मृति (२ री शताब्दी ई० पूर्व) का पूर्ववर्ती सिद्ध किया जाता है।

भास के नाटकों में बौद्ध और जैन धर्म के प्रति कोई सद्भावना का भाव नहीं दिखाई देता, प्रत्युत जो भी धार्मिक आदर्श प्रस्तुत किया गया है वह वैदिक धर्म का ही आदर्श है—भास की प्राचीनता में यह भी एक प्रमाण है।

भास के नाटकों में प्रतिबिम्बित सामाजिक जीवन कौटिलीय अर्थशास्त्र की राजनीति की पृष्ठभूमि-सा लगता है। अर्थशास्त्र में मदिरा-गृह और उसके राजकीय संरक्षण का उल्लेख भास के प्रतिज्ञा-यौगन्धरायण (अङ्क ४ प्रवेशक) की इन पंक्तियों में स्पष्टतया निर्दिष्ट है :—

गात्रसेवक—क इदानीमेषोऽत्र राजमार्गे गात्रसेवक! गात्रसेवक! इति मां शब्दापयति? पानागाराच्चिप्क्रान्तो दृष्टोऽस्मि मम श्वशुरेण सुरापटेन। दृष्ट-मल्लकेन घृतमरिचलवणरूपितो मांसखण्डो मुखे प्रक्षिप्तश्च। स्नुषा रज्यति पीता यदि। श्वश्रुर्नेनु दण्डोद्यता भवति।

धन्याः सुराभिर्मत्ता धन्याः सुराभिरनुलिप्ताः।
धन्याः सुराभिः स्नाता धन्याः सुराभिः संज्ञापिताः॥

अर्थशास्त्र में, बड़े-बड़े नगरों में किन्हीं विशेष अवसरों पर नागरिकों के रात्रि-भ्रमण के प्रतिबन्ध (कर्फ्यू) का जो सङ्केत है और उसके लिए तूर्यवादन के द्वारा सबको सूचित करने का जो विधान है उसका चित्र भास के नाटक 'चारुदत्त' में स्पष्ट चित्रित है :—

विदूषक—भो वयस्य! कः कालः कृतपरिघोषणतया निःसम्पाता राजमार्गाः।

कौटिल्य अर्थशास्त्र और भासनाटक-चक्र में समसामयिक जीवन का जो चित्र है उसके आधार पर भास को ईस्वी पूर्व का ही महाकवि मानना अनिवार्य

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

हो जाता है। कालिदास के पूर्ववर्ती भास को आज-कल उपलब्ध नाटकचक्र की कृति से सम्बद्ध अथवा असम्बद्ध सिद्ध करने के भी अनेकानेक प्रयत्न किये जा चुके हैं। किन्तु इतना निश्चित है कि आलङ्कारिकों द्वारा नामग्रहण के साथ उद्धृत 'स्वप्नवासवदत्त' यदि भासकृत है तो अन्य उपलब्ध १२ नाटक भी भासकृत ही होने चाहिये। भास की कृति के रूप में प्रसिद्ध 'स्वप्नवासवदत्त' आदि तेरहों नाटक एक प्रतिभाशाली नाटक कवि की रचनायें हैं न कि किसी प्राचीन नाटक-मण्डली के द्वारा अभिनय के लिये संगृहीत रूपक-वस्तुयें। डाक्टर विंटरनिट्ज का इसीलिये कहना है :—

'Plays like ऊरुभङ्ग, पाञ्चरात्र *and* बालचरित, *to say nothing of such works as the* स्वप्नवासवदत्त *and* प्रतिज्ञायौगन्धरायण *or* अविमारक *are original works and cannot by any stretch of the term be designated as Compilations.'*

भास की शैली

भास की शैली संस्कृत नाटक की आदर्शशैली कहना चाहिये। नाट्याचार्यों ने जिसे 'भारती वृत्ति' कहा है उसमें आधुनिक नाट्य-मर्यादा का *Dialogue* (कथनोपकथन अथवा संवाद) अन्तर्भूत प्रतीत होता है। भास के नाटकों की जो 'भारती वृत्ति' है वह दूसरे संस्कृत नाटकों में दुर्लभ है। म० म० गणपति शास्त्री का कहना है :—

'The superior excellence of sentences which are not subject to the restrictions of verification is everywhere to be observed in these Rupakas. It really surpasses in grandeur, the style of other works and is incomparable, अर्थात् भास के नाटक-चक्र में वाक्य-योजना की जो विशेषतायें हैं उनका अनुकरण नहीं हो सकता और न उन्हें अन्यत्र पाया ही जाता है।

भास की भाषा बोलचाल की संस्कृत भाषा है। भास की भाषा की स्वाभाविकता कालिदास की भाषा में नहीं। भास की भाषा पहाड़ी निर्झरिणी-सी स्वच्छन्द होते हुए सरल है किन्तु कालिदास की भाषा गङ्गा की धारा-सी संयत और सुन्दर है।

भास ने अपने नाटकों में चरितों के अनुकूल भाषा का प्रयोग किया है। कालिदास के नाटकों में काव्यात्मकता की सुन्दरता स्थान-स्थान पर मिलती है किन्तु भास के नाटक नाटकीयता से पूर्ण हैं। भास को भारती वृत्ति—संवाद-रचना—का अद्वितीय कलाकार कहना कोई अत्युक्ति नहीं होगी। भास की शैली के सम्बन्ध में यह उक्ति :—

'He is terse and sparse in his expression. He tells us more by the things he does not say than by the things he says. He is the master

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

of silence.. अर्थात् 'भास की शब्दार्थ-योजना अभिव्यञ्जना से ओतप्रोत है' सर्वथा युक्तियुक्त है प्रत्येक रस-भाव के अनुकूल, देश और काल के अनुसार भास की भाषा का प्रवाह देखते ही बनता है।

भास की रस-योजना

अलङ्कारशास्त्र में 'रस' को नाट्य और काव्य की आत्मा कहा गया है। भास की नाटक कृतियों में रसरूपी आत्मतत्त्व सर्वत्र झलकता है। भास की रचना एक रसाविष्टहृदय कवि की रचना है और इसीलिये उसमें शब्द-ग्राम, अर्थ-सार्थ उक्तिवैखरी, कल्पना-वैचित्र्य सभी के सभी स्वभावतः खिंचे चले आये हैं। भास को वीर, वात्सल्य, हास्य, अद्भुत, रौद्र और करुणरस पर अधिकार है। भास की शृङ्गार रस की भी नाट्य-कृतियाँ हैं, जिनमें रति अथवा प्रेम का भाव अत्यन्त उत्कृष्ट रूप का अभिव्यक्त हुआ है।

भास की रस योजना में अलङ्कार कहीं भी बाधक नहीं प्रतीत होते। उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक और अर्थान्तरन्यास—इन कतिपय अलङ्कारों की योजना भास की रससिद्ध रचनाओं की एक सुन्दरता है। कालिदास ने भास की नाटक-कृतियों की शाला में अलङ्कार-योजना का अध्ययन किया है। कालिदास की अलङ्कार-योजना की सुन्दरता का बहुत कुछ श्रेय इस दिशा में भास के मार्ग-प्रदर्शन को है। डाक्टर ए० बी० कीथ की यह उक्ति :—

His practical appreciation of the merits of the dramatist (Bhasa) with whose established fame his (Kalidasa's) nascent genius had to contend. अर्थात् 'कालिदास ने भास की विशेषताओं का अपने में आधान किया है क्योंकि कालिदास की उदीयमान कवि-प्रतिभा को भास की चमकती प्रतिभा का सामना करना पड़ा है' कोई अत्युक्ति नहीं।

भास का प्रकृतिवर्णन

भास का प्रकृति-निरीक्षण सूक्ष्म और व्यापक दोनों है। सूक्ष्म इसलिये है कि प्रत्येक दृश्य केवल रेखानिवेश के रूप में नहीं अपितु पूर्ण चित्र के रूप में अङ्कित हुए हैं और व्यापक इसलिये कि भास की नाटक कृतियों में प्रकृति के अनेक दृश्य एक के बाद एक आया-जाया करते हैं। 'स्वप्नवासवदत्त' (१. १६) में सायंकाल का यह चित्रण :—

'खगा वासोपेताः सलिलमवगाढो मुनिजनः
प्रदीप्तोऽग्निर्भाति प्रविचरति धूमो मुनिवनम्।
परिभ्रष्टो दूराद्रविरपि च संक्षिप्तकिरणो
रथं व्यावर्त्यासौ प्रविशति शनैरस्तशिखरम्॥'

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जितना स्वाभाविक है उतना ही सुन्दर और सरस भी है।

कालिदास की कृतियों में प्रकृति और मानव का जो घनिष्ठ सम्बन्ध स्थापित दिखायी देता है और प्रकृति के दृश्य मानव-हृदय के प्रति सान्त्वना और सम-वेदना के भावों से जो ओत-प्रोत लगते हैं उन सब का पूर्वरङ्ग भास की नाट्य-कृतियाँ हैं। भास ने अपने नाटक में अविमारक के वियोग-दुःख में निदाघ को संतप्त चित्रित किया है :—

'अत्युष्णा ज्वरितेव भास्करकरैरापीतसारा मही
यक्ष्मार्त्ता इव पादपाः प्रमुषितच्छाया दवाग्न्याश्रयात्।
विक्रोशन्त्यवशादिवोच्छ्रितगुहाव्यात्तानना पर्वता
लोकोऽयं रविपाकनष्टहृदयः संयाति मूर्च्छामिव ॥' (अविमारक ४.४)

इसी प्रकार 'अविमारक' की प्रसन्नता में प्रकृति भी प्रसन्नता से फूली नहीं समाती :—

'व्याघृष्टसूर्यतिलको विततोडुमालो नष्टातपो मृदुमनोहरशीतवातः।
संलीनकामुकजनः प्रविकीर्णशूरो वेषान्तरं रचयतीव मनुष्यलोकः ॥'
(अविमारक २. १३)

कालिदास ने आकाशमार्ग से इन्द्र-रथ पर चलते हुए महाराज दुष्यन्त के द्वारा देखे गये भूलोक के दृश्य का जो सच्चा और स्वाभाविक चित्र उपस्थित किया है :—

'शैलानामवरोहतीव शिखरादुन्मज्जतां मेदिनी
पर्णाभ्यन्तरलीनतां विजहति स्कन्धोदयात् पादपाः।
संतानैस्तनुभावनष्टसलिला व्यक्तिं भजन्त्यापगाः
केनाप्युत्क्षिपतेव पश्य भुवनं मत्पार्श्वमानीयते ॥' (शाकुन्तल ७. ८)

उसकी रेखा भास के अविमारक (४. ११) में ही बन चुकी है :—

'शैलेन्द्राः कलभोपमा जलधयः क्रीडातटाकोपमा
वृक्षाः शैवलसन्निभाः क्षितितलं प्रच्छन्ननिम्नस्थलम्।
सीमन्ता इव निम्नगाः सुविपुलाः सौधाश्च बिन्दूपमा
दृष्टं वक्रमिवावभाति सकलं संक्षिप्तरूपं जगत् ॥'

महाकवि कालिदास के अभिज्ञानशाकुन्तल (१.९) में द्रुतगतिगामी रथ पर आरूढ़ दुष्यन्त के द्वारा देखे गये प्राकृतिक दृश्यों का यह वर्णन :—

'यदालोके सूक्ष्मं व्रजति सहसा तद्विपुलतां
यदर्धे विच्छिन्नं भवति कृतसंधानमिव तत्।
प्रकृत्या यद्वक्रं तदपि समरेखं नयनयो
र्न मे दूरे किञ्चित् क्षणमपि न पार्श्वे रथजवात् ॥'

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

अपनी स्वाभाविकता में जितना सुन्दर है उतना ही भास के प्रतिमानाटक (पृ. ७१) में तीव्रगामी रथ पर आरूढ़ भरत के द्वारा देखे गये प्राकृतिक दृश्यों का यह वर्णन भी स्वभावमनोहर है :—

'द्रुमा धावन्तीव द्रुतरथगतिक्षीणविषया नदीवोद्वृत्ताम्बुर्निपतति मही नेमिविवरे।
अरव्यक्तिर्नष्टा स्थितमिव जवाच्चक्रवलयं रजश्चाश्वोद्धूतं पतति पुरतो नानुपतति॥'

भासकृत रात्रि-वर्णन और संतमस-वर्णन वास्तविकता और कलात्मकता का बड़ा सुंदर संमिश्रण है। भास ने 'अविमारक' (२. १२) में 'सांध्यवेला' का जो चित्र खींचा है :—

'पूर्वा तु काष्ठा तिमिरानुलिप्ता सन्ध्यारुणा भाति च पश्चिमाशा।
द्विधा विभक्तान्तरमन्तरिक्षं यात्यर्धनारीश्वररूपशोभाम्॥

वह संस्कृत काव्य-साहित्य में अपनी स्वभावोक्ति और वक्रोक्ति में अनुपम है।

भास की प्रमुख विशेषता

भास का अधिकार नाट्य-कला पर है। नाट्य-कला का चरितचित्रण-कला अत्यन्त आवश्यक अङ्ग है। यह चरितचित्रण-कला भास की सबसे बड़ी विशेषता है। भास के नाटकों में क्या देव और क्या मनुष्य सभी उपस्थित हैं। सबका चित्रण भास ने किया है और इस ढङ्ग से किया है जिसमें सहृदय सामाजिक उन्हें अनायास अपना सकें।

भास का चरित-चित्रण मनोवैज्ञानिक है। मानवहृदय के अन्तर्द्वन्द्व के चित्रण में भास सिद्धहस्त हैं। भास ने प्रायः २३० चरित अपनी नाट्य कृतियों में चित्रित किये हैं।

महाकवि बाण को भास की 'अनेक चरित-चित्रण-कला' का स्मरण है :—

'सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः। सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव॥'

भास की कल्पना द्वारा उद्भावित प्रत्येक चरित का अपना-अपना व्यक्तित्व है। क्या छोटे और क्या बड़े सभी प्रकार के चरित इस प्रकार चित्रित हैं कि उन्हें पृथक्-पृथक् देखना सरल है।

भास का 'प्रतिमानाटक' भास की चरितचित्रणकला का एक प्रमुख निदर्शन है। 'प्रतिमा' में चित्रित राम और सीता आदि के चित्र में सहृदय सामाजिक अनायास तन्मय हो सकता है। कालिदास और बाण द्वारा उद्भावित चरितों की कल्पनाशक्ति, भवभूति द्वारा चित्रित चरितों की भावुकता और शूद्रक की प्रतिभा से प्रसूत चरितों की स्वाभाविकता—इन सबकी विशेषतायें भास के चरित-चित्रण में घुली-मिली हैं किन्तु तब भी भास का चरित-चित्रण भास का ही चरित-चित्रण है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भास के नाटक-चक्र की कुछ विशेषतायें

भास की कृति के रूप में प्रसिद्ध नाटक-चक्र में कई एक ऐसी विशेषताएँ देखी गई हैं जो अन्य नाटककारों की कृतियों में नहीं के बराबर हैं और जिनके आधार पर यह भी प्रमाणित होता है कि नाटक-चक्र एक नाटककार की रचना है। विशेषताओं में कतिपय मुख्य विशेषतायें निम्न हैं :—

(क) नाट्य-रचना सम्बन्धी समानता

भास के नाटक-चक्र में प्रत्येक नाटक 'नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः' इस निर्देश से प्रारम्भ होता है जब कि कालिदास आदि के नाटकों में सूत्रधार के नान्दीपाठ के बाद 'नान्द्यन्ते'—यह निर्देश रहा करता है।

भास अपने नाटकों के प्रारम्भ का 'स्थापना' इस पारिभाषिक शब्द से सूचित किया करते हैं जब कि अन्य नाटककार अपने नाटकों के प्रारम्भ को 'प्रस्तावना' कहा करते हैं। भास के नाटकों की 'स्थापना' में नाटक अथवा नाटककार का नाम नहीं दिया गया है जब कि और नाटकों में नाटक और नाटककार का नाम-निर्देश 'प्रस्तावना' के आवश्यक अङ्ग रूप से किया गया है। भास के नाटकों की 'प्रशस्ति' (अन्तर्मङ्गल) प्रायः यही उक्ति है :—

'इमां सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम्।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः॥'

जब कि अन्य संस्कृत नाटकों में एक ही नाटककार अपने भिन्न-भिन्न नाटकों के लिए भिन्न-भिन्न 'प्रशस्ति' का नियम रखता रहा है। भास के नाटकों की 'स्थापना' में यह संकेत प्रायः सर्वत्र दिखाई देता है :—'एवमार्यमिश्रान् विज्ञापयामि। अये किं नु मयि विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते। अङ्ग पश्यामि।'

(ख) भरतनाट्यशास्त्रभिन्न नाट्य-परम्परा

भास की नाट्य-परम्परा वह नहीं है जो कालिदास आदि की है। भास की नाट्य-परम्परा के सम्बन्ध में डाक्टर विंटरनिट्ज की इसीलिए यह उक्ति है :—

'(The plays of Bhasa) disregard the rules of the Natya shastr In bringing scenes of tho stage which will never occur in classica dramas.' जिसका तात्पर्य यह है कि नाट्य के ये नियम जो संस्कृत नाटकों में पाले गये दिखाई देते हैं, भासकृत नाटकों में नहीं दिखाई देते। भास के नाटक तो नाट्यशास्त्र की मर्यादा से भिन्न नाट्य-मर्यादा का अनुसरण किया करते हैं। प्रतिमानाटक (२य अंक) में रङ्गमञ्च पर दशरथ की मृत्यु 'ऊरुभङ्ग' (२य अंक) में दुर्योधन की रङ्गमञ्च पर मृत्यु, 'स्वप्नवासवदत्त' (५म अंक) में रङ्गमञ्च पर निद्रा आदि-आदि बातें ऐसी हैं जो भरतनाट्य-शास्त्र की अभिनव-परम्परा के सर्वथा प्रतिकूल हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नाट्यशास्त्र के अनुसार 'आर्यपुत्र'–यह सम्बोधन सेवक का स्वामी के प्रति नहीं अपितु पत्नी का पति के प्रति किया जाना अभिप्रेत है किन्तु भास के नाटकों में जैसे कि स्वप्नवासवदत्त में ही सेवक भी स्वामी को 'आर्यपुत्र' कहकर सम्बोधित करता है।

भास के नाटकों में किसी प्रमुख नाटक पुरुष का आगमन प्रायः इन शब्दों से सूचित किया गया है :—'उत्सरत उत्सरत आर्या उत्सरत' जो कि अन्य संस्कृत नाटकों में नहीं है।

भास के नाटकों में सामाजिकों को घटना का सम्बन्ध 'काञ्चुकीय' की प्रायः इसी प्रकार की उक्ति से बताया गया है :—'क इह भोः! काञ्चन (रत्न) तोरणद्वारमयशून्यं कुरुते।' जो कि अन्य संस्कृत नाटकों में नहीं है।

(ग) विचारों की समानता

नाटकचक्र में विचारसाम्य सर्वत्र दिखायी देता है जिसके आधार पर यह विश्वास स्वभावतः हो जाता है कि नाटक-चक्र एक कलाकार की कृति है।

नाटक-चक्र के कई एक नाटकों में 'बाहुदण्ड' को प्रकृतिसिद्ध अस्त्र कहा गया है :—

(१) बालचरित (३, ११)—

'गिरितटकठिनांसावेव बाहू ममैतौ, प्रहरणमपरं तु त्वादृशां दुर्बलानाम्॥

(२) पञ्चरात्र (२, ५५)

'सहजौ मे प्रहरणं भुजौ पीनांसकोमलौ।
तावाश्रित्य प्रयुध्येयं दुर्बलैर्गृह्यते धनुः॥

(३) अविमारक (२, ११)—

'वयमपि च भुजायुधप्रधानाः, किमिह सखे! भवतापि शङ्कनीयाः॥'

(४) मध्यमव्यायोग (१, ४२)—

'काञ्चनस्तम्भसदृशो रिपूणां निग्रहे रतः।
अयं तु दक्षिणे बाहुरायुधं सहजं मम॥'

नाटकचक्र में कई एक नाटकों में 'श्री' (लक्ष्मी) को 'साहस' के साथ प्रसन्न रहने वाली कहा गया है :—

(१) चारुदत्त–'साहसे खलुश्रीर्वसति'। (२) पञ्चरात्रम्–'श्रीर्न सन्तोषमिच्छति।'

(३) स्वप्नवासवदत्त—'प्रायेण हि नरेन्द्रश्रीः सोत्साहैरेव भुज्यते।'

नाटकचक्र के कतिपय नाटकों में पेड़-पौधों के सींचे गये होने के कारण नगर का अनुमान वर्णित किया हुआ है :—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(२) प्रतिमानाटक–'सोपस्नेहतया वृक्षाणामभितः खल्वयोध्यया भवितव्यम्।
(३) अभिषेकनाटक—'सोपस्नेहतया वनान्तरस्याभितः खलु किष्किन्धया भवितव्यम्।

(घ) नाट्यात्मक परिस्थितियों का साम्य

नाटकचक्र के प्रायः सभी नाटकों में 'पताकास्थानक' रखा गया है जिसे पाश्चात्य नाट्य की परिभाषा में Dramatic Irony' कहा जाता है।

(ङ) कल्पना साम्य

नाटक–चक्र के नाटकों में कल्पना–साम्य प्रायः सर्वत्र दिखायी देता है। नाटककार की कुछ कल्पनायें तो सर्वथा मौलिक हैं—

(१) अभिषेकनाटक (३. २०) 'कथं लम्बसटः सिंहो मृगेण विनिपात्यते।'
(२) प्रतिमा (५. १८) 'न व्याघ्रं मृगशिशवः प्रधर्षयन्ति।'
(३) मध्यमव्यायोग 'व्याघ्रानुसारचकितो वृषभः सधेनुः।'
(४) चारुदत्त (१. ६) 'व्याघ्रानुसारचकिता हरिणी।'

(च) प्रयोग-साम्य

नाटकचक्र में प्रयोग-साम्य प्रायः सर्वत्र प्रतीत होता है :—

(१) अहो हास्यमभिधानम् (प्रतिज्ञायौगन्धरायण, पञ्चरात्र, दूतघटोत्कच)
(२) अलमिदानीं भवानतिमात्रंसंतप्य(स्वप्नवासवदत्त,अविमारक,चारुदत्त)
(३) सङ्कचारिणोऽनर्थाः (प्रतिज्ञायौगन्धरायण, अविमारक)
(४) श्रूयतां मम पराक्रमः (अभिषेक, प्रतिमा, बालचरित)

(छ) पद्य–पद्यार्थ–साम्य

नाटकचक्र में जहाँ-तहाँ पद्य अथवा पद्यार्थ साम्य भी एक कलाकार का अनुमान करवाया करते हैं :—

(१) किं वक्ष्यतीति हृदयं परिशङ्कितं मे (स्वप्नवासवदत्त ६. १५, अभिषेकनाटक ४. ७)
(२) धर्मस्नेहान्तरे न्यस्ता (प्रतिज्ञायौगन्धरायण २.७ अभिषेकनाटक ६.२३)
(३) लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः)।
असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्निष्फलतां गता॥ (बालचरित ६.१५, चारुदत्त १.१६)
(४) यदि तेऽस्ति धनुःश्लाघा (प्रतिमानाटक १. २०, अभिषेकनाटक ३.२३)

इसी प्रकार सामाजिक परिस्थितियों का साम्य, छन्दोयोजना का साम्य, आर्षप्रयोग का साम्य आदि-आदि अनेक और भी बातें हैं जो नाटक-चक्र को एक कलाकार की कृति के रूप में सिद्ध करती हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भास का संस्कृत-नाटककारों पर प्रभाव

भास के नाटक संस्कृत नाटकों को प्रेरणा प्रदान करते आये हैं। भास ने कालिदास को प्रभावित किया है किन्तु कालिदास की प्रतिभा भास के प्रभाव को आत्मसात् करती अपने ही रूप में अपने आपको प्रकाशित किया करती है। 'प्रतिमा' और 'स्वप्नवासवदत्त' का प्रभाव कालिदास पर स्पष्ट है। भास के 'अविमारक' से भवभूति को प्रेरणा मिली है और वह प्रेरणा मिली है 'मालती-माधव' की रचना में। भास के 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' ने विशाखदत्त के 'मुद्राराक्षस' को कम प्रभावित नहीं किया है। मुद्राराक्षस के 'चाणक्य' और प्रतिज्ञायौगन्धरायण के 'यौगन्धरायण' में 'चरित्र-चित्रण-साम्य बहुत कुछ पाया जाता है। भास के स्वप्नवासवदत्त और प्रतिज्ञायौगन्धरायण से प्रियदर्शिका, रत्नावली और नागानन्द नाटक पर्याप्त रूप से प्रभावित हैं। भास के नाटक-चक्र में 'स्वप्नवासवदत्त' का संस्कृत नाटकों पर जो प्रभाव पड़ा है वह अमिट है। 'स्वप्नवासवदत्त' के सम्बन्ध में यह उक्ति—

'भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः॥'

वस्तुतः संस्कृत नाट्यसाहित्य पर 'स्वप्नवासवदत्त' की कृति के प्रभाव की सूचना दिया करती है। भास को संस्कृत कविता-सरस्वती का 'हास' कहा गया है। जैसे किसी सुन्दरी की हँसी किसी को भी आकृष्ट कर सकती है वैसे ही भास की नाटककृति भी सामाजिकमात्र को आकृष्ट किया करती है। भास की यह विशेषता अन्यत्र कहीं नहीं पायी जाती।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पात्र-परिचय

पुरुष पात्र

१ सूत्रधार—नाटक का स्थापक।
२ राजा—अयोध्याधिपति महाराज दशरथ।
३ राम—महाराज दशरथ के ज्येष्ठ पुत्र, नाटक के नायक, कौशल्यानन्दन।
४ लक्ष्मण—महाराज दशरथ के पुत्र, सुमित्रातनय।
५ भरत—महाराज दशरथ के पुत्र, कैकेयीतनय।
६ शत्रुघ्न—लक्ष्मण के सोदर भाई।
७ सुमन्त्र—महाराज दशरथ के मन्त्री।
८ सूत—भरत के सारथी।
९ रावण—नाटक का प्रतिनायक लङ्काधिपति।
१० वृद्धतापसद्वय—रावण और जटायु के युद्ध को देखने वाले।
११ देवकुलिक—प्रतिमा-गृह का पुजारी।
१२ तापस—दण्डकारण्य के तपस्वी।
१३ नन्दिलक—तपस्वी के परिजन।
१४ भट—राजपुरुष।
१५ सुधाकार—प्रतिमा-गृह में सुधा का लेप करने वाला।
१६ कांचुकीय—अन्तःपुर का वृद्धसेवक।

स्त्री पात्र

१ नटी—सूत्रधार की स्त्री।
२ कौसल्या—महाराज दशरथ की प्रथम पत्नी, राम की माता।
३ कैकेयी—महाराज दशरथ की द्वितीय पत्नी, भरत की माता।
४ सुमित्रा—महाराज दशरथ की तृतीय पत्नी, लक्ष्मण की माता।
५ सीता—मिथिलेश महाराज जनक की कन्या, राम की पत्नी।
६ अवदातिका—सीता की सखी।
७ प्रतिहारी=अन्तःपुर की द्वारपालिका।
८ विजया—कैकेयी के अन्तःपुर की प्रतिहारी।
९ नन्दिनिका—कैकेयी की परिचारिका।
१० तापसी—दण्डकारण्य की तपस्विनी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

॥ श्रीः ॥

प्रतिमानाटकम्

'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

अथ प्रथमोऽङ्कः

(नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः ।)

यदिङ्गितं चक्रमदृष्टसाह्यं विनैव मृद्दण्डपटैकदेशान् ।
ब्रह्माण्डभाण्डानि सृजत्यखेदं तं कुम्भकारं प्रणतः प्रपद्ये ॥ १ ॥
यो गुरुर्मम विकास्य शैमुषीं कल्पनामपि न जातु जग्मुषीम् ।
सिद्धिमानयत मां दयामये तस्य पादसरसीरुहे श्रये ॥ २ ॥
ध्यात्वा नतेन शिरसा 'जयमणि'-'मधुसूदनौ' पितरौ ।
प्रतिमा 'प्रकाश'विधये प्रयते श्रीरामचन्द्रोऽहम् ॥ ३ ॥
सन्तो गुणेन तुष्यन्ति स नैकान्तेन दुर्लभः ।
दोषाविलेऽपि तेनात्र दृक्पातः क्रियतां बुधैः ॥ ४ ॥

नाटकप्रणयनमाचार्यत्वेनाधुनावधि संस्तुतः प्रधानकविर्भासोऽभिनययोग्यं प्रतिमाऽभिधानं नाटकं निर्मित्सुः प्रारम्भे तस्य निर्विघ्नाभिनयसम्पत्तिं विद्वत्समुदय-प्रतिपत्तिपरिपन्थिदुरितक्षयसाधनं पूर्वरङ्गप्रधानाङ्गं मङ्गलश्लोकपाठं तद्भङ्गेव कथांशनिर्देशं प्रयोगनिपुणेन सूत्रधारेण प्रथमाचरणीयं विभावयंस्तस्य तावत् प्रवेश-माह—'नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधार' इति । नान्द्या अन्ते इति समासः । नान्दी-आनकः, 'दुन्दुभिस्त्वानको भेरी भम्भा नासूश्च नान्द्यपि' इति वैजयन्ती । सा चात्र वाद्यान्तराण्यप्युपलक्षयति । तथा चाभिनेयनाटकीयकथारम्भपूर्वाङ्गभूते

(नान्दी के अन्त में सूत्रधार का प्रवेश)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

सूत्रधारः—

सीताभवः पातु सुमन्त्रतुष्टः सुग्रीवरामः सहलक्ष्मणश्च ।
यो रावणार्यप्रतिमश्च देव्या विभीषणात्मा भरतोऽनुसर्गम् ॥ १ ॥

आनकादिवाद्यवादने समाप्त इत्यर्थः पर्यवस्यति । यद्वा—नन्दिरानन्दस्तस्या इयं नान्दी–गीतवाद्यवादनादिक्रिया, तस्या अन्ते-उपरमे इत्यर्थः, तदनुष्ठानं च देवता-परिषदादिप्रसादनाय क्रियते । ततः तदुत्तरकालम्, नान्दीसमाप्त्यव्यवहितोत्तर-काल इति तु नार्थः, मध्ये वाद्यादिस्थापनादौ व्यापारान्तरेऽनुष्ठीयमानेऽपि पौर्वा-पर्याव्याघातात्, अव्यवधानांशस्याविवक्षितत्वात्, तत्त्वेऽप्यधिकचमत्काराऽनाधा-नात् । नान्दीलक्षणं साहित्यदर्पणे यथा–'आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात् प्रयुज्यते । देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति शब्दिता' ॥ इति ॥

प्रविश्य सूत्रधारः कर्त्तव्यस्य कर्मणो निर्विघ्नसम्पूर्त्तये मङ्गलं विधत्ते-**सीताभव** इति । सीतायाः स्वनामख्याताया जनकदुहितुर्भवः क्षेमः तत्कारणमित्यर्थः, कार्यका-रणयोरभेदोपचारकृत ईदृक्प्रयोगः । सुमन्त्रतुष्टः शोभनेन मन्त्रेण मुदितः । सह-लक्ष्मणः-लक्ष्मणसहितः, अथवा भ्रातुरर्थे वनवासतत्परिचरणस्वप्रेयसीवियोगादि-क्लेशानां सोढा लक्ष्मणस्तदभिधानो भ्राता यस्येत्यर्थः । विशेषणद्वयमपीदं रामस्य । सुग्रीवरामः—शोभनकण्ठश्चासौ राम इति कर्मधारयः । कर्तृपदमिदम् अनुसर्गम्–सर्गे सर्गे जन्मनि जन्मनि प्रतिप्रादुर्भावमित्यर्थः, वीप्सायामव्ययीभावः । पातु-रक्षतु अस्मान् युष्मांश्चेति शेषः, तत्रास्मानिति पक्षे प्रयोगसाफल्यप्रदानमत्र पालनेना-भिप्रेतम्, युष्मानिति पक्षे च यथाभवदभीष्टं फलं दद्यादिति ।

उत्तरार्धेन पुनरपि रामं विशिनष्टि—**यो रावणार्यप्रतिम** इति । रावणारिः-रावणशत्रुः, न विद्यते प्रतिमा सादृश्यं यस्यासौ अप्रतिमः निरुपम इत्यर्थः । प्रतिमा शब्दस्य प्रसिद्धं मूर्त्तिवाचकत्वं तथापि-'सरोरुहं तस्य दृशैव निर्जितं जिताः स्मितेनैव विधोरपि श्रियः ! अतद्द्वयीजित्वरसुन्दरान्तरे न तन्मुखस्य प्रतिमा चराचरे' इति नैषधीये सादृश्यपरत्वमपि प्रतीतमिति बोध्यम् । देव्या-सीतया, सहित इति शेषः। विभीषणः रावणानुजः, तस्मिन् आत्माभे स्वसदृशे स्वसमसुखदुःख इति तात्पर्यम् ।

सूत्रधार—सीता के आनन्ददाता, अच्छे मन्त्र के पक्षपाती, सुन्दर कण्ठशाली (अथवा सुग्रीव के मित्र), लक्ष्मण के सहचर, सीताहरण द्वारा कृतापराध रावण के निहन्ता, विभीषणाभिन्नहृदय (अथवा शत्रुभयङ्कर) भगवान् राम जन्म-जन्म में हमारी तुम्हारी रक्षा करें ॥ १ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(नेपथ्याभिमुखमवलोक्य)

आर्ये ! इतस्तावत् ।

(प्रविश्य)

नटी—आर्य ! इयमस्मि ।

अय्य ! इअम्हि ।

सूत्रधारः—आर्ये ! इममेवेदानीं शरत्कालमधिकृत्य गीयतां तावत् ।

नटी—आर्य ! तथा ।

अय्य ! तह । (गायति)

रतः अनुरक्तः च अस्तीति पदमध्याहार्यम् । अथ चात्र-सीता राम-सुमन्त्र-सुग्रीव-लक्ष्मण-रावण-विभीषण-भरताभिधानानि नाटकीयानि प्रमुखपात्राणि मुद्रालङ्कारद्वारोपनिबद्धानि । अप्रतिमघटकः प्रतिमशब्दश्चैकदेशविकृतन्यायमहिम्ना 'प्रतिमा' शब्दं स्मारयन् नाटकस्य नामधेयं प्रतिमानाटकपदव्यपदेश्यताबीजभूतं दशरथप्रतिमावृत्तं चावेदयति। इयं च द्वादशपदा नान्दी मङ्गलसाधारण्यत्र बोध्या । तदुक्तमभियुक्तैः—'पदैर्युक्ता द्वादशभिरष्टाभिर्वा पदैरुत' इति। अत्र पदपदं श्लोकपादं सुबन्ततिङन्तत्वरूपपदत्वभाजं च सङ्गृह्णाति । अत्र यद्यपि 'समाप्य पुनरादानात् समाप्तपुनरात्तते'ति लक्षितं समाप्तपुनरात्तत्वं प्रतिभासते, तथापि पालनस्य रावणारि-त्वविभीषणात्मत्वादिपदप्रत्याय्याशासनार्थत्वेनोत्थिताकाङ्क्षत्वं प्रतिपद्यपरिहरणीयं तदिति बोध्यम् । अत्रेन्द्रवज्रावृत्तम्, तल्लक्षणं यथा—'स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः' ।

इतस्तावदिति—आगम्यतामिति चेष्टाव्यङ्ग्यम् ।

इममिति—अचिरप्रवृत्तम् । तावदितीह प्रथममित्यर्थे । गीयताम्—गानमारभ्य-तामित्यर्थः ।

'अय्य तह' इति—तथेति तदुक्तिः स्वीकृता, गायामीत्यर्थः ।

(नेपथ्य की ओर देखकर)

आर्ये, इधर तो आना ।

(नटी का प्रवेश)

नटी—आर्य, आई तो ।

सूत्रधार—इसी शरद् ऋतु के सम्बन्ध में इस समय कुछ गाओ ।

नटी—अच्छी बात, गाती हूँ । (गाती है)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सूत्रधारः—अस्मिन् हि काले,

चरति पुलिनेषु हंसी काशांशुकवासिनी सुसंहृष्टा ।

(नेपथ्ये)

आर्य ! आर्य !
अय्य ! अय्य !

(आकर्ण्य)

सूत्रधारः—भवतु, विज्ञातम् ।

मुदिता नरेन्द्रभवने त्वरिता प्रतिहाररक्षीव ॥ २ ॥

अस्मिन्निति—इदं चरतीत्यादिना पद्येन सम्बध्यते ।

चरतीति । अस्मिन् काले शरत्समये काशांशुः काशपुष्पप्रकाशा, कवासिनी जलनिवासिनी च । सुसंहृष्टा अतिमुदिता सती हंसी वरटा पुलिनेषु नदीसैकतस्थलीषु चरति-यथेच्छमितस्ततो भ्रमति । हंसी धवला, शरदि काशविकासादत्यच्छप्रभेत्यर्थः । एतावतो भागस्य श्रवणात् प्रवृत्तोऽभिनय इत्यस्माभिरपि सन्नद्धैर्भाव्यमिति नेपथ्यगतानां पात्राणामितस्ततः सम्भ्रमं सम्भवन्तमुत्प्रेक्ष्याह—नेपथ्ये इति । प्रतीहार्याः प्रवेशाय कृतभूमिकाधारणायाः सम्भ्रमकृता द्विरुक्तिः—'आर्य आर्य' इति ।

विज्ञातम्—कस्य पात्रस्य वचनमिदमिति मया विदितमित्यर्थः । तस्यैव विदितोक्तेः पात्रविशेषस्य प्रवेशमनुजानान इव सूत्रधारः प्रतीहारीपदगर्भमार्योत्तरार्द्धं पूर्वार्द्धोपात्तहंस्युपादानमुखेनाह—

मुदितेति । हंसी अस्मिन् काले चरतीति पूर्वत्र पादेऽभिहितमिदानीं केव कस्मिन्निति वक्तव्यं तदाह—नरेन्द्रभवने दशरथाख्यनरपत्यन्तःपुरे प्रतीहाररक्षी प्रतीहारीद्वाराधिकृतेव। सा कथम्भूतेत्यपेक्षायामाह-मुदिता प्रसन्नान्तरङ्गा, त्वरिता कार्या-

---

सूत्रधार—इस शरत्समय में—

काश के फूलों से धवल प्रकाशवाली, (अथवा अतिस्वच्छ काशकुसुमों से आच्छादित नदी तीर में रहनेवाली) हंसी प्रसन्न-चित्त होकर नदीतट पर इस तरह पदसञ्चार कर रही है·····।

(नेपथ्य में)

आर्य, आर्य,

सूत्रधार—अच्छा समझ गया ।

जिस तरह (काशपुष्प-सदृश श्वेत सुदुलवस्त्र पहने) प्रसन्नहृदया द्वारपालिका शीघ्रतापूर्वक महाराज दशरथ के अन्तःपुर में (परिभ्रमण करती है) ॥ २ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

(निष्क्रान्तौ)
स्थापना ।
(प्रविश्य)

प्रतीहारी—आर्य ! क इह काञ्चुकीयानां सन्निहितः ।
अय्य ! को इह कञ्चुईआण सण्णिहिदो ।

धिकृतत्वेन सञ्जातत्वरा । किञ्चात्रोपमानभूतप्रतीहार्यामपि काशांशुकवासिनीति विशेषणं काशवदंशुकं वस्ते इति विगृह्य योजनीयम् । काशकुसुमवसनयोश्च सूक्ष्मत्व-धवलत्वादिकृतं सादृश्यम् । अन्यत् स्पष्टम् ॥ २ ॥

निष्क्रान्ताविति-कथावस्त्वंशस्य स्थापनात् स्थापना*; प्रस्तावनेति पर्यायेणा-पीयमभिधीयते ।

अय्येति—प्रतीहारी कञ्चुकिनं कञ्चिदाह्वयति, कञ्चुकिनां मध्ये कोऽत्र सन्नि-हितः ? सन्निहितः—समीपस्थितः । यस्तथा तेनागन्तव्यमिति तदाशयः ।

(दोनों का प्रस्थान)
[प्रतीहारी का प्रवेश]

प्रतीहारी—आर्य, कौन कञ्चुकी यहाँ उपस्थित है ?

+अत्र गणपतिशास्त्रिणः—

'प्रसाद्य रङ्गं त्रिविधवत् कवेर्नाम च कीर्तयेत् ।
प्रस्तावनां ततः कुर्यात् काव्यप्रख्यापनाश्रयाम् ॥' (नाट्यशा० ६)
'वाञ्छाकलापस्तु कवेरभीष्टार्थप्रकाशनम् ।
स्वाभिधेयगतत्वेन सा द्विधा परिपठ्यते ।
स्वगतं तु स्वगोत्रादिस्वीयकीर्तिप्रशंसनम् ।
अभिधेयगतं यत् तत् काव्यनाम्ना प्रकाशनम् ॥' (भावप्र०)

इत्यादिलक्षणशास्त्रविहिता कविकाव्यकीर्त्तना कालिदासादिनिखिलकविग्रामाचरि-ताऽत्र स्थापनाप्रकरणे कर्त्तव्या सती कस्माच्च कृता ? उच्यते—प्रस्तावनायां कवि-काव्यकीर्त्तनसमुदाचारस्तावदस्य पुराणमहाकवेः काले नावर्त्तत, पश्चात् कालेन कवीनामुपजातं कविकाव्यकीर्त्तनसमुदाचारप्रणयं भूयिष्ठमुपलभ्य तदनुसारिलक्षणं लक्षणकारैः प्रणीतमित्यदोषः । अस्य तु नाटकस्य मातृकाग्रन्थान्तदृष्टपाठानुसारात् प्रतिमानाटकमिति संज्ञा । श्रीरामे वनाय प्रस्थिते दशरथस्य या दशासाप्रतिमागृहे तत्प्रतिमां दृष्टवता भरतेनावगतेति प्रतिमाप्रधानत्वादस्यतथा व्यपदेशः । एतत्कवेश्च 'भास' इति नामधेयमनुमितम् । यथा च तदनुमितिसिद्धिस्तत् स्वप्नवासवदत्तो-पोद्घाते निरूपितं तत एवावगन्तव्यम् इति ।

१ प्र० ना०

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(प्रविश्य)

काञ्चुकीयः—भवति ! अयमस्मि । किं क्रियताम् ?

प्रतीहारी—आर्य ! महाराजो देवासुरसङ्ग्रामेष्वप्रतिहतमहारथो दशरथ आज्ञापयति—शीघ्रं भर्तृदारकस्य रामस्य राज्यप्रभावसंयोगकारका अभिषेकसम्भारा आनीयन्तामिति ।

अय्य ! महाराओ देवासुरसंगामेसु अप्पडिहदमहारहो दसरहो आणवेदि—सिग्घं भट्टिदारअस्स रामस्स रज्जपहावसञ्जोअकारआ अहिसेअसम्भारा आणीअन्तु त्ति ।

काञ्चुकीयः—भवति ! यदाज्ञप्तं महाराजेन, तत् सर्वं सङ्कल्पितम् । पश्य—

किं क्रियताम् इति—अवसरप्राप्तं कार्यमादिश्यतामिति तत्तात्पर्यम् ।

अय्य महाराओ इति—आर्य, इति कञ्चुकिसम्बोधने, महाराजः—दशरथ इति विशेष्यमनतिदूरे देवासुरसंग्रामेषु देवदानवयुद्धेषु अप्रतिहतमनोरथः—अबाधप्रसारः महारथो रथमुख्यो यस्य स तथाभूतो दशरथः आज्ञापयति आदिशति । किमिति जिज्ञासायामाह—शीघ्रमिति । शीघ्रम्-अविलम्बम्, भर्तृदारकस्य—राजकुमारस्य रामस्य राज्यप्रभावसंयोगकारकाः राज्ञः कर्म राज्यं, प्रभावः=कोशदण्डजं तेजः, ताभ्यां संयोगः सम्बन्धस्तस्य कारकाः सम्पादयितारः अभिषेकसम्भाराः=अभिषेकोपकरणानि आनीयन्ताम्=सज्जीक्रियन्ताम् । अस्मिन् आदेशे राज्यप्रभावसंयोगकारिका इत्यंशस्यायमाशयः, इदानीं रामो यौवराज्येऽभिषेक्तव्यः, तस्मिंस्तत्पदमाश्रितवति तस्य राज्यकर्माधिकृतत्वेन स्वत एव राजकार्यभारः समापन्नो भवति; तेन यौवराज्याभिषेक एव राज्यप्रभावसंयोगकारक इति ।

सङ्कल्पितम् इति—सज्जीकृतमित्यर्थः । सज्जीकृतानि यौवराज्याभिषेकोपकरणानि गणयितुं तानि नामग्राहमाह—

(कञ्चुकी का प्रवेश)

कञ्चुकी—आर्य, मैं हूँ, आज्ञा दें, क्या कार्य है ?

प्रतीहारी—आर्य, देवासुरयुद्ध में समरविजयी महाराज दशरथ का आदेश है कि शीघ्रातिशीघ्र राजकुमार राम के राजोचितप्रभुत्व के परिचायक राज्याभिषेक की सारी सामग्रियाँ प्रस्तुत की जायँ ।

कञ्चुकी—आर्य, महाराज की आज्ञा के अनुकूल सब कुछ तैयार है । देखिये—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

छत्रं सव्यजनं सनन्दिपटहं भद्रासनं कल्पितं
न्यस्ता हेममयाः सदर्भकुसुमास्तीर्थाम्बुपूर्णा घटाः ।
युक्तः पुष्यरथश्च मन्त्रिसहिताः पौराः समभ्यागताः
सर्वस्यास्य हि मङ्गलं स भगवान् वेद्यां वसिष्ठः स्थितः ॥३॥

प्रतीहारी—यद्येवं, शोभनं कृतम् ।
जइ एव्वं, सोहण किदं ।

छत्रमिति—छत्रं राजधारणीयं श्वेतातपत्रं सव्यजनं बीजनसाधनान्वितं चामरसहितमित्यर्थः । कल्पितमिति शेषः । सनन्दिपटहं—नन्दिरानन्दः तस्य तत्कालोपयुक्तः पटहो—वाद्यविशेषस्तेन सहितं भद्रासनं मङ्गलमयमासनम्, अत्रापि कल्पितमित्यन्वितम् । सदर्भकुसुमाः—दर्भैः कुशैः कुसुमैः पुष्पैश्च सहिताः (तथा) तीर्थस्य गङ्गादितीर्थविशेषस्य तोयं जलं तेन पूर्णाः भृतान्तराः हेममयाः सौवर्णा घटाः कलशाश्च न्यस्ताः समुपस्थापिताः । राजपुत्राणां यौवराज्याभिषेकावसरे तत्तत्तीर्थोपहृतानाञ्जलानामुपयोग इति तत्सम्प्रदायसिद्धम् । पुष्यरथः क्रीडाविहारप्रयोजनो रथविशेषश्च युक्तः योजिताश्वः कृतः, मन्त्रिभिस्तत्तत्कार्याधिकृतैः प्रधानराज्यकर्मचारिभिः सहिताः पौराः पुरवासिनः समभ्यागताः । अभिषेकदर्शनेन निजाक्षीणि सफलयितुमुपस्थिता इति भावः । नैतावद्भिरुपकरणैरेव सर्वं सम्पाद्यमन्तरेण तत्त्वावधानदक्षपुरोहितोपस्थितिमित्याशयमन्तर्निधायाह—सर्वस्येति । अस्य पुरोदीरितस्य सर्वस्य वस्तुसमुदायस्य मङ्गलोपकरणकत्वेन प्रसिद्धावपि वसिष्ठसन्निधानेनैव तेषां तत्त्वम् इति भावः । अस्य छत्रादेः सर्वस्य मङ्गलोपकरणस्य मङ्गलं कुशलकारणम् भावप्रधाननिर्देशेन कुशलत्वहेतुरित्यर्थः । वसिष्ठः—तदाख्यया प्रसिद्धः ऋषिः वेद्याम् अनुष्ठानस्थाने स्थितः कर्मोपदेष्टृत्वेन वर्त्तमान इति भावः । अत्र काञ्चुकीयोक्तौ साधनसम्पत्तिसमुपस्थितिसूचनेन कार्यावसरः समर्थ्यते । शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम् । तल्लक्षणं यथा—'सूर्याश्वैर्मसजास्ततः सगुरवः शार्दूलविक्रीडितम्' इति ॥ ३ ॥

जइ इति—मवदुक्तकार्ये कृते पूरिता आवश्यकतेत्यर्थः ।

ये छत्र और चंवर हैं, ये माङ्गलिक बाजे और सिंहासन हैं, यहाँ कुश, पुष्प और मङ्गलप्रद तीर्थजलों से पूर्ण कलश रखे गये हैं, क्रीडारथ जोता खड़ा है, राज मन्त्रियों के साथ सकल पुरजन आ गये हैं, इस समूची आनन्दमयी सृष्टि के प्रवर्त्तक वे भगवान् वसिष्ठ भी वेदी पर विराजमान हैं ॥ ३ ॥

प्रतीहारी—यदि ऐसी बात है तो अति उत्तम ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

काञ्चुकीयः--हन्त भोः !

इदानीं भूमिपालेन कृतकृत्याः कृताः प्रजाः ।
रामाभिधानं मेदिन्यां शशाङ्कमभिषिञ्चता ॥ ४ ॥

प्रतीहारी—त्वरतां त्वरतामिदानीमार्यः ।
तुरवदु तुरवदु दाणिं अय्यो ।

काञ्चुकीयः—भवति ! इदं त्वर्यते । (निष्क्रान्तः)

प्रतीहारी--(परिक्रम्यावलोक्य) आर्य ! सम्भवक ! सम्भवक ! गच्छ,
अय्य ! संभवअ ! संभवअ ! गच्छ,

त्वमपि महाराजवचनेनार्यपुरोहितं यथोपचारेण त्वरय ।
तुवं पि महाराअवअणेण अय्यपुरोहिदं जहोपआरेण तुवरेहि ।

(अन्यतो गत्वा) सारसिके ! सारसिके ! सङ्गीतशालां गत्वा
सारसिए ! सारसिए ! सङ्गीदसालं गच्छिअ

हन्त भोः इति--निपातसमुदयोऽयमानन्दव्यञ्जक इति ।

इदानीमिति—इदानीमधुना रामाभिधानं रामनामकं शशाङ्कं शीतलशीलता-प्रियदर्शनत्वादिना चन्द्रमसं मेदिन्यां पृथिव्यां धराभारधारणे यौवराज्येऽभिषिञ्चता स्थापयता भूमिपालेन राज्ञा दशरथेन प्रजाः अस्मदादयः प्रकृतयः कृतकृत्याः कृतार्थाः कृता विहिताः । रामयौवराज्याभिषेको हि जनतामनोरथसिद्धिरित्यर्थः । अत्राभिषिञ्चतेत्यत्र-वर्तमानसामीप्ये लट् तत्स्थाने शतृ । तेन चानुपदमेव भवन्नभि-षेकः समर्थितः ॥

'तुवरदु' इति--अतः परं करणीयानामनुष्ठाने क्षिप्रताऽऽदिश्यते ।

यथोपचारेण यथोचितसम्मानपूर्वकम् । त्वरय-आगन्तुमनुरुध्यस्व । नाट-

---

कञ्चुकी—अहो ! बड़े हर्ष की बात है—

पृथिवी पर के चन्द्र श्रीराम का राज्याभिषेक करके अब महाराज दशरथ ने सचमुच प्रजा को कृतकृत्य कर दिया है ॥ ४ ॥

प्रतीहारी—आर्य, शीघ्रता कीजिये, शीघ्रता ।

कञ्चुकी—आर्ये, यह शीघ्रता कर रहा हूँ ।

प्रतीहारी—(घूमकर और देखकर) आर्य सम्भवक, सम्भवक, जाओ, तुम भी महाराज के आदेशानुसार मान्य पुरोहितमहोदय को यथोचित आदर के साथ शीघ्र बुला लाओ (दूसरी ओर जाकर) ओ सारसिके, सारसिके, संगीतशाला में जाकर अभिनय करनेवालों से कहो कि वे आज एक सामयिक अभिनय दिखाने को तैयार

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नाटकीयेभ्यो विज्ञापय—कालसंवादिना नाटकेन सज्जा भवतेति।
नाडईआणं विण्णवेहि—कालसंवादिणा णाडएण सज्जा होह त्ति।
यावदहमपि सर्वं कृतमिति महाराजाय निवेदयामि।
जाव अहं वि सव्वं किदं त्ति महाराअस्य णिवेदेमि।

(निष्क्रान्ता।)

(ततः प्रविशत्यवदातिका वल्कलं गृहीत्वा)

अवदातिका—अहो अत्याहितम्। परिहासेनापीमं वल्कलमुपनयन्त्या
अहो ! अच्चाहिदं। परिहासेण वि इमं वक्कलं उवणअन्तीए
ममैतावद् भयमासीत्, किं पुनर्लोभेन परधनं हरतः। हसितु-
मम एत्तिअं भअं आसीं, किं पुण लोभेण परधणं हरन्तस्स। हसिदु
मिवेच्छामि। न खल्वेकाकिन्या हसितव्यम्।
विअ इच्छामि। ण खु एआइणीए हसिदव्वं।

कीयेभ्यो नाटकप्रयोगाधिकृतेभ्यः कुशीलवेभ्य इत्यर्थः। अत्र कर्मणि षष्ठी चिन्त्या। सज्जाः-प्रयोगाय कृतसन्नाहाः। निवेदयामि यावत् निवेदयिष्यामि सूचयिष्यामीत्यर्थः। 'यावत्पुरानिपातयोर्लट्' इति भविष्यति लट्।

अहो-कष्टम्—अत्याहितम् महद्भयमुपस्थितम्। किन्तदिति विवृणोति-'परिहासेण' इति—अन्यदीयाम्-इतरस्वामिकाम्, अल्पमूल्याम्-अनधिकमूल्याम्, वृक्षत्वचं तरुवल्कलं, परिहासेन विनोदपरिहासार्थम्, उपनयन्त्याः-गृह्णन्त्याः अपि मम एतावत् स्वानुभवैकगोचरप्रमाणं भयं साध्वसं जातं प्रादुर्भूतं चेत्, लोभेन परधनं-परकीयां सम्पदं हरतश्चोरयतः कीदृग् भयं जायेतेत्यर्थः। एतेन कैकेयीकर्तृकरामराज्यापहारकथेङ्गितेन सूचिता। हसितव्यमिति स्निग्धजनसंविभक्तं हि सुखमधिकं स्वदत इति द्वितीयान्वेषणोचित्यम्।

रहे, मैं तब तक 'सब कुछ तैयार है' ऐसी सूचना महाराज को देती हूँ।

(प्रस्थान)

(वल्कल लिए अवदातिका का प्रवेश)

अवदातिका—ओह ! बड़ा बुरा हुआ। विनोद में भी इन वल्कलों को उठा लाने से जब मैं इतना डर गयी हूँ, तो बुरी नीयत से परकीय धन को हरने वालों की क्या दशा होती होगी ? हँसने की इच्छा-सी हो रही है, परन्तु एकाकी हंसना तो भला न लगेगा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(ततः प्रविशति सीता सपरिवारा)

सीता-हञ्जे ! अवदातिका परिशङ्कितवर्णेव दृश्यते । किन्तु खल्विवैतत् ?
हञ्जे ! ओदादिआ परिसङ्किदवण्णा विअ दिस्सइ । किं णु हु विअ एदं ।

चेटी—भट्टिनि ! सुलभापराधः परिजनो नाम । अपराद्धा भविष्यति ।
भट्टिणि ! सुलहावराहो परिअणो णाम । अवरज्झा भविस्सदि ।

सीता—नहि नहि, हसितुमिवेच्छति ।
णहि णहि, असिदुं विअ इच्छदि ।

अवदातिका—(उपसृत्य) जयतु भट्टिनी । भट्टिनि ! न खल्वहमपराद्धा ।
जेदु भट्टिणी । भट्टिणि ! ण खु अहं अवरज्झा ।

सीता—का त्वां पृच्छति । अवदातिके ! किमेतद् वामहस्तपरिगृहीतम् ।
का तुमं पुच्छदि । ओदादिए ! ओदादिए ! किं एदं वामहत्थपरिगहिदं

हञ्जे इति—पराकारपरिचयचतुरा हि सीता तन्मुखदर्शनमात्रेण तदाशङ्का-मनुमायेत्यमाह-हंजे इति । वयोऽवस्थादिना नीचानां चेटीनां सम्बोधनपदम् । तथा चोक्तम्—'हण्डे हंजे हलाह्वाने नीचां चेटीं सखीं प्रति' इति । परिशङ्कितवर्णेव-परिशङ्किताया: मानसिकशङ्काकुलाया: वर्णो लक्षणमाकार इव वर्णो यस्यास्तथा भूतेव ।

अवरज्झा इति—कृतापराधा भविष्यामीति भाव:, एवञ्च कृतापराधस्य शङ्काकुलत्वमतिसम्भावितमिति त्वदूह: समूल इति तदाशय: ।

ण इति—एवमुक्तवत्याश्चेट्या मुखमीक्षित्वा हासलक्षणं च तत्रावेक्ष्य स्वयं पूर्वोक्तिकारणं भ्रमं मार्जयत्यनेन कथनेन सीतेति बोध्यम् ।

का तुमं इति—त्वदपराधविषये न मया सन्दिग्धं न वा तथा जिज्ञासितमपि

[सपरिवार सीता का प्रवेश]

सीता—अरी सखि, अवदातिका की मुखाकृति कुछ भयाकुल-सी दीख रही है, क्या बात है ?

चेटी—महारानी, अनुचरों से कुछ न कुछ अपराध हो ही जाता है । इससे भी कुछ अपराध हो गया होगा ।

सीता—नहीं, नहीं, वह तो हँसना चाह रही है ।

अवदातिका—(पास आकर) जय हो महारानीजी की । महारानी, मुझसे किसी प्रकार का अपराध नहीं हुआ है ।

सीता—तुमसे पूछती कौन है ? अवदातिका, अरी, यह तुम्हारे बायें हाथ में क्या है ?

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

अवदातिका—भट्टिनि ! इदं वल्कलम् ।
भट्टिणि ! इदं वक्कलं ।

सीता—वल्कलं कस्मादानीतम् ।
वल्कलं किस्स आणीदं ।

अवदातिका—शृणोतु भट्टिनी । नेपथ्यपालिन्यार्यरेवा निर्वृत्तरङ्गप्रयो-
सुणादु भट्टिणी । णेवच्छपालिणी अय्यरेवा णिव्वुत्तरङ्गप्पओ-
जनमशोकवृक्षस्यैकं किसलयमस्माभिर्याचितासीत् । न च तया
अणं असोअरुक्खस्स एक्कं किसलअं अम्हेहि जाइदा आसि । ण अ ताए
दत्तम् । ततोऽर्हत्यपराध इतीदं गृहीतम् ।
दिण्णं । तदो अरिहदि अवराहो त्ति इदं गहिदं ।

सीता—पापकं कृतम् । गच्छ, निर्यातय ।
पावअं किदं । गच्छ, णिय्यादेहि ।

अवदातिका—भट्टिनि ! परिहासनिमित्तं खलु मयैतदानीतम् ।
भट्टिणि ! परिहासणिमित्तं खु मए एदं आणीदं ।

अथापि—त्वमित्थमभिदधासीति त्वयि शङ्कायाः सम्भाव्यते समुदय इति ।

नेपथ्यपालनी—रङ्गालङ्काररक्षाधिकृता सा हि पात्रैरुपयुज्य स्थापितानि तैरु-पयोक्ष्यमाणानि वा वस्त्राभरणादीनि तत्रावहिता पालयितुं नियुज्यते । निर्वृत्तरङ्ग-प्रयोजनम्—अभिनयावसरे कृतोपयोगम् । किसलम्—पल्लवम् । अत्र याचेर्द्विकर्म-कतया द्वितीया, द्वितीयं कर्म 'आर्यरेवा' इति । अत्रैव कर्मत्वस्योक्तेः अर्हति—औचित्यमावहति ।

निर्यातय—परावर्त्तय । परकीयवस्तु हि तदननुज्ञया गृह्यमाणं ग्रहीतारं दोष-भाजं करोति ।

परिहासनिमित्तम्—परिहासार्थम् ।

अवदातिका—महारानीजी, यह वल्कल है ।

सीता—तू वल्कल कहाँ से उठा लाई ?

अवदातिका—महारानीजी, सुनिये, नेपथ्यरक्षिका आर्या रेवा है, उससे मैंने कहा कि यह अशोकपत्र जो नाटक में उपयुक्त हो चुका है, हमें दे, किन्तु उसने नहीं दिया । इसलिये उसके स्थान से यह वल्कल ही उठा लाई हूँ ।

सीता—यह तो बुरा किया । जा, लौटा दे ।

अवदातिका—महारानी, मैं तो इसे हँसी में ले आई हूँ ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सीता—उन्मत्तिके ! एवं दोषो वर्धते । गच्छ, निर्यातय, निर्यातय ।
उन्मत्तिए ! एव्वं दोसो वड्ढइ । गच्छ, णिय्यादेहि, णिय्यादेहि ।

अवदातिका—यद् भट्टिन्याज्ञापयति । (प्रस्थातुमिच्छति)
जं भट्टिणी आणवेदि ।

सीता—हला एहि तावत् ।
हला एहि दाव ।

अवदातिका—भट्टिणि ! इयमस्मि ।
भट्टिणि ! इअम्हि ।

सीता—हला ! किन्नु खलु ममापि तावत् शोभते ।
हला ! किणु हु मम वि दाव सोहदि ।

अवदातिका—भट्टिनि ! सर्वशोभनीयं सुरूपं नाम । अलङ्करोतु भट्टिनी ।
भट्टिणि ! सव्वसोहणीअं सुरूवं णाम । अलङ्करोदु भट्टिणी

उन्मत्तिके—उन्मादिनि, भ्रान्तचित्ते परिहासार्थमन्यदीयवस्त्वादानं न साधु तच्च साधु मत्वाऽनुतिष्ठन्ती भ्रान्तमतित्वमात्मनः सूचयतीति पथा सम्बोधिता । परिहासचोर्यमपि लोभमुपचयन् परमार्थचौर्ये प्रवर्त्तकत्वमुपयातीति भावः, निर्यातय—परावर्त्तय, अत्र द्विरुक्तिः सम्भ्रमसूचनार्था, सम्भ्रमश्च तस्य कार्यस्य त्वरयानुष्ठानं व्यञ्जयितुम् ।

मम वि इति—मया धार्यमाणमिदं वल्कलं श्रियमादधाति न वेति तत्प्रश्नाशयः । रूव्व इति—सुरूपं सुभगं स्वभावरमणीयं वपुः शरीरं, सर्वशोभनीयम्—सर्वैः सुन्दरताऽऽधानसमर्थैः अतथाविधैर्वा पदार्थैः शोभनीयं शोभयितुमलङ्कर्त्तुं समर्थम् । सुन्दरी आकृतिः केनापि पदार्थेन भूषयितुं सुशकेति तात्पर्यम् । अनुमोदितश्चायमर्थः कालिदासेनापि—'किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्' इति ।

सीता—पगली, इसी प्रकार बुराई बढ़ती है । जा, लौटा दे, लौटा दे ।

अवदातिका—जो आज्ञा । (जाना चाहती है)

सीता—अरी जरा इधर तो आ ।

अवदातिका—महारानी, आई ।

सीता—अरी, क्या यह वल्कल मुझे भी भला लगेगा ?

अवदातिका—महारानीजी, सुन्दर रूप पर सभी चीजें अच्छी लगती हैं । आप पहन कर देखें ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

सीता—आनय तावत्। (गृहीत्वालङ्कृत्य) हला! पश्य, किमिदानीं
आणेहि दाव। हला! पेक्ख, किं दाणिं

शोभते?
सोहदि?

दैन्यचिन्ताश्रुनिःश्वासवैवर्ण्योच्छ्वसितादिकृत् ॥'

आपत्ति स्त्रीनाश रूप कारण से निर्वेद हुआ अज को, और उन्होंने इतनी चिन्ता की कि उनकी स्वस्थता जाती रही; कुछ ही दिनों में चल बसे।

३२ धरमाणानाम् (पृ. ८१)

धरमाणानाम् का अर्थ है जीते हुए लोगों का। यहाँ 'धृङ् प्राणधारणे' धातु से शानच् करने पर 'ध्रियमाणानाम्' रूप होगा, वह दिवादि का है। माघ में आया है—'ध्रियते यावदेकोऽपि रिपुः'। धरमाण शब्द बनाने के लिए 'धृञ् धारणे' इस भौवादिक धातु से शानच् करना चाहिये।

३३ सर्वसमुदाचारसन्निकर्षः (पृ. ८८)

सभी प्रकार के व्यवहारों का होना। यहाँ तात्पर्य यह है कि आपके सामने जो सभी प्रकार के व्यवहार किये जा रहे हैं उन्हें देखकर यही विश्वास करना पड़ता है कि आप सुमन्त्र हैं। यदि आप सुमन्त्र नहीं होते तो मातायें आपके सामने घूँघट नहीं दूर करतीं। उनके इस व्यवहार से आपकी सुमन्त्रता प्रमाणित होती है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

३४ अभिवादनक्रममुपदेष्टुमिच्छामि (पृ. ८९)

माताओं को किस क्रम से प्रणाम किया जाय, कौन बड़ी माता है जिनको पहले, उसके बाद मझली माँ को, उसके बाद छोटी माँ को पहचान कर ही तो क्रमशः प्रणाम किया जायगा, तदर्थ आप उन्हें परिचित करा दें जिससे यथोचित क्रम से प्रणाम किया जाय। यही इस वाक्य का अर्थ है। इस अर्थ में यह वाक्य अवाचक है, क्योंकि यहाँ 'उपदेष्टुम्' का सम्बन्ध ठीक नहीं बैठ रहा है अतः उसकी जगह—'अभिवादनक्रममुपदिष्टमिच्छामि' ऐसा पाठ मानना चाहिये। बहुत सम्भव है यही पाठ रहा भी हो, पीछे लेखनप्रमाद से वर्त्तमान पाठ प्रचलित हो गया होगा।

३५ आक्रुष्ट इवास्म्यनेन (पृ. ९०)

कौसल्या ने भरत से कहा—निःसन्तापो भव। इसका अर्थ स्पष्ट है तुम्हारे सन्ताप दूर हों। यहाँ सन्ताप कैसा ? यह विचारणीय है, सभी अपने मन की सोचेंगे। कौसल्या ने कहा कि राम-वनगमन से जो सन्ताप तुमको है वह छूट जाय, उससे तुम्हें त्राण प्राप्त हो। भरत को दूसरा ही अभिप्राय ज्ञात हुआ। उन्होंने समझा कि ये मुझे ताने दे रही हैं—रामरूप विरोधी के रहने से जो राज्याप्राप्तिरूप सन्ताप था वह अब दूर हो गया, निश्चिन्त हो जाओ। कौसल्या के कथन का यही मतलब भरत ने लगाया।

३६ अतिसन्धितः (पृ. ९०)

अतिसन्धा अतिसन्धानम्, वञ्चनमित्यर्थः, देखिये शाकुन्तल—'परातिसन्धानमधीयते ये विद्येति ते सन्तु किलाप्तवाचः' सा अतिसन्धा सञ्जाता अस्येति अतिसन्धितः, 'तदस्य संजातं तारकादिभ्य इतच्' यही इसकी सिद्धि का उपाय है। धा से सीधे क्त प्रत्यय करने पर तो 'अतिसंहितः' यह रूप होगा। अतिसन्धित= वञ्चित। लक्ष्मण ने जिसे वञ्चित कर रखा है अर्थात् उन्होंने स्वयं राम की सेवा का अवसर प्राप्त कर लिया, भरत को वैसा नहीं करने दिया, यही लक्ष्मण द्वारा यहाँ भरत की अतिसन्धा है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

३७ इदं प्रयतिष्ये (पृ. ९०)

यत् धातु प्रयत्नार्थक तथा अकर्मक है, इसके योग में इदं पद का किसी प्रकार समन्वय नहीं होता है । यहाँ 'इह प्रयतिष्ये' ऐसा पाठ हो जाय तो सब ठीक हो जायगा ।

३८ अभिषेकं पुरस्कृत्य (पृ. ९६)

'अभिषेकं पुरस्कृत्य' इसमें अभिषेक शब्द से क्रिया नहीं, क्रिया की सामग्री ली गई है, क्रिया लेकर कोई क्या जायेगा, उसकी सामग्री जल, छत्र आदि लेकर जाने का प्रसङ्ग भी है ।

३९ प्रत्यादेशो राज्यलुब्धायाः कैकेय्याः (पृ. १०१)

राम राज्यलुब्धा कैकेयी के लिए तिरस्कार स्वरूप थे । राम राज्य से एकदम निरपेक्ष थे और कैकेयी ने राज्य के लिए अति अकर्त्तव्य किया, ऐसी दशा में कैकेयी के विषय में कुछ नहीं कह कर राम का बन जाना ही कैकेयी का पर्याप्त तिरस्कार हो गया । इसी व्यवहार को प्रत्यादेश-तिरस्कार का रूप दे दिया गया है । ऐसे उदाहरण बाण की कादम्बरी में भी अधिक आये हुए हैं—'प्रत्यादेशो धनुष्मताम्, धौरेयः साहसिकानाम्, अग्रणीर्विदग्धानाम्, धौरेयः साहसिकानाम् ।'

४० इक्ष्वाकुकुलन्यङ्कभूतः (पृ. १०३)

न्यङ्क शब्द का अर्थ है 'कलंक' । न्यङ्क शब्द अप्रचलित है । इसका 'नि–अङ्क' निकृष्ट भाग इस अवयवार्थ का बहुत थोड़ा भाव आशयार्थ में आता है ।

४१ पितृवचनकराय (पृ. १०३)

करोति इति करः, पितृवचनस्य करः इति पितृवचनकरः, तस्मै पितृवचनकराय । पितृवचनं करोति यः स तस्मै इस विग्रह में पितृवचनकाराय, ऐसा रूप होगा, क्योंकि कर्मण्यण् से अण् प्रत्यय हो जायगा । इसीलिए कौमुदी में लिखा है । 'कथं तर्हि गङ्गाधरभूधरादयः, कर्मणः शैवत्वविवक्षायां भविष्यन्ति ।'

४२ विशालीक्रियतां ते चक्षुः (पृ. १०७)

भरत को देखने के लिए तुम अपनी आँखें विशाल कर लो । अच्छी वस्तु

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

देखने के लिए बड़ी आँखों का होना वर्णित है, देखिए—'विलोकयन्त्यो वपुरा-पुरक्ष्णां प्रकामविस्तारफलं हरिण्यः' (रघुवंश)।

४३ गुरुरयम् , आर्य ! अभिवादये, आयुष्मान् भव (पृ. १०७)

भरत ने लक्ष्मण के विषय में कहा—'गुरुरयम्' आप श्रेष्ठ हैं; फिर लक्ष्मण के प्रति कहा—'आर्य अभिवादये', लक्ष्मण ने आशीर्वाद दिया—'आयुष्मान् भव।' इस कथोपकथन के सिलसिले से प्रकट होता है कि लक्ष्मण बड़े थे और भरत छोटे। भरत ने प्रणाम किया, लक्ष्मण ने श्रेष्ठजनोचित आशीर्वाद दिया। परन्तु यह बात संदिग्ध है, सभी रामायणकार या रामायणाश्रित साहित्यग्रन्थकार भरत को ज्येष्ठ मानते हैं, लक्ष्मण को छोटा। फिर भास को क्या सूझा कि उन्होंने उल्टा लिख दिया ? इस प्रश्न का उत्तर यह दिया जा सकता है कि राम तथा लक्ष्मण समान-चरु-भाग-प्रसूत थे, अतः राम की तरह लक्ष्मण भी भरत से ज्येष्ठ हुए। यह भी कहा जा सकता है कि चरुभाग जो पुत्रेष्टियज्ञोपरान्त रानियों को दिया गया था उसमें लक्ष्मणजनक चरुभाग प्रथमार्पित रहा हो। इन उत्तरों में सन्तोषक्षमता नहीं है। रामायण की कथा में इस तरह की गलती क्षम्य नहीं है। नाटकीय चमत्कारार्थ कवि ने परिवर्त्तन किया है यह बात भी नहीं कही जा सकती, क्योंकि नाटकीयांश में कोई चमत्कार उससे नहीं बढ़ पाया है। मैं समझता हूँ कि भास के समय में कोई रामायण ऐसा भी प्रचलित रहा होगा जिसमें लक्ष्मण को भरत से ज्येष्ठ कहा गया होगा। कालक्रम से वह रामायण लुप्त हो गया है। इस तरह की बातें अति असम्भव नहीं कही जा सकती हैं।

४४ आत्मजविशिष्टगुणः (पृ. ११८)

आत्मज (पुत्र) के विशिष्ट (अद्भुत) गुण। इस वाक्य में समास न करके आत्मजस्य विशिष्टगुणः ऐसा कहने से साहित्यिक चमत्कार कम हो जाता, इसलिए व्याकरण की परवाह न करके समास कर दिया गया है।

४५ कः समयः ? (पृ. १२०)

यहाँ समय शब्द का अर्थ है 'शर्त्त' 'सिद्धान्त' 'समया'—'शपथाचारकाल-सिद्धान्तसंविदः' (इत्यमरः) 'शर्त्त पर आपका राज्य चला दूँगा' ऐसा भरत ने स्वीकार किया, जिस पर राम ने पूछा कि कौन शर्त ?

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

४६ प्रतिग्रहीतुम् (पृ. १२०)

यहाँ 'प्रतिग्रहीतुम्' पद अन्तर्भावितण्यर्थ मानने पर ही प्राकरणिक सङ्गत अर्थ हो सकेगा, नहीं तो विवक्षितार्थ प्रतीति नहीं होगी। 'प्रतिग्रहीतुम्' का साधारण अर्थ है—लेने के लिए। देखिये, कुमारसम्भव—'प्रतिग्रहीतुं प्रणयि-प्रियत्वात्त्रिलोचनस्तामुपचक्रमे च'। इसीलिए यहाँ 'प्रतिग्रहीतुम्' में ग्रहधातु को अन्तर्भावितण्यर्थ मान लेने से 'ग्रहण कराना चाहता हूँ' यह अभीष्ट अर्थ होगा।

४७ अवस्थाकुटुम्बिनीम् (पृ. १२६)

'कुटुम्बिनी' शब्द से स्त्री या सहायक स्त्री, यही अर्थ प्रतीत होता है, उसके साथ अवस्था पद जोड़कर राम सीता की प्रशंसा कर रहे हैं। उनके कहने का अर्थ यह होता है कि सीता साधारण विलासलुब्धा स्त्री नहीं, वह हमारी भी दशा की सहायिका स्त्री है।

४८ निवपनक्रियाम् (पृ. १२९)

निवपन शब्द का अर्थ है पितरों के उद्देश्य से किया गया श्राद्धतर्पण आदि। कालिदास ने भी इस अर्थ में इस शब्द का प्रयोग किया है। देखिये शाकुन्तल—

'अस्मत्परं बत यथाश्रुति संभृतानि। को नः कुले निवपनानि नियच्छतीति॥'

निवपन, निवाप दोनों समानार्थक हैं। 'येभ्यो निवापाञ्जलयः पितृणाम् निवाप शब्द से 'नैवाप' भी बनकर प्रयुक्त हुआ है—'दशरथदुरवापं प्राप नैवापमक्रमः'॥

४९ स्वरपदपरिहीणाम् (पृ. १३१)

स्वर तथा पद से रहित। यहाँ हीन और परिहीन में कोई अर्थभेद नहीं है, क्योंकि परि निरर्थक है। निरर्थक परि को 'अधिपरी अनर्थकौ' इससे कर्मप्रवचनीय संज्ञा होगी, उपसर्गसंज्ञा का उससे बोध हो जायगा, अतः परिहीण पद में णत्व अयुक्त है, अत एव—कारिकावली में 'सामान्यपरिहीनास्तु सर्वे जात्यादयो मताः' ऐसा दन्त्यघटित ही पाठ है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

५० 'माहेश्वरं योगशास्त्रम् , मेधातिथेर्न्यायशास्त्रम् प्राचेतसं श्राद्धकल्पम्' (पृ १३४)

महेश्वरकृत योगशास्त्र। यह माहेश्वर योगशास्त्र कौन है इस विषय में बड़ा सन्देह है, प्रसिद्ध योगशास्त्र तो पातञ्जल ही है। महेश्वरकृत योगशास्त्र, हो सकता है पहले रहा हो, अब तो उसकी प्रसिद्धि नहीं रही। यह भी सम्भव है वह माहेश्वर योगशास्त्र प्रचलित पातञ्जल योगशास्त्र का मूलभूत रहा हो, समय की गति से उसका लोप हो गया है। आज सर्वत्र जिस पाणिनीय व्याकरण की ख्याति है उसका भी मूलभूत अन्य बहुविध व्याकरण था, जो अब नहीं रहा।

मेधातिथि को न्यायशास्त्र का प्रवर्त्तक कहा गया है। मेधातिथि प्रसिद्ध हैं उनका ग्रंथ तो धर्मशास्त्र में ही मिलता है। ये मेधातिथि कौन थे? इस प्रश्न का उत्तर अब यही दिया जा सकता है कि ये भी कोई प्राचीन आचार्य रहे होंगे जिनसे प्रेरणा प्राप्त कर गौतम का न्याय बना होगा, जो आज प्रचार में है। इन बातों पर अनुसन्धान होना चाहिये। वरुणकृत श्राद्धकल्प की भी यही स्थिति है।

५१ क्रौञ्चत्वं वा गमिष्यति (पृ. १३९)

परशुराम और कार्त्तिकेय महादेव से अस्त्रवेद का सविधि अध्ययन कर रहे थे। दोनों में विद्या के तारतम्य का सङ्घर्ष उपस्थित हुआ। महादेव ने परीक्षा के लिए तय किया कि इस पर्वत को बाणों द्वारा जो भिन्न कर देगा उसे प्राथम्य प्राप्त होगा। परशुराम ने वैसा किया, इसीलिए उनको यश के साथ गुरुकृपा भी मिली। इन्हीं कारणों से उस शरदलित पर्वत को कालिदास ने—'हंसद्वारं भृगुपतियशोवर्त्म तत्क्रौञ्चरन्ध्रम्' कहा है।

५२ क्रव्यात् (पृ. १५०)

'राक्षसः कौणपः क्रव्यात्'। 'अदोऽनन्ने' इस सूत्र से क्रव्योपपदक अद् धातु से विट् प्रत्यय, उसका सर्वापहार, क्रव्य—आम मांस।

५३ गुण इव बह्वपराद्धमायुषा मे (पृ. १५५)

अधिक दिनों तक जीना गुण माना जाता है, परन्तु मेरी चिरजीविता गुण की जगह दोष हो रही है क्योंकि जीते रहने से ही मुझे अप्रिय घटनायें देखनी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पड़ी हैं। इस पद्यांश में किस प्रकार अन्वय किया गया है समझ में नहीं आता। 'गुण इव' इतना अंश नहीं रहे तब तो ठीक बैठता है, अन्यथा वह मेघ की तरंह लटक जाता है। हम तो इसे कवि की अशक्ति ही मानते हैं।

५४ शब्दयितव्या (पृ. १६२)

यहाँ शब्द पद से णिच् प्रत्यय करके उससे तव्य प्रत्यय किया गया है। शब्दयितव्या आह्वातव्या (पुकारी जाय)।

५५ दूषिताऽत्र भवती (पृ. १६६)

इसका अर्थ है—मैंने आपका तिरस्कार किया, निन्दा की। ऐसे शब्द का प्रयोग कुछ दूसरे ही अर्थ में अब होता है। भास का तात्पर्य निन्दा से ही था।

५६ अन्तशः (पृ. १७१)

अन्तशः—अन्त तक, आसमाप्ति। यहाँ का शस् प्रत्यय चिन्तनीय है।

५७ निम्नस्थलोत्पादको हि कालः (पृ. १७३)

समय सभी खाइयों का पाटनेवाला होता है। समय से सभी घाव भर जाते हैं। किसी भारी दुःख को भी समय सह्य बना देता है।

५८ एष्टव्ये काले (पृ. १७५)

इष्टे काले—उचित समय में। यह इसका भाव है परन्तु एष्टव्य शब्द से यह अर्थ नहीं निकल सकता है।

५९ उन्नामयाननमिदम् (पृ. १८१)

उत् नम् णिच् लोट् मध्यम पुरुष का एकवचन। मुख उठाओ। व्याकरण के अनुसार 'उन्नमय' होना चाहिये। उन्नामय अशुद्ध है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रतिमानाटकगतानि सुभाषितानि

१. अनुचरति शशाङ्कं राहुदोषेऽपि तारा ।
२. अलमिदानीं व्रणे प्रहर्त्तुम् ।
३. अल्पं तुल्यशीलानि द्वन्द्वानि सृज्यन्ते ।
४. विधिरनतिक्रमणीयः ।
५. किं ब्रह्मघ्नानामपि परेण निवेदनं क्रियते ?
६. कुतः क्रोधो विनीतानां लज्जा वा कृतचेतसाम् ।
७. गङ्गायमुनयोर्मध्ये कुनदीव प्रवेशिता ।
८. गोपहीना गावो विलयं यान्ति ।
९. छायां परिहृत्य शरीरं न लङ्घयामि ।
१०. तिर्यग्योनयोऽप्युपकृतमवगच्छन्ति ।
११. न न्याय्यं परदोषमभिधातुम् ।
१२. न व्याघ्रं मृगशिशवः प्रधर्षयन्ति ।
१३. निम्नस्थलोत्पादको हि कालः ।
१४. निर्दोषदृश्या हि भवन्ति नार्यो यज्ञे विवाहे व्यसने वने च ।
१५. पतति च वनवृक्षे याति भूमिं लता च ।
१६. पिपासार्त्तोऽनुधावामि क्षीणतोयां नदीमिव ।
१७. पुरुषाणां मातृदोषो न दोषः ।
१८. बहुवृत्तान्तानि राजकुलानि नाम ।
१९. भर्तृनाथा हि नार्यः ।
२०. राज्यं नाम मुहूर्त्तमपि नोपेक्षणीयम् ।
२१. शरीरेऽरिः प्रहरति, स्वजनो हृदये ।
२२. सर्वशोभनीयं सुरूपं नाम ।
२३. सर्वोऽपि मृदुः परिभूयते ।
२४. सुलभापराधः परिजनो नाम ।
२५. स्वः पुत्रः कुरुते पितुर्यदि वचः कस्तत्र भो विस्मयः ?
२६. हस्तस्पर्शो हि मातृणामजलस्य जलाञ्जलिः ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नाटकीय-वस्तुलक्षणानि

नाटकम्—वीरशृङ्गारयोरेकः प्रधानं यत्र वर्ण्यते ।
प्रख्यातनायकोपेतं [1]नाटकं तदुदाहृतम् ॥

जिसमें वीर, शृङ्गार में अन्यतर रस प्रधान हो, अन्य रस अङ्गभूत रहें और प्रख्यात नायक हो, वह नाटक कहा जाता है ।

पूर्वरङ्गः—यन्नाट्यवस्तुनः पूर्वं रङ्गविघ्नोपशान्तये ।
कुशीलवाः प्रकुर्वन्ति पूर्वरङ्गः स उच्यते ॥

नाटकीय कथा की अवतारणा से पहले रङ्गभूमि के विघ्नों को दूर करने के उद्देश्य से नर्त्तक लोग जो कुछ करते हैं, उसे पूर्वरङ्ग कहते हैं ।

नान्दी—आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात् प्रयुज्यते ।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता ॥

देवगण, ब्राह्मण और राजादिकों की आशीर्वाद सहित स्तुति इसके द्वारा की जाती है इसलिएं लोग इसे नान्दी कहते हैं ।

सूत्रधारः—आसूत्रयन् गुणान् नेतुः कवेरपि च वस्तुनः ।
रङ्गप्रसाधनप्रौढः सूत्रधार इहोदितः ॥

नायक, कवि और कथावस्तु के गुणों को संक्षेप में (नान्दी द्वारा) सूचित करने वाला सूत्रधार नाम से विदित कराया जाता है । इसका रङ्गमञ्च को सजाने की कला में प्रवीण होना भी आवश्यक है ।

---

१. 'नाटकं ख्यातवृत्तं स्यात् पञ्चसन्धिसुसंयुतम् ।
विलासद्धर्यादिगुणवद्युक्तं नानाविभूतिभिः ॥
सुखदुःखसमुद्भूतिर्नानारसनिरन्तरम् ।
पञ्चादिका दशपरास्तत्राङ्काः परिकीर्त्तिताः ॥
प्रख्यातवंशो राजर्षिर्धीरोदात्तः प्रतापवान् ।
दिव्योऽथ दिव्यादिव्यो वा गुणवान् नायको मतः ।
एक एव भवेदङ्गी शृङ्गारो वीर एव वा ।
अङ्गमन्ये रसाः सर्वे कार्यं निर्वहणेऽद्भुतम् ।
चत्वारः पञ्च वा मुख्याः कार्यव्यापृतपूरुषाः ।
गोपुच्छाग्रसमग्र तु बन्धनं तस्य कीर्त्तितम्' इति । (सा० द०)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रयोगातिशयः—यदि प्रयोग एकस्मिन् प्रयोगोऽन्यः प्रयुज्यते।
तेन पात्रप्रवेशश्चेत् प्रयोगातिशयस्तदा॥

यदि एक ही प्रयोग में अन्य प्रयोग प्रारम्भ हो जाय और उसी के द्वारा पात्र का प्रवेश कराया गया हो तो उसे 'प्रयोगातिशय' कहते हैं। यह पाँच प्रकार वाली प्रस्तावना का एक भेद है। जैसे कि साहित्यदर्पण में कहा गया है—

उद्घात्यकः कथोद्घातः प्रयोगातिशयस्तथा। प्रवर्त्तकावलगिते पञ्च प्रस्तावनाभिदाः॥

नेपथ्यम्—कुशीलवकुटुम्बस्य गृहं नेपथ्यमुच्यते।

अभिनेता लोग जहाँ ठहर कर नाटकोचित भूमिका धारण करते हैं, वह नेपथ्य कहा जाता है। इसी को आजकल 'ग्रीन हाउस' कहते हैं।

प्रस्तावना—सूत्रधारो नटीं ब्रूते मारिषं वा विदूषकम्।
स्वकार्यं प्रस्तुताक्षेपि चित्रोक्त्या यत्तदामुखम्॥

जहाँ सूत्रधार विचित्र ढङ्ग से नटी, मारिष या विदूषक से ऐसी बातें कहे, जिससे प्रस्तुत नाटक की कथा का सूचन हो जाय, उसे आमुख कहते हैं। इसी का 'प्रस्तावना' यह नामान्तर है। इसी की जगह में पुराने कविगण भास आदि 'स्थापना' शब्द का व्यवहार करते हैं।

अङ्कः—अङ्क इति रूढिशब्दो भावैश्च रसैश्च रोहयत्यर्थान्।
नानाविधानयुक्तो यस्मात्तस्माद् भवेदङ्कः॥
यत्रार्थस्य समाप्तिर्यस्य च बीजस्य भवति संहारः।
किञ्चिदवलग्नबिन्दुः सोऽङ्क इति सदाऽवगन्तव्यः॥

जो भाव और रसों के द्वारा अर्थों को अंकुरित करता है, जिसके अन्दर नाना प्रकार के विधान हों, जहाँ एक अर्थका अवसान तथा [1]बीजका उपसंहार और अंशतः बिन्दुका[2] सम्बन्ध होता है उसे अङ्क कहते। यह शब्द 'प्रकरण' अर्थ में रूढ है।

---

१. अल्पमात्रं समुद्दिष्टं बहुधा यद्विसर्पति। फलस्य प्रथमो हेतुर्बीजमित्यभिधीयते॥
जो अल्पमात्रा में कहा जाय और आगे चलकर विस्तृत हो, वह बीज कहा जाता है। यह फलसिद्धि का प्रथम कारण माना जाता है।

२. अवान्तरार्थविच्छेदे बिन्दुरच्छेदकारणम्।
मध्यापाती कथा के विच्छेद होने पर भी प्रधान कथा के प्रक्रांत रहने में जो कारण होता है, उसे बिन्दु कहते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मिश्रविष्कम्भकः--वृत्तवर्त्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः।
संक्षिप्तार्थस्तु विष्कम्भ आदावङ्कस्य दर्शितः॥
मध्येन मध्यमाभ्यां वा पात्राभ्यां सम्प्रयोजितः।
शुद्धः स्यात् स तु सङ्कीर्णो नीचमध्यमकल्पितः॥

बीती हुई और आगे वाली कथाओं की सूचना तथा कथांश का संक्षेप करने वाला (छोटा अंक) विष्कम्भक कहा गया है। उसके प्रयोग का स्थान अंक का आदि माना गया है। जहाँ विष्कम्भक में एक अथवा दो मध्यम पात्रमात्र का प्रयोग हो उसे शुद्ध विष्कम्भक और नीच तथा मध्यम दोनों तरह के पात्रों का प्रयोग हो उसे मिश्रविष्कम्भक मानते हैं।

स्वगतम्--अश्राव्यं खलु यद्वस्तु तदिह स्वगतं मतम्।

जो बात सुनाने के योग्य न हो अर्थात् उसे साथ में अभिनय करने वाले न सुनें केवल सामाजिक ही सुनें, इसी अभिप्राय से कही जाय उसे 'स्वगत' कहते हैं। इसी को आत्मगत भी कहते हैं।

प्रकाशम्--सर्वश्राव्यं प्रकाशं स्यात्।

जो बात सबको सुनाने के लिए कही जाय, उसे 'प्रकाश' कहते हैं।

प्रवेशकः--प्रवेशकोऽनुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजितः।

प्रवेशक का प्रयोग नीच पात्रों के द्वारा ही कराया जाता है। इसमें उदात्त रमणीय उक्तियों का अभाव होना चाहिये।

अपवारितम्--रहस्यं कथ्यतेऽन्यस्य परावृत्त्याऽपवारितम्।

जो बात कुछ पात्रविशेष से छिपा कर कुछ पात्रों को कही जाती है, उसे अपवारित कहते हैं।

आकाशभाषितम्--किं ब्रवीष्येवमित्यादि विना पात्रं ब्रवीति यत्।
श्रुत्वेवानुक्तमप्येकस्तत् स्यादाकाशभाषितम्॥

बिना किसी दूसरे जनके, बिना कहने पर ही, बिना सुने ही, क्या कहा? इत्यादि प्रश्नों द्वारा स्वयं प्रकरण बना कर जो बात कही जाती है, उसे आकाशभाषित कहते हैं।

काञ्चुकीयः--ये नित्यं सत्यसम्पन्नाः कामदोषविवर्जिताः।
ज्ञानविज्ञानकुशलाः काञ्चुकीयास्तु ते मताः॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

जो सदा सत्य बोलने वाले, निश्छलव्यवहारी, कामदोषशून्य और ज्ञानविज्ञान में निपुण होते हैं वे काञ्चुकीय कहलाते हैं।

नायकः--त्यागी कृती कुलीनः सुश्रीको रूपयौवनोत्साही।
दक्षोऽनुरक्तलोकस्तेजोवैदग्ध्यशीलवान्नेता ॥

दानशील, पण्डित, सत्कुलप्रसूत, धनवान् और रूप, यौवन तथा उत्साह से सम्पन्न, चतुर, लोकप्रिय, तेजस्वी और सुशील पुरुष नेता होता है, अर्थात् नाटक के लिए ऐसे ही नायक चुने जाते हैं।

नायिका--नायकसामान्यगुणैर्युक्ता नायिका।

नायक में अपेक्षित सद्गुणों से युक्त नायिका होती है।

धीरोदात्तः--अविकत्थनः क्षमावानतिगम्भीरो महासत्त्वः।
स्थेयान् निगूढमानो धीरोदात्तो दृढव्रतः कथितः ॥

जो स्वयं अपनी तारीफ नहीं करनेवाला, सहनशील, धीर, महामना, स्थिर-प्रकृति, नम्रता से अभिमान को छिपाकर रखने वाला और सत्यवक्ता हो; उस नायक को धीरोदात्त नायक कहते हैं।

रसः--विभावेनानुभावेन व्यक्तः सञ्चारिणा तथा।
रसतामेति रत्यादिः स्थायिभावः सचेतसाम् ॥
प्रपानकरसन्यायाच्चर्व्यमाणो रसो भवेत्।

सहृदयों के हृदय में वर्तमान रत्यादि स्थायिभाव, विभाव, अनुभाव और व्यभिचारिभाव की सहायता से अभिव्यक्त होकर प्रपानक रस की तरह आस्वाद विषय बनकर रस संज्ञा को प्राप्त होते हैं।

करुणः--इष्टनाशादनिष्टाप्तेः करुणाख्यो रसो भवेत्।
शोकोऽत्र स्थायिभावः स्याच्छोच्यमालम्बनं मतम् ॥

इष्टवस्तु के नाश और अनिष्ट की प्राप्ति से करुणरसका आविर्भाव होता है, इसमें शोक स्थायिभाव होता है और शोच्य आलम्बन विभाव होता है।

वीररसः--उत्तमप्रकृतिर्धीर उत्साहस्थायिभावकः।

जिसका स्थायिभाव उत्साह हो और जो उत्तम पात्रमात्रमें आश्रित हो, उसे वीर रस कहते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रतिमानाटकगतवृत्तलक्षणानि

इन्द्रवज्रा— स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः ।

जिस छन्द में दो तगण, एक जगण और दो गुरु वर्ण हों, उसे इन्द्रवज्रा कहते हैं ।

मालिनी—ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः ।

यदि दो नगण, एक मगण, पुनः दो यगण हों तो उस वृत्त का नाम मालिनी कहा गया है ।

उपजातिः—स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः, उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ ।
अनन्तरोदीरितलक्ष्मभाजौ पादौ यदीयावुपजातयस्ताः ॥

जिस छन्द में दो तगण, एक जगण और दो गुरु अक्षर हों, उसे इन्द्रवज्रा कहते हैं । जिसमें एक जगण, एक तगण, फिर एक जगण और दो गुरु वर्ण हों, उसे उपेन्द्रवज्रा नाम से पुकारते हैं । जिसके चरणों में इन्द्रवज्रा और उपेन्द्रवज्रा दोनों छन्दों के लक्षण चरणभेद से मिलें, उसे उपजाति नामक वृत्त कहते हैं ।

पुष्पिताग्रा—अयुजि नयुगरेफतो यकारो
युजि च नजौ जरगाश्च पुष्पिताग्रा ॥

जिस वृत्त के विषम चरणों में दो नगण, एक रगण, अनन्तर एक यगण हो और सम चरणों में नगण, जगण, पुनः, जगण, रगण, उसके आगे एक गुरु वर्ण हो, उसे पुष्पिताग्रा कहते हैं । विषम चरण—प्रथम, तृतीय को और सम चरण—द्वितीय और चतुर्थ को जानना चाहिये ।

वसन्ततिलका—उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ गः ।

जिसमें तगण, भगण, जगण, फिर जगण, उसके बाद दो गुरु वर्ण हों, वह वसन्ततिलका कहा जाता है ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शार्दूलविक्रीडितम्--सूर्याश्वैर्मसजास्ततः सगुरवः शार्दूलविक्रीडितम् ।

जिस छन्द में मगण, सगण, जगण, सगण, तगणद्वय और एक गुरु वर्ण हो, बारह और सात वर्णों पर यति हो, उसे शार्दूलविक्रीडित नामक वृत्त कहते हैं।

वंशस्थम्--जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ ।

जगण, तगण, जगण, रगण, यदि क्रम से हों तो वंशस्थ नामक वृत्त कहा गया है।

सुवदना--ज्ञेया सप्ताश्वषड्भिर्मरभनययुता भ्लौ गः सुवदना ।

जिसमें मगण, रगण, भगण, नगण, यगण, पुनः भगण, एक लघु वर्ण और अन्त में एक गुरु वर्ण रहे, ७, ७, ६ वर्णों पर यति हो, उसे सुवदना छन्द कहते हैं।

प्रभा--स्वरशरविरतिर्ननो रौ प्रभा ।

दो नगण, दो रगण तथा सात और पाँच वर्णों पर विराम होने से प्रभा वृत्त बन जाता है।

स्रग्विणी--रैश्चतुर्भिर्युता स्रग्विणी संमता ।

यदि चार रगण हों तो स्रग्विणी छन्द होता है।

शालिनी--शालिन्युक्ता म्तौ तगौ गोऽब्धिलोकैः ।

जिसमें एक मगण, दो तगण, तदनन्तर दो गुरु वर्ण रहें और चार तथा सातवर्णों पर यति हो उसे शालिनी कहते हैं।

प्रहर्षिणी--म्नौ ज्रौ गस्त्रिदशयतिः प्रहर्षिणीयम् ।

यदि क्रमशः मगण, नगण, जगण, रगण और अन्तमें एक गुरु वर्ण हो तो उसे प्रहर्षिणी नामक वृत्त कहते हैं। इसमें ३, १० वर्णों पर यति होती है।

शिखरिणी--रसै रुद्रैश्छिन्ना यमनसभला गः शिखरिणी ।

यगण, मगण, नगण, सगण, भगण इन पाँच गणों के बाद एक लघु और एक गुरु हो, और ६, ११ वर्णों पर यति हो तो उसे शिखरिणी छन्द कहते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

स्रग्धरा—म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्त्तितेयम् ।

यदि मगण, रगण, भगण, नगण, यगण, यगण, यगण इस तरहका गणन्यास हो और तीन बार प्रति सातवें वर्ण पर यति हो तो उसे स्रग्धरा कहते हैं ।

आर्या—यस्याः प्रथमे पादे द्वादश मात्रास्तथा तृतीयेऽपि ।
अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पञ्चदश सार्या ॥

जिस मात्रावृत्त के प्रथम और तृतीय चरणों में १२–१२ मात्रायें, द्वितीय पाद में १८ मात्रायें और चतुर्थ में १५ मात्रायें रहें, उसे आर्या कहते हैं ।

अनुष्टुप्—पञ्चमं लघु सर्वत्र सप्तमं द्विचतुर्थयोः ।
षष्ठं गुरु विजानीयादेतत् पद्यस्य लक्षणम् ॥

अनुष्टुप् छन्द के सब चरणों में ५ वाँ वर्ण लघु, छठा वर्ण गुरु और द्वितीय चतुर्थ चरणों में ७ वाँ लघु होता है ।

हरिणी—रसयुगहयैर्न्सौ म्रौ स्लौ गो यदा हरिणी तदा ।

जिसमें नगण, सगण, मगण, रगण, सगण, तदनन्तर एक लघु तथा एक गुरु वर्ण रहें, छः, चार और सात वर्णों पर यति हो, उस छन्द को हरिणी कहते हैं । गणसामान्य का लक्षण—

मस्त्रिगुरुस्त्रिलघुश्च नकारो भादिगुरुः पुनरादिलघुर्यः ।
जो गुरुमध्यगतो रलमध्यः सोऽन्त्यगुरुः कथितोऽन्त्यलघुस्तः ॥

लघु वर्ण खड़ी पाई (।) द्वारा और गुरुवर्ण इस चिह्न (ऽ) द्वारा व्यक्त किया जाता है । फलतः सभी गणोंको इस प्रकार न्यस्त करना चाहिये ।

मगण-ऽऽऽ, नगण-।।।, भगण-ऽ।।, यगण-ऽऽ, जगण-।ऽ।, रगण-ऽ।ऽ, सगण-।।ऽ, तगण-ऽऽ। ये ही आठ गण हैं । इनके ही विवर्त्तसे ये छन्द बनते हैं ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

टीकाकर्तुः परिचयः

माण्डरसंज्ञकमैथिलभूसुरवंशेऽजनिष्ट कृती ।
श्रीमान् 'कन्हाइ'मिश्रो हृतजनताऽज्ञानताभिस्रः ॥ १ ॥
उदितः 'छीतन'शर्मा ततः सुमेरोरिवादित्यः ।
योऽमानि मानिनिवहश्रयान् सुकृतावदातात्मा ॥ २ ॥
मृतपितृकः स हि बाल्ये मातुलकुलमाश्रितः शरणम् ।
ग्रामे पकड़ीनामनि गृहस्थतां प्रापितो न्यवसत् ॥ ३ ॥
तत्तनयेषु प्रथमो वयसा ज्ञानेन यशसा ।
'मधुसूदन' मिश्राख्यो भक्तश्चतुराग्रणीरभवत् ॥ ४ ॥
तत एव श्री'जयमणि'संज्ञायां मातरि प्रापम् ।
जनिमब्धिरामवसुभूमितशाके 'रामचन्द्रो'ऽहम् ॥ ५ ॥
प्रभवादष्टमशरदि स्नेहान्मामुपनिनीषन्तम् ।
तातं सदा स्वतन्त्रा नियतिरकार्षीत्कथाशेषम् ॥ ६ ॥
बाल्ये पण्डित'झिङ्गुरशर्म'कृपाप्राप्तबोधस्य ।
अथ चक्षुषी चमत्कृतसंस्कृतभाषाप्रयोगेषु ॥ ७ ॥
उन्मीलिते अभूतां श्री'श्रीनाथाख्य'विबुधस्य ।
मम मातुलस्य चरणौ निषेवमाणस्य न चिरेण ॥ ८ ॥
गूढं शास्त्ररहस्यं ज्ञातुं निखिलं निबद्धकक्षस्य ।
उपदेशको ममाभू'दीश्वरनाथो' विदां वन्द्यः ॥ ९ ॥
स्वाभाविक्या कृपया स्नेहेनान्ताप्ररूढेन ।
मम तादृशा च यो मामपुषत्सोदर्यभावेन ॥१०॥
तत्कृपयाधिगताखिलसंस्कृतसाहित्यमर्माणम् ।
बुधवर'किशोरिशर्मा' मां व्यधिताचार्यपदभाजम् ॥११॥
श्रीयुत'जटेश्वरा'भिधविद्वद्वरपादमुपजीव्य ।
दर्शनशास्त्ररहस्यं न चिरेणाशेषमाचकलम् ॥१२॥
एतानन्यांश्च गुरून्मनसि ममावस्थितान्सततम् ।
ध्यायामि यत्कृपा मे मानुष्यकमञ्जसाऽस्राक्षीत् ॥१३॥
सोऽहं वाक्परिचरणव्यापृतचेताः 'प्रकाश'ममुं ।
निरमामिह विद्वांसः कृपास्पृशं स्वां दृशं दध्युः ॥१४॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कृष्णदास संस्कृत सीरीज

७४

भासनाटकचक्रे

अभिषेकनाटकम्

"शशिप्रभा" संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः

डॉ० जमुना पाठकः

एम. ए., पी-एच. डी.

संस्कृत-विभागः

काशी हिन्दू विश्वविद्यालयः, वाराणसी

प्रस्तावकः

डॉ० श्रीनारायण मिश्रः

रीडर, संस्कृत विभागः काशी हिन्दू विश्वविद्यालयः

कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

१९८५

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रकाशक : चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी

संस्करण : प्रथम, वि० सं० २०४२

मूल्य रू०

© कृष्णदास अकादमी

पो० बा० नं० १११८

चौक (चित्रा सिनेमा बिल्डिंग), वाराणसी-२२१००१
(भारत)

अपरं च प्राप्तिस्थानम्

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस

के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
पो० बा० १००८, वाराणसी-२२१००१ (भारत)
फोन : ६३१४५

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

KRISHNADAS SANSKRIT SERIES
74

ABHISEKA NĀTAKAM

OF

MAHĀKAVI BHĀSA

Edited With

'Shashiprabha' Sanskrit-Hindi Commentaries

By

Dr. JAMUNA PATHAK

M. A., Ph. D.

Department Of Sanskrit, Arts faculty, Banaras Hindu University

Foreword by

Dr. SRINARAYANA MISHRA

Reader, Department of Sanskrit,

Banaras Hindu University

KRISHNADAS Academy

VARANASI-221001

1985

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

© KRISHNADAS ACADEMY

Oriental Publishers & Distributors

POST BOX No. 1118

Chowk, (Chitra Cinema Building), Varanasi–221001

(INDIA)

First Edition

1985

Also can be had from

Chowkhamba Sanskrit Series Office

K. 37/99, Gopal Mandir Lane

Post Box 1008, Varanasi–221001 (India)

Phone : 63145

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रस्तावना

परमपुरुषार्थसिद्धये लोके यानि शास्त्राण्याचार्यैः प्रवर्तितानि तेषु काव्यशास्त्रं कान्तासम्मितोपदेशरूपत्वादतीव श्लाघ्यमित्यत्र न कस्यापि विप्रतिपत्तिः। काव्यस्यापि श्रव्यदृश्यभेदेन प्रकारद्वयं प्रसिद्धम्। अनयोर्यावता सौकर्येण दृश्यकाव्येन रसास्वादो जायते तावता न श्रव्येणेत्यत्रापि सम्प्रतिपत्तिरेव विदुषामास्ते। अत एव "नाट्यं भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाऽप्येकं समाराधनम्" इति सूक्तिः प्रचलिता। नाट्येषु नाटकप्रकरणादिदशप्रकारा रूपकपदाऽभिधेयाः, उपरूपकाणि च कियन्ति सन्ति तथाऽपि नाटकं सर्वाङ्गत्वात् श्रेष्ठमिति मन्यत एव। अत एव "काव्येषु नाटकं रम्यम्" इति प्रोच्यते।

सम्प्रत्युपलभ्यमानेषु नाटकेषु प्राचीनतमानि महाकविभासग्रथितानि स्वप्नवासवदत्तप्रभृतीनि त्रयोदश नाटकानि। एतानि न केवलं प्राचीनतमत्वादपितु सुतरामभिनेयत्वात् वस्तुवैशिष्ट्याच्चोत्तमानि। अन्यानि सन्ति भूयांसि सरसानि विश्रुतानि नाटकानि सहृदयावर्जकाणि, परं तानि दीर्घकायत्वादभिनेयतामतिक्रान्तानि सन्त्यन्ततः श्रव्यनिर्विशेषाणीव प्रतिभान्ति।

भासनाटकचक्रे रामायणमहाभारतीयकथांशमादायैव बहूनि प्रवृत्तानि। तत्र रामायणीयकिष्किन्धा-सुन्दर-युद्धकाण्डानां कथामादाय प्रवृत्तं देवकृतरामराज्याभिषेकपर्यवसायि नाटकमभिषेकं नामान्यतमम्। इदं च नाटकीयाशेषगुणपूर्णत्वादतीव प्रशस्यं रूपकं षटस्वङ्केषु परिसमाप्यते।

अस्याभिषेकनाटकस्य भासनाटकचक्रे स्वातन्त्र्येण चानेकं संस्करणम् किञ्चिन्मूलमात्रम्, अपरं च सव्याख्यमुपलभ्यमानमपि न सर्वथा विदुषां सन्तोषास्पदमिति कृत्वा डॉ० श्रीजमुनापाठकमहोदयेनास्मत्प्रियशिष्येण सम्प्रति काशीहिन्दू विश्वविद्यालयीयसंस्कृतविभागसदस्येन स्वकीयाभ्यां संस्कृतहिन्दीव्याख्याभ्यामलङ्कृतमिदं नाटकमस्माकमतितरां प्रमोदावहम्। स्वविद्यावैभवेन सरसमिदं रूपकं सरसतरं कुर्वन् श्रीपाठकमहोदयः समेषां सहृदयानां साधुवादमर्हति। सर्वेऽपि काव्यरसज्ञा नाटकमिदं श्रीपाठकमहोदयविरचितव्याख्याद्वयसमन्वितमङ्गीकृत्य व्याख्यातुः परिश्रमं सफलयिष्यन्तीति दृढं विश्वसिति।

दीपावली
वि. सं. २०४२

विदुषां विधेयः—
श्रीनारायणमिश्रः

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दो शब्द

नाटक-ग्रन्थों की रमणीयता सर्वविदित है—'काव्येषु नाटकं रम्यम्'। कोई भी सहृदय इनसे आकृष्ट हुए बिना नहीं रह सकता। इसी आकर्षण के कारण नाटकों पर कार्य करने के लिए मेरी अभिरुचि उत्पन्न हुई। परिणामतः १९७८ में अभिज्ञानशाकुन्तल की व्याख्या प्रकाशित हुई। तत्पश्चात् अन्य कई नाटकों पर कार्य किया, किन्तु दुर्भाग्यवश वे अभी प्रकाशित नहीं हो सके हैं।

इस नाटक का सम्पादन; डॉ० सुधाकर मालवीय, संस्कृत-विभाग; का० हि० वि० वि०, वाराणसी के निर्देशन में हो सका है। वे मेरे अग्रज हैं। अस्तु, उनसे मैं शुभाकांक्षी हूँ। कृष्णदास अकादमी; वाराणसी के सुयोग्य कर्मठ संचालक का मैं विशेष आभारी हूँ जिन्होंने इस संस्करण के प्रकाशन का श्रेय ग्रहण किया।

अन्ततः, गुरुवर्य डॉ० श्री नारायण मिश्र जी, प्रवाचक, संस्कृत-विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के असीम शुभाशीर्वाद से यह कार्य सम्पन्न हो सका है। अत एव मैं उनके चरण-कमलों में विनयावनत हूँ। इसमें जो कुछ भी गुण है, वह श्रद्धेय गुरु जी की देन है तथा जितने दोष हैं, वे मेरे हैं। अस्तु;

विद्वच्चरणानुरागी—
जमुना पाठक

दीपावली, १९८५

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भूमिका

महाकवि भास

संस्कृत-कवियों का मुख्य उद्देश्य विषयवस्तु-ख्यापन ही था। आत्म-ख्यापन से वे बहुत दूर रहते थे। यहाँ तक कि कतिपय उपलब्ध ग्रन्थों में उनके कर्त्ता के नाम का भी अभाव है। महाकवि भास इन्हीं कवियों में एक हैं। नाटक-जगत् में इनका नाम प्राचीन-काल से ही प्रसिद्ध है तथा इस क्षेत्र में इनका प्रथम-स्थान है किन्तु इनकी किसी भी कृति में इनका नाम तक उपलब्ध नहीं हैं। अतः इनके कृतियों के कर्त्तृत्व के विषय में भी सन्देह बना रहा है। यद्यपि विद्वानों ने बाह्य तथा अन्तः-साक्ष्य के आधार पर इस सन्देह का निराकरण किया है फिर भी इस क्षेत्र में पर्याप्त शोध की आवश्यकता है।

भास संस्कृत के प्रथम नाटककार हैं। इसका तात्पर्य यह नहीं कि संस्कृत-वाङ्मय में इनसे पूर्व नाटकों की रचना नहीं हुई थी प्रत्युत् सम्प्रति उपलब्ध नाटकों में सबसे प्राचीन इन्हीं के नाटक उपलब्ध हैं। प्राचीन अलङ्कार-शास्त्र के आचार्यों ने अपने लक्षण-ग्रन्थों में इनकी कृतियों से अनेक उदाहरण प्रस्तुत किया है। किन्तु बड़े दुःख का विषय है कि ऐसे प्रथितयश नाटककार के जीवन-परिचय के विषय में हम बिल्कुल अनभिज्ञ है।

भास का स्थिति-काल

भास का स्थिति-काल भी अधिक विवादास्पद है। उल्लेख के अभाव में निश्चित-रूप से कुछ भी कहना कठिन है। फिर भी ये कालिदास से पूर्ववर्ती अवश्य थे क्योंकि उन्होंने मालविकाग्निमित्र में बड़ी श्रद्धा के साथ भास के नाम का स्मरण किया है। इससे यह प्रतीत होता है कि कालिदास के समय तक भास नाटककार के रूप में प्रसिद्धि को प्राप्त कर चुके थे।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कालिदास के समय के विषय में भी विद्वानों में अत्यधिक मतभेद है। कतिपय विद्वान् कालिदास को चतुर्थ शताब्दी में मानते हैं अतः उनके अनुसार भास चतुर्थ शताब्दी से पूर्ववर्ती हैं। कतिपय विद्वान् कालिदास को ई० पू० प्रथम-शताब्दी में स्वीकार करते हैं।[1] उनके अनुसार भास का समय ई० पू० प्रथम शताब्दी से पहले निश्चित होता है।

भास के नाटकों की खोज के पूर्व सबसे प्राचीन शूद्रक का 'मृच्छकटिक' नाटक माना जाता था किन्तु यह नाटक भास के 'चारुदत्त' नाटक के अनुकरण पर विरचित तथा उसका परिवर्धित रूप है। इस प्रकार चारुदत्त-नाटक की रचना मृच्छकटिक के कर्त्ता शूद्रक से प्राचीन ठहरती हैं। शूद्रक का शासन काल ई०पू० २२०–१९७ वर्ष था अतः भास को इससे पूर्ववर्ती होना चाहिए।

भास के एक श्लोक को कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में उद्धृत किया है। इसके अतिरिक्त भास ने प्रतिमा-नाटक में बृहस्पति के अर्थशास्त्र का उल्लेख किया है। इससे प्रतीत होता है कि कौटिल्य के अर्थशास्त्र की रचना भास के बाद हुई थी। इस प्रकार भास का समय कौटिल्य के समय से भी पूर्ववर्ती हैं। कौटिल्य के समय की उच्चतम सीमा ई०पू० चतुर्थ शताब्दी है।

भास कालिदास के पूर्ववर्ती थे अतः उनके समय की निम्नतम सीमा ई० पू० प्रथम शताब्दी है। इस प्रकार भास का समय ई० पू० प्रथम शताब्दी से ई० पू० चतुर्थ शताब्दी के मध्य में निश्चित होता है।

भास की कृतियाँ—नाटकचक्र

सम्प्रति भास-कृत् नाटक 'नाटकचक्र' के नाम से प्रसिद्ध हैं। इसमें १३ नाटकों का उल्लेख है। जिसमें ६ नाटकों का कथानक महाभारत से लिया गया है—मध्यम-व्यायोग, दूतवाक्य, दूतघटोत्कच, कर्णभार, उरुभङ्ग, पञ्चरात्र। दो नाटकों का उपजीव्य रामायण है–प्रतिमा, अभिषेक। एक नाटक भागवत-पुराण पर आधारित है—बालचरित। दो नाटक लोक-कथाओं से

---

१. विस्तृत-विवरण के लिए : द्रष्टव्य मेरे द्वारा सम्पादित अभिज्ञान-शाकुन्तलम् की भूमिका—पृ० १२-१७

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सम्बन्धित है—दरिद्रचारुदत्त और अविमारक। दो नाटक उदयन कथा पर आश्रित हैं—प्रतिज्ञायौगन्धरायण तथा स्वप्नवासदत्तम्। इन सभी नाटकों में भास की मौलिक एवं अनूठी कल्पनाशक्ति तथा अद्भुत नाट्यकुशलता का परिचय मिलता है। रचनाक्रम के आधार पर इन नाटकों का संक्षिप्त परिचय दिया जा रहा है—

(१) प्रतिज्ञायौगन्धरायण—इस नाटक में चार अङ्क हैं। इसमें वत्सराज उदयन तथा उज्जयिनी के राजा प्रद्योत की राजकुमारी वासवदत्ता के प्रेम तथा परिचय का वर्णन है। उदयन को जब प्रद्योत कैद कर लेता है तब उसका (उदयन का) मन्त्री यौगन्धरायण उसे कैद से छुड़ाने तथा वासवदत्ता के साथ उसका विवाह कराने की प्रतिज्ञा करता है। इसी प्रतिज्ञा के कारण ही इस नाटक का नाम 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' रखा गया है। यौगन्धरायण अपनी प्रतिज्ञानुसार उदयन को वासदत्ता-सहित उज्जयिनी से भगाने में सफल हो जाता है तथा उदयन और वासवदत्ता का विवाह सम्पन्न हो जाता है। यह सुखान्त नाटक है।

(२) स्वप्नवासवदत्तम्—यह छः अङ्कों का नाटक है। इसमें प्रतिज्ञायौगन्धरायण की कथा के बाद की कथा का विवेचन है। वासवदत्ता के परिणय के बाद राजकार्य को छोड़कर उदयन उसमें अत्यधिक आसक्त हो जाता है। इस कमजोरी से उसका एक शत्रु आरुणि उस पर चढ़ाई करके उसका राज्य छीन लेता है। पुनः राज्य प्राप्ति के लिए यौगन्धरायण उदयन का विवाह मगधराज दर्शक की बहन पद्मावती से कराना चाहता है किन्तु वासवदत्ता के रहते उदयन का अन्य स्त्री के प्रति आकृष्ट होना असम्भव जानकर उदयन के आखेट के लिए बाहर चले जाने पर शिविर में आग लगवा कर यह कहला दिया कि वासवदत्ता जल कर मर गयी। यह सुनकर उदयन शोकाकुल हो गया। उधर यौगन्धरायण वासवदत्ता को पद्मावती के पास धरोहर रख देता है। बाद में उदयन का पद्मावती से विवाह हो जाता है। तत्पश्चात् दोनों वत्स और मगध की सेनाओं से आरुणि पराजित हो जाता है और अपहृत वत्सराज्य उदयन को प्राप्त हो जाता है। पुनः बड़े

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नाटकीय ढंग से वासवदत्ता और यौगन्धरायण प्रकट होते हैं। यह सुखान्त नाटक है।

(३) उरुभङ्ग—यह एकाङ्की नाटक है। द्रौपदी के अपमान के प्रतिकार-स्वरूप भीम द्वारा दुर्योधन के जङ्घा को तोड़ने का वर्णन है। इसी घटना के आधार पर नाटक का नाम 'उरुभङ्ग' रखा गया है। सम्पूर्ण संस्कृत-साहित्य में केवल यही अकेला दुःखान्त नाटक उपलब्ध होता है।

(४) दूतवाक्यम्—यह भी एकाङ्की नाटक है। इसमें महाभारत-युद्ध के पहले श्री कृष्ण के दौत्यकार्य का वर्णन है। सन्धि-कार्य के लिए पाण्डवों की ओर से श्री कृष्ण दूत बनकर दुर्योधन के पास जाते हैं। किन्तु दुर्योधन उनकी बात नहीं मानता और वे निराश होकर लौट आते हैं।

(५) पञ्चरात्रम्—यह तीन अङ्कों का नाटक है। यज्ञ की समाप्ति पर द्रोणाचार्य ने दुर्योधन से दक्षिणा माँगी कि पाण्डवों को आधा राज्य दे दो। दुर्योधन इस शर्त पर तैयार होता है कि यदि पाण्डव पाँच रात्रि के अन्दर ही मिल जाँय तो उन्हें आधा राज्य दे दिया जाएगा। कौरवों ने विराट् की राजधानी पर गायों के लिये चढ़ाई किया। राजकुमार उत्तर ने अज्ञात-वास में स्थित पाण्डवों की सहायता से विजय प्राप्त की। इसी समय पाण्डवों के प्रकाश में आ जाने पर द्रोणाचार्य ने आधा राज्य देने की प्रतिज्ञा का स्मरण दिलाया और दुर्योधन मान लिया।

(६) बालचित—यह पाँच अङ्कों का नाटक है। इस नाटक में भगवान् श्री कृष्ण की बाललीलाओं का वर्णन है, इसलिए इसका नाम 'बालचरित' रखा गया हैं। इसमें श्री कृष्ण के जन्म लेकर कंस-वध तक की कथा समायोजित है।

(७) दूतघटोत्कच—यह एकाङ्की नाटक है। इसमें अभिमन्यु की मृत्यु के पश्चात् हिडिम्बापुत्र घटोत्कच दूत बन कर श्री कृष्ण का सन्देह कौरवों के पास ले जाता है। दुर्योधन अपमान करता है जिससे दुर्योधन और घटोत्कच में गरमा-गरमी हो जाती है। धृतराष्ट्र शान्त करते हैं। घटोत्कच अभिमन्यु के वध का बदला अर्जुन द्वारा लिये जाने की धमकी देकर वापस

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चला जाता है। दौत्य-प्रधान होने के कारण इसका नाम 'दूतघटोत्कच' रखा गया है। कथा-वस्तु कवि-कल्पना-प्रसूत है क्योंकि घटोत्कच के दौत्यकार्य का वर्णन महाभारत में उपलब्ध नहीं होता।

(८) कर्णभार—यह भी एकाङ्की नाटक है। द्रोणाचार्य की मृत्यु के पश्चात् कर्ण कौरवों का सेनापति बनाया जाता है अतः युद्ध का सम्पूर्ण भार कर्ण पर आ जाता है। कर्ण का यह नियम था कि दोपहर के समय वह जल में खड़ा होकर सूर्य को अर्घ्य देता था और उस समय ब्राह्मणों को उनकी इच्छानुसार दान देता था। इसी अवसर पर ब्राह्मण के रूप में उपस्थित होकर इन्द्र ने कर्ण से कवच और कुण्डल की याचना की। कर्ण सहर्ष उसे दान में दे देता है।

(९) मध्यमव्यायोग—यह एकाङ्की नाटक है। इसकी रचना मध्यम-पाण्डव भीमसेन को आश्रित करके की गयी है। इसमें भीम द्वारा घटोत्कच के हाथ से एक ब्राह्मण के मध्यम पुत्र की रक्षा करना, भीम की अपने पुत्र घटोत्कच के दर्शन से आनन्दानुभूति तथा हिडिम्बा-मिलन का वर्णन है।

(१०) प्रतिमानाटकम्—यह सात अङ्कों का नाटक है। राम के वनवास से लेकर रावणवध-पर्यन्त चौदह वर्ष की कथाओं का संक्षेप में वर्णन है। राज्याभिषेक के बाद यह नाटक समाप्त हो जाता है। इक्ष्वाकुवंशीय राजाओं की प्रतिमा को देखकर उनके मृत्यु का अनुमान भरत को हो जाने के कारण ही इसका 'प्रतिमा' नाम रखा गया है।

(११) अभिषेकनाटकम्—इसमें छः अङ्क हैं। इसमें किष्किन्धा-काण्ड से लेकर युद्धकाण्ड-पर्यन्त कथा का वर्णन है। रावण की मृत्यु के पश्चात् राम का राज्याभिषेक भी लङ्का में ही हो जाता है। इसका विस्तृत विवरण आगे प्रस्तुत किया जाएगा।

(१२) अविमारक—छः अङ्कों वाले इस नाटक में सौवीर के राजकुमार अविमारक तथा राजा कुन्तिभोज की पुत्री कुरङ्गी की प्रेमलीला का वर्णन है। नायक के नाम पर ही इस नाटक का नाम 'अविमारक' रखा गया है।

(१३) चारुदत्तम्—यह चार अङ्कों का नाटक है। नायक के नाम पर ही इस नाटक का नाम 'चारुदत्त' रखा गया है। इसमें निर्धन किन्तु उदारमना

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ब्राह्मण चारुदत्त तथा वसन्तसेना नामक वेश्या के प्रणय-सम्बन्ध का वर्णन है। यह नाटक अपूर्ण है। सम्भवतः यह भास की अन्तिम रचना है, जिसको मृत्युपर्यन्त पूरा नहीं कर सके।

नाटकचक्र के रूपकों का एककर्त्तृत्व

बाह्य तथा अन्तः-साक्ष्य के आधार पर यह सिद्ध होता है। कि 'नाटकचक्र' के सभी नाटक किसी एक ही कवि की रचनाएँ हैं। जो इस प्रकार है—

१—बाह्य-साक्ष्य—नाटकचक्र के नाटकों की आकृति का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर निम्नलिखित तथ्य प्राप्त होते हैं—

(१) सभी नाटक सूत्रधार के प्रवेश से प्रारम्भ होते हैं। संस्कृत के अन्य नाटकों में मङ्गलाचरण-रूप नान्दीपाठ के पश्चात् सूत्रधार का प्रवेश होता है।

(२) कर्णभार को छोड़कर सभी नाटकों में 'प्रस्तावना' के स्थान पर 'स्थापना' शब्द का प्रयोग मिलता है।

(३) इन सभी नाटकों में प्ररोचना (कवि-परिचय) का अभाव है।

(४) प्रतिज्ञायौगन्धरायण, स्वप्नवासवदत्तम्, प्रतिमानाटकम्, पञ्चरात्रम् तथा उरुभङ्गम्—इन नाटकों के प्रथम श्लोक में मुद्रणालङ्कार द्वारा पात्रों के नामों की सूचना मिल जाती है।

(५) इन नाटकों की समाप्ति प्रायः समान है। अधिकांश नाटकों के 'भरतवाक्य' एक ही हैं। लगभग सभी नाटकों के भरतवाक्य में 'राजसिंहः प्रशास्तु नः' यह अवश्य प्रयुक्त है।

(६) इन नाटकों की भूमिका अत्यन्त छोटी है। उनमें यह विशेषता भी है कि प्रायः एक ही भूमिका कई नाटकों में उपलब्ध होती है।

(७) कुछ पात्र भिन्न-भिन्न नाटकों में एक ही नाम और कार्य के लिए प्रयुक्त हुए हैं।

२—अन्तःसाक्ष्य—'नाटकचक्र' के नाटकों का आन्तरिक सूक्ष्म-विश्लेषण करने पर निम्नलिखित तथ्य प्राप्त होते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(१) सभी नाटकों की भाषा तथा शैली प्रायः समान है। कुछ पद वाक्य तथा पाठ्य समान रूप से पाये जाते हैं। सूक्यंकर की सूची के अनुसार समान-पाठ्य इत्यादि की संख्या १२७ है।

(२) इन सभी नाटकों में अपाणिनीय और आर्ष शब्दों का अधिक प्रयोग हुआ है। इन शब्दों को पाणिनि व्याकरण द्वारा सिद्ध नहीं किया जा सकता।

(३) इन नाटकों में अधिकांशतः अनुष्टुप् छन्दों का ही प्रयोग हुआ है। इनमें सुवदना, दण्डक इत्यादि अप्रचलितः छन्दों का भी प्रयोग हुआ है।

(४) इन नाटकों में व्यङ्ग्य शक्ति का अभाव ही वैशिष्ट्य है। इसलिए पताका-स्थानक का प्रयोग सर्वत्र मिलता है।

(५) इनमें कुछ नाटक ऐसे हैं जो पूर्णरूपेण एक दूसरे से सम्बन्धित है। प्रतिज्ञायौगन्धरायण स्वप्नवासदत्तम् का पूर्वभाग प्रतीत होता है। प्रतिमा-नाटक भी अभिषेकनाटक का अङ्ग प्रतीत होता है। दोनों नाटकों में पात्रों की भिन्नता नगण्य है।

उपर्युक्त समानताओं एवं वैशिष्ट्यों के आधार पर यह सिद्ध होता है कि सभी नाटक किसी एक ही कवि की कृतियाँ है।

नाटकचक्र के नाटकों का भास-कर्त्तृत्व

'नाटकचक्र' के नाटक भास की ही रचनाएँ हैं। वह इस तथ्य से प्रमाणित हो जाता है कि बाण ने हर्षचरित में भासप्रशंसक कुछ पद्यों का निर्माण किया है। उसमें उन्होंने यह बतलाया है कि भास ही एक ऐसे नाटककार है जिनके नाटकों का आरम्भ सूत्रधार के प्रवेश से होता है।

सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः।
सपताकैर्यशो भासो देवकुलैरिव॥

अतः नाटकचक्र के सभी नाटक का आरम्भ सूत्रधार के प्रवेश के साथ होने से वे भासकृत् सिद्ध होते हैं।

राजशेखर ने तो स्पष्ट उल्लेख किया है कि स्वप्नवासवदत्तम् नाटक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भास के नाटकचक्रों में है और इसकी तुलना में कोई दूसरा नाटक इतना प्रभावशाली एवम् आकर्षक नहीं है—

भासनाटकचक्रेऽपि छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहको भून्न पावकः ॥

इस प्रकार सिद्ध होता है कि स्वप्नवासवदत्तम् भासकृत् नाटक है तथा स्वप्नवासवदत्तम्-युक्त 'नाटकचक्र' के अन्य नाटक भी भास की रचनाएँ हैं ।

भास की नाट्यकला

भास संस्कृत-साहित्य के सफल नाटककार हैं । यद्यपि इन्होंने नाट्यशास्त्र के नियमों का अक्षरशः पालन नहीं किया है किन्तु अपनी अनूठी प्रतिभा से उन्हें रोचक बना दिया है। संस्कृत के प्रायः सभी नाटक अभिनेयता की दृष्टि से अनुपयुक्त प्रतीत होते हैं किन्तु भास के सभी नाटक अभिनय की दृष्टि से सफल हैं । भास ने ही सर्व-प्रथम एकाङ्की नाटकों का प्रणयन किया । भास के नाटकों में विषय-वस्तु की सङ्घटना, चरित्र-चित्रण, कथोपकथन, रसयोजना तथा भाषा-शैली इतनी हृदयग्राही, आकर्षक, उपयुक्त तथा समीचीन है कि उनकी नाट्य-रचनाओं को सहृदय के हृदय का भाजन बना देती है ।

इस प्रकार भास के नाटकों की कथावस्तु कतिपय सार्थक घटनाओं द्वारा उद्घाटित एवं विकसित की गयी है । उसमें कहीं भी अस्वाभाविकता प्रतीत नहीं होती । भास परोक्ष की घटनाओं को इस प्रकार प्रस्तुत करते हैं, मानों प्रेक्षक उनका साक्षात् दर्शन कर रहा हो । जैसे—प्रतिज्ञायौगन्धरायण में उदयन और वासवदत्ता रङ्गमञ्च पर कभी नहीं आते, किन्तु दर्शक उनकी उपस्थिति का निरन्तर आभास करते हैं । भास के नाटकों में अप्रत्यासित घटनाओं का भी बड़े स्वाभाविक ढंग ते चित्रण हुआ है ।

भास ने पात्रों का चरित्रचित्रण भी अत्यधिक निपुणता से किया है। पात्रों को उन्होंने वास्तविकता, मनोवैज्ञानिकता एवं मार्मिकता के साथ चित्रित करके सर्वथा नवीन एवं प्रभावोत्पादक बना दिया है । इनके नाटकों के पात्र

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जीवन की गहनतम व्यावहारिक अनुभूतियों एवं हृदय की संवेदनाओं को प्रकट करने में पूर्ण समर्थ है। स्वप्नवासवदत्तम् का उदयन यदि प्रेम के लिए अत्यधिक समर्पित है तो वासवदत्ता उसी प्रेम के उत्कृष्ट-त्याग की साक्षात् मूर्ति है। पद्मावती एक आदर्श की प्रतिमा है तो यौगन्धरायण कर्त्तव्यनिष्ठता की मूर्ति है। विदूषक तो गम्भीर से गम्भीर व्यक्ति को हास्यरस में सराबोर कर देते हैं। इस प्रकार भास के सभी पात्र उनकी उत्कृष्ट निपुणता से सजे-सँवरे हैं।

भास के नाटकों में कथोपकथन अत्यधिक नपा तुला है। कोई भी पात्र व्यर्थ का वाग्विस्तार नहीं करता और न ही कल्पना का रंग चढ़ाता है। पात्रों का कथोपकथन अत्यधिक संक्षिप्त एवं जीवन्त है। उनका एक-एक वाक्य उनके हृदय के स्तरों को उभाड़ता हुआ दर्शकों के सामने रख देता है।

भास की भाषा में स्वाभाविकता की अधिकता है जिससे अनुमान होता है कि उनके समय में संस्कृत आम बोल-चाल की भाषा थी। वाक्य छोटे-छोटे, पद प्रायः समास-रहित हैं। सरलता से समझ में आ जाते हैं। कवि ने स्वाभाविक अलंकारों का ही प्रयोग किया है, जानबूझ कर उनको थोपा नहीं है। वास्तव में भास सूत्र-काल के व्यक्ति थे। अति संक्षेप में अपनी बातों को कहना उस समय की परम्परा थी। भास उस परम्परा से अछूते नहीं थे।

भास की शैली ओज, प्रसाद और माधुर्य गुणों से ओतप्रोत हैं। विकट-बन्ध, क्लिष्ट-कल्पना, तथा समास-भूयत्व का उनमें अभाव है। पदों का विन्यास स्वाभाविक है तथा भावसौष्ठव एवं प्रवाह की प्रचुरता है। भास रस के अनुकूल शैली में भी परिवर्तन कर देते हैं। उन्होंने उपमा, रूपक इत्यादि सरस एवं प्रचलित अलंकारों का ही अधिकतर प्रयोग किया है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि भास की नाट्यकला उत्कृष्ट है। जिसके कारण उनके नाटक प्रेक्षकों के अन्तःकरण में सरलता से घर कर जाते हैं।

भास का प्रकृति-चित्रण

भास एक नाटककार हैं, काव्यकार नहीं। अतएव उनका प्रकृति-चित्रण कथावस्तु को गतिशील बनाने वाला और संक्षिप्त हैं। भास प्रकृति का नैसर्गिक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वर्णन करके उसका हृदयग्राही रूप उपस्थित करते हैं। इनका प्रकृति-चित्रण आलम्बन-रूप से ही अधिक हुआ है, उद्दीपन-रूप में बहुत कम। भास के चित्र अत्यधिक स्वाभाविक और बिम्बग्राही होते है। जैसे भास का सन्ध्या-कालीन सूर्य का वर्णन दर्शनीय है—

अस्तद्रिमस्तकगतः प्रतिसंहृतांशुः
सन्ध्यानुरञ्जितवपुः प्रतिभाति सूर्यः।
रक्तोज्वलांशुकवृते द्विरदस्य कुम्भे
जाम्बूनदेन रचितः पुलको यथैव ॥

(अभिषेक ४।२३)

अर्थात् अस्ताचल के शिखर पर स्थित, किरणों को समेटे हुए, सन्ध्या द्वारा लाल बनाए गये भगवान् सूर्य उसी प्रकार सुशोभित हो रहे हैं जैसे हाथी के लाल चमकीले रेशमी कपड़े से ढके मस्तक-भाग पर सोने का बना गोला-कार आभूषण शोभायमान हो।

सायंकाल का कैसा स्वाभाविक चित्र खींचा है भास ने—

खगावासोपेताः सलिलमवगाढो मुनिजनः
प्रदीप्तोऽग्निर्भाति प्रविचरति धूमो मुनिवनम्।
परिभ्रष्टो दूराद् रविरपि च संक्षिप्तकिरणः
रथं व्यावर्त्यासौ प्रविशति शनैरस्तशिखरम् ॥

(स्वप्नवासव १।१६)

अर्थात् चिड़ियाँ अपने-अपने घोसलों में चली गयी, मुनिलोग स्नान करने लगे, आग जल गयी (अतः) तपोवन में धूआँ फैल गया और बहुत ऊँचे से गिरे हुए सूर्य भी किरणों को समेट कर तथा रथ को छोटा करके धीरे-धीरे अस्ताचल को जा रहे हैं।

सूर्यास्त के बाद चन्द्रोदय का कितना बिम्बग्राही वर्णन भास ने किया है—

उदयति हि शशाङ्कः क्लिन्नखर्जूरपाण्डुः
युवतिजनसहायो राजमार्गप्रदीपः।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तिमिरनिचयमध्ये रश्मयो यस्य गौराः
हृतजल इव पङ्के क्षीरधारा पतन्ति ॥
(चारुदत्त १।२९)

सरस खजूर के समान पीले वर्ण वाला, युवतियों का सहायक, राजमार्ग का दीपक चन्द्रमा उदित हो रहा है अन्धकार की राशि के मध्य में उसकी श्वेत किरणें उसी प्रकार पड़ रही है जैसे सूखे जलवाले कीचड़ में दूध की धारा हो।

समुद्र का कितना स्वाभाविक वर्णन है—

क्वचित्फेनोद्गारी क्वचिदपि च मीनाकुलजलः
क्वचिच्छङ्खाकीर्णः क्वचिदपि च नीलाम्बुदनिभः।
क्वचिद् वीचीमालः क्वचिदपि च नक्रप्रतिभयः
क्वचिद्भीमावर्तः क्वचिदपि च निष्कम्पसलिलः ॥
(अभिषेक ४।१७)

यह समुद्र कहीं फेनों को उगलता हुआ, कहीं मछलियों से व्याप्त जल वाला, कहीं बिखरे शङ्खों वाला, कहीं काले बादल के समान श्याम-वर्ण वाला कहीं तरङ्गों के समूह से युक्त, कहीं नक्रों के कारण भयानक, कहीं भयङ्कर भँवरों वाला और शान्त-जल वाला बना हुआ है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि भास संक्षिप्त तथा स्वाभाविक प्रकृति-चित्रण में सिद्धहस्त हैं।

अभिषेक का संक्षिप्त कथानक

प्रथम अङ्क—प्रथम अङ्क की स्थापना से ज्ञात होता है कि बालि सुग्रीव की पत्नी को बलात् लेकर सुग्रीव को निकाल दिया है। सीता-हरण के पश्चात् सीता को खोजते हुए राम और लक्ष्मण से सुग्रीव की भेंट हो गयी है। राम और सुग्रीव दोनों परस्पर सहयोग के लिये वचनबद्ध हो गये हैं। बाली को मारने की तैयारी हो गयी है ॥ स्थापना समाप्त ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

तत्पश्चात् हनुमान् के साथ रामलक्ष्मण-सहित सुग्रीव बालि से लड़ने के लिए किष्किन्धा को प्रस्थान करता है। वहाँ पहुँचकर राम की आज्ञा लेकर सुग्रीव बालि को युद्ध के लिए ललकारता है। अपनी पत्नी तारा के द्वारा रोके जाने पर भी बालि अपने पराक्रम की प्रशंसा करता हुआ युद्धार्थ चल देता है। दोनों में घमासान युद्ध होता है। हनुमान् के द्वारा प्रतिज्ञा की याद दिलाये जाने पर राम एक ही बाण में बालि को मार देते हैं। खून से लथपथ होकर बालि जमीन पर गिर पड़ता है। बाण पर लिखे राम के नामक्षरों को पढ़कर वह राम से अपने को मारे जाने का कारण पूछता है। 'अनुजवधू का अभिमर्षण' इस कारण को सुनकर निरुत्तर हो जाता है। वह राम से क्षमा माँगता है तथा अपने पुत्र अंगद और कुलक्रमागत सुवर्णहार सुग्रीव को सौंपकर इस संसार से विदा हो जाता है। राम सुग्रीव का अभिषेक करने के लिये लक्ष्मण को आज्ञा देते हैं।

द्वितीय अङ्क—द्वितीय अंक के विष्कम्भक से ज्ञात होता है कि सुग्रीव ने सीता का पता लगाने के लिए चारों ओर सेना भेज दिया है। उनमें से कुछ वापस भी आ गये हैं। किन्तु हनुमान्-सहित अंगद के नेतृत्व में दक्षिण-दिशा में गयी हुई सेना समुद्रतट पर पहुँच गयी है। उन्हें सम्पाति द्वारा यह पता लगा है कि रावण सीता का अपहरण करके ले गया है। इस समाचार को पाकर हनुमान् लङ्का पहुँच गये है ॥ विष्कम्भक समाप्त ॥

हनुमान् लंका के सभी स्थानों पर जाते हैं किन्तु उन्हें सीता कहीं दिखलायी नहीं पड़ती। अन्त में वे प्रमदवन में जाते हैं। वहाँ राक्षसियों से घिरी हुई वियोगिनी सीता दिखलायी पड़ती हैं। अशोक वृक्ष के कोटरे में छिपकर सम्पूर्ण वृत्तान्त मालूम करते हैं। रावण सीता को अपनी ओर आकृष्ट करने का बहुत प्रयत्न करता है। सीता उसे शाप दे देती हैं। स्नान का समय हो जाने के कारण सपरिवार रावण चला जाता है। हनुमान् सीता के सम्मुख प्रकट होते हैं। सीता द्वारा पूछे जाने पर हनुमान् उससे राम का समाचार बताते हैं तथा उसे आश्वस्थ करते हैं कि शीघ्र ही राम बानर-सेना साथ आकर रावण का संहार करेंगे। सीता हनुमान् से कहती है कि जाकर प्रियतम

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

से मेरा समाचार इस ढंग से कहना कि वे शोकाकुल न हो जाएँ। सीता से आशीर्वाद लेकर रावण को अपने आगमन की सूचना देने के लिए उपाय सोचते हुए हनुमान् निकल जाते हैं।

तृतीय अङ्क—शङ्कुकर्ण तथा प्रतीहारी के वार्तालाप से ज्ञात होता है कि हनुमान् ने अशोकवाटिका उजाड़ दिया है। तत्पश्चात् रावण प्रवेश करता है। रावण द्वारा पूछे जाने पर—किसी वानर ने अशोकवाटिका उजाड़ दिया है, यह शङ्कुकर्ण बतलाता है। रावण वानर को पकड़ने के लिए निर्देश देता है तथा एक हजार सेना भेजता है। हनुमान् बड़े-बड़े वृक्षों से उस सेना को मार डालते हैं। पुनः अक्षयकुमार को भेजता है। अक्षयकुमार के साथ रावण की आज्ञा के बिना ही पाँच और सेनापति जाते हैं किन्तु हनुमान् अक्षय कुमार को भी मार डालते हैं। पुनः अक्षयकुमार को मारा गया सुनकर मेघनाथ जाता है। रावण को देखने की इच्छा से हनुमान् मेघनाथ के बन्धन में बँध जाते हैं। यह समाचार सुनकर रावण विभीषण को बुलवा लेता है तथा उसके आदेश से हनुमान् भी लाये जाते हैं। रावण के द्वारा पूछे जाने पर हनुमान् बतलाते हैं कि राम के द्वारा भेजा गया मैं हनुमान् नामक वानर हूँ तथा राम का सन्देश सुनाते है कि राम शीघ्र आकर आप रावण का विनाश करेंगे। छलपूर्वक सीतापहरण किये जाने की निन्दा करते हैं। विभीषण भी हनुमान् के कथन का समर्थन करता है। रावण विभीषण को शत्रु (राम) का पक्षपाती कहकर निकाल देता है तथा राम से युद्ध करने का सन्देश कहकर हनुमान् की पूँछ जलाकर छोड़ देने का निर्देश देता है।

चतुर्थ अंक—चतुर्थ अङ्क के विष्कम्भक से ज्ञात होता है कि हनुमान् सीता का समाचार लेकर राम के पास पहुँच गये हैं। सुग्रीव ने लंका पर चढ़ाई के लिए सेना को तैयार होने का निर्देश दे दिया है। उनके निर्देशानुसार सेना तैयार हो गयी है॥ विष्कम्भक समाप्त॥

सेना समुद्र तट पर पहुँच चुकी है। वहीं विभीषण भी राम की शरण में आते हैं। राम विभीषण को 'लङ्केश' उपाधि से विभूषित करते हैं। विभीषण के कथनानुसार राम के दिव्यास्त्र छोड़ने के लिए उद्यत होने पर समुद्र मार्ग

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दे देता है तथा सम्पूर्ण वाहिनी लङ्का पहुँच जाती है। वहाँ त्रिकूटाचल पर सेना का निवास बनाया जाता है। सेना-गणना के समय रावण द्वारा भेजे गये दो राक्षस-शुक और सारण वानर सेना में सम्मिलित पाये जाते हैं। उदारमना राम उनको रावण के युद्ध के लिए सन्देश देकर छोड़ देते हैं।

पञ्चम अंक—पञ्चम अङ्क के विष्कम्भक से सूचित होता है कि युद्ध प्रारम्भ हो गया है। रावण के सभी साधन समाप्त हो चुके हैं। तथा बड़े-बड़े प्रहस्त, कुम्भकर्ण इत्यादि सेनानी मार दिये गये हैं। मेघनाथ भी युद्ध के लिए चला गया है। रावण के आदेशानुसार विद्युज्जिह्व राम तथा लक्ष्मण के शिरों की प्रतिकृति लाने गया है॥ विष्कम्भक समाप्त॥

तत्पश्चात् रावण आकर सीता से पुनः प्रणय-याचना करता है। सीता उसे धिक्कारती है। इसी समय एक राक्षस राम और लक्ष्मण का शिर लाकर रावण को देता है और कहता है कि ये दोनों भाई मेघनाथ द्वारा मार दिये गये है। रावण सीता को दोनों के कटे शिरों को दिखलाता है। सीता दोनों शिरों को देख कर मूर्च्छित हो जाती है। सीता पुनः होश में आकर विलाप करने लगती है तथा रावण से प्रार्थना करती है कि उसी तलवार से मेरा शिर काट दो। इतने में आकर एक राक्षस रावण को सूचना देता है कि तुम्हारे पुत्र मेघनाथ को राम ने मार दिया है। रावण शोकाभिभूत होकर मूर्च्छित हो जाता है और होश में आकर विलाप करने लगता है। मेघनाथ के मार दिये जाने पर सेना में भगदड़ मच जाता है। राक्षस रावण की सेना को धैर्य बँधाता है कि अभी देव-दानव विजयी रावण के रहते तुम्हें धैर्य नहीं छोड़ना चाहिए। रावण शत्रुता की आश्रय-भूता तथा विपत्तियों की जड़ सीता को मार डालना चाहता है किन्तु राक्षस द्वारा रोके जाने पर रुक जाता हैं और रथ पर बैठकर युद्ध के लिए चल देता है।

षष्ठ अंक—षष्ठ अंक के विष्कम्भक से ज्ञात होता है कि राम और रावण में घमासान युद्ध हो रहा है। सभी देवतागण आकाश में स्थित होकर युद्ध को देख रहे हैं। युद्ध में बहुत से राक्षस मार दिये गये हैं। राक्षसगण भी वानरों पर जी-जान से प्रहार कर रहे हैं। वानर राक्षसों पर पर्वत फेंक रहे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

हैं। रावण रथ पर सवार होकर आक्रमण कर रहा है और राम भूमि पर खड़े होकर। राम रावण द्वारा छोड़े गये बाणों को नष्ट कर दे रहे हैं। इसी बीच इन्द्र ने मातलि द्वारा हाँके जाते हुए रथ को राम के लिए भेज दिया। राम मातलि के कहने पर उस पर सवार हो जाते हैं। राम और रावण के युद्ध को देखने के लिए कर आश्चर्य से सुग्रीव और रावण के सैनिक शस्त्रों का प्रहार रोक दिये हैं। इसी बीच में राम ने बड़ी सर्तकता के साथ ब्रह्मास्त्र को छोड़ दिया जो रावण को मार कर पुनः राम के पास लौट आया है। रावण को मरा देख कर देवता-गण पुष्पों की वर्षा करने लगे और उनकी दुन्दुभी की गम्भीर ध्वनि से आकाश गूँज रहा है ॥ विष्कम्भक समाप्त ॥

राम रावण को मारने के बाद विभीषण को लंका का राजा बना देते हैं तथा स्वयं सीता को आश्वासन देने हेतु लंका नगरी में प्रवेश करना चाहते हैं। इसी समय लक्ष्मण राम से उनके समीप आ रही सीता की सूचना देते हैं। रावण के गृह में निवास से दूषित सीता को राम तुरन्त ग्रहण नहीं करते हैं। राम का अभिप्राय जान कर सीता अग्नि में प्रवेश हेतु पति की अनुमति चाहती हैं तथा उसे प्राप्त कर अग्नि में प्रवेश कर जाती हैं। अग्निदेव सीता को साथ लेकर राम के पास जाते हैं और सीता को पवित्र होने की घोषणा करके राम से ग्रहण करने का अनुरोध करते हैं। राम यह कह कर सीता को स्वीकार करते हैं कि मैं इसकी पवित्रता को जानता था किन्तु लोगों को विश्वास दिलाने हेतु मैंने अग्निपरीक्षा ली है। विमान में स्वर्ग से पधारे राजा दशरथ तथा ऋषि-देव-गणों की उपस्थिति में राम का राजतिलक होता है। इन्द्र के आदेश से लंका में भरत, शत्रुघ्न और समस्त अयोध्यावासी उपस्थित होते हैं। उन्हें देखकर राम अत्यधिक प्रसन्न होते है और भरत-वाक्य के साथ नाटक समाप्त हो जाता है।

कथानक का स्रोत एवं मूलकथा में परिवर्तन

अभिषेक नाटक का कथानक वाल्मीकिरामायण पर आधारित है। इस नाटक में वाल्मीकि-रामायण के किष्किन्धाकाण्ड, सुन्दरकाण्ड एवं युद्ध-काण्ड की कथा वर्णित है। कवि ने रामायणीय कथा में थोड़ा परिवर्तन करके

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

उसे लोगों के समक्ष नाटक के रूप में प्रस्तुत किया है। इस परिवर्तन के कारण मूलकथा में थोड़ी नवीनता आ गयी है जिससे दर्शकों की उत्सुकता अन्त तक बनी रहती है। कवि द्वारा परिवर्तित स्थल द्रष्टव्य हैं—

(१) रामायणीय कथा में बालि तथा सुग्रीव का स्वरूप एक जैसा होने से राम बालि को पहचान नहीं पाते। अतः सन्देह होने के कारण बालि को मार नहीं पाते। सुग्रीव युद्ध में परास्त होकर भाग जाता है। पुनः गजपुष्पी-लता को गले में धारण करके जाता है तथा इस बार बालि और सुग्रीव को पहचान कर राम बालि का वध करते हैं किन्तु अभिषेक में पहली बार के युद्ध में ही सुग्रीव बालि से मार खाकर गिर जाता है तथा हनुमान् द्वारा प्रतिज्ञा का याद दिलाये जाने पर राम बालि का वध कर देते हैं।

(२) रामायणीय कथा में हनुमान् सीता को विश्वास दिलाने के लिए राम की अङ्गूठी ले जाते हैं तथा वापस होते समय राम के विश्वास के लिए सीता की चूड़ामणि को ले आते हैं। भास ने इस घटना का परित्याग करके नयापन लाया है। अभिषेकनाटक की सीता बिना किसी चिह्न के ही बात-चीत के चलते हनुमान् और उनकी बातों की विश्वसनीयता की परीक्षा कर लेती हैं। इसी प्रकार बिना किसी चिह्न के प्रमाण के ही राम भी हनुमान् की बातों पर विश्वास कर लेते हैं।

(३) समुद्र पार करने के लिये रामाणीय कथा में नल और नील द्वारा पुल बनवाया जाता है किन्तु अभिषेकनाटक में स्वयं वरुण राम के सम्मुख उपस्थित होते हैं। पुनः उनकी कृपा से समुद्र का जल दो भागों में बँट जाता है तथा बीच का जल स्थिर हो जाता है जिससे सेना पार चली जाती है।

(४) रामायणीय कथा में मेघनाथ का लक्ष्मण से युद्ध होता है। लक्ष्मण मूर्च्छित हो जाते हैं। सञ्जीवनी बूटी द्वारा जिलाये जाते हैं। पुनः दोनों में युद्ध होता है तथा लक्ष्मण द्वारा मेघनाथ मारा जाता है किन्तु भास ने राम द्वारा ही मेघनाथ का बध दिखलाया है।

(५) रामायणीय कथा में रावण वध के बाद जब राम अयोध्या पहुचते हैं तब वहाँ उनका राज्याभिषेक होता है किन्तु अभिषेकनाटक में लंका में

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

ही अग्निदेव दशरथ तथा देवों की उपस्थिति में उनका राज्याभिषेक कर देते हैं। मजे की बात तो यह है कि उक्त अवसर पर इन्द्र के आदेश से भरत तथा शत्रुघ्न-सहित सम्पूर्ण अयोध्या के प्रजाजन लंका में पहुँच जाते हैं।

नाटक का नामकरण—अभिषेक घटना-प्रधान नाटक है। घटनाओं के आधार पर ही नाटक का नामकरण हुआ है। इस नाटक में तीन बार राज्याभिषेक हुआ है (१) बालि के बध के बाद किष्किन्धा के राज्य पर सुग्रीव का अभिषेक (२) रावण द्वारा निर्वासित तथा राम की शरण में आये हुए विभीषण का लङ्का के राज्य पर अभिषेक तथा (३) रावण-बध के पश्चात् लङ्का में ही समस्त अयोध्यावासियों की उपस्थिति में अयोध्या के राज्य पर राम का अभिषेक। इन्हीं अभिषेक की घटनाओं के आधार पर इसका 'अभिषेक' नाम उपयुक्त है। इसमें प्रमुख राज्याभिषेक था—अयोध्या राज्य पर राम का। प्रमुखतः राम का राज्याभिषेक ही इस नाटक के नाम का प्रमुख आधार है।

पात्रों का चरित्र-चित्रण

राम

नाट्यशास्त्रीय लक्षणों के अनुसार राम इस नाटक के धीरोदात्त नायक हैं। वे स्वभाव से अत्यन्त गम्भीर हैं। रावण के वध के पश्चात् उनसे मिलने के लिए जब सीता जाती हैं तो रावण के घर रहने के कारण उसे अपने पवित्र इक्ष्वाकुवंश का कलंक कहकर रोक देते हैं। सीता के अग्नि में प्रविष्ट होने के बाद जब अग्निदेव सीता की पवित्रता का प्रमाण देते हैं तब उसे स्वीकार करते हैं। यद्यपि वे जानते हैं कि सीता पवित्र है फिर भी उसकी पवित्रता के विषय में लोगों को विश्वास दिलाने के लिए ऐसा करते हैं।

जानताऽपि च वैदेह्याः शुचितां धूमकेतन !
प्रत्यार्थं हि लोकानामेवमेव मया कृतम् ॥ (६ । २९)

इस नाटक में राम को अवतारी एक वीर पुरुष के रूप में चित्रित किया गया है। लोकमर्यादा एवं धर्म की रक्षा ही उनका परम उद्देश्य है। बालि से

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitized by Muthulakshmi Research Academy Collection by eGangotri

राम की व्यक्तिगत कोई शत्रुता नहीं थी। उसने अपने छोटे भाई सुग्रीव को राज्य से बाहर निकाल दिया था। इतना ही नहीं बालि ने सुग्रीव की पत्नी के साथ अभिगमन किया था, जो अनुचित था।

भवता वानरेन्द्रेण धर्माधर्मौ विजानता।
आत्मानं मृगमुद्दिश्य भ्रातृदाराभिमर्शनम् ॥ (१।२०)

राम शरणागत-वत्सल हैं। शरण में आये हुए शत्रुपक्ष के व्यक्ति को भी स्वागत-सहित अपना कर उसकी रक्षा करते हैं। शरणागत की सहायता एवं उसकी रक्षा ही धर्म है। जब रावण द्वारा परित्यक्त तथा अपमानित विभीषण राम की शरण में आता है तो वे उसे सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं तथा उसे लंकाधिराज बना देते हैं—अद्यप्रभृति मद्वचनाल्लंकेश्वरो भव'।

रावण द्वारा भेजे गये दो गुप्तचर शुक और सारण राम की सेना में पकड़े जाते हैं। विभीषण उन दोनों को रावण का अभिन्न गुप्तचर कहकर यथोचित दण्ड देने के लिए आग्रह करता है किन्तु राम उनके साथ वीरोचित व्यवहार करते है—उन दोनों को छोड़ देते हैं—

अनयोः शासनादेव न मे वृद्धिर्भविष्यति।
क्षयो वा राक्षसेन्द्रस्य तस्मादेतौ विमोचय ॥ (४।२१)

इस नाटक में राम को विष्णु का अवतार बतलाया गया है। स्वयं जगत् के कारण-रूप चक्र, शार्ङ्ग तथा गदाधारी विष्णु मनुष्य का रूप ग्रहण करके लोक-मङ्गल के लिए पृथ्वी पर अवतरित हुए हैं—

मानुषं रूपमास्थाय चक्रशार्ङ्गगदाधरः।
स्वयं कारणभूतः सन् कार्यार्थी समुपागतः ॥ (४।१४)

सीता

सीता इस नाटक की स्वीया नायिका है। वह आदर्श भारतीया नारी हैं। भारतीय स्त्रियों का सबसे बड़ा धर्म है—पातिव्रत-धर्म। वह उसमें कूट-कूट कर भरा है। इस समय वह पति के विरह-वेदना से सन्तप्त है। राक्षस-राज रावण उसे हरण करके अपनी राजधानी लंका में ले गया है। वह उसे डरा-धमका

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

कर तथा समझा-बुझा कर उससे प्रणय-याचना करता है। किन्तु वह अपने पातिव्रत-धर्म पर अड़िग रहती है। और उसे शाप देने के लिए तत्पर हो जाती है—"शप्तोऽसि"। सीता के इस शाप से त्रिभुवन-विजेता रावण घबड़ा जाता है—

देवाः सेन्द्रादयो भग्ना दानवाश्च मया रणे।
सोऽहं मोहं गतोऽस्म्यद्य सीतायास्त्रिभिरक्षरैः॥ (२।१८)

सीता का अपने पति राम के प्रति सच्चा अनुराग है। पति के सुख-दुःख को अपना सुख-दुःख समझती है। जब हनुमान् सीता से राम का समाचार सुनाते हैं कि राम आप के वियोग में सर्वदा सन्तप्त रहते हैं तो वह दुःखी हो जाती है। वह नहीं चाहती कि राम को किसी प्रकार का कष्ट हो। इसी लिए वे हनुमान् से कहती है कि आप मेरी इस कष्ट की दशा को आर्यपुत्र से ऐसे ढंग से कहना जिससे वे शोकाभिभूत न हो जाँय।

भद्र! एतां मेऽवस्थां श्रुत्वार्यपुत्रो यथा शोकपरवशो न भवति तथा मे वृत्तान्तं भण।

वह विरह से अत्यधिक सन्तप्त है। इस समय इसकी अवस्था धूप में फेकी हुई माला के समान हो गयी है—

असितभुजकल्पां धारयन्त्येकवेणीं करपरिमितमध्या कान्तसंसक्तचित्ता।
अनशनकृशदेहा वाष्पसंसिक्तवक्त्रा सरसिजमालेवातपे विप्रविद्धा॥
(२।८)

उसके लिए पति-भक्ति के समक्ष सब कुछ तुच्छ है। रावण उन्हें प्रणय के बदले अपनी विशाल-शक्ति, धन-सम्पत्ति तथा राज्यलक्ष्मी तक देने को तैयार है किन्तु वह उसको त्याग देती है। रावण के द्वारा यह धमकी दिये जाने पर कि आज मेरे शस्त्र द्वारा दोनों—राम तथा लक्ष्मण को धराशायी कर दिया जाएगा। वे इस पर विश्वास नहीं मानती। क्योंकि वे राम के पराक्रम से अत्यधिक प्रभावित हैं। अतः रावण को मूर्ख कहती हुई इस कार्य को वह हाथ से मन्दराचल उठाना बताती है—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हं मूढः खल्वसि रावणकः यो मन्दरं हस्तेन तुलयितुकामः ।

रावण की माया द्वारा कटे हुए राम तथा लक्ष्मण के सिर को देखकर वह मूर्च्छित हो जाती है तथा रावण से अपने सिर को भी उसी तलवार से अलग करने के लिए प्रार्थना करती है—

भद्र ! येनासिनार्यपुत्रस्यासदृशं कृतं तेन मामपि मारय ।

रावण के मार दिये जाने पर वह बड़ी उत्सुकता तथा अभिलाषा के साथ राम से मिलने जाती है किन्तु राम द्वारा रावण के घर में निवास करने के कारण कुलकङ्किनी कह कर रोक दी जाती हैं। उसे अग्नि में प्रवेश करना पड़ता है। अग्निदेव साथ आकर उसकी पवित्रता का साक्ष्य देते हैं—

इमां गृह्णीष्व राजेन्द्र ! सर्वलोकनमस्कृताम् ।
अपापामक्षतां शुद्धां जानकीं पुरुषोत्तम ! ।। (६।२८)

और दे भी क्यों न। जगत्पावनी जानकी तो भगवती लक्ष्मी हैं। भगवती लक्ष्मी की अवतार-भूता जानकी में अवपित्रता कहाँ से प्रवेश करती। जो संसार को पवित्र करने वाली है उनकी पवित्रता के विषय में यह सन्देह ? इसी लिए अग्निदेव ने उनकी पवित्रता को प्रमाणित किया।

इमां भगवतीं लक्ष्मीं जानीहि जनकात्मजाम् ।
सा भवन्तमनुप्राप्ता मानुषी तनुमास्थिता ।। (६।२८)

हनुमान्

हनुमान् अतुलित बलशाली, महापराक्रमी तथा सच्ची निष्ठा से युक्त बानर हैं वे सुग्रीव के मन्त्री हैं। विपत्ति में सर्वदा अपने स्वामी का साथ देते हैं। मैत्री हो जाने पर जब राम के द्वारा उत्साहित सुग्रीव बालि से लड़ने जाता है तब बालि के द्वारा आहत कर दिया जाता है। सुग्रीव की ऐसी दशा देखकर हनुमान् अत्यधिक दुःखी होते हैं और बालि को शीघ्र मारने के लिए राम को उनकी प्रतिज्ञा की याद दिलाते हैं—

बलवान् वानरेन्द्रस्तु दुर्बलस्तु पतिर्मम ।
अवस्था शपथश्चैव सर्वमार्येण चिन्त्यताम् ।। (१।१५)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सीता के अन्वेषण में हनुमान् का प्रमुख हाथ होता है। समुद्र पार लङ्का में प्रवेश करना बड़े साहस और पराक्रम का कार्य है। सम्पाति द्वारा सीता का वृत्तान्त सुनकर हनुमान् अपने बल से समुद्र को लाँघ कर लङ्का पहुँच जाते हैं—

लब्ध्वा वृत्तान्तं रामपत्न्याः खगेन्द्रात् आरुह्यागेन्द्रं सद्विपेन्द्रं महेन्द्रम्।
लङ्कामभ्येतुं वायुपुत्रेण शीघ्रं वीर्यप्राबल्याल्लङ्घितः सागरोऽद्य ॥
(२।१)

लङ्का के सभी स्थलों में ढूढ़ते हुए वे क्रीडोद्यान में पहुँचते हैं। वहाँ अशोक-वृक्ष के कोटर में बैठकर सभी वृत्तान्त को समझते हैं। रावण के अभिमान को देख कर उनका क्रोध बढ़ जाता है किन्तु वे सन्तुलित रहते हैं। वे सोचते है कि यदि मैं रावण को मार देता हूँ तब तो कार्य पूरा हो जाएगा किन्तु यदि मुझे रावण ने मार दिया तो राम का सारा का चौपट हो जाएगा—

यद्यहं रावणं हन्मि कार्यसिद्धिर्भविष्यति।
यदि मां प्रहरेद् रक्षो महत् कार्यं विपद्यते ॥ (२।१६)

हनुमान् महान् निर्भीक हैं। जिस रावण से देवता तक कांपते हैं। उसे वे लंका में अपने आगमन की सूचना दिये बिना नहीं लौटना चाहते। जब रावण को हनुमान् द्वारा अशोक-वाटिका उजाड़ दिये जाने का समाचार मिलता है तब वह अपनी सेना-सहित अक्षयकुमार को भेजता है। हनुमान् सेना-सहित अक्षयकुमार को मार डालते हैं।

क्रोधात् संरक्तनेत्रं त्वरिततरहयं स्यन्दनं वाहयन्तं
प्रावृट्कालाभ्रकल्पं परमलघुतरं बाणजालान् वमन्तम्।
तान् बाणान् निर्विधून्वन् कपिरपि सहसा तद्रथं लङ्घयित्वा
कण्ठे सङ्गृह्य धृष्टं मुदिततरमुखो मुष्टिना निर्जघान ॥ (३।७)

तदन्तर मेघनाथ के पहुँचने पर उसे मारने में सक्षम होते हुए भी उसे मारते नहीं। उनका उद्देश्य तो रावण के सम्मुख उपस्थित होना था, अतः मेघनाथ के पाश में बँध जाते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संवृत्तं तुमुलं युद्धं कुमारस्य च तस्य च ।
ततः स वानरः शीघ्रं बद्धं पाशेन साम्प्रतम् ।। (३।१०)

राम के प्रति उनकी अटूट निष्ठा तथा सच्ची भक्ति है। राम की सेवा में सदा तत्पर रहते हैं। उनकी कोई भी आज्ञा हनुमान् के लिए शिरोधार्य है। वे बिना तर्क-वितर्क के राम की आज्ञा का पालन अपना परम-कर्त्तव्य समझते हैं। परिपूता सीता को अग्नि में प्रविष्ट होने के लिए राम की अनुमति हो जाने पर लक्ष्मण सकुचाने लगते हैं किन्तु हनुमान् इस विषय में तर्क करना व्यर्थ समझते हैं।

सुग्रीव

सुग्रीव अपने बड़े भाई बाली द्वारा संत्रस्त वानर है। बड़ा भाई उसको राज्य से बाहर निकाल कर उसकी पत्नी को अपना लिया है। नाटक में सुग्रीव आदि से लेकर अन्त तक वर्तमान रहता है किन्तु उसका चरित्र विशेष उभड़ नहीं पाया है। राम तथा सुग्रीव—दोनों पत्नी से वियुक्त हैं दोनों की परिस्थिति समान है—

एष खलु सीतापहरणजनितसन्तापस्य रघुकुलप्रदीपस्य सर्वलोकनयनाभिरामस्य रामस्य च दाराभिमर्शननिर्विषपीकृतस्य सर्वहर्यृक्षराजस्य सुविपुलमहाग्रीवस्य सुग्रीस्य च परस्परपरोकारकृतप्रतिज्ञयोः सर्ववानराधिपतिहेममालिनं बालिनं हन्तुं समुद्योगः प्रवर्तते।

वह स्वयं तो बालि का मुकाबला करने में समर्थ नहीं हैं किन्तु राम बालि को मारते है और उनके सहयोग से उसका राज्याभिषेक होता है तथा अपनी पत्नी को वापस पाता है—

रामः—लक्ष्मण ! सुग्रीवस्याभिषेकः कल्प्यताम् ।

वह राम का परममित्र तथा सच्चा भक्त है। वह राम के प्रति कृतज्ञ है। उनके प्रत्युपकार के लिए सीता का पता लगाने के निमित्त चारों दिशाओं में वानर भेजता है तथा सीता का पता लग जाने पर रावण से युद्ध करने के लिए सम्पूर्ण वानर-सेना को तैयार करता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

लंकायां किल वर्तते नृपसुता शोकाभिभूता भृशं
पौलस्त्येन विहाय धर्मसमयं संक्लेश्यमाना ततः।
श्रुत्वैतद् भृशशोकतप्तमनसो रामस्य कार्यार्थिना
राज्ञा वानरवाहिनी प्रतिभया सन्नाहमाज्ञापिता ॥
(४।१)

वह राजनीति में भी पटु है। वह जानता है कि बिना सोचे समझे शत्रु-पक्ष के व्यक्ति को अपना लेना खतरनाक भी हो सकता है। अतः जब रावण द्वारा परित्यक्त तथा अवमानित विभीषण राम की शरण में आता है तो वह बिना सोचे-समझे उनसे विभीषण को प्रश्रय न देने का परामर्श देता है क्योंकि राक्षस लोग बड़े मायावी होते हैं—

देव ! बहुमायाश्छलयोधिनश्च राक्षसाः। तस्मात् सम्प्रधार्य प्रवेश्यतां विभीषणः।

लक्ष्मण

लक्ष्मण राम के छोटे भाई हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता है—बड़े भाई राम के प्रति श्रद्धा एवं भक्ति। वे बड़े भाई के प्रति झगड़ा या तकरार करना अनुचित मानते हैं। जब सुग्रीव बड़े भाई वालि के साथ लड़ने लगता है तब लक्ष्मण इसे असज्जन व्यक्ति का आचरण बताते हैं।

विकसितशतपत्ररक्तनेत्रः कनकमयाङ्गदनद्धपीनबाहुः।
हरिवरमुपयति वानरत्वाद् गुरुमभिभूय सतां विहाय वृत्तम् ॥
(१।१४)

राम की आज्ञा का पालन वे अपना परम कर्त्तव्य समझते हैं। उनकी आज्ञा के विषय में कुछ भी बिना सोचे उसका पालन करते हैं। शत्रुपक्षीय विभीषण के आने पर जब राम स्वागत-पूर्वक विभीषण को ले आने के लिए कहते हैं तब बिना हिचक के उसको मान लेते हैं—यदाज्ञापयति आर्यः।

रावण-वध के पश्चात् अपने पास आती हुई सीता को राक्षस-गृह में

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

निवास के कारण अपने कुल का कलंक बताते हुए राम की आज्ञा सुनते ही थोड़ा स्तब्ध रह जाते हैं।

विज्ञाय देव्याः शौचं च श्रुत्वा चार्यस्य शासनम्।
धर्मस्नेहान्तरे न्यस्ता बुद्धिर्दोलयते मम ॥ (६।२३)

फिर भी राम के आदेशानुसार सीता के अग्नि-प्रवेश के लिए तैयारी कर देते हैं।

इस प्रकार हम देखते है कि नाटक में लक्ष्मण प्रारम्भ से अन्त तक उपस्थित रहते हैं किन्तु उनका चरित्र पूर्णतः उभर नहीं पाया है।

विभीषण

विभीषण सत्य, न्याय और धर्म का प्रबल समर्थक तथा रावण का छोटा भाई है। यद्यपि उसका जन्म राक्षसवंश में अवश्य हुआ है किन्तु उसमें राक्षस-वृत्ति का बिल्कुल अभाव है। रावण विभीषण की मन्त्रणा लेता है। जब मेघनाद द्वारा हनुमान् बाँध लिए जाते हैं तब भी रावण विभीषण को मन्त्रणा के लिए बुलवाता है। विभीषण उस समय भी लोकमर्यादा के अनुसार सीता को वापस करने के लिए निवेदन करता है—

प्रसीद राजन्! वचनं हितं मे प्रदीयतां राघवधर्मपत्नी।
इदं कुलं राक्षसकुलपुङ्गवेन त्वया हि नेच्छामि विपद्यमानम् ॥
(३।१९)

रावण जब हनुमान् को मारने का आदेश देता है तब विभीषण राजा के धर्म के उपयुक्त परामर्श देता है कि अपराध करने पर भी दूत सर्वथा अवध्य होते हैं—

सर्वापराधेष्ववध्याः खलु दूताः।

इन सब उचित परामर्श के कारण रावण इसे प्रतिपक्षी राम के पक्ष का ग्रहण करने वाला कहकर उसे राज्य से बाहर निकलवा देता है—

ममानवेक्ष्य सौभ्रात्रं शत्रुपक्षमुपाश्रितम्।
नोत्सहे पुरतो द्रष्टुं तस्मादेष निरस्यताम् ॥ (३।२५)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

इतने पर भी वह रावण को विषयवासना छोड़कर ही कार्य करने का परामर्श देकर राम की शरण में चल देता है।

शासितोऽहं त्वया राजन् ! प्रयामि न च दोषवान् ।
त्यक्त्वा रोषं च कामं च यथा कार्यम् तथा कुरु ॥
(३।२६)

वह यह समझता है कि राम की शरण में ही कल्याण निहित है। राम के बिना राक्षस-कुल का भी उद्धार सम्भव नहीं है। अतः वह राम की शरण में जाने का निश्चय कर लेता है।

अद्यैव तं कमललोचनमुग्रचापं
रामं हि रावणवधाय कृतप्रतिज्ञम् ।
संश्रित्य संश्रितहितप्रथितं नृदेवं
नष्टं निशाचरकुलं पुनरुद्धरिष्ये ॥ (३।२७)

राम की शरण में जाकर वह राम का मित्र बन जाता है तथा समय-समय पर उचित राय देता है। अन्यायी रावण को संरक्षण देने वाला समुद्र लङ्का जाने में मार्ग का अवरोधक बना हुआ है। रावण के परामर्श के अनुसार राम ज्यों हि समुद्र के प्रति दिव्यास्त्र का प्रयोग करने का सङ्कल्प करते हैं त्योंहि समुद्र पार जाने के लिए मार्ग दे देता है।

रावण द्वारा भेजे गये दो गुप्तचर राक्षस—शुक तथा सारण राम की सेना में प्रवेश कर जाते हैं। पूछे जाने पर वे भी अपने को शरणागत बतलाते हैं। उस समय विभीषण उन्हें पहचान कर उचित दण्ड देने को कहता है।

एतौ हि राक्षसेन्द्रस्य सम्मतौ मन्त्रिणौ नृप !
प्राणान्तिकेऽपि व्यसने लङ्केशं नैव मुञ्चतः ॥ (४।२०)
तस्माद्यथार्हं दण्डमाज्ञापयतु देवः ।

भगवान् राम के पास पहुँचते ही अपनी सज्जनता से उन्हें प्रभावित कर देता है। उसकी सज्जनता तथा धार्मिक-प्रवृत्ति के कारण ही राम रावण के मरने के पूर्व ही उसे लङ्का का राजा बना देते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रावण

नाट्यशास्त्रीय लक्षणों के आधार पर रावण नाटक का धीरोद्धत प्रतिनायक है। वह छलप्रपञ्च से युक्त, अभिमानी आत्मश्लाघा तथा, उग्र स्वभाव वाला लङ्का का राजा है। वह छल द्वारा सीता का हरण कर लाया है।

अपास्य मायया रामं त्वया राक्षसपुङ्गव !
भिक्षुवेषं समास्थाय छलेनापहृता हि सा ॥ (३।१८)

सीता जब समझाने तथा डरवाने से उसके प्रणयनिवेदन को स्वीकार नहीं करती तब भी माया तथा छल का आश्रय लेता है। राम तथा लक्ष्मण का कटा हुआ कृत्रिम सिर मँगवाता है और सीता से कहता है कि इन्हें मेघनाथ ने मार डाला है।

सीते ! भावं परित्यज्य मानुषेऽस्मिन् गतायुषि ।
अद्यैव त्वं विशालाक्षि ! महतीं श्रियमाप्नुहि ॥ (५।९)

मेघनाद के मार दिये जाने पर वह अत्यधिक शोकाभिभूत हो उठता है। सुतस्नेह उसके रग-रग में प्रवाहित होने लगता है। वह विलाप करने लगता है।

हा वत्स ! सर्वजगतां ज्वरकृत् ! कृतास्त्र !
हा वत्स ! वासवजिदानतवैरिचक्र ! ।
हा वत्स ! वीर ! गुरुवत्सल ! युद्धशौण्ड !
हा वत्स ! मामिह विहाय गतोऽसि कस्मात् ॥ (५।१३)

जब मेघनाथ के मार दिये जाने का समाचार सुनता है तो उसे विश्वास नहीं होता क्योंकि वह मेघनाद देव तथा दैत्यों दोनों को पराजित कर रखा है। फिर एक मनुष्य में ऐसे मेघनाब को मारने की हस्ती कैसे हो सकती है।

देवाः सेन्द्रा जिता येन दैत्याश्चापि पराङ्मुखाः ।
इन्द्रजित्सोऽपि समरे मानुषेण निहन्यते ॥ (५।१२)

इन सब अनर्थों का कारण वह सीता को मानकर उसे मारना चाहता है किन्तु राक्षस के द्वारा 'स्त्री वध निन्दित है' यह कहे जाने पर रुक जाता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अभिमान तो उसकी नसों में कूट-कूट कर भरा है। अपने सामने वह देव तथा दैत्यों को भी कुछ नहीं समझता, फिर मनुष्य राम को वह क्या समझे।

दिव्यास्त्रैस्त्रिदशगणा मयाभिभूता
दैत्येन्द्रा मम वशवर्तिनः समस्ताः।
पौलस्त्योऽप्यपहृतपुष्पकोऽवसन्नो
भो ! रामः कथमभियाति मानुषो माम् ॥ (३।१७)

वह अशोक-वाटिका को नष्ट होने में देवताओं का हाथ मानता है अतः उन्हें धूल में मिला देने की डींग हाँकता है। राम को सियार बनाता हुआ अपने को सिंह कहकर उनका उपहास करता है।

कथं लम्बसटो सिंहो मृगेण विनिपात्यते।
गजो वा सुमहान् मत्तः शृगालेन निहन्यते ॥ (३।२०)

अभिमान के कारण उसकी बुद्धि भ्रष्ट हो गयी है। वह कामवासना से जगत्पावनी सीता को भी दूषित करने की चेष्टा करता है। विभीषण के समझाने पर भी उसकी बात अनसुनी कर देता है। सम्पूर्ण लङ्का की सम्पत्ति, नष्ट हो रही है उसकी उसे रञ्चमात्र भी चिन्ता नहीं है वह तो सीता को लुभाने के चक्कर में पड़ा है—

निद्रां मे निशि विस्मरन्ति नयनान्यालोक्य सीताननं
तत्संश्लेषसुखार्थिनी तनुतरा याता तनुः पाण्डुताम्।
सन्तापं रमणीयवस्तुविषये बध्नाति पुष्पेषुणा
कष्टं निर्जितविष्टपत्रयभुजो निर्जीयते रावणः ॥ (५।६)

वैसे रावण कुशल शासक है। उसके शासन-काल में लङ्का की उन्नति चरमोत्कर्ष पर है। सुवर्ण, मणि, विद्रुम इत्यादि की भरमार लगी हुई है। उसके प्रमदवन की शोभा अवर्णनीय है।

कनकरचितविद्रुमेन्द्रनीलैर्विकृतमहाद्रुमपंक्तिचित्रदेशा।
रुचिरतरनगा विभाति शुभ्रा नभसि सुरेन्द्रविहारभूमिकल्पा ॥
(२।५)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वह पक्का राजनीतिज्ञ भी है। हनुमान् को मारने का निर्देश देते-देते रुक जाता है। दूत-वध लोकापवाद का विषय है—'दूतवधः खलु वचनीयः' मेघनाथ का बध सुनकर सभी अनिष्ट की जड़ सीता को ही मारना चाहता है किन्तु स्त्रीवध निन्दनीय सुनकर उनका वध नहीं करता।

वह दृढ़-निश्चय वाला व्यक्ति है। उसे राम से युद्ध करके उन्हें परास्त करना है। जब वह पराक्रम-शाली कुबेर से राज्यलक्ष्मी को छीन सकता है तो मनुष्यरूप राम को क्या समझता। अपनी जाती हुई राज्यलक्ष्मी को उन्हें मारकर रोक लेने का दावा करता है।

बलादेव गृहीतासि तदा वैश्रवणालये।
बलादेव ग्रहीष्ये त्वां हत्वा राघवमाहवे ॥ (५।५)

बालि

बालि किष्किन्धा का राजा तथा सुग्रीव का बड़ा भाई है। वह महा-बलशाली है। उसे अपने बल पर बहुत बड़ा गर्व है। अतः सुग्रीव की गर्जना सुनकर वह आग-बबूला हो जाता है। पत्नी के द्वारा रोके जाने पर भी वह अपने बल की सराहना करते हुए उससे युद्ध करने जाने के लिए तैयार हो जाता है।

तारे ! मया खलु पुरामृतमन्थनेऽपि
गत्वां प्रहस्य सुरदानवदैत्यसङ्घान्।
उत्फुल्लनेत्रमुरगेन्द्रमुद्रग्ररूप—
माकृष्यमाणमवलोक्य सुविस्मितास्ते ॥ (१।११)

वह अपने बल के सामने इन्द्र, शङ्कर, विष्णु को भी कुछ नहीं जोड़ता। इस लिए सुग्रीव से कहता है कि अब तुम बच नहीं सकते।

इन्द्रो वा शरणं तेऽस्तु प्रभुर्वा मधुसूदनः।
मच्चक्षुष्पथमासाद्य सजीवो नैव यास्यति ॥ (१।१२)

सुग्रीव में ताकत कहाँ जो बालि का सामना कर सके। वह तो राम के द्वारा उसे मारे जाने का वादा किये जाने पर उस (बालि) पर आक्रमण

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

करता है। राम उसे मारते तो अवश्य हैं किन्तु छिपकर। वे भी उसे सामने से मारने में असमर्थ हैं। राम के इस कृत्य को निन्दनीय मानता है।

भवता सौम्यरूपेण यशसो भाजनेन च।
छलेन मां प्रहरता प्ररूढमयशः कृतम्॥ (१।१८)

फिर भी बालि समझदार व्यक्ति है। वह अपने छोटे भाई की पत्नी के साथ अभिगमन किया है, जो अनुचित है। राम द्वारा यह तर्क दिये जाने वह अपने वध को न्याय-संगत मान लेता है।

'अनुत्तरा वयम्'।

मरते समय वह सुग्रीव से क्षमा मांगता है तथा अपने पुत्र अङ्गद की सुरक्षा का भार सुग्रीव को सौंप देता है।

मया कृत दोषमपास्य बुद्धया
त्वया हरीणामधिपेन सम्यक्।
विमुच्य रोषं परिगृह्य धर्मं
कुलप्रवालं परिगृह्यतां नः॥ (१।२६)

—जमुना पाठक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

पात्र-परिचय

पुरुष—

१. राम—दशरथ के ज्येष्ठ पुत्र।
२. लक्ष्मण—राम का छोटा भाई।
३. बालि—सुग्रीव का बड़ा भाई और किष्किन्धा का राजा।
४. सुग्रीव—बालि का छोटा भाई।
५. अङ्गद—बालि का पुत्र।
६. हनुमान्—सुग्रीव का मंत्री।
७. नील—एक वानर-अधिकारी।
८. बलाध्यक्ष—वानर-सेनापति।
९. बिलमुख—एक वानर योद्धा।
१०. ककुभ—एक वानर-अधिकारी।
११. वानर-काञ्चुकीय—सुग्रीव का कञ्चुकी।
१२. रावण—लङ्का का राजा।
१३. विभीषण—रावण का छोटा भाई।
१४. विद्युज्जिह्व—एक राक्षस।
१५. शंकुकर्ण—रावण का एक सेवक।
१६. शुक, सारण—रावण के मंत्री।
१७. राक्षस-काञ्चुकीय—रावण का कञ्चुकी।
१८. तीन विद्याधर।
१९. अग्निदेव।
२०. वरुणदेव।

स्त्रियाँ—

१. सीता—रामपत्नी।
२. तारा—बालि-पत्नी।
३. राक्षसियाँ।
४. विजया—रावण की प्रतिहारी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

अभिषेकनाटकम्

'शशिप्रभा' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

प्रथमोऽङ्कः

(नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः)

सूत्रधारः—

यो गाधिपुत्रमखविघ्नकराभिहन्ता
युद्धे विराधखरदूषणवीर्यहन्ता ।
दर्पोद्धतोल्बणकबन्धकपीन्द्रहन्ता
पायात् स वो निशिचरेन्द्रकुलाभिहन्ता ॥ १ ॥

---

* शशिप्रभा *

अन्वयः—यः गाधिपुत्रमखविघ्नकराभिहन्ता, युद्धे विराधखरदूषणवीर्यहन्ता, दर्पोद्धतोल्बणकबन्धकपीन्द्रहन्ता; निशिचरेन्द्रकुलाभिहन्ता (अस्ति) सः वः पायात् ।

(नान्दी के पश्चात् सूत्रधार प्रवेश करता है।)

सूत्रधार—जो गाधि के पुत्र (विश्वामित्र) के यज्ञ में विघ्न करने वाले (राक्षसों) का वध करने वाला है, युद्ध में विराध, खर, दूषण (आदि राक्षसों) के पराक्रम का अन्त करने वाला है, अत्यधिक गर्वशाली तथा उग्र कबन्ध और कपीश (बाली) को मारने वाला है तथा राक्षसेन्द्र (रावण) के वंश का संहार करने वाला है, वह भगवान् (राम)-आप लोगों की रक्षा करें।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

एवमार्यमिश्रान् विज्ञापयामि (परिक्रम्यावलोक्य) अये किन्नु खलु मयि विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते ! अङ्ग, पश्यामि ।

(नेपथ्ये)

सुग्रीव ! इत इतः ।

(प्रविश्य)

पारिपार्श्विकः—भाव !

यो गाधिपुत्रेति—यः=भगवान्, गाधिपुत्रमखविघ्नकराभिहन्ता=गाधेः चन्द्रवंशीयस्य क्षत्रियविशेषस्य पुत्रः सुतः विश्वामित्र इत्यर्थः तस्य मखे यज्ञे विघ्नकराणां विघ्नविधायकानां अभिहन्ता वधकर्ता, युद्धे=रणे, विराधखरदूषणवीर्यहन्ता=विराधश्च खरश्च दूषणश्च इति विराधखरदूषणाः तेषां वीर्यस्य पराक्रमस्य हन्ता विनाशकः, दर्पोद्धतोल्बणकबन्धकपीन्द्रहन्ता=दर्पेण अभिमानेन उद्धतौ उद्गूर्णौ च उल्बणौ बलशालिनौ च कबन्धः राक्षसविशेषः कपीन्द्रः च बाली च तयोः हन्ता वधकर्ता, निशिचरेन्द्रकुलाभिहन्ता=निशिचराणां राक्षसानां इन्द्रः स्वामी तस्य कुलस्य वंशस्य अभिहन्ता ध्वंसकः, अस्तीति शेषः, सः=भगवान् रामः, वः=युष्मान्, पायात्=रक्ष्यात् । अन्त्यानुप्रासः अलङ्कारः । वसन्ततिलकाछन्दः ।

एवमिति—एवम्=अनेन प्रकारेण, आर्यमिश्रान्=पूजनीयान्, विज्ञापयामि=निवेदयामि, परिक्रम्य=परिभ्रम्य, अवलोक्य=दृष्ट्वा, विज्ञापनव्यग्रे=निवेदनव्यासक्ते, श्रूयते=आकर्ण्यते ।

आप आदरणीय सज्जनों (दर्शकों) को मैं यह सूचित करता हूँ । (घूम कर और देखकर) अरे ! मेरे द्वारा विज्ञापित करने में व्यस्त होने पर यह कैसा शब्द सुनायी दे रहा है । अच्छा, देखता हूँ ।

[नेपथ्य में]

हे सुग्रीव ! इधर से, इधर से आइये ।

(प्रवेश करके)

पारिपार्श्विक—हे महाशय !

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

कुतो नु खल्वेष समुत्थितो ध्वनिः प्रवर्तते श्रोत्रविदारणो महान् ।
प्रचण्डवातोद्धृतभीमगामिनां बलाहकानामिव खेऽभिगर्जताम् ॥२॥

सूत्रधारः—मार्ष ! किं नावगच्छसि । एष खलु सीतापहरणजनित-सन्तापस्य रघुकुलप्रदीपस्य सर्वलोकनयनाभिरामस्य रामस्य च, दाराभिमर्शननिर्विषयीकृतस्य सर्वहर्यृक्षराजस्य सुविपुलमहाग्रीवस्य सुग्रीवस्य च परस्परोपकारकृतप्रतिज्ञयोः सर्ववानराधिपतिं हेममालिनं बालिनं हन्तुं समुद्योगः प्रवर्तते । तत एतौ हि—

अन्वयः—प्रचण्डवातोद्धतभीमगामिनां खे अभिगच्छतां बलाहकानाम् इव श्रोत्रविदारणः एषः महान् ध्वनिः कुतः नु खलु समुत्थितः प्रवर्तते ।

कुतः इति—प्रचण्डवातोद्धतभीमगामिनां=प्रचण्डः प्रकर्षेण चण्डाः भीषणाः ये वाताः वायवः तैः उद्धृताः उत्थापिताः भीमं भीषणं यथा स्यात् तद्वत् गामिनां चलितानाम्, खे=आकाशे, अभिगर्जतां=अभितः परितः गर्जतां ध्वनिं कुर्वताम्, बलाहकानामिव=मेघानामिव, श्रोत्रविदारणः=श्रोत्रयोः कर्णयोः विदारणः भेदकः, एषः=अयम्, महान् ध्वनिः=विपुलः शब्दः, कुतः=कस्मात्स्थानात्, नु=इति पृच्छायाम्, खलु=निश्चयेन, समुत्थितः=उत्पन्नः, प्रवर्तते=प्रसरति । उपमालङ्कारः । वंशस्थछन्दः ।

मार्षेति—मार्ष=हे मारिष, अवगच्छसि=जानासि, सीतापहरणजनित-सन्तापस्य=सीतायाः जानक्याः अपहरणेन अपनयनेन जनितः उत्पादितः सन्तापः दुःखं यस्य तस्य, रघुकुलप्रदीपस्य=रघूणां रघुवंशीयानां नृपाणां

कानों को फाड़ता हुआ-सा—यह महान् शब्द कहाँ से आ रहा है, मानो यह प्रबल आँधी से प्रेरित होकर आकाश में दौड़ने वाले मेघों का गर्जन हो ।

सूत्रधार—अरे ! क्या नहीं जानते हो । यह सीताहरण से पीड़ित रघुवंश के दीपक सर्वलोकप्रिय राम एवं पत्नीहरण-पूर्वक निष्कासित सम्पूर्ण वानर एवं ऋक्षों के स्वामी उन्नत ग्रीवा वाले सुग्रीव की परस्पर उपकार करने की प्रतिज्ञा (हुई है, उस प्रतिज्ञा) के अनुसार सम्पूर्ण वानरों के स्वामी स्वर्णमालाधारी बाली को मारने के लिए उपाय हो रहा है । इसीलिए यह—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

इदानीं राज्यविभ्रष्टं सुग्रीवं रामलक्ष्मणौ ।
पुनः स्थापयितुं प्राप्ताविन्द्रं हरिहराविव ॥ ३ ॥
(निष्क्रान्तौ)

यत्कुलं वंशं तस्य प्रदीपस्य, सर्वलोकनयनाभिरामस्य=सर्वे च ते लोकाः जनाः तेषां नयनानां नेत्राणाम् अभिरामः रमणीयः, रामस्य=राघवस्य, दाराभिमर्षणनिर्विषयीकृतस्य=दाराणां स्त्रियाः अभिमर्षणम् आघर्षणम् अभिगमनमित्यर्थः तेन निर्विषयीकृतस्य बहिष्कृतस्य, सर्वहर्यृक्षराजस्य=सर्वे च ते हरयः वानराः ऋक्षाश्च भल्लूकाश्च तेषां राजा अधिपः तस्य, सुविपुल-महाग्रीवस्य=सु सुष्ठु विपुला विस्तृता महती विशाला च ग्रीवा गलः यस्य तस्य, सुग्रीवस्य=एतन्नामकस्य कपिराजस्य, परस्परोपकारकृतप्रतिज्ञयोः= परस्परः अन्योऽन्यः यः उपकारः हितकार्यः तस्मिन् कृता विहिता प्रतिज्ञा दृढ़सङ्कल्पः याभ्यां तयोः, सर्ववानराधिपतिः=सर्वे सकलाः ये वानराः कपयः तेषाम् अधिपतिः ईशम्, हेममालिनं=हेम्नः सुवर्णस्य माला हारः यस्य तम्, बालिनं=बालीनामकं राक्षसम्, हन्तुं=मारितुम्, समुद्योगः=समुपायः, प्रवर्तते=क्रियते ।

अन्वयः—इदानीं हरिहरौ राज्यविभ्रष्टम् इन्द्रम् इव रामलक्ष्मणौ राज्य-विभ्रष्टं सुग्रीवं (पुनः) राज्ये स्थापयितुं प्राप्तौ (स्तः) ।

इदानीमिति—इदानीम्=अधुना, हरिहरौ=हरिः विष्णुः हरः च शङ्करः च, राज्यविभ्रष्टं=राज्यात् राज्याधिकारात् विभ्रष्टं विच्युतम्, इन्द्रमिव=पुरन्दरमिव, रामलक्ष्मणौ=रामः रामचन्द्रः लक्ष्मणः च सौमित्रिः च द्वौ, सुग्रीवं=एतन्नामकं वानरराजम्, पुनः=मुहुः, स्थापयितुम्=आरो-पयितुम्, प्राप्ते=आगतौ । उपमालङ्कारः । अनुष्टुप् छन्दः ।

इस समय राज्यच्युत सुग्रीव को पुनः राज्य पर स्थापित करने के लिए राम और लक्ष्मण आये हैं, मानो इन्द्र को पुनः राज्य पर स्थापित करने के लिए आये हुए विष्णु और शिव हों ।

[निकल जाते हैं]

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

॥ स्थापना ॥

(ततः प्रविशति रामो लक्ष्मणसुग्रीवौ हनुमांश्च)

रामः—सुग्रीव ! इत इतः ।

मत्सायकान्निहतभिन्नविकीर्णदेहं
शत्रुं तवाद्य सहसा भुवि पातयामि ।
राजन् ! भयं त्यज ममापि समीपवर्ती
दृष्टस्त्वया च समरे निहतः स बाली ॥ ४ ॥

अन्वयः—अद्य सहसा मत्सायकात् निहतभिन्नविकीर्णदेहं तव शत्रुं भुवि पातयामि । हे राजन् ! त्वं भयं त्यज समरे च निहतः सः बाली मम अपि समीपवर्ती सन् त्वया दृष्टः ।

मत्सायकेति—अद्य=अस्मिन्दिवसे, सहसा=अकस्मात्, मत्सायकात्=मम सायकात् बाणात्, निहतभिन्नविकीर्णदेहं=निहतः मारितः भिन्नः छिन्नः विकीर्णः इतस्ततः प्रसृतः देहः शरीरं तम्, तव=सुग्रीवस्य, शत्रुं=रिपुम्, भुवि=पृथिव्याम्, पातयामि=पतितं करोमि, राजन्=हे नृप सुग्रीव ! भयं=भीतिम्, त्यज=मुञ्च, समरे च=युद्धे च, निहतः=मारितः, सः=पुरोवर्ती, बाली=एतन्नामकः तव अग्रजः, मम अपि=मम रामस्य अपि, समीपवर्ती=समीपस्थ, सन्, त्वया=सुग्रीवेण, दृष्टः=विलोकितः । वसन्ततिलकाछन्दः ।

॥ स्थापना समाप्त ॥

(तत्पश्चात् राम, लक्ष्मण, सुग्रीव और हनुमान् प्रवेश करते हैं)

राम—हे सुग्रीव ! इधर से, इधर से आओ ।

आज मैं अपने बाणों द्वारा तुम्हारे शत्रु (बाली) के शरीर को विदीर्ण करके (उसे) धराशायी कर रहा हूँ । हे राजन् ! मेरे समीप में रहकर भय छोड़ो । अभी तुम युद्ध में मरे हुए बाली को देखोगे ।

सुग्रीव—हे महाराज ! आप की कृपा से मैं देवताओं के राज्य की आशा करता हूँ, वानरों के राज्य की क्या बात है । क्योंकि—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

सुग्रीवः—देव ! अहं खल्वार्यस्य प्रसादाद् देवानामपि राज्यमाशङ्के किं पुनर्वानराणाम् । कुतः—

मुक्तो देव ! तवाद्य बालिहृदयं भेत्तुं न मे संशयः
सालान् सप्तमहावने हिमगिरेः शृङ्गोपमाञ्छ्रीधर !
भित्वा वेगवशात् प्रविश्य धरणीं गत्वा च नागालयं
मज्जन् वीर ! पयोनिधौ पुनरयं सम्प्राप्तवान् सायकः ॥५॥

देवेति—देव=हे महाराज ! अहं=सुग्रीवः, खलु=निश्चयेन, आर्यस्य=पूजनीयस्य भवतः, प्रसादात्=अनुग्रहात्, देवानामपि=सुराणामपि, राज्यं=राज्याधिकारम्, आशङ्के=आशंसे ।

अन्वयः—हे देव ! श्रीधर ! (त्वया) मुक्तः तव अयं सायकः महावने हिमगिरेः शृङ्गोपमान् सप्त सालान् भित्त्वा वेगवशात् धरणीं प्रविश्य नागालयं च गत्वा पयोनिधौ मज्जन् पुनः अद्य वालिहृदयं भेत्तुं प्राप्तवान् (इति) मे न संशयः (अस्ति) ।

मुक्तः इति—श्रीधर देव=हे लक्ष्मीनाथ देव ! मुक्तः=क्षिप्तः, तव=रामस्य, अयं=पुरोवर्ती, सायकः=बाणः, महावने=विशालारण्ये, हिमगिरेः=हिमालयस्य, शृङ्गोपमान्=शिखरसदृशम्, सप्त=सप्त संख्यकान्, सालान्=एतन्नामकवृक्षविशेषान्, भित्वा=छित्वा, वेगवशात्=जवकारणात्, धरणीं=पृथिवीम्, प्रविश्य=प्रवेशं कृत्वा, नागालयं च=सर्पगृहं पातालपुरं च, गत्वा=यात्वा, पयोनिधौ=समुद्रे, मज्जन्=अवगाहमानः, पुनः=भूयः, अद्य=अस्मिन्दिवसे, बालिहृदयं=बालिनः एतन्नामकराक्षसस्य हृदयं=अन्तःकरणम्, भेत्तुं=छेत्तुम्, प्राप्तवान्=गतवान्, मे=मम, न=नहि, संशयं=सन्देहः, अस्तीति शेषः । दीपकालङ्कारः । शार्दूलविक्रीडितं छन्दः ।

हे लक्ष्मीनाथ देव ! आपका छोड़ा हुआ बाण महावन में हिमालय के शिखरों जैसे सात साल वृक्षों को तोड़कर, तेजी से पृथिवी में घुसकर, पाताल में जाकर तथा समुद्र में डूबता हुआ, हे वीर ! आज बाली का हृदयभेदन करने के लिए (आपके पास) आ रहा है—इसमें मुझे सन्देह नहीं है ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हनुमान्— तव नृप ! मुखनिःसृतैर्वचोभि—
विगतभया हि वयं विनष्टशोकाः ।
रघुवर ! हरये जयं प्रदातुं
गिरिमभिगच्छ सनीरनीरदाभम् ॥ ६ ॥

लक्ष्मणः— आर्य ! सोपस्नेहतया वनान्तरस्याभितः खलु किष्किन्धया भवितव्यम् ।

सुग्रीवः—सम्यगाह कुमारः ।

अन्वयः—हे नृप ! मुखनिःसृतैः तव वचोभिः वयं हि विगतभयाः विनष्ट-शोकाः च (स्म) हे रघुवर ! विजयं प्रदातुं सनीरनीर-दाभम् गिरिम् अभिगच्छ ।

तवेति—नृप=हे राजन्, मुखनिःसृतैः=मुखात् वक्त्रात् निःसृतैः विनिर्गतैः, तव=रामस्य, वचोभिः=वचनैः, वयं=हनूमानादयः, विगत-भयाः=भयरहिता; विनष्टशोकाः=शोकरहिताः । रघुवर=हे रघुश्रेष्ठ ! हरये=वानराय, विजयं=जयम्, प्रदातुं=वितरितुम्, सनीरनीरदाभं= सनीरेण जलेन सह वर्तमानः सनीरः सनीरः चासौ नीरदः बादलः तस्य आभा कान्तिः इव आभा यस्य तम्, गिरिं=पर्वतम्, अभिगच्छ=अभियाहि । उपमालङ्कारः । पुष्पिताग्राछन्दः ।

सोपस्नेहतयेति—सोपस्नेहतया=स्वच्छतया, वनान्तरस्य=अरण्यसमी-पस्य, किष्किन्धया=एतन्नामकनगर्या, भवितव्यं=भवनीयम् ।

सम्यगेति—सम्यक्=उचितम् ।

हनुमान्—हे राजन्, आपके मुख से निकले वचनों से हम लोग निर्भय एवं शोकरहित हो गये हैं । हे रघुवर ! वानर (सुग्रीव) को विजय प्रदान करने के लिए जलपूर्ण बादल के समान इस पर्वत पर चलिए ।

लक्ष्मण—हे आर्य ! (जङ्गल के) स्वच्छ होने के कारण (ज्ञात होता है कि) इस वन के पास ही किष्किन्धा होना चाहिये ।

सुग्रीव—कुमार (लक्ष्मण) ने ठीक ही कहा ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सम्प्राप्ता हरिवरबाहुसम्प्रगुप्ता किष्किन्धा तव नृप ! बाहुसम्प्रगुप्ता ।
तिष्ठ त्वं नृवर ! करोम्यहं विसंज्ञं नादेन प्रचलमहीधरं नृलोकम् ॥७॥

रामः—भवतु, गच्छ ।

सुग्रीवः—यदाज्ञापयति देवः । (परिक्रम्य) भोः ।

अपराधमनुद्दिश्य परित्यक्तस्त्वया विभो ! ।
युद्धे त्वत्पादशुश्रूषां सुग्रीवः कर्त्तुमिच्छति ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे नृप ! (पूर्वं) हरिवरबाहुसम्प्रगुप्ता (सम्प्रति) तव बाहुसम्प्रगुप्ता किष्किन्धा सम्प्राप्ता । हे नृवर ! त्वं तिष्ठ, अहं नादेन प्रचलमहीधरं नृलोकं (च) विसंज्ञं करोमि ।

सम्प्राप्तेति—नृप=हे राजन् ! (पूर्वम्) हरिवरबाहुसम्प्रगुप्ता=हरिवरस्य वानरश्रेष्ठस्य बाहुभ्यां भुजाभ्यां सम्प्रगुप्ता संरक्षिता, (सम्प्रति) तव=भवतः, बाहुसम्प्रगुप्ता बाहुभ्यां भुजाभ्यां सम्प्रगुप्ता संरक्षिता, किष्किन्धा=एतन्नामकनगरी, सम्प्राप्ता=आगता । नृवर=हे नरश्रेष्ठ ! त्वं=भवान्, तिष्ठ=स्थितिं विधास्यतु, अहं=सुग्रीवः, नादेन=गर्जनेन, नृलोकं=नरजगत्, विसंज्ञं=चेतनारहितम्, प्रचलमहीधरं=कम्पमानपर्वतम् करोमि विदधे । अन्त्यानुप्रासालङ्कारः । प्रहर्षिणीच्छन्दः ।

अन्वयः—हे विभो ! अपराधम् अनुद्दिश्य त्वया परित्यक्तः सुग्रीवः युद्धे त्वत्पादशुश्रूषां कर्तुम् इच्छति ।

अपराधेति—विभो=हे प्रभो ! अपराधम्=दोषम्, अनुद्दिश्य=न निरूप्य, त्वया=बालिना, सुग्रीवः=अहं सुग्रीवः, युद्धे=रणे, त्वत्पादशुश्रूषां=तव पादौ चरणौ तयोः शुश्रूषां सेवाम्, कर्तुं=विधातुम्, इच्छति=वाञ्छति ।

हे राजन् ! पहले कपिराज (बाली) के बाहुओं से रक्षित (किन्तु अब) आपके भुजाओं के अधीन किष्किन्धा आ गयी । हे नृवर ! आप रुकिए । मैं गर्जन से पर्वत को प्रकम्पित तथा नरलोक को चेतनाविहीन कर रहा हूँ ।

राम—अच्छा, जाओ ।

सुग्रीव—महाराज जैसी आज्ञा देते हैं । (घूमकर) अहा !

हे महाराज (बाली) ! बिना अपराध को बताए आपके द्वारा निकाल दिया गया यह सुग्रीव युद्ध में आपके चरणों की सेवा करना चाहता है ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(नेपथ्ये)

कथं कथं सुग्रीव इति ।

(ततः प्रविशति बाली; गृहीतवस्त्रया तारया सह ।)

बाली—कथं कथं सुग्रीव इति ।

तारे ! विमुञ्च मम वस्त्रमनिन्दिताङ्गि !
प्रस्रस्तवक्त्रनयने ! किमसि प्रवृत्ता ।
सुग्रीवमद्य समरे विनिपात्यमानं
तं पश्य शोणितपरिप्लुतसर्वगात्रम् ॥ ९ ॥

अन्वयः—हे अनिन्दिताङ्गि तारे ! मम वस्त्रं विमुञ्च । हे प्रस्रस्तवक्त्रनयने ! किं प्रवृत्ता असि । अद्य समरे विनिपात्यमानं तं सुग्रीव शोणितपरिप्लुतसर्वगात्रं पश्य ।

तारे इति—अनिन्दिताङ्गि=हे मनोहराङ्गि ! तारे=हे मम पत्नी तारे ! मम वस्त्रं=मम वसनम्, विमुञ्च=त्यज । प्रस्रस्तवक्त्रनयने=हे शिथिलनेत्रे ! किं=केन कारणेन, प्रवृत्ता असि=संलग्ना असि, अद्य=अस्मिन्दिवसे, तं=पुरोवर्तमानम्, सुग्रीव =एतन्नामकं ममानुजम्, समरे=युद्धे, विनिपात्यमानं=विनाश्यमानम्, शोणितपरिप्लुतसर्वगात्रं=शोणितेन रुधिरेण परिप्लुतं परिपूर्णं सर्वं सम्पूर्णं गात्रं शरीरं यस्य तम्, पश्य=विलोकय । वसन्ततिलकाच्छन्दः ।

[नेपथ्य में]

क्या सुग्रीव आया है ।

[तत्पश्चात् वस्त्र पकड़ी हुई तारा के साथ बाली प्रवेश करता है]

बाली—क्या सुग्रीव आया है ।

हे अनिन्दिताङ्गि तारा ! मेरे वस्त्र को छोड़ो । हे उदासीन मुख और नेत्रों वाली ! क्यों मुझे (रोकने में) लगी हो । आज युद्ध में (मेरे द्वारा) मारे जाते हुए तथा रक्त से लथपथ शरीर वाले सुग्रीव को देखो ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तारा—पसीअउ पसीअउ महाराओ। अप्पेण कारणेण ण आगमिस्सइ सुग्गीओ। ता अमच्चवग्गेण सह सम्मतिअ गन्तव्वं। [प्रसीदतु प्रसीदतु महाराजः। अल्पेन कारणेन नागमिष्यति सुग्रीवः। तदमात्यवर्गेण सह सम्मन्त्र्य गन्तव्यम्।]

बाली—आः,

शक्रो वा भवतु गतिः शशाङ्कवक्त्रे !
शत्रोर्मे निशितपरश्वधः शिवो वा।
नालं मामभिमुखमेत्य सम्प्रहर्तुं
विष्णुर्वा विकसितपुण्डरीकनेत्रः ॥ १० ॥

अल्पेनेति—अल्पेन=लघुना, कारणेन=हेतुना, न आगमिष्यति, न आयास्यति। तत्=अत एव, अमात्यवर्गेण=मन्त्रिदलेन, संमन्त्र्य=मन्त्रणां कृत्वा, गन्तव्यं=गमनीयम्।

अन्वयः—हे शशाङ्कवक्त्रे ! शक्रः वा निशितपरश्वधः शिवः वा विकसितपुण्डरीकनेत्रः विष्णुः वा मे शत्रोः गतिः भवतु, अभिमुखम् एत्य मां सम्प्रहर्तुं न अलम्।

शक्र इति—शशाङ्कवक्त्रे=चन्द्रमुखि, शक्रः वा=इन्द्रः वा, निशितपरश्वधः=निशितौ तीक्ष्णौ परश्वधौ परशुकुठारौ यस्य सः, शिवः वा=शङ्करः वा, विकसितपुण्डरीकनेत्रः=प्रफुल्लितकमलनयनः, विष्णुः वा=नारायणः वा, मे=मम, शत्रोः=अरेः सुग्रीवस्य, गतिः=रक्षकः, भवतु=जायताम्, अभिमुखं=सम्मुखम्, एत्य=आगत्य, माम्=बालीम्, सम्प्रहर्तुं=आहन्तुम्, न अलं=न समर्थः। उपमालङ्कारः। प्रहर्षिणीच्छन्दः।

तारा—हे महाराज ! प्रसन्न होइये, प्रसन्न होइये। साधारण कारण से सुग्रीव नहीं आएगा। तो मन्त्रीवर्ग से मन्त्रणा करके जाना चाहिए।

बाली—ओह !

हे शशिमुखी ! मेरे शत्रु (सुग्रीव) के रक्षक इन्द्र हों अथवा हाथ में तीक्ष्ण परशु धारण करने वाले शिव हों अथवा विकसित कमल के समान नेत्रों वाले विष्णु हों, (मेरे) सामने आकर भी मुझ पर प्रहार नहीं कर सकते।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तारा—पसीअउ पसीअउ महाराओ। इमस्स जणस्स अणुग्गहं दाव करेउं अरिहदि महाराओ। [प्रसीदतु प्रसीदतु महाराजः। अस्य जनस्यानुग्रहं तावत् कर्तुमर्हति महाराजः।]

बाली—श्रूयतां मत्पराक्रमः।

तारे ! मया खलु पुरामृतमन्थनेऽपि
गत्वा प्रहस्य सुरदानवदैत्यसङ्घान्।
उत्फुल्लनेत्रमुरगेन्द्रमुदग्ररूप-
माकृष्यमाणमवलोक्य सुविस्मितास्ते ॥ ११ ॥

तारा—पसीअउ पसीअउ महाराओ। [प्रसीदतु प्रसीदतु महाराजः।]

अन्वयः—हे तारे ! पुरा अमृतमन्थने अपि गत्वा सुरदानवदैत्यसङ्घान् मया आकृष्यमाणम् उत्फुल्लनेत्रम् उदग्रनेत्रम् उदग्ररूपम् उरगेन्द्रम् अवलोक्यते सुविस्मिताः खलु (जाताः)।

तारे इति—तारे=हे तारे ! पुरा=प्राचीनकाले, अमृतमन्थने अपि=अमृतस्य सुधायाः मन्थने मथने अपि, गत्वा=यात्वा, सुरदानवदैत्यसङ्घान्=सुराः देवाः दानवाः राक्षसाः दैत्याः दैतेयाश्च तेषां सङ्घान् समूहान्, प्रहस्य=उपहस्य, मया=बालिना, आकृष्यमाणं=धृष्यमाणम्, उत्फुल्लनेत्रं=विस्फारितनयनं, उदग्ररूपं=भयङ्करूपम्, उरगेन्द्रं=शेषनागम्, अवलोक्य=विलोक्य, ते=सर्वे, सुविस्मिताः=आश्चर्ययुक्ताः, खलु=निश्चयेन, जाताः इति शेषः। वसन्ततिलकाच्छन्दः।

तारा—हे महाराज प्रसन्न होइए, प्रसन्न होइए। इस व्यक्ति (मुझ) पर कृपा करनी चाहिये।

बाली—मेरा पराक्रम सुनो।

हे तारा ! पहले अमृतमन्थन (के समय) पर भी जाकर देवता, राक्षस और दैत्यगणों पर हँसकर मेरे द्वारा खींचे जाते हुए शेषनाग को देखकर जिसकी आँखें फटी-सी हो रही थीं और चेहरा उत्तेजित हो उठा था—वे सब बहुत चकित हो गये थे।

तारा—हे महाराज ! प्रसन्न होइए, प्रसन्न होइए।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

बाली—आः, मम वशानुवर्तिनी भव। प्रविश्य त्वमभ्यन्तरम्।

तारा—एसा गच्छामि मन्दभाआ। (निष्क्रान्ता)। [एषा गच्छामि मन्दभागा।]

बाली—हन्त प्रविष्टा तारा। यावदहं सुग्रीवं भग्नग्रीवं करोमि। (द्रुतमुपगम्य) सुग्रीव ! तिष्ठ तिष्ठ।

इन्द्रो वा शरणं तेऽस्तु प्रभुर्वा मधुसूदनः।
मच्चक्षुष्पथमासाद्य सजीवो नैव यास्यसि ॥ १२ ॥

इत इतः।

सुग्रीवः—यदाज्ञापयति महाराजः।

ममेति—वशानुवर्तिनी = ममाज्ञापालिका, अभ्यन्तरम् = रनिवासम्, प्रविश = प्रवेशं कुरु।

प्रविष्टेति—प्रविष्टा = प्रवेश कृता, भग्नग्रीवं = खण्डितगलम्।

अन्वयः—इन्द्रः वा प्रभुः मधुसूदनः वा ते शरणम् अस्तु मच्चक्षुष्पथम् आसाद्य सजीवः न एव यास्यसि

इन्द्रो वेति—इन्द्रः वा = शक्रः वा, प्रभुः = स्वामी, मधुसूदनः वा = विष्णुः वा, ते = तव सुग्रीवस्य, शरणं = संरक्षकः, अस्तु = भवतु, मच्चक्षुष्पथं = मम चक्षुः नयनं तस्य पन्थानं मार्गम्, गोचरमित्यर्थः, आसाद्य = प्राप्य, सजीवः = जीवितः, न एव यास्यसि = नैव गमिष्यसि। अनुष्टुप् छन्दः।

बाली—ओह ! मेरी बात मानो, तुम अन्दर जाओ।

तारा—यह मैं जाती हूँ। (निकल जाती है।)

बाली—ओह ! तारा अन्दर चली गयी। तो मैं सुग्रीव की गर्दन तोड़ता हूँ। (शीघ्रता से जाकर) हे सुग्रीव ! रुको, रुको।

इन्द्र तुम्हारे रक्षक हों अथवा भगवान् विष्णु, मेरे आँखों के सामने आकर तुम जीवित नहीं जाओगे।

इधर से, उधर से।

सुग्रीव—जो महाराज की आज्ञा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(उभौ नियुद्धं कुरुतः ।)

रामः—एष एष बाली,

सन्दष्टोष्ठश्चण्डसंरक्तनेत्रो मुष्टिं कृत्वा गाढमुद्वृत्तदंष्ट्रः ।
गर्जन् भीमं वानरो भाति युद्धे संवर्त्ताग्निः सन्दिधक्षुर्यथैव ॥ १३ ॥

लक्ष्मणः—सुग्रीवमपि पश्यत्वार्यः,

विकसितशतपत्ररक्तनेत्रः कनकमयाङ्गदनद्धपीनबाहुः ।
हरिवरमुपयातिवानरत्वाद्गुरुमभिभूय सतां विहाय वृत्तम् ॥ १४ ॥

अन्वयः—वानरः सन्दष्टोष्ठः चण्डसंरक्तनेत्रः उद्वृत्तदंष्ट्रः च मुष्टिं गाढं कृत्वा भीमं गर्जन् युद्धे (जगत्) सन्दिधक्षुः संवर्त्ताग्निः यथा एव भाति ।

सन्दष्टोष्ठेति—वानरः=कपिः बाली, सन्दष्टोष्ठः=सन्दष्टः दन्तैः खण्डितः ओष्ठः दन्तच्छदः येन सः, चण्डसंरक्तनेत्रः=चण्डेन क्रोधेन संरक्ते लोहिते नेत्रे नयने यस्य सः, उद्वृत्तदंष्ट्रः=उद्वृत्ता बहिर्निःसृता दंष्ट्रा=दन्तविशेषः दाढ़ः यस्य सः, मुष्टिं=वक्रपाणिम्, गाढं=कठोरम्, कृत्वा=विधाय, भीमं=भीषणम् गर्जन्=गर्जनं विधास्यन्, युद्धे=रणे, संवर्त्ताग्निः यथा=प्रलयाग्निः इव, भाति=भ्राजते । उपमालङ्कारः । शालिनीच्छन्दः ।

अन्वयः—विकसितशतपत्ररक्तनेत्रः कनकमयाङ्गदनद्धपीनबाहुः वानरत्वात् सतां वृत्तं विहाय, गुरुम् अभिभूय हरिवरम् उपयाति ।

[दोनों युद्ध करते हैं ।]

राम—यह बाली,

वानर (बाली) दाँतों से ओठ काटे, क्रोध में आँख लाल किये, दाढ़ ऊपर किये (तथा) भयङ्कर रूप से गरजता हुआ युद्ध में (जगत् को) भस्म कर देने वाली प्रलय-अग्नि की तरह चमक रहा है ।

लक्ष्मण—महाराज सुग्रीव को भी देखिए,

खिले हुए कमल के समान लाल आँखों तथा सोने के बाजूबन्दों से बँधी मोटी भुजाओं वाला (वह) वानर होने के कारण सज्जनों का आचरण त्याग कर (अपने) श्रेष्ठ (भाई) का अपमान करके वानरराज (बाली) पर आक्रमण कर रहा है ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बालिना ताडितः पतितः सुग्रीवः ।

हनुमान्—हा ! धिक् । (ससम्भ्रमं राममुपगम्य) जयतु देवः । अस्यैषावस्था ।

बलवान् वानरेन्द्रस्तु दुर्बलश्च पतिर्मम ।
अवस्था शपथश्चैव सर्वमार्येण चिन्त्यताम् ॥ १५ ॥

रामः—हनूमन् ! अलमलं सम्भ्रमेण । एतदनुष्ठीयते । (शरं

विकसितेति—विकसितशतपत्ररक्तनेत्रः = विकसितं प्रफुल्लितं यत् शतपत्रं कमलं तद्वत् रक्ते लोहिते नेत्रे नयने यस्य सः, कनकमयाङ्गदनद्ध-पीनबाहुः = कनकमयं सुवर्णरचितं अङ्गदं केयूरं तेन नद्धः बद्धः पीनः स्थूलः बाहुः भुजः यस्य सः, (सुग्रीवः) वानरत्वात् = कपित्वात्, सतां = सत्पुरुषाणाम्, वृत्तम् = आचरणम्, विहाय = त्यक्त्वा, गुरुं = श्रेष्ठम् ज्येष्ठभ्रातरं बालिनमित्यर्थः, अभिभूय = पराभूय, हरिवरं = वानरश्रेष्ठम्, उपयाति = अभियाति । उपमा काव्यलिङ्गं चालङ्कारौ । पुष्पिताग्राच्छन्दः ।

अन्वयः—वानरेन्द्रः तु बलवान् मम पतिः च दुर्बलः (अस्ति), आर्येण अवस्था शपथः च सर्वम् एव चिन्त्यताम् ।

बलवानीति—वानरेन्द्रः = कपीन्द्रः बाली, तु = निश्चितमेव, बलवान् = बलशाली अस्तीति शेषः । मम = हनुमतः, पतिः च = स्वामी च, दुर्बलः = अल्पबलः, अस्तीति शेषः । आर्येण = भवता रामेण, अवस्था = दशा, शपथः = बालिहननप्रतिज्ञा च, सर्वमेव = सम्पूर्णमेव, चिन्त्यतां = विचार्यताम् । अनुष्टुप् छन्दः ।

हनूमन्निति—अनुष्ठीयते = क्रियते ।

बाली के द्वारा ताडित सुग्रीव गिर गया ।

हनुमान्—ओह, धिक्कार है । (घबड़ाहट के साथ राम के पास जाकर) महाराज की जय हो । इस (सुग्रीव) की यह अवस्था ।

वानरराज (बाली) बलवान् है, मेरे स्वामी (सुग्रीव) दुर्बल हैं । आप (मेरे स्वामी की) अवस्था और (अपनी) शपथ (इन) सब पर ध्यान दीजिए ।

राम—हे हनुमान् ! घबड़ाना व्यर्थ है । यही कर रहा हूँ । (बाण

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मुक्त्वा) हन्त पतितो बाली ।

लक्ष्मणः—एष एष बाली,

रुधिरकलितगात्रः स्रस्तसंरक्तनेत्रः
कठिनविपुलबाहुः काललोकं विविक्षुः ।
अभिपतति कथञ्चिद् धीरमाकर्षमाणः
शरवरपरिवीतं शान्तवेगं शरीरम् ॥ १६ ॥

बाली—(मोहमुपगम्य पुनः समाश्वस्य शरे नामाक्षराणि वाचयित्वा राममुद्दिश्य)

अन्वयः—रुधिरकलितगात्रः स्रस्तसंरक्तनेत्रः कठिनविपुलबाहुः काकलोकं विवक्षुः शरवरपरिवीतं शान्तवेगं शरीरं कथञ्चित् धीरं यथा स्यात्तथा आकर्षमाणः अभिपतति ।

रुधिरेति—रुधिरकलितगात्रः=रुधिरेण रक्तेन कलितं युक्तं गात्रं शरीरं यस्य सः, स्रस्तसंरक्तनेत्रः=स्रस्ते शिथिले संरक्ते लोहिते च नेत्रे नयने यस्य, सः, कठिनविपुलबाहुः=कठिनौ दृढौ विपुलौ विशालौ च बाहू हस्तौ यस्य सः, काकलोकं=यमलोकम्, विविक्षुः=प्रविष्टुमिच्छुः, शरवरपरिवीतं=शरवरेण बाणश्रेष्ठेन परिवीतं विद्धम्, शान्तवेगं=शान्तः अवसितः वेगः गतिरयः यस्य तत्, शरीरं=देहम्, कथमपि=केनापि प्रकारेण, धीरं=दृढम्, आकर्षमाणः=आकर्षन्, अभिपतति=आक्रामति । मालिनीच्छन्दः ।

छोड़कर) हाय ! बाली गिर गया ।

लक्ष्मण—यह बाली,

खून से लथपथ शरीर, नीचे लटकी लाल आँखों वाला, दृढ़ और विशाल भुजाओं वाला, यमलोक जाना चाहता हुआ (बाली) उत्कृष्ट बाण से बींधे, वेग में ठंडे पड़े शरीर को किसी प्रकार धैर्य के साथ घसीटे जाता हुआ आक्रमण कर रहा है ।

बाली—(मूर्च्छित होकर पुनः होश में आकर बाण पर नाम के अक्षरों को पढ़कर राम को उद्दिष्ट करके)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

युक्तं भो ! नरपतिधर्ममास्थितेन युद्धे मां छलयितुमक्रमेण राम !
वीरेण व्यपगतधर्मसंशयेन लोकानां छलमपनेतुमुद्यतेन ॥ १७ ॥

हन्त भोः !

भवता सौम्यरूपेण यशसो भाजनेन च ।
छलेन मां प्रहरता प्ररूढमयशः कृतम् ॥ १८ ॥

भो राघवः ! चीरवल्कलधारिणा वेषविपर्यस्तचित्तेन मम भ्रात्रा सह युद्धव्यग्रस्याधर्म्यः खलु प्रच्छन्नो वधः ।

अन्वयः—भो राम ! नरपतिधर्मम् आस्थितेन व्यपगतधर्मसंशयेन लोकानां छलम् अपनेतुं उद्यतेन वीरेण त्वया युद्धे अक्रमेण माम् छलयितुं युक्तम् ?

युक्तमिति—भो राम = हे राम ! नरपतिधर्मं = नृपतिकर्तव्यम्, आस्थितेन = आश्रितेन, व्यपगतधर्मसंशयेन = व्यपगतः असन्दिग्धः धर्मसंशयः धर्मसन्देहः यस्य तेन, लोकानां = जनानाम्, छलं = कपटम्, अपनेतुम् = अपाकर्तुम्, उद्यतेन = सन्नद्धेन, वीरेण = वीरपुरुषेण, युद्धे = रणे, अक्रमेण = अन्यायेन, माम्, छलयितुं = प्रतारयितुम्, युक्तं = उचितम्, अस्तीति शेषः । प्रहर्षिणीच्छन्दः ।

अन्वयः—सौम्यरूपेण यशसः भाजनेन छलेन माम् प्रहरता भवतः अयशः प्ररूढं कृतम् ।

भवतेति—सौम्यरूपेण = प्रियाकारेण, यशसः = कीर्तेः, भाजनेन = पात्रेण, भवता = रामेण, छलेन = कपटेन, मां = बालीम्, प्रहरता = प्रहारं कुर्वता, अयशः = अपकीर्तिः, प्ररूढं = अङ्कुरितम्, कृतं = विहितम् ।

भो राघवेति—चीरवल्कलधारिणा = चीररूपं वल्कलं वृक्षत्वक् धारयतीति तेन, वेषविपर्यस्तचित्तेन = वेषेण परिधानेन विपर्यस्तं विपरीतं चित्तं

हे राम ! राजा के धर्म पर आरूढ़, असन्दिग्ध धर्मज्ञान वाले, संसार का छलप्रयत्न दूर करने में संलग्न और वीर आप के द्वारा अन्याय से छलना (अन्यायपूर्वक छल से मारना) क्या उचित है ।

ओह, खेद है !

सौम्यरूप वाले तथा यश के पात्र आपके द्वारा छलपूर्वक मेरे ऊपर प्रहार करते हुए (आप) के द्वारा महान् अपयश अङ्कुरित (प्राप्त) किया गया ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रामः—कथमधर्म्यः खलु प्रच्छन्नो वध इति ।

बाली—कः संशयः ।

रामः—न खल्वेतत् । पश्य,

वागुराच्छन्नमाश्रित्य मृगाणामिष्यते वधः ।
वध्यत्वाच्च मृगत्वाच्च भवाञ्छन्नेन दण्डितः ॥ १९ ॥

बाली—दण्ड्य इति मां भवान् मन्यते ।

रामः—कः संशयः ?

बाली—केन कारणेन ?

मनः यस्य तेन, युद्धव्यग्रयस्य=युद्धे रणे व्यग्रस्य व्यासक्तस्य, अधर्म्यः=धर्म-प्रतिकूलः, प्रच्छन्नः=अप्रकटः, वधः=घातः कृतः ।

अन्वयः—वागुराच्छन्नम् आश्रित्य मृगाणां वधः इष्यते । वध्यमानत्वात् च मृगत्वात् च भवान् छन्नेन दण्डितः ।

वागुरेति—वागुराच्छन्नं=वागुरा जालं च छन्नं छेदनं च तम्, आश्रित्य =आश्रयं कृत्वा, मृगाणां=पशूनाम्, वधः=हननम्, इष्यते=अनुमन्यते, वध्यत्वात्=वधार्हत्वात्, मृगत्वात् च=पशुत्वात् च, भवान्=बाली; छन्नेन= प्रच्छन्नेन मया इति शेषः, दण्डितः=दण्डं दत्तः । काव्यलिङ्गम् अलङ्कारः । अनुष्टुप्छन्दः ।

हे राम ! चीरवल्कल धारण करने वाले (फिर भी) वेष के विपरीत हृदय वाले आपके द्वारा, भाई के साथ युद्ध में व्यस्त मेरा छिपकर मारा जाना अधर्म है ।

राम—छिपकर मारना कैसे अधर्म है ?

बाली—क्या इसमें सन्देह है ।

राम—यह नहीं है, देखो,

जाल और छिपाव का आश्रय लेकर पशुओं का वध अनुमत है । वध-योग्य और पशु होने के कारण छिपे हुए मैंने आपको दण्ड दिया है ।

बाली—आप मुझको दण्डनीय मानते हैं ।

राम—(इसमें) क्या सन्देह है ।

बाली—किस कारण से (मुझे दण्डनीय मानते हैं ।)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

रामः—अगम्यागमनेन ।

बाली—अगम्यागमनेनेति । एषोऽस्माकं धर्मः ।

रामः—ननु युक्तं भोः !

भवता वानरेन्द्रेण धर्माधर्मौ विजानता ।
आत्मानं मृगमुद्दिश्य भ्रातृदाराभिमर्शनम् ॥ २० ॥

बाली—भ्रातृदाराभिमर्शनेन तुल्यदोषयोरहमेव दण्डितो, न सुग्रीवः ।

अगम्येति—अगम्यागमनेन = अगम्या अभिगन्तुम् अयोग्या तस्या गमनं सम्भोगाः तेन ।

अन्वयः—धर्माधर्मौ विजानता वानरेन्द्रेण मृगम् उद्दिश्य भवताभातृदाराभिमर्शनं युक्तम् ?

भवतेति—धर्माधर्मौ = धर्मश्च, अधर्मश्च तौ, विजानता = बुध्यमानेन, वानरेन्द्रेण = वानराणां कपीनाम् इन्द्रेण स्वामिना, भवता = त्वया बालिना, मृगं = पशुम्, उद्दिश्य = कथयित्वा, भ्रातृदाराभिमर्शनं = भ्रातुः अनुजस्य सुग्रीवस्य दाराणां पत्न्याः अभिमर्शनम् अभिगमनम्, युक्तम् = उचितम् । अनुष्टुप्च्छन्दः ।

भातृदारेति—भातृदाराभिमर्शनेन = अनुजपत्न्याभिगमनेन, तुल्यदोषययोः = समानापराधयोः, दण्डितः = दण्डं प्राप्तः ।

राम—अगम्यागमन के कारण (तुमको दण्डनीय मानता हूँ ।)

बाली—अगम्यागमन के कारण ? यह तो हमारा धर्म है ।

राम—अरे ! क्या यह उचित है ।

धर्म और अर्थ को जानते हुए आप वानरेन्द्र के द्वारा अपने को (साधारण) मृग कहकर भाई की पत्नी को दूषित किया जाना (क्या उचित है ।)

बाली—भाई की पत्नी को दूषित करने के कारण समान अपराध वाले (मुझ तथा सुग्रीव) दोनों में मैं ही दण्डित हुआ, सुग्रीव क्यों नहीं (दण्डित) हुआ ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

बाली—सुग्रीवेणाभिमृष्टाऽभूद् धर्मपत्नी गुरोर्मम ।
तस्य दाराभिमर्शेन कथं दण्ड्योऽस्मि राघव ! ॥ २१ ॥

रामः—न त्वेवं हि कदाचिज्ज्येष्ठस्य यवीयसो दाराभिमर्शनम् ।

बाली—हन्त अनुत्तरा वयम् । भवता दण्डित्वाद् विगतपापोऽहं ननु ।

रामः—एवमस्तु ।

सुग्रीवः—हा धिक् ।

रामः—दण्डितस्त्वं हि दण्ड्यत्वाद्, अदण्ड्योनैव दण्डयते ।

अन्वयः—सुग्रीवेण गुरोः मम धर्मपत्नी अभिमृष्टा अभूत् तस्य दाराभिमर्शेन हे राघवः ! (अहं) कथः दण्डयः अस्मि ।

सुग्रीवेण—सुग्रीवेण = एतन्नामकेन ममानुजेन, गुरोः = अग्रस्य मम, धर्मपत्नी = भार्या तारा, अभिमृष्टा = अभिगता, अभूत् । तस्य = सुग्रीवस्य, दाराभिर्शेन = पत्न्याभिगमनेन, राघव = हे राम !, कथं = कस्मात्कारणात्, दण्ड्यः = दण्डनीयः, अस्मि । अनुष्टुप्छन्दः ।

हन्तेति—अनुत्तरा = उत्तररहिता । विगतपापः = पापरहितः ।

राम—दण्डनीय होने कारण तुम (बाली) ही दण्डित हुए । दण्डनीय न होने के कारण (सुग्रीव) दण्डित नहीं हुआ ।

बाली—हे राम ! सुग्रीव के द्वारा मुझ बड़े (भाई) की पत्नी दूषित की गयी । (तब) उसकी पत्नी को दूषित करने के कारण मैं ही क्यों दण्डनीय हूँ ?

राम—छोटे (भाई) के संसर्ग से बड़े (भाई) की पत्नी इस प्रकार (दूषित) नहीं होती है ।

बाली—ओह ! हम निरुत्तर हो गये । आपके द्वारा दण्डित किया गया मैं निष्पाप हो गया ।

राम—ऐसा ही है ।

सुग्रीव—ओह ! धिक्कार है ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

करिकरसदृशौ गजेन्द्रगामि-
स्तव रिपुशस्त्रपरिक्षताङ्गदौ च ।
अवनितलगतौ समीक्ष्य बाहू
हरिवर ! हा पततीव मेऽद्य चित्तम् ॥ २२ ॥

बाली—सुग्रीव ! अलमलं विषादेन । ईदृशो लोकधर्मः ।

(नेपथ्ये)

हा हा महाराओ ।

बाली—सुग्रीव ! संवार्यतां संवार्यतां स्त्रीजनः । एवंगतं नार्हति मां द्रष्टुम् ।

अवन्यः—हे गजेन्द्रगामिन् ! हरिवर ! तव करिकरसदृशौ रिपुशस्त्रपरिक्षताङ्गदौ अवनितलगतौ च बाहू समीक्ष्य हा ! मे चित्तम् अद्य पतति इव ।

